Commissariat-कॉमिसेरिअट्-*n.* the department for the supply of provisions &c. to army. सेना को रसद पहुँचाने का दफ्तर, कमसरियट्।

Commissary-कॉम्'-मि-स-रि-*n.* a deputy, an officer charged to supply provisions. डिपटी, रसद भेजनेवाला अफ़सर।

Commission-कमिशन्-*n.* command, authority, warrant, conferring authority, percentage on an amount, a committee of enquiry. आज्ञा, अधिकार, आज्ञा-पत्र, दस्तूरी आयुक्त; -*v. t.* to authorize. अधिकार देना, नियुक्त करना; **Commission-agent** -*n.* a merchant who buys or sells on a commission basis. अढ़तिया; **Commissioned** (-इ)-*adj.* authorized. अधिकार दिया हुआ; **Commissioned officer**-*n.* an officer appointed by a commission. राजा से नियुक्त अधिकारी; **Commissioner** (-अर्)-*n.* one who is appointed by commission, supreme authority in a district. किसी कार्य सम्पादन के लिये नियुक्त किया हुआ अफ़सर, कई ज़िलों का हाकिम (कमिश्नर), आयुक्त।

Commissure-कॉम्-मि'-श्योर्-*n.* a place where two bodies unite. दो पदार्थों का मिलन-स्थल।

Commit-कमिट्'-*v. t.* (*p. t.* **Committed**) to entrust, to consign, to perpetrate a crime. समर्पण करना, सौंपना, अपराध करना; **To commit to memory** (to learn by heart.) रटना; **To commit to prison** (to send to jail.) जेलखाने भेजना; **Commitment** (-मेन्ट्)-*n.* pledging, imprisonment. सौंपना, जेलखाने भेजना; **Committal** (-टल्)-*n.* act of committing. आत्मसमर्पण, जेलखाने जाना।

Committee-कॅमिटी-*n.* body of persons appointed to manage any business. समिति, नियुक्त पुरुष, सभा, पंचायत; **Select Committee.** प्रवर समिति; **Standing Committee** स्थायी समिति।

Commix-कमिक्स्-*v. t. & i.* to mix together. साथ मिलाना या मिलना।

Commode-कमोड्-*n.* a chest of drawers, a night-stool, a tall head-dress for ladies, a procuress. दराजदार बक्स, मल-मूत्र त्याग करने का पात्र, औरतों की ऊँची टोपी, कुटनी।

Commodious-कमोडिअस्-*adj.* suitable, convenient. उपयुक्त, सुविधा का; **Commodiously** (-लि)-*adv.* conveniently. सुविधा से; **Commodiousness** (-नेस्)-*n.* suitableness. सुविधा।

Commodity-कमॉड्'-इ-टि-*n.* (*pl.* **Commodities.**) an useful thing, an article of trade. उपयोगी वस्तु (सामग्री), द्रव्य (जिन्स)।

Common-कॉमन्-*adj.* belonging equally to, general, public, of ordinary occurrence, vulgar. साधारण, सामान्य, सार्वलौकिक, ग्राम्य; -*n.* a land for public use. सर्वसामान्य का मैदान; **Common divisor** (the number which divides two or more numbers without a remainder.) समापवर्तक; **Common gender** (*i. e.* masculine or feminine.) उभयलिंग; **Common good** (public welfare.) सार्वजनिक कल्याण; **Common noun** (name applied to any one of a class)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जातिवाचक संज्ञा ; **Commonplace**-*adj.* (ordinary, trite.) सामान्य, तुच्छ; -*n.* (everyday subject) प्रतिदिन का विषय ; **Commonplace-book** *n.* (a book in which things to be remembered are recorded.) याद करने योग्य बातें लिखने की पुस्तक; **Common seal**-सामान्य मुद्रा, सामान्य मुहर; **Common sense** (sound practical judgment.) व्यावहारिक ज्ञान; **Commonweal** (the public good.) सार्वजनिक कल्याण ; **In common** (in joint use.) साझे का; **In common with** (in the same way as.) एक ही प्रकार से; **Out of the common** (uncommon, peculiar.) असामान्य ।

Commonalty-कॉमनल्टि-*n.* body corporate, the common people. सर्वसामान्य, प्रजा लोग।

Commoner-कॉमनर्-*n.* one of the common people. सामान्य मनुष्य ।

Commonly-कॉमन्-लि-*adv.* usually. साधारण रीति से, बहुधा, प्रायः ।

Commons-कॉमन्ज़्-*n. pl.* the common people. सर्वसामान्य; **House of Commons** (the Lower House in English Parliament.) अँग्रेज़ी पार्लियामेन्ट् की सामान्य जनता की सभा।

Commonwealth-कॉम्न्-वेल्थ्-*n.* the whole body of people in a state. किसी देश की सम्पूर्ण प्रजा, राष्ट्रमण्डल ।

Commotion-कमोशन्-*n.* confusion, tumult, agitation, disturbance. क्षोभ, विप्लव, कलह, हलचल ।

Commove-कमूव्-*v. t.* to excite, to agitate. उत्तेजित करना ।

Communal- कम्यूनल् -*adj.* public, of the community. सर्वसाधारण, जातीय, जातिगत ; **Communalism** (-इज़्म्)-*n.* government by local autonomy. सर्वसामान्य-शासित राज्यक्रम; **Communalist** (-इस्ट्) - *n.* a believer in communalism. इस सिद्धान्त का प्रचारक; **Communalize** (-आइज़्)-*v. t.* to make the property of local community. सम्पत्ति पर सब का समान अधिकार स्थिर करना ।

Commune-कॉम्-म्यून-*v. i.* to hold intimate intercourse with. सम्भाषण करना, बातचीत करना;-*n.* a corporation, a small territorial district in France. संस्था, फ्रान्स का एक विभाग।

Communicable-कम्यूनिकेबल् - *adj.* that can be communicated. प्रकाशित करने योग्य ।

Communicant-कम्यूनिकॅण्ट् - *n.* one who imparts or gives information. समाचार देनेवाला ।

Communicate - कम्यूनिकेट् - *v. t. & i.* to impart, to transmit, to reveal, to hold intercourse with. कहना, देना, फैलाना, संचार करना, बातचीत करना ।

Communication-कम्यूनिकेशन् - *n.* act of imparting news &c., intercourse, information given, correspondence. कथन, व्यवहार, सन्देश (बातचीत), पत्र-व्यवहार ।

Communicative-कम्यूनिकेटिव् - *adj.* open, not reserved, talkative. स्फुट, बकवादी; **Means of Communication** (ways of correspondence.) सन्देश-साधन ; **Communicativeness** (-नेस्) - *n.* talkativeness. बातूनीपन ।

Communicator-कम्यूनिकेटर् - *n.* that which communicates, part of a telegraphic transmitter. सूचना देनेवाला, तारबर्की का एक यन्त्र

Communion-कम्यूनिअन् - *n.* sharing, fellowship, participation in Lord's Supper. सम्पर्क, साथ, ईसा मसीह के स्मरणार्थ भोज; **Communionist** (-इस्ट्)-*n.* member of the same communion. एक संघ का सभासद ।

Communique-कॉ-म्यून् - ई - के-*n.* an official statement which is given to the press. सरकारी विज्ञप्ति ।

Communism - कॉम्यूनिज़्म् - *n.* vesting of property in the community. सम्पत्ति का समाजीकरण, साम्यवाद ।

Community-कम्यूनिटि - *n.* (*pl.* **Communities**) society, association, joint ownership, communion, fellowship. समुदाय, मण्डली, बिरादरी, जाति, लोकसमाज ।

Commutable-कम्यूटेबल् - *adj.* able to be exchanged. बदलने योग्य ।

Commutation-कम्यूटेशन्-*n.* exchange of one thing for another. परिवर्तन, विपर्यय, अदल-बदल, हेर-फेर ।

Commutative-कम्यूटेटिव् - *adj.* relating to exchange, interchangeable. विनिमय संबंधी, परिवर्तन योग्य ।

Commutator-कॉम्यूटेटर् - *n.* an instrument for changing the course of an electrical current. बिजली की धारा का क्रम बदलने का यन्त्र ।

Commute-कम्यूट्-*v. t.* to interchange or exchange. अदल-बदल करना ।

Comose-को'-मोस्-*adj.* hairy. रोवेंदार ।

Compact-कम्पॅक्ट्-*n.* an agreement between parties, a treaty. सट्टा, सन्धि;-*v. t.* to join firmly. कसकर बाँधना, दृढ़ करना;-*adj.* con-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

densed, dense, terse. अविरल, घना, ठोस ; **Compactly** (-लि) - *adv.* in a compact manner. दृढ़ता से; **Compactness** (-नेस्)-*n.* the state of being compact. घनता, दृढ़ता ।

Compages-कम्प - जीज़्-*n.* a framework or structure. ढाँचा ।

Companion-कम्-पॉन् - यन्-*n.* comrade, an associate or partner. सहचर, मित्र, सङ्गी, साथी, - *v. t.* to accompany. साथ देना ; **Companion-in-arms** (fellow soldier.) साथी सिपाही; **Companionable** (-ऍ-बूल्)-*adj.* sociable. मित्रवत, मिलनसार; **Companionship** (-शिप्)-*n.* fellowship. सङ्गति, संसर्ग ।

Company-कम्'-पन्-इ- *n.* (*pl.* **Companies**) companionship, number of persons assembled, a society, party of players. समागम, संसर्ग, जन-समूह, समवाय, सभा, मण्डल, खेलाड़ियों की टोली; **To bear (keep) company** (to accompany.) साथ देना ।

Comparative-कम्-पॉ'-रेट्-इव्-*adj.* estimated by comparison. तुलनात्मक ।

Compare-कम्-पेअर्'-*v t. & i.* to liken, to estimate similarity of, to be like or equal. तुलना करना, उपमा करना, मिलाना, समान होना;-*n.* similitude, comparison. समानता ।

Comparison-कम्पॉरिज़न्-*n.* act of comparing, a simile, an illustration. तुलना, उपमा, सादृश्य ।

Compart-कम्पार्ट्-*v t.* to divide into compartments. भाग करना, टुकड़े करना ; **Compartment** (-मेन्ट्)-*n.* a separate part, partition of a railway carriage. विभाग, रेल का डब्बा ।

Compass-कम्'-पस्-*n.* circuit, limit, range, an instrument consisting of a magnetised needle. परिधि, हद, विस्तार, कुतुबनुमा; **Compasses** (-एज़्) -*pl.* an instrument for describing a circle. परकाल;-*v. t.* to go round, to accomplish. घेरना, पूर्ण करना ।



Mariner's Compass.

Compassion-कम्पॉशन्-*n.* pity. दया, (कृपा, करुणा); **Compassionate** (-इट्)-*adj.* sympathetic, merciful. कृपालु, दयालु, दयावान् ; **Compassionately** (-इट्-लि)-*adv.* mercifully. दयालुता से ।

Compatible - कम्पॉटिबूल् - *adj.* consistent, able to co-exist, suitable, congruous. अविरुद्ध, योग्य; **Compatibility** (-इब्-इल्-इट्-इ) -*n.* suitableness. योग्यता, अनुरूपता; **Compatibly** (-इब्-लि)-*adv.* suitably. अनुरूपता से ।

Compatriot - कम्पे ट्रिअट्-*n.* a fellow countryman. एक ही देश का निवासी; **Compatriotic** (-इक्)-*adj.* pertaining to fellow-countrymen. एक ही देश के निवासियों (के रहनेवालों) का ।

Compeer - कम्पिअर् - *n.* equal, comrade. समान, साथी, मेली (मित्र) ।

Compel-कम्पे ल्-*v. t.* (*p. t.* **Compelled**) to constrain, to bring about by force, to oblige, to overpower. बलपूर्वक कोई कार्य करवाना, दबाव डालना, विवश करना, लाचार करना ।

Compendious-कॉम्-पेन्ड्'-इ-अस्-*adj.* concise, brief. संक्षिप्त (सारभूत), परिमित ; **Compendiously** (-इ-अस्-लि)-*adv.* in brief, concisely. संक्षेप में; **Compendiousness** (-इ-अस्-नेस्) -*n.* conciseness. संक्षेप ।

Compendium-कॉम्-पेन्ड्'-इ-अम्-*n.* summary, abstract. संक्षेप (संग्रह), सार ।

Compensate-कम्-पेन्-सेट्-*v. i. & t.* to make up for, to make amends for, to recompense. पूरा करना, बदला देना, हरजाना देना (बराबर करना) ।

Compensation-कॉम्'-पेन्-से-शन् - *n.* recompense, amends. पारितोषिक (शुल्क, प्रतिफल), हरजाना; **Compensation balance** (an appliance for neutralizing effects of temperature.) शीतोष्ण का प्रभाव न डालनेवाली जेबी घड़ी की फिरकी ; **Compensational** (-अल्)-*adj.* dertaining to compensation. शुल्क सम्बन्धी ।

Compensative-कॉम्-पेन्-सेट्-इव्, **Compensatory** (-अर्-इ)-*adjs.* giving comepensation. क्षतिपूरक ।

Compensator-कॉम्-पेन्-से-टर् - *n.* one who compensates. बदला देनेवाला, क्षति चुकानेवाला ।

Compete-कम्पीट्-*v. t.* to rival, to vie with. स्पर्धा करना, बराबरी करना ।

Competence-क-म्पि-टेन्स्, **Competency** (-टन्सि)-*ns.* capacity, ability, fitness, suitableness, suifficiency. योग्यता, सामर्थ्य, शक्ति, गुण ।

Competent-क-म्पि-टेण्ट-*adj.* adequate, suitable, properly qualified, permissible. योग्य (उचित, पर्याप्त), निपुण; **Competently** (-लि) - *adv.* properly. योग्यता से ।

Competition - कॉम्पिटिशन् - *n.* the act of competing. स्पर्धा, बराबरी, प्रतियोगिता ।

Competitive - कम्पिटिटिव् - *adj.* relating to

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

or characterised by competition. बराबरी या स्पर्धा करने के कार्य से सम्बन्धित ।

Competitor-कम्पिटिटर् -*n.* (*fem.* **Competitrix** (-रिक्स्) one who competes, a rival. प्रतिस्पर्धा या बराबरी करनेवाला ।

Compilation - कम्पिलेशन् - *n.* the act of compiling. संग्रह, सङ्कलन ।

Compile-कम्पाइल् - *v. t.* to collect materials from various authors, to amass. सङ्कलित करना, संग्रह करना; **Compiler** (-अर्) -*n.* ग्रन्थ संग्रह करनेवाला ।

Complacence (-cy)-कम्-प्ले-सेन्स् (-सि) - *ns.* pleasure, self-satisfaction, civility. आनन्द, सन्तोष, सज्जनता ।

Complacent-कम्-प्ले-सेन्ट् - *adj.* self-satisfied. सन्तुष्ट; **Complacently** (सेन्ट्-लि) -*adv.* in a complacent manner. आनन्दपूर्वक,सन्तोषपूर्वक ।

Complain-कम्प्लेन्-*v. i.* to express dissatisfaction, to state a grievance. असन्तोष प्रकट करना, शिकायत करना; **Complainant** (ऑन्ट्) -*n.* a complainer, a sufferer, a plaintiff. प्रार्थी, अभियोगी, वादी (दावा करनेवाला) ।

Complaint-कम्प्लेण्ट् -*n.* expression of grief, formal accusation, a disease. दुःख का उद्गार, फरियाद, अभियोग, रोग ।

Complaisance - कॉम्प्लेज़ॉन्स् - *n.* politeness, civility. शिष्टाचार, भलमन्सी ।

Complaisant-कॉम्-प्ले-ज़ॉन्ट्-*adj.* desirous or pleasing, obliging. अनुरोधी, आज्ञानुकूल; **Complaisantly** (-ज़ॉन्ट्-लि)-*adv.* obligingly. अनुरोध-सहित ।

Complement - कॉम्प्लिमेण्ट् - *n.* that which completes, fullness. परिपूरक, सम्पूर्णता; (कॉम्-प्लि-मेन्ट्)-*v. t.* to complete. पूर्ण करना; **Complementary** (-मेण्टरि) -*adj.* supplying a deficiency. कमी पूर्ण करनेवाला ।

Complete-कम्प्लीट्-*adj.* entire, finished. पूर्ण, समाप्त;-*v. t.* to finish, to make whole, to accomplish. समाप्त करना, पूर्ण करना; **Completely** (-लि)-*adv.*entirely. पूर्ण रूप से; **Completeness** (-नेस्) -*n.* the state of being complete. सम्पूर्णता, समाप्ति ।

Completion - कम्प्लीशन्-*n.* act of completing, fulfilment, accomplishment. सिद्धि समाप्ति, पूर्ण परिणाम ।

Complex- कॉम्-प्लेक्स् - *adj.* consisting of parts, complicated, intricate. मिश्रित, संयुक्त, पेंचीला ।

Complexion-कम्'-प्लेक्शन्-*n.* natural colour, appearance of the face, character, temperament. रङ्ग-रूप, मुखराग, प्रकृति, स्वभाव ।

Complexity - कॉम्-प्लेक्स्- ट्-इ-*n.* intricacy, complication.जटिलता,पेंचीलापन;**Complexly** -*adv.* in a complex manner. पेंचीलेपन से।

Compliance - कम्-प्लाइ' - ऑन्स् -*n.* consent, submission. स्वीकृति,आज्ञानुकूलता, आज्ञाकारिता ।

Compliant - कम्-प्लाइ - ऑन्ट् - *adj.* yielding, obliging. सरल प्रकृति का, आज्ञाकारी, संकोची ।

Complicacy - कम्प्लिकेसि - *n.* quality or state of being complicated, a complicated structure. जटिलता, पेंचीली बनावट ।

Complicate-कॉम्-प्लिक्'-एट्-*v. t.* to mix up, to make complex or intricate. उलझाना, फँसाना ।

Complicated - कॉम्' - प्लिक् - एट्'-एड् *adj.* intricate, complex. गहन, जटिल, पेंचीला ।

Complication-कॉम्-प्लिक्'-ए-शन्-*n.* entangled condition. उलझन ।

Compliment-कॉम्'-प्लि-मेन्ट्-*n.* polite expression of praise, praise, favour.अभिनन्दन के वचन(नमस्कार),प्रशंसा;-*v. t.* (-मेन्ट्) to address with respect, to praise, to congratulate. नमस्कार करना, सराहना, बधाई देना; **Complimentary** (-मेन्ट्-अर्-इ)-*adj.* expressive of praise. प्रशंसनीय ।

Comply - कम्-प्लाइ'-*v. i.* (*p. t.* **Complied**) to consent, to act in accordance with. स्वीकार करना, अनुरोध करना (मानना) ।

Component - कम्पोनेन्ट् - *adj.* forming part of a whole. साधक,अङ्गभूत;**Component part** (constituent part.) अङ्ग, भाग ।

Comport-कम्पोर्ट् -*v. i. & t.* to conduct, to agree, to behave, to accord. व्यवहार करना, सहमत होना; **To comport with** (to suit.) योग्य होना ।

Compose - कम्पोज़्' -*v. t.* to constitute, to construct in words, to set up types, to arrange, to tranquilize, to calm, to adjust. निर्माण करना (बनाना), रचना करना, टाइप बैठाना, शान्त करना, लिखना; **Composed** (-इ) calm. शांत **Composedly** (-इ-लि)-*adv.* in a composed manner. शान्त भाव से;**Composedness** (-इ-नेस्)-*n.* capability of being calm and quiet. शान्ति; **Composer** (-अर्) -*n.* one who composes, an author. टाइप बैठानेवाला, लेखक; **Composing** (-इङ्ग्) -*n.* the act of placing together. बैठाने की क्रिया; **Composing-stick** (a frame for setting types) टाइप बैठाने का फ़र्मा ।

Composite - कॉम्पज़िट् - *adj.* made up of

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

various parts. पृथक् विभागों से निर्मित; **Composite carriage** (a carriage with compartments of different classes.) एक ही गाड़ी में लगे हुए भिन्न दरजे के रेल के डिब्बे; **Compositeness** (-नेस्) *-n.* the state of being composite. समष्टि, जुटाव।

Composition - कॉम्-पो-ज़िशन्-*n.* construction, literary production. बनावट, साहित्यिक रचना, लेख।

Compost - कॉम्' - पोस्ट् - *n.* a compound, manure, a mixture. यौगिक, खाद, मिलावट।

Composure - कम्पोज़र् - *n.* calmness, tranquillity. शान्ति।

Compote - कॉम् - पोट् *-n.* fruit preserved in syrup. शर्बत में रक्षित फल।

Compound - कम्पाउण्ड् *-v. t. & i.* to mix, to combine, to settle, to come to terms. मिश्रित करना, मिलाना, सन्धि करना, सुलह कर लेना;*-n. & adj.* (कॉम्'-पाउन्ड्) a mixture, an enclosure, combined, collective. मिलावट, बाड़ा, मिश्रित, समस्त; **Compound addition** (calculation of quantities of different denominations.) मिश्र जोड़; **Compound fracture** (breakage of a bone causing wounds in flesh.) हड्डी का ऐसा टूटना जब टूटी हड्डी की नोक दूसरा घाव कर देती है; **Compound interest** (interest added to the principal and bearing interest.) चक्रवृद्धि ब्याज; **Compound word** (two or more words joined together to form a single word.) संयुक्त पद।

Compoundable - कम्पाउण्डेबल् *-adj.* capable of being compounded or settled. सुलह करने योग्य।

Compounder - कम्पाउण्डर् - *n.* one who compounds or mixes things. पदार्थों को मिलानेवाला, औषधि बनानेवाला।

Comprehend - कॉम्-प्रि-हेंन्ड्'-*v. t.* to understand, to grasp mentally, to include. समझना, ग्रहण करना।

Comprehensible - कॉम्-प्रि-हेंन्स्'-इ-बल्' - *adj.* capable of being understood. ग्राह्य, समझने योग्य; **Comprehensibility** (-बिल्-इट्-इ) - *n.* the state of being comprehended. ग्राह्यता।

Comprehension-कॉम्-प्रि-हेंन्'-शन्-*n.* faculty of understanding. ज्ञान, बुद्धि।

Comprehensive - कॉम्-प्रि-हेंन्स्'-इव् - *adj.* of understanding, extensive समझने योग्य, विस्तृत; **Comprehensively** (-लि) *-adv.* in a comprehensive manner. समझ से, विस्तृत रूप में।

Compress-कम्प्रेस्' *-v. t.* to press together, to squeeze. निचोड़ना, दबाना;*-n.* (कॉम'-प्रेस्) a soft pad for compressing artery. खून बहना बन्द करने के लिये बाँधने की गद्दी; **Compressed** (-इ) *-adj.* condensed into a small space. दबाया हुआ; **Compressible** (-इ-बल्) *-adj.* squeezable. दबाने योग्य;**Compression** (-प्रेशन्) *-n.* state of being compressed. दबाव; **Compressive** (-इव्) *-adj.* having power to compress. दबाने योग्य; **Compressor** (-अर्) - *n.* that which compresses. दबानेवाला।

Comprise (-ze)-कॅम-प्राइज़्' *-v. t.* to include, to contain, to sum up. सम्मिलित करना (व्याप्त करना), मिलाना।

Compromise-कॉम्-प्रो-माइज़्-*n.* mutual settlement of differences, adjustment. आपस का निबटारा, समझौता;*-v. t.* (-माइज़्') to settle dispute by mutual agreement. आपस में मिलकर झगड़ा तय करना।

Comprovincial-काम्-प्रॉ- विन्' -शल् - *adj.* of the same province. एक ही प्रदेश का।

Comptroller-कम्प्-ट्रोल्' - अर् - *n.* one who checks the accounts of a state by counterrolls. हिसाब-नियंत्रक ; **Comptroller and Auditor-General.** महालेखा परीक्षक, नियंत्रक।

Compulsion-कम्पल्शन्-*n.* obligation, constraint. अनुरोध, दबाव।

Compulsive-कम्पलिसव्-*adj.* tending to compel. दबाव डालने योग्य; **Compulsively** (-लि)-*adj.* in a compulsive manner. दबाव से।

Compulsorily-कम्पल्सरिलि-*adv.* in a compulsory or obligatory manner. अनुरोध से, बलात्, हठ से।

Compulsory-कम्पल्सरि - *adj.* enforced, compelling. बाध्यकारी, अनिवार्य।

Compunction-कम्पङ्क्शन्-*n.* the pricking of conscience, regret. मनोव्यथा, पश्चात्ताप (खेद) ; **Compunctious** (-शस्) - *adj.* remorseful, repentant. अनुतापी, पश्चात्ताप करनेवाला।

Compurgation-कॉम्-पर्-गे'-शन्-*n.* the clearing from a charge, vindication. किसी दोष से मुक्त होना।

Computable-कम्प्यूटेबल् - *adj* that may be calculated or reckoned गणना करने योग्य।

Computation-कम्प्यूटेशन्-*n.*estimate, reckoning. गणना, गिनती।

Computative-कम्-प्यु - टेट् - इव्-*adj.* capable

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

of being reckoned or numbered. गणना करने योग्य।

Compute-कम्-प्यूट्'-*v.t.* to reckon, to number, to calculate. गणना करना, गिनना, लेखा करना।

Comrade-कॉम्रेड् - *n.* a companion, an intimate associate. मित्र, साथी (सङ्गी); **Comradeship** (-शिप्) -*n.* friendship. मैत्री, दोस्ती।

Con-कॉन्-*v. t.* (*p. t.* **Conned**) to study carefully, to learn by heart. अच्छी तरह अध्ययन करना, कण्ठस्थ करना।

Conation-को-नें'-शन्-*n.* the effort of will-power. इच्छाशक्ति का प्रयत्न।

Concatenate-कन्'-कॉट्-इन्'-एट्-*v. t.* to link together. संयुक्त करना, जोड़ना; **Concatenation** (-एं'-शन्)-*n.* series of links which are united together. जुड़ी हुई कड़ियों की जंजीर।

Concave-कॉन्'-केव् - *adj.* curved, hollow, vaulted or arched. नतोदर, खोखला; **Concavely** (-केव्-लि)-*adv.* in a concave manner. नतोदर रूप में; **Concavity** (- कॉव्-इट-इ) -*n.* hollowness. खोखलापन, नतोदरता।

Concavo-कॉन्-के-वो-*adv. in comb.* concavely. नतोदर रूप में; **Concavo-concave** (what is concave on both sides) दोनों ओर नतोदर; **Concavo-convex** (concave on one side and convex on the other.) एक ओर उन्नतोदर तथा दूसरी ओर नतोदर।

Conceal-कन्सील्'-*v. t.* to keep secret, to hide. छिपाना, गुप्त रखना; **Concealed** (-ड्) -*adj.* kept secret. गुप्त, गूढ़; **Concealment** (-मेन्ट्)-*n.* secrecy, disguise. गोपन, छिपाव।

Concede-कन्सीड्-*v. t.* to allow, to admit. स्वीकार करना, अङ्गीकार करना।

Conceit-कन्सीट्-*n.* personal vanity, fanciful notion. अहङ्कार (घमण्ड), मिथ्या विचार; -*v. t.* to imagine. अनुमान करना; **Conceited** (-एड्)-*adj.* vain, proud. घमण्डी, अभिमानी; **Conceitedly** (-एड्-लि)-*adv.* in a conceited manner. अभिमान से, अहङ्कार से।

Conceivable-कन्सीवेबल् - *adj.* imaginable. विचारणीय।

Conceive-कन्सीव्'-*v. t. & i.* to become pregnant, to imagine, to fancy, to think. गर्भ धारण करना, विचारना, अनुमान करना, ध्यान में लाना।

Concent-कन्सेन्ट्-*n.* harmony. समन्वय।

Concentrate-कॉन्-सेन्-ट्रेट-*v. t. & i.* to bring to a common point or centre, to think intensely. एक केन्द्र में लाना, चित्त में एकाग्र करना; **Concentration** (-ट्रे'-शन्)-*n.* act of concentrating. चित्त की एकाग्रता, समाधि; **Concentrative** (-इव्)-*adj.* tending to concentrate. एकाग्रचित्त होनेवाला।

Concentre-कन्सेण्टर्-*v. t. & i.* to come or bring to a common centre, to coincide. एक केन्द्र में होना या करना, ठीक बैठना।

Concentric-कन्सेण्ट्रिक-*adj.* having a common centre. एक केन्द्र का; **Concentrically** (-ट्रिक-अल्-लि)-*adv.* एक केन्द्रीभूत होकर।

Concept-कॉन्' - सेप्ट् -*n.* general notion. सामान्य विचार; **Conception** (-सेप्-शन्)-*n.* formation of foetus, act of conceiving, idea. गर्भधारण (गर्भाधान), विचार, धारणा; **Conceptive** (-इव्)-*adj.* mentally conceiving. मन में धारण करनेवाला; **Conceptual** (-यू-अल्)-*adj.* pertaining to mental conception. मन की भावना सम्बन्धी।

Concern - कन्सर्न्' - *n.* business. interest, anxiety, an object. व्यापार, अभिरुचि, चिन्ता, विषय; -*v. t.* to relate to, to affect, to interest oneself with. सम्बन्ध रखना, प्रभाव होना, रुचि होना; **Concerned** (-ड्)-*adj.* anxious. चिन्तित; **Concerning** (इङ्ग्) - *prep.* about, in regard to. लिये, विषय में; **Concernment** (-मेन्ट्) -*n.* affair, interest, importance. विषय, रुचि, महत्त्व।

Concert-कॉन्सर्ट् -*n.* agreement, union, combination of sounds, musical entertainment. मेल, योग, एक ताल, संगीत; -*v. t.* (-सर्ट्') to arrange together, to adjust. क्रम में रखना; **Concert hall** (a hall for musical entertainment.) सङ्गीतशाला।

Concession-कन्सेशन् - *n.* act of conceding, a grant. सुविधा प्रदान, छूट, रियायत, अनुदान।

Concessive-कन्सेसिव्-*adj.* expressing or implying concession. अनुमोदन-सूचक, रियायती।

Conch-कॉङ्क्-*n.* the shell-fish, shell-trumpet, external ear. शंख (घोंघा, कौड़ी), कान का बाहरी भाग।

Conciliate-कन्सिलिएट-*v. t.* to pacify, to win over, to reconcile. शान्त करना, सान्त्वना देना, मनाना; **Conciliation** (-एं'-शन्)-*n.* act of conciliating. सान्त्वना, अनुरंजन; **Conciliative** (-इव्) -*adj.* reconciling. आराधना करने या मनाने योग्य; **Conciliatory** (-टरि)-*adj.* tending to conciliate. आराधक; **Conciliator** (-एं'-टर्)-सान्त्वना देनेवाला, अनुरंजक।

Concinnity-कन्सिनिटि-*n.* elegance, neatness. सुन्दरता, स्वच्छता, सफाई।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Concise-कन्साइज़्-*adj.* brief or cut short in speech or style, संक्षिप्त, अल्प; **Concisely** (-लि)- *adv.* in a brief manner. संक्षेप में; **Conciseness** (-नेस्)-*n.* quality of being brief, terseness. अविस्तार, संक्षेप।

Concision-कन्सिज़न्-*n.* same as Circumcision. मुसल्मानी, खतना।

Conclamation-कॉन्-क्लॉम्-एँ'-शन्-*n.* shouting of several persons together. एक साथ बहुत से मनुष्यों का चिल्लाना।

Conclave-कॉन्'-क्लेव्-*n.* meeting place, a private meeting or assembly. सभा-स्थान या भवन, गुप्त बैठक या सभा।

Conclude-कन्-क्लूड् -*v. t. & i.* to bring to an end, to infer, to arrange, to resolve, to determine. समाप्त करना, अनुमान करना, क्रम में करना, निर्णय करना।

Concluding-कन्क्लूडिंग् - *adj.* final. अन्तिम, आखिरी।

Conclusion-कन्-क्लू' - जन् -*n.* termination, final result. समाप्ति (सिद्धि), परिणाम (अन्त); **In conclusion** (finally, in the end.) अन्ततोगत्वा, अन्त में।

Conclusive-कन्-क्लू'-सिव्-*adj.* decisive, convincing. निश्चित, समर्थक; **Conclusively** (-सिव्-लि) -*adv.* in a convincing manner. निश्चय के साथ।

Concoct-कन्-कॉक्ट् -*v. t.* to devise, to plot, to plan, to make up of mixed ingredients. रचना करना, षड्यंत्र रचना, काढ़ा (क्वाथ) बनाना; **Concoction** (-कॉक्'-शन्) -*n.* devising. रचना, पाक, काढ़ा।

Concolorous-कन् - कलरस् -*adj.* of uniform colour. समान (एकसा) रङ्ग का।

Concomitance (-cy) - कन्-कॉम्' - इट् - ऑन्स् (-सि)-*ns.* co-existence. समन्वय, समयोग; **Concomitant**(-ऑन्ट्)-*adj.* going together. सहगामी; **Concomitantly** (-ऑन्ट्-लि) -*adv.* in a co existing manner. एक साथ।

Concord-कॉन्'-कॉर्ड्-*n.* agreement, harmony, treaty. एकता, संयोग, मेल; **Concordance** (-ऑन्स्)-*n.* agreement. एकता, सादृश्य; **Concordant** (-ऑन्ट्) -*adj.* suitable, harmonious. अनुरूप (सदृश), सुरीला; **Concordantly** (-ऑन्ट्-लि) -*adv.* harmoniously. एक सुर में।

Concourse कॉन्'-कोर्स -*n.* a confluence, a crowd, an assembly. सङ्गम (समूह), भीड़-भाड़, मण्डली, संघ।

Concrescence-कन्-क्रे-सन्स् - *n.* a growing together. एक साथ उगना या बढ़ना, सह वृद्धि।

Concrete-कन्-क्रीट्'-*adj.* existing in material form, real. राशिभूत, साछार (इन्द्रियों से जानने योग्य); - *n.* a composition of gravel, cement &c. बरी चूने से बना हुआ मसाला;-*v. i. & t.* to unite into a mass, to solidify. राशिभूत होना, ठोस करना; **Concretely** (-लि)-*adv.* in a concrete manner. पदार्थरूप में, साकार।

Concretion-कॉन्-क्री'-शन्-*n.* a mass of solid particles. ठोस पदार्थ।

Concubinage-कॉन्-क्यु-बिन्-एज् -*n.* the state of being a concubine. वेश्यापन;**Concubinary** (-अ-रि) -*adj.* living in concubinage. वेश्या-गमन करनेवाला।

Concubine-कॉन्' - क्यु - बाइन्-*n.* a woman living with a man without marriage, a woman who cohabits without marriage. बिना विवाह के ही दूसरे पुरुष के साथ रहने तथा मैथुन करनेवाली स्त्री।

Conculcate-कॉन्-कल्' -केट्' -*v. t.* to trample under feet. पैरों से कुचलना।

Concur-कॉन्-कर्'-*v. i.* (*p. t.* **Concurred**) to coincide, to meet at a point, to agree. एकत्र होना, समागम करना, मिलना; **Concurrence** (-ऍन्स्) -*n.* joint action, union, assent. संयुक्त कार्य, मेल, सहमति; **Concurrent** (-रेन्ट्) -*adj.* existing together, agreeing. एकीभूत, सहमत; **Concurrent list** समवर्ती सूची; **Concurrently** (-रेन्ट्-लि) -*adv.* with concurrence. संयुक्त रूप में, एक साथ।

Concuss-कॉन्-कस्'-*v. t.* to shake violently. वेग से हिलाना; **Concussion** (-कशन्) -*n.* effect of a shock, agitation. धक्का, संक्षोभ (झटका)।

Condemn-कण्डेम्-*v. t.* to blame, to give judgement against, to doom. निन्दा करना, विरुद्ध निर्णय देना, अपराधी ठहराना; **To condemn to death** (to order to be hanged.) प्राणदण्ड देना; **Condemnable** (-नें-बल्)-*adj.* blamable. दोषी ठहराने योग्य, दण्डनीय; **Condemnation** (-नें-शन्)-*n.* judicial conviction, the state of being condemned. अपराध का अदालती निर्णय, दण्ड; **Condemnatory** (-नें-टर्-इ)-*adj.* expressing condemnation. (वध योग्य), अपवादजनक; **Condemned** (-ड्) -*adj.* guilty. अपराधी।

Condensation-कण्डेन्सेशन्-*n.* concentration. जमाव, गाढ़ापन।

Condense-कण्डेन्स्-*v. t.* to compress, to con-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

centrate, to reduce into a denser form. घना करना, गाढ़ा करना, जमाना; -*v. i.* to become dense. गाढ़ा होना; **Condensed** (-ड्) -*adj.* close, compressed. घना, संक्षिप्त; **Condenser** (-अर्)-*n.* an apparatus to condense vapour into liquid. भाप को द्रवमें बदलने का यन्त्र, संघनक।

Condescend-कॉन्-डिसें-न्ड्'-*v. i.* to be kind, to stoop, to waive one's rank. कृपा करना, झुकना, पद कम करना; **Condescending** (-इङ्ग्) -*adj.* marked by condescension. अभिमान त्यागे हुए (विनीत); **Condescension**-(-सेंन्'-शन्)-*n.* patronizing manner. परिपोषकता, कृपा; **Condescendingly** (-इ-ङ्ग्-लि) -*adv.* in a condescending manner. कृपापूर्वक।

Condign-कण्डाइन्- *adj.* adequate, merited, deserved. उचित (अनुरूप), योग्य ; **Condignly** (-लि) -*adv.* according to desert. योग्यतानुसार ; **Condignness** (-नेंस्) -*n.* agreeableness, fitness. अनुरूपता, योग्यता।

Condiment-कॉन्'-डि-मेंन्ट्-*n.* seasoning used to give flavour to food, sauce. मसाला, छौंकनी, चटनी।

Condite-कॉन्'-डाइट्'-*v. t.* to preserve, to pickle. अचार, मुरब्बा इत्यादि बनाना।

Condition-कण्डिशन्-*n.* state, position, attribute. अवस्था, स्थिति, गुण ; -*v. t.* to make terms, to stipulate. शर्त लगाना ; **Conditional** (-अल्) - *adj.* dependent. अधीन (आश्रित); **Conditionally** (-अलि) -*adv.* with certain limitations. कुछ शर्तों के अन्तर्गत;**Conditioned** (-ड्)-*adj.* having specified disposition, circumstanced. स्थिर अवस्था का, घटित; **Conditions of service** (conditions on which a man is employed.) सेवा की शर्तें।

Condolatory - कण्डोलेंटरि - *adj.* expressing grief for others. समवेदना प्रकट करनेवाला।

Condole-कण्डोल्-*v. i.* to express sympathy for. दुःख में सहानुभूति प्रकट करना ; **Condolence** (-एंन्स्)-*n.* expression of grief. शोक-प्रकाश, विलाप।

Condonation-कॉन् - डोन् - एं'-शन्-*n.* act of for giving, forgiveness. अपराध क्षमा करने का कार्य, क्षमा-प्रदान।

Condone - कण्डोन् - *v. t.* to forgive to pardon, to overlook. क्षमा करना।

Conduce-कण्ड्यूस्-*v. i.* to lead, to contribute. प्रवृत्त करना, उत्पादन करना; **Conducible,** (-इ-बल्), **Conducive** (-इयूस्-इव्) -*adjs.* promoting बढ़ानेवाला (सहायक, उत्पादक); **Conduciveness** (-इव्-नेंस्) -*n.* the quality of conducing. उत्पादन, बढ़ती, प्रेरणा।

Conduct-कॉण्डक्ट्-*n.* guidance, behaviour, mode of action. निर्वाह, व्यवहार, चरित्र, आचरण; -*v. t.* (कण्डक्ट्) to lead, to guide, to direct, to manage, to govern, to behave. मार्ग दिखाना, आचरण करना, प्रबन्ध करना, शासन करना, व्यवहार करना; **Conductibility** (-इब्-इल्-इट्-इ) - *n.* capability of being conducted. प्रवाहकत्व, संचरणीयता।

Conductible-कण्डक्टिबल्-*adj.* what may be conducted. प्रवाह के योग्य;**Conduction**(-डक्'-शन्) -*n.* transmission. प्रवाहकत्व, संचालन; **Conductive** (-इव्)-*adj.* having transmitting power. प्रवाहक शक्ति का;**Conductivity** (-इव्-इट्-इ)-*n.* power of conducting. प्रवाहक या संचालक शक्ति।

Conductor-कण्डक्टर् - (*fem.* **Conductress**-ट्रेंस्)-*n.* one who guides, medium for the transmission of electricity. नायक, नेता, प्रबन्धकर्त्ता, बिजली का संचालक; **Conductor of heat** (that which transmits heat.) उष्णता का प्रवाहक या संचालक।

Conduit-कॉन्'-डिट्-*n.* a pipe or channel for conveying liquids. जल-प्रणाली, पानी की मोरी।

Cone-कोन्-*n.* a solid circular figure tapering to a point. शंकु, नोकदार आकृति।



Cone.

Coney-कोनी - *n.* a kind of hare. एक प्रकार का खरगोश।

Confabulate-कॉन् - फ़ॉब्-यु - लेट्' - *v. i.* to chat. बकबक करना; **Confabulation** (-ले'-शन्)-*n.* a familiar talk. सामान्य बातचीत।

Confection-कॉन् - फ़ेंक्' - शन् -*n.* preserved sweetmeat. मिठाई, मुरब्बा ; **Confectioner** (-अर्) -*n.* one who makes or sells sweetmeats. हलवाई, मुरब्बा बनानेवाला; **Confectionery** (-अ-रि)-*n.* sweetmeats in general. मिठाइयाँ।

Confederacy-कन्फ़ेडरें-सि-*n.* alliance, conspiracy, a league. सन्धि, षड्यंत्र, मेल।

Confederate-कन्फ़ेडरेट्-*n.* & *adj.* an ally. allied. मित्र (सहायक, सहकारी), संयुक्त;-*v. t.* to bring into alliance. एकत्र करना, संघटन करना, संयुक्त करना; **Confederation** (-एं'-शन्)-*n.* an alliance, a league or compact. संघटन, मण्डल।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Confer-कॅन्-फ़र्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Conferred**) to grant, to bestow, to converse. देना (प्रतिपादन करना), सलाह करना, बात करना; **Conferrable** (-ऍ-बूल्)-*adj.* able to be conferred. देने योग्य; **Conferment** (-मॅन्ट्)-*n.* bestowal. प्रतिपादन।

Conference-कॉन्-फ़र् - ऍन्स्-*n.* consultation, assembly. संवाद (सम्भाषण, बातचीत), सम्मेलन; **Conferential** (-ऍन्-शूल्), **Conferrable** (-ऍ-बूल्) -*adjs.* relating to a conference. सम्मेलन सम्बन्धी।

Conferring-कॉन्-फ़र्'-रिङ्ग्-*n.* consultation, bestowal. विचार, प्रतिपादन।

Confess-कन्-फ़ॅस्-*v. t. & i.* to acknowledge, to declare one's sins. स्वीकार (अंगीकार) करना, पापों को कह देना; **Confessedly** (-स्ड्-लि)-*adv.* admittedly. स्वीकार करते हुए; **Confession** (-फ़ॅशन्) - *n.* acknowledgement. स्वीकार (अंगीकार, प्रकाशन); **Confessor** (-सर्) -*n.* one who confesses. दोष स्वीकार करनेवाला।

Confetto-कॉन्-फ़ॅट्'-ओ-*n.* (*pl.* **Confetti**-टि) coloured paper thrown at wedding. विवाह के समय फेंके हुए रङ्गीन कागज के छोटे-छोटे टुकड़े।

Confidant-कॉन्फ़िडॉण्ट्-*n.* one who is entrusted with secrets. विश्वासपात्र, विश्वासी पुरुष।

Confide-कॉन्-फ़ाइड्-*v. i. & t.* to trust, to impart secret to. विश्वास करना, श्रद्धा करना, प्रतीति करना, रहस्य कहना।

Confidence-कॉन्'-फ़िड् - ऍन्स्-*n.* firm belief, faith, expectation, boldness. दृढ़ विश्वास (निश्चय), आशा, साहस; **Want of confidence.** विश्वास का अभाव।

Confident-कॉन्-फ़िड्-ऍन्ट्-*adj.* fully trusting, positive, bold. पूरा विश्वस्त, स्थिर, साहसी; **Confidently** (-लि)-*adv.* in a confident manner. निश्चय करके, निश्चित ढंग से।

Confiding-कन्फ़ाइडिङ्ग्-*adj.* credulous.विश्वस्त।

Confidential - कॉन् - फ़िड्' - ऍन् - शल् -*adj.* private, trustworthy. गुप्त, विश्वस्त; **Confidentially** (-लि)-*adv.* privately. गुप्तरूप से; **Confidently** (-लि) -*adv.* in a confident manner. निश्चय या विश्वासपूर्वक।

Configuration-कॅन्-फ़िग्-अ-रॅ'-शन्-*n.* mode of arrangement, outline. आकार, रूप, मूर्ति, खाका, ढाँचा।

Configure-कॉन्-फ़ि-गर् -*v. t.* to give shape to. रूप या आकृति देना।

Confine-कॅन् - फ़ाइन्-*n.* border-land. सीमा-प्रान्त;-*v.t. & i.* (-कॉन्-फ़ाइन्') to keep within limits, to imprison, to be in child-bed. सीमा प्रान्त में रहना, बन्द करना, क़ैद करना, सौरी में होना; **Confinement** (-मॅन्ट्)-*n.* imprisonment, restraint. बन्दी करन, रोक।

Confirm - कन्फ़र्म्' - *v. t.* to ratify, to corroborate, to establish. दृढ़ करना (स्थिर करना), प्रमाणित करना, स्थापित करना; **Confirmation** (-ऍ-शन्)-*n.* corroboration, rite administered to a baptized person. प्रमाणीकरण, नामकरण संस्कार; **Confirmative** (-ऍट्-इव्)-*adj.* serving to confirm. दृढ़ करनेवाला; **Confirmatively** (-लि) -*adv.* in a confirming manner. दृढ़तापूर्वक; **Confirmatory** (-ऍटरि)-*adj.* confirming, serving to confirm. स्थिर करनेवाला; **Confirmed** (-इ) -*adj.* established, fixed. स्थिर।

Confiscable-कॉन्-फ़िस्-कॅ-बूल्-*adj.* liable to forfeiture. अपहरण के योग्य।

Confiscate-कॉन्-फ़िस्-कॅट्'-*v. t.* to seize by authority. जब्त करना, राज्याधिकार में करना; **Confiscation** (-के-शन्)-*n.* forfeiture. सर्वस्व अपहरण।

Conflagration-कॉन्-फ़्ल-ग्रॅ-शन् - *n.* a great burning or destructive fire. बड़ी (प्रचण्ड) आग; **Forest conflagration** (burning of forest.) दावानल।

Conflation - कन्फ़्लॅशन्-*n.* fusing together of two different readings or metals. भिन्न पाठान्तरों को मिलाना या धातुओं को एक साथ गलाना, सम्मिश्रण, संयोजन।

Conflict-कॉन्'-फ़्लिक्ट्-*n.* fight, struggle, contest. युद्ध, विरोध (कलह), झगड़ा; -*v. i.* (-फ़्लिक्ट्') to struggle. युद्ध करना, झगड़ना; **Conflicting** (-इङ्ग्) *adj.* contradictory. विरुद्ध,परस्पर विरोधी;**Confliction** (-फ़्लिक्-शन्) -*n.* struggle. विवाद, कलह।

Confluence-कॉन्' - फ़्लू - अन्स्- *n.* a stream uniting with another, concourse. नदी का संगम।

Confluent-कॉन्'-फ़्लू-अन्ट् - *adj.* flowing together. एक साथ बहता हुआ।

Conflux-कॉन्' - फ़्लक्स्-*n.* a confluence, a crowd. सङ्गम, भीड़।

Conform-कन्फ़ॉर्म्'-*v.t. & i.* to make similar, to adapt, to comply with, to obey. अनुरूप करना, समान करना, सहमत होना, आज्ञा मानना; **Conformability** (-ऍबिलिटि)-*n.* condition of being adapted. समानता।

Conformable - कन्-फ़ॉर्मॅबूल्-*adj.* agreeable; similar to, adopted. अनुरूप, समान, सदृश; **Conformably** (-एब्-लि) -*adv.* in a con-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

formable manner. अनुसार, अनुरूपता से; **Conformation** (-एँ'-शन्)-*n.* form, structure. आकार, रचना, बनावट।

Conformist-कॉन्-फ़ॉर्म्-इस्ट्-*n.* one who conforms or complies with usages of the Church of England. इङ्गलैण्ड के गिरजाघर का अनुयायी।

Conformity-कॉन् - फ़ॉर्म्'-इट् - इ - *n.* likeness, congruity, compliance. अनुरूपता, समानता, आज्ञा पालन; **In conformity with** (according to.) अनुसार, अनुरूप।

Confound-कन्फ़ाउन्ड्'-*v. t.* to defeat, to put to perplexity, to mix up, to confuse, to throw into disorder. हराना,व्याकुल करना, मिलाना, घबड़ाना; **To confound by argument** (to put to silence in argument.) वाद-विवाद में मुँह बन्द कर देना; **Confounded** (-एँड्) -*adj.* astonished. व्याकुल, चकित; **Confounding** (-इङ्ग्)-*adj.* सन्देहजनक।

Confraternity-कॉन्-फ्र-टर्'-निट्-इ-*n.* brotherhood. बन्धुत्व, भाईचारा।

Confront-कन्फ़्रण्ट्'-*v. t.* to meet face to face, to oppose, to compare. सम्मुख होना, सामना करना, मिलाना; **Confrontation** (-एँ'शन्) -*n.* act of bringing face to face. सम्मुख आगमन।

Confusable-कन्फ़्यूज़ेबल्-*adj.* able to be confused. व्यग्र करने योग्य।

Confuse-कन्फ़्यूज़्' - *v. t.* to throw into disorder, to disconcert, to abash, to perplex. व्याकुल करना (घबड़ाना), लज्जित करना, गड़बड़ करना।

Confused-कन्फ़्यूज़्ड्'-*adj.* perplexed. सम्भ्रान्त, व्याकुल; **Confusedly** (-लि) - *adv.* भ्रमपूर्वक, व्याकुलता से ; **Confusedness** (-नेस्) - *n.* perplexity. व्याकुलता, घबड़ाहट।

Confusion-कन्फ़्यूज़न्-*n.* disorder, tumult. व्याकुलता, व्यग्रता (गड़बड़ी)।

Confutation-कॉन्फ़्यूटेशन्'-*n.*act of confusing, refutation. खण्डन।

Confute-कन्फ़्यूट्-*v. t.* to prove to be false, to disprove. झूठा सिद्ध करना, असिद्ध करना।

Conge-कॉन्-जे-*n.* farewell. बिदाई।

Congeal-कञ्जील्-*v. t.*to freeze, to coagulate, to solidify. गाढ़ा करना, जमाना; **Congealable** (-एँ-बल्)-*adj.* able to be congealed. जमाने योग्य; **Congealment** (-मेन्ट्)-*n.* quality of being congealed. जमाने की क्रिया।

Congelation - कॉन्ज़िलेशन् - *n.* congealed state. जमी हुई स्थिति।

Congener-कॉञ्जिनर्-*adj.* akin, allied. सजाति, समान।

Congeneric-कॉञ्जिनरिक्-*adj.* of the same genus, origin or kind. एक ही जाति या प्रकार का।

Congenerous-कॅन्-जेंन्'-अर् - अस्-*adj.* of the same genus,kind or family. एक ही जाति या वंश का।

Congenial-कन्-जीन्'-इ-अल्-*adj.* of the same nature,kindred,sympathetic.समान प्रकृति का, सधर्मी (सदृश), सहानुभूति रखनेवाला; **Congenial to health** (agreeable to health.) स्वास्थ्यकर; **Congeniality** (-अल्-इट्-इ)-*n.* the state of being congenial. सधर्मता, अनुरूपता।

Congenital-कन्-जेंन्'-इट्-अल् - *adj.* existing from birth. साथ उत्पन्न हुआ, जन्मजात।

Congest-कन्जेंस्ट - *v. i.* to accumulate to excess. अधिक परिमाण में सञ्चित (इकट्ठा) होना ; **Congestion** (-जेंशन्)-*n.* abnormal accumulation of blood in any part of body. किसी अंग में रुधिर का अधिक सञ्चय।

Conglobate-कॉन्-ग्लोब्-एँट्-*v. t.* to collect or form into a ball. गोली बनाना, एक पिण्ड करना।

Conglomerate-कन् - ग्लॉम्' - अर् - एँट् -*adj.* gathered into a ball or mass. एक पिण्ड; **Conglomeration** (-एँ'-शन्) -*n.* accumulation. पिण्ड भवन, एकीकरण।

Conglutinate-कॅन्-ग्लू'-टिन्-एँट्-*v. t.* to stick together with glue. सरेस से चिपकाना या बैठाना ; **Conglutination** (-एँ - शन्)-*n.* union. संयोग, संधि।

Congratulate-कॅन्-ग्रॅट्' - यू लेट् - *v. t.* to address with sympathetic joy. अभिनन्दन करना, धन्यवाद देना, बधाई देना; **Congratulation** (-ले'-शन्) -*n.* the act of rejoicing. अभिनन्दन, बधाई; **Congratulatory** (-लेटॅरि) -*adj.* concerning congratulation. बधाई सूचक; **Congratulator** (-ले'-टर्)-*n.* one who expresses congratulation. बधाई देनेवाला।

Congregate-कॉङ्ग्- ग्रि - गेट् - *v. t. & i.* to collect or gather together, to come together, to assemble. इकट्ठा करना, एकत्रित होना;**Congregation**(-गे-शन्)-*n.* a general assembly, an assemblage, a body assembled for religious worship. सभा (समाज), समुदाय, धार्मिक परिषद्; **Congregational** (-अल्)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

-*adj*. pertaining to an assembly. समुदाय-सम्बन्धी।

Congress-कॉङ्ग्'-ग्रेस्-*n*. assembly, national council. सभा (समाज), राजनीतिक संघ; **Congressite, Congressman**-*ns*. member of a congress. कांग्रेस का सभासद्।

Congruence-काङ्ग्रूऍन्स्-*n*. agreement. अनुरूपता, सादृश्य।

Congruent-काङ्ग्रूऍन्ट्-*adj*.suitable, fit, agreeing. योग्य, अनुरूप।

Congruity-कॉङ्ग्-ग्रू-इट्-इ-*n*. fitness, agreement. अनुकूलता, सादृश्य, अनुरूपता।

Congruous-कॉङ्ग्-ग्रू-अस्-*adj*.suitable,fitting. अनुरूप, सदृश, योग्य; **Congruously** (-लि) -*adv*. in a consistent manner. अनुरूपता से।

Conic-कॉन्'-इक्, **Conical**-कॉन्-इक्-अल् - *adjs*. of the shape of a cone. सूच्याकार, गावदुम; **Conically** (-अल्-लि) -*adv*. like a cone. गावदुम की तरह, शंक्वाकार।

Conjecturable-कन्जेक्चरेबूल् - *adj*. that may be guessed. कल्पनीय, तर्क के योग्य।

Conjectural - कन्जेक्चरल् -*adj*. imaginary. अनुमान योग्य;**Conjecturally**(-लि) - *adv*. in a conjectural manner. अनुमान से।

Conjecture-कन्जेक्चर्-*n*. a guess, a surmise. तर्क, अनुमान (कल्पना), अटकल; - *v. i.* to surmise, to guess. तर्क से विचार करना, अनुमान करना, अटकल लगाना।

Conjoin-कन्-जॉइन्'-*v. t. & i.* to join together, to combine, to unite. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; **Conjoint** (-जॉइन्ट्) -*adj*. united, associated. जुटा हुआ; **Conjointly** (-लि)-*adv*. in a conjoint manner. परस्पर मिलकर, संयुक्त रूप में!

Conjugal-कॉन्-जू-गल् - *adj*. pertaining to marriage. विवाह-सम्बन्धी; **Conjugal love** (affection of husband and wife.) दाम्पत्य प्रेम **Conjugal fidelity**. सतीत्व, पतिव्रत-धर्म।

Conjugate-कॉन्'-जू-गेट्-*v. t. & i.* to inflect verbs, to marry, to unite sexually. क्रियापद के रूप चलाना, विवाह करना, संभोग करना;-*adj*. joined together, derived from the same root. जुटा हुआ, एक ही क्रियापद से निकला हुआ; **Conjugation**(-गे-शन्)-*n*.joining together, a verbal inflexion.परस्पर मिलन, संयोग, क्रियापद के रूप;**Conjugational** (-गे'-शनल्) - *adj*. relating to conjugation. क्रियापद के रूप से सम्बन्धित।

Conjunct-कॉन्'-जङ्क्ट्-*adj*. joined together, associated. संयुक्त, मिला हुआ; **Conjunctly** (-लि)-*adv*. in a conjunct manner. मिलाव से।

Conjunction-कन्-जङ्क-शन्-*n*.union, connection, assembly, (*gram*.) a joining word. योग, संसर्ग (सङ्गम,) सभा,(व्या०)समुच्चय-बोधक अव्यय;**Conjunctional** (-अल्)-*adj*. relating to a conjunction. समुच्चय-बोधक अव्यय-सम्बन्धी।

Conjunctiva-कॉन्-जङ्क्-टाइवा-*n*. the membrane which connects the inner eyeball with the eyelid. आँख के भीतरी भाग की झिल्ली।

Conjunctive-कन्-जङ्क्ट्-इव्'-*adj*. serving to join. जोड़नेवाला; **Conjunctively**(-लि) -*adv*. in a conjunctive manner. जोड़ते हुए।

Conjuncture-कन्-जङ्क्ट्'-चर्-*n*. a combination of events, occasion, a crisis. संयोग, घटना, अवसर।

Conjuration-कन्-जूर्'ए-शन् - *n*. incantation, solemn appeal, magic spell. मन्त्र, शपथपूर्वक वचन, इन्द्रजाल।

Conjure-कञ्जूर्'-*v. t.* to appeal solemnly. निष्ठापूर्वक अनुरोध करना।

Conjure-कञ्जूर्'-*v. i.* to act by magical influence.जादू करना, मन्त्रवश करना; **Conjurer, Conjuror** (-अर्) -*ns*. a juggler, a magician. जादूगर, ओझा, मदारी, इन्द्रजाली।

Connate-कॉन्'-नेट्-*adj*.innate, born together. स्वाभाविक, एक साथ उत्पन्न, सहजात।

Connatural-कॉन्-नॅट्-चुर्-अल्-*adj*. innate, of like nature, inherent. सहज, एक स्वभाव का, वंशगत।

Connect - कनेक्ट्-*v. i. & t.* to join, to unite,to fasten together.संयुक्त करना,मिलाना, जोड़ना; **Connected**(-ऍड्)-*adj*. joined together. संबद्ध, जुटा हुआ; **Connectedly**(-ऍड्-लि) -*adv*. in a connected manner. जुटे हुए ढंग से; **Connectedness** (-ऍड्-नेस्)-*n*. unity. जुटाव, मेल; **Connecter, Connector** (-अर्)-*ns*. that which connects. जोड़नेवाला; **Connectible** (-इ-बूल्)-*adj*. able to be united. जोड़ने योग्य; **Connecting** (-इङ्ग्), **Connective** (-इव्) -*adjs*. tending to connect. जोड़नेवाला।

Connection, Connexion - कनेक्शन् - *ns*. relation, union, intimacy. मेल, मिलाप; **To cut the connexion** (to separate.) पृथक् करना;**Hot water connexions** (personal connexions of someone.) व्यक्तिगत सम्बन्ध।

Connivance - कनाइवॅन्स्-*n*. act of winking at a fault, collusion. उपेक्षा, आनाकानी।

Connive-कनाइव्' - *v. t.* to wink at. आँख मारना, आनाकानी करना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Connotate-कॉन्-नो-टेट्-*v. t.* to include in the meaning, to imply as a consequence. अर्थ सूचित करना, विशेषण को ध्यान में लाना; **Connotation** (-टे'-शन्) -*n.* inference. अनुमान; **Connotative** (-एटिव्)-*adj.* implying an addition. आधिक्य-सूचक; **Connotatively**(-लि) -*adv.* by way of connotation. अनुमान से।

Connote-कॉ - नोट् - *v. t.* to connotate, to imply. अर्थ सूचित करना।

Connubial-क-न्यू'-बि-अल्-*adj.* of marriage, conjugal. वैवाहिक, दम्पति-संबंधी; **Connubially** (-लि)-*adv.* conjugally. वैवाहिक रीति से।

Conquer-कॉङ्-कर् -*v. t. & i.* to gain by conquest, to overcome, to subjugate. विजय करना, जीतना, पराजित करना, वश में करना; **Conquerable** (-एँ-ब्ल्) -*adj.* that may be overcome. जीतने योग्य; **Conqueror** (-अर्) -*n.* (*fem.* **Conqueress**) one who conquers, a victor. विजेता, विजयी, जीतनेवाला।

Conquest-कॉङ्'-क्वेस्ट्-*n.* subjugation of a country by arms, victory. बलपूर्वक किसी देश को अधीन करना, विजय।

Consanguine-कॉन्-सॉङ्ग्-ग्विन्' -*adj.* of the same blood. सगोत्र,सपिण्ड; **Consanguinity** (-इट्-इ)-*n.* relationship by blood. सगोत्रता।

Conscience-कॉन्-शन्स् - *n.* moral sense of right and wrong. सद्विचार, बुद्धि, अन्तःकरण, सद्विवेक।

Conscientious-कॉन्शयन्शस् - *adj.* obedient to conscience, scrupulous. अन्तरात्मा के आदेशों को माननेवाला, शुद्धमति (न्यायवर्ती), पुण्यात्मा; **Conscientiously** (-लि) -*adv.* according to the dictates of conscience; शुद्ध अन्तःकरण से; **Conscientiousness** (-नेस्) -*n.* scrupulous with regard to the dictates of conscience. पुण्यशीलता, अन्तःकरण की शुद्धता।

Conscious-कॉन्-शस्-*adj.* aware, knowing. अभिज्ञ, सचेत; **Consciously** (-लि)-*adv.* in a sensible manner.ज्ञानपूर्वक;**Consciousness** (-नेस्) -*n.* awareness. ज्ञान, चेतना, बोध।

Conscribe-कन्स्क्राइब्' -*v. t.* to enlist for naval or military service by force. बलपूर्वक सेना में भरती करना।

Conscript-कन्स्क्रिप्ट - *n.* enrolled by conscription. सेना में भरती किया हुआ मनुष्य, नई भरती; **Conscription** (-स्क्रिप्' -शन्) - *n.* compulsory enrolment for naval or military service. फ़ौज में जबरदस्ती भरती करना।

Consecrate-कॉन्सि-क्रेट् -*v. t.* to set apart as sacred, to hallow, to sanctify. धार्मिक कार्य के लिए उत्सर्ग कर देना, पवित्र करना (संस्कार करना), प्रतिष्ठा करना; **Consecration** (-क्रे'-शन्)-*n.* dedication, sanctification. उत्सर्ग, पवित्रीकरण संस्कार; **Consecrator**(-अर्) -*n.* one who dedicates, one who sanctifies. उत्सर्ग करनेवाला, पवित्र करनेवाला।

Consecution-कॉन्सिक्यूशन् -*n.* sequence of events. परम्परा, घटनाक्रम।

Consecutive-कन्सिक्यूटिव् - *adj.* following in order. निरन्तर (लगातार), क्रमागत; **Consecutively** (-टिव्-लि) -*adv.* in a consecutive manner. यथाक्रम, क्रम से; **Consecutiveness** (-नेस्) -*n.* the state of being consecutive. अनुपूर्वता।

Consensus-कन्सेन्सस्-*n.* agreement, unanimity. अनुकूलता, एकमत।

Consent-कन्सेन्ट्-*v. i.* to agree, to yield, to comply. सहमत होना, मान लेना, स्वीकार करना; -*n.* (कॉन्' -सेन्ट्) compliance, permission. सम्मति, इच्छा; **Previous consent.** पूर्वसम्मति; **Silence gives consent.** चुप रहना स्वीकृति का चिह्न होता है; **With one consent** (unanimously.) एकमत होकर।

Consentient-कन्सेन्श्यण्ट्-*adj.* agreeing, concurrent. एकमत, एकचित्त।

Consentingly-कन्सेण्टिङ्गलि-*adv.* with consent. सम्मतिपूर्वक।

Consequence-कॉन्सि-क्वेन्स्-*n.* result, importance, rank. फल, परिणाम, महिमा, प्रभाव; **In consequence of** (as a result of.) इस कारण से, इस हेतु से; **Of no consequence** (useless, of no avail.) निष्फल, निरर्थक, व्यर्थ।

Consequent-कॉन्'-सि-क्वन्ट्-*n. & adj.* event that follows another, following as a natural effect. घटना-फल, अनुवर्त्ती, आनुषंगिक, अनुगामी; **Consequential** (-क्वेन्' -श्यल्)-*adj.* following as the effect. आनुषंगिक, अनुवर्ती; **Consequentiality** (-श्यलिटि) -*n.* inference. अनुगमन; **Consequently** (-लि) -*adv.* as a result, in consequence. इस हेतु से, तदनुसार, अतः।

Conservancy-कन्सर्व्वेन्सि - *n.* official preservation. अधिकारिक संरक्षण, पालन।

Conservation - कन्सर्व्वेशन् -*n.* preservation. सुरक्षित रखने का कार्य।

Conservative-कन्सर्व्वेटिव्-*adj. & n.* preservative, moderate, disposed to maintain existing institutions. स्थितिपालक, परिवर्तन का विरोधी (नवविद्वेषी, सनातनी), लकीर का फकीर, नियम के बदलने का विरोध करनेवाला।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Conservator-कन्-सर्-वेटर् -*n.* one who preserves from injury. रक्षक, पालक; **Conservatory** (-वेटरि)-*n.* a green-house. कोमल वनस्पतियों के रखने का रक्षागृह।

Conserve-कन्सर्व् -*n.* a preserve of fruits, a jam. अचार, मुरब्बा; -*v. t.* to preserve. सुरक्षित रखना।

Consider-कन्सिडर्-*v. t.* to contemplate, to reflect, to reckon, to be of opinion, to regard. समझना, तर्क करना, निरूपण करना, विचार करना, जानना; **Considerable** (-ऍ-बल्) -*adj.* notable, important, great. मान्य, अधिक, पूज्य, बड़ा; **Considerably** (-ऍब्'-लि)-*adv.* to a great extent. अति, अत्यन्त, बहुत, विशेष रूप से; **Considerate** (-एट्ट) -*adj.* thoughtful, regardful. विचारवान्, दूरदर्शी।

Considerately-कन्सिडरेटलि-*adv.* with consideration, thoughtfully, seriously. दूरदर्शिता से, विचारपूर्वक, गम्भीरता से; **Considerateness** (-एट्ट-नेस्) -*n.* thoughtfulness. दूरदर्शिता।

Consideration-कन्सिडर्-रेशन्-*n.*deliberation, meditation, compensation, reward, thoughtfulness for others. विचार-विमर्श, ध्यान, क्षति-पूर्ति, पुरस्कार, दूसरों के लिये विचार; **In consideration of** (in return of.) बदले में; **To take into consideration** (to consider.) विचार करना।

Considering-कन्सिडरिंग् -*prep.* in view of. विचार करते हुए, समझते हुए।

Consign-कन्साइन् - *v. t.* to hand over, to deliver, to transmit. सौंपना, देना (अर्पण करना), भेजना; **Consignable** (-ऍ-बल्) -*adj.* capable of being consigned भेजने योग्य; **Consignation** (-सिग्-नें-शन्)-*n.* payment of money to authorized person. नियुक्त मनुष्य को रुपया देना; **Consignee** (कन्साइनी) -*n.* one to whom goods are sent. जिसके पास माल भेजा जाता है; **Consigner** (-साइन-अर्) (also **Consignor.**)-*ns.* sender. माल भेजनेवाला; **Consignment** (-मेन्ट्) - *n.* goods consigned. भेजा हुआ माल।

Consilient-कन्सिलिएण्ट्-*adj.* accordant, agreeing. अनुरूप।

Desecrate- डे - सि - क्रेट् -*v. t*. to deprive of sacred character, to outrage. अपवित्र करना (भ्रष्ट करना), दूषित करना ; **Desecration** (-क्रे-शन्) - *n*. profanation. दूषण, अपवित्रीकरण ; **Desecrator** (- क्रे- टर्) one who profanes. अपवित्र करनेवाला।

Desert - डेज़्' - र्ट् - *n*. worthiness, virtue, योग्यता, गुण ; **Desertless** (- लेस्) -*adj*. without merit, undeserving. निर्गुण, अयुक्त; **Deserts** (-*n. pl*.) good or bad qualities. भले या बुरे गुण।

Desert-डे-ज़्र-र्ट्-*v.t*. to abandon, to give up, to depart. त्याग देना, छोड़ना, कूच करना ; **Deserter** (-अर्)-*n*. one who forsakes. परित्याग करनेवाला व्यक्ति; **Desertion** (-ज़र्-शन्)-*n*. the act of deserting, abandonment. परित्याग।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Desert- डेज़्ॅ' -अर्ट्- *adj. & n.* uninhabited, barren, wild, a waterless and treeless region, a waste, निर्जन, शून्य, उजाड़, जङ्गली, मरुभूमि, रेगिस्तान ।

Desertless-डे - ज़र्ट्'-लेस् - *adj.* undeserving. अयोग्य ।

Deserve-डि-ज़र्व्' -*v. t. & i.* to merit, to be entitled as worthy of, to have established a claim to. योग्य होना (उचित होना), अधिकार रखना; **Deservedly** (-इ-लि) - *adv.* according to desert. योग्यतानुसार, यथायोग्य ।

Deserving-डि'-ज़र्व्'-इङ्ग्-*adj.* worthy, meritorious. योग्य, गुणी ।

Deshabille-डेज़्ॅ - आ-बीये' - *n.* untidy dress, undressed state. गन्दा कपड़ा, वस्त्रहीनावस्था ।

Desiccate-डे-सिक्'-केट्-*v.t.*to dry up.सुखाना ।

Desiccation- डेस्-इक्-के'-शन् - *n.* the act of drying up. सुखाने की क्रिया; **Desiccator** (-के'-टर्) -*n.* an apparatus for drying milk &c. दूध इत्यादि के गाढ़ा करने (या सुखाने) का एक प्रकार का यन्त्र; **Desiccative** (-के-टिव्) -*adj.* tending to dry. शोषक, सुखानेवाला ।

Desiderate-डि-सिद्'-अर्-एट्-*v.t.* to regret the absence of, to feel the want of. अनुपस्थिति के लिये शोक करना, कमी का अनुभव करना ।

Desiderative-डि-सिडरे-टिव् - *adj.* expressing desire. इच्छा प्रगट करनेवाला; -*n.* an object of desire. इच्छा की वस्तु ।

Desideratum - डि - सिड् - अर् - ए' - टम् (-*pl.* Desiderata. - टा) - *n.* a thing missing or wanting. अभीष्ट वस्तु का अभाव या कमी ।

Design-डि-ज़ाइन्-*n.* a plan, scheme, purpose, end in view, sketch,ground work, invention. अभिप्राय, आशय, प्रयोजन, उद्देश्य, लक्ष्य, खाका, ढाँचा, आविष्कार, विधान; -*v. t.* to contrive, to purpose, to intend. योजना बनाना, उद्देश्य करना, इरादा करना; **Designable** (ऍ-बूल्) -*adj.* capable of being designed. रचना करने योग्य; **Designedly** (-इ-लि)-*adv.* purposely. जान-बूझकर, इच्छापूर्वक; **Designer** (-अर्)-*n.* a draughtsman. चित्रकार, कल्पना करनेवाला; **Designing** (-इङ्ग्)-*adj.* crafty, artful. छली, कपटी, धूर्त; **Designless** (-लेस्)-*adj.* unintentional. निष्प्रयोजन, निरर्थक ।

Designate-डे-ज़्-ज़्ञि-ग्-नेट्-*adj.* appointed to office. किसी पद पर नियुक्त; -*v. t.* to specify, to serve as a mark. निर्देश करना, सूचित करना, निर्वाचन करना; **Designation** (-ने'-शन्) -*n.* appointment to an office, name, title. किसी पद पर नियुक्ति, नाम (चिह्न), उपाधि ।

Designed, Designer-see Design.

Desilverize-डी-सिल्'-व्र्-आइज़्-*v.t.* to extract silver from other metals. अन्य धातुओं में से चाँदी निकालना ।

Desipient-डि-सिप्-इ-ऍन्ट् -*adj.* foolish, playful. मूर्ख, खिलाड़ी ।

Desirable-डि-ज़ायरे-बूल्-*adj.* worth wishing for, agreeable. इष्ट (श्रेय, वांछित), इच्छायोग्य; **Desirability** (-बिल्'-इ -टि), **Desirableness** (-नेस्) - *ns.* agreeableness. वांछा, इच्छा; **Desirably** (-ब्लि) -*adv.* in a desirable manner. इच्छापूर्वक ।

Desire-डि-ज़ायर्-*n.* wish, longing, craving, request. इच्छा, आकांक्षा, मनोरथ, अभिलाषा; -*v. t.* to wish, to long for. इच्छा करना, चाहना;**Desired** (-इ)-*adj.* wished for.इच्छित ।

Desirous-डि-ज़ायर्'-अस्-*adj.* wishful, ambitious. इच्छुक, चाहनेवाला ।

Desist-डि-ज़िस्ट्-*v. i.* to cease from doing, to discontinue. विरत या बन्द होना, रुकना ।

Desistance-डि-ज़िस्ट्' - ऑन्स् - *n.* cessation, desisting. विश्राम, निवृत्ति, रुकावट ।

Desk-डेस्क्-*n.* an inclined box serving as a rest for writing or reading. लेखन-आधार, डेस्क; **The desk** (work of office.) दफ़्तर का कार्य ।

Desolate-डेसो'-लेट्-*adj.*solitary, uninhabited, neglected, dreary. निर्जन, जनशून्य, असहाय, सुनसान;-*v. t.* to devastate, to make wretched. निर्जन करना, उजाड़ करना; **Desolately** (-लि)-*adv.* in a desolate manner. निर्जनता, से; **Desolateness** (-नेस्) -*n.* state of being desolate. निर्जनता; **Desolating** (-इङ्ग्)-*adj.* wasting. उजाड़नेवाला; **Desolation**(-ले'-शन्) -*n.* forsaken state. निर्जनता (शून्यता), उजाड़ ।

Despair-डि-स्पेअर्-*n.* want ofhope.आशाहीनता, नैराश्य -*v. t.* to be without hope. (आशा भग्न होना) निराश होना; **Despairing** (-इङ्ग्)-*adj.* expressing despair. निराशा प्रकट करनेवाला; **Despairingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a despairing manner. निराशापूर्वक ।

Despatch-डे-स्पॅच्-see **Dispatch.**

Desperado-डेस्-पर्-ए-डो-*n.* a person given to criminal undertakings. पातकी मनुष्य ।

Desperate--डेस्-पर्-इट्-*adj.* reckless, violent, hopeless. उद्दण्ड, तीव्र, निराश; **Desperately** (-लि)-*adv.* in a desperate manner. उद्दण्डता से; **Desperateness** (-इट्-नेस्) - *n.* the state of being desperate. उन्माद, उदण्डता; **Desperation** (-ए'-शन्) - *n.* a state of despair. निराशा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Despicable-डेस्-पि-के-बल् - *adj.* vile, mean, contemptible.नीच, घृणित;**Despicably**(-ब्लि) -*adv.* contemptuously. दुर्जनता से, घृणा से।

Despise-डि-स्पाइज़्'-*v. t.* to look down upon, to scorn, to disdain. तिरस्कार करना, तुच्छ समझना, घृणा करना; **Despiser** (-अर्) -*n.* a scorner. तिरस्कार करनेवाला।

Despite-डि - स्पाइट्' - *n.* outrage, extreme malice. विरोध, द्वेष, ईर्ष्या; **In despite of** (as opposed to.) अनादर से, विरोध से;-*prep.* in spite of, notwithstanding. ऐसा होने पर भी, बावजूद इसके; **Despiteful** (-फ़ुल्) - *adj.* malignant. द्वेषी; **Despitefully** (-फ़ुल्-लि) -*adv.* malignantly. द्रोहसहित, ईर्ष्या से।

Despoil-डि-स्पॉइल्-*v. t.*to plunder, to deprive, to rob. अपहरण करना, लूटना; **Despoiler** (-अर्)-*n.* a plunderer. लुटेरा; **Despoilment** (-मेन्ट्)-*n.* despoliation. लूट ; **Despoilation** ·स्पॉऍ-ले-शन्-*n.* act of robbing. अपहरण।

Despond-डि - स्पॉन्ड्' - *v. i.* to lose hope, to despair. आशा त्यागना, निराश होना; **Despondence**, (-स्पॉन्' - डेन्स्), **Despondency** (-स्पॉन्' - डेन् - सि) - *ns.* dejection of spirit. निराशा, उदासी; **Despondent** (-ऍन्ट्) -*adj.* desponding. आशा छोड़े हुए, उदास; **Despondently** (-ऍन्ट्-लि)-*adv.* in a despondent manner. निराशा से; **Desponding** (-इङ्ग्) -*adj.* depressed in spirit. निराश, उदास; **Despondingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a desponding manner. निराशा से।

Despot-डेस्'-पॉट्(-पट्)-*n.* an absolute ruler, a tyrant, an oppressor. अत्याचारी राजा, निर्दयी, प्रजापीड़क; **Despotic** (-इक्) -*adj.* absolute independent, arbitrary. स्वेच्छाचारी, निरंकुश; **Despotically** (-इ-क-लि)-*adv.* in a despotic manner. निर्दयता से; **Despotism** (-इज़्म्) -*n.* arbitrary rule. अनियन्त्रित राज्यक्रम।

Desquamate-डेस्-क्व-मेट्-*v. i.* to peel off in scales. परत अलग होना।

Dessert-डिज़र्ट्'-*n.* a service of fruits, sweetmeats &c. at the end of dinner. भोजन के अन्त में फल अथवा मिठाई का आहार; **Dessert-spoon** (a spoon which contains two drams.) दो ड्राम की नाप का चम्मच।

Destination-डेस्-टिन्-ऍ'-शन्-*n.* end or purpose, appointed place for which a thing or person is bound or appointed. उद्देश्य, अभिप्राय, लक्ष्य, इष्ट प्रदेश, नियत स्थान।

Destine-डेस्'-टिन्-*v. t.* to ordain, to appoint to a use, to fix. निर्देश करना, नियुक्त करना, स्थिर करना।

Destiny-डेस्'-टिन्-इ-*n.* ultimate lot,invincible necessity. भाग्य, प्रारब्ध, अदृष्ट, होनहार।

Destitute-डेस्-टि-ट्यूट् -*adj.* wanting, devoid of. निराश्रय, विहीन, रहित ; **Destitution** (-ट्यू-शन्)-*n.* want, poverty, deprivation. निराश्रयता, अभाव, निर्धनता।

Destroy-डे-स्ट्रॉय्-*v. t.* to undo, to kill, to annihilate. नष्ट करना, व्यर्थ करना, वध करना, ध्वंस करना; **Destroyable** (-ऍ-बल्)-*adj.* that may be destroyed. नाश करने योग्य ; **Destroyer** (-अर्)-*n.* one who or that which destroys. नाशक, नाश करनेवाला (जहाज़)।

Destructibility-डि - स्ट्रक् - टि -बिल्' -इट्-इ - *n.* liability to destruction. ध्वंसता; **Destructible** (-टि-बल्) - *adj.* able to be destroyed. नश्वर, ध्वंस योग्य।

Destruction-डि-स्ट्रक्'-शन्-*n.* cause of ruin. state of being destroyed, slaughter. नाश (ध्वंस), क्षय।

Destructive-डि-स्ट्रक्'-टिव् - *adj.* destroying, causing ruin. विनाशकारी, हानिकारक; **Destructively** (-टिव्-लि) - *adv.* in a destructive manner. नाश शरते हुए; **Destructiveness** (-टिव्-नेस्) - *n.* the quality of being destroyed. नाशकता, ध्वंसकता; **Destructor** (-टर्) -*n.* a furnace for burning refuse. कूड़ा जलाने की भट्ठी।

Desudation-डे-स्यु-डे-शन्-*n.* profuse sweating which causes an eruption of pustules. अम्हौरीकारक अत्यधिक पसीने का निर्गमन।

Desuetude-डेस्-वि-ट्यूड् - *n.* a passing into disuse. प्रयोग-हीनता।

Desulphurize-डी-सल्' - फ़्युर् - आइज़् -*v. t.* to free from sulphur. गन्धक अलगाना।

Desultorily - डेस् - अल् - टर्-इ-लि -*adv.* in a desultory manner. चंचलता से;**Desultoriness** (-इ-नेस्) - *n.* unconnectedness. असंबद्धता।

Desultory-डेस्-अल्-टर्-इ - *adj.* disconnected or without rational connection, unmethodical. असंबद्ध, अनियमित।

Detach-डि-टॅच्-*v. t.* to unfasten, to remove, to free, to send on a separate mission. अलगाना, हटाना, पृथक् करना, सेना का विभाग करना; **Detachable** (-ऍ-बल्) -*adj.* that may be detached. पृथक् करने योग्य; **Detached** (-इ) - *adj.* isolated. पृथक्, विभिन्न; **Detachment** (-मेन्ट्)-*n.* a portion of an army, aloofness. सेना का अंश, पृथक्करण, अलगाव।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Detail-डि-टेल्-*n.* a minute account, item. हिसाब का ब्योरा, विस्तार, अंग, अंश, विवरण; -*v. t.* to give particulars of, to relate. सविस्तार वर्णन करना, विवरण देना; **Detailed** (-ड्)-*adj.* minutely related. विस्तृत रूप में वर्णन किया हुआ; **In detail** (part by part.) सविस्तार, पृथक्-पृथक् ।

Detain-डि-टेन्'-*v. t.* to keep in confinement, to withhold. निरोध (बन्द) करना, रोकना; **Detainer** (-अर्) -*n.* one who detains. रोकनेवाला ।

Detainment-डि-टेन्'-मेन्ट्-*n.* same as **Detention.**

Detect-डि-टेक्ट्-*v. t.* to discover, to find out. अनुसन्धान करना, पता लगाना; **Detectable** (-ऍ-बल्), **Detectible** (-इ-बल्)-*adjs.* that may be detected. पता लगाने योग्य; **Detecter, Detector** (-अर्)-*ns.* a discoverer. अनुसन्धान करनेवाला; **Detection** (-टेक्'-शन्)-*n.* act of detecting, discovery. अनुसन्धान, खोज; **Detective** (-इव्)-*adj.& n.* employed in detecting criminals, a policeman so employed. जासूस (पता लगानेवाला मनुष्य), भेदिया, (गुप्तचर) ।

Detent-डि-टेन्ट्'-*n.* a catch in a machine to regulate motion. किसी यंन्त्र की गति स्थिर करने का खटका ।

Detention-डि-टेन्'-शन्-*n.* a check, restraint, delay. रुकावट, अवरोध, देर ।

Deter-डि-टर्-*v. t.* (*p. t.* **Deterred.**) to hinder, to frighten from acting. निवारण करना; डराकर रोकना; **Determent** (-मेन्ट्), **Deterrence** (-रेन्स्)-*ns.* act of deterring. निवारण, अवरोध, रुकावट; **Deterrent** (-रेन्ट्)-*adj.* that which deters. रोकनेवाला ।

Deterge-डि-टर्ज्-*v. t.* to wipe off, to cleanse. पोंछना, साफ़ करना; **Detergent** (-टर्-जेन्ट्) -*adj. & n.* cleansing matter. शोधक, शुद्ध करनेवाला पदार्थ ।

Deteriorate-डिटीरिअरेट्-*v. i. & t.* to become or make worse. क्षय होना (दूषित होना), भ्रष्ट करना; **Deteriorative** (-ऍ-टिव्) - *adj.* causing deterioration. भ्रष्ट करनेवाला; **Deterioration** (-ऍ'शन्)-*n.* state of being or growing worse. क्षय, ह्रास, भ्रष्टता, दूषण ।

Deteriority-डिटीरिऑरिटि-*n.* worse condition. बुरी अवस्था ।

Determent-*n.* see **Deter.**

Determinable-डि-टर्'-मिनें-बल् -*adj.* capable of being determined. निर्धारण करने योग्य ।

Determinant-डि-टर्'-मिन्-ॲन्ट्-*adj.* decisive. स्थिर, निश्चित्, सिद्ध ।

Determinate-डि-टर्'-मिन्-एट् - *adj.* definite, limited. निर्धारित, सीमित; **Determination** (-ऍ-शन्)-*n.* ascertainment, fixed attention, resoluteness. निश्चय, संकल्प, विचार, निर्धारण; **Determinative** (-ऍ-टिव्) - *adj.* that which defines. निर्धारक ।

Determine-डि-टर्'-मिन्-*v. i. & t.* to come to an end, to define, to fix beforehand, to settle, to decide. समाप्त होना, निश्चित करना, पहिले से निर्धारित करना, स्थिर करना, निर्णय करना; **Determined** (-ड्) - *adj.* definite, resolute. निश्चित, स्थिर; **Determinism**(-इज़्म्) -*n.* the theory that human action is not free. यह सिद्धान्त कि मनुष्य के कार्य स्वतन्त्र नहीं होते ।

Deterrent-डि-टर्'-रेन्ट्, **Deterring** (-रिङ्ग्) -*adjs.* discouraging. हतोत्साह करनेवाला ।

Detersion-डिटर्शन् - *n.* act of cleansing a wound. घाव को साफ़ करने का काम ।

Detersive-डि-टर्-सिव्-*adj.* having power to cleanse. साफ़ करनेवाला ।

Detest-डि-टेस्ट्-*v. t.* to dislike extremely, to abhor. अति घृणा करना, तिरस्कार करना ; **Detestable** (-ऍ-बल्)-*adj.* abominable. घृणा या तिरस्कार करने योग्य; **Detestableness** (-नेस्) -*n.* extreme hatefulness. अतिशय घृणा; **Detestably**(-ऍब्लि)-*adv.* very hatefully. अति घृणापूर्वक; **Detestation** (-ऍ-शन्)-*n.* extreme hate. अतिशय घृणा ; **Detested** (-ऍड्) - *adj.* much hated. अति घृणित; **Detester** (-अर्)-*n.* one who hates. घृणा करनेवाला मनुष्य ।

Dethrone-डि-थ्रोन्'-*v. t.* to remove from a throne, to depose. राजगद्दी से उतारना; **Dethronement** (-मेन्ट्)-*n.* deposition of a king or ruler. किसी राजा या शासक का राजगद्दी से उतारा जाना, सिंहासन च्युति ।

Detonate-डेंटो - नेट् - *v. i. & t.* to explode with a loud report, to cause to explode. धड़ाके के साथ फूटना, धड़ाका करना; **Detonation** (-नें'-शन्)-*n.* an explosion. विस्फोट, ध्वनि; **Detonative** (- नें-टिव्) - *adj.* causing a detonation. धड़ाका करनेवाला; **Detonator** (-टर्) - *n.* an explosive. धड़ाका करनेवाला, बारूद भरा हुआ पटाखा ।

Detort-डि-टॉर्ट्-*v. t.* to wrest. ऐंठना; **Detortion** (-टॉर्-शन्)-*n.* a wresting, percussion. ऐंठन, उलट-पलट ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Detour-डि-टूर्'-*n.* a circuitous or round about way. चक्करदार मार्ग।

Detract-डि-ट्रॅक्ट्'-*v.t.* to take away, to defame. घटाना, अपमानित करना ; **Detraction** (-ट्रॅक्-शन्)-*n.* calumny. निन्दा, कलंक; **Detractor** (- अर्) -*n.* a slanderer. निन्दा करनेवाला; **Detractive** (-इव्) -*adj.* having tendency to lessen. घटानेवाला।

Detrain-डी-ट्रेन्'-*v. t. & i.* to remove or alight from a railway-train. रेलगाड़ी से उतारना या उतरना।

Detriment-डेट्'-रि-मेन्ट्-*n.* harm, mischief, damage. हानि, अपकार; **Detrimental** (-अल्) -*adj.* harmful. हानिकारक; **Detrimentally** (-अल्-लि)-*adv.* in an injurious manner. हानिकर रूप में या ढंग से।

Detrition-डि-ट्रिशन्-*n.* a wearing away by rubbing. घर्षण द्वारा क्षय; **Detritus** (-ट्राइ-टस्) -*n.* matter produced by detrition. घिसने से निकला हुआ पदार्थ।

Detrude-डिट्रूड्-*v. t.* to thrust or force down. ढकेल देना।

Deuce-ड्यूस्'-*n.* the two at cards or dice, the devil, mischief. ताश या पासे की दुक्की, पिशाच, उपद्रव; **Deuced** (-ड्)-*adj.* confounded, devilish. घबड़ाया हुआ, दुष्ट।

Deuteronomist-ड्यू-टरोनॉ-मिस्ट् - *n.* one of the joint authors of a book. किसी पुस्तक के संयुक्त लेखकों में से एक।

Devastate-डेव्'-ऑस्-टेट्-*v. t.* to lay waste, to ravage. निर्जन करना, भ्रष्ट करना; **Devastation** (-टे'-शन्)-*n.* desolation, waste. विनाश, विप्लव; **Devastator** (टे'-टर्)-*n.* one who lays waste or ravages. नाश करनेवाला।

Develop-डि-व्रेल्-ऑप्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Developed**) to advance in structure, to unfold, to reveal, to make picture in photography visible, to exhibit. पुष्ट करना, प्रकाशित करना, फ़ोटो के शीशे को साफ़ करना, दिखलाना; **Developer** (- अर्)-*n.* he who or that which develops. स्थिर करनेवाला; **Development** (- मेन्ट्)-*n.* growth, product, advancement. वृद्धि, विस्तार, उन्नति।

Deviate-डी'-व्रि-एट्-*v. i.* to turn from the way, to diverge. घूम जाना, हटना; **Deviation** (-ए'-शन्)-*n.* deflection, error. अतिक्रम, भूल; **Deviator** (-ए'-टर्)-*n.* one who deviates. अतिक्रम करनेवाला।

Device-डि-व्राइस् - *n.* a contrivance, plan, scheme, invention, faculty of designing, a design. उपाय, प्रयोग, विधि, आविष्कार, कल्पना (साधन)।

Devil-डेव्'-इल्-*n.* the supreme spirit of evil, a very wicked person, an enemy of God. दानव, पिशाच, अति दुष्ट मनुष्य, असुर; **Devil's bones** (dice.) पासा; **Devil's books** (playing- cards.) ताश के पत्ते; **Devil's dozen** (the number thirteen.) तेरह की संख्या; **Devil's dung** (asafoetida.) हींग; **The devil and all** (all bad things.) सब बुरी वस्तुयें; **The devil to pay** (trouble before one.) सामने आपत्ति का होना; **To go to the devil** (to come to ruin, to harm.) नाश को प्राप्त होना, नाश करना; **To play the devil with** (to harm and worry.) कष्ट और व्यग्रता उत्पन्न करना।

Devilish-डेव्'-इल्-इश् - *adj.* very mischievous. अति दुष्ट या उपद्रवी; **Devilishly** (-इश्-लि)-*adv.* like a devil. प्रेत की तरह; **Devilishness** (- इश्-नेस्) -*n.* quality of being a devil. पिशाचपन; **Devilism** (-इज़्म्)-*n.* great wickedness. पिशाचत्व।

Devious-डी'-व्रि-अस्-*adj.* winding, rambling, circuitous. erring. कुटिल (टेढ़ा), चक्करदार, दोषी; **Deviously** (-लि)-*adv.* in an erring manner. कुटिलता से; **Deviousness** (-नेस्) -*n.* a departure from the main course, error. कुमार्ग, अशुद्धि।

Devise-डि-व्राइज़्'-*v.t.* to consider, to scheme, to contrive a plan. विचार करना, चिन्तन करना, उपाय करना; **Deviser** (-व्राइ'-ज़र्)-*n.* one who contrives. (प्रयोजक), उपाय करनेवाला।

Devitalize-डी-व्राइ'-टल्-आइज़्-*v. t.* to make lifeless. निर्जीव करना।

Devocalize-डी-व्रो'-कल्-आइज़्-*v. t.* to make voiceless. गूँगा करना।

Devoid-डि - व्रॉइड्' - *adj.* destitute, empty, vacant. रहित, शून्य, खाली।

Devoir-डेव्'-व्रार्-*n.* duty, respect due. कर्तव्य (धर्म), आदर (सम्मान)

Devolute-डीव्'-ऑल्यूट्-*v. t.* to depute, to transfer. सौंपना, हटाना।

Devolution-डी-व्रॅल्यूशन्-*n.* a passing through a series of changes, degradation. निक्षेपण, अवनति।

Devolve-डि-व्रॉल्व्'-*v. i. & t.* to fall by succession, to descend, to deliver over. गिरना, उतरना, सौंपना।

Devote-डि-व्रोट्'-*v. t.* to dedicate, to give up exclusively. समर्पण करना (भेंट करना), त्याग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देना; **Devoted** (-व़ो-टेड्)-*adj.* ardent, zealous. तत्पर (परायण), अनुरक्त; **Devotedly** (-एड्-लि) -*adv.* in an ardent manner. भक्तिपूर्वक; **Devotee** (डिव़्-व़ो-टी)-*n.* a votary, a bigot. धार्मिक मनुष्य (योगी, तपस्वी)।

Devotion-डि-व़ो-शन्'-*n.* divine or religious worship. devoutness. धर्मनिष्ठा, भक्ति; **Devotional** (-अल्)-*adj.* pertaining to piety. धार्मिक; **Devotionally** (-अल्-लि)-*adv.* in a pious manner. भक्तिपूर्वक; **Devotionalist** (-अल्-इस्ट्)-*n.* one who is superstitiously devout. अनन्य ईश्वर-भक्त।

Devour-डिव़ावर्-*v. t.* to eat ravenously, to consume, to destroy, to kill. भकोसना, भस्म करना, नष्ट करना, हत्या करना; **Devourer** (-अर्)-*n.* one who devours. भक्षण करनेवाला; **Devouringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a devouring manner. भकोसते हुए।

Devout-डि-व़ाउट्'-*adj.* pious, religious, reverential. धार्मिक, धर्मात्मा, भक्त, पुण्यात्मा; **Devoutly** (-लि)-*adv.* in a devout manner. भक्तिपूर्वक; **Devoutness** (-नेस्)-*n.* the quality of being devout. धार्मिकता, भक्ति।

Dew-ड्यू-*n.* moisture from air condensed in small drops. तुषार, ओस; **Dewdrop** (drop of dew.) ओस की बूँद; **Dewfall** (evening. सन्ध्या समय; **Dewless** (-लेस्) -*adj.* without dew. बिना ओस का; **Dewy** (-इ)-*adj.* moist with dew. ओस से गीला।

Dewlap-ड्यू-लॉप्-*n.* a fold of loose skin hanging from the throat of cattle. गाय-बैल के गले के नीचे का लटकता हुआ झालरदार मांस।

Dexter-डेक्स्-टर्-*adj.* on the right-hand side. दाहिने हाथ की ओर का।

Dexterity-डेक्स्-टेर्-रि-टि-*n.* adroitness, cleverness, right-handedness. दक्षता, निपुणता, हस्त-कौशल; **Dext (e) rous** (-टर्'-अस् या ट्रस्)-*adj.* adroit, skilful. कुशल (पटु), निपुण; **Dexterousness** (-अस्-नेस्)-*n.* dexterity, adroitness. निपुणता: **Dexterously** (-अस्-लि) -*adv.* in an adroit manner. दक्षतापूर्वक।

Dextral-डेक्स्-ट्रल्-*adj.* right as opposed to left. दाहिना।

Dextrin-डेक्स्-ट्रिन्-*n.* a gummy substance obtained from starch, gum. गेहूँ या जव के सत्त्व से निकला हुआ चिपकानेवाला पदार्थ, गोंद।

Dextrous-डेक्स्' - ट्रस् - same as **Dexterous** (टर्'-अस्)।

Dhow, Dow-डाउ-*n.* an Arabian ship. अरब का छोटा जहाज।

Diabetes-डाइ'-अ-बी-टीज़्-*n.* a disease marked with excessive sugar in the urine. मधुमेह, बहुमूत्र रोग; **Diabetic** (-बेट्-इक्)-*adj.* pertaining to diabetes. मधुमेह-सम्बन्धी।

Diablery -डी - आब्लरि -*n.* magic, sorcery. जादू, टोना।

Diabolic (Diabolical)-डाइ-अ-बॉल्-इक्(-अल्) -*adj.* devilish, fiendish. पैशाची, पापिष्ठ; **Diabolically** (-अल्-लि)-*adv.* in a devilish manner. पिशाचवत्; **Diabolism** (-अब्-ॲ-लिज़्म्)-*n.* sorcery. जादू की विद्या; **Diabolize** (-लाइज़्)-*v. t.* to make into a devil. पिशाच बनाना।

Diacritic - डाइ - अ - क्रिट्' - इक्, **Diacritical** (-अल्)-*adjs.* distinguishing. भेद बतलानेवाला (स्वरों का विशिष्ट चिह्न)।

Diactinic - डाइ' -ऑक्-टिन्' - इक् - *adj.* transmitting the rays of the sun. सूर्य की किरणों को स्थानान्तरित करनेवाला।

Diadem-डाइ'-अ-डेम्-*n.* the arch of a crown, a headband worn as a badge of royalty. मुकुट, किरीट; **Diademed** (-ड्)-*adj.* wearing a diadem. मुकुट (किरीट) पहने हुए।

Diaglyph-डाइ' - अ - ग्लिफ़् -*n.* a sinking into the general surface. समतल में डूबकर बनाई हुई खोदाई या रचना।

Diagnose-डायॉग् - नोज़् - *v. t.* to ascertain disease by symptoms. लक्षण देखकर रोग का निर्णय करना; **Diagnosis** (-नो-सिस्)-*n.* (*pl.* **Diagnoses.**) identification of a disease by its distinctive marks. रोग-निर्णय, रोग-निदान; **Diagnostic** (-नॉस्'-टिक्) -*adj. & n.* distinguishing symptoms. रोग-लक्षण सम्बन्धी, निदान।

Diagonal-डाय्-ऑग्'-ॲ-नल्-*n.* a line joining two opposipe angles of any rectilineal figure. कर्ण, चतुर्भुज में एक कोण से दूसरे कोण तक की रेखा; **Diagonally** (-लि) -*adv.* in a diagonal manner. कर्ण रेखावत्।

Diagram-डायॉ-ग्राम् -*n.* a figure made of lines, symbolic representation of a figure. आकृति, मानचित्र; **Diagrammatic** (-मॅट्-इक्) -*adj.* represented by a diagram. आकृतिवाला; **Diagrammatically** (-कॅल्-लि) - *adv.* by means of a diagram. आकृति द्वारा; **Diagrammatize** (-ऑ-टाइज़्) -*v. t.* to put as a diagram. चित्ररूप में रखना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Dial-डायल्-*n.* the face of a clock or watch, a circular plate on which an index finger indicates degrees &c. घड़ी का मुख; **Sun-dial** (an instrument showing time by the sun's shadow.) सूर्य-घड़ी, धूपघड़ी ।



Dial.

Dialect-डायलेक्ट्-*n.* the form of a language peculiar to a district. प्राकृत भाषा, प्रान्तीय भाषा; **Dialectal** (-लेक्-टल्)-*adj.* pertaining to dialects. प्रान्तीय भाषा सम्बन्धी; **Dialectally** (-टल्-लि) -*adv.* from a dialectic point of view. प्रान्तीय भाषा के रूप में; **Dialectic** (-लेक्'-टिक्)-*n.* (often in *pl.*) logical disputation. तर्कविद्या, न्याय; **Dialectician** (-लेक्-टिश्यन्)-*n.* a logician. नैयायिक, तत्त्वदर्शी ।

Dialogic-डायॉ-लॉज्'-इक्-*adj.* pertaining to a dialogue. वार्तालाप-सम्बन्धी; **Dialogist** (-ऑल्-ऑ-जिस्ट्) -*n.* a writer of dialogues. वार्तालाप-लेखक ।

Dialogue-डाय-लॉग्-*n.*conversation. प्रश्नोत्तर, (संवाद), बातचीत ।

Diamantiferous-डाइ'-ऑ-मॉन् - टिफ़रस् -*adj.* diamond-yielding or bearing. हीरा उत्पन्न करनेवाली ।

Diameter-डायामिटर्-*n.* the straight line passing through the centre of a circle terminating at the circumference and dividing it into two equal parts. व्यास; **Diametrical** (-मेट्रिकल्)-*adj.* in the direction of a diameter. व्यास-सम्बन्धी; **Diametrically** (-मेट्-रिक्-अल्-लि)-*adv.* in direct opposition. विपरीत रूप में ।

Diamond-डाय'-मन्ड्-*n.* a colourless precious gem, a lozenge-shaped figure (*geom.*), one of the four suits of cards. (हीरक) हीरा, रेखागणित में बर्फ़ी का आकार, ताश में ईंट के पत्ते; **Diamond-cut** (with glittering points.) चमकते हुए अनेक कोणोंवाला; **Diamond-field** (a tract yielding diamonds.) हीरे की खान; **Diamond Jubilee** (the sixtieth anniversary.) साठवीं वर्षगाँठ (हीरक जयन्ती) ।

Diana-डायना-*n.* a hunting woman, the moon. शिकारी स्त्री, चन्द्रमा ।

Diapason-डाय-पे'-ज़न्-*n.* a volume of concord sounds. लय में अनेक ध्वनि ।

Diaper-डाइ'-अ-पर् - *n.* an ornamental design woven in linen. बेलबूटा कढ़ा हुआ कपड़ा (कामदानी) ।



Diaper.

Diaphanous - डाय - फ़ॉनस् - *adj.* transparent, clear. पार-दर्शक, आरपार दिखलाने वाला, स्पष्ट ।

Diaphoretic-डायफ़ॉरे-टिक्-*adj.* & *n.*promoting perspiration. स्वेदजनक, पसीना लानेवाली (औषध) ।

Diaphragm - डाय' - फ़्राम् - *n.* the muscle separating the chest from the abdomen. शरीर-मध्यप्रदेश, उदर को वक्षःस्थल से अलगानेवाली पेशी, उरःप्राचीर ।

Diarchy-डायर्कि-*n.* a government by two independent authorities. द्वैध शासन, दो व्यक्तियों से शासित राज्य ।

Diarist-डायरिस्ट्-*n.* one who keeps a diary. रोज़नामचा रखनेवाला ।

Diarrhoea-डायरीया-*n.* persistent looseness of bowels. अतिसार, पेट चलने का रोग ; **Diarrhoeal** (-अल्), **Diarrhoeic** (-इक्)-*adjs.* pertaining to or producing diarrhoea. अतिसार-सम्बन्धी ।

Diary-डायरि-*n.* a daily record of events, a journal. (दैनन्दिनी), दैनिक वृत्त की पुस्तक, रोज़नामचा; **Diarian** (-यरिअन्)-*adj.* रोज़नामचे का; **Diarize** (-आइज़्) -*v. t.* to enter or write in a diary. दिन-पंजी में लिख देना ।

Diathesis-डा-यथि-सिस्-*n.* a particular habit of body. शरीर के हिलाने या फड़काने का विशेष अभ्यास ।

Diatomic-डाइ-ऑ-टॅम्-इक्-*adj.* consisting of two atoms. दो परमाणुओंवाला ।

Dibble-डिब्'-बल्-*n.* an instrument for making holes in the ground for sowing seeds. खोंसनी, फाली; -*v. t.* to prepare soil for dibbling. बोने के लिये इस प्रकार से भूमि तैयार करना ।

Dicacity-डि-कॉस्'-इ-टि-*n.* raillery, pertness of speech. आक्षेप, ताना ।

Dice-डाइस्-*n.* (*pl.* of **Die.**) a game with dice. पासे का खेल;-*v. i.* to play with dice. पासा खेलना; **Dice-box** (a glass-shaped box from which dice are thrown in gaming.) पासा खेलने का गिलास; **Dicer** (-अर्)-*n.* one who plays at dice. पासा खेलनेवाला ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Dicephalous-डाइ-सेफ़्'-ऑल्-अस्-*adj.* having two heads. दो मस्तकोंवाला।

Dichotomy-डाइ-कॉट्'-ऑम्-मि-*n.* a continuous division into pairs (*logic*). तर्क में किसी पदार्थ के दो विभाग।

Dicing- डाइस्-इङ्ग्-*n.* a gaming with dice. पासे का खेल।

Dicky-डिक्'-इ-*n.* a leathern covering for a gig, a bird. फ़िटिन गाड़ी का चमड़े का टप, चिड़िया।

Dicta-डिक्' - टा -*n. pl., sing.* (**Dictum**) sayings. कहावतें।

Dictaphone- डिक्ट्-ऑ' -फ़ोन् - *n.* a machine reproducing in types what is spoken into it. बोले हुए शब्दों को टाइप में लिखने का यंत्र।

Dictate-डिक्- टेट्'-*v. t.* to read aloud words to be taken down, to communicate with authority, to command. लिखाना, आज्ञापूर्वक कहना, आज्ञा देना; **Dictation** (-टे'-शन्) -*n.* practice of dictating. श्रुति लिखन, श्रुतिलेख, इमला; **Dictator** (-अर्)-*n.* (*fem.* **Dictatress, Dictatrix.**) an absolute ruler, one who dictates to a writer. अनन्य शासक, लिखानेवाला; **Dictatorial** (-टोरिअल्) -*adj.* overbearing. अनन्य, उद्धत, ढीठ; **Dictatorship** (-शिप्)-*n.* the office of a dictator. अनन्य शासक का पद।

Diction-डिक्'-शन्-*n.* choice of words, style, manner of speaking. वाक्य-विन्यास, मुहावरा, बोलचाल का ढंग।

Dictionary-डिक्'-श-नरि-*n.*(*pl.* **Dictionaries.**) a book containing the words of a language alphabetically arranged with their meanings&c. a lexicon. शब्दकोश, शब्द-संग्रह; **Walking dictionary** (one who is well informed.) सब विषय का ज्ञान रखनेवाला पुरुष।

Dictum-डिक्'-टम्-*n.* (*pl.* **Dicta**-डिक्'-टा) a formal saying, a maxim. आदेश, कहावत।

Did-डिड्-*p. t.* of **Do.** किया।

Didactic-डि-डॉक्ट्'-इक्-*adj.*intended to teach, instructive. उपदेशक, प्रबोधक; **Didactically** (-अ- लि)-*adv.* in a didactic manner. उपदेशक की रीति से; **Didactics** (-इक्स्) -*n. pl.* the science of teaching or instruction. पाठन-युक्ति, पढ़ाने की पद्धति।

Didactyl- डाइ - डॉक्ट्'- इल्-*adj.* having two fingers or two toes. हाथ या पैर की दो अँगुलियोंवाला।

Didder- डिड्'- डर्-*v. i.* to shiver with cold. ठंढ से काँपना।

Diddle - डिड्' - ड्ल् -*v. t. & i.* mislead, to totter. बहकाना, लुढ़कना।

Didst डिड्स्ट्-*second person singular* of **'Do'.**

Didymous-डिड्'-इम्-अस्-*adj.* twin, growing in pairs. यमज, जुड़वाँ।

Die-डाइ-*n.* (*pl.* **Dice.** डाइस्) a small cube used in gaming, plinth. पासा, मकान का बन्द; **The die is cast** (the course is fully decided.) विधि स्थिर हो गई; **Upon the die** (at stake.) दाँव लगाकर।

Die- डाइ -*n.* (*pl.* **Dies**) a stamp used for coining money. मुद्रा बनाने का ठप्पा या साँचा; **Die-sinker** (an engraver.) ठप्पा या साँचा बनानेवाला।

Die-डाइ -*v. i.* to cease to live, to expire. मरना, दम निकलना; **To die in harness** (to die while still at work.) काम करते हुए मृत्यु को प्राप्त करना; **To die in shoes** (to be slaughtered.) हत्या किये जाकर मरना; **To die for** (to have earnest desire for a thing.) किसी पदार्थ के लिए उत्कट इच्छा करना; **To die of laughing** (to laugh to exhaustion.) हँसते-हँसते थक जाना।

Diehard- डाइ'- हार्ड् -*n.* one who resists to the end. अन्त तक विरोध करनेवाला।

Dielectric-डाइ-इ-लेक्-ट्रिक्-*adj.&n.* insulating, nonconductive of electricity. ढाँकता हुआ, बिजली के धाराप्रवाह को रोकनेवाला (पदार्थ)।

Diet-डा'- ऍट् -*n.* a national assembly for legislature. राज्यपरिषद्।

Diet-डा-यट्-*n.* food, food prescribed by a physician. आहार, भोजन, पथ्य; -*v. t. & i.* to take food or feed on special food prescribed by a physician. पथ्य भोजन कराना या करना; **Dietarian** (-एर्-इ-अन्) -*n.* one who strictly conforms to his dietary. पथ्य से भोजन करनेवाला; **Dietary** (-अर्-इ)-*n.* rules of diet. पथ्य के नियम; **Dietetic**(- ऍट्'-इक्) -*adj.* of diet. पथ्य-सम्बन्धी; **Dietetics** (-ऍट्-इक्स्) -*n. pl.* rules for diet. पथ्य के नियम।

Differ-डिफ़्'-फ़र्-*v. i.* (*p. t.* **Differed**) to be unlike, to be distinct, to be at variance, to disagree. भिन्न होना, विपरीत होना, असम्मत होना।

Difference- डिफ़्'-फ़र्- ऍन्स् -*n.* dissimilarity, distinction, the remainder after subtraction, contention. भेद, अवशेष, विवाद, कलह; **To split the difference** (to remove a controversy.) मतभेद हटा देना।

Different-डिफ़्'-फ़र्-ऍन्ट्-*adj.* distinct, separate, various, unlike. पृथक्, विभिन्न, असमान; **Differential** (-ऍन्'-शि-अल्)-*adj.* creating a difference. भेदकर, विशेषक; **Differently**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(-ऍन्ट्-लि) -*adv.* in a different manner. भिन्न प्रकार से।

Differentia- डि-फर्-ऍन्-शि-या -*n.* a distinguishing mark. भेद का चिह्न।

Differentiate-डिफ़-फ़र्-ऍन्'-शि-ऍट्-*v. t. & i.* to constitute the difference between, to discriminate, to make different. भेद जान लेना, अलगाना।

Difficult- डिफ़्'- फ़िक्-अल्ट् -*adj.* hard to do, troublesome, not easy, perplexing. कठिन, दुष्कर, विषम, (गूढ़, दुःसाध्य); **Difficulty** (-इ) -*n.* something obscure, obstacle, hindrance, reluctance, perplexity. कठिनता (दुःख, क्लेश), बाधा, संकट, विघ्न।

Diffidence- डिफ़्- फ़िड्- ऍन्स्-*n.* self-distrust, shyness, modesty, reserve. संशय, अविश्वास, लज्जा, विनय, झिझक।

Diffident- डिफ़्'- फ़िड्- ऍन्ट्- *adj.* distrustful, reserved, bashful. अविश्वस्त, शंकायुक्त, लज्जाशील; **Diffidently** (-लि)-*adv.* in a diffident manner. लज्जा सहित, अविश्वास से।

Diffluence-डिफ़-फ़्लु'-ऍन्स्-*n.* a flowing away of a fluid. तरल पदार्थ का बहाव।

Diffluent-डिफ़्-फ़्लु-ऍन्ट्- *adj.* flowing on all sides. चारों ओर बहता हुआ।

Diffract-डिफ़्-फ़्रॅक्ट्'-*v. t.* to break into parts. विश्लेषण करना, टुकड़े करना; **Diffraction** (फ़्रॅक्'-शन्) -*n.* spreading of light. प्रकाश का विश्लेषण।

Diffuse-डिफ़् -फ़्यूज़्' -*v. t.* to spread out, to scatter. फैलाना, छितराना; **Diffused** (-इ) -*adj.* spread, loose, extended. विस्तृत, फैला हुआ; **Diffusedly** (-इ-लि)-*adv.* in a diffused manner. विस्तीर्ण रूप में; **Diffuser** (-अर्) -*n.* that which or he who diffuses. फैलानेवाला, छितरानेवाला।

Diffuse-डिफ़् - फ़्यूस्' - *adj.* widely spread. फैलाया, छितराया हुआ; **Diffusible**(-इ-बूल्)-*adj.* that may be dispersed. फैलाने योग्य; **Diffusion** (-अन्) -*n.* dispersion. विस्तार, फैलाव ; **Diffusive** (-इव्) -*adj.* extending. फैलानेवाला; **Diffusively** (इव् - लि) -*adv.* in a diffusive manner. विस्तार से; **Diffusiveness** (-नॅस्)-*n.* extensiveness. फैलावट।

Dig-डिग्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Dug.**) to excavate, to hollow out by digging, to make a research. खोदना, गड्ढा करना, अन्वेषण करना; -*n.* a digging. खोदाई; **Diggable** (-ऍ-बूल्) -*adj.* that may be dug. खोदने योग्य; **Digger** (-अर्)-*n.* one who digs. खोदनेवाला; **Digging** (-इङ्ग्) -*n.* the act of excavating. खोदाई का काम।

Digamist-डिग्'-गॅम्-इस्ट्-*n.* one who marries a second time. दूसरी बार विवाह करनेवाला मनुष्य।

Digamy-डिग्'-गॅम्-इ-*n.* a second marriage. द्वितीय विवाह, पुनर्विवाह।

Digest-डाइ- जॅस्ट्-*n.* a methodical summary of laws. नीति-संग्रह, कानूनों का क्रमिक संग्रह; (-डि-जॅस्ट्)-*v. t.* to arrange systematically, to summarize, to think over, to assimilate in stomach. क्रमबद्ध करना, संग्रह करना, विचार करना, पचाना; **Digester** (-अर्)-*n.* one who digests the food, that which strengthens digestive power, a kind of vessel for boiling chemicals. भोजन पचानेवाला, एक प्रकार का रासायनिक पाकपात्र; **Digestibility** (-इब्-इल्- इट्-इ) - *n.* digestibleness. पाचन योग्यता या शक्ति; **Digestible** (-इ-बूल्) -*adj.* capable of being digested. पाचन योग्य; **Digestion** (-जॅशन्)-*n.* dissolving of food in stomach. पाचन; **Digestive** (-इव्) -*adj.* promoting digestion. पाचक, पचानेवाला।

Dight-डाइट्-*v. t.* to adorn, to make ready. आभूषित करना, सजाना, तैयार करना ; -*adj.* adorned. सजाया हुआ।

Digit-डिज्-इट्-*n.* a finger or toe, a finger's breadth, any integer from 0 to 9. अँगुली, अंगुल भर, ० से ९ तक इकाई के अंक; **Digital** (-अल्)-*adj.* pertaining to the digits. अँगुली-सम्बन्धी; **Digitated** (-ऍट्'-ऍड्)-*adj.* consisting of several finger-like sections. अँगुलियों के समान जोड़ोंवाला; **Digitiform** (-इ-फ़ॉर्म्) -*adj.* finger-shaped. अँगुली के आकार का।

Diglot-डाइ'-ग्लॉट्-*adj.* in two languages. दो भाषाओं का, द्विभाषिक।

Diglyph - डाइ - ग्लिफ़्-*n.* a projecting face with two grooves. उभड़ा भाग जिसमें दो नालियाँ बनी हों।

Dignify- डिग्- निफ़्-आइ- *v. t.* (*p. t.* **Dignified.**) to honour, to speak highly of. प्रतिष्ठा करना, सत्कार करना; **Dignified** (-आइड्)-*adj.* marked with dignity, stately महाप्रतापी, महान्, उच्च।

Dignitary-डिग्'-निट्-अ-रि-*n.* a person holding a high ecclesiastical rank or office. उच्च पद का पादरी।

Dignity-डिग्- निट्-इ -*n.* excellence, honourable rank, stateliness, grandeur. महत्त्व, प्रताप, गौरव, प्रतिष्ठा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Digraph-डाइ'-ग्राफ़्-*n.* a group of two letters expressing one sound. (*e. g.* ae, ph &c.) एक उच्चारण प्रकट करनेवाला दो अक्षरों का समुदाय।

Digress-डि(डाइ)-ग्रेस्'-*v. i.* to stray, to depart from the main subject. भटकना, विषयान्तर बोलना; **Digression** (-ग्रेशन्)-*n.* a departure from logical discourse. विषयान्तर गमन; **Digressive** (-इव्)-*adj.* digressing. असंगत, (असम्बद्ध); **Digressively** (-इव्-लि) -*adv.* by way of digression. असंबद्ध रूप से।

Dihexagonal-डाइ'-हेक्स् - ऑग्' - अॅन् - अल् - *adj.* having twelve sides. (*geom.*) बारह भुज या पहल का।

Dike, Dyke-डाइक्-*n.* a ditch, a dam, an obstacle, an embankment. खाई, बाँध, अवरोध, सेतु।

Dilacerate-डि-लॅस्'-अर्-एट्-*v. t.* to tear or rend asunder. फाड़ डालना।

Dilapidate-डि-लॅप्'-इड्-एट्-*v. t. & i.* to bring or come to decay. नाश करना (ध्वंस करना), छिन्न-भिन्न होने देना; **Dilapidated** (-एड्) -*adj.* wasted. ruined. छिन्न-भिन्न, नष्ट; **Dilapidation** (-एँ'-शन्)-*n.* squandering, decay. क्षय, नाश।

Dilatability-डाइ-लेट्'-एब्-इल्' - इट्-इ-*n.* the quality of being dilatable. फैलावट; **Dilatable** (-एँ-ब्ल्)-*adj.* capable of expansion. फैलाने योग्य।

Dilation-डाय-ले'-शन्-*n.* distention, expansion. विस्तार, फैलाव।

Dilate-डाय'-लेट्'-*v. t. & i.* to expand, to extend, to widen, to enlarge. फैलाना, चौड़ा करना; **Dilated** (-एड्)-*adj.* expanded. फैला हुआ; **Dilator** (-अर्)-*n.* a muscle that expands. फैलनेवाली पेशी।

Dilatorily-डिलेटरिलि-*adv.* with delay. विलम्ब से; **Dilatoriness** (-नेस्)-*n.* the quality of being dilatory. विलम्बिता, दीर्घसूत्रता; **Dilatory** (-टर्-इ)-*adj.* slow, loitering, designed to delay. दीर्घसूत्री, विलंब करनेवाला, आलसी, धीमा।

Dilemma-डाइलेमा-*n.* a form of argument (in logic) forcing the opponent to accept one of two alternatives (called its *horns*), both of which are undesirable to him, a perplexing situation. उभयसम्भव तर्क, संकट की स्थिति; **Dilemmatic** (-मॅट्'-इक्) -*adj.* pertaining to dilemmas. संकट की स्थिति का।

Dilettante-डिल-एँट्-टॅण्टि-*n.* (*pl.* **Dilettanti**) a lover of fine arts, an amateur. कलानुरागी, नवसिखुआ।

Diligence-डिल्' - इज् - एँन्स् - *n.* industrious nature. उद्यम, उद्योग, परिश्रम।

Diligent-डिल्'-इज्-एँन्ट्-*adj.* hardworking industrious. उद्योगी, परिश्रमी; **Diligently** (-लि) -*adv.* in a diligent manner. परिश्रम से।

Dill-डिल्-*n.* an umbelliferous medicinal plant. मधुरिका लता।

Dilly-dally-डिल्'-लि-डॅल्'-लि-*v. i.* to delay, to loiter. टालमटोल करना।

Dilogy-डाइल्'-ऑज्-इ-*n.* a phrase with two meanings. दो अर्थोंवाला शब्द समूह।

Dilute-डाइ-ल्यूट्' - *v. t.* to make a fluid thinner by adding water. जल मिलाकर घने द्रव को पतला बनाना; -*adj.* weakened by water.पानी मिलाकर पतला किया हुआ; **Dilution** (-ल्यू-शन्)-*n.* the act of diluting. पतला करने या हलका करने की क्रिया।

Diluvialist-डि-ल्यूव्'-इ-ऑल्-इस्ट्-*n.* an expert on diluvial deposits. भूगर्भवेत्ता जो जल के बाढ़ के संचयन का ज्ञान रखता है।

Diluvian-डि-ल्यूव्'-इ-अन्-*adj.* pertaining to flood. बाढ़ सम्बन्धी।

Diluvium-डि-ल्यूव्'-इ-अम्-*n.* a deposit of sand, gravel & c. made by a current of water, flood. बाढ़ से छोड़ी हुई मिट्टी, बाढ़।

Dim-डिम्-*adj.* (*comp.* **Dimmer**, *sup.* **Dimmest**) faintly visible, tarnished, indistinct, obscure. अस्पष्ट (धुँधला), निस्तेज; **Dimly** (-लि)-*adv.* in a dim manner. धुँधलेपन से; **Dimness** (-नेस्)-*n.* the quality of being dim. धुँधलापन।

Dime-डाइम्-*n.*the tenth part of an American dollar. अमेरिका का १० सेन्ट का निकल धातु का सिक्का।

Dimension-डाइ-मेन्श्'-अन्-*n.* extent, magnitude, degree. परिमाण, मात्रा, अंश; -*pl.* length, breadth and thickness. लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई; **Dimensional** (-नल्)-*adj.* concerning magnitude. परिमाण-सम्बन्धी।

Dimidiate-डि-मिड्'-इ-एट्-*adj.* divided into two parts. दो भागों में विभक्त।

Diminish-डि-मिन्'-इश्-*v. t. & i.* to make less, to abate, to decrease, न्यून करना, घटाना, कम होना; **Diminishable** (-एँ-ब्ल्) -*adj.* capable of being diminished. घटने योग्य; **Diminished** (-ड्)-*adj.* decreased. घटाया हुआ; **Diminishingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a decreasing manner. घटाते हुए।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Diminution-डि-मिन्-यु'-शन्-*n.* a lessening, degradation. ह्रास, कमी, अवनति।

Diminutive-डि-मिन्'-यू-टिव्-*adj.* small, tiny, narrow. अल्प, सूक्ष्म, सकीर्ण; -*n.* a word used to express a little thing of the kind. अल्पार्थक शब्द; **Diminutiveness** (-नेस्)-*n.* littleness. लघुत्व, छोटापन।

Dimity-डिम्' - इट् - इ-*n.* a kind of printed stout cotton fabric. (पर्दे का) मोटा छपा हुआ सूती कपड़ा।

Dimple-डिम्प्'-ल्-*n.* a small hollow in cheek or chin. गाल या ठुड्डी का गड्ढा; -*v. i.* to produce dimples. गड्ढा पड़ना; **Dimpled** (-ड्) -*adj.* having dimples. गड्ढेदार।

Din-डिन्-*n.* continued confused noise, a clatter. कोलाहल, कलकल; -*v. t.* (*p. t.* **Dinned.**) to harass with clamour. कोलाहल से कष्ट देना।

Dine-डाइन्-*v. t.* to take dinner. मध्याह्न का भोजन करना; **To dine out** (to take dinner out of the house.) घर के बाहर भोजन करना; **To dine with Duke Humphrey** (to remain hungry.) भूखे रह जाना; **Dining-hall** (room). भोजन करने के लिये पंगत बैठने का स्थान।

Ding-डिङ्ग्-*v. t.* to ring. शब्द करना; **Ding-dong** (डिङ्ग्'-डॉङ्ग्) -*n.* the sound of a bell. घण्टे का शब्द।

Dinghy, Dingey - डिङ्ग्' - गि-*ns.* a ship's small boat. छोटी नाव, डोंगी।

Dingle-डिङ्ग्' - ग्ल् - *n.* a small dale, a narrow valley. घाटी, दर्रा।

Dingy-डिन्ज्'-इ-*adj.* dull coloured, dark brown. धूँधला, काला भूरा।

Dinner-डिन्'-नर्-*n.* the chief meal of the day, a public feast. दिन का प्रधान भोजन, ज्योनार; **Dinner-bell** (a bell rung when dinner is ready.) भोजन की तैयारी पर बजाने की घण्टी; **Dinner-set** (plates &c. used at dinner.) तश्तरी, थाली इत्यादि; **Dinner-wagon** (a set of shelves on castors in the dining-room.) भोजन की सामग्री का घिसकाने योग्य टेबुल।

Dint-डिन्ट्-*n.* a blow, stroke, effort. प्रहार, आघात, प्रयत्न; **By dint of** (by force of.) प्रहार या बल से।

Diocese-डाइ'-ओ-सिस्-*n.* a bishop's jurisdiction. पादरी का प्रदेश।

Dioptric-डाइ-ऑप्ट्रिक-*adj.* & *n.* helping sight by refraction. प्रकाश की वक्रगति द्वारा दृष्टि को सहायता देनेवाला या सहायक।

Dioxide-डाइ-ऑक्स्'-आइड्-*n.* an oxide containing two parts of oxygen and one of metal. दो भाग ओषजन (ऑक्सिजन) तथा एक भाग धातु का मेल।

Dip-डिप्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Dipped**) to immerse into a liquid, to plunge. गोता लगाना, डुबाना; -*n.* the act of dipping, depression, inclination. निमज्जन, डुबाव, झुकाव; **Dip-net** (a small net for catching fish.) मछली पकड़ने का छोटा जाल।

Diphtheria-डिफ्'-थी-रि-आ-*n.* an infectious disease in the back of the throat. कण्ठ का एक संक्रामक रोग।

Diphthong-डिफ्-थॉङ्ग्-*n.* a union of two vowels pronounced as one in a syllable. संयुक्त स्वर, दो स्वरों का एक उच्चारण यथा ae, oe.

Diploma-डिप्-लोम्'-आ- *n.* a certificate conferring honour or authority. पदवीदायक पत्र, अधिकारपत्र (सनद); **Diplomate** (-मेट्) -*adj.* having received a certificate. अधिकार-पत्र प्राप्त; **Diplomaless** (-लेस्) -*adj.* without certificate. बिना अधिकार-पत्र का।

Diplomacy-डिप्'-लोम्'-ऑस्-इ-*n.* management of international relations, tact. राजनैतिक कौशल, कूटनीति।

Diplomat-डि-प्लोम्'-ऑट्-*n.* one skilled in diplomacy. राजनीति-कुशल; **Diplomatic** (-ऑट्'-इक्)-*adj.* skilful in negotiations, tactful. दूतकार्य में चतुर, कूट-नीतिज्ञ; **Diplomatically** (-मॉट्'-इ-कलि) -*adv.* according to the rules of diplomacy. नीति-निपुणता से; **Diplomatist** (-ऑट्-इस्ट्) -*n.* a diplomat, नीति-कुशल मनुष्य; **Diplomatize** (-टाइज़्)-*v. t.* & *i.* to act as a diplomatist. नीतिज्ञ के सदृश कार्य करना।

Dipper-डिप्'-पर्-*n.* one who dips, a ladle. डुबानेवाला, कल्छुल।

Dipterous-डिप्टरस्-*adj.* having two wings only. केवल दो पंखों या परोंवाला।

Dire-डायर्-*adj.* horrible, calamitous. भयानक, क्रूर; **Direful** (-फ़ल्)-*adv.* dreadful. भयंकर, उग्र; **Direfully** (-फ़ुल्-लि)-*adv.* in a direful manner. क्रूरता से; **Direfulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* the quality of being direful. उग्रता, क्रूरता।

Direct-डाइ-रेक्ट्'-*v. t.* & *i.* to order, to address, to control, to guide. आज्ञा देना पता लिखना, नियंत्रित करना, पथ दिखाना; -*adj.* & *adv.* straight, not crooked, immediate uninterrupted. सीधी, अवक्र, तुरन्त, अविघ्न; **Directly**(-लि)-*adv.* immediately. तुरन्त, सीधे; **Direct speech**(words actually spoken.)वक्ता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के ठीक-ठीक शब्द; **Directness** (-नेस्) *n.* quality of being direct, straightness. सीधापन।

Direction-डि-रेक्'-शन्-*n.* instruction, order, aim, address. निर्देश, आज्ञा, लक्ष्य, पता।

Director-डि-(डाइ-)रेक्ट्'-अर्-*n.* a superintendent, one who directs, manager. अध्यक्ष, सञ्चालक, अधिकारी; (*fem.* **Directress**-ट्रेस्); **Directorate** (-अर्-एट्') -*n.* the office of a director. निर्देशालय; **Directory** (-अ-रि)-*adj.* & *n.* guiding, a book of reference. निर्देशक, नाम-धाम-सूचक पुस्तक।

Directrix-डि-रे-क्ट्रिक्स्-*n.* (*pl.* **Directrices** -ट्राइसीज़्) a fixed line used in describing a curve. वक्र रेखा खींचने की स्थिर रेखा।

Dirge-डर्ज्-*n.* a song sung at burial. शोकगीत, मर्सिया।

Dirigible-डिर्'-रिज्-इ-बल्-*n.*&*adj.* an aircraft which is able to be guided. वायुयान (गुब्बारा) जो इच्छानुसार जिधर चाहे उधर उड़ाया जा सकता है।

Dirk-डर्क्-*n.* a kind of dagger or poniard. एक प्रकार की कटार।

Dirt-डर्ट्-*n.* an unclean substance, mud,dust. कीचड़, मिट्टी, धूल; **Dirt-cheap** (very cheap.) बहुत ही सस्ता; **To fling dirt** (to rebuke.) गाली देना; **To eat dirt** (to censure.) निन्दा करना; **Dirtily**(-इ-लि)-*adv.*in a dirty manner. गन्देपन से; **Dirtiness** (- इ-नेस्) -*n.* the state of being dirty. गन्दापन; **Dirty** (-इ) -*adj.* soiled, foul, filthy, unclean, mean. धूलयुक्त, गन्दा, मैला, नीच; - *v. t.* (*p. t.* **Dirtied**) to soil, to make foul. गन्दा करना।

Disability-डिस्-एँब्-इल्'-इट् इ-*n.* unfitness, inability, incapacity. अयोग्यता, असमर्थता।

Disable-डिस्'-एँ-बल्-*v. t.* to weaken, to cripple, to incapacitate, to deprive of power, to disqualify. दुर्बल करना, लँगड़ा बनाना, अशक्त करना, अयोग्य बनाना; **Disablement** (-मेंण्ट्)-*n.* disability. अशक्तता, अयोग्यता।

Disabuse-डिस्-अँ-ब्यूज़्-*v. t.* to undeceive, to set right. भ्रम दूर करना, ठीक करना।

Disaccord-डिस्-अँक् -कॉर्ड् -*n.* disagreement. विरोध।

Disadvantage-डिस्-अँड् -व्हान्ट्' - इज़् -*n.* unfavourable condition, loss. असुविधा, हानि; **Disadvantageous** (-एँज्-अस्)-*adj.* unfavourable. अहितकारी (हानिकारक);**Disadvantageously** (-अस्-लि) -*adv.* in a disadvantageous manner. क्षतिकारक ढंग से।

Disaffect-डिस्-अफ़्-फेक्ट्-*v. t.* to take away affection, to make unfriendly. स्नेह खींच लेना, प्रतिकूल बनाना; **Disaffected** (- एँड्) -*adj.* unfriendly, disloyal. प्रतिकूल, विद्रोही।

Disaffection-डिस्-अफ़्-फ़ेक्'-शन् -*n.* want of affection, dislike. प्रेम का अभाव, घृणा।

Disaffirm-डिस्-अफ़्-फ़र्म-*v. t.* to deny, to contradict.अस्वीकार करना, विरोध करना; **Disaffirmation** (-एँ-शन्)-*n.* denial. अस्वीकृति

Disagree-डिस्-अँ-ग्री'-*v. i.* to differ, to dissent in opinion, to prove unsuitable. भिन्न होना, सहमत न होना, अनुपयुक्त सिद्ध करना; **Disagreeable** (-एँ-बल्) - *adj.* unpleasant, offensive;अरुचिकर,अप्रिय;**Disagreeableness** (एँ-बल्-नेस्)-*n.* the state of being disagreeable. अरुचि; **Disagreeably** (-एँब्-लि)-*adv.* in a disagreeable manner. अरुचिकर ढंग से; **Disagreement** (- मेंन्ट्) -*n.* discord, dissension. विरोध, विवाद।

Disallow-डिस्-अल्-लाउ'-*v. t.* to refuse to accept as reasonable, to reject, to prohibit. अस्वीकार करना, निषेध करना, रोकना; **Disallowable**-(-एँ-बल्)-*adj.* not allowable. निषेधयुक्त,अननुमोदनीय;**Disallowance** (ऑन्स्)-*n.* prohibition, rejection. निषेध, अस्वीकृति।

Disanimate-डिस्-ऑन्' - इम् - एँट - *v. t.* to dishearten. हतोत्साह करना।

Disannul-डिस्-ऑन्-नल्-*v. t.* to abolish, to cancel. हटाना, काटना, लोप करना।

Disappear-डिस्-ऑप्-पिअर्'-*v. t.* to die away from sight, to vanish, to be lost. अन्तर्धान होना, अदृश्य होना, खो जाना; **Disappearance** (-ऑन्स्)-*n.* withdrawal from sight. अन्तर्धान।

Disappoint-डिस्-ऑप्-पॉइन्ट्' - *v. t.* not to fulfil desire or expectation, to break appointment, to frustrate. आशा या इच्छा भंग करना, नियुक्ति तोड़ना, निराश करना; **Disappointed** (-एँड्)-*adj.* frustrated. आशाभग्न, निराश ; **Disappointing** (-इङ्ग्) - *adj.* frustrating. आशा तोड़नेवाला; **Disappointedly** (-एँड्-लि) - *adv.* in a disappointed manner. निराश ढंग से; **Disappointment** (-मेंन्ट्)-*n.* failure of expectation. निराशा।

Disapprobation-डिस्-ऑ- प्रो - बे'- शन् - *n.* disapproval. अस्वीकृति; **Disapprobative** (-टिव्)-*adj* disapproving. निन्दा अथवा तिरस्कार सूचक; **Disapprobatory** (बे-ट-रि)-*adj.* tending to disapprove. अप्रतीतियुक्त।

Disapproval-डिस्-ऑप्-प्रूव्'-अल्-*n.* disapprobation, dislike. अस्वीकृति, घृणा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Disapprove-डिस्-ऑ-प्रूव्'-*v. t. & i.* to express unfavourable opinion of, to reject. असम्मति प्रकट करना, अस्वीकार करना; **Disapprovingly** (-प्रू - विङ्ग् - लि) - *adv.* by disapprobation. असम्मति से।

Disarm-डिस्-आर्म्'-*v.t.* to deprive of arms, to render defenceless. शस्त्र छीन लेना, फ़ौजी प्रबन्ध हटा लेना; **Disarmament** (-ऑ-मेन्ट्)-*n.* the act of disarming. शस्त्रापहरण।

Disarrange-डिस् - अरेन्ज् - *v. t.* to put to disorder. क्रम हटाना, उलट-पुलट करना; **Disarrangement** (न्ट्)-मेन्-*n.* confusion. क्रमभंग, (गड़बड़ी)।

Disarray-डिस् - अरे' - *n.* want of order, disorder. व्यूहभंग, उलट-पलट; - *v. t.* (*p. t.* **Disarrayed**) to unclothe. वस्त्र उतारना।

Disarticulate-डिस्-आर्टिक्युलेट्-*v. t.* to separate the joints. जोड़-जोड़ अलग करना।

Disaster-डिज़्-ऑस्'-टर् - *n.* misery. विपत्ति, उपद्रव, अभाग्य।

Disastrous-डिज़्-ऑस्-ट्रस् - *adj.* calamitous, gloomy, ruinous. विपत्तिग्रस्त, अभागा, नाशकारी; **Disastrously** (-ट्रस्'-लि) - *adv.* in a disastrous manner. नाशकारी ढंग से।

Disattach-डिस्-ऑट्-टॅच्-*v. t.* to undo what is attached. बँधे हुए को खोलना।

Disavow-डिस्-अ-व्राउ' - *v. t.* to disown, to repudiate, to disclaim. नहीं करना, अस्वीकार करना; **Disavowal** (-अल्)-*n.* repudiation. अस्वीकृति।

Disband-डिस्-बॅन्ड्-*v. t. & i.* to break up and dismiss, to disperse a troop. सेना भंग करना या तोड़ना; **Disbandment** (-मेन्ट्)-*n.* act of disbanding. सेना का भंगीकरण।

Disbar-डिस्-बार्'-*v. t.* to expel a barrister from the bar. बैरिस्टर को वकालत करने से वंचित करना।

Disbelief-डिस्-बि-लीफ़्'-*n.* a refusal to believe, want of belief. अविश्वास; **Disbelieve**(-लीव्) -*v. t.* to have no faith in. अविश्वास करना; **Disbeliever** (-अर्) -*n.* one who refuses belief, a sceptic. अविश्वासकारी, नास्तिक।

Disbowel-डिस्-बॉ-वेल्-*v. i.* to take out the intestines. आँतों को बाहर निकालना।

Disbud-डिस् - बड्' - *v. t.* (*p. t.* **Disbudded**) to remove the buds or shoot of. कली हटाना।

Disburden-डिस्-बर्डन्-*v. t. & i.* to relieve of burden, to get rid of. बोझ उतारना या हटाना, हलका करना, मुक्त होना।

Disburse-डिस्-बर्स्'-*v. t.* to pay money, to expend. धन देना, व्यय करना; **Disbursement** (-मेन्ट्) - *n.* a paying out, that which is paid. भुगतान, चुकौती, दिया गया धन।

Disc, Disk-डिस्क् - *n.* the face of a round plate, the face of a celestial body. किसी गोल पदार्थ का ऊपरी भाग, नक्षत्र-मंडल।

Discage-डिस्-केज्' - *v. t.* to take out of a cage. पिंजड़े के बाहर निकालना।

Discard-डिस्-कार्ड्'-*v.t.* to cast aside, to give up, to dismiss. अलग करना, छोड़ना, हटाना।

Humanist-ह्यू' - मनिस्ट् *-n.* a student of human nature. मनुष्य की प्रकृति का अध्ययन करनेवाला ।

Humanitarian-ह्यूमनिटेरिअन् *-n.* a philanthropist. मनुष्य-जाति से प्रेम करनेवाला ।

Humanity-ह्यू'-मॅन्-इट्-इ-*n.* the quality of being human, mankind, a kind feeling, benevolence. मानवता, मनुष्य जाति, दया, कृपालुता ।

Humanize-ह्यू'-मन्-आइज़् - *v. t.* to show humanity. शिष्टाचार करना, दयालु बनाना ।

Humanness-ह्यू'-मन्-नेंस् *-n.* benevolence. मनुष्यत्व, कृपालुता ।

Humble-हम् ब्ल् *-adj.* of lowly condition, modest, meek, submissive. निम्न, नीच, विनीत, नम्र (गर्वरहित), दीन ;-*v. t.* to lower, to abase. नीचा दिखाना (घमण्ड तोड़ना), नम्र करना; **Humble-bee** (the humming bee.) भौंरा; **Humbled** (-इ)-*adj.* conquered. जीता हुआ; **Humbleness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being humble. नम्रता ।

Humbling-हम्'-ब्लिङ्ग्-*n.* victory. विजय ।

Humbly-हम्ब्'-लि - *adv.* modestly, in a humble manner, submissively. दीनता से, नम्रतापूर्वक; **In humble day** (in times of adversity.) आपत्ति के समय में ।

Humbug-हम्-बग् *-n.* a fraud, deception, nonsense. छल (कपट), धोखा, पाखण्ड;- *v. t.* (*p. t.* **Humbugged**) to deceive, to hoax. धोखा देना, ठगना ।

Humdrum-हम्-ड्रम्-*adj. & n.* trite, commonplace, dull, a stupid fellow. सामान्य, साधारण, नीरस, मन्द, मूर्ख मनुष्य; **Humdrumness** (-नेंस्) *-n.* the quality of being stupid. मूर्खता, सिड़ीपन ।

Humeral-ह्यू'-मर्-ल् *-adj.* belonging to the shoulder. स्कन्ध-सम्बन्धी ।

Humerus-ह्यू'-मर्-अस् *-n.* the round bone of the upper arm. प्रगण्डास्थि, भुजा की गोल हड्डी ।

Humid-ह्यू'-मिड्-*adj.* damp, moist. गीला, तर।

Humidity-ह्यू-मिडिटि *-n.* moisture. आर्द्रता, तरी ।

Humiliate-ह्यू'-मिल्-इ-एट्-*v. t.* to lower the dignity of, to mortify, to depress. गर्व तोड़ना, नीचा करना, दबाना; **Humiliation** (-ए'-शन्) *-n.* the act of humiliating. दर्प-दमन, दीनता ।

Humility-ह्यू-मिलिटि-*n.* meekness, modesty, humbleness. विनय, नम्रता, दीनता ।

Humming-हमिङ्ग्-*adj.* murmuring. भनभनाता हुआ ;-*n.* act of humming. भिनभिनाहट

Hummock-हमॉक्-*n.* a small hill, a rising ground. छोटी पहाड़ी, टीला ।

Humoral-ह्यू' - मरल् - *adj.* pertaining to humours. त्रिदोष-सम्बन्धी ।

Humorist-ह्यू'-मरिस्ट् *-n.* a man of playful fancy. हँसी करनेवाला मनुष्य, (ठिठोलिया, दिल्लगीबाज़ ।

Humorous-ह्यू'-मरस्-*adj.* full of humour. विनोदी, रसिक, हँसी का; **Humorously** (-लि) *-adv.* in a humorous manner. विनोद के रूप में या ढंग से; **Humoursome**-ह्यू'-मर-सम् *-adj.* humorous, whimsical. रसिक, विनोदी ।

Humour-ह्यू'-मर्-*n.* a turn of mind, inclination, comicality, wit, an animal fiuid. मन की भावना, प्रकृति (प्रवृत्ति), रसिकता, चित्त-तरंग (लहर), शरीर के त्रिदोष (वात, पित्त, कफ); *-v. t.* to comply, to gratify. अनुरोध करना, सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना; **Good humour** (humour neatly expressed.) सुशीलता; **Joyous humour** (pleasing wit.) आनन्द-वृत्ति; **Out of humour** (out of temper.) अप्रसन्न, क्रुद्ध ।

Hump-हम्प्-*n.* the protuberance on the back of an animal, hunch. ककुद्, कूबड़; *-v. t.* to depress, to annoy. कुढ़ाना, चिढ़ाना; **Humpbacked** (with a hump on the back.) कुबड़ा; **Humpless** (-लेंस्) *-adj.* without humps. बिना कूबड़ का; **Humpy** (-इ) - *adj.* with many humps. अनेक कूबड़ोंवाला ।

Humph-हम्फ्'-*interj.* denoting doubt or dissatisfaction. सन्देह अथवा असन्तोष सूचक अव्यय ।

Humpty-dumpty-हम्'-टि-डम्'-टि-*n.* a puny person. नाटा छोटा मनुष्य ।

Humpy-हम्प्'-इ-*n.* a kind of Australian hut. आस्ट्रेलिया की एक प्रकार की झोपड़ी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Hunch-हन्च्-*n.* a hump. कूबड़;-*v. t.* to bend. मोड़ना; **Hunchbacked** -*adj.* having a humpback. कुबड़ा।

Hundred-हन्-ड्रेड्-*n.* ten times ten. सौ; **By hundreds.** सौ-सौ करके; **Hundredth** (-थ्) -*adj.* one of a hundred equal parts. सौवाँ; **Long (great) hundred** (one hundred and twenty.) एक सौ बीस।

Hundredfold-हन्-ड्रेड्-फ़ोल्ड्-*adj.* a hundred times. सौगुना।

Hundredweight-हन्-ड्रेड्-वेट्-*n.* a weight of 112 lbs. एक सौ बारह पाउंड (५६ सेर) का वजन।

Hung-हङ्ग्-*p. t. & p. p.* of **Hang.** 'हॅङ्ग्' धातु का लटकाने के अर्थ में भूतकाल का रूप।

Hunger-हङ्ग्'-गर् -*n.* an uneasy sensation caused by want of food, an earnest desire. क्षुधा, भूख, तीव्र अभिलाषा;-*v. i.* to have a keen appetite. भूख लगना;-*v. t.* to long for. इच्छा करना; **Hunger-strike** (refusal to take food.) अनशन-व्रत, भूख हड़ताल।

Hungrily-हङ्ग्'-ग्रि-लि-*adv.* in a hungry state. भूख की अवस्था में; **Hungriness** (-नेस्)-*n.* the state of being hungry. क्षुधा, भूख।

Hungry-हङ्ग्-ग्रि-*adj.* having hunger, lean, greedy. क्षुधा-पीड़ित, भूखा, दुबला, लोभी।

Hunk-हङ्क्-*n.* a clumsy piece. भद्दा टुकड़ा; -(*pl.*) a miser. कृपण, कंजूस।

Hunt-हन्ट्-*v. i. & t.* to chase a wild animal, to chase for food, to seek after, to pursue. मृगया करना, शिकार करना, भोजन के लिये पीछा करना, खोजना, पीछा करना; -*n.* a chase of wild animals. मृगया, शिकार; **To hunt out** (to search for.) पता लगाना; **To hunt up** (to seek.) अन्वेषण करना, खोजना।

Hunter-हन्ट्'-अर्-*n.* (*fem.* **Huntress** -रेस्) one who hunts. शिकारी, शिकार करनेवाला मनुष्य।

Hunting-हन्ट्'-इङ्ग् -*n.* the act of chasing wild animals. आखेट, मृगया।

Huntsman-हन्ट्स्'-मॅन्-*n.* a hunter, a man in charge of hounds. शिकारी, शिकारी कुत्तों का निरीक्षक।

Hurdle-हर्ड्ल् - *n.* wooden sticks woven together for temporary frame. टट्टी, टट्टर ; -*v. t.* to cover with hurdles. टट्टी में बन्द करना; **Hurdler** (-अर्) -*n.* a maker of hurdles, a runner of hurdle races. टट्टी बनानेवाला, टट्टी-फाँद दौड़नेवाला।

Hurdy-gurdy - हर्डि - गर्डि-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

Hurl-हर्ल्-*v. t.* to throw violently, to dash with force, to whirl. वेग से फेंकना, उछालना, चक्कर देना; -*n.* a violent throw, tumult. झटके की फेंकान, उपद्रव; **Hurling** (-इङ्ग्)-*n.* the act of throwing. उछाल (फेंकान)।

Hurley-हर्लि-*n.* a hockey-stick. हॉकी की छड़ी।

Hurlyburly-हर्लि-बर्लि-*n.* a tumult, an uproar, a bustle. कलकल शब्द, कोलाहल।

Hurrah-हुर्'-र्-आ-*interj.* expressing exultation. आनन्दसूचक अव्यय, वाह-वाह ! शाबाश !

Hurricane-ह-रि-केन्-*n.* cyclone, a violent wind. प्रचंड वात, चक्रवात; **Hurricane-lamp** (a lamp which a wind cannot extinguish.) आँधी में न बुझनेवाला लम्प।

Hurry-ह -रि-*n.* a great haste, eagerness, confusion. शीघ्रता (जल्दी), आकुलता;-*v. i. & t.* (*p. t.* **Hurried.**) to hasten, to remove. जल्दी से जाना या हटाना।

Hurry-skurry-हरि - स्करि-*n.* confusion. घबड़ाहट; **Hurry up** (be quick.) जल्दी करो।

Hurst-हर्स्ट्-*n.* a hillock, a sandbank. पहाड़ी, बलुआ किनारा।

Hurt-हर्ट्-*n.* an injury, a wound, harm. आघात, घाव, चोट, क्षति, अपकार; -*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Hurt.**) to give pain, to damage. दुःख देना, चोट पहुँचाना, नष्ट करना।

Hurtful-हर्ट्-फ़ुल्-*adj.* injurious, mischievous. पीड़ाकर, घातक, दुष्ट; **Hurtfully** (-लि)-*adv.* in an injurious manner. क्षति या चोट पहुँचाते हुए।

Hurtle-हर्ट्ल्-*v. t.* to strike against, to hurl swiftly. टकराना, वेग से घुमाना।

Hurtless-हर्ट्'-लेस्-*adj.* receiving no injury. बिना घाव का।

Husband -हज़्'-बन्ड्-*n.* (*fem.* **Wife.**) a man to whom a woman is betrothed,a married man. पति, दुलहा, शौहर,विवाहित पुरुष;-*v.t.* to manage economically. कम खर्च में प्रबन्ध करना (किफ़ायत करना); **Brother of husband.** देवर; **Husbandhood** (-हुड्) -*n.* the state of being a husband. पतित्व; **Husbandlike** (-लाइक्) -*adj.* like a husband. पति के समान; **Husband's sister.** ननद;**Husbandry** (-रि)-*n.* the occupation of a farmer. कृषिकर्म, किसानी।

Hush-हश्-*n.* silence, stillness. शान्ति, चुप्पी; -*v. t.* to calm, to silence. शान्त करना, चुप करना; -*interj.* चुप ! शान्त; **Hush-money** (bribe given for hiding a crime.) किसी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपराध को छिपाने के लिये दिया हुआ घूस ; **To hush up** (to suppress.) दबा देना ।

Husk-हस्क्-*n.* the dry outer covering of seeds or fruit, the worthless part of a thing. छिलका, भूसा, निरर्थक अंश; - *v. t.* to strip husk from. छिलका या भूसी हटाना; **Husked** (-इ) -*adj.* stripped of husks. भूसा हटाया हुआ ।

Huskily-हस्क्'-इ-लि-*adv.* roughly. रूक्षता से; **Huskiness** (-नेस्)-*n.* the state of being husky. भूसापन ।

Husky-हस्क्'-इ-*adj.* abounding with husks. भूसा भरा हुआ ।

Hussar-हू-ज़र्-*n.* a soldier of light cavalry. घुड़सवार सिपाही ।

Hussy, Huzzy-ह-सि, हज़ि-*ns.* a woman of worthless character. पापिनी, दुष्टा स्त्री ।

Hustings-हस्'-टिङ्ग्ज़्-*n. pl.* the proceedings of an election. चुनाव का कार्यक्रम ।

Hustle-हस् - सल् - *v. t. & i.* to thrust hastily, to push roughly. ढकेलना, धक्का देना ; -*n.* bustle. शोर गुल ।

Hut-हट् -*n.* a small house, a cottage. कुटी, झोपड़ी; -*v. t. & i.* to place or lodge in huts. झोपड़ी में रखना या बसना ।

Hutch - हच् -*n.* a small hut. an enclosure for rabbits &c., a coop. कुटी, खरहे का घेरा या बाड़ा ।

Huzza-हु(इ)-ज़्'ज़ा-*interj.* of applause or encouragement. हर्षनाद, जय जय की ध्वनि ।

Hyacinth-हाइ'-अ- सिन्थ्-*n.* a bulbous plant with bell-shaped flowers. एक प्रकार का फूलदार पौधा ; **Hyacinthine** (-आइन्)-*n.* a kind of gem. एक प्रकार का रत्न ।

Hyades-हाइ'-अ - डीज़् - *n.* a cluster of five stars. (वर्षासूचक) पाँच तारों का समुदाय ।

Hyaena-हाइ-ईना-*n.* a carnivorous animal. लकड़बग्घा; see **Hyena.**

Hyaline-हाइ'-अ - लिन्, **Hyaloid**-हाइ-अ-लॉ-इड्-*adjs.* glassy, transparent. काँच की तरह का, पारदर्शक ।

Hybrid-हाइ'-ब्रिड्-*n. & adj.* an offspring of two different species or varieties, heterogeneous. दो भिन्न जाति की सन्तति, वर्णसङ्कर, दोगला; **Hybridism** (-इज़्म्)-*n.* the state of being hybrid. वर्णसंकरत्व; **Hybridization** (-आइज़्-ए'-शन्) -*n.* the act of hybridizing. वर्णसंकरी करण, वर्णसंकर बनाना ।

Hybridize-हाइ'-ब्रिड्-आइज़्-*v. t.* to procreate by hybrids. दो जातियों के योग से एक नई जाति उत्पन्न करना, वर्णसंकर पैदा करना ।

Hybridous-हाइ'-ब्रिड्-अस्-*adj.* produced from different species. विभिन्न जातियों से उत्पन्न ।

Hydra-हाइ' - ड्रा-*n.* serpent with many heads, a water-snake, a tubular branched water animal. अनेक फनवाला सर्प, जलसर्प, बहुशाखी नलाकार जलजन्तु ।

Hydrant-हाइ'-ड्रैन्ट्-*n.* a pipe with a nozzle for drawing water. पानी निकालने का बम्बा ।

Hydrate-हाइ'-ड्रेट्-*n.* a compound of water with another element. किसी पदार्थ का पानी में घोल ;-*v. t.* to combine with water. जल-युक्त करना; **Hydration** (-ड्रे'-शन्)-*n.* घोल की क्रिया ।

Hydraulic-हाइ-ड्रॉ-लिक्-*adj.* worked by the pressure of water. जलचाप या भार से चालित; **Hydraulician** (-इ-श्यन्) -*n.* one versed in hydraulics. जलचाप विद्या में प्रवीण; **Hydraulics** (-ड्रॉल्'-इक्स्)-*n.* the science of converting fluids into motion. जलगति शास्त्र ।

Hydric-हाइ'-ड्रिक्-*adj.* pertaining to or containing hydrogen. जलीय वायु या उदजन-सम्बन्धी, इस वायु से पूर्ण ।

Hydro-हाइ'-ड्रो-*pref.* for 'water' 'जल' अर्थ का उपसर्ग ।

Hydrocele-हाइ-ड्रो-सील्-*n.* a morbid collection of fluid in the testicle. अण्डकोष में पानी उतरने का रोग, अण्डवृद्धि ।

Hydrochloric (acid.) - हाइड्रो - क्लोर् - इक् (ऑसिड्)-*n.* नमक का तेज़ाब, लवणाम्ल ।

Hydroelectric-हाइ'-ड्रो -इलॅक्ट्रिक्-*adj.* electricity generated by a strong current of water. जल की धारा से उत्पन्न बिजली, जल-विद्युत् ।

Hydrogen-हाइड्रोजन्-*n.* the lightest colourless gas. सबसे हलका वायुरूप तत्त्व, उदजन; **Hydrogenate** (-एट्')-*v. t.* to combine with hydrogen. इस वायुरूप तत्त्व से मिश्रित करना ।

Hydromel-हाइ'-ड्रॉ-मेल्-*n.* a mixture of honey and water. जल और मधु का घोल ।

Hydrometer-हाइ-ड्रो-मिटर् -*n.* an instrument for measuring the density of liquids. तरल पदार्थों का घनत्व (भारीपन या हलकापन) नापने का यन्त्र ।

Hydropathic-see **Hydropathy.**

Hydropathy-हाइ-ड्रो-पॅथि-*n.* a treatment of diseases with cold water. जल-चिकित्सा, ठण्डे जल से रोग हटाने की विधि; **Hydropathic** (-इक्) -*adj.* pertaining to hydropathy. जल-चिकित्सा-सम्बन्धी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Hydrophobia-हाइ-ड्रो-फ़ो'-बि-आ-*n.* aversion to water, rabies, canine madness. जलत्रास, जलातङ्क, वह रोग जिसमें जल से डर लगता है, पागल कुत्ते के काटने पर होनेवाला रोग।

Hydroplane-हाइ'-ड्रो-प्लेन्-*n.* a kind of aeroplane which makes its start on water. एक प्रकार का हवाई जहाज़ जो जल पर दौड़कर हवा में उड़ता है।

Hydrostatic-हाइ'-ड्रॅ-स्टॉ-टि-कु-*adj.* pertaining to the equilibrium of liquids. तरल पदार्थों की समतलता-संबन्धी।

Hydrostatics-हाइ'-ड्रो-स्टॉ-टिक्स्-*n.* (*pl.*) the science of the pressure and equilibrium of liquids at rest. स्थिर तरल पदार्थों के दबाव तथा समतलता या संतुलन का विज्ञान।

Hydrotic-हाइ' - ड्रॉ - टि-कु- *adj.* producing phlegm. कफ उत्पन्न करनेवाला।

Hydrous-हाइ'-ड्रस् - *adj.* containing water. जलपूर्ण।

Hydrus-हाइ'-ड्रस्-*n.* a water-snake. जलसर्प।

Hyemal-हाइ' - इ - मल् - *adj.* pertaining to winter. शीत ऋतु-सम्बन्धी।

Hyeno (Hyaena)-हाइ'-ईना-*n.* a carnivorous quadruped. तरक्ष, लकड़बग्घा।

Hyena.

Hyeto- हाइ' - ऍ -टो-*pref.* in sense of 'rain.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'वर्षा' है।

Hyetography-हाइ-ऍ-टो-ग्रॉफ़ि -*n.* the science of rainfall in different regions. भिन्न प्रदेशों की वर्षा का परिमाण जानने की विद्या।

Hygeia-हाइ-जी'-आ-*n.* the goddess of health. स्वास्थ्य की देवी; **Hygeian** (-अन्)-*adj.* relating to health. आरोग्य या स्वास्थ्य-सम्बन्धी।

Hygiene-हाइ'-जीन्-*n.* the science of health, principles of health. आरोग्य शास्त्र, स्वास्थ्य-विद्या, स्वास्थ्य के सिद्धान्त।

Hygienic-हाइ'-जीनिक्, **Hygienical** (-इक्-अल्)-*adjs.* pertaining to hygiene. आरोग्य-विद्या-सम्बन्धी; **Hygienically** (-अलि)-*adv.* in a hygienic manner. आरोग्य शास्त्र की दृष्टि से।

Hygrometer-हाइ-ग्रो-मिटर्-*n.* an instrument for measuring moisture in air. वायु में जल की मात्रा नापने का यन्त्र।

Hymen-हाइ'-मेन्-*n.* the god of marriage, विवाह के देवता; **Hymeneal** (-इ-अल्) - *adj.* pertaining to marriage. वैवाहिक, विवाहसंबंधी।

Hymn-हिम्-*n.* a song of praise to God. स्तोत्र (स्तुतिगीत), भजन;-*v. t.* to praise in song. ईश्वर का भजन करना; **Hymnal** (-नल्) -*adj.* pertaining to hymns. स्तोत्र-सम्बन्धी; **Hymnist** (-निस्ट्)-*n.* a composer of hymns. भजन बनानेवाला; **Hymnodist** (-न-डिस्ट्) -*n.* a writer of hymns. स्तोत्र-लेखक; **Hymnody** (-नडि) -*n.* a singing of hymns. स्तोत्र-गायन; **Hymnographer** (-ग्रॉफ़-अर्)-*n.* a composer of hymns. भजनों का रचयिता; **Hymnology** (-न-लॅ-जि) -*n.* the study of hymns. स्तोत्र का अध्ययन।

Hyp-हिप्-same as **Hip.**

Hypaethral-हिपीथ्रल्-*adj.* roofless, without a roof, open. बिना छतका, आकाश की ओर खुला हुआ।

Hypallage-हिपॅलजि-*n.* reverting the natural relations in a proposition, a rhetoric figure. किसी कथन में प्राकृतिक सम्बन्ध को बिना अर्थ बदले हुए उलट देना, वाक्यालङ्कार विशेष।

Hyper-हाइ'-पर् -*pref.* in sense of "over, above, in excess." "अधिक" अर्थ का उपसर्ग।

Hyperbola-हाइ-पर्'-बॅ-ला-*n.* one of the conic sections. एक विशिष्ट प्रकार का चाप (रेखागणित में), अतिपरवलय; **Hyperbolic** (-इक्) - *adj.* pertaining to a hyperbola. अतिपरवलीय।

Hyperbole-हाइ-पर्'-बॅ-लि -*n.* an exaggerated statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति।

Hyperbolic- हाइ-पर्' - बॅलिक्, **Hyperbolical** (-इ-कल्)-*adjs.* of the nature of a hyperbole. अतिशयोक्ति से पूर्ण; **Hyperbolically** (-इ-कलि) -*adv.* with exaggeration. अत्युक्ति से।

Hyperbolize-हाइ-पर्'-बलाइज़् -*v. t.* to speak with exaggeration. अत्युक्ति या अतिशयोक्ति-पूर्वक वर्णन करना।

Hyperborean-हाइ'-पर्-बो-रिअ-न्-*n.* & *adj.* an inhabitant of the extreme north of the earth. पृथ्वी के उत्तरी छोर पर रहनेवाला मनुष्य।

Hypercritic-हाइ'-पर् -क्रिट' -इक् -*n.* an overcritical person. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी मनुष्य; **Hypercritical** (-अल्) - *adj.* overcritical. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी; **Hypercritically** (-अ-लि)*adv.* in a hypercritical manner. सूक्ष्म छिद्रान्वेषण द्वारा; **Hypercriticism** (-इस्-इज़्म्)- *n.* excessive criticism. अति छिद्रान्वेषण (नुक्ताचीनी); **Hypercriticize** (-साइज़्)-*v. t.* to overcriticize. अत्यधिक छिद्रान्वेषण करना।

Hypermetropia-हाइ'-पर्-मि-ट्रोप्'-इया-*n.* long-sightedness. दूर दृष्टि (केवल दूर का पदार्थ स्पष्ट देख पड़ना, समीप का अस्पष्ट देख पड़ना); **Hype-**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

rmetropic (-ट्रॅप्-इक्)-*adj.* very long-sighted. दूरदृष्टिवाला।

Hypertrophy-हाइ-पर्'-ट्रॉ-फ़ि-*n.* the excessive enlargement of an organ. किसी अंग की अधिक वृद्धि (बढ़ जाना)।

Hyphen-हाइ'-फ़ॅन्-*n.* the sign (-) used for joining words or syllables. चिह्न (-) जो शब्दों या शब्दखण्डों के बीच में प्रयुक्त होता है।

Hypnosis-हिप्-नो'-सिस्-*n.* an artificial sleep. कृत्रिम निद्रा।

Hypnotic-हिप्-नॉट्'-इक् - *adj.* pertaining to hypontism, one under the influence of hypnotism. कृत्रिम निद्रा-सम्बन्धी, मोहावस्था; **Hypnotism** (-इज़्म्)-*n.* an artificially induced sleep. मोहनिद्रा; **Hypnotist** (-इस्ट्) -*n.* one who induces artificial sleep. निद्रा-प्रेरक; **Hypnotize**- (आइज़्)-*v. t.* to induce artificial sleep. कृत्रिम निद्रा बुलाना।

Hypochondria-ह-इ-पॅ-कॉण्ड्रिआ -*n.* a kind of nervous malady. पित्तोन्माद; **Hypochondriac** (-अक्), **Hypochondrical** (-क्ल्) -*adj.* pertaining to hypochondria. पित्तोन्मादी।

Hypocrisy-हिपॉक्रिसि -*n.* (*pl.* **Hypocrisies.**) a false pretension, concealment of true character. छल, पाखण्ड, मिथ्या-चरित्र, दम्भ।

Hypocrite- हिपॉ - क्रिट्-*n.* a pretender. छली, कपटी, पाखण्डी; **Hypocritical** (-इ-कल्) -*adj.* concealing one's real motive. दम्भी, छली; **Hypocritically** (-इक-लि)-*adv.* in a hypocritical manner. छल से, कपट से, पाखण्ड रूप में।

Hypodermic-हाइ'-पॅ-डर्म-इक्-*adj.* sub-cutaneous, introduced beneath the skin. अन्तर्त्वचा का, त्वचा की भीतरी तह में डाला हुआ या प्रवेश किया हुआ।

Hypostrophe-हाइ-पॅस्ट्-फ़ि -*n.* a relapse of illness. रोग का दुबारा होना (पुनराक्रमण)।

Hypotenuse-हाइ-पॉ-टिन्यूस्-*n.* the side opposite to the right angle of a triangle. त्रिभुज में समकोण के सामने की रेखा, कर्ण।

Hypothecate-हाइपॉ-थिकेट्-*v. t.* to pledge, to mortgage. बन्धक रखना, रेहन करना।

Hypothecation-हाइ'-पॉथिकेशन् -*n.* the act of pledging. रेहन की क्रिया।

Hypothecator-हाइ-पॉ-थिकेटर् - *n.* one who pledges. रेहन रखनेवाला मनुष्य।

Hypothesis-हाइ(-हि)-पॉ-थिसिस्-*n.*(*pl.* **Hypotheses**-(ऍ-सीज़्) a supposition, that which is used as a basis of reasoning, assumption. अनुमान, प्रतिज्ञा, कल्पना।

Hypothetic- हाइ-पॉ - थिटिक्, **Hypothetical** (-अल्) -*adjs.* founded on hypothesis. कल्पित, माना हुआ; **Hypothetically** (-अ-लि)-*adv.* by way of hypothesis. कल्पित रूपसे, कल्पना द्वारा।

Hypothesize-हाइ-पॉ'-थि-साइज़्-*v. i.* to form assumptions. कल्पना करना।

Hysteria-हिस्टीरिआ -*n.* a nervous disorder characterized by anaesthesia, a convulsion &c. वातोन्माद, मूर्छा, बदहोशी।

Hysteric-हिस्टॅरिक्, **Hysterical** (-इक्-अल्) -*adjs.* pertaining to hysteria. मूर्छा-सम्बन्धी; **Hysterically** (-इक-लि) -*adv.* in a hysterical manner. मूर्छा के रूप में या ढंग से।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

I-आइ-the ninth letter of the English alphabet, it is sounded as short or long '*i*' or like the sound of the letter itself. In Roman numerals I represents 'one'; in Chemistry I represents iodine. अंग्रेज़ी वर्णमाला का नवाँ अक्षर, इसका उच्चारण 'इ' 'ई' तथा 'आइ' होता है; रोम की संख्या-माला में यह 'एक' का सूचक होता है; रसायनशास्त्र में यह 'आयडिन' के लिये प्रयुक्त होता है; *-adv.* ay, yea, yes, indeed. हाँ, अवश्य, यथार्थ में, सचमुच; *-prep.* a form of 'in'. 'में' 'अन्दर' के अर्थ में प्रयुक्त; -आइ-*pron.* first person *sing.* मैं।

Iambic-आइ-ऑम्'-बिक् *-adj.* pertaining to iambus, a metrical foot in a verse. पद्य में एक लघु तथा एक गुरु अक्षरवाले पद से संबन्धित।

Ibex-आइ'-बेक्स् *-n.* the wild goat of Alps. आल्पस् पर्वत का जंगली बकरा।

Ibid-आइबिड्-*adv. abbr.* of ibidem-आइ-बिड्-ऍम्-in the same place. उसी स्थान पर, उसी स्थान में।

Ibex

Ibis-आइ'-बिस् *-n.* a bird like stork. सारस के प्रकार का एक पक्षी।

Ice-आइस् *-n.* frozen water. जमा हुआ पानी, बरफ; *-v. t.* to cover with ice, to chill. बरफ़ से ढाँकना, ठण्डा करना; **Ice-berg** (a mass of floating ice.) बहता हुआ हिमखंड; **Ice-cream** (flavoured congealed cream.) मलाई बरफ़; **Iceman** (a walker on ice, a dealer in ice, an attendant of skaters.) बरफ़ पर चलनेवाला मनुष्य, बरफ का व्यापारी, स्केटिङ्ग करनेवालों का नौकर; **To break the ice** (to make the first attempt.) नया काम आरम्भ करना।

Ichneumon-इक्-न्यू'-मन् *-n.* a small quadruped allied to mongoose. एक प्रकार का नेवला।

Ichor-आइ'-कॉर् *-n.* a watery humour. मवाद, रस; **Ichorous** (-अस्)-*adj.* thin, serous. पतला, द्रवयुक्त।

Ichthyoid-इक्थि-ऑइड् *-adj.* having the form of a fish. मछली के आकार का।

Icicle-आइ-सि-कल्-*n.* a tapering mass of ice. बरफ़ की लटकती हुई नुकीली चट्टान।

Icon-आइ'-कॉन् *-n.* an image, a statue. मूर्ति, प्रतिमा।

Iconic-आइ-कॉन्'-इक् *-adj.* pertaining to an image. मूर्ति-सम्बन्धी।

Iconoclast-आइ-कॉनो'-क्लास्ट् *-n.* a breaker of images. मूर्ति तोड़नेवाला।

Icosahedron-आइ'-कॉस-ही'-ड्रन् *-n.* a solid of twenty faces. बीस पहल की ठोस आकृति।

Icy-आइस्'-इ-*adj.* abounding or covered with ice, very cold. बरफ़ से पूर्ण या ढँका हुआ, बहुत ठण्डा।

Ide-आइड्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Idea-आइ-डी'-आ-*n.* a conception, plan, a notion, fancy, a vague thought, impression, opinion. आश्रय, अभिप्राय, भावना, कल्पना, प्रभाव, विचार।

Ideal-आइ-डी'-अल् *-adj.* mental, visionary, phenomenal. मानसिक, मनः कल्पित, भावनात्मक; *-n.* a perfect type. आदर्श, ध्येय; **Idealism** (-इज़्म्) *-n.* theory of ideals denying the existence of matter. माया या कल्पनावाद।

Idealistic-आइ-डी-अलिस्टिक्-*adj.* pertaining to idealists or to idealism. मायावाद सम्बन्धी।

Ideality-आइ-डी-ऑ'-लिटि-*n.* an ideal state or quality. आदर्श चरित्र की स्थिति या उसका गुण।

Idealize-आइ-डी-अल्'-आइज़्-*v.t.* to give ideal character to. आदर्श बनना।

Ideally-आइ-डी-अ-लि-*adv.* in an ideal manner. आदर्श रूप में या ढंग से।

Ideate-आइ-डी'-एट-*v. t.* to form a conception or idea. कल्पना करना।

Ideation-आइ-डी-ए'-शन् *-n.* the power of forming ideas. कल्पना-शक्ति, विचार-शक्ति।

Idem-आइ'-डेम् (*abbr.* id.) in the same. उसीमें।

Identical-आइ-डेन्'-टिकल् *-adj.* the very same; not different. अभिन्न, अनुरूप, समान (तत्सम); **Identically**(-लि)-*adv.* in the same manner. समान रूप में; **Identicalness**(-नेस्)-*n.* the state of being identical. समानता, अनुरूपता, एकरूपता।

Identifiable-आइ-डेन्-टि-फ़ाइ'-ऍ-बल्-*adj.* that may be identified. पहिचानने योग्य।

Identification-आइ-डेन्टि-फ़िकेशन् *-n.* the act of making identical. समीकरण, एकरूपता।

Identify-आइ-डेन्टि-फाइ-*v. t.* (*p. t.* Identified.) to treat a thing as identical with, to prove to the same, to recognize. समीकरण करना, तुल्य सिद्ध करना, पहिचानना।

Identity-आइ-डेन्'-टि-टि- (*pl.* Identities.) sameness, individuality, equality. ऐक्य, एकरूपता, समानता; **Identity of thoughts** (sameness of thoughts.) एकचित्तता।

Ideograph-इड्'-इ (-आइडि-) - ओ-ग्राफ्-*n.* a

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

symbol for an idea. किसी आशय या कल्पना के लिये विशिष्ट संकेत।

Idiocy-इड्-इ-अ -सि -*n.* perfect imbecility, madness. पूर्ण अज्ञानता, पागलपन।

Idiom-इड्-इ-अम् -*n.* a specific form of expression of a language.भाषागतविशेषत्व,मुहावरा।

Idiomatic-इड्'-इ-ओ - मॅटि' इक् -*adj.* of a peculiar mode of expression in a language. भाषागत विशेषोक्ति का, मुहावरेदार; **Idiomatically**(-अ लि) -*adv.* in an idiomatic manner. वाग्विशेषोक्तिक के रूप में।

Idiosyncrasy-इडि-ओ-सिङ्क्र- सि -*n.*(*pl.* **Idiosyncrasies.**) peculiarity of mental constitution. मानसिक गठन या प्रवृत्ति की विशेषावस्था।

Idiosyncratic-इड्'-इ-ओ-सिङ्-क्रॅटि' - इक् - *adj.* of temper peculiar to an individual. विशेष जाति, स्वभाव या प्रकृति का।

Idiot-इ-डि-अ-ट् -*n.* one who is deficient or weak in intellect, a perfect fool. पूर्ण मूर्ख व्यक्ति, निर्बुद्धि (पागल)।

Idiotic- इड्-इ-ऑटिक् -*adj.* foolish. मूर्ख; **Idiotically**(-इक-लि) -*adv.* in an idiotic manner. मूर्खता या पागलपन से।

Idle-आइ'- इल् - *adj.* lazy, indolent, useless, worthless, trifling. आलसी, निरुद्योगी; निरर्थक, व्यर्थ, निकम्मा, तुच्छ; -*v. i & t.* to spend time in inaction. आलस्य में समय गँवाना; **Idle talk** (useless gossip.) व्यर्थ की बकवाद।

Idleness-आइ-इल्-नेस् - *n.* absence of work, inaction. आलस्य, बेकारी,कार्य-हीनता।

Idler-आइ'-इलर् - *n.* one who spends his time in idleness. निर्व्यापार, बेकार समय बितानेवाला।

Idly- आइड्' - लि -*adv.* in an idle manner. आलस्य से।

Idol-आइ'- इल् -*n.* an image of a deity used for worship, the object of devotion or worship. प्रतिमा (मूर्ति), आराध्य वस्तु।

Idolater-आइ-डॅ-लेटर् -*n.*a worshipper of idols. मूर्तिपूजक।

Idolatress-आइ-डॅ-लेट्रस् -*n. fem.* a female idolater. मूर्ति-पूजा करनेवाली, मूर्त्ति-पुजारिन।

Idolatrous- आइ-डॅ'-लेट्रस् -*adj.* of the nature of idolatry. मूर्ति-पूजन के समान।

Idolatry-आइ'-डॅ-लेट्रि -*n.* the worship of idols. मूर्ति-पूजा।

Idolize-आइ-ड-लाइज़् -*v. t.* to make an idol of, to adore. मूर्ति बनाना, पूजा करना।

Idolum- आइ-डो'- लम् -*n.* (*pl.* **Idola**-ला) a mental image, an idea or conception. मानसिक अनुमान, कल्पना।

Idyl, Idyll-आइ'-डिल्-*ns.* a short description of rustic life in prose or verse. गद्य या पद्य में ग्रामीण जीवन का संक्षिप्त वर्णन।

If-इफ् *conj.* on condition that, whether, supposing that. मानो; **If not** (otherwise.) नहीं तो;**If so** (in case that.) यदि ऐसा है तो।

Igloo-इग्'-लू-*n.* an Eskimo hut. टुण्ड्रा-वासी एस्किमो की झोपड़ी।

Igneous-इग्'-नि-अस् - *adj.* pertaining to or containing fire. अग्नि सम्बन्धी या अग्निमय।

Ignis Fatuus-इग्'-निस् - फॅट्-यु- अस् -*n.* (*pl.* **Ignes fatui.**) will-o'-the wisp, a delusive hope, a light often seen over marshes which misleads travellers. मिथ्या प्रकाश, लूक, मायापूर्ण आशा, पिशाचदीपिका।

Ignitable-इग्-नाइटे-बल् -*adj.* see **Ignite.**

Ignite-इग्-नाइट्' -*v. t.&i.* to make extremely hot, to set fire to, to take fire. बहुत गरम करना, आग लगाना, सुलगना; **Ignitable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be ignited. सुलगाने योग्य।

Ignition- इग्-नि-शन्-*n.* the act of igniting. ज्वलन, सुलगाने का कार्य।

Ignoble-इग्-नो'-बल्-*adj.* of low birth, base, worthless, dishonourable. अकुलीन, नीच, अधम, अप्रतिष्ठित; **Ignobleness** (-नेस्) -*n* the quality of being ignoble, baseness. नीचता; **Ignobly**(- ब्लि)-*adv.* in an ignoble manner, नीचता से।

Ignominious-इग्-नो-मिन्'-इ-अस् -*adj.* despicable. निन्द्य, कलङ्की; **Ignominiously** (-लि) -*adv.* meanly. कलङ्कपूर्वक।

Ignominy-इग्'-नॅ - मिन् -इ -*n.* dishonour, public disgrace, infamy. अपमान, कलङ्क, तिरस्कार।

Ignoramus- इग्-नो-रे'- मस् -*n.* an ignorant person. मूर्ख पुरुष।

Ignorance- इग्-नॅर-न्स्-*n.* want of knowledge. अज्ञानता, अविद्या, मोह।

Ignorant-इग्-नॅर-न्ट् -*adj.* without knowledge. अज्ञानी, निर्बुद्धि; **Ignorantly** (-लि) -*adv.* unskilfully. अज्ञान (अबोध) पूर्वक।

Ignore-इग्-नोर्' -*v. t.* to set aside, to reject, to discard. हटा रखना, प्रत्याख्यान करना, स्वीकार न करना, न मानना, तुच्छ जानना।

Iguana- इग्-वा'-ना-*n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली।

Iliac-इल्-इ-अक्-*adj.* pertaining to the lower intestines. आँतों के नीचे के भाग से सम्बन्धित।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Iliad-इल्'-इ-अड्-*n.* an epic poem written by Homer. होमर कवि का इस नाम का महाकाव्य ।

Ilium-इल्'-इ-अम्-*n.* hip bone. कूल्हे की हड्डी ।

Ilk-इल्क्-*adj.* of the same. उसी का ;-*n.* the same. वही, एक ।

Ill-इल्-*adj.* (*comp.* **Worse**, *sup.* **Worst.**) diseased, sick, unsound, bad. अस्वस्थ, रोगी, कुत्सित, बुरा;-*n.* wickedness, misfortune, disease. दुष्टता, दुर्भाग्य, रोग; **Ill at ease** (perplexed.) घबड़ाया हुआ; **Ill-blood** (enmity.) शत्रुता; **Ill-bred** (uncivil.) अशिष्ट, असभ्य; **Ill-fame**-*n.* (disrepute.) अयश ; **Ill-fated** (-फ़ेट्'-ऍड्) - *adj.* unfortunate. अभागा; **Ill-favoured** -*adj.* **ugly.** कुरूप; **Ill-got**-*adj.* not honestly gained. छल या बेईमानी से प्राप्त; **Ill-natured**-*adj.* peevish. बुरी प्रकृतिवाला; **Ill-off** (in bad condition.) बुरी अवस्था में ;**Ill-starred** (unfortunate.) अभागा; **Ill-temper** (anger.) रोष, क्रोध; **Ill-turn**-*n.* unkind act. दयाहीन कार्य; **Ill-will** (enmity.) ईर्ष्या, डाह; **To do an ill** (to do mischief.) बुराई करना; **To speak ill** (to defame.) बदनाम करना; **To take ill** (to be offended.) बुरा मानना ।

Illation-इल्-लें'-शन्-*n.* conclusion, deduction, inference. परिणाम, अनुमान ।

Illative-इल्-लें-टिव्-*adj.* that may be inferred. अनुमान करने योग्य ।

Illaudable-इल्-लॉ'-डें-बल्-*adj.* blame-worthy; निन्द्य, गर्हणीय; **Ill-audably** (-लि)-*adv.* in a blaming manner. निन्दा करते हुए ।

Illegal-इल्-ली'-गल्-*adj.* contrary to law. नियम (न्याय) विरुद्ध, अवैध, गैरकानूनी ।

Illegality-इल् - लीगॅलिटि - *n.* unlawfulness. अन्याय, अव्यवस्था ।

Illegally-इल् - लीग - लि - *adv.* unlawfully. अन्याय से, अवैध (गैरकानूनी) ढंग से ।

Illegibility-इल्-लेंज्'-इब्'-इल्' - इटि - *n.* see **Illegible.**

Illegible-इल्-लेंज्'-इ-बल्-*adj.* indistinct, not legible, that cannot be read.अस्पष्ट, गिचपिच, न पढ़े जाने योग्य; **Illegibility** (-इट्-इ) -*n.* illegibleness. अस्पष्टता; **Illegibly** (-लि) -*adv.* in an illegible manner. अस्पष्टता से ।

Illegitimacy-इल्-लें - जिट्' - इम् - ऑस्-सि-*n.* the state of being a bastard. हरामीपन, दोगलापन ।

Illegitimate-इल्-लें-जिट्' - इम्- ऍट् - *adj.* not genuine, unlawful, improper, bastard, abnormal, wrongly inferred. खोटा, अवैध, अनुचित, दोगला, विलक्षण, मिथ्या अनुमान का; -*v. t.* to render illegitimate. दोगला बनाना; **Illegitimately** (-लि)-*adv.* unauthorizingly. नीतिविरुद्धता से ।

Illiberal-इल्-लि-बर-ल्-*adj.* vulgar, narrow-minded, stingy. फूहर, अनुदार, कंजूस, सूमड़ा; **Illiberality** (-अल्-इट्-इ) -*n.* narrowness of mind. कृपणता, अनुदारता; **Illiberally** (-लि) -*adv.* ungenerously. कंजूसी से, अनुदारता से ।

Illicit-इल्-लि-सिट्-*adj.* unlawful, forbidden. नियम या व्यवहार विरुद्ध, अवैध; **Illicitly** (-लि) -*adv.* in an illicit manner, unlawfully. नियम-विरोध से, अवैध रूप में या ढंग से ।

Illimitable-इल्-लिम्'इटें - बल् - *adj.* infinite, boundless. अनन्त, असीम ; **Illimitableness** (-नेंस्)-*n.* boundlessness. अनन्तता; **Illimitability** (-वि-लिटि)-*n.* infiniteness. असीमता; **Illimitably** (-ऍब्-लि)-*adv.* in an infinite manner. असीमता से ।

Illision-इल्- लिज़न् - *n.* a dashing against. टक्कर, धक्का ।

Illiteracy-इल्-लि-ट-रॉ-सि-*n.* ignorance. निरक्षरता, मूढ़ता ।

Illiterate-इल्-लिटरेंट्'-*adj.* & *n.* not learned, one unable to read and write. अशिक्षित,अपढ़; **Illiterateness** (-नेंस्)-*n.* want of learning. विद्याहीनता, निरक्षरता, अनपढ़ होने की अवस्था ।

Illness-इल्'-नेंस्-*n.* sickness, a disease. रोग, बीमारी

Illogical-इल्-लॉज्'-इ-कल्-*adj.* contrary to the principles of logic. न्यायविरुद्ध, अतार्किक; **Illogicality** (-इ-टि)-*n.* the state of being illogical. न्यायविरुद्धता, तर्कहीनता; **Illogically** (-लि)-*adv.* in an illogical manner. तर्कहीन ढंग से ।

Illude-इल्-ल्यूड्'-*v. t.* to deceive, to play artifice upon. धोखा देना, ठगना, चालबाज़ी करना ।

Illume-इल्-ल्यूम्' - *v. t.* to make bright. चमकाना, चमकीला करना ।

Illuminant-इल्-ल्यू'-मिन् -अन्ट्, **Illuminator** (-ए'-टर्)-*ns.* & *adjs.* that which brightens. प्रकाशक, दीपक ।

Illuminate-इल्-ल्यूम्'-इन्-ऍट्-*v.t.*to enlighten, to light up, to embellish. प्रकाश-युक्त करना, सुसज्जित करना, उजागर करना ।

Illumination-इल्-ल्य-मिन्-ए'-शन् -*n.* brightness, splendour. चमक, द्युति (जगमगाहट), सजावट ।

Illuminative-इल्-ल्यू'-मि-नेंटि-व्-*adj* tending to brighten. प्रकाश करनेवाला ।

Illumine-इल्-ल्यूम्'-इन्-*v. t.* to enlighten, to

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

brighten, to light up. प्रकाशित करना, प्रज्वलित करना।

Illusion-इल्-ल्यू'-ज़न्-*n.* a false show, deception, conjuring trick. माया, छल, इन्द्रजाल; **Illusionism** (-इज़्म्) -*n.* principles of illusion, conjuring. माया का सिद्धान्त, इन्द्रजाल; **Illusionist** (-इस्ट्)-*n.* one given to illusion. मायाजाल में विश्वास करनेवाला।

Illusive-इल्-ल्यू'-सिव्-*adj.* deceiving by false show, fallacious. धोखा देनेवाला, मायावी, छली; **Illusively** (-लि) - *adv.* in an illusive way, deceitfully. छल से, माया से; **Illusiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being illusive. कपट, माया।

Illusory-इल्-ल्यू'-सरि-*adj.* illusive, fallacious. मायावी, छली।

Illustrate-इल्-लस्-ट्रेट्-*v.t.* to explain, to make clear by examples, to elucidate by drawings or pictures, to ornament. व्याख्या करना (समझाना), दृष्टान्त देकर स्पष्ट करना, चित्र इत्यादि से परिस्पष्ट करना, अलंकृत करना; **Illustrated** (-ऍड्)-*adj.* pictured. चित्र सहित।

Illustration-इल्-लस्-ट्रे-शन्-*n.* explanation, a picture designed to explain. व्याख्या, उदाहरण, दृष्टान्तचित्र।

Illustrative-इल्-लस्-ट्रे टिव्-*adj.* exemplifying. दृष्टान्त देनेवाला, दृष्टान्तयुक्त; **Illustratively** (-लि)-*adv.* in an illustrative manner. व्याख्या करते हुए।

Illustrator-इल्-लस्-ट्रेटर्-*n.* one who illustrates. निर्देशक, व्याख्याता।

Illustrious-इ-लस्'-ट्रिअस्-*adj.* renowned, eminent, famous. प्रख्यात, प्रसिद्ध; **Illustriously** (-लि) - *adv.* in an illustrious manner. प्रसिद्धि से; **Illustriousness** (-नेस्) -*n.* greatness. प्रसिद्धि, महत्त्व।

I'm-आइ'-म्-contracted form of 'I am' "I am" का छोटा रूप; मैं हूँ।

Image-इ-मेज्-*n.* an imitation, likeness, form, semblance, metaphor, idea. प्रतिमा (मूर्ति), प्रतिबिम्ब, आकार, छाया, सादृश्य, रूपक, कल्पना; -*v. t.* to portray, to reflect, to represent to mental vision. चित्रित करना, प्रतिबिम्बित करना, मन में धारण करना।

Imageable-इ - मेजे - बल्-*adj.* that may be imaged. चित्त में धारण करने योग्य।

Imagery-इ-मेजरि-*n.* an appearance, form of fancy, mental picture. आकृति, मन की कल्पना या भावना।

Imaginable-इ-मीजिनें-बल्-*adj.* that may be imagined. विचार करने योग्य, चिन्तनीय।

Imaginary-इ-मीजिनरि-*adj.* existing in fancy or imagination only. काल्पनिक, अमूलक।

Imagination-इ-मीजिनेशन्-*n.*an idea, an image in mind. भावना, मन की कल्पना।

Imaginative-इ-मीजिनेटिव्-*adj.* full of fancies. कल्पनापूर्ण, कल्पनाशील; **Imaginativeness**-*n.* quality of being imaginative. कल्पनाशक्ति।

Imagine-इम्-मीज्-इन्-*v. t. & i.* to conceive, to form a mental image of. विचार करना, चिन्तन करना।

Imago-इमेगो - *n.* the perfect state of insect life. कृमि की प्रौढ़ अवस्था।

Imbecile-इम्'-बि-सिल् (-साइल्)-*adj.* weak in mind, stupid, physically weak. अल्पमति, मूर्ख, दुर्बल, अशक्त।

Imbecility-इम्बिसिलिटि-*n.* feebleness of mind or body. शरीर या मन की दुर्बलता।

Imbibe-इम्-बाइब्'-*v. t.* to drink in, to assmilate, to absorb. पी लेना, मन में धारण करना, सोखना।

Imbibition-इम्बिबिशन्-*n.* the act of imbibing. चित्तग्रहण।

Imbricate-इ-म्ब्रिकेट्'-*v. t.* to arrange in heaps. क्रम से ढेर लगाना; **Imbrication** (-ब्रि-केट्'-शन्) -*n.* a heap. ढेर; **Imbricative** (-इव्) -*adj.* pertaining to imbrication. ढेर लगाने का।

Imbroglio-इम्ब्रो'-ल्यो-*n.* (*pl.* **Imbroglios.**) a confused heap or mass. बिना क्रम का ढेर।

Imbrue-इम्-ब्रू'-*v. t.* to stain, to wet. धब्बा लगाना, गीला करना; **To Imbrue with blood** (to drench with blood.) लोहू से तर करना।

Imbue-इम्-ब्यू'-*v. t.* to dye, to permeate. रँगना, तर करना (प्रभाव डालना)।

Imitable-इ-मिटें-बल्-*adj.* able to be imitated. अनुकरण करने योग्य।

Imitate-इमिटेट्-*v. t.* to follow the examples of, to copy, to mimic. अनुकरण करना, नकल करना, भड़ैती करना।

Imitation-इमिटेशन्-*n.* resemblance. अनुकरण।

Imitative-इमिटेटिव्-*adj.* tending to imitate. अनुकरणशील; **Imitatively** (-लि) *adv.* in an imitative way. अनुकरण करते हुए; **Imitativeness** (-नेस्)-*n.* the quality of being imitative. अनुकरणशीलता।

Immaculate-इम्-मीक्'-यु-लेट्-*adj.* pure faultless, unstained,spotless. निर्मल,शुद्ध, निष्कलङ्क, निर्दोष, बेदाग; **Immaculateness** (-नेस्)-*n.*

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

innocence, purity. निर्दोषता, शुद्धता ।

Immanence- इम्'- ऑन् - ऍन्स् -*n.* inherence. अन्तर्वर्ती अवस्था ।

Immanent- इम्'- ऑन्- ऍन्ट्- *adj.* indwelling, inherent. अन्तरस्थ, भीतरी ।

Immaterial-इम्-मॉ-टीरिअल्-*adj.*not corporeal, spiritual,unimportant. अमूर्तिमान्, आध्यात्मिक, अनावश्यक, निष्प्रयोजन ; **Immaterialism** (-इ-ज़्म्)-*n.* idealism, spiritualism. निराकारवाद ; **Immaterialist** (-इस्ट्) -*n.* one who professes spiritualism. निराकारवादी; **Immateriality** (-इट्-इ) - *n.* immaterialness. अशरीरता; **Immaterially** (-लि)-*adv.* in a spiritual manner. आध्यात्मिक रूप से ।

Immature- इम्-मॉ - ट्यूर्' (च्योर्') - *adj.* not mature or ripe, not perfect, premature. अपरिपक्व, कच्चा, अधूरा, समय से पहले का ।

Immaturity- इम्-मॉ - ट्यूर् (च्योर्')-इट्'-इ -*n.* unripeness, the state of being immature. अप्रौढ़ता, अपरिपक्व अवस्था ।

Immeasurable-इम्-मे-ज़रे-बूल्-*adj.* that cannot be measured, immense. अपरिमित (अथाह), बहुत बड़ा; **Immeasurableness** (- नेस्) -*n.* immensity. अपरिमितता, अथाहपन ।

Immediate-इम्-मीड्'-इ-यट्-*adj.* not separated by an intermediary, direct, proximate, nearest. अति सन्निहित,अनन्तरित,अति समीप का ।

Immediately-इम्-मी-डि-यट्'-लि-*adv.*instantly, proximately. तत्काल, तुरन्त, तत्क्षण, उसी दम; **Immediate neighbour**(the nearest neighbour.) सटा हुआ या बगल का पड़ोसी ।

Immediateness- इम्-मी-डि- यट्'-नेस्-*n.* nearness. समीपता ।

Immedicable-इम्-मे-डिके-बूल्-*adj.* unable to be healed.अचिकित्स्य,चिकित्सा न करने योग्य ।

Immemorable-इम्-मे-मॅ-रे-बूल्-*adj.* not worth remembering.स्मरण न रखने योग्य, विस्मरणीय ।

Immemorial - इम्-मे- मोरिअ-ल् -*adj.* beyond memory, very old.स्मरणसे बाहर,अति प्राचीन ।

Immense - इम्- मेन्स्' -*adj.* very great, very huge. अमित, बहुत बड़ा; **Immensely** (-लि) -*adv.* in an immense degree. अतिमात्र, बेहद ।

Immensity-इ - मे न्सिटि -*n.* the extent that cannot be measured. अनन्तता, महत्त्व ।

Immerge-इ-मर्ज़्'-*v. t.* to plunge into a fluid. तरल पदार्थ में डुबाना ।

Immerse-इ-मर्स्' -*v. t.* to plunge into liquid, to dip, to absorb. डुबाना, गोता देना, सोखना; **Immersed** (-इ) - *adj.* engrossed. मग्न (व्यापृत), लीन ।

Immersion- इ-मर्श-न् -*n.* the act of immersing. गोता, तत्परता ।

Immethodical-इम्-मे-थॉ-डिक-ल्-*adj.* without method, irregular. क्रमविरुद्ध, अव्यवस्थित ; **Immethodically**(- लि) -*adv.* in an irregular manner. अव्यवस्था से ।

Immigrant-इ-मि-ग्रॅन्ट् - *n.* one who immigrates. देशान्तर में बसनेवाला ।

Immigrate- इ- मि-ग्रेट् - *v. t. & i.* to go (or send) to another country as settler. देशान्तर में बसना या बसाना ।

Immigration- इ - मि- ग्रे - शन् -*n.* the act of immigrating. देशान्तरवास ।

Imminence- इ-मि- नेन्स्-*n.* proximity, nearness. समीपता ।

Imminent-इ- मि-नेन्ट् -*adj.* soon to happen impending, threatening. उपस्थित-प्राय, आसन्न, निकट, भयावह; **Imminently** (-लि) -*adv.* in an imminent manner. आसन्न, भयानक रूप या स्थिति में या ढंग से ।

Immiscibility-इम्-मि-सिबिलिटि -*n.* incapacity for being mixed. अघुलनशीलता ।

Immiscible-इम्-मि-सि-बूल् -*adj.* which cannot be mixed. अघुलनशील, न मिलने योग्य ।

Immitigable - इमिटिगेबूल् - *adj.* not to be mitigated. कम न होने योग्य ।

Immixture-इम्-मिक्स्'-चर् -*n.* unmixed state, purity. अनमिल दशा, शुद्धता ।

Immobile- इम् - मो' - बाइल् (बिल्) -*adj.* immovable, motionless. स्थिर, अचल, निश्चल ।

Immobility - इम्- मो- बिलिटि -*n.* fixedness. निश्चलता ।

Immobilization-इम्' -मो-बिलाइज़ेशन् -*n* the incapability of mobilization. स्थायीकरण ।

Immobilize-इम्'-मो-बिल-आइज़्' -*v. t.* to fix immovably, to make immovable. अचल करना या बनाना ।

Immoderate- इ-मॉडरेट्-*adj.* excessive, exorbitant, extravagant. अत्यन्त, अपरिमित, अमितव्ययी; **Immoderately** (-लि) -*adv.* to an excessive degree. बेहद, अधिकता से ।

Immodest-इ-मॉडेस्ट्-*adj.* indecent, shameless, unchaste, obscene. अशिष्ट, निर्लज्ज, असभ्य, अशुद्ध, अश्लील ; **Immodestly** (-लि) -*adv.* without modesty. निर्लज्जता से, अश्लीलता से ।

Immodesty-इ-मॉडे-स्टि-*n.* want of modesty अविनय, निर्लज्जता, धृष्टता ।

Immolate-इमो-लेट् -*v. t.* to kill for sacrifice. यज्ञ के लिये मारना, बलिदान करना ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Immolation- इ- मो- लें'-शन् -*n.* a sacrifice. बलिदान ।

Immolator-इ-मो-लें'टर्-*n.* one who immolates. बलिदान देनेवाला ।

Immoral-इम्-मॉरल्-*adj.* morally evil, wicked, unjust, dissolute, licentious, दुश्चरित्र, दुष्ट दुराचारी, अनैतिक, अन्यायी, पापी, व्यभिचारी; **Immorality** (-इटि) -*n.* an immoral action. अधर्म, व्यभिचार ; **Immorally** (-लि) -*adv.* violating the rules of morality. अधर्म (पाप) से, अनैतिकता से ।

Immortal-इ- मॉर्ट्ल्-*n.* & *adj.* incorruptible, deathless, divine, constant, eternal, imperishable. अविध्वंसी, अमर, अजर, नित्य, अविनाशी; -(*pl.*) the gods. देवता लोग; **Immortality** (-र्टलिटि) -*n.* exemption from death. अमरत्व; **Immortalize** (-आइज़्)-*v. t.* to perpetuate. अमर करना ; **Immortally** (-लि) -*adv.* with endless existence. अनश्वरता या नित्यता से ।

Immovability -इ -मूव्-विलिटि -*n.* fixedness. स्थिरता, अचलता ।

Immovable-इ-मूव्-बल् -*n.* & *adj.* incapable of being moved, motionless, steadfast, firmly fixed. अचल, स्थिर, दृढ़, अटल; -(*pl.*) things which cannot be legally taken away in leaving a house. अचल सम्पत्ति ; **Immovably**(-ब्लि)-*adv.* in a fixed manner. स्थिरता से।

Immune-इ-म्यून्'-*adj.* secure against attack. आक्रमण से मुक्त ।

Immunity-इ-म्यूनिटि -*n.* freedom, privilege, मुक्ति, छुटकारा ।

Immunize-इ-म्यून्'-आइज़्-*v. t.* to render free. मुक्त करना, छुटकारा देना ।

Immure-इ-म्यूर्'-*v. t.* to confine, to imprison, to shut up oneself. बन्द करना, कारावद्ध (क़ैद) करना, अपने को बन्धन में डालना; **Immurement** (-मेन्ट्)-*n.* confinement. बन्धन ।

Immutability-इ-म्यूटे -विलिटि-*n.* immutableness. नित्यता, स्थिरता ।

Immutable-इ-म्यूटे-बल्-*adj.* unchangeable,not variable.अपरिवर्तनीय,अचल, स्थिर; **Immutably** (-अब्-लि)-*adv.* unchangeably. स्थिरता से ।

Imp-इम्प् - *n.* a little devil, a mischievous child. छोटा प्रेत या पिशाच, दुष्ट बालक; *v. t.* to extend, to strengthen. फैलाना; पुष्ट करना ।

Impacable- इम्- पॉकें - बल् -*adj.* not to be quieted. शान्त न करने योग्य ।

Impact-इम्'-पॉकट्-*n.*a collision. समघात,टक्कर; -*v.t.* to press firmly together. कसकर दबाना ।

Impaction-इम्पॉक्शन्-*n.* collision. टक्कर ।

Impair-इम्- पेअर्'-*v. t.* to damage, to injure, to enfeeble, to diminish. क्षति या चोट या क्षीण करना, कम करना; **Impaired** (-इ) -*adj.* damaged, weakened. विनष्ट, कम किया हुआ ।

Impairing-इम्-पेअर्'-इङ्ग्-*n.* damage. क्षति ।

Impairment- इम्- पेअर्'-मेन्ट् -*n.* action of impairing. क्षति या दुर्बलीकरण, कमी, घाटा ।

Impale-इम्- पेल्' -*v. t.* to put to death by spitting on stakes, to enclose with railings. सूली पर चढ़ाना, टट्टी से घेरना; **Impalement** (-मेन्ट्) -*n.* death on a stake. इस प्रकार की हत्या ।

Impalpability-इम्-पॉल्'-पे-बि-लिटि-*n.*the quality of being impalpable. स्पर्श-ज्ञान-शून्यता ।

Impalpable-इम्-पॉल्'-पे-बल्-*adj.*not perceptible to the touch, intangible, not easily understood. स्पर्श द्वारा अननुभवनीय, अग्राह्य, न समझने योग्य ; **Impalpably** (-लि) -*adv.* in an impalpable manner. अग्राह्यता से, स्पर्श-ज्ञान-शून्यता से ।

Impanel-इम्-पॉन्-ऍल्- *v. t.* to enter or enroll as an inspector or jury. निरीक्षक या पंच की सूची में दर्ज करना ।

Imparadise, Emparadise-इम् (ऍम्)-पार्- ऑडाइज़् -*v. t.* to bring into a state of extreme happiness.अपूर्व आनन्द की अवस्था को पहुँचाना ।

Imparity-इम्-पॉ-रिटि-*n.* inequality, disproportion. असमानता, विषमता ।

Impark-इम्- पार्क्' -*v. t.* to enclose in a park. (पशु इत्यादि को) बगीचे में बन्द करना ।

Impart-इम्-पार्ट्'-*v.t.* to give share of, to disclose, to bestow, to communicate news &c. भाग देना, प्रकट या प्रदान करना, समाचार देना ।

Impartial-इम्पार्श-ल्-*adj.* unprejudiced, fair, disinterested. अपक्षपाती, न्यायी (समदर्शी), बिना भेदभाव का ।

Impartiality-इम्-पार्श्'-य-लिटि-*n.*disinterestedness, equitableness. अपक्षपात (उदासीनता); **Impartially** (-लि)-*adv.* equitably, in an impartial manner. बिना पक्षपात के ।

Impartible- इम्-पार्टि- बल् -*adj.* not divisible. भाग न करने (न बाँटने) योग्य ।

Impassable- इम्पार्से- बल् -*adj.* that cannot be traversed,impenetrable. अगम्य, दुस्तर (गहन); **Impassableness** (-नेस्) -*n.* the state of being impassable. अगम्यता ।

Impasse-इम्पॉस्, (ऑन्-पास्) (*Fr.*) -*n.* a blind alley, a difficult situation. बन्द गली, कठिन स्थिति या अवस्था ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Impassible-इम्पासि-बूल्-*adj.* incapable of suffering injury. दुःख न सहने योग्य; **Impassibleness** (-नेस्)-*n.* impassibility. असहनशीलता।

Impassion-इम् - पॅशन् - *v. t.* to excite the passions strongly. मन के भावों को उत्तेजित करना, जोश दिलाना।

Impassive-इम्-पॅसि'-इव्-*adj.* without feeling, insensible of suffering. भावना-शून्य, दुःख के अनुभव से अचेत।

Impaste-इम्-पेस्ट्'-*v. t.* to make into a paste, to paint with thick colours. लेई बनाना, मोटा रंग पोतना।

Impatience-इम्-पे'-शेन्स्-*n.* want or lack of patience. अधीरता, बेसब्री।

Impatient-इम्-पे'-शेन्ट्-*adj.* restless, intolerant, not enduring with patience. अधीर, व्याकुल, व्यग्र; **Impatiently** (-लि)-*adv.* in an intolerant manner. अधीरता से, व्यग्रता से।

Impawn-इम्-पॉन्'-*v. t.* to deposit as security, to pledge. बन्धक रखना।

Impayable-इम्-पे'-ऍ-बूल्-*adj.* not to be paid for. न देने योग्य।

Impeach-इम्-पीच्-*v. t.* to accuse, to find fault with, to call to account, to call in question. अभियोग लगाना, दोष खोजना, अपराधी ठहराना; **Impeachable** (-ऍ-बूल्)-*adj.* able to be impeached. दोष लगाने योग्य; **Impeachment** (-मेन्ट्)-*n.* act of impeaching or accusing an officer of state. राज्यकर्मचारी पर दोषारोपण।

Impeccability-इम्पेक्'-ऍ-बिलिटि-*n.* the quality of being impeccable of sin. निर्दोषता।

Impeccable-इम्पेक्'-ऍ-बूल्-*adj.* not liable to error or sin. पापरहित, निर्दोष; **Impeccably** (-ब्लि)-*adv.* in an impeccable (sinless) manner. पाप रहित ढंग से।

Impeccant-इम्पेकन्ट् - *adj.* sinless. पाप-रहित (निर्दोष)।

Impedance - इम्पीडन्स् - *n.* an obstruction. अवरोध, रुकावट।

Impede-इम्पीड्'-*v. t.* to retard, to obstruct. प्रतिबन्ध करना, रोकना।

Impediment - इम्पेडिमेन्ट् - *n.* hindrance, obstruction. विघ्न (प्रतिबन्ध), रुकावट; **Impedimental** (-अल्) -*adj.* obstructing. प्रतिबन्धक।

Impel-इम्-पेल्'-*v. t.* (*p. t.* **Impelled.**) to drive to do, to force forward, to incite, to instigate. प्रवृत्त करना, बल द्वारा आगे बढ़ाना, प्रोत्साहन देना, उत्तेजित करना।

Impellent-इम्-पे-लेन्ट्-*adj.* having the quality of impelling. प्रेरक, प्रोत्साहक।

Impend-इम्-पेन्ड्'-*v. i.* to hang or be suspended, to be imminent. लटकना या लटकाया जाना, भावी अमंगल का भय दिखाना।

Impendence-इम्-पेन्ड्'-ऍन्स् - *n.* imminence. भावी संकट की आसन्नता।

Impendent- इम्- पेन्ड्'- ऍन्ट्- *adj.* imminent, near at hand. संकटासन्न, निकटवर्ती।

Impending-इम्-पेन्ड् - इङ्ग्-*adj.* threatening. भयकारी।

Impenetrability-see **Impenetrable.**

Impenetrable- इम्पेनिट्रे-बूल्-*adj.* that cannot be penetrated into, impervious. अभेद्य (अप्रवेश्य), अथाह; **Impenetrability** (-इट्-इ) **Impenetrableness** (-नेस्)-*ns.* obtuseness. अभेद्यता, अप्रवेश्यता; **Impenetrably** (-ब्लि)-*adv.* in an impenetrable manner. अप्रवेश्यता से।

Impenetrate-इ-म्पे नि-ट्रेट्-*v. t.* to penetrate deeply. गहरा धँसाना।

Impenitence-इ-म्पे निटेन्स्-*n.* want or absence of penitence. निष्ठुरता, पश्चात्ताप का अभाव।

Impenitent-इ-म्पे निटेन्ट्-*adj.* not sorry for one's sin, obdurate. पश्चात्तापहीन, क्षमा न चाहनेवाला; **Impenitently** (-लि)-*adv.* in an obdurate manner. निष्ठुरता से।

Imperative-इम्परेटिव्-*adj.* expressing command, authoritative, urgent, obligatory. आज्ञासूचक, नियोजक, आवश्यक, कर्त्तव्य-विधायक; **Imperatively** (-लि)-*adv.* in an imperative manner. आज्ञारूप में; **Imperative mood** (the form of a verb expressing command or advice.) आज्ञा या सलाह सूचक क्रिया।

Imperator-इम्परेटर्-*n.* a commander, an emperor. सेनानायक, राजाधिराज, सम्राट।

Imperceptible-इम्-पर्सेप्टि-बूल्-*adj.* not perceptible, very slight, subtle. अगम्य, अगोचर, अतिसूक्ष्म, तीक्ष्ण; **Imperceptibly** (-ब्लि)-*adv.* imperceivably. अलक्षित रूप में, अगोचर ढंगसे।

Impercipient-इ - म्पर्सिपि - ऍन्ट् - *adj.* lacking perception. अगोचर।

Imperfect-इम्-पर्फ़ेक्ट्-*adj.* incomplete, faulty, defective. अपूर्ण, अधूरा, दोषयुक्त।

Imperfection-इम्पर्फ़ेक्शन्-*n.* a defect or fault. दोष, त्रुटि, न्यूनता, ऐब, कमी।

Imperfectly-इम्-पर्-फ़ेक्ट्'-लि-*adv.* defectively. अपूर्णता से, अधूरे ढंग से।

Imperforate- इम्पर्फरेट्- *adj.* not perforated. अछिद्र, बिना छेद किया हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Imperial-इम्पीरिअल् - *adj.* pertaining to an empire or emperor, supreme, majestic. राज्य अथवा महाराजाधिराज-सम्बन्धी, श्रेष्ठ, तेजस्वी; **Imperial paper** (size of paper 32×22 inches.) ३२ इञ्च लम्बा तथा २२ इञ्च चौड़ा कागज़; **Imperial preference** (levying duty on imports from Empire at lower rates than those from foreign countries.) परदेशी माल की अपेक्षा साम्राज्य के माल पर कम कर लगाने की रीति।

Imperialist-इम्पीरिअलिस्ट्-*n.* a supporter of the empire. साम्राज्य का समर्थक; **Imperialistic** (-इस्ट्-इक्) -*adj.* pertaining to imperialism. साम्राज्यवाद-सम्बन्धी।

Imperialism-इम्पीरिअलिज़्म्-*n.* imperial rule, its principle & support. राजाधिराज का शासन, इसका सिद्धान्त तथा समर्थन।

Imperialize-इम्पीरिअलाइज़्-*v. t.* to render imperial. राजकीय या तेजस्वी बनाना।

Imperil-इम्-पे-रिल्-*v. t.* (*p. t.* **Imperilled.**) to put in danger, to endanger. आपत्ति में डालना, खतरे में डालना।

Imperious-इम्पीरिअस्-*adj.* overbearing, imperative. उद्धत, अभिमानी, ढीठ; **Imperiously** (-लि)-*adv.* in an imperious manner. ढिठाई से; **Imperiousness** (-नेस्)-*n.* arrogance, haughtiness. दर्प, धृष्टता, ढीठपन।

Imperishability-see **Imperishable.**

Imperishable-इम्पेरिशेबुल्-*adj.* indestructible, that cannot perish. अनश्वर, अविनाशी; **Imperishability** (-वि-लिटि), **Imperishableness** (-नेस्)-*ns.* the quality of being imperishable. अविनाशत्व, अमरत्व; **Imperishably** (-ब्लि)-*adv.* in an imperishable manner. अनश्वरता से, नष्ट न होते हुए।

Impermanence-इम्पर्मनेन्स्-*n.* want of permanence. अस्थिरता, अस्थायित्व।

Impermanent-इम्पर्मनेन्ट्-*adj.* not permanent. अस्थायी, गैरमुस्तकिल।

Impermeability-see **Impermeable.**

Impermeable-इम्पर्मिएबुल्-*adj.* impenetrable. अप्रवेश्य; **Impermeability** (-वि-लिटि)-*n.* impenetrableness, अप्रवेश्यता।

Impermissible-इम्पर्मिसिबुल्-*adj.* not permissible. आज्ञा न दिये जाने योग्य, अननुज्ञेय।

Impersonal-इम्पर्सनल्-*adj.* having no personality or personal reference. अकर्तृक, व्यक्तित्व-शून्य, भाववाचक; **Impersonally** (-लि)-*adv.* in an impersonal manner. भाव वाच्य में, **Impersonal verb.** भाववाच्य क्रिया।

Impersonate-इम्पर्स्-अनेट्-*v. t.* to assume the bodily form, to personify. शारीरिक रूप दिखलाना, भेस बदलना।

Impersonation-इम्पर्सनेशन्-*n.* the act of personating. वेष या व्यक्तित्व परिवर्तन।

Indeterminate-इन्-डिटर्मिनेट् -*adj.* not precise, not certain. अनिश्चित, सन्दिग्ध; **Indeterminately** (-लि)-*adv.* indefinitely. सन्दिग्धता से; **Indeterminateness** (-नेस्)-*n.* the quality of being indeterminate. सन्दिग्धता, सन्देह।

Index-इन्'-डेक्स् -*n.* (*pl.* **Indexes.**) a pointer, an alphabetical list, a guiding principle. घड़ी का काँटा, चिह्न, सूचीपत्र, प्रदर्शक सिद्धान्त; -*v. t.* to provide with an index. सूचीपत्र लगाना; (*pl.* **Indices**-डि-सीज़्') special signs which are used in Algebra. बीजगणित में प्रयुक्त विशेष चिह्न (घाताङ्क)।

India-इन्डिआ -*pr. n.* भारतवर्ष; **Indian** (-अन्) -*adj.* pertaining to India. भारतीय; **Indian club** (a bottle-shaped club used in gymnastics.) मुद्गर; **Indian corn** (maize.) भुट्टा, मकई; **Indian ink** (a black pigment used for writing.) काजल की बनी देशी स्याही या मसि।

Indicate--इन्'-डिकेट् *v. t.* to point out, to suggest, to state briefly, to show. सूचित करना, प्रकाशित करना, दरसाना, प्रकट करना।

Indication-इन्-डि-केशन् -*n.* sign, symptom. लक्षण, चिह्न।

Indicative-इन्डिके टिव् -*adj.* pointing out. सूचक, दर्शक बोधक; **Indicative mood** (the form of verb that affirms or denies.) स्वार्थ-सूचक क्रियापद; **Indicatively** (-लि) -*adv.* in an indicative manner. निदर्शक रूप में।

Indicator-इन्डिकेटर् -*n.* a person or thing that points out, a guide. सूचित करनेवाला, निदर्शक; **Indicatory**(-इ) -*adj.* serving to make known. दिखलाने (सूचित करने) वाला।

Indict-इन्डिक्ट् -*v. t.* to accuse, to charge with a crime. अपराध या दोष लगाना; **Indictable** (-ऍ-बूल्) -*adj.* that may be indicted.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दोष लगाने योग्य; **Indictment** (-मेंन्ट्) *-n.* a formal charge of crime. अभियोग, कलङ्क।

Indifference-इन् -डि - फ़रेंन्स् *-n.* unconcern, freedom from prejudice, neutrality. उदासीनता, उपेक्षा, अपक्षपात।

Indifferent-इन्-डिफ़रेंन्ट्-*adj.* impartial, disinterested, neutral. तटस्थ, अपक्षपाती, उदासीन; **Indifferentism** (-ऍन्टिज़्म्)-*n.* indifference in religious beliefs. धार्मिक विषय में समभाव ; **Indifferently** (-लि) *-adv.* in an impartial manner. बिना पक्षपात के।

Indigence-इन्'-डिज्-ऍन्स्-*n.* extreme poverty. अति दरिद्रता।

Indigenous- इन्- डि-जिनस्- *adj.* native to a country, not exotic. स्वदेशीय, स्वदेशोत्पन्न; **Indigenously** (-लि)-*adv.* स्वदेशी रूप में या ढंग से।

Indigent-इन्-'डि-जेंन्ट्-*adj.* poor, needy. दीन, दरिद्र;**Indigently**(-लि) *-adv.* with indigence. दरिद्रता से।

Indigested- इन्' - डि - जेंस्ट्'- ऍड् - *adj.* not digested, not thought of before. अनपचा, अचिन्तित, पहले से न सोचा हुआ।

Indigestibility-इन्डि-जेंस्टि-बिल् - इटि-*n.* the state of indigestion. अजीर्णता, बदहजमी; **Indigestible**- (-जेंस्ट्' - इबुल्) - *adj.* not digestible. न पचने योग्य।

Indigestion-इन्-डि-जेंशन्-*n.* want of digestion. अजीर्ण, मन्दाग्नि, अपच।

Indigestive-इन्-डि-जेंस्ट्'-इव्-*adj.* not digestive. अजीर्णता करनेवाला, न पचनेवाला।

Indignant-इन्-डिग्'- नन्ट् *-adj.* moved by indignation, angry. कुपित, रोषयुक्त; **Indignantly** (-लि)-*adv.* with indignation. क्रोध से।

Indignation-इन्-डिग्'-नेंशन्-*n.* anger caused by injustice or wickedness. क्रोध, रोष।

Indignity-इन्-डिग्- निटि -*n.* incivility, insult. अनादर, अशिष्ट व्यवहार।

Indigo-इन्डि'-गो-*n.* a blue dye obtained from plants, the plant itself. नील के पौधे से निकाला हुआ रंग, नील का पौधा।

Indirect-इन्डिरेंक्ट् *-adj.* not direct, not straight, circuitous. कुटिल (वक्र), टेढ़ा-मेढ़ा, पेंचदार; **Indirectly** (-लि)-*adv.* in an indirect manner. कुटिल रीति से, टेढ़ी रीति से; **Indirectness** (-नेंस्) *-n.* the quality of being indirect. कुटिलता।

Indirection-इन्डिरेंक्शन्-*n.* an indirect course. अप्रत्यक्ष उपाय।

Indiscernible-इन्डिसर्निबुल्-*adj.*not perceptible or discernible, that cannot be discerned. अप्रत्यक्ष, अदृष्टिगोचर; **Indiscernibly** (-इब्-लि) *-adv.* in an indiscernible manner. अप्रत्यक्ष रूप से।

Indisciplinable- इन्-डि - सिप्लिनेंबुल्-*adj.* not capable of discipline. अननुशासनीय।

Indiscipline-इन्-डि' - सिप्लिन्-*n.* want of discipline. अविनय, अभ्यास अथवा व्यवस्था का अभाव, अनुशासनहीनता, अननुशासन।

Indiscreet-इन्-डिस् - क्रीट्' *-adj.* injudicious, imprudent. अविवेकी, अदूरदर्शी; **Indiscreetly** (-लि) *-adv.* in an injudicious or imprudent manner. बिना विचारे, बिना विवेक के।

Indiscrete-इन्- डिस्- क्रीट्' *-adj.* not divided into parts or separated. अविभक्त, विना भाग किया हुआ।

Indiscretion-इन्'-डिस्-क्रीशन् *-n.* injudicious conduct, imprudence, rashness. अविवेक, अविचार।

Indiscriminate- इन्-डिस्-क्रिमिनेंट् *-adj.* confused, promiscuous. अव्यवस्थित (अविवेकी), अलग न किया हुआ; **Indiscriminately** (-लि) *-adv.* without discrimination. अविवेक से ; **Indiscriminating** (-इङ्ग्), **Indiscrimination**(-ऍ'-शन्)-*ns.* want of discrimination. अविचार, अविवेक; **Indiscriminative** (-इव्) *-adj.* not making distinction. अविवेकी।

Indispensability -see **Indispensable.**

Indispensable- इन् - डिस्पेंन्सें-बुल् - *adj.* that cannot be dispensed with, absolutely necessary. परित्याग न करने योग्य, अति आवश्यक ; **Indispensability**(-ऍ-बिलिटि), **Indispensableness** (-नेंस्)-*ns.* the state of being indispensable. अति आवश्यकता; **Indispensably** (-ऍब्-लि) *-adv.* necessarily, unavoidably. अवश्य, अनिवार्यतः।

Indispose-इन्'-डिस्-पोज़्-*v. t.* to render unfit, to disincline. असमर्थ या अयोग्य बनाना, विमुख करना, प्रतिकूल करना ; **Indisposed** (-ड्) *-adj.* disinclined, averse, unwell, विमुख, प्रतिकूल, अस्वस्थ।

Indisposition-इन्-डि-स्पो'-जिशन्-*n.* aversion, slight illness. अरुचि (अप्रवृत्ति), अस्वस्थता।

Indisputability-see **Indisputable.**

Indisputable-इन्-डिस्'-प्यूटें-बुल्-*adj.* incontestable, that cannot be disputed. निर्विवाद, निश्चित; **Indisputableness** (-नेंस्), **Indisputability**(-बिलिटि)-*ns.* the state of being indisputable. निर्विवादिता ; **Indisputably**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(- ऍब्- लि) -*adv.* beyond dispute. बिना विवाद के।

Indissolubility-इन्- डि-सॉ-लू - बिलिटि-*n.* the quality of being indissoluble or unviolable. अविलेयता, अगलनशीलता।

Indissoluble-इन्-डि-सॉल्-यू-ब्ल्-*adj.* not violable, always binding. अगलनशील, बाध्यकारी।

Indissolubly-इन्- डि-सॉल्-यूब्-लि -*adv.* in an indissoluble or violable manner. अगलनशीलता या अभेद्यता से।

Indistinct-इन्-डिस्-टिङ्क्ट्' - *adj.* not clearly defined, confused, obscure. अस्पष्ट, संकीर्ण, धुँधला; **Indistinctly** (-लि)-*adv.* not clearly, obscurely. अस्पष्टता से; **Indistinctness** (-नेस्) -*n.* the state of being indistinct. अस्पष्टता।

Indistinctive-इन्-डिस्-टिङ्क्ट्'-इव् - *adj.* not clear. अस्पष्ट; **Indistinctively** (-इव्-लि)-*adv.* in an indistinct manner. अस्पष्ट रूप से।

Indistinguishable-इन्'-डिस्-टिङ्ग्'-विश्-ऍ-ब्ल् -*adj.* not distinguishable. पृथक् न किये जाने योग्य ; **Indistinguishably** (-ब्लि-) -*adv.* in an indistinguishable manner. पृथक् न किये जाने योग्य ढंग से।

Indistributable-इन्'-डिस्ट्रि-ब्यूटे-ब्ल्-*adj.* that cannot be distributed. न बाँटने योग्य।

Indite-इन्-डाइट'-*v. t.* to put in words or compose. रचना करना, लिखना।

Indivertible-इन्'-डिवर्टि-ब्ल्-*adj.* that cannot be diverted or turned aside. न हटाने योग्य।

Individual-इन्-डि-विड्'-यु-अल्-*n.&adj.* single, particular, of a distinct character. व्यक्ति, अकेला, एक व्यक्ति।

Individuality-इन्-डि-विड्'-यु-ऑ-लिटि, **Individualism** (-इज़्म्) -*ns.* oneness, exclusive attachment to personal interest. व्यक्तित्व (ममता), आत्माभिमान।

Individually-इन्-डि-विड्'-यु-अ-लि-*adv.* separately. एक-एक करके, अलग-अलग।

Indivisibility-इन्'-डि-विज़िबिलिटि-*n.* the state of being indivisible. अविभाज्यता, अभेद्यता।

Indivisible-इन् - डि - विज़ि - ब्ल् - *adj.* not divisible. अविभाज्य, जिसका टुकड़ा न किया जा सके ; **Indivisibly** (-इब्-लि)-*adv.* in an indivisible manner. बिना टुकड़ा किये, अविभाज्य रूप में।

Indo-इन्-डो-*pref.* in sense of 'India'. 'भारतीय' अर्थ का उपसर्ग।

Indocile-इन्-डो' - साइल - *adj.* not docile. अशिक्ष्य (जो शिक्षा न पा सके)।

Indocility-इन्-डो-सि-लिटि- *n.* intractableness. दुर्गमता, स्वच्छन्दता।

Indolence-इन्-डो-लेन्स्-*n.* habitual laziness. आलस्य (अनुद्योग), काहिली, सुस्ती।

Indolent-इन्'-डो-लेन्ट् - *adj.* slothful, lazy, careless. आलसी, निरुद्योगी, उत्साहहीन; **Indolently** (-लि)-*adv.* in an indolent manner. निरुद्योग से, मन्दता से।

Indomitable-इन्-डॉमिटे-ब्ल्-*adj.* not yielding, stubborn. हठी, दुर्जय (जो अधीन न हो सके) **Indomitably** (-ब्लि) -*adv.* stubbornly. ढिठाई से।

Indoor-इन्-डोर्'-*adj.* situated or carried on within a house. घरके भीतर होनेवाला; **Indoors** (within the house.) घर के भीतर।

Indorsation-इन्-डॉ-र्स्-ऍशन्-*n.* endorsement. हुण्डी का सकारना, पृष्ठ पर हस्ताक्षर; **Indorsee** (-ई) -*n.* endorsee. जिसके नाम हुण्डी सकारी जावे; **Indorsement** (-मेन्ट्) -*n.* endorsement. सकारी; **Indorser** (-अर्) -*n.* one who endorses. हुण्डी सकारने (या बेचने) वाला।

Indorse-इन्-डॉर्स्-*v. t.* to assign by writing on the back of, to approve. पृष्ठ पर लिखकर प्रमाणित करना, समर्थन करना, स्वीकृति देना।

Indraught, Indraft-इन्'-ड्राफ़्ट्-*ns.* the inward flow of a current. जल की धारा का भीतरी ओर प्रवाह।

Indubitable-इन्-ड्यू'-बिटे-ब्ल्-*adj.* that cannot be doubted, certain. असन्दिग्ध (निःसंशय), निश्चित; **Indubitably** (-ऍब्-लि) -*adv.* certainly, undoubtedly. निश्चय, निःसन्देह।

Induce-इन्-इयूस्' - *v. t.* to prevail on, to persuade, to actuate, to produce, to infer, फुसलाना, मनाना, बहकाना, उत्पन्न करना, अनुमान करना; **Inducement** (-मेन्ट्) -*n.* something that induces. प्रोत्साहन (प्रलोभन), लालच।

Induct-इन्-डक्ट्'-*v. t.* to introduce, to initiate. नियुक्त करना, परिचय दिलाना।

Induction-इन् - डक्शन्-*n.* introduction, the inferring of general laws from particular instances, bringing about an electrical flow without coming into contact with an electrified or magnetized body. भूमिका, प्रवेश, अनेक उदाहरणों द्वारा सामान्य नियम का अनुमान करना, बिना विद्युन्मय पदार्थ के स्पर्श किये बिजली की धारा का उत्पादन या प्रवाहन।

Inductive-इन्-डक्टिव्-*adj.* tending to induce. अनुमानकारी ; **Inductively** (-इव्-लि) -*adv.*

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

by induction. अनुमान द्वारा; **Inductiveness** (-नेस्) *-n.* inductive inference. अनुमान।

Inductor-इन्-डक्टर्-*n.*the part of an electrical machine. बिजली के यन्त्र का एक भाग।

Indulge-इन्-डल्ज्'-*v. t. & i.* to gratify, to entertain, to allow one self. अनुग्रह करना, प्रसन्न करना, लगना।

Indulgence-इन् - डल्जेन्स्-*n.* favour, gratification, forbearance. अनुग्रह, सन्तोष, क्षमा।

Indulgent-इन्डल्जेन्ट्-*adj.* kind, not severe, compliant. दयायुक्त, कोमल, अनुकूल; **Indulgently** (-लि)-*adv.* in an indulgent manner. अनुग्रहपूर्वक।

Indurate-इन्'-ड्यूरेट् - *v. t. & i.* to make or become hard. कड़ा करना या होना।

Induration-इन्-ड्यू-रेशन्-*n.* the act of hardening. घनीकरण, कठोरीकरण।

Indurative-इन् - ड्यूरे टिव् - *adj.* tending to harden. कड़ा या ठोस बनानेवाला।

Industrial-इन् - डस्ट्रिअल् - *adj.* pertaining to industry. उद्योग या व्यवसाय-सम्बन्धी।

Industrious-इन्-डस्ट्रि-अस्-*adj.* active, laborious, given to industry. कर्मठ, क्रियाशील, परिश्रमी, उद्योगी; **Industriously** (-लि) *-adv.* in an industrious manner. परिश्रम से।

Industry - इन्' - डस्ट्रि-*n.* (*pl.* **Industries.**) diligence, habitual employment in work, a branch of trade. परिश्रम, कार्यप्रवृत्ति, व्यवसाय।

Indwell-इन्'-इवेल्-*v. i.* to dwell in, to occupy, to be present in. भीतर रहना, ग्रहण करना, सर्वदा उपस्थित रहना।

Inebriate-इन्-ई' - ब्रि-एट्-*adj.* drunken. मदिरा पिये हुए (मतवाला);-*n.* a habitual drunkard. पियक्कड़; -*v. t.* to make drunk मदिरा पिलाना ; **Inebriated** (-एट्ड)-*adj.* intoxicated. नशे में।

Inebriation-इन्-ई-ब्रि-एँ'-शन्-*n.* drunkenness. नशा।

Inebriety-इन् - इ - ब्राइ' - टि-*n.* the habit of drunkenness, habitual intoxication. मदिरा पीने या नशे में रहने का अभ्यास।

Inedible--इन्-एडि-बल्-*adj.* not fit to be eaten. न खाने योग्य।

Inedited-इन् - एडिटेड् - *adj.* not published. प्रकाशित न किया हुआ (ग्रन्थ), अप्रकाशित।

Ineffable-इन् - एफ़े - बल् - *adj.* unspeakable, unutterable. अवर्णनीय, अकथनीय।

Ineffably-इन्'-ऍ-फ़ेब्'-लि-*adj.* in an ineffable form. अवर्णनीय रूप में।

Ineffaceable-इन्-इफ़े-स-बल्-*adj.* that cannot be rubbed out or effaced. न हटाने या मिटाने योग्य, अमिट।

Ineffective-इन् - इफ़े क्टिव् - *adj.* useless, inefficient. निष्फल (व्यर्थ), निरर्थक (अकारण); **Ineffectively** (-लि) *-adv.* not effectively. वृथा; **Ineffectiveness** (-नेस्)-*n.* the quality of being useless. विफलता।

Ineffectual-इन्'-इफ़ेक्चुअल्-*adj.*without effect, fruitless. निष्फल, व्यर्थ; **Ineffectually** (-लि) *-adv.* in vain, uselessly. व्यर्थ, वृथा; **Ineffectualness** (-नेस्)-*n.* want of effect. विफलता।

Inefficacious-इन्-ऍ-फ़ि-के- शस् *-adj.* not able to produce effect. प्रभाव उत्पन्न करने में असमर्थ, निरर्थक।

Inefficacy-इन् - ऍफ़' - फि- के- सि-*n.* want of efficacy. अशक्ति, असामर्थ्य।

Inefficiency-इन्-ऍ-फ़िशन्सि-*n.* want of power. असामर्थ्य, अयोग्यता।

Inefficient-इन्-ऍफ़ - फ़िश्'-ऍन्ट्-*adj.* not well qualified, ineffective. अयोग्य, निष्फल; **Inefficiently** (-लि) *-adv.* in an inefficient manner, without effort. अयोग्यता से, निष्फलता से।

Inelastic-इन्'-इलॅस्टिक्-*adj.* not elastic, not yielding. स्थापकत्वहीन, जो लचीला न हो, अनुरोध शून्य।

Inelegance-इन्-ऍलि-गेन्स्-*n.* want of elegance or beauty. सुन्दरता की कमी, लावण्यहीनता।

Inelegant-इन्-ऍ-लि-गेन्ट्-*adj.*ungraceful,mean, unrefined. लावण्यहीन, असुन्दर, नीच, अश्लील, भद्दा; **Inelegantly** (-लि)-*adv.* in a mean manner. अश्लीलता से, भद्दे ढंग से।

Ineligibility - इन्-ऍलिजिबिलिटि-*n.* the state or quality of being ineligible अग्राह्यता, अयोग्यता, अपात्रता।

Ineligible-इन्-ऍलि-जि-बल् *-adj.* not eligible. अग्राह्य, न चुने जाने योग्य; **Ineligibly** (-जिब्-लि)-*adv.* in an ineligible manner. अग्राह्यता से।

Ineloquent-इन्-ऍलॅ-क्वेन्ट्-*adj.* not eloquent. अवाग्मी, वाक्पटुताहीन, न बोल सकनेवाला।

Inept-इनेप्ट्-*adj.* out of place, unsuitable, absurd. अनुचित, अनुपयुक्त, अयोग्य, मूर्खतापूर्ण।

Ineptiude-इन्-ऍप्'-टि-ट्यूड्, **Ineptness** (-नेस्) *-ns.* unfitness, foolishness. अयोग्यता, मूर्खता;

Ineptly (-लि)-*adv.* in an inept manner. अयोग्यता से, मूर्खता से।

Inequality-इन्-इक्वॉलि-टि-*n.* want of quality or uniformity, irregularity, difference, variableness. विषमता, असादृश्य, भिन्नता।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Inequitable - इन् - ऍक्विटे - बूल् - *adj.* unfair, unjust. अधार्मिक; न्यायविरुद्ध; **Inequitably** (-ब्लि)-*adv.* in an unfair manner. न्याय-विरुद्धता से, अवैध ढंग से, बेईमानी से।

Inequity-इन्-इक्विटि-*n.* unfairness, injustice. बेईमानी, अन्याय, पक्षपात।

Ineradicable-इन्-इ-रॅडिके-बूल्-*adj.*that cannot be rooted out. जड़ से न हटाये जाने योग्य, निर्मूल न किये जाने योग्य, अनुन्मूलनीय; **Ineradicably** (-केब्-लि)-*adv.* in an ineradicable manner. जड़ से न हटाते हुए या उन्मूलन न करते हुए ढंग से।

Inert-इनर्ट्-*adj.* without inherent power, indisposed, sluggish, lazy. अक्षम, अप्रवृत्त, निर्व्यापार, निश्चल, गतिहीन, आलसी; **Inertly** (-लि) -*adv.* in a sluggish manner. मन्दता से, सुस्ती से, जड़ता से; **Inertness** (-नेस्)-*n.* sluggishness. अनुद्योग, मन्दता, आलस्य, जड़ता, सुस्ती।

Inertia-इनर्शिआ-*n.* the property of matter by which a body continues to remain at rest or moves in a straight line unless its state is changed by an external force, inertness, sluggishness. निश्चलता, जड़ता, अप्रवृत्ति।

Inescapable - इनेस्केप् - ऍ - बूल् - *adj.* not escapable. न भागने योग्य।

Inessential-इन्'-ऍसेन्शल्-*adj.* not indispensable. अनावश्यक।

Inestimable-इन्-ऍस्टिमे-बूल्-*adj.* intense, invaluable. अनर्घ्य, अमूल्य; **Inestimably** (-लि) -*adv.* in an intense manner. अमूल्यता से।

Inevitability-इनेव्रिटे-बिलिटि, **Inevitableness** (-नेस्)-*ns.* the state of being inevitable. अनिवार्यता।

Inevitable-इनेव्रिटे-बूल्-*adj.* a sure to happen, unavoidable. अनिवार्य, आवश्यक, अवश्यंभावी।

Inevitably-इनेव्रिटेब्' - लि-*adv.* unavoidably. अनिवार्य रूप में, अवश्य।

Inexact-इन्-ऍ-कृज़ॉक्ट्'-*adj.* not exact. अयथार्थ।

Inexactitude-इन्-ऍक्-ज़ॉक्टि - ट्यूड्, **Inexactness** (-नेस्)-*ns.* want of precision. अशुद्धता, अयथार्थता।

Inexcusable-इन्'-ऍक्स् - क्यू'-ज़े-बूल्-*adj.* that cannot be justified. अक्षम्य (न क्षमा करने या सहने योग्य); **Inexcusably** (-ब्लि) -*adv.* to an inexcusable degree. अक्षम्य रूप में या से।

Inexecutable-इन्' - इक्ज़ेक्यूटे - बूल्-*adj.* that cannot be executed or carried out. जो पूर्ण न किया जा सके।

Inexhaustibility-see **Inexhaustible.**

Inexhaustible-इन्' - ऍग्-ज़ॉस्टि- बूल्-*adj.* that cannot be exhausted. अविध्वंसी, अनन्त (विपुल); **Inexhaustibility** (-इविलिटि) -*n.* inexhaustibleness. अविध्वंसिता; **Inexhaustibly** (-इब्-लि) -*adv.* in an inexhaustible manner. अक्षयता से; **Inexhaustive** (-इव्)-*n.* not to be exhausted. क्षय न होने योग्य, अक्षय।

Inexorable-इन् - ऍक्सॅर - बूल्-*adj.* relentless, inflexible, unyielding. निष्ठुर (कठोरचित्त), अनाराध्य, अनमनीय।

Inexorably-इन् - ऍक्सॅरे - ब् - लि - *adv.* in an unyielding manner. निर्दयता या कठोरता से।

Inexpectant-इन् - ऍक्स् - पेक्टेन्ट् - *adj.* not expectant. आशाहीन, निराश।

Inexepediency-इन्'-ऍक्स् - पी - डि - ऍन्सि-*n.* unsuitableness. अयोग्यता।

Inexpedient-इन्'-ऍक्स्-पी' - डि-ऍन्ट्-*adj.* not expedient, unfit, improper. अयोग्य, अनुचित।

Inexpensive-इन्-ऍक्स्-पेन् - सिव्-*adj.* cheap. सस्ता; **Inexpensively** (-लि) -*adv.* cheaply. सस्तेपन से ; **Inexpensiveness** (-नेस्) -*n.* cheapness. सस्तापन।

Inexperience-इन्'-ऍक्स्-पी'-रि-इ-ऍन्स्-*n.* want of experience. व्यवहार में अनभिज्ञता, अनुभवहीनता ; **Inexperienced** (-इ)-*adj.* unskilled, not experienced. अनभिज्ञ, अनुभवहीन।

Inexpert-इन्'ऍक्सपर्ट्-*adj.*not expert, unskilled. अनिपुण, अकुशल ; **Inexpertly** (-लि)-*adv.* in an unskilled manner. अनिपुणता से।

Inexplicabitity-इन्-ऍक्स्'-प्लि-के-बिलिटि-*n.* the quality of being inexplicable. अबोध्यता।

Inexplicable- इन्-ऍक्स्' - प्लि-के-बूल्-*adj.* that cannot be explained. अबोध्य, व्याख्या न करने योग्य।

Inexplicably-इन्-ऍक्स्-प्लिके-ब्-लि-*adv.* in an inexplicable manner. दुर्गमता से।

Inexplicit-इन्-ऍक्स्-प्लि-स्'इट्-*adj.* not clearly expressed. अस्पष्ट, अनिश्चित ; **Inexplicitly** (-लि) -*adv.* in an inexplicit manner. अस्पष्टता से; **Inexplicitness** (-नेस्) - *n.* the quality of being inexplicit. अस्पष्टता।

Inexplosive-इन्' - ऍक्स् - प्लो'-सिव् - *adj.* not explosive. न भभकने (आग लगने) योग्य।

Inexpressible-इन्-इक्स्-प्रे-स्'इ - बूल् - *adj.* that can not be expressed in words. अकथनीय, अवर्णनीय; **Inexpressibly** (-सिब्-लि) -*adv.* in an unutterable manner. अवर्णनीयता से।

Inexpressive-इन्-इक्स्-प्रेस्'-इ-व्-*adj.* not expressive. वर्णन न करने योग्य ; **Inexpressive-**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ness (-नेस्)-*n.* the state of being inexpressive. अवर्णनीयता।

Inextensible--इन्-ऍक्स्-टेंन्'-सि-ब्ल् - *adj.* not extensible, not stretchable. न फैलाने योग्य।

Inextinguishable-इन्'-ऍक्स्-टिङ्ग्' -विश्-ऍ-ब्ल्-*adj.* not quenchable. न बुझाने योग्य।

Inextricable-इन्-ऍक्स्' - ट्रि - कें-ब्ल्-*adj.* that cannot be disentangled or solved. न सुलझाने योग्य; **Inextricably** (-केंब्-लि)-*adv.* in an inextricable manner. न सुलझाने योग्य ढंग से।

Infallibility-इन्'-फ़ॉल्-इ-विल्'-इ - टि - *n.* infallibleness, certainty. अभ्रान्ति, निश्चय।

Infallible-इन्'-फ़ॉ-लि-ब्ल् -*adj.* not capable of error. अभ्रान्त, भूल न करने योग्य; **Infallibly** (-लिब्-लि) -*adv.* in an infallible manner. बिना भ्रान्ति के।

Infamize-इन्'-फ़ेमा-इज़्-*v.t.* to make infamous. बदनाम करना, कलुषित करना।

Infamous-इन्-फ़े-मस्-*adj.* of ill-fame, notorious, scandalous, disgraceful. अकीर्तिकर, कुख्यात, निन्दापूर्ण, अपमान पूर्ण; **Infamously** (-लि)-*adv.* in an infamous manner. बदनामी के रूप में या ढंग से।

nfamy - इन्' - फ़े-मि - *n.* public disgrace, ill-fame. अपकीर्ति, कलङ्क।

Infancy- इन्' - फ़ॅन्सि - *n.* early childhood, early period of existence. बाल्यावस्था, शिशु-काल, लड़कपन, आरम्भ की अवस्था।

Infant-इन्'-फ़-न्ट्-*n.* a babe, a child under seven years of age, a minor. बालक, शिशु, नाबालिग।

Infanticidal- इन्'-फ़न्टिसिडल्-*adj.* pertaining to infanticide. बालहत्या-सम्बन्धी।

Infanticide-इन् - फ़न्टि-साइड्-*n.* the murder of an infant. बालहत्या, शिशुवध।

Infantile-इन् - फ़ॅन्-टाइल् -*adj.* pertaining to an infant. शिशु-सम्बन्धी।

Infantry-इन्-फ़ॅन्ट्रि-*n.* (*pl.* **Infantries**) foot-soldiers. (पदाति) पैदल सेना, पैदल सिपाही।

Infatuate-इन्-फ़ॉट'-यू-ऍट्-*v. t.* to affect with folly, to make foolish, to excite with passion. बुद्धि नाश (मोहित) करना, मूर्ख बनाना, उत्तेजित करना; **Infatuated** (-ऍड्) - *adj.* foolish. मूर्ख, मूढ़; **Infatuatedly** (-लि)-*adv.* passionately. उत्तेजना से; **Infatuating** (-इङ्ग्) -*adj.* causing foolishness. मोहकारी; **Infatuation** (-ए'-शन्)-*n.* folly, foolishness. मोह, मूढ़ता।

Infeasible-इन्-फ़ी-ज़ि-ब्ल्-*adj.* not practicable. असाध्य, दुष्कर।

Infect-इन्-फ़ेक्ट्'-*v. t.* to fill with a disease, to corrupt. संक्रामक या छूत का रोग लगाना, भ्रष्ट या दूषित करना; **Infected** (-ऍड्) -*adj.* noxious, corrupt. दूषित, भ्रष्ट।

Infection-इन्-फ़ेक्'-शन्-*n.* the act of infecting, a thing which infects. संक्रमण, संक्रामक रोग।

Infectious-इन्-फ़ेक्' - शस् - *adj.* having the quality of infecting. संक्रामक; **Infectiousness** (-नेस्)-*n.* the state of being infectious. संक्रमण।

Infective-इन्-फ़ेक्टिव्'-इव्-*adj.* infectious. संक्रामक; **Infectiveness** (-इव्-नेस्)-*n.* infectiousness. संक्रमण; **Infectively** (-इव्-लि) -*adv.* in an infective manner. संक्रामक रूप में या से।

Infecund-इन्-फ़िक्-न्ड् - *adj.* unfruitful. अनुपजाऊ, फलहीन; **Infecundity** (-फ़े-कन्'-डि-टि)-*n.* unfruitfulness. फलहीनता।

Infelicitous-इन्'-फ़ि-लिस्'-इ-टस् - *adj.* unhappy, not felicitous. असुखी, अप्रसन्न, असुखकर।

Infelicity-इन्-फ़ि-लिस्-इ-टि-*n.* unhappiness, misery, misfortune. क्लेश, विपत्ति, दुःख।

Infer-इन्-फ़र्'-*v. t.* (*p. t.* **Inferred**) to deduce, to conclude. अनुमान करना, तर्क करना, निर्णय पर पहुँचना।

Inferable-इन्-फ़रे-ब्ल्-*adj.* that may be inferred, deducible. तर्क करने योग्य, तर्कसाध्य।

Inference-इन्-फ़रेन्स्-*n.* the act of inferring deduction. अनुमान, तर्क, निर्णय।

Inferential-इन् - फ़रेन्शल् - *adj.* deduced by inference. अनुमान अथवा तर्क सिद्ध; **Inferentially** (-लि) -*adv.* by way of inference. तर्क या निर्णय से।

Inferior-इन्-फ़ी'-रिअर्-*adj.* lower in rank, station or age, less valuable. न्यून (हीन), दर्जे या उम्र में कम, अनुत्तम;-*n.* one who is younger in rank. छोटा, अल्प पद का; **Inferior in age** (of less age.) कम उम्र का ; **Inferior in caste** (of low caste.) हीन जाति का।

Inferiority-इन्-फ़ीरि-ऑर्'-इ-टि-*n.* the state of being inferior. न्यूनता, हीनता; **Inferiorly** (-लि)-*adv.* in an inferior manner. छोटेपन से।

Infernal-इन्-फ़-र्न-ल्-*adj.* pertaining to hell, fiendish, diabolical. नरक सम्बन्धी, आसुरी, राक्षसी; **Infernality** (-अलिटि) -*n.* fiendish character. राक्षसत्व ; **Infernally** (-लि)-*adv.* in a fiendish way. राक्षस की तरह।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Inferno-इन्-फ़र्नो-*n.* hell. पाताल, नरक।

Infertile-इन्-फ़र्टाइल्-*adj.* not fertile. ऊसर, अनुपजाऊ; **Infertility**(-टिल्-इट्-इ)-*n.* unfruitfulness. ऊसरता, अनुपजाऊपन।

Infest-इन्-फ़ेस्ट्'-*v. t.* to harass, to tease, to haunt, to disturb. कष्ट देना, विरक्त करना, गमनागमन करना, बाधा देना; **Infestation** (-एँ'-शन्)-*n.* molestation, trouble. कष्ट, दुःख।

Infidel-इन्'-फ़िडल्-*n.* a religious disbeliever, an unbeliever in true religion, a sceptic. धर्मनिन्दक, नास्तिक, अभक्त;-*adj.* disbelieving in God. नास्तिक वृत्तिवाला; **Infidelity** (-इट्-इ)-*n.* want of faith, scepticism. अभक्ति, अनीश्वरवाद, नास्तिकता; **Infidelize** (-आइज़्) -*v. t.* to make an atheist. अधर्मी बनाना।

Infield-इन्-फ़ील्ड्-*n.* a land near a hamlet, manured land. झोपड़ी के पास का खेत, खाद दिया हुआ खेत।

Infinite-इन्'-फ़ि-निट्-*adj.* boundless, very great, without limit, unlimited. अनन्त, अपरिमित, निःसीम; **Infinitely** (-लि) -*adv.* to an infinite degree. असीमता से।

Infinitesimal-इन्'-फ़िनिटेसिमल्-*adj.* exceedingly small. अति सूक्ष्म; -*n.* अति सूक्ष्म पदार्थ।

Infinitival-इन्-फ़ि-नि-टाइ-वल्-*adj.* belonging to the infinite mood. व्याकरण में सामान्य रूप-सम्बन्धी।

Infinitive-इन्-फ़िनि-टिव्-*adj.* not limited. अपरिमित।

Infinitude-इन्-फ़िनि-ट्यूड्-*n.* infinity. असीमता, अपारता।

Infinity-इन्-फ़िनि-टि-*n.* infiniteness, infinite extent. अनन्तता।

Infirm-इन्-फ़र्म्-*adj.* physically weak, irresolute, feeble. दुर्बल (क्षीण), अस्थिर (अदृढ़)।

Infirmary-इन्-फ़र्म्-रि-*n.* a hospital. अस्पताल, चिकित्सालय।

Infirmity-इन्-फ़र्मि-टि-*n.* (*pl.* **Infirmities.**) weakness, a failing, a disease. दुर्बलता (अशक्ति), व्याधि।

Infirmly-इन्-फ़र्म्-लि-*adv.* in an infirm manner. दुर्बलता से।

Infix-इन्-फ़िक्स्-*v. t.* to fix or fasten, to insert. बैठाना, स्थिर करना।

Inflame-इन्-फ़्लेम्'-*v. t. & i.* to set on fire, to excite passionately, to aggravate, to catch fire, to become excited. आग लगाना, जलाना, उत्तेजित करना, जलना, भड़कना।

Inflammability-इन्-फ़्ल-मेबिलि-टि, **Inflammableness** (-नेस्)-*ns.* the quality of being inflammable. दाहकत्व।

Inflammable-इन्-फ़्लेमेबल्-*adj.* easily set on fire, easily excited. जल्दी से जलने योग्य, प्रज्वलनशील, शीघ्र उत्तेजित होने योग्य, दाह्य।

Inflammation-इन्-फ़्लेमेशन्-*n.* excitement, heat, a swelling. उत्तेजना, ताप, दाह, सूजन।

Inflammatory-इन्-फ़्लेमेटरि-*adj.* tending to excite. ताप करने (भड़काने) वाला, उत्तेजक।

Inflate-इन्-फ़्लेट्'-*v. t.* to swell with air or gas, to puff up. फुलाना, उन्मत्त करना; **Inflated** (-एँड्)-*adj.* distended with air, turgid, proud. फूला हुआ, उन्मत्त, घमंडी।

Inflation-इन्-फ़्लेशन्-*n.* the act of inflating. वायुपूरणत्व।

Inflator-इन्-फ़्लेटर्-*n.* one who or that which inflates. फुलानेवाला।

Inflect-इन्-फ़्लेक्ट्-*v. t.* to bend, to curve, to sharpen, to express grammatical relation. झुकाना, मोड़ना, तीक्ष्ण करना, व्याकरण का रूप चलाना।

Inflection, Inflexion-इन्-फ़्लेक्शन्'-*ns.* the act of inflecting. रूप, विभक्ति।

Inflexibility-इन्-फ़्लेक्सिबिलि-टि-*n.* inflexibleness. कठोरता।

Inflexible-इन्-फ़्लेक्स्'-इ-बल्-*adj.* unbending, unyielding, rigid, unalterable. दृढ़ (स्थिर), अनमनीय, कड़ा, अटल।

Inflexibly-इन्-फ़्लेक्सिब्लि-*adv.* in a rigid manner. दृढ़ता से, कठोरता से।

Inflexion-इन्-फ़्लेक्शन्-*n.* same as **Inflection.** प्रत्यय।

Inflict-इन्-फ़्लिक्ट्'-*v. t.* to lay on, to impose. प्रयुक्त करना, दण्ड देना; **Inflictable** (-एँ-बल्)-*adj.* punishable. दण्डनीय।

Infliction-इन्-फ़्लिक्शन्-*n.* punishment, trouble. दण्ड, कष्ट।

Inflictor-इन्-फ़्लिक्टर्-*n.* one who inflicts. दण्ड देनेवाला।

Inflow-इन्'-फ़्लो-*n.* a flowing in. भीतर को बहाव; -*v. t.* to flow in. भीतर की ओर बहना; also **Inflowing** (-इङ्ग्)-*n.* बहाव।

Influence-इन्'-फ़्लु-एँन्स्-*n.* effect, power, authority, ascendancy, influx. प्रभाव, शक्ति, अधिकार, सामर्थ्य, प्रतिष्ठा, माहात्म्य; -*v. t.* to produce an effect upon, to sway, to move. प्रभाव (दबाव) डालना, अधिकार रखना, प्रवृत्त करना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Influential- इन् - फ़्लु - ऍन्शल् - *adj.* having influence or power. प्रभावशाली, प्रबल; **Influentially** (-श-लि) -*adv.* in an influential manner. प्रभावपूर्ण ढंग से ।

Influenza- इन् - फ़्लू-ऍन' - ज़ा -*n.* a kind of contagious catarrh accompanied by fever. एक प्रकार का शीतप्रधान संक्रामक ज्वर ।

Influx- इन्'-फ़्लक्स् -*n.* the act of flowing in, infusion. प्रवाह, अन्तःप्रवेश ।

Infoliate-इन्-फ़ोल्'-इ-एट्-*v. t.* to ornament or cover with leaves. पत्तियों से सजाना या ढाँकना ।

Inform-इन्-फ़ॉर्म्'-*v. t. & i.* to tell, to imbue with, to communicate. संदेश कहना, सूचित करना ।

Informal-इन्-फ़ॉर्मल् - *adj.* not according to due form. नियम विरुद्ध, अनियमित, अनुपचारिक, बेतकल्लुफ़ ।

Informality-इन् - फ़ॉर्मलिटि - *n.* irregularity. नियम-विरोध, अनियमितता, बेतकल्लुफ़ी ।

Informally-इन्-फ़ॉर्म-लि-*adv.* in an informal or improper manner. अनियमित या अनुपचारिक रूप में या ढङ्ग से ।

Informant-इन् - फ़ॉर्म्' - ऑन्ट्-*n.* one who informs. सूचना देनेवाला, विज्ञापक ।

Information-इन्-फ़ॉर्म्'-ऍ-शन्-*n.* news, intelligence, communication. सूचना (वृत्तान्त), समाचार ।

Informative- इन्फ़ार्म्' - ऍ - टिव् -*adj.* having power to inform. सूचना देनेवाला, समाचार देनेवाला ।

Informatory-इन्-फ़ॉर्म्-ऍ-टरि-*adj.* containing information. विज्ञापन या सूचना युक्त ।

Informed-इन्-फ़ॉर्म्ड् - *adj.* intimated, instructed. सूचित, शिक्षित, सिखलाया हुआ ।

Informer-इन्-फ़ॉर्मर् -*n.* an informant. सूचना देनेवाला, भेदिया ।

Infraction-इन् -फ़्रॉ -क्शन् - *n.* violation, infringement. भङ्ग, उल्लंघन ।

Infragrant-इन्-फ़्रेग्रन्ट् - *adj.* not odorous. सुगन्धरहित, गन्धहीन ।

Infranchise-इन्-फ़्रॉन्' - चाइज़् -*v. t.* to give franchise rights, to set free. मतदान का अधिकार देना, मुक्त करना ।

Infrequency-इन्-फ़्री-क्वेन्सि *n.* the state of being infrequent. अनित्यता, विरलता ।

Infrequent- इन्-फ़्री क्वेन्ट् -*adj.* not frequent. अनित्य, विरल ;-*v. t.* to forsake, त्यागना ; **Infrequently** (-लि) -*adv.* not frequently. अनित्यता या विरलता से ।

Infringe-इन्-फ़्रिन्ज्'- *v. t.* to violate, to break, to transgress. उल्लंघन करना, तोड़ना ; **Infringement**(-मेन्ट्)-*n.* violation, infraction. उल्लंघन, खण्डन ।

Infructuous - इन्- फ़्रक्' - ट्यू - अस् - *adj.* not bearing fruit, fruitless, barren. फलहीन, बिना फल का, बाँझ ।

Infrugal-इन्-फ़्रू'-गल् -*adj.* prodigal, extravagant. अमितव्ययी, फ़ज़ूल खर्च करनेवाला

Infuriate-इन्-फ़्यू'- रि - एट् -*v. t.* to enrage, to fill with fury. कोपाकुल करना, क्रुद्ध करना; -*adj.* enraged. क्रुद्ध ।

Infuse-इन्-फ़्यूज़्'-*v. t.& i.*to pour in, to instil, to step in liquid for extracting essence, to introduce. डालना, मन में बैठाना, सत्त्व निकालने के लिये जल में डुबोना, प्रवेश करना ।

Infusion-इन्-फ़्यू-ज़न्-*n.* the act of infusing, distillation. क्वाथ, अर्क, काढ़ा ।

Infusibility-see **Infusible.**

Infusible-इन्-फ़्यू'- ज़ि-बल् -*adj.* that cannot be melted. (धातु) जो गल न सके; **Infusibility** (-बिलिटि) -*n.* the incapacity of being fused. न गलने की स्थिति या अवस्था ।

Ingathering-इन्' - गॉदरिङ्ग्-*n.* a gathering in. ढेर, खलिहान ।

Ingenious-इन्-जोन्'-इअस्-*adj.* clever, skilful, showing ingenuity. चतुर, प्रवीण; **Ingeniously** (-लि) -*adv.* with skill. चतुराई से, निपुणता से; **Ingeniousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being skilful, cleverness. चतुराई, निपुणता ।

Ingenuity-इन्'- जे - न्यू' - इ -टि -*n.* skill in contriving, power of ready invention. कौशल, प्रतिभा, कल्पना-शक्ति ।

Ingenuous-इन्-जेन्यु-अस्-*adj.* frank, innocent, artless, generous. मायाहीन, निष्कपट, सरलप्रकृति, दयालु; **Ingenuously** (-लि) - *adv.* in a frank manner. निष्कपटता से; **Ingenuousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being artless. सरलता, शुद्धभाव ।

Ingest-इन्-जेस्ट्'-*v. t.* to take in (food) to the stomach. भोजन से पेट भरना ।

Ingestion-इन्-जेस्ट्'-यन् (-शन्) -*n.* taking of food into the stomach. पेट में भोजन भरना ।

Ingestive-इन्-जेस्ट्'-इव् -*adj.* able to ingest. पेट भरने योग्य ।

Inglorious-इन्-ग्लोर्'- इ-अस् -*adj.* shameful, ignominious. लज्जाकर, निन्दनीय; **Ingloriously** (-लि) -*adv.* in a shameful manner. लज्जा से ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Ingoing-इन्'-गो-इङ्ग्-*adj.* entering in. भीतर प्रवेश करनेवाला; -*n.* entrance. प्रवेश।

Ingot-इन्'-गॅट् - *n.* a mass of unwrought metal, cast in a mould. किसी धातु का साँचे में ढाला हुआ पिण्ड या टुकड़ा या ईंट।

Ingraft-इन्'-ग्रॉफ़्ट् -*v. t.* to insert the shoot of one tree into another for propagation. वृक्ष में कलम बाँधना।

Ingrain-इन्-ग्रेन्'-*v. t.* to impregnate, to put dye in the grain. डुबोना या बोरना, पक्का रङ्ग रँगना।

Ingrained-इन् - ग्रेन्ड्' - *adj.* deeply rooted, inherent. गहरा जड़ा हुआ।

Ingrate-इन् - ग्रेट्'-*adj.* ungrateful. कृतघ्न; -*n.* an ungrateful man. कृतघ्न मनुष्य।

Ingratitude-इन्-ग्रॅटि-ट्यूड्-*n.* unthankfulness. अकृतज्ञता, कृतघ्नता।

Ingredient-इन्-ग्रीं'-डि- ऍन्ट्-*n.* a component part. अङ्ग, अंश।

Ingress-इन्'-ग्रेस्-*n.* right of entrance. प्रवेश का अधिकार ; **Ingression** (- ग्रेशन्) -*n.* entrance. प्रवेश।

Ingrowing-इन्'-ग्रो-इङ्ग्- *adj.* growing into the flesh. मांस के भीतर उभड़ने या बढ़नेवाला।

Ingurgitate-इन्-गर्-जि-टेट् -*v. t.* to swallow greedily. लालच से भकोसना।

Inhabit-इन् - हॅबिट्-*v. t.* to dwell in, to live. निवास करना, बसना।

Inhabitable-इन् - हॅबिटेबल् - *adj.* habitable. रहने योग्य।

Inhabitancy-इन् - हॅबिटन्सि -*n.* residence. निवास।

Inhabitant-इन् - हॅब्' - इ - टॅन्ट् -*n.* he who resides in a place. निवासी ; **Inhabitation** (-इ-टे'-शन्) -*n.* a dwelling-place. घर, डेरा।

Inhalation-इन्-हे - ले' - शन् - *n.* the act of inhaling. उच्छ्वास, साँस खींचने की क्रिया।

Inhale-इन्-हेल्'-*v. t.* to breathe air into the lungs. साँस खींचना, वायु से भरना; **Inhaler** (-अर्)-*n.* an apparatus for inhaling vapours. वाष्परूप पदार्थों को श्वास द्वारा खींचने का एक प्रकार का यन्त्र।

Inharmonic, Inharmonious-इन्हार्-मॅ- निक्, इन्हार्मोनिअस्-*adjs.* not musicai, discordant. बेसुरा, बेताल; **Inharmoniously** (-अस्-लि) -*adj.* without harmony. बेताल में।

Inhere-इन्-हिअर्'-*v. t.* to abide in, to exist,. निवास करना, होना; **Inherence** (-ऍन्स्)-*n.* existing in something else. निहितता, दूसरी वस्तु में स्थिति।

Inherent-इन् - हीअरेन्ट् -*adj.* innate, inseparable. स्वाभाविक, अन्तर्वर्ती; **Inherently** (-लि)-*adv.* by inherence. स्वभाव से, प्रकृति से।

Inherit-इन्-हे-रिट्-*v. t.* to acquire by succession. कुलक्रम से प्राप्त करना, पैतृक सम्पत्ति पाना।

Inheritable-इन्-हे-रिटे-बल् -*adj.* that may be inherited. परम्परा से प्राप्त करने योग्य।

Inheritance-इन्-हे-रिटन्स् -*n.* that which is got from ancestors. पैतृक धन (दाय); **Inherited** (-ऍड्) -*adj.* got from inheritance. उत्तराधिकार द्वारा प्राप्त।

Inheritor-इन् - हे - रिटर् - *n.* an heir. उत्तराधिकारी; **Inheritress** (-ट्रेस्), **Inheritrix** (-ट्रिक्स्)-*ns. fem.* an heiress. उत्तराधिकारिणी।

Inhesion-इन् - हीज़न् -*n.* inheritance. संस्थान, निष्ठा, संलग्नता।

Inhibit-इन्-हिब्'-इट्-*v. t.* to forbid, to check. रोकना, मना करना।

Inhibition-इन् - हि - विशन् - *n.* obstruction. रुकावट।

Inhibitory-इन्-हिबिट - रि - *adj.* prohibitory. रोकने योग्य।

Inhospitable-इन्-हॉस्पिटे' - बल्-*adj.* not hospitable, not affording shelter to strangers. आतिथ्य-विमुख, मेहमानों का स्वागत या आदर न करनेवाला, अहितकारी; **Inhospitableness** (-नेस्) -*n.* want of hospitality. आतिथ्य-विमुखता; **Inhospitably** (-टेब्-लि)-*adv.* unkindly to strangers. आतिथ्य-विमुखता से।

Inhospitality-इन्-हॉस्पि-टॉ-लि-टि-*n.* want of hospitality. अतिथि का असत्कार अथवा अनादर।

Inhuman-इन् - ह्यू' - मन् - *adj.* brutal, cruel, unfeeling, barbarous. क्रूर, निर्दय (निष्ठुर), कठोर हृदय; **Inhumanity** (-मॅन्'- इ-टि) -*n.* cruelty, brutality. निर्दयता; **Inhumanly** (-लि)-*adv.* in a cruel manner. कठोरता से।

Inhumation-इन्-ह्यू-मे'-शन्-*n.* act of burying in the ground. भूमि में गाड़ने का कार्य।

Inhume-इन् - ह्यूम्' -*v. t.* to bury in the ground. पृथ्वी में गाड़ना।

Inimical-इनिमिकल्-*adj.* harmful, unfriendly. प्रतिकूल, विरोधी; **Inimically** (-लि)-*adv.* in an inimical manner. शत्रुभाव (विरोध) से।

Inimitable-इन्-इमि - टे - बल्-*adj.* one which defiesimitation. अनुपम, अननुकरणीय, अद्वितीय; **Inimitableness** (-नेस्)-*n.*that which cannot be imitated. अद्वितीय, अननुकरणीयता; **Inimitably** (-लि)-*adv.* in an inimitable manner. अनुपमता से, अनुकरण न करने योग्य ढङ्ग से।

Iniquitous-इन्-इक्' - क्वि-टस् - *adj.* wicked,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

unjust. पापी, अधर्मी, **Iniquitously**(-लि) - *adv.* in an unjust manner. अन्याय से, अधर्म से।

Iniquity - इन् - इ- क्वि- टि - *n.* wickedness. unrighteousness, utter injustice. दुराचार, अधर्म, अन्याय।

Initial-इ-निश्-ल्-*adj.* & *n.* original, occurring at the beginning; (*pl.*) first letters of a person's name. प्राथमिक, आदि का, मनुष्य के नाम के आदि के अक्षर ;-*v. t.*(*p. t.* **Initialled.**) to make initials. हस्ताक्षर करना; **Initially** (-लि) -*adv.* in the first place. प्राथमिक अवस्था में।

Initiate, Initiated-इ-निशि-ऍट्, (-ऍड्)-*v. t.* to begin or originate, to admit with introductory rites, to perform the first office. प्रारम्भ करना, अभिमन्त्रित करना, प्रथम संस्कार करना; **Initiated** (-ऍड्)-*adj.* admitted into a new society. दीक्षा लिया हुआ।

Initiation - इ -निशि- ए' - शन् -*n.* the act of initiating. दीक्षा-संस्कार।

Initiative- इ- निशि - ऍ- टिव् -*adj.* serving to initiate, introductory. आरम्भिक; -*n.* an introductory step. सूत्रपात, प्रारम्भ।

Initiatory-इ- निशि- ऍ-टरि -*adj.* introductory. प्रारम्भिक, आरम्भ का।

Inject-इन्-जेक्ट्'-*v. t.* to force medicine into the body by means of a syringe. पिचकारी द्वारा शरीर में औषधि चढ़ाना।

Injection-इन्-जेक्शन् -*n.* the act of injecting. पिचकारी द्वारा औषधि चढ़ाने की विधि।

Injudicious-इन्'-जु-डि'-शस् -*adj.* unwise, ill-judged. अविवेकी, विचारशून्य; **Injudiciously** (-लि) -*adv.* without judgement. विचार-हीनता से।

Injunction- इन्- जङ्क्'- शन् -*n.* authoritative order, command, direction, legal writ. आज्ञा, निदेश, निषेधाज्ञा; **Sacred injunction** (order of the sacred books.) शास्त्र की आज्ञा।

Injure- इन्ज्योर्'-*v. t.* to do harm, to hurt, to damage. पीड़ा (दुःख) देना, हानि पहुँचाना; **Injured** (-इ) *adj.* offended, troubled. पीड़ा प्राप्त, व्यथित।

Injurious- इन् - जूरि - अस् - *adj.* tending to injure.पीड़ाकर, हानिकारक; **Injuriously**(-लि) *adv.* in an injurious manner. हानि पहुँचाते हुए।

Injury-इन्- जूरि' -*n.* damage, wrong done to some one. हानि, क्षति, अपकार।

Injustice- इन् - जस्- टिस् -*n.* lack of equity, unjust act, wrong. अन्याय, अधम, अनीति।

Ink- इङ्क् -*n.* a coloured fluid for writing with pen or for printing. रोशनाई, स्याही; -*v. i.* to blacken with ink. रोशनाई लगाना; **Inker** (-अर्)-*n.* that which applies ink. रोशनाई लगानेवाला; **Inkless** (-लेस्) -*adj* without ink. बिना रोशनाई का; **Ink-pad** (a pad for stamping.) रबर की मुहर छापने की रोशनाई की गद्दी; **Inkstand** (inkholder.) रोशनाई रखने का पात्र, मसिपात्र, दावात; **Inkwell** (an inkstand.) मसिपात्र, दावात; **Inky** (-इ) -*adj.* consisting of ink. रोशनाई पोता हुआ।

Inkling-इङ्क्'-लिङ्ग् -*n.* a hint, a whisper. संकेत, कानाफुसकी।

Inland- इन्- लॅन्ड् - *adj.* of the interior of a country. देश के भीतरी भाग का, अन्तर्देशीय; -*adv.* in or towards the land. देश में, देश की ओर;-*n.* the interior. भीतरी भाग; **Inlander** (-अर्)-*n.* one who lives inland. मध्य देशवासी।

Inlay-इन्-ले'-*v. t.* (*p. t.* **Inlaid.**) to embed one thing into another, to ornament in this way. जड़ना, पच्चीकारी करना; -*n.* (इन्'-ले) an inlaid work. पच्चीकारी किया हुआ काम।

Inlet-इन्'- लेट्-*n.* an opening, an entrance, a piece inserted, a creek, a small bay or arm of sea. द्वार, प्रवेश मार्ग, जमाया हुआ टुकड़ा, समुद्र की एक शाखा, खाड़ी।

Inly-इन्'-लि-*adj.*inwardly, in the heart. भीतरी ओर, हृदय में।

Inlying-इन्'- लाइङ्ग् -*adj.* lying inside. भीतर की ओर, पड़ा हुआ।

Inmate-इन्'- मेट् -*n.* one who occupies or resides in a house, an occupant. निवासी, घर में रहनेवाला।

Inmost- इन्'- मोस्ट् -*adj.* most inward, most intimate. सबसे भीतरी, अति प्रिय।

Inn- इन् -*n.* a tavern, a hotel, a lodging-place for travellers. पथ का आवास, सराय, पथिकों के लिये आश्रम ; **Innkeeper** - *n.* (a tavern-keeper.) भठियारा; **Inns of Court** (incorporate) societies of lawyers in London.) लंदन के वकीलों का समाज या संघ।

Innate - इन्-नेट्' -*adj.* inborn, natural. सहज, स्वाभाविक; **Innately** (-लि)-*adv.* in an innate manner. स्वभाव से; **Innateness** (-नेस्) -*n.* the quality of being innate. स्वाभाविकता।

Innavigable- इन्- नॉ- विगेबल् -*adj.* not navigable. नाव के लिए अगम्य, जिस नदी, झील इत्यादि में नाव न चल सके।

Inner-इ-नर्-*adj.* internal, interior, at bottom, obscure. अन्तरस्थ, सबसे भीतर का, गुप्त; **Inner apartments** (the apartments within a house.) अन्तर्गृह, जनानखाना; **The inner**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

man (the soul in man, knowledge. मनुष्य की अन्तरात्मा, बुद्धि, ज्ञान ।

Innermost, Inmost- इ-नर्- मोस्ट्, इन्' -मोस्ट् -*adjs. sup. deg.* farthest inward. सबसे भीतर का।

Innervate - इनर्'-वे-ट्-*v. t.* to supplant with nerve force, to stimulate. स्नायु-शक्ति उत्पन्न करना, उत्तेजित करना ।

Innervation-इनर्'-वे-शन् -*n.* a nervous influence. स्नायु-शक्ति का प्रभाव ।

Inning-इ-निङ्ग् -*n.* a team's turn of batting (by either party) in a cricket match, in gathering of grains. क्रिकेट में किसी ओर का एक बारी का खेल, शस्य-संग्रह ; -*n. pl.* land reclaimed from the sea. सागर से प्राप्त भूमि ।

Innocence- इ- नो-सन्स् , **Innocency** (-सि) -*ns.* harmlessness, perfect moral, purity. निर्दोषता, पवित्रता ।

Innocent- इ- नो- सेन्ट् -*adj.* free from guilt, sinless, guiltless, harmless. निष्कलङ्क, निर्दोष, निरपराध, निष्कपट; **Innocently** (-लि) -*adv.* in an innocent manner. निरपराध ढंग से ।

Innocuity-इ-नॉ-क्यु-इटि-*n.* the quality of being harmless or sinless. साधुता, सज्जनता, अद्रोह ।

Innocuous- इ -नॉ-क्यु- अस् -*adj.* harmless in effect. अनुपद्रवी, सीधा ।

Innominate- इ- नॉ- मि- नेट् - *adj.* without a name. बिना नाम का ।

Innovate- इ-नो- वे-ट् '-*v. i.* to make a change by introducing a novelty. नया सम्प्रदाय स्थापित करना ।

Innovation -इ- नो- वे-'-शन् -*n.* a change in established methods. नवीन प्रवर्तन, नई पद्धति ।

Innovator-इ-नो-वे-'-टर्-*n.* one who introduces a new change. नई रीति चलानेवाला ।

Innoxious- इन्-ऑक्शस् -*adj.* pure, harmless. शुद्ध, निर्दोष ; **Innoxiously** (-लि) - *adv.* harmlessly. बिना द्रोह या उपद्रव के; **Innoxiousness** (-नेस्)-*n.*harmlessness. अनुपकारिता ।

Innuendo- इन्यु-ऍन्डो-*n.* (*pl.* **Innuendoes.**) a side-hint, allusive remark, indirect intimation or reference. वक्रोक्ति, व्यङ्ग, अप्रत्यक्ष सूचना या सन्दर्भ ।

Innumerable- इन्-न्यू- म-रे- बुल्-*adj.* countless, numberless. असंख्य, अनन्त, अनगिनती ।

Innutrition-इन्-न्यु-ट्रिशन्-*n.* lack of nutrition. पोषण का अभाव; **Innutritious** (-ट्रि-शस्) *adj.* not nutritious. पोषण करने में असमर्थ ।

Inobservance- इन्'- ॲब्-ज़्-अर्व्'-ऍन्स्-*n.* want of observance. ध्यान हीनता, उपेक्षा ।

Inoculate-इ-नॉ- क्यू'-यू-लट्-*v. t.* to impregnate germs of disease in a person, to implant. किसी रोग का टीका लगाना, बैठाना; **Inoculation** (ले- '-शन्) -*n.* सञ्चारण, किसी रोग का टीका; **Inoculative** (-इव्) -*adj.* टीका लगाने के सम्बन्ध का; **Inoculator** (-ले '-टर्) -*n.* one who inoculates. टीका लगानेवाला ।

Inodorous- इन् - ओ'- डर्-स्- *adj.* having no odour, scentless. निर्गन्ध, गन्धहीन, बिना गन्ध का ।

Inoffensive- इन् - ॲफ़ेन्सिव् -*adj.* not offending or objectionable, harmless. अबाधक, निरपराध (निर्दोष), पीड़ा न देनेवाला; **Inoffensively** (-लि)-*adv.* in an inoffensive way. पीड़ा न देनेवाले ढंग से; **Inoffensiveness** (-नेस्) -*n.* harmlessness. निर्दोषता ।

Inofficial- इन्'- ऑ-फ़िशल्-*adj.* without usual forms of authority. बिना अधिकार का; अनधिकारिक ; **Inofficially** (- लि) - *adv.* unofficially. बिना अधिकार के ।

Inofficious- इन्- ॲफ़िशस् -*adj.* not officious, contrary to moral duty. अनैतिक, नीति-विरुद्ध ।

Inoperative-इन्-ऑ-परे '-टिव्-*adj.* not operative, producing no effect. अकार्य-साधक ।

Inopportune- इन्-ऑ- पर्चू - न्- *adj.* inconvenient, unseasonable. असामयिक, अकालिक, कुसमय का; **Inopportunely** (- लि) -*adv* untimely, unseasonably. अकाल में, कुसमय में; **Inopportuneness** (-नेस्) -*n.* untimeliness. असमय, अनवसर ।

Inopulent-इन्-ऑप्यु-लेन्ट् -*adj.* unwealthy, not rich. धनहीन, दरिद्र ।

Inordinate- इन् - ऑर्डिनेट्- *adj.* immoderate, excessive, disorderly. अमर्यादित, अपरिमित (बेहद), अस्त-व्यस्त; **Inordinately** (-लि) -*adv.* in an excessive manner. अत्यधिक रूप में; **Inordination** (-ने '-शन्), **Inordinateness** (-नेस्) -*ns.* excessiveness. अत्यधिकता ।

Inorganic- इन्- ऑर्- गन्'-इक्-*adj.* having no organic structure. निर्जीव, अप्राणी; **Inorganic Chemistry** (Chemistry of mineral substances.) धातु इत्यादि सम्बन्धी रसायन शास्त्र; **Inorganically** (-इ- क- लि) - *adv.* without organs. बिना अङ्ग के ।

Inorganization- इन्-ऑर्गनाइज़ेशन् -*n.* lack of organization. संविधान (रचना) हीनता ।

Inornate- इन्- ऑर्न्- एट् - *adj.* not elaborate. अविस्तृत ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Inosculate-इन्-ऑस्'-क्यू - लेट्'-*v. i. & t.* to join or unite closely, to be interwoven. जोड़ना (मिलाना), गुथा होना; **Inosculation** (-लेशन्) -*n.* union. जोड़, मिलाव ।

Inpouring-इन्'-पो - रिङ्ग् - *adj.* pouring in. भीतर की ओर गिरता हुआ ।

Inquest-इन्' - क्वेस्ट्'-*n.* a legal or judicial inquiry into a matter. अन्वेषण, देखभाल (तहक़ीक़ात) ।

Inquietude-इन् - क्वाइ - ऍ - ट्यूड्-*n.* want of mental or bodily rest. मानसिक या शारीरिक शान्ति का अभाव ।

Inquire, Enquire-इन्-क्वायर्', ऍन्-क्वायर्-*v. t. & i.* to make a search into, to ask for, to examine. अन्वेषण करना, पूछना, जाँचना ।

Inquirer-इन्-क्वायरर्-*n.* one who makes an inquiry. पूछने या जाँचनेवाला ।

Inquiringly-इन्-क्वायरिङ्ग्-लि-*adv.* by way of inquiry. पूछते या जाँचते हुए ।

Inquiry, Enquiry-इन् -क्वाइ'-रि, ऍन्-क्वाइ'-रि -*ns.* asking, investigation, research. पूछ-ताछ, देखरेख, जाँच-पड़ताल, अन्वेषण ।

Inquisition - इन्' - क्वि - जिशन् -*n.* a search, an inquiry, inquest, an investigation. खोज, अन्वेषण, जाँच, तहक़ीक़ात; **Inquisitional**(-अल्) -*adj.* pertaining to inquiry. जाँच सम्बन्धी ।

Inquisitive-इन्-क्विज़ि - टिव् - *adj.* inquiring, curious. जिज्ञासु (जानने की इच्छा करनेवाला), कुतूहली; **Inquisitively** (-लि) -*adv.* in an inquisitive manner. कुतूहल से, जिज्ञासापूर्वक; **Inquisitiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being inquisitive. जिज्ञासा, कुतूहल ।

Inquisitor-इन् - क्विज़िटर्-*n.* an investigator. जाँच करनेवाला ।

Inquisitorial-इन्-क्विज़ि - टोरिअल्-*adj.* pertaining to inquiry. जाँच या तहक़ीक़ात सम्बन्धी; **Inquisitorially** (-लि) -*adv.* in the manner of an inquisitor. तहक़ीक़ात करते हुए ढंग से ।

Inrail-इन् - रेल्' - *v. t.* to enclose with rails. रेलिंग लगाकर बन्द करना ।

Inroad - इन् - रोड् - *n.* an encroachment, a raid, an attack. अतिक्रमण, धावा, आक्रमण ।

Inrush-इन्' - रश्-*n.* a rushing in or inflow. भीतर की ओर तीव्र बहाव ।

Insalivate-इन् - सॉलिवेट् - *v. t.* to mix food with saliva. भोजन को लार (थूक) से मिलाना; **Insalivation** (-वे-शन्) -*n.* the mixing of saliva with food. लार से मिलाने की क्रिया ।

Insalubrious-इन्'-सॉ - ल्यू' - ब्रि-अस्-*adj.* unwholesome, unhealthy अस्वास्थ्यकर, अस्वस्थ ।

Insalubrity-इन्-साल्' - यू - ब्रि-टि-*n.* want of salubrity. अस्वास्थ्य, अनारोग्य ।

Insane-इन् - सेन्' - *adj.* deranged in mind. भ्रान्तचित्त, विह्वल, पागल; **Insanely** (-लि) -*adv.* in an insane manner. पागलपन से; **Insaneness** (-नेस्) -*n.* insanity. उन्माद, पागलपन ।

Insanitary - इन् - सॉ - निट-रि-*adj.* unhealthy. अस्वास्थ्यकर, आरोग्य के लिये हानिकर ।

Insanity-इन्-सॉ - नि-टि - *n.* derangement of mind. उन्माद, पागलपन ।

Insatiability-इन्-से'-श्य-बिलिटि-*n.* the quality of being greedy. अति लोलुपता; **Insatiably** (-ऍब्-लि) -*adv.* with greediness. असन्तोष से ।

Insatiable-इन्-से'-श्य-ब्ल-*adj.* not to be satisfied, very greedy. न सन्तुष्ट करने योग्य, अति लोलुप (लालची) ।

Insatiate-इन्-से' - शि - एट्-*adj.* never satisfied. असन्तुष्ट, अतृप्त ।

Inscribable-इन्-स्क्राइ-बे - ब्ल् -*adj.* that may be inscribed. लिखने योग्य ।

Inscribe-इन्-स्क्राइब्'-*v. t.* to write, to enter in a list, to engrave, to make, to draw a figure within another. लिखना, सूची में भरना, नकाशी बनाना, रेखागणित में एक आकृति के भीतर दूसरी बनाना; **Inscribed** (-इ) - *adj.* imprinted, engraved, drawn inside. अङ्कित किया हुआ, खोदा हुआ, अन्तगताङ्कित ।

Inscription-इन् - स्क्रिप्शन् - *n.* something inscribed or engraved. लेख, शिलालेख; **Inscriptional** (-अल्), **Inscriptive** (-स्क्रिप्-टिव्) -*adjs.* pertaining to inscription. शिलालेख-सम्बन्धी ।

Inscrutability-see **Inscrutable.**

Inscrutable-इन् -स्क्रू'-टे-बल्-*adj.* that cannot be penetrated, mysterious. अप्रवेश्य, अगाध, दुर्बोध; **Inscrutability** (-बिलि-टि), **Inscrutableness** (- नेस्)-*ns.* the quality of being inscrutable. दुर्ग्राह्यता, अगाधता; **Inscrutably** (-टेब्-लि)-*adv.* in an inscrutable or mysterious manner. परम गहनता से ।

Insect-इन्सेक्ट्-*n.* a small invertebrate creeping or flying animal, an insignificant creature. कृमि, कीड़ा-मकोड़ा, तुच्छ प्राणी; **Insect powder** (a dry powder which is used for killing fleas and other insects.) कीड़े-मकोड़ों को मारने की बुकनी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Insectarium-इन्-सें - क्टेरिअम् -*n.* a place for keeping insects. कीड़े-मकोड़ों को पालने का स्थान।

Insecticide-इन्-सें क्टि - साइड् -*n.* killing of insects. कृमिहत्या।

Insectivorous-इन्सें क्टिव्रॅरस् -*adj.* insect eating. कीट-भोजी।

Insectology-इन्-सेंक्टॅलॅजि-*n.* the science of insects. कृमिशास्त्र।

Insecure-इन्सिक्योर्-*adj.* not secure, unsafe, liable to give way. असुरक्षित, नमनशील।

Insecurity-इन्सिक्योरिटि-*n.* fear, danger, uncertainty. भय, संकट, विपत्ति, संशय, अनिश्चितता।

Inseminate-इन्-सेंमि-नेट्-*v. t.* to sow seeds. बीज बोना; **Insemination** (-नें'-शन्)-*n.* the act of sowing seeds. बुवाई, बीज बोने का कार्य।

Insensate-इन् - सेंन् - सेट् - *adj.* destitute of sense. ज्ञानशून्य, ज्ञानरहित।

Insensibility-इन् - सें न्सिबिलिटि - *n.* lack of feeling, stupidity, inconsciousness. अचेतनता, अज्ञानता, जड़ता, मूर्छा।

Insensible-इन्-सें न्सि-बल्-*adj.* without sensor feeling. चेतनाहीन (मूर्छित), अचेत।

Insensibly-इन् - सें न्सिब्-लि - *adv.* imperceptibly. अलक्ष्य रूप में।

Insensitive-इन्-सें-न्सि - टिव् - *adj.* not sensitive. अचेतन, स्पर्श का अनुभव न रखनेवाला; **Insensitiveness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being insensitive. चेतना-शून्यता।

Insentient - इन् - सेंन्श्यन्ट्-*adj.* lifeless. प्राणहीन, जीवरहित।

Inseparability-see **Inseparable.**

Inseparable-इन्-सेंपरें - बल् -*adj.* that cannot be separated. अविभेद्य, पृथक् न करने योग्य; **Inseparability** (-बिलि-टि), **Inseparableness** (-नेंस्)-*ns.* the quality of being inseparable. अपृथक्त्व; **Inseparably** (-ऍब्-लि) -*adv.* in an inseparable manner. अपृथक् रूप में या ढंग से।

Insert-इन्सर्ट्-*v. t.* to place or fit one thing into another, to introduce into, to thrust in. एक पदार्थ में दूसरा बैठाना, भरना।

Insertion-इन्-सर्शन्-*n.* a thing inserted, an ornamental needle work inserted into another material. प्रवेशन, जोड़, गोटा-किनारी इत्यादि लगाना।

Inset - इन्' - सेंट्-*n.* the extra pages or a map inserted in a book. अधिक पृष्ठ अथवा नक़्शा जो पुस्तक में जुड़े हों; -*v. t.* (*p. t.* **Insetted.**) to infix or implant. इस प्रकार पृष्ठ लगाना।

Latency-लेॅ'टेॅन्सि-*n.* the state of being latent. अप्रसन्नता, अदृश्यता।

Latent-लेॅ'-टेॅन्ट्-*adj.* hidden, not manifest. गुप्त (अप्रत्यक्ष), छिपा हुआ, भीतरी; **Latent disease** (an internal disease of the body.) शरीर का अन्तर्गत या गुप्त रोग।

Latently-(लेॅ'-टेॅन्ट्-लि)-*adv.* in a latent manner. गुप्त भाव से, गुप्त रूप से।

Later-लेॅ'-टर्-*adj.* subsequent. उत्तर काल का, बाद का।

Lateral-लॉ'-टरल् - *adj.* towards the side, from the side. पार्श्व भाग का, बगल का।

Laterally (-लि)-*adv.* in a lateral manner. पार्श्व भाग (किनारे) में।

Latex-लेॅ'-टेॅक्स्-*n.* a milky juice of plants. पौधों का दूध या रस।

Lath-लॉथ् -*n.* a long thin and narrow piece of wood. तख्ते की चीर या पट्टी; - *v. t.* to cover with laths. ऐसी पट्टी लगाना; **Lathy** (-इ)-*adj.* like a lath. लम्बा, पतला।

Lathe-लेॅद् -*n.* a machine for turning metal or wood. चक्रयन्त्र, खराद; **Lathe-carrier** (a contrivance of fixing the object to be turned.) खराद में पदार्थ जमाने का साधन।

Lathe.

Lather-लॉदर् -*n.* froth made by soap and water. साबुन का फेन; -*v. t.* to spread over with lather. फेन से भरना, फेनदार बनाना; **Lathering** (-इङ्ग्) -*n.* foam. फेन; **Lathery** (-इ)-*adj.* frothy. फेनदार, झागदार।

Lathy-लॉथि-*adj.* see **Lath.**

Latin-लॉटिन् - *adj. & n.* pertaining to the ancient Romans, the old Roman language. प्राचीन रोमन-सम्बन्धी, इनकी भाषा।

Latitude-लॉटि-ट्यूड् -*n.* breadth, full extent, liberality, an angular distance from the equator. चौड़ाई, विस्तार, उदारता, अक्ष-रेखा; **Degree of latitude.** अक्षांश; **Latitude of a planet.** नक्षत्र का भोगांश।

Latitudinal-लॉट्'-इ-ट्यू'-डि-नल्-*adj.* pertaining to latitude. अक्षांश-सम्बन्धी।

Latitudinarian-लॉट्-इ -ट्यू'-डि-नेॅ रिअन्- *n.* a person who holds liberal views in religion. धर्म में उदार मत रखनेवाला ; **Latitudinarianism** (-इज़्म्) -*n.* freedom of theological opinion. धार्मिक विचारों की स्वतन्त्रता।

Latitudinous-लॉट्'-इ- ट्यूड्'-इ -नस् - *adj.* of large extent. विस्तारवाला, महत्, सुविस्तृत।

Latrine-लॉ-ट्रीन्'- a privy or water-closet. पायखाना, टट्टी, सण्डास।

Latry-लॉ-ट्रि-*suf.* in sense of 'worship' 'पूजन' अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला प्रत्यय, यथा-**Idolatry** इत्यादि।

Latter-लॉ-टर्-*adj.* belonging to the end, second mentioned (opposite to **Former.**) पिछला, हाल का, उपर्युक्त; **Former and latter.** पूर्वापर।

Latterly-लॉटर्लि-*adv.* in time not long past, lately, at last. थोड़े काल में, हाल में, अन्त में।

Lattice-लॉ-टिस्-*n.* an interlaced work of wood or metal made by intercrossing bars. लकड़ी या धातु की जाली, झँझरी, जालमार्ग; **Latticed** (-इ) -*adj.* furnished with a lattice. जालीदार बना हुआ।



Lattice.

Laud-लॉड्-*n.* praise, hymn, eulogy. प्रशंसा, स्तुति;-*v. t.* to praise, to celebrate. प्रशंसा करना, स्तुति करना।

Laudability-लॉडेॅबिलिटि - *n.* the quality of being laudable. प्रशंसनीयता।

Laudable - लॉडेॅ - बूल् - *adj.* commendable, praiseworthy. स्तुतियोग्य, सराहने योग्य।

Laudably-लॉडेॅ-ब्-लि-*adv.* in a laudable or praiseworthy manner. प्रशंसा करते हुए, स्तुति योग्य ढंग से।

Laudanum-लॉडेॅनम्-*n.* tincture of opium. अफ़ीम का सत्व।

Laudation-लॉ-डेॅ-शन्-*n.* praise. प्रशंसा, स्तुति।

Laudative-लॉ-डेॅ'-टिव्, **Laudatory**-लॉडेॅटरि -*adjs.* praiseworthy. प्रशंसनीय, स्तुतिपूर्ण।

Laudator-लॉ-डेॅ'-टर् - *n.* one who praises. प्रशंसक (स्तुति करनेवाला)।

Laugh-लाफ् -*v. i. & t.* to make sounds and movements of face so as to express merriment, to ridicule. हँसना, मुस्कुराना, हँसी करना;-*n.* expression of mirth. हँसी, मुस्कुराहट; **To laugh at** (to ridicule.) हँसी उड़ाना; **To laugh away** (to dismiss a subject with a laugh.) हँसी में किसी विषय को उड़ा देना; **To laugh down** (to silence with laughter.) हँस करके चुप करा देना; **To laugh in one's sleeve** (to be secretly

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

amused.) गुप्त रूप से मनोविनोद करना; **To laugh off** (to end in laughter.) हँसी में समाप्त करना ; **To laugh over** (to discuss with laughter.) हँसी में शास्त्रार्थ करना; **To laugh violently** (to laugh in a boisterous manner.) ठहाका मारकर या खिलखिलाकर हँसना।

Laughable-लाफ़्ॅ-ब्ल् -*adj.* ludicrous. हँसने या हँसाने योग्य।

Laughably-लाफ़्-ऍ'-ब्-लि-*adv.* with laughter, so as to excite laughter. हँसी के साथ, हँसानेवाले ढंग से।

Laugher-लाफ़र् - *n.* one who is fond of merriment, one who laughs, a breed of pigeon with a laughing note. मसखरा, हँसनेवाला व्यक्ति, हँसी की तरह बोलनेवाला कबूतर।

Laughing-लाफ़्'-इङ्ग्, **Laughter** (-टर्) -*ns.* convulsive merriment. हँसी, खिलखिलाहट; **It is not a laughing matter** (it is a serious matter.) यह गम्भीर विषय है।

Laughing-stock-लाफ़्' - इङ्ग् - स्टॉक्'-*n.* an object of ridicule. हँसी का पात्र।

Launch-लॉन्च्-*v. t. & i.* to discharge, to send forth, to spend money freely, to start off, to go on an enterprise, to go forth, to move in water. छोड़ना, फेंकना, धन उड़ाना, प्रस्थान करना, साहसिक कार्य में लगना, पानी में खिसकना;-*n.* the act of putting a vessel into the sea, the largest boat of a man-of-war. नये जहाज़ या नाव को पानी में उतारना, लड़ाई के जहाज़ की सबसे बड़ी नाव।

Launderer-लॉण्डरर्-*n.* a washerman. धोबी ; **Laundress** (-ड्रॅस्) - *n. fem.* a washerwoman. धोबिन।

Laundry-लॉन्-ड्रि-*n.* a place or room where clothes are washed. कपड़ा धोने का स्थान या घर।

Laureate-लॉ'-रि-ऍ-ट्-*adj. & n.* one who is decked with laurel, worthy of laurels. लारेल की पत्तियों से सुशोभित, हार पहिने हुए ; **Poet-laureate** (a writer of verses appointed by a king.) राजकवि; **Laureateship** (-शिप्) -*n.* the office of a laureate. राजकवि का पद।

Laurel-लॉ'-रॅल् - *n.* a kind of shrub with glossy leaves. चमकदार पत्तियोंवाला एक पौधा; -*v. t.* (*p. t.* **Laurelled.**) to decorate with laurel. इन पत्तियों से सजाना; **To win laurels** (to acquire renown.) यश प्राप्त करना।

Lava-ला'-व्ा-*n.* the melted matter flowing from a volcano. ज्वालामुखी पर्वत में से निकलनेवाला पिघला हुआ पदार्थ, भूराल।

Lavabo-लॉ-व्ॅ'-बो-*n.* washing of hands before religious rites. पूजन करने के पूर्व हाथ धोना।

Lavation-लॉ-व्ॅ'-शन् -*n.* the washing of hands. हाथ धोना।

Lavatory-लॉ-व्ॅटर्-इ-*n.* a place for washing hands and face. हाथ-मुँह धोने की जगह।

Lave-लॅव्-*v. t.* to bathe, to wash, to flow out. नहलाना, धुलाना, बहाना।

Lavement-लॅव्'-मॅन्ट्-*n.* injection. वस्ति, पिचकारी देना।

Lavender-लॅव्ॅन्डर्-*n.* a shrub with aromatic leaves and flowers, a pale-lilac colour. एक सुगन्धित पौधा, हलका पीला रंग;-*v. t.* to perfume clothes &c. with lavender leaves इसकी पत्तियों से वस्त्रों को सुगन्धित करना।

Laver-लॅ-व्र्-*n.* a vessel used for ablution. प्रक्षालन, (धोने का) पात्र।

Lavish-लॅव्ॅिश्-*adj.* profuse, extravagant, prodigal, wasteful. अतिव्ययी, खर्चीला, उड़ाऊ; -*v. t.* to waste money, to squander. अपरिमित व्यय करना, व्यर्थ खर्च करना (उड़ाना); **Lavisher** (-अर्)-*n.* one who is prodigal. अतिव्ययी (खर्चीला); **Lavishly** (-लि)-*adv.* in a prodigal manner. अपरिमित व्यय से; **Lavishment** (मॅन्ट्), **Lavishness** (-नॅस्)-*ns.* profusion, prodigality. अतिव्यय, उड़ाऊपन।

Law-लॉ-*n.* enacted rule recognized by a community, influence of such a rule, a statute, regulating principle. धर्मशास्त्र, स्मृति (आचार), व्यवहारविधि, कानून (सिद्धान्त); **Code of laws** (statutes.) धर्मशास्त्र; **Criminal laws** (laws relating to crimes.) दण्डनीति ; **Law-book** (a book on recognized laws.) धर्मशास्त्र की पुस्तक; **Law-breaker** (-ब्रेकर्) -*n.* one who violates the laws. नियम तोड़ने वाला; **Law-giver** (one who makes laws.) शास्त्रकार, नियम बनानेवाला; **Lawsuit** (an action in law.) नालिश, मुकदमा, अभियोग; **Natural laws** (laws of nature.) प्राकृतिक नियम; **To go to law** (to file a suit in a law-court.) मुकदमा दायर करना; **To take the law into one's own hands** (to redress wrongs by force.) शक्ति द्वारा बुराइयों या अत्याचारों को दूर करना; **Versed in law** (proficient in laws.) धर्मशास्त्र में दक्ष।

Lawful-लॉ-फ़ुल्-*adj.* legitimate, permitted by law, rightful. शास्त्रोक्त, धर्मसम्मत, जाब्ते का; **Lawfully** (-लि)-*adv.* in a lawful manner.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

न्यायानुसार, धर्म से; **Lawfulness**(-नेस्)-*n.* the quality of being lawful. न्याय्यता, जाब्तगी।

Lawk, Lawks-लॉक्, (-स्)-*interj.* denoting surprise. आश्चर्य-सूचक अव्यय।

Lawless-लॉ'-लेस्-*adj.* regardless of law, disobedient, licentious. धर्मविरुद्ध (अधर्मी), आज्ञा न माननेवाला, व्यभिचारी; **Lawlessly** (-लि)-*adv.* in a lawless manner. अधर्म से; **Lawlessness** (-नेस्)-*n.* the state of being lawless. आचारभ्रष्टता, स्वेच्छाचार।

Lawn-लॉन्-*n.* grass-covered land, a kind of fine linen. घास का मैदान, एक प्रकार का महीन कपड़ा, बारीक मलमल; **Lawn-mower** (a machine for mowing lawn.) घास काटने का यन्त्र; **Lawn-tennis** (a game played with a ball and rackets on a lawn.) घास पर खेलने का एक प्रकार का गेंद का खेल।

Lawny-लॉ-नि-*adj.* covered with lawn. घास से पूर्ण (ढका हुआ)।

Lawyer-लॉ-यर्-*n.* one versed in law, a man of the legal profession. न्यायनिपुण (धर्मज्ञ), वकील, मुख्तार।

Lax-लॅक्स्-*adj.* loose, flabby, careless, vague, not compact. शिथिल, असावधान, अस्पष्ट;-*n.* slackness, looseness. ढीलापन।

Laxation-लॅक्सेशन् - *n.* state of being slackened. ढीलापन।

Laxative-लॅक्सेटिव्-*adj.* & *n.* tending to loosen the bowels. रेचक (मल को मुलायम करनेवाली) औषधि।

Laxity-लॅक्सि-टि, **Laxness** (-नेस्)-*ns.* looseness, inexactness. शिथिलता, अस्पष्टता, **Laxly** (-लि) -*adv.* in a lax or loose manner. शिथिलता से।

Lay-ले - *n.* (*pl.* Lays.) a short narrative poem, a song or ballad, job, pursuit. छोटा गायन, उद्देश्य, कार्य।

Lay-ले-*p. t.* of **Lie.** 'लाइ' क्रिया का भूतकाल का रूप, पड़ा था।

Lay-ले-*adj.* non-professional, pertaining to the ordinary people. सामान्य, साधारण (पुरोहित से भिन्न); **Lay-brother, Lay-sister** (one received into a convent under vows of celibacy and obedience.) धर्म की दीक्षा पाकर जो नर-नारी मठ में ब्रह्मचर्य और अनुशासन का जीवन बिताते हैं; **Lay-clerk** (one who reads the church service.) गिरजाघर में धर्म-पुस्तक पढ़नेवाला मनुष्य; **Layman** (-मॅन्) -*n.* one who is not proficient in any art or science. सामान्य मनुष्य जो किसी विद्या या कला में निपुण नहीं है, अविज्ञ या अननुभवी व्यक्ति।

Lay-ले-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Laid,** *p. p.* **Lain.**) to put down, to place in order, to prostrate, to deposit, to spread, to produce eggs, to place, to apply, to arrange, to bury.बैठाना, क्रम में रखना, दण्डवत् करना, जमा करना, फैलाना, अण्डा देना, रखना, लगाना, स्थापित करना, लक्ष्य करना, सजाना, गाड़ना; **To lay aside** (to discontinue.) रोक देना; **To lay away** (to put apart for future use.) भविष्य में काम आने के लिये अलग रख छोड़ना; **To lay bare** (to invent, to expose.) आविष्कार करना, स्पष्ट रखना; **To lay blame on** (to censure.) दोष लगाना; **To lay by** (to keep for future use, to put off.) भविष्य के लिये सञ्चित करना, अलग रखना; **To lay cloth.** कपड़ा फैलाना; **To lay down** (to place on ground.) पृथ्वी पर रखना; **To lay down arms** (to surrender, to relinquish.) आत्मसमर्पण करना, शत्रु के वशीभूत होना; **To lay down life** (to die.) प्राण त्यागना; **To lay hands on** (to seize.) अधिकार में करना ; **To lay in** (to store, to treasure.) सञ्चय करना; इकट्ठा करना; **To lay hold of** (to seize.) पकड़ना; **To lie in wait** (to lie in ambush.) घात में छिपा रहना; **To lay on** (to tax.) कर लगाना; **To lay open** (to make bare, to show, to expose.) उद्घाटन करना, खोलना; **To lay out** (to expand.) प्रचार करना, फैलाना; **To lay siege** (to besiege.) घेर लेना; **To lay trap** (to make contrivance for catching.) फन्दा लगाना; **To lay up** (to store.) इकट्ठा करना, बचाना; **To lay waste** (to devastate, to destroy.) नष्ट-भ्रष्ट करना, सत्यानाश करना।

Layer-ले - अर् - *n.* a stratum, bed, shoot embedded in earth. परत, तह, क्यारी, अँखुआ (दाब, टहनी); -*v. t.* to propagate by fastening shoots in earth. टहनी का दाब लगाकर पेड़ बढ़ाना।

Lay-figure-ले'-फ़िग्-अर्-*n.* a wooden figure or frame on which drapery &c. are hung, unreal character. मनुष्य की आकृति का ढाँचा जिसको दूकानदार वस्त्र पहिनाकर सजाते हैं, झूठा चरित्र।

Laying-ले'-इङ्ग्-*n.* the first coat of plaster, act or time of laying eggs, eggs laid, रंग का अस्तर, अंडा देने का कार्य या समय, दिये गये अंडे।

Lay-out-ले-आउट्-*n.* a plan, ground-plan निर्माण करने का खाका।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Lay-stall-ले' - स्टॉल्-*n.* a heap of dung, rubbish. कूड़ा-करकट।

Lazar-लॅज़र्-*n.* a diseased person, specially a leper. रोगी, कोढ़ी।

Lazaretto-लॅज़रेटो-*n.* (*pl.* **Lazarettos.**) a hospital for lepers. कोढ़ियों का अस्पताल।

Lazarus-लॅज़-रस्-*n.* a beggar, a poor man. भिक्षुक, दरिद्र मनुष्य।

Laze-लेज़्'-*v. i.* to spend time in laziness. आलस्य में समय नष्ट करना।

Lazuli-see **Lapis-lazuli.**

Lazily-ले-ज़ि'-लि - *adv.* in a lazy manner. मन्दता से, सुस्ती से; **Laziness** (-इ-नेस्)-*n.* indolence. आलस्य, मन्दता।

Lazy-ले - ज़ि - *adj.* (*comp.* **Lazier,** *sup.* **Laziest.**) indolent, idle, slothful, sluggish. आलसी, मन्द, अनुद्योगी; **Lazybed** (a bed of potatoes.) आलू इत्यादि की मेंड़ी; **Lazy-wheel** (the wheel between two revolving wheels &c.) यन्त्र में दो गतियुक्त पहियों के बीच का पहिया।

L'd-ल्ड्-*abbr.* for **'Would'.** 'वुड्' शब्द का छोटा रूप।

Lea-ली-*n.* a tract of grass-land, a meadow, a measure of yarn. चरागाह, सूत की लम्बाई की नाप।

Leach-लीच्-*v. t.* to make a liquid percolate through something, to wash by percolation. किसी पदार्थ में से तरल पदार्थ का रसकर टपकना।

Lead-लेड्-*n.* a heavy metal. सीसा, नाग(धातु); -*v. t.* to fit with lead, to widen space between printed lines. सीसा भरना या लगाना, छापे के बैठाये हुए टाइप के बीच में सीसे की पट्टी भरना; **An ounce of lead** (a gun-shot, a bullet.) बन्दूक की गोली; **Red lead** (oxide of lead.) सिन्दूर; **The lead** (pencil which is used for writing on paper.) काग़ज़ पर लिखने की पेन्सिल ; **White lead** (carbonate of lead.) सफ़ेदा।

Lead-लीड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Led.**) to direct, to conduct, to guide, to go first, to allure. माग दिखाना, अग्रसर होना, ले चलना, आगे जाना, ललचाना;-*n.* guidance, an example, precedence. नायकत्व,उदाहरण,अग्रगामिता; **To give a lead** (to encourage.) उत्साहित करना ; **To lead astray** (to tempt to sin.) बहकाना; **To lead away** (to induce to follow.) अनुसरण करने के लिये बाध्य करना; **To lead by the nose** (to induce to do a thing.) कोई व्यापार करने के लिये विवश करना; **To lead off** (to begin.) अगुआ होना; **To lead on** (to entice.) ललचाना; **To lead up to** (to introduce.) तैयार करना, प्रस्ताव करना।

Leadable-लीडे-बुल्-*adj.* able to be led. मार्ग प्रदर्शन योग्य।

Leader-लीडर्-*n.* one who leads, a guide, a conductor, the editorial article in a newspaper, anything to guide the eye. मार्गदर्शक, नायक (अग्रसर), अगुआ, समाचार-पत्र का शीर्षक लेख।

Leaderette-ली-डरेट्-*n.* a short leading article in a newspaper. समाचारपत्र में सम्पादक की छोटी टिप्पणी।

Leaderless-ली-डर् - लेस्-*adj.* devoid of a leader. बिना अगुआ का।

Leadership-ली डर्'-शिप-*n.* the office of a leader. नायकत्व।

Leading-लीडिङ्ग्-*adj. & n.* chief, important. (पुरोगामी) मुख्य, प्रधान ; **Leading article** (the editorial article in a newspaper.) समाचारपत्र का अग्रलेख ;**Leading case** (a case which serves as a precedent.) कानूनी नज़ीर; **Leading question** (a prompting question.) अभिलषित उत्तर लानेवाला प्रश्न; **Leading-strings** (guiding strings.)आलम्ब-सूत्र; **Leading to happiness** (promoting happiness.) आनन्ददायक, आनन्द बढ़ानेवाला।

Leaf-लीफ़्-*n.* (*pl.* **Leaves.**) thin extended part of a plant springing from a branch, a single thickness of a piece of folded paper, a very thin plate of metal. पत्ती, पत्ता, वर्क़, पन्नी; -*v. i.* to produce leaves. पत्तियाँ उत्पन्न होना; **Fall of the leaf** (the autumn.) पतझड़ की ऋतु ;**Gold-leaf**(very fine sheet of gold.) सोने का वर्क़; **Leaf of door** (side of a door.) किवाड़ का पल्ला; **To turn over a new leaf** (to adopt a fresh method.)नई विधि अपनाना।

Leafage - लीफेज़् - *n.* leaves collectively, foliage. पत्तियों का समुदाय।

Leafiness-लीफ़ि-नेस्-*n.* the state of being leafy. पत्तीपन।

Leafless-लीफ़्'-लेस्-*adj.* devoid of leaves. पत्ररहित, बिना पत्ती का।

Leaflet-लीफ़्'-लेट्-*n.* a young leaf, a small sheet of folded paper, a small pamphlet. छोटी पत्ती, पत्रक, छोटा पन्ना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Leafy-लीफ्'-इ-*adj.* full of leaves. पत्तीदार, पत्तियों से भरा हुआ।

League - लीग् - *n.* an alliance for mutual protection or assistance, a measure of three miles. सङ्घटन, सन्धि, तीन मील की नाप; **League of Nations** (a union of the representatives of the free states of the world established in 1919, for the prevention of war.) राष्ट्रसंघ जो सन् १९१९ में स्थापित हुआ था।

Leaguer-लीगर्-*n.* one who unites in a league, a camp of a besieging army, a siege, an ambassador. सङ्घटन का सहकारी, आक्रमणकारी सेना का पड़ाव, घेरा, आक्रमण, राजदूत; -*v. t.* to besiege. घेरना, हमला करना।

Leak-लीक्-*n.* a hole which permits a liquid to pass. सन्धि, छेद, दरार; -*v. i.* to let a liquid pass from a vessel. छेद में से रसना, टपकना; **Leaking of secret** (disclosing of secrets.) रहस्य का प्रकट हो जाना; **To leak out** (to escape privately.) छिपे हुए भाग जाना।

Leakage-लीकेज् -*n.* allowance made for leaking. टपक जाने की छूट।

Leaky-लीकि-*adj.* having leaks. रसने या टपकनेवाला।

Leal-लील्-*adj.* loyal, faithful, honest. राजभक्त, ईमानदार।

Lean-लीन्-*adj.* not plump or stout, thin, slender. क्षीण, दुर्बल, कृश; -*n.* the fleshy part. मांसल भाग; -*v. i. & t.* to bend, to incline for support, to support. झुकना, आश्रित होना, टेक लगाना, सहारा देना।

Leaning-ली - निङ्ग्-*n.* inclination. झुकाव, भरोसा।

Leanness-लीन्-नेस्-*n.* thinness. दुर्बलता।

Leap-लीप्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Leaped or Leapt.**) to jump, to spring, to cause to jump. कूदना, उछलना, कुदाना; -*n.* a jump or bounce. उछाल, कुदान; **By leaps and bounds** (with great speed.) बड़ी तेजी के साथ; **To leap in the dark** (to do an adventurous act.) साहस का कार्य करना।

Leapingly-ली-पिङ्ग्-लि-*adv.* by leaps. कूदते हुए, उछलते हुए।

Learn-लर्न्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Learned or Learnt.**) to gain knowledge or skill, to acquire knowledge, to teach, to become aware of. ज्ञान प्राप्त करना, सीखना, पढ़ाना, मालूम होना; **To learn by heart** (to commit to memory.) कण्ठस्थ करना, रटना।

Learnable-लर्नेबल्-*adj.* that may be learnt. जानने या सीखने योग्य।

Learned-लर्नेड् - *adj.* deeply read, much informed, skilful. पढ़ा-लिखा, विद्वान्, पण्डित।

Learnedly-लर् - नेड् - लि-*adv.* in a learned manner. विद्वत्ता से।

Learner-लर्नर्-*n.* one who is learning. छात्र विद्यार्थी।

Learning-लर्निङ्ग् -*n.* knowledge, skill, scholarship. विद्या, ज्ञान, पाण्डित्य; **Sacred learning** (holy texts.) श्रुति, वेद।

Lease-लीस्-*n.* the contract of a house or land for a limited period on a fixed rent. पट्टा; -*v. t.* to let or hold on lease. पट्टा देना।

Lease-holder-लीस्'-होल्डर्-*n.* a tenant under a lease. पट्टेदार।

Leash-लीश्-*n.* a thong or band for tying hounds. शिकारी कुत्तों के बाँधने का चमड़े का पट्टा; -*v. t.* to connect. जोड़ना, बाँधना; **To hold in leash** (to bring under control.) अधीन करना।

Least-लीस्ट् - *adj.* smallest. सबसे छोटा; **At least once** (at the lowest once.) कम से कम एक बार; **In the least** (in the smallest degree.) किंचित् मात्र भी, थोड़ा भी।

Leat-लीट्-*n.* a water course for driving a mill. पनचक्की चलाने के लिये बनाया हुआ जलमार्ग।

Leather-लेदर्-*n.* a prepared and tanned skin of an animal. कमाया हुआ चमड़ा; -*pl.* leggings or breeches. (ब० व०) पैर में बाँधने की पट्टी; -*v. t.* to cover with leather. चमड़ा लगाना।

Leather-back-लेदर्-बैक्-*n.* a kind of turtle. एक प्रकार का कछुआ।

Leather-dresser - लेदर् - ड्रेसर्-*n.* one who dresses leather. चमड़ा कमानेवाला, मोची।

Leatherette - लेदरेट्-*n.* imitation leather. कृत्रिम चमड़ा।

Leather-head - लेद्' - र्-हेड् -*adj. & n.* a stupid, dull fellow. लण्ठ, मूर्ख।

Leathern-लेदर्न्-*adj.* made of leather. चमड़े का बना हुआ।

Leatheroid-लेदर् - ऑइड्-*n.* chemically prepared artificial hide. रासायनिक रीति से बनाया हुआ कृत्रिम चमड़ा।

Leathery - लेदरि - *adj.* resembling leather. tough. चमड़े के समान, चिमड़ा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Leave-लीव्-*n.* permission, liberty granted, departure, farewell. अनुमति, स्वीकृत स्वतंत्रता, अवकाश, छुट्टी, विदाई, -*v. t. & i.* (*p. t.* **Left.**) to depart, to abandon, to bequeath. चले जाना, प्रस्थान करना, त्यागना, छोड़कर मरना, दान-पत्र छोड़ जाना; **He leaves to-morrow** (he will start to-morrow.) वह कल प्रस्थान करेगा; **Leave him alone** (do not interfere with him.) उसको मत छेड़ो; **To leave off** (to desist from, to abandon.) परहेज़ करना, त्यागना; **To take one's leave** (to bid farewell.) बिदाई लेना; **To leave out** (to omit.) त्यागना, छोड़ना; **To leave over** (to stop for a time.) कुछ समय के लिये रहने देना या रोक रखना; **To take French leave** (to do something without asking permission.) बिना आज्ञा के कोई काम करना।

Leaved-लीव्-ड्-*adj.* having leaves. पर्णयुक्त।

Leaven-लेव्न्-*n.* fermented dough. खमीर; -*v.t.* to ferment. खमीर उठाना।

Leaves-लीव्ज्-*n. pl.* of **Leaf.** पत्तियाँ।

Leavings-लीव्ङ्ग्ज़्-*n. pl.* that which is left after eating, relics, refuse. बचा-खुचा, शेष, जूठन।

Lecher-लेचर्-*n.* a debauchee. लम्पट, कामी, व्यभिचारी।

Lecherous-लेचरस्-*adj.* lustful. कामुक; **Lecherously** (-लि) -*adv.* lustfully. कामुकता से।

Lechery-लेचरि-*n.* lewdness. कामुकता।

Lectern-लेक्'टर्न्-*n.* a desk which is used for reading in a church. गिरजाघर में पढ़ने की मेज़।

Lection-लेक्शन्-*n.* different reading in a book. पुस्तक का पाठान्तर।

Lecture-लेक्चर्-*n.* a methodical discourse on a given subject, a formal reproof, a reprimand. किसी विषय पर व्याख्यान (उपदेश), झटकार के वाक्य; -*v. t.* to teach by instruction, to reprimand. व्याख्यान देना, डाँटना (सीख देना)।

Lecturer-लेक्'-चरर्-*n.* one who lectures. अध्यापक, उपदेशक।

Lectureship-लेक्'-चर्-शिप्-*n.* the office of a lecturer. अध्यापक या उपदेशक का पद।

Led-लेड्-*p. t. & p. p.* of **Lead**; -*adj.* under the control of a farm-holder. खेत के अधिकारी या काश्तकार के अधीन।

Ledge-लेज्-*n.* a projection on a mountain's side, a ridge of rocks, a shelf. शिलाफलक, चट्टान या पहाड़ का उभड़ा हुआ भाग, टाँड़; **Ledged** (-ड्) -*adj.* projected. उभाड़दार।

Ledger - लेजर् - *n.* the principal book in accounts, the horizontal beam in scaffolding. लेखाबही, मचान की आड़ी धरन।

Lee-ली-*n.* the quarter towards which the wind blows. वह दिशा जिस ओर वायु बहती है; **Under the lee** (defended from the wind.) आँधी से सुरक्षित।

Leech-लीच्-*n.* a physician, a blood-sucking worm, the perpendicular edge or side of a sail. चिकित्सक, वैद्य, जोंक, पाल का खड़ा भाग।

Leek-लीक्-*n.* a bulbous plant similar to the onion. प्याज़ के प्रकार का एक गाँठदार पौधा।

Leer-लिअर्-*v. t.* to glance obliquely. कटाक्ष मारना, तिरछी नजर से देखना; -*n.* sidelong look. कटाक्ष; **Leeringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a leering manner. कटाक्ष से।

Lees-लीज़्-*n. pl.* sediment which settles at the bottom of liquor, dregs. खूद, मैल।

Left-लेफ़्ट्-*p. t. & p. p.* of **Leave.**

Left-लेफ़्ट्-*adj.* opposed to the right. बायाँ; -*n.* the party opposed to the government in a legislative assembly. राज्य-परिषद् में गवर्नमेन्ट के विरुद्ध पक्ष का सदस्य; **Left-handed** (one who uses the left hand more easily than the right, awkward.) बयँहत्था, बायें हाथ से सर्वदा काम करनेवाला, भद्दा, फूहड़।

Leg-लेग्-*n.* the limb for support and locomotion in an animal, support of anything. टाँग, पैर, आश्रय (पाया); - *v. t.* (*p. t.* **Legged.**) to kick. पैर से मारना; **Having a swelled leg** (suffering from elephantiasis.) फ़ीलपाँव से पीड़ित; **To keep one's legs** (not to fall.) खड़े रहना, न गिरना; **To pull one's leg** (to befool a person.) किसी व्यक्ति को मूर्ख बनाना; **To shake a leg** (to dance.) नाचना; **To stand on one's own legs** (to be self-reliant.) अपने भरोसे रहना; **To take to one's legs** (to run away.) भाग जाना।

Legacy-लेग-सि-*n.* money given by a will, a bequest. उत्तरदान, मृत्युपत्र द्वारा प्राप्त धन।

Legal-ली' - गल् - *adj.* pertaining to law, lawful, required by law, in conformity with law. शास्त्रोक्त, व्यवहार के अनुरूप, नियमानुसार, क़ानूनी।

Legality-लीगैलिटि-*n.* lawfulness, conformity to law. न्याय्यता, धर्मानुसारता, कर्मनिष्ठा।

Legalization - लीगलाइज़ेशन् - *n.* acting in conformity with law. धर्म-व्यवस्था।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Legalize-लीगलाइज़्-*v. t.* to make lawful, to authorize. वैध बनाना, अधिकार देना।

Legally-लीगलि-*adv.* in a legal manner. कानूनी या वैध ढंग से।

Legate-लें-गें'-ट्-*n.* a deputy, an ambassador. दूत, एलची;-*v. t.*-(लि-गें'-ट्)to bequeath. दानपत्र लिखना; **Legateship** (-शिप्)-*n.* the office of a legate. दूत का पद; **Legator** (-अर्)-*n.* one who legates. दानपत्र देनेवाला।

Legatee-लीगॉटी-*n.* one to whom a legacy is bequeathed. दानपत्र (वसीयतनामा) पानेवाला।

Legation-लि-गें'-शन्-*n.* embassy. दूतकर्म।

Legend-लें(-ली)-जें-न्ड्-*n.* a traditional or romantic story, a myth. उपाख्यान, पौराणिक कथा, अपूर्व कहानी।

Legendary - लें - जें - न्डरि -*adj.* fabulous, romantic. पौराणिक, कहावती।

Legendry-लें - जें - न्ड्रि - *n.* a collection of legends. उपाख्यान या पौराणिक कथा-संग्रह।

Legerdemain-लेंज-डि-मेंन्-*n.* a conjuring trick, sleight-of-hand, trickery. हस्तलाघव, हाथ की सफ़ाई, चालबाज़ी।

Leghorn-लेंग्'-हॉर्न्-*n.* a kind of domestic fowl. एक प्रकार का घरेलू मुर्गा।

Legibility - लें - जिबिलि - टि, **Legibleness** (-नेंस्)-*ns.* the quality of being legible. लिखने की स्पष्टता।

Legible-लें जिबूल् - *adj.* capable of being read, clear and distinct. स्पष्ट अक्षर का, साफ़ साफ़, पढ़ने लायक।

Legibly-लें-जिब्लि-*adv.* clearly, distinctly. स्पष्टता से।

Legion-ली'-जन्-*n.* a body of soldiers. सेना, सैन्य दल; **Legionary** (-अ-रि) -*adj.* relating to a legion. सैन्य दल सम्बन्धी, सेना का।

Legislation-लें-जिस्लेशन्-*n.* enacting of laws. व्यवस्थापन, क़ानून निर्माण।

Legislate-लें- जिस्लें - ट्-*v. i.* to enact laws. विधि व्यवस्था करना, क़ानून बनाना।

Legislative-लेंजिस्लेंटिव्-*adj.* pertaining to or done by legislation. नियम सम्बन्धी, नियमानुसार किया गया; **Legislatively** (-लि)-*adv.* in a legislative manner. व्यवस्था से, नियम रूप में।

Legislator-लें-जिस्लेटर्-*n.* one who makes laws. व्यवस्थापक, नियम या क़ानून बनानेवाला।

Legislatress, Legislatrix-लें - जिस्लें - ट्रेस् (-ट्रिक्स्)-*ns. fem.* a female legislator. नियम बनानेवाली स्त्री।

Legislature-लें जिस्लेंचर्-*n.* a legislative body व्यवस्थापक सभा, क़ानून बनाने की सभा।

Legist-ली'-जिस्ट्-*n.* a person skilled in law. स्मृति में निपुण, क़ानून जाननेवाला।

Legitimacy-लि-जिटिमॉ-सि-*n.* genuineness. यथार्थता, सचाई, खरापन।

Legitimate-लि-जिटि-मेंट्-*adj.* lawfully born, proper, regular, genuine, real, in accordance with law. औरस, यथायोग्य, नियम के अनुसार, उचित, खरा;-*v. t.* (-मेंट्') to make lawful. न्याययुक्त करना, सच्चा बनाना; **Legitimately** (-लि)-*adv.* in a lawful manner. न्यायपूर्वक, धर्मानुसार।

Legitimation-लि-जिटि-मेंं'-शन्-*n.* the act of rendering legal. वैधीकरण, न्यायीकरण।

Legum-ली'-गम्-*adj.* of laws. न्याय-सम्बन्धी, कानूनी।

Legume, Legumen-लि(-लें-) ग्-यूम्,(-मेंन्)-*ns.* edible part of a fruit. फली, फल का गुद्दा।

Leguminous-लि (-लें-) ग्यूमिनस्-*adj.* pertaining to or consisting of pulse. दाल के सदृश या युक्त।

Leister-लीस्टर्-*n.* a kind of long spear. एक प्रकार का लम्बा बर्छा।

Leisure-लें (-ली-) ज़र्-*n.* unoccupied time, freedom from business, free time. अवकाश, विश्राम, छुट्टी, फुरसत ; **At leisure** (not occupied, without hurry.) अवकाश में, फुरसत में, खाली समय में।

Leisureless-लें(-ली-)ज़र्-लेंस्-*adj.* devoid of leisure. बिना फुरसत का।

Leisurely-लें(-ली-) ज़र्लि-*adj.* not hasty. अवकाश का; -*adv.* not hastily. सावधानी से।

Leman-लीमन्-*n.* a lover, a mistress. प्रेमी या प्रेमिका।

Lemma-लेंमा-*n.* an assumed proposition used in an argument or mathematics. शास्त्रार्थ करने में स्वीकृत सिद्धान्त, निबन्धन।

Lemon-लेंमन्-*n.* an acid-juiced fruit of the orange kind. खट्टा नीबू; **Lemon-drop** (sugar plum flavoured with lemon.) नीबू का सत्त्व पड़ी हुई मिठाई; **Lemon-squeezer** (an instrument which is used for pressing the juice out of lemons.) नीबू निचोड़ने का यन्त्र।

Lemonade-लें'-मनेंड्-*n.* a drink consisting of lemon-juice, sugar and water. मीठे नीबू का शर्बत।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Lemony-लें-मनि-*adj.* pertaining to lemons. नीबू (के रस) का।

Lemur-ली'-मर्-*n.* a mammal resembling a monkey. एक प्रकार का बन्दर के समान पशु।

Lend-लेंन्ड्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Lent.**) to give on loan, to let for hire, to bestow, to grant. ऋण देना, किराये पर देना, उधार देना; **To lend a hand to** (to give assistance to.) सहायता देना ; **To lend ear to** (to attend, to hear.) कान लगाना, कान लगाकर सुनना।

Lendable-लें-न्डे-बूल्-*adj.* that may be lent. उधार देने योग्य।

Lender-लेंन्डर्-*n.* one who lends. उधार देनेवाला, महाजन।

Lending-लें-न्डि - ङ्ग्-*n.* the act of giving on loan. उधार या ऋण देने का कार्य।

Length-लेंङ्ग्थ्-*n.* the extent of a thing from end to end, extension, detail, distance, stretch. लम्बान, फैलाव, विस्तार, अन्तर, सीमा, दूरी; **At full length** (to a great extent.) पूरे विस्तार से; **At length** (in full, finally.) विस्तारपूर्वक, अन्त में; **To keep at arm's length** (to avoid intimacy with.) घनिष्ठता न होने देना।

Lengthen-लेंङ्ग्थ्-ऍन्'-*v.t. & i.* to extend, to elongate, to grow longer. बढ़ाना (तानना), लम्बा करना या होना।

Lengthily-लेंङ्ग्थ्-इ-लि-*adv.* at great length. लम्बान में; **Lengthiness** (-इ-नेंस्) -*n.* the state of being lengthy. फैलावट।

Lengthways - लेंङ्ग्थ्'-वेज़्, **Lengthwise** (-वाइज़)-*adv.* in the direction of length. लम्बाई के बल।

Lengthy-लेंङ्ग्थ्'-इ-*adj.* rather long, not brief. लम्बा।

Lenience-ली'-नि - ऍन्स्-*n.* mildness, gentleness, mercy. मृदुता, मुलायमियत, दया।

Leniency-ली'-नि - ऍ- न्सि-*n.* the quality of being mild or gentle. दयालुता।

Lenient-ली' - नि - ऍन्ट्-*adj.* tolerant, mild, relaxing, mitigating, gentle. मृदु, कोमल, कृपालु, दयावान् ; **Leniently** (-लि)-*adv.* सौम्यता से, अनुग्रह से।

Lenitive-लें'-निटिव्-*adj.* soothing, allaying pain. शान्ति देनेवाली, क्लेश हरनेवाली (औषध)।

Lenity-लें-नि-टि-*n.* mercy, favour, softness. दया, कृपा, मुलायमियत।

Leno-ली'-नो-*n.* a kind of cotton gauze used for window-curtains. खिड़की का पर्दा बनाने की सूती जाली।

Lens-लेंन्ज़्-*n.* a piece of pebble or glass curved on both sides (or only on one side) by which rays of light are concentrated. ताल, चश्मे या दूरबीन का शीशा ; **Concave lens** (lens which has a cavity on each side.) नतोदर ताल; **Convex lens** (lens which bulges on both sides.) उन्नतोदर ताल ; **Crystal lens.** सूर्यकान्त मणि।

Lenses.

Lent-लेंन्ट्-*p. t. & p. p.* of **Lend.**

Lent-लेंन्ट्-*n.* a fast of forty days from Ash-Wednesday to Easter Eve. क्रिस्तानों का चालीस दिन का व्रत।

Lenten-लेंन्ट्-ऍन्-*adj.* relating to Lent, sparing. लेन्ट् व्रत-सम्बन्धी, मितव्ययी; **Lenten face** (dismal look.) मुर्झाया हुआ (फीका) चेहरा।

Lenticular-लेंन्-टिक्'-युलर्-*adj.* resembling a lentil (*i. e.* double convex.) मसूर के दाने के आकार का।

Lentiform-लेंन्'-टि - फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a lentil. मसूर की आकृति का।

Lentil-लेंन्'-टिल्-*n.* a leguminous plant and its seed. मसूर।

Lentisk-लेंन्'-टिस्क्-*n.* the mastic tree. मस्तगी का वृक्ष।

Lentitude-लेंन्' - टि - ट्यूड्-*n.* sluggishness. आलस्य, मन्दता, सुस्ती।

Lentoid-लेंन्'-टॉ-इड्-*adj.* of the shape of a lens. ताल के आकार का।

Leo-ली'-ओ-*n.* the fifth sign of the Zodiac, the lion. सिंहराशि, सिंह।

Leonine-ली'-ओ-नाइन्-*adj.* of or like a lion. सिंह के समान।

Leopard-लें-पर्ड्-*n.* a carnivorous quadruped. चीता, तेंदुआ; **Leopardess** (-ऍस्) -*n. fem.* a female leopard. मादा तेंदुआ।

Leper-लेंपर् -*n.* a person affected with leprosy. कुष्ठ का रोगी, कोढ़ी।

Lepid-लें पिड्-*adj.* pleasant. मनोहर।

Leporine-लेंप-राइन्-*adj.* of the hare kind. खरहे की जाति का।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Leprous-लेप्रस्-*adj.* infected with leprosy. कुष्ठ रोग से ग्रस्त।

Leprosy-लेप्रसि-*n.* a loathsome endemic disease. कुष्ठ, कोढ़, अपरस।

Lesbian-लेज़्ब्' - बि - अन्-*adj.* pertaining to unnatural crime. अस्वाभाविक अपराध-सम्बन्धी।

Lese-majesty-लीज़्'-मीं - जे - स्टि-*n.* treason. राज-विद्रोह।

Lesion-ली'-ज़्न्-*n.* damage, wound, injury. क्षति, अपकार, पीड़ा, चोट।

Less-लेस्-*adj.* (*comp.* of **Little.**) smaller, of lower rank. न्यून, अल्प, कम;-*adj.* in a smaller degree. अल्प मात्रा में;-*n.* a smaller portion. छोटा अंश; **In less than no time** (immediately.) बहुत शीघ्र; **Nothing less** (somewhat.) कुछ भी तो; **May your shadow never be less** (may you never be lean.) तुम दुबले कभी नहो; **Still less** (even less.) और भी कम।

-less-लेस्-*suf.* in sense of "devoid of, free from." "अभाव" अर्थ का प्रत्यय, यथा-countless, homeless. इत्यादि।

Lessee-लेस्-सी'-*n.* the person to whom a lease is given. ठीकेदार, पट्टेदार; **Lesseeship** (-शिप्)-*n.* the post of a lessee. ठीकेदारी।

Lessen-लेस्-न्-*v. i. & t.* to diminish, to decrease. न्यून होना, कम करना।

Lesser-लेस्-सर्-*adj.* (*comp.* of **Little.**) smaller. दो पदार्थों में न्यून या छोटा।

Lesson-लेस्-अ-न्-*n.* that which is learnt by a pupil, amount of teaching at a time, precept, example, punishment. पाठ, शिक्षा, उपदेश, उदाहरण, दण्ड; -*v. t.* to instruct, to rebuke. उपदेश देना, डपटना।

Lessor-लेसॉर्-*n.* one who lets on a lease. पट्टा या ठीका देनेवाला।

Lest-लेस्ट्-*conj.* in order that, for fear that. नहीं तो, कदाचित, ऐसा न हो कि।

Let-लेट्-*v. t. & aux. verb.* to permit, to allow, to grant for hire, to cause to. अनुमति देना, आज्ञा देना, किराये पर देना, होने देना; **Let him alone** (allow him to remain without meddling.) उसकी चिन्ता मत करो; **Let us go** (allow us to depart.) हमको जाने दो; **To let down** (to lower.) नीचा करना, उतारना; **To let fall** (to cause to fall.) गिराना; **To let go** (to release from holding.) छोड़ देना; **To let in** (to permit to enter.) प्रवेश की आज्ञा देना; **To let loose** (to release or unchain.) छोड़ना, बंधन खोलना; **To let off** (to discharge.) जाने देना, क्षमा करना; **To let on** (to reveal a secret.) भेद खोलना; **To let out** (to allow to get free.) मुक्त करना।

-let-लेट्-diminutive suffix. अल्पार्थक प्रत्यय; यथा -Armlet, Ringlet, Rivulet. इत्यादि।

Lethal-ली'-थल्-*adj.* causing death. मृत्युकर, प्राणघातक।

Lethargic-लेथार्जि-क्-*adj.* apathetic, dull. जड़बुद्धि, निद्रालु; **Lethargically** (-क-लि) -*adv.* in a lethargic manner. जड़वत्।

Lethargize-लेथार्जा - इज़् - *v. t.* to make lethargic or dull. मतिमन्द करना।

Lethargy-लेथार्जि-*n.* unnatural drowsiness, torpor, dullness. आलस्य, निद्रालुता, तन्द्रा।

Lethe-ली'-थी - *n.* the river of the under world, water causing oblivion. वैतरणी नदी, विस्मृति (स्मृतिनाश) कारी जल; **Lethean** (-अन्) -*adj.* of Lethe, oblivious. वैतरणी नदी-सम्बन्धी, भूलनेवाला।

Letter-लेटर्-*n.* symbol of a sound, a written message or communication. अक्षर, वर्ण, पत्र, लेख, चिट्ठी; -*pl.* literature, erudition. (ब० व०) साहित्य, पाण्डित्य; -*v. t.* to impress title &c. on a book. पुस्तक पर नाम लिखना या छापना; **Letter-book** (a book for keeping correspondence.) चिट्ठियों की सूची रखने की पुस्तक; **Letter-box** (a box in which letters are posted.) चिट्ठी डालने का डाकखाने का बक्स; **Letter-lock** (a lock which is opened by the combination of certain letters) अक्षरों का ताला; **Letter-paper** (a paper which is used for writing letters on.) चिट्ठी लिखने का काग़ज़; **Letter press** (matter) printed from types, a copying press.) टाइप से छपी हुई पुस्तक, नकल करने की मशीन; **Letter-writer** (a book to teach letter-writing.) पत्र-लेखन सिखलाने की पुस्तक, पत्र बोध।

Lettered-लेटर्ड् - *adj.* learned, educated. पण्डित, विद्वान्, पढ़ा-लिखा।

Lettuce-लेटू-स्-*n.* a vegetable with crisp leaves. चुकन्दर।

Leucoderma-ल्यू'-को-डर्मा-*n.* whiteness of skin. चमड़े पर का सफेद दाग, श्वेत कुष्ठ।

Leucoma-ल्यू-को-मा-*n.* a disease of the eye. आँख का एक रोग।

Leucorrhoea-ल्यू'-को-री'-आ-*n.* the whites. श्वेत प्रदर नामक स्त्रियों का रोग।

Levant-लि-वॅन्ट्'-*n.* the eastern part or coasts.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

of the Mediterranean Sea. भूमध्य सागर का पूर्वी भाग; *-v. i.* to run away without paying off a gambler's debt, to decamp. हारा हुआ धन बिना दिये भाग जाना।

Levator-लें-वे - टॉर् - *n.* the muscle which raises an organ. किसी इन्द्रिय को उठानेवाली मांसपेशी।

Levee-लि-वी'-*n.* the reception of visitors by a king, an assembly of visitors. राज-सभा, राजदरबार।

Level-लेंव्'-ल्'-*n. & adj.* an instrument for ascertaining the level of a spot, standard, even, flat, uniform. समतल जानने का यन्त्र, समता, तुल्यता, सपाट, चौरस, चिपटा;-*v. t.* (*p. t.* **Levelled.**) to make even or smooth, to aim. चौरस करना, निशाना लगाना; **On a level with** (in the same horizontal plane as.) चौरसाई में।

Leveller-लेंव्-लर्-*n.* one who would abolish all social distinctions, one who levels. सामाजिक अन्तरों को हटानेवाला, बराबर करनेवाला।

Levelling-लेंव्-लिङ्ग्-*n.* the work of reducing uneven surfaces to a level. समतल करने का कार्य।

Lever-ली'-वर्-*n.* a straight bar, one end of which is fixed on a point (called *fulcrum*) and on the other force (*weight*) is applied in lifting a weight. उत्तोलन दण्ड, टेक, रंभा, ढेकली, (इसकी तीनों अवस्थायें चित्र में दी गई हैं)।



Levers.

Leverage-ली'-वरेज्-*n.* mechanical advantage gained by the use of levers. लीवर की क्रिया, किसी कार्य को सम्पादन करने में इनका प्रयोग।

Leveret-लें-व-रें-ट्-*n.* a young hare. शशशावक, खरहे का बच्चा।

Leviable-लें - वि-एँ - ब्ल्-*adj.* that may be assessed. कर लगाने योग्य।

Leviathan-लें-वाइ-अ-थन्-*n.* a big monster, a huge ship. बड़ा दैत्य, भारी जहाज।

Levigate-लें-वि-गेट्-*v. t.* to reduce to a fine powder. महीन बुकनी करना; **Levigation** (-गें-शन्)-*n.* the act of levigating. महीन बुकनी करने का कार्य।

Levitate-लेंव्'-इ-टेट्-*v. i.* to float in the air. हवा में तैरना; **Levitation** (-टें'-शन्)-*n.* buoyancy. हवा में तैराई।

Levity-लें - वि - टि - *n.* lightness, frivolity, fickleness, inconstancy. लघुता, चपलता, हलकापन, ओछापन।

Levy-लेंव्'-इ-*v. t.* (*p. t.* **Levied.**) to impose or raise a tax. कर लगाना, टिकट लगाना; *-n.* the act of collecting, the act of enrolling men for war &c. कर इकट्ठा करना; युद्ध के लिये सेना इकट्ठा करना; **To levy war** (to begin war, to attack.) युद्ध आरम्भ करना, आक्रमण करना।

Lewd-ल्यूड्-*adj.* licentious, profligate, indecent, not chaste. कामुक (लम्पट), फूहड़, अपवित्र; **Lewdly** (-लि) *-adv.* in a lewd manner. लम्पटता से; **Lewdness** (-नेस्) *-n.* the quality of being lewd. कामुकता।

Lexical-लें-क्सि-कल्-*adj.* pertaining to the words of a language. भाषा के शब्द सम्बन्धी; **Lexically** (-लि) *-adv.* in a lexical manner. शब्द सम्बन्ध से।

Lexicographical - लेंक्सिकॅग्राफ़िकल् - *adj.* pertaining to lexicography. कोश-रचना सम्बन्धी; **Lexicography** (dictionary-making art.) कोश-रचना कला या शास्त्र।

Lexicon-लें क्सि-कन्-*n.* a word-book, a dictionary. शब्द-संग्रह, निघण्टु, कोश।

Lexigraphy-लेंक्सि-ग्र-फ़ि-*n.* the system of writing in which each symbol represents a word. ऐसी लिखावट जिसमें प्रत्येक शब्द के लिये एक विशेष चिह्न होता है।

Liability-लाइ-अ-बि-लि-टि-*n.* responsibility. उत्तरदायित्व, जवाबदेही; **Liabilities** (-टीज़्) *-n. pl.* debts. ऋण।

Liable-लाइ-एँ - ब्ल्-*adj.* legally responsible for, under obligation, open to. उत्तरदाता, जवाबदेह, जिम्मेदार, अधीन; **Liable to fall** (subject to fall down.) पतनशील।

Liaison-ली-एँ'- ज़ून्-*n.* an illicit connexion between a man and a woman. स्त्री-पुरुष का अनुचित सम्बन्ध।

Liar-लाइ-अर्-*n.* one who speaks an untruth. मिथ्यावादी, असत्य (झूठ) बोलनेवाला।

Libation-लाइ-बें-शन्-*n.* an offering to a god. देवता को जल इत्यादि चढ़ाना, तर्पण।

Libatory - लाइ-बें - ट - रि-*adj.* pertaining to libation. तर्पण-सम्बन्धी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Libel-लाइ'-बेल्-*n.* a defamatory publication or writing, a false statement. निन्दापत्र, अपमान-लेख।

Libeller-लाइ-बे-लर्, **Libellist** (-लिस्ट्)-*ns.* one who libels. निन्दालेख लिखनेवाला, अपमान करनेवाला।

Libelious-लाइ-बे-लस्-*adj.* defamatory. अपमानकारी; **Libellously** (-लि)-*adv.* in a defamatory manner. अपमान या निन्दा करते हुए।

Liberal-लि-ब-रल्-*adj.* refined, open, abundant, generous, free, openhearted, unprejudiced. शिष्ट, उदार, दयालु, पक्षपातहीन; **Liberal education** (*i. e.* general development of mind.) ज्ञानोन्नति; **Liberal Party** (men of refined views.) स्वतन्त्र विचारवाले मनुष्यों का दल।

Liberalism-लिबरलिज़्म्-*n.* principles of the Liberal Party. स्वतन्त्र विचार का सिद्धान्त।

Liberalist-लिबरलिस्ट्-*n.* the follower of liberalism. स्वतन्त्र विचारवाला मनुष्य।

Liberality-लि-बरीं-लिटि-*n.* generosity, munificence, impartiality. दानशीलता, अपक्षपात।

Liberalization-लि-बर-लाइज़ेशन्-*n.* the act of making liberal. स्वतन्त्र विचार वाला बनाने का कार्य; **Liberalize** (-आइज़्)-*v. t.* to render liberal. स्वतन्त्र विचारवाला बनाना।

Liberally-लि-बर्-लि-*adv.* bountifully, generously. उदारता से।

Liberate-लि-बरेट्-*v. t.* to set at liberty, to release from bondage. मुक्त करना, बन्धन से छुटकारा देना।

Liberation-लि-बरे-शन्-*n.* the act of liberating. मुक्ति, छुटकारा।

Liberator-लि-बरे-टर्-*n.* one who sets free. मुक्ति देनेवाला, निस्तार करनेवाला।

Libertine-लिबर्टि-न्-*n.* & *adj.* a religious free-thinker, a licentious person. धार्मिक विषयों में स्वतन्त्र विचारवाला, कामुक, विषयी मनुष्य।

Libertinism-लि-बर्टि-निज़्म्-*n.* lewdness, debauchery. कामुकता, लम्पटता।

Liberty-लिबर्टि-*n.* freedom from slavery or restraint, right to do as one pleases, privilege. स्वाधीनता, स्वतन्त्रता, स्वेच्छा, विशेष सुविधा; **At liberty** (unrestrained or free.) स्वतन्त्र, स्वेच्छाचारी; **I take the liberty to do** (I venture to do.) मैं ऐसा करने का साहस करता हूँ।

Libidinous-लि-बिडि-नस्-*adj.* licentious. कामी, व्यभिचारी; **Libidinously** (-लि)-*adv.* with lewdness. कामुकता से, व्यभिचार से।

Libra-लाइ'-ब्रा-*n.* a pound weight (lb.) or pound sterling (£), the seventh sign of the Zodiac. एक पाउन्ड का भार या सोने का सिक्का, तुला राशि।

Librarian-लाइ-ब्रे-रिअन्-*n.* one who is in charge of a library, the custodian of a library. पुस्तकालय का अध्यक्ष; **Librarianship** (-शिप्)-*n.* the office of a librarian. पुस्तकालयाध्यक्ष का पद।

Library-लाइ'-ब्रे-रि-*n.* (*pl.* **Libraries.**) a building or room in which books are kept, a collection of books. पुस्तक-संग्रह, पुस्तकालय; **Lending library** (a library which lends books for reading.) पुस्तक उधार देनेवाला पुस्तकालय; **Reference library** (a library in which books are consulted.) जिस पुस्तकालय में जाकर मनुष्य पुस्तकें पढ़ सकते हैं; **Walking library** (a very learned person.) बड़ा विद्वान् मनुष्य।

Librate-लाइ-ब्रेट्-*v. i.* to oscillate, to quiver, to balance. हिलाना, काँपना, तौलना; -*n.* a piece of land worth a pound a year. एक पाउण्ड वार्षिक किराये की भूमि।

Libration-लाइ-ब्रे'-शन्-*n.* vibratory motion. कम्पन, हिलाव।

Libratory-लाइ-ब्रे'-ट-रि-*adj.* oscillating, balancing. हिलनेवाला।

Libretto-लिब्रेटो-*n.* the song-book of an opera. नाटक के गाने की पुस्तक।

Lice-लाइस्-*n. pl.* of **Louse.** जूँएँ।

Licence-लाइ'-सेन्स्-*n.* leave, permission, licentiousness, a writer's irregularity. आज्ञा, अधिकार, दुराचार, सनद, लैसन्स, लेखक का (व्याकरण, छन्द इत्यादि में) अनियम।

Licensable-लाइ-सेन्से-बल्-*adj.* able to be permitted. अनुमति देने योग्य।

License, Licence-लाइ'-सेन्स्-*v. t.* to allow complete freedom, to authorise. आज्ञा देना, अनुमति (अधिकार) देना।

Licensee-लाइ-सेन्सी-*n.* the holder of a licence. आज्ञाप्राप्त मनुष्य, लैसंसदार।

Licenser-लाइ-सेन्सर्-*n.* one who grants permission. आज्ञा (लैसंस) देनेवाला।

Licentiate-लाइ-सेन्'-शि-एट्-*n.* the holder of a licence from a university. विश्वविद्यालय से आज्ञापत्र (सनद) पाया हुआ मनुष्य।

Licentious-लाइ-सेन्'-शस्-*adj.* lewd, disorderly, immoral, dissolute. व्यभिचारी, लंपट,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनैतिक, दुराचारी; **Licentiously** (-लि) *-adv.* in an immoral manner. अनैतिक ढंग से; **Licentiousness**(-नेस्)-*n.* lewdness. लंपटता।

Lich-लिच् (*also* **Lych.**) -*n.* a dead body. मृतशरीर, शव।

Lichen-लाइकेन्-*n.* a kind of fungus. एक प्रकार की वनस्पति जो चट्टानों पर उगती है;-*v. t.* to cover with lichens. उक्त वनस्पति से ढाँकना।

Lick-लिक्-*v. t. & i.* to pass the tongue over a thing, to taste it, to lap. चाटना, जीभ से चट्चट् करना ; **To lick one's boots or shoes** (to show submission.) दीनता दिखलाना; **To lick off** (to devour.) निगल जाना; **To lick the dust or earth** (to be defeated, to be slain.) हारना, मारा जाना।

Licking-लिकिङ्ग्-*n.*the act of licking, a smart blow with a cane. चाटना, बेंत की मार।

Lickerish, Liquorish-लिक-रि-श्-*adjs.* eager for dainty food, greedy. चटोरा, लालची।

Licorice, Liquorice - लिकॅ - रिस्-*ns.* the sweet root of a certain plant. जेठीमधु, मुलेठी, माधुरी।

Lid-लिड्-*n.* the cover for the top of something. आच्छादन, ढकना; **Eye-lid** (cover of the eye.) पलक; **With the lid off** (bringing all the horrors before view.) आपत्ति के सब दृश्य सामने लाते हुए।

Lie-लाइ-*n.* an untrue statement, a fiction, falsehood. मिथ्या वचन, असत्य, (झूठी) कथा, झूठ; -*v. i.* (*p. t.* **Lied.**) to utter falsehood, to deceive. झूठ बोलना, धोखा देना; **White lie** (a lie which is justified by motives.) सफ़ेद झूठ; **Lier** (लाइ'-अर्)-*n.* one who tells a lie. मिथ्यावादी, झूठ बोलनेवाला।

Lie-लाइ-*v. i.* (*p. t.* **Lay,** *p. p.* **Lain.**) to remain in a prostrate position, to rest, to abide, to consist, to be prostrate, to be at rest, to be spread out, to view, to be in grave. लेटना, विश्राम करना, फैलना, पड़े रहना, दृष्टिगोचर होना, कब्र में रहना; **As far as in me lies** (as far as lies in my power.) जहाँ तक मेरी शक्ति में है; **Lying-in-chamber or hospital** (a room for those about to become mothers.) सूतिका-गृह, सौरी का घर; **To lie by** (to rest.) आराम करना; **To lie down** (to lay the body on the ground.) लेट जाना; **To lie hard upon** (to oppress.) कष्ट देना; **To lie in** (to be in childbed.) बच्चा देना; **To lie in wait** (in ambush.) (to wait for in concealment). छिपकर घात में रहना; **To lie on** (to be dependent.) आश्रित होना।

Lief-लीफ़्-*adv.* gladly, willingly. प्रसन्नतापूर्वक, इच्छा से।

Liege-लीज्-*adj.* faithful. स्वामिभक्त;-*n.* a lord or superior. स्वामी, प्रभु।

Lien-ली-अन्-*n.* right to retain possession of a property until debt is paid off. रेहन की हुई वस्तु को रुपया न अदा होने तक रखने का अधिकार।

Lieu-ल्यू-*n.* room. स्थान; **In lieu of** (in place of.) स्थान में, बदले में।

Lieutenant-लेफ़्-टे-नन्ट्-*n.* a deputy acting for a superior, an officer in the army. प्रतिनिधि, सेनाध्यक्ष का प्रतिपुरुष; **Lieutenant-governor.** छोटा लाट; **Lieutenantship** (-शिप्)-*n.* the post of a lieutenant. उपसेनाध्यक्ष का पद।

Life-लाइफ़्-*n.* (*pl.* **Lives.**) conscious existence, vitality, manner of living, period from birth to death, manner of living, narration of past life. जीवन (प्राणधारण), उत्साह, चेतना, आयुष्य, चरित्र-वर्णन ; **Cat has nine lives** (is hard to kill.) बिल्ली जल्दी नहीं मरती; **Life and soul** (everything.) सर्वस्व; **Life assurance** (insuring one's life.) जीवनबीमा; **Life-blood** (blood necessary for life.) जीवन शक्ति देनेवाला रक्त या खून; **Life-boat** a boat that saves life in shipwreck. डूबनेवालों को बचानेवाली जहाज़ पर की नाव; **Life-breath** (inspiring influence.) उत्साह देनेवाला प्रभाव; **Life-guard** (body-guard.) शरीर-रक्षक ; **Life-interest** (interest which lasts during one's life.) केवल जीवन भर के लिये रहनेवाला स्वत्व या अधिकार ; **Life-like** -*adj.* resembling a living person. जीवित के समान; **Life-size** (as large as one living.) पूरे आकार का; **Low life** (worthless existence.) घृणित जीवन; **To bring to life** (to remove unconsciousness.) मूर्छा हटाना; **Upon my**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

life (a solemn assertion.) मेरे प्राणों की शपथ।

Life-belt- लाइफ़्' - बेल्ट् -*n.* a belt made of pith, cork &c. to float the body on water. जल में तैरने की पेटी।

Life-belt.

Lifeless-लाइफ़्'-लेस्-*adj.* devoid of life. निर्जीव, निःसत्व; **Life-lessly** (-लि)-*adv.* in a lifeless manner. निरुत्साह से।

Lifelong-लाइफ़्' - लॉङ्ग्-*adv.* throughout life. जीवनपर्यन्त।

Life-time-लाइफ़्-टाइम्-*n.* duration of life. जीवनकाल।

Lift-लिफ़्ट्-*v. t. & i.* to raise, to elevate, to exalt, to hoist, to rise, to disperse. उठाना, उभाड़ना, उठना, हट जाना ; -*n.* an apparatus for raising and lowering, an elevator or hoist. (इमारत में लगा हुआ) ऊपर उठाने या नीचे करने का झूला; **To lift one's hand** (to swear.) क़सम खाना।

Liftable-लिफ़्टे-बल् -*adj.* that can be lifted. उठाने योग्य।

Lifter-लिफ़्टर्-*n.* he who or that which lifts a thing. उठानेवाला यन्त्र या पुरुष।

Ligament-लिग-मेन्ट्-*n.*a fibrous tissue which binds together bones. अस्थि-बन्धक-तन्तु।

Ligamental or **Ligamentary** -लिगी-मेन्टल्, (-अरि), **Ligamentous** - लिगी- मेन्टस्-*adjs.* binding. अस्थि-बन्धन करनेवाला।

Ligate-लाइ-गेट्-*v. t.* to tie up a bleeding artery. बहते रक्त को रोकने के लिये धमनी (रक्तवाहिनी नाली) को बाँधना।

Ligation - लाइ - गे' - शन्-*n.* the act of binding. बन्धन।

Ligature-लिगे-चर् -*n.* a bandage, a band used for tying a bleeding artery, two or more letters cast into one. बन्धन, पट्टी, छापे के एक में ढले हुए (जुड़वाँ) टाइप, यथा—*fl, ffi.* इत्यादि।

Light-लाइट्-*n.* the natural agent by which objects are rendered visible to the eye, brightness, daylight, candle, any object which emits light, knowledge, eminent person. प्रकाश, प्रभा, रोशनी, दीपक, प्रकाश देनेवाला पदार्थ, ज्ञान, प्रसिद्ध मनुष्य; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Lit** *or* **Lighted.**) to give light to, to attend with a light, to set fire to, to become light or bright. प्रकाशित करना, प्रकाशित होना, जलाना, चमकीला या प्रकाशित होना; **In the light of this** (with the help of this.) इसकी सहायता से; **Light of one's eyes** (lovers.) प्रेमीजन; **To bring to light** (to publish, to reveal.) प्रकाशित करना; **To light up** (to lighten.) प्रज्वलित करना; **To come to light** (to be detected.) प्रकाशित होना; **To see the light** (to be born.) उत्पन्न होना; **To shed light upon** (to explain.) व्याख्या करना, समझाना।

Nil-निल्-*n.* nothing, having no number. कोई संख्या नहीं, नहीं, नदारद।

Nill-निल्-*v. i.* not to like. इच्छा न होना; **Willy-nilly** (whether he wills or not.) चाहे उसकी इच्छा हो या न हो।

Nimble-निम्'-बल्-*adj.* agile, active, quick of movement, clever. चपल, क्षिप्र गति, फुर्तीला, चालाक; **Nimble-fingered** -*adj.* expert at stealing. चोरी करने में निपुण।

Nimbleness-निम् - बल् - नेस् - *n.* fickleness, briskness. चपलता, फुर्तीलापन।

Nimbly-निम्-ब्लि-*adv.* with agility. चपलता से।

Nimbus-निम्'-बस्-*n.* (*pl.* Nimbi.) halo of bright light round the head of a saint, a bright cloud. प्रभामण्डल, प्रकाशपूर्ण या चमकदार बादल; **Nimbused** (-ड्)-*adj.* surrounded with a halo. प्रभामण्डल-युक्त।

Nimrod-निम्'-रॉड्-*n.* a sportsman, a hunter. शिकारी।

Nincompoop-निन्'-कॅम्-पूप्-*n.* a simpleton, a fool or blockhead. मूर्ख, लण्ठ, बुद्धिहीन मनुष्य।

Nine-नाइन्-*adj.* eight and one. नौ; **A nine day's wonder** (a novelty that attracts much attention.) चित्त को आकर्षित करनेवाला एक आश्चर्यजनक पदार्थ।

Ninefold-नाइन्'-फ़ोल्ड्-*adj.* nine times as much. नौगुना।

Nineteen-नाइन्'-टीन-*n.* nine and ten united. उन्नीस; **Nineteenth** (-टीन्थ्)-*adj.* the number after eighteenth. क्रम में उन्नीसवाँ।

Ninety-नाइन्-टि-*n.* nine times ten. नब्बे।

Ninny-नि-नि-*n.* a fool, a man of weak mind. मूर्ख मनुष्य, जड़बुद्धि।

Ninth-नाइन्थ्-*adj. & n.* next after eighth. नवाँ; **Ninthly** (-लि)-*adv.* in the ninth place. नवीं स्थिति में; **Ninth part** (one of nine equal parts.) नवाँ भाग।

Niobium-नाइ' -ओ' - बि - अम् -*n.* a metallic element. एक प्रकार की धातु।

Nip-निप्-*v. t. & i.* (*p. t.* Nipped.) to pinch, to bite, to check the growth of, to vex. कतरना, काटना, वृद्धि रोकना;-*n.* a pinch with nails or teeth, a biting, a small quantity of wine. नाखून या दाँत का कटाव, थोड़ी-सी मदिरा; **Nipped** (-ड्)-*adj.* cut off. कतरा हुआ; **To nip in the bud** (to destroy in the undevel-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

oped state. कली की अवस्था में काट लेना, अंकुरित होते ही नष्ट कर देना।

Nippers-नि-पर्ज़्-*n. pl.* pincers, pliers. सँड़सी, कतरनी।



Nippers.

Nipping-नि-पिङ्ग् - *adj.* that which nips. काटनेवाला; **Nippingly** (-पिङ्ग्-लि)-*adv.* so as to nip. काटते हुए।

Nipple-नि-प्ल्-*n.* the teat on a woman's breast, teat of a feeding bottle. स्तन का अगला भाग, चूचुक, दूध पिलाने की बोतल का अगला भाग।

Nisi-नाइ'-साइ-*conj.* unless before. अन्यथा, व्यर्थ का, पहिले का।

Nit-निट्-*n.* the egg of a louse or small insect. छोटे कीड़ों का अण्डा, लीख, ढील।

Nitrate-नाइट्रेट् - *n.* a compound made of nitric acid and alcohol. शोरे के अम्ल तथा मद्यसार का घोल;- *v. t.* to impregnate with nitric acid. इस प्रकार का घोल तैयार करना।

Nitre-नाइ'-टर्-*n.* saltpetre. शोरा।

Nitric-नाइट्रिक्-*adj.* impregnated with nitre. शोरे का

Nitrify-नाइट्रि-फाइ-*v. t.* to form into nitre. शोरा बनाना।

Nitro-नाइट्रो-*pref.* for combinations of nitric acid. उपसर्ग जिसका अर्थ "शोरे का अम्ल संबंधी" होता है।

Nitrogen-नाइट्रोजन्-*n.* a kind of gas. नाइट्रोजन नामक वायुरूप तत्त्व विशेष, नत्रजन; **Nitrogenous** (-जनस्)-*adj.* pertaining to nitrogen. नाइट्रोजन तत्त्व-सम्बन्धी।

Nix-निक्स्-*n.* a water-spirit. जल की परी।

No-नो-*adj.* not any. कोई भी नहीं;-*adv.* not at all. कुछ भी नहीं, अधिक नहीं;-*n.* (*pl.* Noes) a word of denial, a saying no. नहीं का शब्द, अस्वीकार; **He did it in no time** (he did it immediately.) उसने शीघ्र ही यह किया; **He is no more** (he died.) वह मृत्यु को प्राप्त हुआ; **Nobody** (-बॅडि)-*n.* no person, no one. कोई नहीं, तुच्छ व्यक्ति: **No doubt** (certainly.) निःसंदेह; **No less than** (almost the same.) उतना ही; **No less than five men.** पाँच मनुष्य से कम नहीं; **No more** (nothing further.) अधिक नहीं; **No one** (none.) कोई भी नहीं; **No sooner than** (as soon as.) ज्योंही; **Tell me whether or no** (declare affirmation or denial.) हाँ या नहीं कहो; **Two noes make a yes** (two negatives make one affirmative.) दो नहीं मिलकर एक हाँ बनाते हैं।

Nob-नॉब्-*n.* the head. सिर, मस्तक।

Nobble-नॉ-ब्ल्-*v. t.* to obtain by dishonesty. बेईमानी से छीन लेना।

Nobility-नो-बिलिटि-*n.* noblesness, dignity of mind, excellence, the person holding the rank of nobles. कुलीनता, महत्त्व, महिमा (प्रताप), कुलीन लोग।

Noble-नो'-ब्ल्-*adj.* of high title or birth, splendid, magnificent, excellent, admirable. कुलीन, महानुभाव, सुप्रतिष्ठित, उत्तम (श्रेष्ठ), तेजस्वी; **Noble man** (a peer.) कुलीन पुरुष, शिष्ट मनुष्य; **Noble-minded** -*adj.* of lofty ideas. उच्च विचार का; **Noble-mindedness** (magnanimity.) उच्च विचार (बड़ी शिष्टता); **Nobleness** (-नेस्)-*n.* greatness, stateliness. महत्त्व, श्रेष्ठता।

Nobly-नोब्लि - *adv.* in a noble manner. कुलीनता से।

Noblesse-नो'-ब्लेस्-*n.* persons of noble rank, the nobility. कुलीन लोग।

Nocent-नो'-सन्ट्-*adj.* hurtful, mischievous. कष्टकारक, पाजी।

Nock-नॉक्-*v.t.* to set an arrow on the string of a bow. धनुष पर तीर चढ़ाना;-*n.* the notch of an arrow, the forward upper corner of a sail. तीर के कोने का खण्ड, पाल का ऊपरी कोना।

Noctambulant-नॉक्ट्'-ऑम्-ब्यू'-लॅन्ट् -*n.* one who walks in sleep. निद्रा में चलने-फिरनेवाला।

Noctambulation-नॉक्ट्-ऑम्-ब्यु-ले'- शन् -*n.* walking in sleep. निद्रा में गमन (चलना)।

Noctiflorous-नॉक्टि-फ्लोर'-अस्-*adj.* flowering at night. रात को फूलनेवाला (पौधा आदि)।

Nocturnal-नॉक्टर्नल् -*adj.* pertaining to or done in the night. रात्रि सम्बन्धी, रात में किया हुआ।

Nocturne-नाक्टर्न् -*n.* a picture or song of the night scene. रात्रि का दृश्य या गीत।

Nod-नॉड्-*v. i. & t.* (*p. t.* Nodded.) to bend the head slightly and quickly, to be drowsy, to signify by a nod. सिर हिलाना, ऊँघना, सिर हिलाकर संकेत करना ; - *n.* a moving of a head, command, sign of absolute power. सिर की गति, आज्ञा, सर्व अधिकार का चिह्न; **Nodder** (-डर्)-*n.* one who nods. सिर हिलानेवाला ; **Nodding acquaintance** (slight knowledge of a person.) सामान्य परिचय, केवल साहब-सलामत।

Noddle-नॉ-डल्-*n.* the head, back of head

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मस्तक, मस्तक का पिछला भाग; *-v. t.* to move the head. सिर हिलाना।

Noddy-नॉ-डि-*n.* a noodle, a simpleton, a tropical sea-bird. मूर्ख, गँवार, एक समुद्री चिड़िया।

Node-नोड्-*n.* a knob or knot, a hard tumour. गाँठ, गिल्टी, गुल्म; **Nodical** (-इ-कल्) *-adj.* pertaining to node. ग्रन्थि-सम्बन्धी।

Nodose-नोड्'-ओस्-*adj.* knotty. गाँठदार, ग्रन्थि-युक्त; **Nodulated** (-यु-लें-टेड्)-*adj.* knotty. ग्रन्थियुक्त।

Nodule-नो-ड्यूल्-*n.* a small knot. छोटी ग्रन्थि या गुल्म।

Nodus-नोडस्-*n.* complication, a point of difficulty. पेचीदगी, आपत्ति।

Nog-नॉग्-*n.*a block or picece of wood, stump of a tree. लकड़ी का कुन्दा, वृक्ष की थूनी।

Noggin-नॉ-गिन्-*n.* a small mug or pot. छोटा घड़ा या पात्र।

Noise-नॉइज़् -*n.* clamour, shouting, loud sound, din of voices. ध्वनि, शब्द, रव, शोर-गुल; *-v. t. & i.* to make a loud sound, to spread by rumour or report. शब्द करना, समाचार फैलाना; **Loud noise** (clamour.) कोलाहल; **To make a noise** (to shout.) कोलाहल करना।

Noiseless-नॉइज़्'-लेस्-*adj.* having no noise. निःशब्द, मौन; **Noiselessly** (-लि)-*adv.* without noise. चुपचाप; **Noiselessness** (-नेस्)-*n.* the state of being noiseless. निःशब्दता

Noisily-नॉ-इ-ज़ि-लि-*adv.* with noise. उच्च स्वर से, बड़े शब्द से।

Noisiness-नॉ-इ-ज़ि-नेस् -*n.* clamour. कलरव, कोलाहल।

Noisome-नॉइ'-सम्-*adj.* ill-smelling, hurtful, noxious to health, offensive, unwholesome. दुर्गन्धयुक्त, अपकारी, नीच, क्षयकर; **Noisomeness** (-नेस्) -*n.* the quality of being noisome. दुर्गन्ध, उग्रगन्धता।

Noisy-नॉ-इ - ज़ि -*adj.* (*comp.* **Noisier**, *sup.* **Noisiest.**) full of noise, clamorous, loud, violent. कोलाहल करनेवाला, कोलाहलपूर्ण, उग्र।

Nomad-नो'-मॉ-इ-*adj.&n.* wandering, roaming from place to place. घूमनेवाला, बञ्जारा।

Nomadic-नो'-मॉ-डि-क्-*adj.*wandering.अस्थिर, भ्रमणकारी; **Nomadically** (-अ-लि)-*adv.* in a nomadic manner. विचरते हुए।

Nomadize-नो'-मॉ-डा-इज़् -*v. i.* to wander. इधर-उधर भ्रमण करना।

Nom-de-plume-नॉम्'-डि-प्लूम्-*n.* a writer's borrowed name. लेखक का कृत्रिम (बनावटी) नाम।

Nomenclative-नो'-म-न्-क्लें'-टिव्-*adj.* pertaining to nomenclature. परिभाषा सम्बन्धी।

Nomenclature-नो-मन्-क्लेंचर्-*n.*a vocabulary of names, system of names, terminology of a science. शब्दों की सूची, नामकरण, परिभाषा।

Nominal-नॉमिनल्-*adj.* of a noun, existing in names only. नाम-सम्बन्धी, नाम मात्र का; **Nominal ruler** (a ruler in name only.) नाम मात्र का राजा; **Nominal verb** (a verb formed from nouns.) नाम धातु (संज्ञा से बनी हुई धातु)।

Nominalism-नॉमिनलिज़्म् -*n.* the doctrine that general notions exist merely in names. यह सिद्धान्त कि गुण केवल नाम में ही रहते हैं; **Nominalist** (-इस्ट्) -*n.* one who upholds nominalism. ऐसे सिद्धान्त को माननेवाला।

Nominally-नॉमिनलि-*adv.* by name only. नाम मात्र से।

Nominate-नॉमिनेट्-*v. t.* to call by the name of, to propose for office, to appoint. नाम लेना, किसी पद के लिये निर्दिष्ट करना, नियुक्त करना; **Nomination** (-शन्) -*n.* the act of nominating. नियोजन, प्रतिष्ठापन, नियुक्ति।

Nominative (-टिव्)-*n. & adj.* the case of the subject of a finite verb, of this case. कर्त्ता कारक, इस कारक का।

Nominator-नॉमिनेटर् -*n.* one who nominates. नियुक्त करनेवाला।

Nominee-नॉमिनी -*n.* a person named or designated. नियुक्त पुरुष।

Non-नॉन्-*pref.* added to nouns and adjectives in sense of "not". "अभाव" अर्थ का उपसर्ग; **Nonage**-नोनज़् - *n.* early stage, minority. बाल्यावस्था, लड़कपन।

Nonagenarian-नॉनेजि-नें-रिअन् -*n.* a person from 90 to 100 years of age. नब्बे से सौ वर्ष तक की वय का मनुष्य।

Nonagon-नॅ-न'-अ-गन्-*n.* a nine-angled polygon (*geom.*) रेखागणित में नव कोण की आकृति।

Nonary-नोनरि-*n.* a group of nine. नौ का समुदाय।

Nonce-नॅ-न्स् -*n.* the present time. वर्तमान काल, यह अवसर।

Nonchalance-नॅ-न्'-शलन्स् -*n.* indifference. उदासीनता, शान्ति।

Nonchalant-नॅ-न्' - शलन्ट् -*adj.* indifferent unmoved. उदासीन, शान्त; **Nonchalantly**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(-लि)-*adv.* with indifference. उदासीनता से।

Non-commissioned-नॅ - न् - कमिशन्ड् - *adj.* not appointed for any special work. अनधिकारी, बिना किसी विशिष्ट अधिकार का।

Noncompos-नॅ-न्'-कॅम्-पॅस् - *adj.* an idiot. मूर्ख, पागल, झक्की।

Nonconductor-न-न्-कन्डक्टर्-*n.* a substance that obstructs the flow of heat or electricity. बिजली या उष्णता के प्रभाव को रोकनेवाला पदार्थ, अपरिचालक पदार्थ।

Nonconformist-नॅ-न्-कन्फ़ॉर्मिस्ट् -*n.* one who does not conform to the doctrine of the established church. प्रचलित ईसाई मत को न माननेवाला।

Nonconformity-नॅ-न्-कन्फ़ॉर्मिटि-*n.* failure to conform. विरोध, विरुद्धता।

Non-co-operation-नॅ-न्-को-ऑपरेशन् -*n.* the act of not co-operating with the established government. असहयोग।

Non-co-operator-नॅ-न्-को - ऑपरेटर् -*n.* one who non-co-operates. असहयोगी, सहयोग न करनेवाला मनुष्य।

Nondescript-नॅ-न्'-डिस्-क्रिप्ट् -*adj.* not able to be classified, strange. क्रम में न रखने योग्य, विलक्षण, अपूर्व।

None-नन्-*pron.,adj.* & *adv.* not any. कोई नहीं; **None-the-less** (nevertheless.) तथापि, तो भी।

Nonentity-नॅ - न न्टिटि -*n.* non - existence. अस्तित्वाभाव, अस्तित्वहीनता।

Non-existence-नॅ-न्-ऍग्ज़िस्टन्स् -*n.* a thing having no existence. अस्तित्व-हीनता, सत्ता का न होना।

Nonpareil-नॅ-न्'-प-रेल् -*adj.* & *n.* unique, peerless, a kind of printing type. अद्वितीय, अनुपम, एक प्रकार के छापे के टाइप।

Non-plus-नॅ-न् प्लस्-*v. t.* (*p. t.* **Non-plussed**) to confound, to reduce to perplexity. व्याकुल करना, निरुत्तर करना; -*n.* perplexity. व्याकुलता; **Non-plussed** (- ड्) -*adj.* confounded, perplexed. व्याकुल, निरुत्तर।

Non-resident-नॅ-न्-रॅ ज़ि-डॅन्ट्-*adj.* & *n.* not residing where his duties require him to reside. अपने स्थान पर न रहनेवाला; **Non-residence** (-डॅन्स्)-*n.* the state of being non-resident. अपने स्थान पर न रहने की स्थिति।

Nonsense-नॅ-न्'-सेन्स्-*n.* absurd, foolish or meaningless words. अनर्थक (असम्बद्ध) वचन, प्रलाप, असंगत वार्ता।

Nonsensical-न-न्-सॅन्सिकल्-*adj.* unmeaning. अनर्थक; **Nonsensically** (-लि) -*adv.* in a nonsensical manner. असंगत रूप में।

Non-sequitur-नॉन्-सॅक्विटर्-*n.* a conclusion that does not follow from the premises. निष्कर्ष या परिणाम जो अनुमान से नहीं निकलता है।

Nonsuch, Nonesuch-नॅन्'-सच्, (नन्'-सच्) -*ns.* an unrivalled or unique person. अद्वितीय अथवा अनुपम पुरुष।

Nonsuit-नॅ-न्'-सूट्-*n.* the stoppage of a law suit. किसी मुक़दमे का खारिजा; -*v. t.* to drop a suit. मुक़दमा खारिज करना या उठा लेना; **Nonsuited** (-ऍड्)-*adj.* destroyed. नष्ट किया हुआ।

Noodle-नू - ड्ल् -*n.* a simpleton. मूर्ख, मूढ़; **Noodledom** (-डम्)-*n.* foolishness. मूर्खता, मूढ़ता।

Nook-नूक्-*n.* a corner, a secluded place. कोना, निर्जन स्थान।

Noon-नून्-*n.* midday, twelve o'clock in the day. मध्याह्न, मध्यकाल; -*adj.* pertaining to noon. मध्याह्न का; **Noon-day** (-ड)-*n.* midday. मध्याह्न काल।

Noose-नूज़्(-स्)-*n.* a loop with a running kont. सरकनेवाला फन्दा; -*v. t.* to ensnare, to catch in a noose. फन्दा लगाना, जाल में फँसाना।

Nor-नॉर्-*conj.* & *adv.* not either. न, न तो।

Norm-नॉर्म्-*n.* pattern, type, model. नमूना, आदेश (नियम), सिद्धान्त।

Normal-नॉर्मल्-*adj.* according to a standard, usual, perpendicular. यथाक्रम, प्राकृतिक, लम्बरूप; -*n.* natural condition. प्राकृतिक स्थिति; **Normal school** (a school for training teachers.) शिक्षकों को अध्यापन सिखलाने की पाठशाला।

Normalcy-नॉर्मल्सि -*n.* normal state. प्राकृतिक दशा।

Normality-नॉर्मलि-टि -*n.* perpendicular state. लम्बरूपता।

Normalization-नॉर्म - लाइज़ॅशन्-*n.* standardization. सुव्यवस्थितिकरण।

Normalize-नॉर्मलाइज़्-*v. t.* to render normal. नियम बाँधना, नियमबद्ध करना।

Normally-नॉर्मलि-*adv.* in a normal manner. विधिवत्।

Norman-नार्मन्-*n.* an inhabitant of Normandy. नार्मन्डी देश का निवासी।

Norse-नॉर्स् -*n.* the Norwegian language. नॉर्वे देश की भाषा।

North-नॉर्थ्-*n.* the direction opposite to the south. उत्तर, उत्तर दिशा; **North-east** (the point between north and east.) पूर्वोत्तर का कोण, ईशान दिशा; **Northernmost** (-अर्न्-मोस्ट्)-*adj.* (also **Northermost** or **Northmost.**) most northerly. सबसे उत्तर का।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Northing-नोर्थ्-इङ्ग् - *n.* northward progress of a ship. उत्तर की ओर जहाज़ की गति।

North-pole-नॉर्थ्'-पोल् - *n.* the point in the heavens or beneath it on the earth's surface ninety degrees north of the equator. उत्तरी ध्रुव।

North-star-नार्थ्-स्टार् -*n.* the Polar star. ध्रुव-तारा।

Northward(-s)-नॉर्थ्-वर्ड् (-स्) -*adv.* towards the north. उत्तर की ओर।

North-west-नॉर्थ्-वेस्ट् - *n.* (also **Norwest.**) the point between north and west. पश्चिमोत्तर, वायव्य दिशा।

Norwegian-नॉर्'-वी'-ज्यन् -*adj.* & *n.* a native of Norway, belonging to Norway. नॉर्वे देश का निवासी, नॉर्वे देश का।

Nose-नोज़्-*n.* prominent part of the face, the organ of smell, sense of smell, the projecting part of anything. नासिका, घ्राणेन्द्रिय, सुगन्ध, नाक, किसी वस्तु का उभड़ा हुआ भाग;-*v. t.* to smell, to know by smelling. गन्ध का अनुभव करना (सूँघना), सूँघकर पता लगाना; **Aquiline nose** (pointed nose.) सुग्गे की ठोर के सदृश नाक; **Nose of wax** (an over-pliable person.) सहज में डिग जाने वाला मनुष्य; **To follow one's nose** (to go forward in a straight line.) नाक के सीधे जाना; **To lead by the nose**(to lead blindly.) नकेल पकड़कर ले चलना; **To nose about** (to investigate.) पता लगाना; **To poke one's nose** (to make interruption in other's work.) दूसरे के काम में दखल देना; **To speak through the nose.** नकियाकर बोलना।

Nose-bag-नोज़्' - बॅग् - *n.* a bag tied to a horse's nose. तोबड़ा।

Nosed-नोज़्ड्-*adj.* having a nose. नाकदार।

Nose-dive-नोज़्'डाइव्-*n.* the plunging of an aeroplane towards the ground. हवाई जहाज़ का नीचे की ओर (भूमि पर) एकाएक उतरना।

Nose-flute-नोज़्'-फ़्लूट्-*n.* a musical instrument operated by the nose. नाक से बजाने का बाजा।

Nosegay-नोज़्-गे-*n.* a bunch of sweet scented flowers. सुगन्धित फूलों का गुच्छा।

Nose-less-नोज़्'-लेस् - *adj.* without a nose. बिना नाक का।

Nose-pin-नोज़्'-पिन्-*n.* a pin for the nose. नाक में पहिनने की कील, नकफूल।

Nose-ring-नोज़्'-रिङ्ग्-*n.* an ornament for the nose. नथुनी।

Nosing-नोज़्-इङ्ग्-*n.* the rounded edge of a step. सीढ़ी के डण्डे का गोल किनारा।

Nostalgia-नॅस्-टैल्'-जि - आ - *n.* home sickness. घर पर पड़े रहने की बीमारी।

Nostradamus-नॅस्-ट्रॉ-डे'-मस् - *n.* one who makes predictions. भविष्यवक्ता।

Nostril-नॅस्ट्रिल् - *n.* either of the apertures or openings in a nose. नासिका-छिद्र, नथुना।

Nostrum-नॅस्ट्रम् - *n.* a secret remedy or prescription. गुप्त औषध।

Nosy-नोजि-*adj.* having a big nose, inquisitive. बड़ी नाकवाला, कुतूहली।

Not-नॉट् - *adv.* a word expressing denial or negation. नहीं, न, मत; **Not a few** (many.) बहुतेरे; **Not seldom** (often.) प्रायः, कभी-कभी।

Nota bene-नो'-टा-बी'-नी-*v. imp. mood,(abbr.* N. B.) note what follows. नीचे लिखे विषय पर ध्यान दो।

Notability - नोटे - बिलिटि - *n.* notableness. प्रसिद्धि, ख्याति।

Notable-नो-टे-बल्- *adj.* remarkable, worthy of notice, striking, conspicuous, capable. स्मरणीय, प्रसिद्ध, उत्कृष्ट, योग्य;-*n.* a person or thing worthy of note, an eminent person. प्रसिद्ध पुरुष या पदार्थ।

Notably-नो-टे-ब्लि-*adv.* in a notable manner. प्रसिद्धि से।

Notarial-नोटेरिअल् - *adj.* pertaining to a notary. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाले अफसर से सम्बन्धित।

Notary-नोटरि - *n.* a public officer authorized to attest contracts &c. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाला अफ़सर।

Notation-नोटेशन्-*n.* the act or practice of representing numbers by symbols. अंक-विद्या, गणना।

Notch-नॉच् - *n.* a cut, a nick. दाँता, कटाव; -*v. t.* to cut hollows in. दाँतेदार बनाना; **Notched** (-ड्), **Notchy** (-इ) - *adjs.* indented. दाँतेदार।

Note-नोट् - *n.* a distinctive mark, token or sign, a short letter, a mark of censure, a brief record of facts, annotations to a book, observation, character in music, formal communication, written promise for payment, a comment, memorandum, receipt, written acknowledgement of a debt, notice, attention, importance, consequence, notability, intimation. विशिष्ट चिह्न, संकेत, छोटा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वर्ण, लाञ्छन, संक्षिप्त लेख, पुस्तक की टीका, संगीत का स्वर, औपचारिक बात-चीत या लिखा-पढ़ी, चुकती की लिखित प्रतिज्ञा, व्याख्या, स्मृतिपत्र, रसीद, ऋण की लिखित स्वीकृति, सूचना, ध्यान, महत्त्व, परिणाम, ख्याति, जानकारी;-*v. t.* to annotate, to attend to, to set down in writing, to take notes, to observe, to mention, to set to music, to indicate. आलोचना करना, ध्यान देना, लिखना, विचारना, बताना, गाना प्रारंभ करना, इशारा करना; **Noted** (-एॅड्)-*adj.* renowned, marked, recorded, put in mind. प्रसिद्ध, अङ्कित, लिखित, ध्यान में रखा गया; **Hand-note** (a written promise to pay.) रुक्का, पुर्जा; **High note** (elevated voice.) ऊँचा स्वर।

Note-book-नोट्'-बुक् - *n.* a book in which notes are written. स्मरणार्थ विषय लिखने की छोटी पुस्तक।

Noteless-नोट्'-लॅस्-*adj.* not attracting notice. अप्रसिद्ध, अनाकर्षक।

Notelet-नोट्'-लट्-*n.* a short note. पुस्तिका, छोटी स्मरणार्थ पुस्तक।

Notepaper-नोट्' - पे - पर् - *n.* a small-sized writing paper. चिट्ठी लिखने का कागज।

Noteworthy-नोट्'-वर्दि-*adj.* worthy of observation. विचार करने योग्य; **Worthy of note** (very famous, illustrious.) अति प्रसिद्ध, विख्यात।

Nothing-नथ्'-इङ्ग् - *n.* not anything, non-existence, a trifle, a cipher. अभाव, असत्त्व(कुछ भी नहीं), तुच्छ वस्तु, शून्य;-*adv.* in no degree. किसी भी रूप में नहीं; **Can make nothing of** (cannot understand.) नहीं समझ सकता; **For nothing** (uselessly.) अकारण, वृथा; **That is nothing to you** (it is of no concern to you.) आपसे इसका कोई सम्बन्ध नहीं है; **To come to nothing** (to turn useless.) निष्फल होना; **To dance on nothing** (to be hanged.) फाँसी पड़ना; **To make nothing of** (to treat as a trifle.) तुच्छ जानना।

Nothingness-नथ्'-इङ्ग्- नॅस् - *n.* non-existence. अभाव, शून्यता, अस्तित्वहीनता।

Notice-नो-टिस्-*n.* intimation, information, remark, warning, announcement, attention, consideration, treatment of respect. जानकारी, सूचना, चेतावनी, घोषणा, ध्यान, विचार, सत्कार;-*v. t.* to observe, to treat with attention, to mention. ध्यान देना, विचार करना, वर्णन करना; **Notice-board** (a board for pasting notices on.) सूचना-पट; **Take notice** (be careful.) सावधान हो जाओ; **To come to notice** (to attract attention.) ध्यान आकर्षित करना; **Written notice** (a notice in writing.) लिखित सूचना।

Noticeable-नोटिसॅब्-ल्-*adj.* worthy of notice, remarkable. विचारणीय।

Noticably-नोटिसॅब्लि - *adv.* remarkably. विचारपूर्वक।

Notifiable - नोटिफ़ार्यॅब्ल् - *adj.* worthy of notice. सूचना देने योग्य।

Notification-नोटिफ़िकेशन् - *n.* the act of giving notice. सूचना, विज्ञापन।

Notify-नोटि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Notified.**) to make known, to give notice to, to inform. सूचना देना, प्रकाशित करना, घोषणा करना, जताना।

Notion-नो'-शन्-*n.* idea, conception, view thought, opinion. कल्पना, भाव, अभिप्राय, विचार, मत; **Under the notion** (with the idea.) इस अभिप्राय या विचार से।

Notional-नो' - शनल् - *adj.* imaginary, fanciful. मन से गढ़ा हुआ, मनःकल्पित; **Notionally** (-अ-लि)-*adv.* fancifully. कल्पना से।

Notoriety-नॅ-टॅ-राइ' - इटि - *n.* notoriousness. प्रसिद्धि, दुर्नाम।

Notorious-नॅ - टोरि - अस् - *adj.* badly known, infamous. कुख्यात,लोकप्रसिद्ध, दुर्नाम; **Notoriously** (-लि) - *adv.* in a notorious manner. कुख्यात रूप से, प्रसिद्धि से; **Notoriousness** (-नॅस्) - *n.* the state of being notorious. कुप्रसिद्धि।

Notwithstanding-नॉट्'-विद्- स्टॉन्ड्' - इङ्ग् - *prep., adv. & conj.* in spite of. तथापि, तो भी, ऐसा होते हुए भी, यद्यपि।

Nought-नॉट्-*n.* nothing, a cipher. कुछ नहीं, शून्य (०); **To set at nought** (to despise.) तिरस्कार करना।

Noumenal,Noumenally-see **Noumenon.**

Noumenon-नॅ (- नाउ) - मिनन् - *n.* (*pl.* **Noumena.**) an unknown or unknowable subject. अज्ञात अथवा ज्ञात न होने योग्य विषय; **Noumenal** (-अल) - *adj.* pertaining to noumenon. अज्ञात ; **Noumenally** (-अलि) -*adv.* in an unknown manner. अज्ञात रूप से।

Noun-नाउन्-*n.* a word used as the name of a person, place or thing. नाम, संज्ञा।

Nourish-नरिश् - *v. t.* to nurture, to support, to sustain with food, to cherish, to promote growth. पालन-पोषण करना, पालना, बढ़ाना।

Nourisher - नरिशर् - *n.* he who or that which nourishes. पालन करनेवाला।

Nourishing-नरिशिङ्ग् - *adj.* promoting gro-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

wth, giving nourishment. बलवर्द्धक, पौष्टिक।

Nourishment-न - रिश् - मेंन्ट्-*n.* nutriment, food. पोषण, भोजन।

Novel-नॅ-व्हे' - ल्-*n.* a fictitious tale. कल्पित कथा, उपन्यास; -*adj.* strange, unusual, unknown before. अपूर्व, विलक्षण, अनोखा, अनूठा।

Novelette-नॅ-व्हे-लेट्-*n.* a small novel. छोटा उपन्यास, छोटी कहानी।

Novelist-नॅ-व्हे-लिस्ट्-*n.* a writer of novels. उपन्यास-लेखक; **Novelistic** (-इक्)-*adj.* of the nature of a novel. उपन्यास रीति का।

Novelize-नॅ-व्हे-लाइज़्-*v. t.* to relate in the form of a novel. (नाटक इत्यादि को) उपन्यास रूप में लिखना।

Novelty-नॅ-व्हे-ल्टि-*n.* (*pl.* **Novelties.**) a new strangeness, occurrences, newness. नवीन घटना, कौतुक।

November-नॅ-व्हेम्बर-*n.* the eleventh month of the English year. अंग्रेज़ी वर्ष का ग्यारहवाँ महीना, नवम्बर।

Novennial-नोव्हे नि-अल्-*adj.* performed every ninth year. नववर्षीय, नौ-नौ वर्ष पर होनेवाला।

Novercal-नॅ-व्हर्कल्-*adj.* relating to or like a step-mother. सौतेली माता के समान, विमाता-सम्बन्धी।

Novice-नॅ-व्हिस्-*n.* a beginner, an inexperienced person, a probationer, a tiro. नवछात्र, अनभ्यस्त, नवसिखुआ।

Novitiate-नॅ-व्हिश्'-इ-एट्-*n.* the period of apprenticeship. विद्यारम्भ-काल।

Novocaine-नोव्रो-केन्-*n.* local anaesthesia. शरीर के किसी भाग की चेतनाशून्यता (सुन्न अवस्था)।

Now-नाउ-*adv.* & *n.* at the present time, the present time. अभी, अब, वर्तमान काल; **Just now** (at the present time, at once.) अभी, तुरन्त; **Now-a-days** (during these days.) आजकल, इन दिनों; **Now and then** (at one time or another.) कदाचित्, कभी कभी; **Till now** (even now.) अब तक।

Nowhere-नो'-व्हेअर्-*adv.* in no place, not anywhere. कहीं नहीं।

Noxious-नॉक्'-शस्-*adj.* harmful, injurious, pernicious. हानिकारक, अहितकारी; **Noxiously** (-लि) -*adv.* perniciously, hurtfully. दुःख से, हानि से; **Noxiousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being noxious. अपकार, हानि।

Nozzle-नॉ-ज़ल्-*n.* the end piece of a hose, the nose. फौवारे का अग्रभाग, नाक का अगला भाग।

Nuance-नू-आन्स'-*n.* nice or subtle difference. भाव तथा अर्थ इत्यादि में का सूक्ष्म अन्तर।

Nub-नब्, **Nubble**-न-ब्ल्-*ns.* a small knob. छोटी गाँठ; **Nubbly** (-ब्लि) -*adj.* (also **Nubby.**) in small lumps. ग्रन्थिमय, गाँठदार।

Nubile-न्यू'-बिल्-*adj.* marriageable. विवाह करने योग्य।

Nubility-न्यू-बि-लिटि-*n.* marriageable state. विवाह-योग्यता।

Nucleal, Nuclear, Nucleole-see **Nucleus.**

Nucleus-न्यू'-क्लि-अस्-*n.* (*pl.* **Nuclei.**) the central part of a thing, kernel. नाभिक, गर्भ (बीज), गुद्दा (गरी); **Nucleal** (-अल्), **Nuclear** (-अर्)-*adjs.* pertaining to a nucleus. बीज सम्बन्धी; **Nucleole** (-ओल्) -*n.* nucleolus. गर्भ (बीज) के भीतर का गर्भ (बीज)।

Nude-न्यूड्-*adj.* unclothed, naked. बिना वस्त्र का, नङ्गा; -*n.* the naked figure. नंगी मूर्ति; **Nudely** (-लि) -*adv.* in a nude manner. नग्नता से।

Nudge-नज्-*v. t.* to push gently with the elbow. केहुनियाकर संकेत करना।

Nudity-न्यूडिटि-*n.* nakedness. नङ्गापन।

Nugatory-न्यू-गॅटरि-*adj.* useless, trifling, futile, worthless. व्यर्थ, निरर्थक, निष्फल।

Nuggar-न-गर्-*n.* a kind of broad boat. एक प्रकार की चौड़ी नाव।

Nugget-न-गेट्-*n.* a lump of unrefined gold. बिना स्वच्छ किये हुए सोने का पिण्ड।

Nuisance-न्यू'-सॅन्स्-*n.* anything offensive or injurious, annoying action, something disagreeable. उत्पात (कण्टक), बाधा (पीड़ा), क्लेशकारक पदार्थ; **Commit no nuisance** (do not defile a place.) (मल-मूत्र इत्यादि से) स्थान अशुद्ध मत करो; **Family nuisance** (a disturbance in the family.) गृह-कलह; **Public nuisance** (anything injurious to the community.) लोक-कण्टक।

Null-नल्-*adj.* invalid, useless, amounting to nothing. अप्रमाणित, निष्फल, व्यर्थ।

Nullification-न - लिफ़िकेशन्-*n.* the act of nullifying. निष्फलीकरण।

Nullify-नलि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Nullified.**) to render void, to annul, to neutralize. विफल करना, निरर्थक करना।

Numb-नम्-*adj.* deprived of feeling, stupefied, without motion. स्तब्ध, चेतना-शून्य, गति-शून्य; -*v. t.* to deaden. चेतना-शून्य करना।

Numbly-नम्'-लि-*adv.* in a numb manner. स्तब्धता या चेतना-शून्यता से।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Number-नम्बर्-*n.* unit, sum, multitude, aggregate, verse, figure, grammatical inflexion. इकाई, संख्या, समूह, योग, कविता, गणना, गिनती, (व्याकरण में) वचन;-*v. t.* to mark with a number, to count, to settle. अंकित करना, गणना करना, निश्चित करना;-(*pl.*) verses, poetry. कविता, गीत; **A number of men** (a multitude of men.) बहुत से मनुष्य; **He is not our number** (he does not belong to our society.) वह हमारी मण्डली का नहीं है; **His days are numbered** (he is soon to die.) वह शीघ्र ही मरेगा; **In numbers** (in order.) क्रम से, अनेक; **Numberless** (-लेस्)-*adj.* countless. असंख्य, अनगिनती; **One's number goes up** (*i. e.* dies.) मर जाता है; **Science of number** (arithmetic.) अंकगणित; **Without number** (innumerable.) असंख्य, अनगिनती।

Numerable-न्यू-मरे - बल्-*adj.* that can be numbered. गणना करने योग्य, गिनने योग्य।

Numeral-न्यू'-म-रल्-*adj.* pertaining to number, expressing number. अंक या संख्या सम्बन्धी; **Numerally** (-लि) -*adv.* according to number. संख्या के अनुसार।

Numeration-न्यू-म-रेशन्-*n.* calculation, the act of numbering. गणना, गिनती।

Numerator-न्यू - म - रेटर्-*n.* a person who numbers, the term in a vulgar fraction showing the parts taken. गिननेवाला, साधारण भिन्न का अंश।

Numeric-न्यू-मरिक्-*n.* a number whether whole or fractional. पूर्ण या अपूर्ण संख्या।

Numerical-न्यू-मरिकल्-*adj.* denoting number. संख्या-सूचक; **Numerically** (-लि) -*adv.* with respect to number. संख्या रूप में, संख्यानुसार।

Numerous-न्यू'-म - रस्-*adj.* comprising of several units. बहुत, अनेक; **Numerously** (-लि)-*adv.* in great numbers. अनेक संख्या में; **Numerousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being numerous. बाहुल्य।

Numismatic-न्यू - मिज़्मॅटिक्-*adj.* pertaining to coins. मुद्रा-सम्बन्धी; **Numismatically** (-अ-लि)-*adv.* मुद्रा के विषय में; **Numismatics** (-स्)-*n.* the science of coins. मुद्राशास्त्र।

Nummet-न-मेट्-*n.* lunch. सवेरे का भोजन।

Numskull-नम्' - स्कल् - *n.* a blockhead, a foolish person. मूर्ख मनुष्य, लण्ठ।

Nun-नन्- (*mas.* Monk.) a woman leading a religious and secluded life. तपस्विनी (मठ-वासिनी), भक्तिन।

uncio-नन्शिओ - *n.* messenger from the Pope. ईसाइयों के धर्माध्यक्ष का दूत।

Nunnery-ननरि-*n.* house for nuns. वैरागिनियों की कुटी।

Nuptial-नप्-शल्-*adj.* pertaining to marriage. वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी; (*pl.*) Marriage. (व० व०) विवाह संस्कार; **Nuptial ceremony.** विवाह संस्कार।

Nurse-नर्स्-*n.* a woman who tends a child, that which fosters, a woman who takes care of the sick. धाय (उपमाता), परिचारिका, रोगियों की रेखदेख करनेवाली स्त्री;-*v.t.* to suckle a child, to foster, to manage with care, to cherish, to keep in good humour. दूध पिलाना, पालना, अच्छा प्रबन्ध करना, प्रसन्न रखना, पौधों को सँभालना; **Dry nurse** (a nurse who does not suckle but simply takes care of a baby.) केवल परिचर्या करनेवाली धाय; **Nursesong** (a song for children.) शिशुगीत; **Wet nurse** (a nurse who suckles babies.) बच्चे को दूध पिलानेवाली धाय।

Nursery-नर्सरि-*n.* (*pl.* Nurseries.) a room for children and their nurses, a plot of ground for the rearing of plants. धायघर, बच्चों का कमरा, पौधाघर (जखीरा)।

Nursling, Nurseling - नर्स्लिङ्ग् - *ns.* an infant. स्तनपान करनेवाला बच्चा; -*v. t.* to nourish, to bring up. शिक्षा देना, पालन-पोषण करना।

Nut-नट्-*n.* a fruit consisting of an edible kernel with a hard shell, the adjusting screw for a bolt. कड़े छिलके का खाने योग्य फल, ढिबरी; **A hard nut to crack** (a difficult undertaking.) कठिन समस्या।

Nut-crackers-नट्' - क्रॉ-कर्स्-*n.* an appliance for breaking nuts. सरौता।

Nutrient-न्यू'-ट्रि-अन्ट्-*adj.* serving as nourishment, promoting growth. पालन-पोषण करनेवाला, बलवर्द्धक।

Nutriment-न्यू'-ट्रि-मेन्ट्-*n.* a nourishing food. पुष्टि देनेवाला आहार; **Nutrimental** (-मेन्ट्-अल्) -*adj.* pertaining to nutriment. पुष्टिकर भोजन से सम्बन्धित।

Nutrition-न्यू-ट्रि- शन् - *n.* nutriment. पालन-पोषण, आहार।

Nutritious-न्यू'-ट्रि-शस्-*adj.* nourishing. पुष्टिकर, पौष्टिक; **Nutritiously** (-लि) - *adj.* in a nutritious manner. पौष्टिक रूप में; **Nutritiousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being nutritious. पौष्टिकत्व।

Nutritive-न्यू'-ट्रि-टिव्-*adj.* nourishing. पुष्टिकर।

Nutshell-नट्'-शेल्-*n.* the hard covering of

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

fruits, briefest possible way of expressing something. फल का ऊपरी कड़ा छिलका, किसी बात को संक्षिप्त रूप में कहने का ढंग।

Nutting-नटिङग्-*n.* the gathering of nuts. सुपारी इत्यादि एकत्रीकरण।

Nutty-न-टि-*adj* full of nuts. कड़े छिलकेवाले फलों से पूर्ण।

Nux vomica-नक्स्-वॅ-मिका-*n.* a tree yielding a poisonous fruit. कुचला नामक विष।

Nuzzle-न-ज़ल्-*v. t.* to press with the nose, to nestle, to foster. नाक से घिसना, नाक लगाना, पालन-पोषण करना।

Nyctalopia-निक्ट-लो'-पि-आ-*n.* night blindness. रतौंधी।

Nymph-निम्फ्-*n.* a semi-divine being, a lovely young girl. अप्सरा (परी), सुन्दर स्त्री।

Nymphish-निम्फ़िश्-*adj.* relating to nymphs. अप्सरा-सम्बन्धी; **Nymph-like** (-लाइक्) -*adj.* like a nymph. अप्सरा-तुल्य।

Nymphomania-निम्फ़ॅ-मेनिआ-*n.* uncontrollable sexual desire in women. स्त्रियों में रति की उत्कट इच्छा।

Nystagmus-निस्टॅग्मस्-*n.* a kind of eye disease. एक प्रकार का चक्षु रोग।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

O—ओ—the fifteenth letter of the English alphabet, symbol for oxygen Chemistry. अंग्रेज़ी वर्णमाला का पन्द्रहवाँ अक्षर, रसायनशास्त्र प्राणवायु' (ऑक्सिजन् या उद्जन) के लिये सांकेतिक अक्षर ।

O, Oh-ओ-*interj.* an exclamation of wonder, pain or fear. आश्चर्य, पीड़ा या भय सूचक अव्यय—अरे ! अहो ! वाह !

O'-ओ-*prep.* short form of **'Of'**. अनेक शब्दों में **'Of'** के छोटे रूप में प्रयुक्त होता है, यथा; **o'clock** = of clock, **man-o'-war.** = man of war. इत्यादि ।

Oaf-ओफ़्-*n.* a foolish child, an idiot. मूर्ख बच्चा, जड़मति, कूढ़मग्ज़ ।

Oak-ओक्-*n.* a forest-tree and its wood. सिन्दूर वृक्ष, बलूत का पेड़; **Oak-apple** (oak-gall.) माजूफल ।

Oaken-ओक् - ऍन् - *adj.* made of oak. बलूत वृक्ष का बना हुआ ।

Oaklet-ओक्'-लॅट्-*n.* a small oak. छोटा बलूत का वृक्ष ।

Oakum-ओक्'-अम्-*n.* loose fibres of rope. खण्डित रज्जु, रस्से के टुकड़े या रेशे ।

Oar-ओर्-*n.* a long shaft or pole with a blade attached at one end used in propelling boats. नौकादण्ड, नाव का डाँड़ा;-*v. t.* to impel by rowing. डाँड़े से नाव चलाना; **Pulls a good oar** (is a good sailor.) अच्छा मल्लाह है; **To put in one's oar** (to interrupt, to interfere.) विघ्न डालना; **To rest on one's oars** (to cease to work.) विश्राम करना, सुस्ताना ।

Oarage-ओ-रेंज्-*n.* the number of oars. डाँड़ों की संख्या ।

Oarless-ओर्'-लॅस्-*adj.* without an oar. बिना डाड़े का ।

Oarsman-ओर्ज़्'-मॅन्-*n.* one who rows with an oar. मल्लाह, नाव खेनेवाला; **Oarsmanship** (skill in rowing.) मल्लाही विद्या ।

Oasis-ओ-ऍ'-सिस्-*n.* (*pl.* **Oases**-सीज़्) a fertile spot in a sandy or barren desert. नखलिस्तान, मरूद्यान, मरुदेश में हरियाली भूमि ।

Oast-ओस्ट्-*n.* a kiln for drying hops. शराब बनाने में काम आनेवाले 'हॉप' के फल को सुखाने की भट्ठी ।

Oat-ओट्-*n.* a hardy cereal. जई; **Oaten** (-ऍन्)-*adj.* of the oat seed. जई का ।

Oath-ओथ्-*n.* a solemn appeal to God or a revered person as a testimony to the truthfulness of a statement. शपथ, सौगन्ध; **To take an oath.** सौगन्ध खाना ।

Oatmeal-ओट्'-मील्-*n.* the meal prepared from oats. जई का आटा ।

Obduracy-ऑब्'-ड्यूरसि-*n.* hardness of heart. कठोरहृदयता ।

Obdurate-ऑब्' - ड्यूर - ऍट्-*adj.* impenitent, hard-hearted, stubborn. दुराग्रही, कठिन, कठोरहृदय, हठी; **Obdurately** (-लि) -*adv.* stubbornly, hard-heartedly. हठपूर्वक, हृदय की कठोरता से; **Obdurateness** (-नॅस्) -*n.* stubbornness, hard-heartedness. हठता, हृदय की कठोरता ।

Obeah-ओ'-बि-आ, **Obi**-ओ'-बि-*ns.* a sorcery of the Negroes. हब्शियों का जादू ।

Obedience-ॲ-बीइ'-इ-ऍन्स्-*n.* submitting to another's order, dutifulness. आज्ञापालन, कर्तव्य-पालन ।

Obedient-ॲ - बीइ' - इ - ऍन्ट् - *adj.* obeying, dutiful, submissive, आज्ञाकारी, कर्तव्य-परायण, विनयग्राही (वश्य); **Obediently** (-लि) -*adv.* with obedience. आज्ञानुसार ।

Obedientiary-ॲ-बी-डी-ऍन्'- शीर् - इ -*n.* the obedient holder of an office in a convent. मठ का आज्ञाकारी सेवक ।

Obeisance-ओ-बे'-सॅन्स्-*n.* a bow or courtesy, homage, salutation. नमस्कार, प्रणाम, अभिवादन; **To make an obeisance** (to salute by bowing.) दण्डवत् करना, प्रणाम करना ।

Obelisk-ॲ-बे'- लिस्क् - *n.* a tapering quadrangular pillar with a square or rectangular base. सूच्याकार स्तंभ, चौकोर नोकदार मीनार ।

Obelus-ॲ-बिलस्-*n.* a sign (—) or (÷) used in ancient manuscripts to mark suspected, wrong or useless words or passages, a dagger sign (†) used in printing to refer to footnotes. प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकों में (—) या (÷) का संकेत जो सन्दिग्ध, अशुद्ध या अनावश्यक शब्दों या वाक्यों को बताने के लिये प्रयुक्त होता था, छपी पुस्तकों के पृष्ठ के नीचे की टिप्पणी को बताने के लिये प्रयुक्त छुरे का संकेत (†) ।

Obese-ओ-बीस्'-*adj.* fat, corpulent. स्थूलकाय, मोटा-ताजा ।

Obesity-ओ-बे'सॅ'-इट्-इ-*n.* fatness, corpulence. स्थूलता, मोटापा ।

Obey-ॲ-बे'-*v.t.* (*p. t.* **Obeyed.**) to execute a command, to perform the bidding of.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

to perform as one is bidden. आज्ञापालन करना, कहना मानना, आज्ञानुसार करना ; **Obeyer** (-अर्) *-n.* one who obeys. आज्ञापालन करनेवाला; **Obeyingly** (-इङ्ग्-लि) - *adv.* obediently. आज्ञानुसार।

Obfuscate-ऑब्'-फ़स्-केट्-*v. t.* to darken, to obscure. अँधियारा करना, छिपा देना; **Obfuscation** (-के'-शन्) *-n.* act of darkening. अँधेरा करने का कार्य।

Obi-ओ'-वि-*n.* witch-craft, charm, a Japanese sash. जादू-टोना, तंत्र-मंत्र, जापानी रूमाल।

Obituarist-ऑ-विट्-यु-अर्-इस्ट् - *n.* a writer of obituaries. मृत्युलेख लिखनेवाला मनुष्य।

Obituary-ऑ-बिट्'-यु-अर्-इ - *n.* notice of a person's death, an account of a dead person. मृत्यु-समाचार, मरे हुए मनुष्य का वृत्तान्त।

Object-ऑब्' - जेक्ट् *-n.* anything presented before sense, a pitiable person or thing, end, purpose,(*gram.*) a noun governed by a transitive verb or a preposition. इन्द्रिय-विषय (द्रव्य, वस्तु), दयनीय पदार्थ या व्यक्ति, उद्देश्य, प्रयोजन, व्याकरण में कर्म कारक; - *v. t. & i.* to oppose, to offer reasons against. विरोध करना (खण्डन करना), छेदना, रोकना, तर्क करना; **Direct object** (primary object.) प्रधान कर्म; **Indirect object** (secondary object.) गौण कर्म।

Object-glass-ऑब्-जेक्ट्' - ग्लास् *-n.* the lens placed at the end of a microscope. अणुवीक्षण यन्त्र का वह ताल जो अणुवीक्षण यंत्र के निचले भाग पर लगा रहता है।

Objectification-ऑब्'-जेक्ट्-इफ़्-इक्-एँ'-शन्-*n.* expression in concrete form. प्रत्यक्ष उपस्थिति।

Objectify-ऑब्'-जेक्ट्'-इ-फ़ाइ-*v. t.* to present objectively. प्रत्यक्ष रूप में उपस्थित करना।

Objection-ऑब् - जेक्' - शन् - *n.* adverse statement, expression of disapproval, thing objected. विरोध, विरुद्ध हेतु, आक्षेप।

Objectionable-ऑब्-जे-क्शनें-बूल्-*adj.* unpleasant, undesirable, worth objecting. अनुचित, आशंकनीय, आपत्ति के योग्य; **Objectionably** (-एँब्-लि)-*adv.* in an objectionable manner. आपत्ति करते हुए।

Objective-ऑब्-जेक्ट्'-इव् *-adj. & n.* external to mind, dealing with outward things, symptoms observed by somebody else, not by the patient. मन से बाहर का, बाह्य पदार्थ विषयक, रोग के वे लक्षण जो रोगी स्वयं अनुभव नहीं करता परन्तु वैद्य देख लेता है; **Objectiveness** (-नेस्)-*n.* the state of being objective. पदार्थ-विषयता, स्थूलदृष्टि।

Objectivity-ऑब्-जेक्ट्' - इव्' - इट् - इ - *n.* the thing objected, the condition of being objective. कर्म-विषयता, स्थूलता।

Objectless-ऑब् - जेक्ट् - लेस् *-adj.* without specific aim. निष्प्रयोजन।

Object-lesson-ऑब्-जेक्ट्-लेस्'-सन् *-n.* a lesson taught from a concrete object. प्रत्यक्ष, पदार्थ द्वारा शिक्षा; **Object-teaching** *-n.* प्रत्यक्ष पदार्थों की सहायता से शिक्षण; **Object of confidence** (object of faith.) विश्वासपात्र; **Object of dispute** (subject under discussion.) विवाद-विषय।

Objector-ऑब् - जेक्ट्' - अर् - *n.* one who objects. विरोध या खंडन करनेवाला।

Objuration-ऑब्-जूर् -एँ' - शन् *-n.* swearing. शपथ, कसम।

Objurgate-ऑब्'-जर्-गेट्-*v. t.* to scold. झिड़की देना, डाँटना, बिगड़ना।

Objurgation-ऑब्-जर्-गे'-शन्-*n.* chiding or reproof, reprehension, a blaming. तिरस्कार, धिक्कार, झिड़की, डाँट-फटकार।

Objurgatory-ऑब्-जर्-गेट्'-अर्-इ - *adj.* containing reproof. तिरस्कारपूर्ण।

Oblate-ऑब्-लेट् *-n.* one who dedicates his life to religious work. धर्म-कार्य में जीवन अर्पण करनेवाला; *-adj.* flattened and depressed at the poles. ध्रुवों पर चिपटा या दबा हुआ।

Oblation-ऑब्'-ले'-शन् *-n.* anything offered to God. बलि, आहुति, नैवेद्य; **Oblational**(-अल्) *-adj.* pertaining to oblation. बलि-सम्बन्धी।

Obligate-ऑब्-लिग्-एँट्-*v. t.* to bind a person to do something legally. नियम के अनुसार किसी मनुष्य को कोई कार्य करने के लिये बाध्य करना।

Obligation-ऑब्-लिग् - एँ' - शन् *-n.* binding power, written bond, legal or moral binding, duty, a benefit done or received. बन्धन, लिखित प्रतिज्ञा, वैधानिक या नैतिक बन्धन, कर्तव्य, अनुग्रह या उपकार; **Religious obligation** ((devotedness.) व्रत, नियम, धार्मिक बन्धन या कर्तव्य; **Under obligation** (obliged.) अनुगृहीत, कृतज्ञ, अहसानमन्द।

Obligatory-ऑब्-लिग्-एँट्'-अ-रि-*adj.* binding. आवश्यक, बाध्यकारी।

Oblige-ऑ-ब्लाइज्-*v. t.* to make indebted to, to bind, to compel, to please. कृतज्ञ करना, नियम अथवा प्रतिज्ञा से बाँधना, विवश करना, प्रसन्न करना।

Obligee-ऑ-ब्लाइज़्'-ई-*n.* a person to whom

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

another is bound. जिसके प्रति कोई व्यक्ति बद्ध या कृतज्ञ रहता है।

Obliging-ॲ-ब्लाइज्'-इङ्ग् - *adj.* courteous, complaisant. अनुग्रहकारी, उपकारी, दयावान्, सुशील; **Obligingly** (- लि) - *adv.* in an obliging manner. अनुग्रहपूर्वक; **Obligingness** (- नेॅस्) -*n.* courteousness. उपकार, सुजनता, सुशीलता।

Obligor-अ-ब्लाइज्' - अर् - *n.* one who binds himself to another. अपने को बद्ध करनेवाला।

Oblique-ॲ-ब्-लीक्'-*adj.* slanting, diverging from the right line, indirect, not perpendicular. वक्र, कुटिल, तिरछा, झुका हुआ; **Of oblique sight** (squint-eyed.) ऐंचा; **Oblique speech** (indirect speech.) वक्रोक्ति।

Obliquely-ॲ-ब्-लीक्-लि -*adv.* in an indirect manner. कुटिल रीति से, टेढ़ेपन से।

Obliqueness-ॲ-ब्-लीक्'-नेॅस्-*n.* the state of being oblique. वक्रता, कुटिलता, टेढ़ापन।

Obliquity-ॲ-ब्-लिक्'-विट्-इ -*n.* obliqueness. वक्रगति, टेढ़ी चाल।

Obliterate-ॲ-ब्-लिट्'-अर्-एट्-*v. t.* to efface, to erase, to destroy. पोंछना, मिटाना, नाश करना।

Obliteration-ॲ-ब्-लिट्'-अर्-ए-शन्-*n.* the act of obliterating. लोप, हटाव, नाश।

Oblivion-ॲ-ब्-लिव्'-इ-अन्-*n.* disregard, forgetfulness. विस्मृति, भूल जाना; **To fall into oblivion** (to be forgotten.) चित्त से हटा दिया जाना, भुला देना।

Oblivious-ॲ-ब्-लिव्'-इ - अस् -*adj.* forgetful, inducing oblivion. भूल जानेवाला, भुलक्कड़, स्मृति हरण करनेवाला, भुलानेवाला; **Obliviously** (-लि)-*adj.* forgetfully. भुलाते हुए; **Obliviousness** (-नेॅस्)-*n.* forgetfulness. स्मृति हरण, भूलने की आदत।

Oblong-ॲ-ब्-लॉङ्ग् -*adj.* & *n.* rectangular but with adjacent sides unequal, greater in length than breadth. आयताकार; **Oblongness** (-नेॅस्)-*n.* the state of being oblong. आयताकार स्थिति।

Obloquy-ॲ-ब्-लॅ-क्वि -*n.* abuse, reproach. गाली, निन्दा (अपवाद)।

Obmutescence-ॲब्-म्यूट्-ऍस्'-सेॅन्स्-*n.* loss of speech, deliberate silence. गूँगापन, हठपूर्वक मूकता; **Obmutescent** (-सेॅन्ट्) -*adj.* silent with obstinacy. हठ-सहित मूक (चुप रहनेवाला)।

Obnoxious-ॲब्-नॅ-क्-शस्-*adj.* objectionable, hateful, despised, disliked. आपत्तिजनक, घृणित अनिष्ट, तिरस्कार योग्य, अप्रिय; **Obnoxiously** (-लि) -*adv.* in a hateful manner. घृणा से, तिरस्कार से; **Obnoxiousness** (-नेॅस्) -*n.* the state of being obnoxious. अप्रियता, घृणा।

Obnubilate-ऑब्'-न्यू'-बिल्-एट्-*v.i.* to obscure, to cloud. छिपाना, ढाँकना, अन्धकार करना।

Obnubilation-ऑब्-न्यू-बिल्-ए'-शन् -*n.* confused condition. व्यग्र अवस्था, घबड़ाई हुई स्थिति।

Oboe-ओ'-बो(-बॉइ)-*n.* a wooden wind-instrument, a hautboy. शहनाई।

Obscene-ऑब्-सीन्'-*adj.* indecent, filthy, ill-omened, loathsome, disgusting, lewd. अश्लील, कुत्सित, अलक्षण, निर्लज्ज, फूहड़; **Obscenely** (-लि)-*adv.* in an obscene manner. अश्लीलता से; **Obsceneness** (-नेॅस्)-*n.* the quality of being obscene, disgust. निर्लज्जता, अश्लीलता, फूहड़पन।

Obscurant-ॲ-ब्स्-क्यूर्'-अन्ट् -*n.* an opposer of inquiry or reform. अन्वेषण या सुधार का विरोधी; **Obscurantist** (-इस्ट्)-*n.* an obscurant. सुधार-विरोधी; **Obscurantism** (-इज़्म्) -*n.* the principles of an obscurant. सुधार के विरोध का सिद्धान्त।

Obscuration-अ-ब्स्'क्यूर्'-ए'-शन्-*n.* the act of darkening. अँधेरा करने का कार्य।

Obscure- ऑब्-स्क्यूर्' - *adj.* indistinct, dim, hidden, obscene, unknown to fame, full of doubts. अस्पष्ट, अन्धकारपूर्ण, दुर्बोध, गूढ़, व्याख्या-रहित, अप्रसिद्ध, संदेह युक्त या पूर्ण; -*v. t.* to conceal. छिपाना; **Obscurely** (-लि) -*adv.* in an obscure manner. अस्पष्टता से; **Obscurity** (-इट्-इ), **Obscureness** (-नेॅस्) -*ns.* the state of being obscure. अन्धकार की स्थिति।

Obsecrate-ॲ-ब्'-सि-क्रेट्' -*v. t.* to entreat, to beseech. प्रार्थना करना; **Obsecration** (-क्रे' -शन्)-*n.* entreaty. विनयपूर्वक प्रार्थना।

Obsequial-ॲब्सीक्विअल् - *adj.* pertaining to funeral rites. प्रेतकर्म-सम्बन्धी।

Obsequies-ॲ-ब्-सि-क्विज़्-*n. pl.* funeral rites. अन्त्येष्टिक्रिया, प्रेत-कर्म।

Obsequious-ॲ-ब्-सी'-क्वि-अस्-*adj.* obedient, dutiful, servile. आज्ञाकारी, विनीत, चापलूस; **Obsequiously** (-लि) -*adv.* in an obedient manner. बड़े अनुरोध से; **Obsequiousness** (-नेॅस्)-*n.* the state of being obsequiots अति अनुरोध की स्थिति।

Observable-ॲब्-ज़र्व्'-ऍ-बल् -*adj.* remarkable, worthy of observation. दृष्टिगोचर, ध्यान देने योग्य।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Observance-ऑब्-ज़र्व्'-ऑन्स्-*n.* the act of observing, performance of a religious or ceremonial act, a customary rite. (आचरण) विधान, व्यवहार, रीति; **Observancy** (-ऑन्-सि) -*n.* customary rites. आचार कर्म।

Observant-ऑब् - ज़र्व् - ऑन्ट्-*adj.* attentive, heedful, diligent, obedient. सावधान, चैतन्य, विवेकी, आज्ञाकारी; **Observantly** (-लि)-*adv.* attentively, heedfully. ध्यान से, सावधानी से।

Observation-ऑब्-ज़र्व्'-ए-शन् -*n.* perception, accurate viewing, remark. निरीक्षण, निरूपण (वाक्य), विचार।

Observational-ऑब् - ज़र्व्' - ए - शन्- अल्-*adj.* consisting of remarks. निरीक्षण-सम्बन्धी।

Observationally (-अल्-लि)-*adv.* carefully. विचारपूर्वक।

Observatory-ऑब् - ज़र्व्' - ऍट् - अर्- इ-*n.* (*pl.* **Observatories.**) a building where astronomical observations are made. वेधशाला, ग्रह इत्यादि के भली भाँति निरीक्षण करने का स्थान।

Observe-ऑब्-ज़र्व्'-*v. t. & i.* to adhere to or follow, to perceive, to remark, to examine, to take notice of, to celebrate. मानना या अनुसरण करना, ध्यान देना, मन्तव्य प्रकट करना, परीक्षा करना, उत्सव मनाना।

Observer-ऑब्-ज़र्व्'-अर्-*n.* one who observes, a spectator, a person carried in an aeroplane to note enemy's position &c. प्रेक्षक, माननेवाला, उत्सव मनानेवाला, देखनेवाला, हवाई जहाज़ में उड़कर शत्रु की स्थिति देखनेवाला।

Observing-ऑब्-ज़र्व्'-इङ्ग्-*adj.* attentive. ध्यान से निरीक्षण करनेवाला; **Observingly** (-लि) -*adv.* attentively. ध्यानपूर्वक।

Obsess-ऑब्-सेस्-*v. t.* to harass, to trouble. कष्ट देना, पीड़ा देना (सताना)

Obsession-ऑब्-सेश्'-अन्-*n.* delusion by an evil spirit. प्रेत-बाधा।

Obsolescence-ऑब्-सॅ - लेस्' - सेन्स्-*n.* passing into disuse. प्रयोग से हटना, अप्रचलन।

Obsolescent-ऑब्' - सॅ - लेस्' - सेन्ट् -*adj.* going out of use. प्रयोग से हटनेवाला, अप्रचलित।

Obsolete-ऑब्'-सॅ-लीट् -*adj.* discarded, disused, old fashioned. अप्रचलित, लुप्तप्रयोग, पुरानी रीति का; **Obsoleteness** (-नेस्)-*n.* the state of being obsolete, indistinctness. अप्रचलितता, अस्पष्टता।

Obstacle-ऑब्'-स्टॉ-कल्-*n.* impediment, hindrance; obstruction. (प्रतिबन्ध) विघ्न, बाधा (रुकावट)।

Obstetric, Obstetrical-ऑब्-स्टेट्'-रिक्, (-अल्) -*adjs.* pertaining to midwifery or childbirth. प्रसव-सम्बन्धी।

Obstetrics-ऑब् - स्टेट्' - रिक्स्-*n.* the art of midwifery. गर्भमोचन विद्या, प्रसव-कला।

Obstetrician-ऑब्-स्टेट्-रिश्' - अन्-*n.* one who is skilled in midwifery. प्रसव कराने में प्रवीण।

Obstinacy-see **Obstinate.**

Obstinate-ऑब्'-स्टिन्-ऍट्-*adj.* stubborn, refractory, self-willed. दुर्दम, दुःसाध्य, हठी, स्वेच्छाचारी; **Obstinacy** (-अस्-सि), **Obstinateness** (-नेस्)-*ns.* stubbornness, resolution. प्रतीपता, हठ; **Obstinately** (-लि)-*adv.* in a refractory manner. हठ से।

Obstreperous-ऑब् - स्ट्रे - पर्-अस्-*adj.* noisy, clamorous. कोलाहल करनेवाला, झगड़ालू; **Obstreperously** (-लि) - *adv.* in a noisy manner. कोलाहल मचाते हुए; **Obstreperousness** (-नेस्) - *n.* the act of being clamorous. कोलाहल।

Obstruct-ऑब्-स्ट्रक्ट्-*v. t. & i.* to block up, to retard, to impede. विघ्न डालना, रोकना, अवरोध करना।

Obstruction-ऑब् - स्ट्रक्' - शन्-*n.* the act of obstructing, an impediment. प्रतिबन्ध, रुकावट; **Obstructionist** (-इस्ट्)-*n.* one who obstructs. विघ्नकारी।

Obstructive-ऑब्-स्ट्रक्ट्'-इव्-*adj.* tending to obstruct. प्रतिबन्धक; **Obstructively** (-इव्-लि) -*adv.* in an obstructive manner. अवरोध से; **Obstructiveness** (-नेस्) -*n.* interruption. प्रतिबन्ध, रुकावट।

Obtain-ऑब्-टेन्'-*v. t. & i.* to get possession of, to acquire, to procure, to get, to continue in use. प्रतिपादन करना, प्राप्त करना, प्रवृत्त होना; **Obtainable** (-ऍ-बल्)-*adj.* that may be obtained. पाने योग्य; **Obtainer** (-अर्)-*n.* one who obtains. प्राप्त करनेवाला; **Obtaining** (-इङ्ग्)-*adj.* acquiring. प्रचलित; **Obtainment** (-मेन्ट्)-*n.* the act of obtaining. लाभ, प्राप्ति।

Obtest-ऑब्-टेस्ट्'-*v. t. & i.* to supplicate, to protest. प्रार्थना करना, आग्रह करना; **Obtestation** (-ए-शन्)-*n.* entreaty. विनती, प्रार्थना।

Obtrude-ऑब्-ट्रूड्'-*v. t.* to thrust forward, to urge importunately. हठपूर्वक प्रवेश करना, इच्छा के विरुद्ध करना; **Obtruder** (-अर्)-*n.* one who obtrudes. अवरोध करनेवाला।

Obtruncate-ऑब्'-ट्रङ्ग्'-केट्-*v. t.* to lop off the top, to cut off the head. सिरा छाँटना मस्तक काटना।

Obtrusion-ऑब्-ट्रू'-ज़न्-*n.* the act of obtrud-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ing, entering without being invited. बलपूर्वक प्रवेश, बिना बुलाये जाना।

Obtrusive-ऑब्-ट्रू' - सिव्-*adj.* disposed to obtruding. बलपूर्वक प्रवेश करनेवाला (धृष्ट, ढीठ); **Obtrusively** (-लि) -*adv.* by way of obtrusion. हठ से; **Obtrusiveness** (-नेस्) -*n.* importunity. धृष्टता, हठ।

Obtund-ऑब्-टन्ड्'-*v. t.* to blunt or deaden sense. मन्दबुद्धि बना देना।

Obturate-ऑब्-ट्यूर्-रेट्'-*v. t.* to stop up, to seal. रोकना (बन्द करना), मुहर लगाना; **Obturation** (-ए'-शन्) - *n.* the act of stopping up. बन्धन मुहर; **Obturator** (-ए'-टर्)-*n.* that which stops up. बन्द करनेवाला।

Obtuse-ऑब्-यूट्स्'-*adj.* dull, blunt, stupid, of an angle greater than a right angle. मन्द, भुथरा, मूढ़, अधिक (समकोण से बड़े) कोण का; **Obtusely** (-लि)-*adv.* bluntly. स्थूलता (जड़ता) से; **Obtuseness** -*n.* bluntness. मूढ़ता, मन्दता।

Obtusion-ऑब्-ट्यू'-ज़न्-*n.* the act of making blunt. भुथरा करने का कार्य।

Obverse-ऑब्-व्र्स्' - *adj.* having the base narrower than the top, opposite, inverted. शिखर की अपेक्षा सँकरी पेंदीवाला, विपरीत, उलटा हुआ; -*n.* the head of a coin. मुद्रा का अग्रभाग जिस ओर मूर्ति बनी होती है; **Obversely** (-लि) -*adv.* in an obverse form. अग्रभाग की ओर या उलटी ओर।

Obvert-ऑब्-व्र्ट्-*v. t.* to turn towards the front. अभिमुख करना, सामने की ओर फेरना।

Obversion-ऑब्-व्र्र्'-शन्-*n.* the act of obverting. अभिमुखीकरण, उलटा करने का काम।

Obviate-ऑब्-व्रि-एट्'-*v. t.* to get rid of, to remove, to neutralize. निवृत्त करना, हटाना (टालना), प्रतिरोध करना।

Obvious-ऑब्'-व्रि-अस्-*adj.* clear to the mind, clear, palpable, evident. स्पष्ट, स्फुट, प्रत्यक्ष; **Obviously** (-लि)-*adv.* evidently. स्पष्ट रूप से; **Obviousness** (-नेस्) -*n.* the state of being obvious. स्पष्टता।

Ocarina-ऑकरीना - *n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

Occasion - ऑकेज़न् - *n.* opportunity, an incident, ground, need, justification. अवसर, घटना, हेतु (कारण), आवश्यकता, प्रसङ्ग;-(*pl.*) business affairs. व्यापार;-*v. t.* to produce, to influence. उत्पन्न करना, प्रेरणा करना; **According to the occasion** (at a favourable time.) यथाकाल, समयानुसार।

Occasional-ऑकेज़नल् - *adj.* occurring at times. प्रासङ्गिक, समय-समय पर होनेवाला; **Occasionality** (-अल्'-इ-टि)-*n.* probability. सम्भावना; **Occasionally** (-अल्-लि)-*adv.* in an occasional manner, now and then. प्रसङ्गवश, कदाचित्, कभी-कभी।

Occasioned-ऑकेज़नड्-*adj.* produced. उत्पन्न।

Occident-ऑक्'-सिड्-ऍन्ट्-*n.* the west. पश्चिम दिशा; **Occidental** (-अल्) -*adj.* western. पाश्चात्य, पश्चिमी; **Occidentalism** (-इज़्म्) -*n.* the life and civilization of the west. पाश्चात्य जीवन तथा सभ्यता; **Occidentally** (-अल्-लि)-*adv.* according to western fashion. पाश्चात्य प्रणाली के अनुसार।

Occipital-ऑक्-सिप्' - इट्-अल्-*adj.* pertaining to the back of the head. मस्तक के पिछले भाग का।

Occiput-ऑक्'सि-पुट्-*n.* the back of the head. मस्तक का पिछला भाग।

Occlude-ऑक्-क्लूड्'-*v. t.* to stop, to obstruct. रोकना, अवरोध करना।

Occlusion-ऑक्-क्लू'-ज़न्-*n.* a shutting up. रुकावट।

Occlusor-ऑक्-क्लू'-सर्-*n.* that which shuts up. रोकनेवाला।

Occult-ऑक्-कल्ट्'-*adj.* secret, mysterious, mystic, supernatural. गुप्त, रहस्यमय, अलौकिक, जादू का;-*v.t.* to conceal from view by passing in front. सामने खड़े होकर दृष्टि से रोकना।

Occultation-ऑ-कल्ट्-ए'-शन्-*n.* concealment. आच्छादन, रुकावट, छिपाव।

Occultism-ऑ-कल्ट्'-इज़्म्-*n.* mysticism. गूढ़ता, जादूगरी।

Occultist - ऑकल्ट्' - इस्ट् - *n.* believer in occultism. जादूगर, तांत्रिक।

Occultly-ऑ-कल्ट्' - लि -*adv.* in an occult manner. छिपी रीति (गुप्तता) से।

Occultness-ऑ-कल्ट्'-नेस् - *n.* concealment. भेद, रहस्य।

Occupancy-ऑक्'-क्यु-पॅन्-सि-*n.* & *adj.* possession, possessing. भोग (अधिकार), अधिकारी, अधिकार में रखनेवाला; **Occupancy tenant** (a person holding land for more than twelve years.) दखीलकार काश्तकार।

Occupant-ऑक्'-क्यु - पॅन्ट्-*n.* a person who holds a property in actual possession, occupier. भोग करनेवाला, अधिकारी, मालिक।

Occupation-अक्-क्यु-पे' - शन्-*n.* a holding, tenure, possession, an employment, business, vocation, pursuit. वृत्ति, जीवन, उपाय,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रवृत्ति, अधिकार, व्यवसाय, व्यापार; **Occupation road** (a road open only for occupiers of the land &c.) केवल भूमि के अधिकारियों के लिये सड़क।

Occupied, Occupier-see **Occupy.**

Occupy-ॲ-क्यु'-न्युपाइ-*v. t.* (*p. t.* **Occupied.**) to take possession of, to fill, to reside in, to busy, to hold office. अधिकार या भोग करना, भरना, बसना, व्यस्त या काम में लगा होना, पद धारण करना; **Occupied** (-इ)-*adj.* busy. व्यस्त; **Occupier** (-अर्)-*n.* one who occupies. रहनेवाला, धारण करनेवाला।

Occur-ऑक्-कर्'-*v. i.* (*p. t.* **Occurred.**) to happen, to come into mind, to be found, to appear. घटित होना, मन में आना, पाया जाना, उपस्थित होना।

Occurrence-ऑक्-कर्-रेन्स्-*n.* incident, event. घटना, वृत्तान्त, व्यापार।

Occurrent-ऑक्-कर्'-रेन्ट्-*adj.* incidental. घटित होनेवाला।

Ocean-ओ'-शन्-*n.* the biggest body of water surrounding the globe. महासागर, बहरे आज़म; **Ocean-lane** (a track for steamers.) जहाज़ का मार्ग; **Oceanwards** (-वर्ड्स्)-*adv.* towards the ocean. महासागर की ओर।

Oceanic-ओशिॲनिक्-*adj.* relating to the ocean. महासागरीय।

Ocellated-ॲ-स्-सेलेट्'-एॅड्-*adj.* resembling an eye. आँख के सदृश।

Ocellus-ॲ-स्-सेल्-अस्-*n.* (*pl.* **Ocelli.**) a patch of colour surrounded by a ring of some other colours. दूसरे रंग से घिरा हुआ रंग का पिण्ड।

Ocelot-ओ-सिलॅट्-*n.* a kind of American leopard. अमेरिका देश का एक प्रकार का चीता।

Ochlocracy-ॲ-क्लॅ-क्र'-सि-*n.* government by the mob. अनियंत्रित प्रजातन्त्र राज्य।

Ochlocrat-ॲ-क्लॅ'-क्रॉट्-*n.* a ruler of the mob. अनियंत्रित प्रजातन्त्र राज्य का अधिनायक; **Ochlocratic** (-क्रॉट्'-इक्)-*adj.* pertaining to the government by the mob. अनियंत्रित प्रजातन्त्र राज्य-सम्बन्धी।

Ochre-ओ'-कर्-*n.* a yellowish orange colour, a kind of clay. गेरुआ या नारङ्गी रंग, एक प्रकार की मिट्टी; **Ochrous** (-अस्-)-*adj.* of pale brownish colour. गेरुआ रंग का; **Red ochre** (ruddle.) गेरू।

O'clock-ओ-क्लॉक्'- an *abbr.* for "of the clock" = of the time. घड़ी में।

Octachord-अ-क्'-ट्-अ-कॉर्ड्-*n.* a musical instrument with eight strings. आठ तार की वीणा; **Octachordal** (-अल्)-*adj.* of eight strings. आठ तारोंवाली।

Octad-ॲ-क्'-टॅड्-*n.* a group of eight. आठ का समुदाय।

Octagon-ॲ-क्'-ट्-अ-गॅन्-*n.* a plane figure of eight sides. अष्टभुज, अठपहल; **Octagonal** (-अल्)-*adj.* having eight sides. अठपहल; **Octagonally** (-अल्-लि)-*adv.* in an octagonal manner. अठपहल रूप में।

Octahedron-अक्-ट्-अ-हीड्'-रॅन्-*n.* a solid figure containing eight plane faces or sides. अठपहल ठोस आकृति।

Octangular-ॲक्-टॅङ्ग्'-न्युल्'-अर्-*adj.* having eight angles. आठ कोणों की आकृतिवाला।

Octant-ॲक्'-टन्ट्-*n.* the eighth part of a circle an arc of a circle which is 1/8 of the circumference. वृत्त का अष्टमांश, वृत्त का चाप जो परिधि का अष्टमांश हो।

Octarchy-ॲक्'-टर्-कि-*n.* an aggregate of eight small kingdoms. आठ छोटे-छोटे राज्यों का समुदाय।

Octave-ॲक्'-टेव्-*n.* a group of eight, stanza of eight lines, a device which connects the keys of a musical instrument, the eighth day after a church festival. अष्टक, आठ चरणों का पद्य, बाजे का पर्दा, गिरजा के त्योहार के बाद का आठवाँ दिन।

Octavo-ॲक्-टेव्'-ॲ-*adj.* having eight sheets. आठ परतों की; - *n.* (*pl.* **Octavos.**) the size of a book in which paper is folded into eight sheets. पुस्तक का वह आकार जिसमें काग़ज आठ पन्नों में मुड़ा होता है।

Octennial-ॲक्-टेन्-नि-अल्-*adj.* recurring every eight years. आठ वर्ष में होनेवाला।

Octillion-ऑक्-टिल्'-यन्-*n.* the eighth power of a million. अड़तालीस शून्य लगी हुई संख्या।

October-ॲक्'-टो'-बर्-*n.* the tenth month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का दसवाँ महीना, अक्टूबर।

Octodecimo-ॲक्-टॅ-डेसि'-सिम्-ॲ-*n.* the size of a book made by folding paper into eighteen leaves. काग़ज की अठारह परतों में मोड़कर बनाई हुई पुस्तक।

Octodentate-ॲक्-टॅ-डेन्ट्'-एट्-*adj.* having eight teeth. आठ दाँतोंवाला।

Octogenarian-ॲक्'-टॅ-जिन्-ऍअर्'-इ-अन्-*n.* an eighty-year-old person. अस्सी वर्ष की वय का मनुष्य, अस्सी साल की उम्र का आदमी।

Octonarian-ॲक्टॅनेरिअन्-*adj.* a line of poetry having eight feet. कविता का आठ गण का चरण।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Octonocular-ॲक्'-टॅ-नॉक्'-युल्-अर्-*adj.* having eight eyes. आठ आँखोंवाला।

Octopod-ॲक्-टॅ-पॉड्-*adj.* having eight feet. आठ पैरोंवाला।

Octosyllable-ॲक्-टॅ-सिल्'-लॅ-बल्-*adj.* & *n.* of eight syllables, a word of eight syllables. आठ शब्दखण्ड का (शब्द,) अष्टाक्षर।

Octroi-ॲक्'-ट्रॉइ (-ट्रवा)-*n.* duty on goods which enter a town. चुङ्गी, नगर-प्रवेश का कर।

Octuple-अक्'-ट्युप्ल्-*adj.* eightfold. अठगुना।

Ocular-ॲ-क्'-युल्-अर्-*adj.* pertaining to the eyes, visual. आँख या दृष्टि सम्बन्धी, आँख का, प्रत्यक्ष; **Oculatist** (-इस्ट्)-*n.* one who prepares artificial eyes. कृत्रिम आँख बनानेवाला; **Ocularly** (-लि)-*adv.* by an actual view. प्रत्यक्ष प्रमाण से।

Oculist-ॲक्'-युल्-इस्ट्-*n.* a doctor who is proficient in the diseases of the eye. नेत्रवैद्य; **Oculistic** (-इक्)-*adj.* pertaining to an oculist. नेत्रवैद्य-सम्बन्धी।

Od-ॲड्-*n.* the power pervading in nature which produces chemical action &c. रासायनिक क्रिया इत्यादि की उत्पन्न करनेवाली प्राकृतिक शक्ति।

Odd-ऑड्-*adj.* not even, peculiar, unconected, incalculable, singular, strange, queer. अयुग्म (ताख), अद्भुत, असंबद्ध, असंगत, विचित्र, अनोखा; **Forty thousand odd** (a few hundred more than forty thousand.) चालीस हजार से कुछ सौ ऊपर; **Four rupees odd** (a few annas more than four rupees.) चार रुपये से कुछ आना पाई अधिक; **He picks up odd jobs** (he takes up unconnected work.) वह फुटकर काम करता है।

Oddish-ॲ-ड्'-इश्-*adj.* peculiar. विचित्र।

Oddity-ॲ-डिट्'-इ, **Oddness** (-नॅस्)-*ns.* strangeness, singularity, peculiarity. विचित्रता, अपूर्वता।

Oddly-ऑड्'-लि-*adv.* strangely, in an odd manner. विलक्षणता से।

Odds-ऑड्स्-*n. pl.* inequality, strife, probability. विषमता (अधिकता), कलह, सम्भावना; **Odds and ends** (remaining parts.) अवशिष्ट, बचे हुए या फुटकर पदार्थ; **To make odds even** (to make equal.) समता करना; **To take odds** (to accept a favour.) सुविधा स्वीकार करना।

Ode-ओड्-*n.* a poem which is intended to be sung. छोटा गीत, गान।

Odeum-ॲ-डी'-अम्-*n.* a hall or theatre for a musical performance. गाने-बजाने का स्थान, नाटकघर।

Odious-ओ-डि'-अस्-*adj.* hateful, offensive, detestable, repulsive. घृणित (अप्रिय), घिनौना, द्वेषकारी, उदासीन; **Odiously** (-लि)-*adv.* hatefully. घिनौनेपन से; **Odiousness** (-नॅस्)-*n.* hatefulness, disgust. घिनौनापन।

Odium-ओ'-डि-अम्-*n.* hatred, hatefulness, dislike. द्वेष, घृणा।

Odontalgia-ॲ-डॅन्-टॅल्'-जि-ऑ-*n.* toothache. दाँतों का दर्द; **Odontalgic** (-जिक्)-*adj.* pertaining to toothache. दाँतों का दर्द-सम्बन्धी।

Odontoid-ॲ-डॅन्'-टॉइड्-*adj.* with serrated edges. दाँतेदार।

Odontology-ॲ-डॅन्-टॅल्'-ॲज्-इ-*n.* the science which treats of teeth. दन्तशास्त्र, दाँत का शास्त्र।

Odontoloxia-ॲ-डॅन्-टॅल्-ॲक्स्'-इ-ऑ-*n.* irregularity of teeth. दाँतों की विषमता।

Odoriferous-ओडॅरिफ़रस्-*adj.* diffusing perfume, fragrant. सुगन्ध फैलानेवाला, सुगन्धित; **Odoriferously** (-लि)-*adv.* fragrantly. सुगन्ध फैलाते हुए।

Odorous-ओ-डॅर्'-अस्-*adj.* fragrant. सुगन्धित; **Odorously** (-लि)-*adv.* fragrantly. सुगन्धित ढंग से।

Odour-ओ'-डर्-*n.* smell, scent, pleasant or unpleasant fragrance. किसी प्रकार की गन्ध, सुगन्ध; **Bad odour** (foul smell.) दुर्गन्ध; **Fragrant odour** (sweet scent.) सुगन्ध; **Odourless** (-लॅस्)-*adj.* without odour. गन्धहीन, बिना गन्ध का।

Oecist-ईसिस्ट्-*n.* the founder of a colony. किसी उपनिवेश की स्थापना करनेवाला।

Oecology-ईकॅ-लॅजि-*n.* a branch of biology dealing with the effect of environments on organisms. प्राणिशास्त्र की शाखा जिसमें प्राणियों पर वातावरण के प्रभाव का अध्ययन होता है।

Oedema-ई-डि'-मा'-*n.* local dropsy. किसी अङ्ग का जलीय शोथ; **Oedematic** (-मॅटिक्)-*adj.* pertaining to dropsy. ऐसी शोथ-सम्बन्धी।

Oedipus-ई'-डिप्-अस्-*n.* one who solves riddles. कठिन प्रश्नों को सुलझानेवाला, पहेली बूझनेवाला।

O'er-ओर्-short form of 'over'. 'over' का छोटा रूप।

Oesophagus-ईसॅ-फ़ॅगस्-*n.* (*pl.* **Oesophagi**) the gullet. गले की नली, हलक़।

Of-ऑव्-*prep.* from, by, about, out of. का, में, पर, विषय में, लिये, वास्ते; **A fool of a man** (a simpleton.) मूर्ख व्यक्ति; **Blind of an eye** (one eye being blind.) एक आँख का काना; **For the sake of** (in order to.) वास्ते, लिये;

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

I never heard of it (I never heard in regard to this.) इस विषय में मैंने कुछ नहीं सुना; In spite of (notwithstanding.) ऐसा होते हुए भी, बावजूद इसके; Man of intelligence (an intelligent person.) बुद्धिमान् मनुष्य; Of old (ancient.) प्राचीन; On the point of death (about to die.) मरणासन्न; Sick of delay (disgusted with delay.) विलम्ब से परेशान; Swift of foot (quick in going.) तीव्र गति का; To ask of (to make a request to.) प्रार्थना करना, माँगना; To bring to bed of (to give birth to.) सन्तान उत्पन्न करना; To take ill of (to think improper about.) बुरा मानना।

Off-ऑफ़् *-adv., prep. & adj.* at a distance, away, remote, far, towards, vanished, unfortunate. दूर का, बढ़ा हुआ, दूर, ओर, लुप्त, अभागा; Badly off (in bad circumstances.) आपद्ग्रस्त; Fell off the ladder (fell at a distance from the ladder. सीढ़ी पर से छटक कर दूर गिर पड़ा; Get off ! (obtain release from.) दूर हटो; He broke off (he stopped speaking.) उसने बोलना बन्द कर दिया ; His hat is off (his hat has dropped down.) उसकी टोपी गिर गई; Leave off work (abandon work.) काम छोड़ दो; Off-hand (without previous forethought, carelessly.) बिना पूर्वविचार के, असावधानी से; Off the point (removed from the main subject.) प्रधान विषय से दूर; Off with his head (cut off his head.) उसका सिर काट लो; The joint was off (*i. e.* was dislocated.) जोड़ उखड़ गया; To make off(to depart.) प्रस्थान करना; We are off now (we have just started.) हम लोगों ने अभी प्रस्थान किया है; Well off (rich.) सम्पन्न, धनी।

Offal-ऑफ़ल्-*n.* refuse, waste product. कूड़ा, मल, उच्छिष्ट (शेष भाग); - (*pl.*) rubbish. (ब० व०) तलछट।

Offence-ऑफ़्-फ़ेन्स्'-*n.* an aggressive action, displeasure, annoyance, injury. अपराध (दोष), रोष, असन्तोष, तंग करनेवाली बात, क्षति।

Offenceless-ऑफ़्-फ़ेन्स्'-लेस्-*adj.* unoffending. दोष-रहित, निरपराध।

Offend-ऑफ़्-फ़ेन्ड्'-*v. t. & i.* to displease, to transgress, to make angry. अप्रसन्न करना, कष्ट देना, उल्लंघन करना, क्रोधित करना; Offended (-एंड्)-*adj.* displeased. असन्तुष्ट, क्रुद्ध; Offender (-अर्)-*n.* one who offends, annoyer. अपराधी, दोषी, तंग करनेवाला; Offending (-इङ्ग्)-*adj.* affronting. कष्ट देनेवाला, पातकी।

Offensive - ऑफ़् - फ़ेन्स्'-इव्-*adj.* injurious, disgusting, repulsive, bad smelling, insulting. क्षतिकर, घृणित, हानिकर, दुर्गन्धित, अपमानकारी; Offensive to the ear (displeasing to hear.) सुनने में कटु; Offensive to taste (of bad taste, offensive.) नीरस, कुत्सित; Offensive smell (bad smell.) दुर्गन्ध; Offensive weapon (assailing weapon.) आक्रमण करने का शस्त्र।

Offensively-ऑफ़् - फ़ेन्स्' - इव्-लि-*adv.* in an offensive manner. तंग करने या चिढ़ाने या क्षति पहुँचाने के ढंग से।

Offensiveness-ऑफ़्' - फ़ेन्स्' - इव्-नेस्-*n.* the quality of being offensive. अनिष्ट, अपकार, असन्तोष, अपराध।

Offer-ऑफ़्'-फ़र्-*n.* a proposal, first advance, bidding of a price. प्रस्ताव, पहिला धावा, दाम लगाना ; -*v. t.* to propose, to present to the mind, to bid as a price, to present as a sacrifice. प्रस्ताव करना, निवेदन करना, दाम लगाना, बलि के लिये उपस्थित करना; -*v. i.* to express willingness, to make an attempt. इच्छा प्रकट करना, प्रयत्न करना; To offer violence (to make an attack.) आक्रमण करना।

Offerer-ऑफ़् - फ़र् - अर्-*n.* one who offers. निवेदक, प्रस्तावक।

Offering-ऑफ़् - फ़र् - इङ्ग्-*n.* an oblation, a sacrifice. अर्पण, भेंट, बलि-कर्म।

Offertory-ऑफ़्-फ़र्'-टर्-रि-*n.* a service at the time of offerings. बलिदान करने के समय का गीत।

Office-ऑफ़्'-फ़िस्-*n.* service, employment, attention, post, function, duty, place of business. कार्य, व्यापार, अधिकार, पद, कर्तव्य, कार्यस्थान।

Officer-ऑफ़्'-इस्-अर्-*n.* he who is commissioned to perform a public duty. नियोगी, अधिकारी, अफ़सर।

Official-ऑफ़्-फ़िश्'-अल्-*adj. & n.* pertaining to an office, one employed in a public capacity. अधिकार-सम्बन्धी, अधिकारी (कर्मचारी)।

Officialdom-ऑफ़् - फ़िश्-अल्'-डम्-*n.* bureaucracy. अधिकारीवर्ग।

Officially-ऑफ़्-फ़िश्'-अल्-लि-*adv.* in an official manner. अधिकारपूर्वक, अधिकारी की तरह।

Officiant-ऑफ़िशियण्ट्-*n.* an officiating person. किसी पदाधिकारी के स्थान पर काम करनेवाला।

Officiate-ऑफ़्-फ़िश्'-इ-एट्-*v.t.* to perform an office, to act in some official capacity. किसी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पदाधिकारी के स्थान पर काम करना; स्थानापन्न होना।

Officinal-ऑफ़्-फ़िस्'-सिन्-अल्-*adj.* pertaining to drugs used in medicine. औषधियों की जड़ीबूटियों से सम्बन्धित; **Officinally** (-लि) -*adv.* in an officinal manner. औषधिरूप में।

Officious-ऑफ़्-फ़िश्'-अस्-*adj.* offering service which is uncalled for, meddlesome, obliging, informal, overkind. बिना अधिकार के चर्चा करनेवाला, विघ्न डालनेवाला, धृष्ट, अति कृपालु; **Officiously** (-लि)-*adv.* unofficially. अनधिकारिक रूप से; **Officiousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being officious. बिना अधिकार का हस्तक्षेप।

Offing-ऑफ़्'-इङ्ग्-*n.* the part of the sea seen between the sea and the horizon from the shore. किनारे से देख पड़ता हुआ दूर का समुद्र का भाग।

Offish-ऑफ़्' - इश्-*adj.* inclined to remain separate, distant or stiff in manner. अलग रहनेवाला, रूक्ष प्रकृति का; **Offishness** (-नेस्) -*n.* the quality of being offish. रूक्षता।

Offset-ऑफ़्'-सेट् -*n.* shoots of plants, an offshoot, compensation, reversed copy of a printed sheet. अंकुर, अँखुआ, क्षति की पूर्ति, मुजरा, छपे हुए कागज की उलटी प्रतिलिपि।

Offshoot-ऑफ़्'-शूट्-*n.* a side shoot or branch of a tree or plant. वृक्ष के बगल का अंकुर या शाखा।

Offside-ऑफ़्'-साइड्-*n.* the farthest side. दूर की दिशा।

Offspring-ऑफ़्' - स्प्रिङ्ग् - *n.* a descendant, progeny, result. सन्तान, सन्तति, परिणाम (फल); **Female offspring** (daughter.) कन्या; **Male offspring** (son.) पुत्र; **With no offspring** (without children.) सन्तानहीन।

Oft-ऑफ़्ट्-*adv.* often, frequently. बहुधा; **Many a time and oft** (repeatedly.) बारम्बार, बहुधा; **Oft-times** (often.) बहुधा, अक्सर।

Often-ऑफ़्'-फ़न्- *adv.* frequently, at short intervals. बहुधा (प्रायः), बारम्बार; **As often** (as many times.) जितनी बार; **So often** (so many times.) उतनी बार।

Ogee-ओ - जी' - *n.* & *adj.* S-shaped double continuous curves. इस आकार की जाली।



Ogee.

Ogive-ओ' - जाइव् -*n.* a pointed arch. नुकीली कमानी की मेहराब।

Ogle-ओ'-ग्ल्-*v. t.* & *i.* to cast amorous glances. कटाक्ष करना, तिरछी नजर से देखना; -*n.* an amorous glance. कटाक्ष; **Ogler** (-लर्) -*n.* one who ogles. कनखी मारनेवाला; **Ogling** (-इङ्ग्)-*n.* act of casting a side-glance. कनखी मारने का कार्य।

Ogre-ओ'-गर्-*n.* a man-eating giant. मनुष्य-भक्षी दैत्य या राक्षस; **Ogress** (-रेस्) *n. fem.* a female ogre. राक्षसी, चुड़ैल; **Ogreish** (-ईश्) -*adj.* like a giant. राक्षस के समान।

Ogygian-ॲ-जि-जि' - अन्-*adj.* of prehistoric times. अति प्राचीन समय का।

Oh-ओ-*interj.* an exclamation of surprise or anxiety. ओह ! अरे ! हाय !

Ohm-ओम्-*n.* the unit of electrical resistance बिजली की शक्ति की रुकावट की नाप।

Oho-ॲ - हो' - *interj.* expressing surprise. आश्चर्यसूचक अव्यय, ओहो ! अरे !

-oid-ॲ-इड्-*suf.* in the sense of 'resembling' 'having the form of.' प्रत्यय जिसका अर्थ 'सदृश' अथवा 'आकारवाला' होता है, यथा **Dentoid.**

Oil-ॲ-इ-ल्-*n.* an unctuous liquid lighter than water. तेल, फुलेल; -*v. t.* to anoint with oil. तेल पोतना या लगाना; **Oilcake** (the residue after extracting oil from seeds.) खली; **Oil-can** (a can for keeping oil.) तेल रखने की कुप्पी; **Oilcloth**-*n.* (canvas covered with paint.) पानी न सोखनेवाला कपड़ा, मोमजामा; **Oil colour**-*n.* (colour prepared by grinding a colouring substance in oil.) तेल मिलाकर बना हुआ रंग; **Oil-Engine**-*n.* (an engine burning oil as fuel.) मिट्टी के तेल से चलने वाला इंजन; **Oiler** (-अर्) -*n.* an oiling can. यन्त्र में तेल देने की कुप्पी; **Oil-field** (a mine of paraffin oil.) मिट्टी के तेल की खान; **Oiliness** (-इ-नेस्)-*n.* quality of being oily. चिकनाहट, स्निग्धता; **Oil-man** (one who deals in oil.) तेली; **Oil-mill** (a mill for extracting oil) तेली का कोल्हू; **Oil painting**-*n.* the art of painting in oil-colours. तैलचित्र; **Oil-press** -*n.* दबाकर तेल निकालने का यन्त्र; **Oilstone** (whetstone.) तेल लगाकर औजार तेज करने की सिल्ली; **Oily** (-इ) -*adj.* greasy. तेल लिपटा हुआ; **To burn the midnight oil** (to work long in the night.) रात्रि में देर तक परिश्रम करना; **To pour oil on burning fire** (to increase fire by the help of oil.) आग में घी डालना; **To oil one's hands** (to bribe.) घूस देना; **To pour oil on the waters** (to smooth over things. उपद्रव शान्त करना;

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

To oil one's tongue (to speak flattering words.) चिकनी-चुपड़ी बातें करना।

Ointment-ॲ-इन्ट्'-मॅन्ट् - *n.* an unctuous preparation used to beautify the skin, an unguent. उबटन, लेप, मलहम।

Okapi-ॲ-के-पि-*n.* a giraffe-like animal of Central Africa. मध्य अफ़्रीका का जिराफ़ के समान लम्बी गर्दनवाला चितकबरा पशु।

Old-ओल्ड्-*adj.* (*comp.* **Older, Elder,** *sup.* **Oldest, Eldest.**) advanced in age, ancient, previous, worn out, long practised, decayed. वृद्ध, प्राचीन, जीर्ण, अनुभवी, सड़ा हुआ; **Eight years old** (eight years of age.) आठ वर्ष की अवस्था का; **Of the old school** (old-fashioned.) पुराने ढंग का; **Old boy** (an old companion.) पुराना साथी; **Old cloth** (ragged cloth.) जीर्ण वस्त्र; **Old fashioned**-*adj.* पुराने ढंग का; **Old hand** (an experienced worker.) अनुभवी कारीगर; **Old head on young shoulders** (wisdom beyond one's age.) अवस्था से अधिक विद्वान्; **Old Tom** (a kind of gin.) एक प्रकार की मदिरा; **The old** (people of advanced age.) वृद्ध लोग।

Olden-ओल्ड्'-इन्-*adj.* old, ancient पुराने समय का;-*v. t.* to make feeble. दुर्बल करना।

Oldish-ओल्ड्'-इश्-*adj.* somewhat old. कुछ पुराना।

Oldness-ओल्ड्'-नॅस्-*n.* old age. बुढ़ापा।

Oldster-ओल्ड्'-स्टर्-*n.* one who is no longer a youngster. युवा अवस्था से अतीत।

Oleaginous-ओलिॲजिनस्-*adj.* oily, greasy. तेल युक्त, चिकना; **Oleaginousness** (-नॅस्)-*n.* oiliness. स्निग्धता, चिकनाहट।

Oleander-ओ-लि-ऑन्'-डर्-*n.* a poisonous shrub. एक विषैली वनस्पति, करवीर।

Oleic-ओ-लि-इक्-*adj.* pertaining or relating to oil. तेल-सम्बन्धी।

Oleiferous-ओलिफ़रस्-*adj.* producing oil. तेल उत्पन्न करनेवाला।

Olfactory-*adj.* see under **Olfactive.**

Olfaction-ॲल्-फ़ॅक्'-शन्-*n.* the sense of smell. घ्राणेन्द्रिय, नाक।

Olfactive-ॲल्-फ़ॅक्'-टिव्, **Olfactory** (-टर्-इ) -*adjs.* pertaining to the organ of smell. घ्राणेन्द्रिय (नाक) सम्बन्धी।

Olibanum-ॲलिबॅनम्-*n.* an aromatic resin. एक सुगन्धित गोंद, सिंहल।

Olid-ॲल्'- इड - *adj.* of bad smell, foul-smelling. दुर्गन्धवाला।

Oligarch-ॲल्'-इग्-आर्क्-*n.* a member of an oligarchy. अल्पजन राज्य का सदस्य; **Oligarchal** (-अल्)-*adj.* pertaining to oligarchy. अल्पजन राज्य-सम्बन्धी।

Oligarchically-ॲलिगार्किकलि - *adv.* in an oligarchic manner. अल्पजन राज्य क्रम की रीति से।

Oligarchy-ॲल्-इ-गार्क्'-इ-*n.* government by the few. अल्पजन से शासित राज्य।

Olivary-ॲलिव्रि-*adj.* shaped like olives, oval. जतून के आकार का, अण्डाकार।

Olive-ॲल्'-इव्-*n.* an evergreen tree with small white flowers, its fruit. जैतून का वृक्ष, जलपाई; **Olive crown** (a crown of victory.) विजय-मुकुट; **To hold out the olive branch** (to offer peace.) मेल का प्रस्ताव रखना।

-ology-ॲल्'-ऑ-जि-*suf.* used for 'science.' विज्ञानसूचक प्रत्यय, यथा—**Biology, Theology.** इत्यादि।

Olympian-ऑ-लिम्'-पि-अन् - *adj.* superior, magnificent. ऐश्वर्ययुक्त, विशिष्ट महत्त्व का।

Omega-ओ'-मॅ-गा-*n.* the last letter of the Greek alphabet. ग्रीक वर्णमाला का अन्तिम अक्षर; **Alpha and Omega** (the first and the last.) आदि और अन्त।

Omen-ओ'-मॅन्-*n.* the occurrence foreboding good or evil, presage. शुभ या अशुभ सूचक घटना, शकुन, चिन्ह, लक्षण; -*v. t.* to foretell. शकुन सूचित करना; **Good omen** (a sign of good fortune.) शुभ लक्षण या शकुन।

Ominous-ॲमिनस्-*adj.* portentous, inauspicious. अशुभ लक्षण का, अपशकुन का; **Ominously** (-लि)-*adv.* in an ominous manner. अशुभ लक्षण से, अपशकुन से।

Omissible-ॲ-मिस्'-सि-बूल्-*adj.* capable of being omitted. त्याज्य, छोड़ने योग्य।

Omission-ॲ-मिश्'-अन्-*n.* a leaving out, failure, neglect. त्याग, लोप, भूल।

Omissive-ॲ-मिस्'-सिव् - *adj.* leaving out. छोड़नेवाला, भूलनेवाला।

Omit-ॲ'-मिट् -*v. t.* (*p. t.* **Omitted.**) to leave out, to fail to do. त्यागना, छोड़ना, भूल जाना।

Omni--ॲम्'-नि-*pref.* in sense of 'all', 'in all ways.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'सबका', 'सब प्रकार से' होता है।

Omnibus-ॲम्-नि-बस्-*n.* (*pl.* **Omnibuses.**) a four-wheeled public vehicle. किराये की मोटरगाड़ी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Omnifarious-ॲम्निफ़ॅरिअस्-*adj*. of all sorts. सब प्रकार का।

Omnific-ॲम्-निफ़्' -इक् - *adj*. all-creating. सर्वोत्पादक।

Omniform-ॲम्-नि'-फ़ॉर्म्-*adj*. having every form. सब प्रकार के रूपवाला।

Omnigenous-ॲम्निजिनस्-*adj*. consisting of all kinds. सब प्रकार का, सब जाति का।

Omnipotence-ॲम्-निप्'-ॲ-टॅन्स् -*n*. infinite power. सर्व (अनन्त) शक्ति।

Omnipotent-ॲम्-निप्'-ॲ-टॅन्ट्-*adj*. almighty. सर्वशक्तिमान्।

Omnipresence-ॲम्-नि-प्रॅज़्-ऍन्स्-*n*. presence everywhere. विश्वव्यापकता।

Omnipresent-ॲम्-नि-प्रॅज़्'-ऍन्ट्-*adj*. present in all places and at all times. विश्वव्यापी, सर्वव्यापक।

Omniscience-ॲम्निश्यॅन्स्-*n*.unlimited knowledge. अनन्तज्ञान, सर्वज्ञान।

Omniscient-ॲम्निश्यॅण्ट्-*adj*. all-knowing. त्रिकालदर्शी।

Omnivorous-ॲम्निव्हॅरस् - *adj*. feeding on plants as well as on animals. सर्वभक्षी, वनस्पति तथा मांस खानेवाला।

Omoplate-ओ'-मॅ-प्लेट्-*n*. the shoulder-blade. कन्धे पर की हड्डी।

On-ऑन्-*prep*. in contact with the upper part of a thing, upon, at, near, in consequence of. किसी पदार्थ के ऊपर, ऊपर, पर, पास, परिणाम में; -*adv*. forward, onward. आगे से; used as *pref*. in sense of 'onward'. उपसर्ग की तरह प्रयोग होने पर 'आगे की ओर' अर्थ में आता है; **From that day on** (commencing from that day.) उस दिन से; **Goes on foot** (is a pedestrian.) पैदल चलता है; **Having clothes on** (wearing clothes.) कपड़ा पहिने हुए; **On account of** (for.) वास्ते, लिए; **On all sides** (on every side.) चारों तरफ़; **On one's knees** (submissive.) घुटने के बल; **On the instant** (immediately.) उसी क्षण; **On the morning** (in the morning time.) प्रातःकाल; **On the right** (towards the right side.) दाहिनी ओर; **On the wing** (flying.) उड़ता हुआ; **The city was on fire** (fire enveloped the city.) शहर में आग लगी हुई थी।

Onager-ॲन्-जर् - *n*. the wild ass. जंगली गदहा, गोरखर।

Once-वन्स्-*adv*. for one time only, a few times, formerly. एक बार, पहिले; **At once** (immediately.) तुरन्त; **Once for all** (for ever.) सर्वदा के लिए (निश्चित रूप से); **Once upon a time** (on a certain occasion.) एक बार, किसी समय।

Oncoming-ऑन्'-कम्-इङ्ग्-*n*. approach. पहुँच।

One-वन्-*adj*. single in number, some or any, undivided. एक, कोई, अविभक्त; -*n*. the number one, an individual. एक (संख्या), कोई व्यक्ति; *pron*. a single person. कोई मनुष्य; **All in one** (combined, unanimously.) एक साथ, एक मत से; **At one** (in agreement.) सहमत; **Many a one** (several.) बहुतेरे; **Never a one** (none.) कोई भी नहीं; **Of one's own** (belonging to oneself.) अपना निजी; **One another** (conjointly.) परस्पर; **One or the other**(either of the two.) दो में से एक; **Ten to one** (almost impossible.) प्रायः असम्भव; **To be at one** (to be equal.) समान होना; **Were made one** (were married.) विवाह किए गये।

One-eyed-वन्'-आइड्-*adj*. blind of one eye. काना।

Oneirocritic-ॲ-नाइ-रॅ-क्रिटिक्-*n*. one who interprets dreams. स्वप्न का अर्थ बतलानेवाला।

Oneiromancy-ॲ-नाइ-रॅमॅन्सि-*n*. the act of divining by dreams. स्वप्नों की सहायता से भविष्य बताने का कार्य।

Oneness-वन्'-नॅस्-*n*. singleness, wholeness, being one. एक भाव, अद्वैत भाव, एकता।

Onerous -ॲनरस् - *adj*. burdensome. दुःसह, कष्टसाध्य, भारी; **Onerously** (-लि)-*adv*. in an onerous manner. भारीपन से; **Onerousness** (-नॅस्) -*n*. the state of being onerous. दुःसह्यता, भारीपन, कष्टसाध्यता।

Oneself-वन्'-सॅल्फ़्-*pron*. reflexive form of 'one.' आप ही, स्वयं।

One-sided -वन्' -साइड् -ऍड्-*adj*. partial, limited to one side, turned to one side. पक्षपाती, एक ही ओर सीमित, एक ही ओर मुड़ा हुआ; **One-sidedly** (-लि)-*adv*. partially. पक्षपात से; **One-sidedness** (-नॅस्) -*n*. having regard to one side only. एकपक्षता।

Onfall-ऑन्'-फ़ॉल्-*n*. an attack, approach of night. आक्रमण, रात्रि का आगमन।

Onflow-ऑन्-फ़्लो-*n*. a flow onward. आगे की ओर बहाव।

Onion-अन्-यन्-*n*. an edible bulb with pungent flavour. प्याज़; -*v. t*. to rub the eyes with onion. आँखों में प्याज़ रगड़ना।

Oniony-अन्-यन्-इ-*adj*. having the smell of onion. प्याज़ के गन्ध का।

Onlooker-ऑन्'-लुक्-अर्-*n*. a spectator. दर्शक, तमाशा देखनेवाला।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Only-ओन्'-लि-*adj.* sole, single, alone. प्रधान, केवल (अकेला, अद्वितीय); -*adv.* solely, exclusively. केवल, सिर्फ़;-*conj.* but, except. सिवाय; **Not only but.** न केवल ।

Onomatopoeia-ॲ-नॅ-मॉटॅ-पीया-*n.* a word whose sound resembles the object associated with it. ऐसा शब्द जिसका उच्चारण उसके अर्थ का द्योतक हो; **Onomatopoetic** (-पॅ-ऍट्'-इक्)-*adj.* formed by onomatopoeia. उपर्युक्त शब्द से सम्बन्धित; **Onomatopoetically** (-अ-लि)-*adv.* in the manner of an onomatopoeia. उपर्युक्त शब्द का प्रयोग करते हुए ।

Onset-ऑन्'-सॅट्-*n.* an attack, an assault. आक्रमण, चढ़ाई (धावा) ।

Onslaught-ऑन्'-स्लॉट्-*n.* a fierce attack, a murderous assault. मारकाट, भयंकर घातक आक्रमण ।

Ontological-आन्'-टॅ-ल्'-ऑ - जिक् - अल् -*adj.* metaphysical. सत्त्व-विद्या-सम्बन्धी, दार्शनिक; **Ontologically** (-जि-कल्-लि)-*adv.* in a metaphysical manner. सत्त्व-विद्या के सिद्धान्त से ।

Ontologist-ऑन्-टॅ-ल्'-ॲ-जिस्ट्-*n.* one who is versed in ontology. सत्त्व-विद्या का पण्डित ।

Ontology-ऑन्-टॅ-लॅ-ॲज्-इ-*n.* the philosophy concerned with the essence of being. दर्शन या सत्त्व विद्या ।

Onus - ओ' - नस्- -*n.* (*no plural*) burden, obligation, responsibility. भार, उत्तरदायित्व, जवाबदेही ।

Onward-ऑन् - वर्ड् - *adj.* forward. अग्रगामी; **Onwards** (वर्ड्ज़्) -*adv.* further onward. आगे की ओर ।

Onymous-आन्'-इ-मस्-*adi.* not anonymous. गुमनाम नहीं, नाम दिया हुआ ।

Onyx-ऑन्-इक्स् -*n.* a kind of gem. गोमेदक रत्न ।

Oof-ऊफ़्-*n.* money. धन; **Oofy** (-इ)-*adj.* wealthy. धनिक ।

Oogenesis-ओ-ॲ-जॅनिसिस् - *n.* development of the ovum. भ्रूण (गर्भ) का बढ़ना ।

Oology-ओ-ॲ-ल्' - ॲ-जि -*n.* the study of bird's eggs. पक्षी के अण्डों का अध्ययन ।

Ooze-ऊज़्-*n.* wet mud, sluggish flow. गीली मिट्टी, कीचड़, स्राव; -*v. t.* to pass gently through pores. रसकर बहना, टपकना ।

Oozily-ऊज़्'-इ-लि-*adv.* in an oozing manner. रसते हुए ।

Ooziness-ऊज़्'-इ-नॅस्-*n.* the state of being o zy. टपकन ।

Oozings-ऊज़्'-इङ्ग्ज़् -*n.* flow ot a fluid in drops. द्रव का टपकन ।

Oozy-ऊज़्'-इ-*adj.* miry, slimy. टपकने या रसनेवाला ।

Opacity-ॲ-पॉ-सिटि-*n.* want of transparency, obscurity, opaqueness. अस्वच्छता, धुंधलापन, अपारदर्शकता ।

Opal-ओ'-पल् -*n.* a precious stone. पोलकी, दूधिया पत्थर ।

Opalescent-ओ'-पल्'-ऍस्-सॅन्ट्-*adj.* pertaining to an opal. पोलकी रत्न का ।

Opaline-ओ'-पला-इन् (-लिन्)-*adj.* resembling an opal. पोलको की तरह का ।

Opalize-ओ-'पल्-आइज़्'-*v. t.* to make like opal. पोलकी के सदृश बनाना ।

Opaque-ॲ-पॅक्'-*adj.* not transmitting light, obscure, dull. अपारदर्शक, अन्धकारयुक्त, गँदला; **Opaquely** (-लि)-*adv.* in an opaque manner. गँदलेपन से; **Opaqueness** (-नॅस्) -*n.* want of transparency. अस्वच्छता, अपारदर्शकता ।

Ope-ओप् - *v. t. & i.* (poetical form of 'Open'.) खुलना, खोलना ।

Open-ओप्'-पन्-*adj.* not closed, unsealed, bare, uncovered, unprotected, public, manifest, frank, liberal. उन्मुक्त, बिना मुहर का, नंगा,खुला हुआ, अरक्षित, प्रकाशित, प्रकट, स्पष्ट, सच्चा, उदार; **Open air** (air out of doors,) घर के बाहर की खुली वायु; **Open country** (an unenclosed piece of land.) खुला मदान; **Open-eyed**-*adj.* (watchful.) सचेत, सावधान, चौकसी रखनेवाला; **Open-handed** (generous.) उदार, दाता; **Open-hearted** (frank.) निष्कपट, सच्चे हृदय का; **Open-minded** (unprejudiced.) पक्षपातहीन; **Open-minded person** (a man of liberal views.) उदारचरित मनुष्य; **Openmouthed** (greedy, outspoken.)लालची, स्पष्टवक्ता; **Open to dispute** (debatable.) विवादनीय; **Open weather** (clear weather.) स्वच्छ ऋतु; **To keep doors open** (to receive every one.) सबका आतिथ्य करना; **To lay open** (to uncover.) खोलकर सामने रखना; **To receive with open arms** (to welcome or accept heartily.) सहृदय स्वीकार या स्वागत करना; **With open eyes** (without secrecy.) प्रत्यक्ष में, गुप्त न रखते हुए ।

Open-ओ'प्-पन्-*v. t. & i.* to begin, to bring into view, to unlock, to enlarge, to establish. आरम्भ करना, प्रकाशित करना, खोलना, विकसित होना, स्थापित करना; **To open bowels** (to loosen bowels.) आँतों को ढीला करना; **To open debate** (to begin a

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

discussion.) शास्त्रार्थ आरम्भ करना; **To open fire** (to begin firing.) गोली चलाना आरम्भ करना; **To open ground** (to prepare land by ploughing.) हल चलाकर मिट्टी तोड़ना; **To open one's eyes** (to show astonishment.) आश्चर्य दिखलाना; **To open out** (to increase, to expand.) खोलना, फैलाना; **To open the door** (to give opportunity.) अवसर देना; **To open up** (to publish.) प्रकाशित करना।

Openable-ओप्-प्-न्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* able to be opened. प्रकाशित करने (खोलने) योग्य।

Opener-ओ-प्न्'-अर्-*n.* he who opens. खोलनेवाला।

Opening-ओप्-न्-इङ्ग्-*n.* commencement, opportunity, passage, an aperture. प्रारम्भ, अवसर, मार्ग, छिद्र।

Openly-ओप्-न्-लि-*adv.* in an open manner. स्पष्ट रूप में, बिना छिपाये हुए।

Openness-ओप्'-ऍन्-नेस्-*n.* frankness. स्पष्टता, प्रकाशता।

Opera-ऑपरा-*n.* a dramatic performance accompanied by music. सङ्गीत नाटक; **Comic opera** (an opera of light character.) हास्यपूर्णनाटक; **Grand opera** (one without spoken language.) स्वाँग।

Opera-glass-ऑपरा-ग्लास् *n.* a small binocular glass used at theatres. नाटक देखने की दूरबीन; **Opera-hat**-*n.* a kind of tall hat. मोड़ने के योग्य ऊँची दीवार की अंग्रेज़ी टोपी।

Opera-glass.

Operant-ऑप्'-अर्-अन्ट्-*adj.* & *n.* operative, active, an operator. कार्य करने की शक्ति रखनेवाला, फुर्तीला, वह व्यक्ति जो किसी यंत्र या कार्य का संचालन करता है।

Operate-ऑपरेट्-*v. i.* & *t.* to perform, to produce effect, to act, to perform surgical operations, to buy and sell, to manage. कार्य करना, फलीभूत होना, चेष्टा करना, प्रभाव डालना, जर्राही करना, बेचा-बिक्री करना, प्रबन्ध करना; **Operating-room** (**theatre**) a room where surgical operations are performed. डाक्टर का चीर-फाड़ करने का कमरा।

Operatic-ऑपरेटिक-*adj.* like an opera. सङ्गीत नाटक के सदृश।

Operation-ऑपरेशन-*n.* action, scope, manipulation, influence, method of working, an active process, discharge of duty, surgical performance, movement of troops. क्रिया (कार्य), प्रवृत्ति, प्रभाव, उद्यम, व्यापार, कर्तव्यपालन, चीर-फाड़, सेना की गति।

Operative-ऑपरेटिव्-*adj.* & *n.* producing an effect, an artisan or mill-hand. प्रयोजक (प्रबल), गुणकारी, शिल्पकार; **Operatively** (-लि)-*adv.* in an operative manner. प्रबलता से, कार्य-दक्षता से।

Operator-ऑपरेटर्-*n.* one who operates. प्रवर्तक, कार्य करनेवाला।

Operetta-ऑपरेटा-*n.* a short opera. छोटा संगीत नाटक।

Operose-ऑपरोस्-*adj.* taking great pains, industrious. श्रमसाध्य, अति परिश्रमी, बड़ा मेहनती।

Ophidian-ॲ-फ़िड्'-इ-अन्-*adj.* pertaining to snakes. सर्पसम्बन्धी।

Ophiolater-ॲ-फ़ि-ॲ-लेटर्-*n.* a serpent worshipper. सर्पपूजक।

Ophiology-ॲ-फ़ि-ॲ'-लॅ-जि-*n.* the study of snakes. सर्पविद्या।

Ophiophagous-ॲ-फ़ि-ॲ'फ़-गस्-*adj.* feeding on snakes. सर्पभोजी।

Ophite-ऑ'-फ़ाइट्-*adj.* serpentine. सर्पाकार, साँप के आकार का।

Ophthalmia-ऑफ़्-थॅल्'-मि-आ-*n.* inflammation of the eye. आँख आना, आँख फूलने का रोग; **Ophthalmic** (-मिक्)-*adj.* pertaining to the eye. नेत्र-सम्बन्धी, आँख का।

Ophthalmologist-ऑफ़्-थॅल्-मॅल्-ॲ-ज्-इस्ट्-*n.* one skilled in the treatment of the eye. नेत्र-रोग का चिकित्सक।

Ophthalmology-ऑफ़्-थॅल्-मॅ-लॅ-ज्-इ-*n.* the science which treats of the eye. नेत्र-विज्ञान।

Ophthalmy-ऑफ़्-थॅल्'-मि-*n.* swelling of eyes. आँखों की सूजन।

Opiate-ओ'-पि-ऍट्-*n.* a drug containing opium used for inducing sleep or alleviating pain. निद्रा लानेवाली तथा पीड़ा हटानेवाली अफ़ीम मिली हुई औषधि; -*v. t.* to mix with opium. अफ़ीम मिलाना।

Opine-ॲ-पाइन्'-*v. t.* to hold an opinion, to think, to suppose. विचार करना (मनन करना), तर्क करना।

Opinion-ओ-पिन्'-यॅन्-*n.* a judgement without, proof, belief, probable view, estimation, sentiment. अनुमान, विचार, आशय, बुद्धि अभिप्राय; **I am of opinion** (I think so.)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मैं ऐसा विचार करता हूँ ; **Difference of opinion.** मतभेद ।

Opinionated-ओपिन्यॅनेटेड्-*adj.* obstinate in opinion. अपने विचार का पक्का, हठी; **Opinionatedness**(-नेस्)-*n.* obstinacy. हठ ।

Opinionative-ओ - पिन् ' - यॅन्-एट् - इव्-*adj.* unduly attached to one's notions. अपने मत का आग्रही ।

Opinionist-ओ-पिन् '-यॅन्-इस्ट्-*n.* one who is attached to his personal opinions. अपने मत पर दृढ़ ।

Opip-अ-पिप् '-*n.* an advanced position from which the effects of the enemy fire can be watched. शत्रु की गोलियों का आक्रमण दूर से देखने का स्थान ।

Opisometer-ऑ-पि-सॉ - मि - टर्-*n.* a mathematical instrument for measuring curved lines. (नकशे पर की) घूमी-फिरी रेखाओं को नापने का यन्त्र ।

Opium-ओ-पि-अम्-*n.* a drug prepared from the juice of poppy. अहिफेन, अफ़ीम; **Opium-eater** (-ईट् '-अर्) - *n.* one who indulges in opium. अफ़ीमची ।

Opiumize-ओ ' - पि - अम्-आइज़्-*v. t.* to mix opium. अफ़ीम मिलाना ।

Opossum-ॲ-पॉस् '-सम्-*n.*a kind of American mammal. अमेरिका देश का एक प्रकार का चौपाया ।

Oppilate-ऑप् ' - पिल्-एट्-*v. t.* to block or obstruct. रुकावट डालना; **Oppilation** (-एं '-शन्)-*n.* अवरोध, रुकावट ।

Opponency-ऑप्-पो ' - नेंन्-सि -*n.* antagonism, opposition. शत्रुता, विरोध

Opponent-ऑप्-पो '-नेन्ट्-*n.* an adversary, an enemy. वैरी, शत्रु ;-*adj.* opposite. विरुद्ध ।

Opportune-ऑप्-पर् 'ट्यून्-*adj.* suitable, convenient, well-chosen. अनुकूल, सुगम, उचित समय का; **Opportunely** (-लि)-*adv.* seasonably. (सुगमता से) समय से.; **Opportuneness** (-नेस्) -*n.* seasonableness. समयोचितता ।

Opportunism-ऑ-पर्-ट्यून् '-इज़्म्-*n.* adopting oneself to circumstances, compromise. समयानुसार अपने को बनाना, सन्धि, सुलह ।

Opportunist-ऑ-पर्-ट्यून् '-इस्ट्-*n.* one who seizes opportunities. अपने को समयानुसार बनानेवाला, नीतिज्ञ, अवसरग्राही ।

Opportunity-ऑ-पर् - चुन् ' - इट्- इ - *n.* (*pl.* **Opportunities.**) favourable or convenient time, good chance. अवकाश, समय (साधन), सुअवसर; **To wait an opportunity** (to wait for a favourable time.) अवसर की प्रतीक्षा करना ।

Opposability-ऑप्-पोज़्ज़े-बिल् '-इ-टि-*n.*capability of being placed in opposition. विरोधभाव ।

Opposable-ऑप्-पोज़्ज़े '-ब्ल्-*adj.* what may be opposed. विरोध के योग्य ।

Oppose-ऑप् - पोज़्-*v. t.* to antagonize, to resist, to place against, to make an objection to, to obstruct. विरोध करना, बाधा डालना, रोकना, प्रतिरोध करना, विघ्न डालना ।

Opposer-ऑप्-पोज़् '-अर्-*n.* one who opposes. विरोधक, सामना करनेवाला ।

Opposing-ऑप्-पोज़् '-इङ्ग्-*adj.* acting against. विरुद्ध काम करनेवाला ।

Opposite-ऑप् ' - पो - ज़िट्-*adj.* contrary to, adverse, facing to, placed in front of. प्रतिकूल, सामने का, अभिमुख;-*n.* that which is opposed. विपरीत, भिन्न; **Of an opposite kind** (of a different kind.) भिन्न प्रकार का; **On the opposite bank** (on the other bank.) उस पार ; **The opposite sex** the female sex.) स्त्री जाति ।

Oppositely-ऑप् '-पो-ज़िट्-लि -*adv.* adversely. विपरीत या भिन्न भाव से; **Oppositeness** (-नेस्) -*n.* the state of being opposite. भिन्नता ।

Opposition - ऑप् - पो- ज़ि-शन्-*n.* contrast, resistance, antagonism, contrariety, hostility. प्रतिकूलता, विरोध, बाधा, विमुखता, वर ।

Oppositional-ऑप्-पो-ज़ि '-शन-ल् - *adj.* pertaining to opposition. द्वेष भाव का, विरोधी; **Oppositionally** (-अ-लि)-*adv.* in a hostile way. प्रतिकूलता से; **Oppositionist** (-इस्ट्)-*n.* obstructionist. विरोधक ।

Oppress-ऑप्-प्रेस् '-*v. t.* to weigh down, to govern with tyranny, to keep under subjection. दबाना, सताना, वश में करना (अपकार करना) ।

Oppression-ऑप्-प्रे-शन्-*n.* cruelty, hardship, calamity. निर्दयता, कठोरता, उत्पीड़न ।

Oppressive-ऑप्-प्रेस् '-सिव् - *adj.* tyrannical, overwhelming. क्रूर, अत्याचारी, उत्पीड़क, निर्दयी; **Oppressively** (- लि) -*adr.* in an oppressive manner. निर्दयता से; **Oppressiveness** (-नेस्)-*n.* the quality of being oppressive. कठोरता, निर्दयता, अत्याचार ।

Oppressor-ऑप्-प्रे-सर्-*n.* one who oppresses. अत्याचारी, क्रूर, निर्दयी ।

Opprobrious-ऑप्-प्रो '-ब्रि-अस्-*adj.* abusive, reproachful, deposed. निन्दनीय, कलंकी, घृणित; **Opprobriously**(-लि -*adv.* in a reproachful manner. तिरस्कार-सहित; **Oppro-**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

briousness (-नेस्)-*n.* reproachfulness, disgracefulness. निन्दनीयता।

Opprobrium-ऑप् -प्रो' - ब्रि-अम्-*n.* infamy, disgrace. अपयश, तिरस्कार।

Oppugn-ऑ-प्यून्'-*v.t.* to oppose or call into question. विरोध करना।

Oppugnance-ऑ - पग्' - नॉन्स्-*n.* resistance, opposition. विरोध; **Oppugnancy** (-पग्'-नॉन्-सि)-*n.* state of opposition. विरोध-भाव।

Oppugnant-ऑ-पग्'-नेंन्ट्-*adj.* resisting.विरोध करनेवाला।

Oppugnation-ऑ-पग्-नें'-शन्-*n.* opposition. विरोध।

Oppugner-ऑ-प्यून्'-अर्-*n.* one who opposes or resists. विरोध करनेवाला।

Opsonic-ऑप्सॅनिक्-*adj.* having an effect on the bacteria in the body. शरीर के भीतर के कृमियों पर प्रभाव डालनेवाला।

Opsonin-ऑप्-सॅ'-निन्-*n.* the injection of non-living bacteria for curing a disease. किसी रोग के कृमियों को मारकर शरीर में प्रवेश करने की विधि।

Optative ऑ-प्टे'-टिव्-*adj.* expressing wish or desire. इच्छार्थक, इच्छा-सूचक ; **Optatively** (-लि)-*adv.* in an optative manner. इच्छार्थक रूप में।

Optic-ऑप्'-टिक्-*adj.* pertaining to or relating to the eye or eyesight. नेत्र-सम्बन्धी, दृष्टि-सम्बन्धी।

Optical-ऑप्'-टिक्-अल्-*adj.* pertaining to optics, visual. दृष्टि - सम्बन्धी, आँख का ; **Optically** (-लि) - *adv.* in an optical manner. दृष्टि से सम्बन्ध रखते हुएं।

Optician-ऑप्-टिश्'-शन्-*n.* one who is skilled in optics, one who sells optical instruments. चक्षुविद्या में निपुण, उपनेत्र (चश्मा) बेचनेवाला।

Optics-ऑप्'-टिक्स् - *n.* the science of light or sight प्रकाश या दृष्टि-विज्ञान।

Optimacy-ऑप्'-टिम्-ऑस्-सि-*n.* the nobility. कुलीन लोग, शिष्ट जन।

Optimism-ऑप्-टिम्-इज़्म्-*n.* the doctrine that good ultimately prevails over evil, a hopeful view of things.उत्तमता का सिद्धान्त, आशावाद।

Optimist-ऑप्'-टिम्-इस्ट्-*n.* one who thinks that all is for the best. उत्तमता के सिद्धान्त-वाला, आशावादी।

Optimistic-ऑप्'-टिम्-इस्ट्-इक्-*adj.* pertaining to optimism. उत्तमता के सिद्धान्त का; **Optimistically** (-अ-लि)-*adv.* in an optimistic manner.'ईश्वर सब अच्छे के लिए करते हैं', ऐसी धारणा रखते हुए।

Option-ऑप्'-शन्-*n.*choice, choosing, liberty to choose. रुचि, इच्छा, अभिलाषा; **Left to your option** (according to your wishes.) आपके इच्छानुसार, जैसी आपकी इच्छा।

Optional-ऑप्शनल् -*adj.* according to your choice. ऐच्छिक, वैकल्पिक; **Optionally** (- अ-लि) -*adv.* in an optional manner. विकल्प से, इच्छानुसार।

Optophone-ऑप्'-टॅ-फ़ोन्- *n.* an instrument for helping the blind to see objects. अन्धों को पदार्थ दिखलाने में सहायता देने का यन्त्र।

Opulence-ऑप्'-युल्-ऍन्स् -*n.* wealth, riches. धन, विभव, ऐश्वर्य।

Opulent-ऑप्' - युल् - ऍन्ट् - *adj.* wealthy, abundant, rich. धनिक, सम्पन्न, बहुधनी; **Opulently** (-लि) - *adv.* richly, abundantly. ऐश्वर्य से सम्पन्नता से।

Or-ऑर्-*conj & prep.* used for uniting two alternatives, each of the two,before. अथवा दो में एक, अन्यथा, पहिले; **Or else** (otherwise.) नहीं तो।

Oracle-ऑर्'-ऍ-कुल्-*n.* a divine revelation, prophecy, mysterious advice, prophetic judgment. आकाशवाणी, भविष्यवाणी, विचित्र उपदेश, दैवी उपदेश।

Oracular-ऑरॅ-क्-युल्-अर्-*adj.* like an oracle. देववाणी तुल्य; **Oracularity** (-इट्-इ)-*n.* the state of being oracular. देववाणीत्व; **Oracularly** (-लि)-*adv.* in the manner of an oracle. आकाशवाणी की रीति से।

Oral-ओरल् - *adj.* relating to the mouth, spoken, verbal. मुख-सम्बन्धी, बोला हुआ, मौखिक; **Orally** (- लि) -*adv.* by word of mouth. वचन द्वारा, मुख द्वारा।

Orange-ऑरन्ज्-*n.* a juicy sweet fruit. नारङ्गी, सन्तरा।

Orangery-ऑरॅन्जरि -*n.* a garden of orange trees. नारंगी का बगीचा।

Orangeade-ऑरॅन्जेड्-*n.* a drink made of orange juice. नारंगी का (क्षारीय) शर्बत; **Orange colour** (the colour of oranges.) नारङ्गी रङ्ग।

Orang-outang - ऑर्-ऑङ्ग्'-उ - टॅङ्ग् -*n.* (also **Orang-utan**)a kind of large ape. एक प्रकार का बड़ा बन्दर।

Orang-outang.

Orant-ऑ' - रॅन्ट् - *n.* worshipper. पूजक, पूजा करनेवाला।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Orate-ओ'-रेट् - *v. t.* to make a speech. व्याख्यान देना।

Oration-ओ'-रेशन्-*n.* a formal speech, way of speaking. वक्तृता, व्याख्यान देने की विधि।

Orator-ॲ-रेटर्-*n.* (*fem.* **Oratress**-ट्रेस्) an eloquent speaker, a public speaker. सुवक्ता, व्याख्यान देनेवाला।

Oratorial-ॲ-रे-टोरिअल् - *adj.* pertaining to oratory. व्याख्यान-सम्बन्धी।

Oratorical-ॲ-रे-टोरिकल्-*adj.* rhetorical. अलङ्कारयुक्त; **Oratorically** (-अ-लि) - *adv.* in an oratorical manner. आलंकारिक रूप में।

Oratory-ॲ-रे-टर-रि-*n.* the art of speaking. वक्तृत्व-शक्ति।

Orb-ऑर्ब्-*n.* a sphere, heavenly body, the eye, the eye-ball. गोला (चक्र), मण्डल, आँख, आँख का तारा; -*v. t.* to form into a circle. मण्डल बनाना; **Orbed** (-इ) -*adj.* having an orb. मण्डलाकार।

Orbicular-ऑर्बिक्युलर्-*adj.* circular, in the form of an orb. गोल, (मण्डलाकार) गोलाकार; **Orbicularity** (-इ-टि)-*n.* sphericity. गोलाई; **Orbicularly** (-लि) - *adv.* in a spherical manner. गोलाई से, गोलाकार रूप में।

Orbit-ऑर्बिट्-*n.* the path in which the heavenly bodies move, the socket of the eye. (कक्षा) ग्रहपथ, आँख का गड्ढा; **Orbital** (-अल्)-*adj.* pertaining to an orbit. ग्रह-पथ सम्बन्धी।

Orchard-ऑर्'-चर्ड्-*n.* a garden of fruit trees. फल-वाटिका, फलों का बाग; **Orchard-house**-*n.* a green-house for the cultivation of fruit trees. फल के वृक्षों को उगाने का आच्छादित गृह; **Orchardman** (one who lays out a fruit garden.) फल-वाटिका लगानेवाला व्यक्ति।

Orchestic-ऑर्-केस्ट्'-इक् - *adj.* pertaining to dancing. नृत्य-सम्बन्धी; **Orchestics** (-स्) -*n.* the art of dancing. नृत्य विद्या, नाचने की कला।

Orchestra-ऑर्'-केस्ट्रा-*n.* the part of a theatre where concert is performed. बजानेवालों का (नाटक में) समूह, वादकवृन्द, थियेटर में उनके बैठने की जगह; **Orchestral** (-केस्ट्र'ल्)-*adj.* pertaining to an orchestra. वादक वृन्दीय; **Orchestrate** (-स्ट्रेट्')-*v. t.* to compose for an orchestra. नाटक के लिये गायन बनाना।

Orchid-ऑर्'-किड्-*n.* a beautiful herb with showy flowers of various colours. रङ्ग-बिरङ्गे फूलों वाले विचित्र आकार के पौधे।

Orchitis-ऑर्काइटिस्-*n.* inflammation of the testicles. अंडकोष का शोथ।

Orchotomy-ऑर्-कॅट्'-ॲम् - इ-*n.* castration. बधिया करने का कार्य।

Ordain-ऑर्-डेन्-*v. t.* to appoint, to destine. निर्दिष्ट करना, नियुक्त करना (प्रबन्ध करना)।

Ordainer-ऑर्-डेन्-अर्-*n.* one who ordains. संस्थापक।

Ordainment-ऑर्-डेन्'-मेन्ट्-*n.* order. आज्ञा।

Ordeal-ऑर्'-डि-अल्-*n.* a trial by fire or water, a severe test. अग्नि अथवा जल द्वारा निर्दोष सिद्ध करने की परीक्षा, कठिन परीक्षा।

Order-ऑर्डर्-*n.* class, arrangement, regularity, mandate, social rank, kind, rule, grade. वर्ग व्यवस्था, क्रम, आज्ञा, सामाजिक स्थिति, प्रकार, भेद, नियम, पद; -*v. t.* to arrange, to regulate, to conduct, to command, to manage. क्रम में रखना, व्यवस्था करना, आज्ञा देना, प्रबन्ध करना; **In order that** (so that.) ताकि; **In order to** (for the sake of.) वास्ते, लिये; **Lower orders** (people of lower rank.) नीच जाति के लोग; **Made to order** (prepared according to directions.) आज्ञानुसार बनाई हुई (वस्तु); **Order ! Order !** (to conduct, to regulate.) नियम-विरुद्ध करने से रोकना।

Order-book-ऑर्' - डर् - बुक्-*n.* a book for entering the orders of customers. माँग की बही; **Order of battle** (arrangement of an army.) सैन्य-रचना; **Order of the day** (arranged order of business.) कार्य का व्यवस्थित क्रम; **Out of order** (irregular, improper.) अव्यवस्थित, अनुचित; **To order about** (to send on an errand.) सन्देश पर भेजना; **To take order with** (to arrange.) क्रम में रखना।

Orderliness-ऑर्'-डर्-लि - नेस्-*n.* regularity सद्व्यवहार।

Orderless-ऑर्'-डर्-लेस्-*adj.* irregular. क्रमहीन।

Orderly-ऑर्'-डर्-लि-*adj. adv. & n.* methodical, obedient to discipline, regular, a servant. क्रम के अनुसार, आज्ञाकारी, क्रम से, नियमित, सेवक, अर्दली।

Ordinal-ऑर्'-डि-नल् - *adj.* pertaining to the position of a thing in series. क्रमवाचक, क्रमसूचक; **Ordinal numbers** (numbers denoting order.) क्रमवाचक संख्या।

Ordinance - ऑर्डिनॅन्स्-*n.* decree, law, direction, established religious rites. विधि, नियम, मर्यादा (व्यवहार), धार्मिक अनुष्ठान, अध्यादेश।

Ordinarily-ऑर्डिनरिलि-*adv.* usually, according to established rules, regularly. साधारण रूप से।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Ordinariness-ऑर्डिनरिनेस् - *n.* the state of being ordinary. सामान्यता, साधारण रूप।

Ordinary-ऑर्डिनरि - *adj.* regular, usual, normal, common, customary or commonplace. प्रचलित, साधारण, सामान्य, यथाव्यवहार; -*n.* general situation. सामान्य स्थान।

Ordinate-ऑर्'-डिन्-ऍट्-*n.& adj.* the chord of a circle, orderly. वृत्त का चाप, कर्ण, यथाक्रम, क्रमानुसार।

Ordination-आर्डिनेशन्-*n.* arrangement, classification, act of appointment of a clergyman. विधान, वर्गीकरण, पादरी की नियुक्ति।

Ordinee-ऑर्डिनी - *n.* a newly ordained clergyman. नया नियुक्त पादरी।

Ordnance-ऑर्ड्- नॉन्स्-*n.* mounted guns, military stores. तोपखाना, युद्ध-सामग्री, फ़ौजी सामान।

Ordure-ऑर्ड्'-यर्-*n.* dung, excrement, foul language. विष्ठा, मल,गन्दी भाषा, गाली-गलौज।

Ore-ओर्-*n.* native mineral from which precious metals are extracted. बिना संस्कार की हुई (कच्ची) धातु।

Oread-ओरिअड्-*n.* a mountain nymph. पहाड़ की अप्सरा या परी।

Orectic-ऑर्-ऍक्'-टिक् - *adj.* pertaining to appetite or desire. भूख या इच्छा-सम्बन्धी।

Orfe-ऑर्फ़्-*n.* a kind of golden fish. एक प्रकार की सुनहली मछली।

Organ-आर्गन्-*n.* a kind of musical instrument, part of the body adapted for special functions. बाजा, इन्द्रिय, शरीर का अंग; **Mouth organ** (a musical instrument played by the mouth.) मुख से बजाने का बाजा।

Organless-ऑर्गन्-लेस्-*adj.*destitute of organs. बिना इन्द्रिय या अंग का।

Organdie-ऑर्' - गन् - डि-*n.* a kind of fine muslin. एक प्रकार का पतला मलमल, अरगन्डी।

Organic-ऑर्-गॉन्'-इक्-*adj.* pertaining to organs, vital, constitutional, systematic. इन्द्रिय-सम्बन्धी, मार्मिक, क्रमिक, चेतनायुक्त; **Organic Chemistry** (Chemistry of living organisms.) जीवित पदार्थों का रसायनशास्त्र।

Organically-ऑर्-गॉन्'-इक्-अल्-लि-*adv.* in an organic manner, by means of organs. क्रमिक रूप से, इन्द्रियों द्वारा।

Organism-ऑर्गनिज़्म्-*n.* organized structure with independent parts serving for the well-being of the entire life, a living animal or plant. जीवधारी रचना, जीवित प्राणी या पौधा।

Organist-आर्गनिस्ट्-*n.* a player on the organ. अर्गन या बाजा बजानेवाला मनुष्य।

Organizable-ऑर्गनाइज़ेबल्-*adj.* able to be organized. संगठन करने योग्य।

Organization-ऑर्गनाइज़ेशन्-*n.* act of organizing, organic structure. निर्माण, सृष्टि, बनावट, संगठन।

Organize-ऑर्गनाइज़्-*v. t.* to make into a living being, to furnish with organs. इन्द्रिययुक्त करना, संगठन करना, बनाना; **Organizer** (-अर्) -*n.* one who organizes. व्यवस्था करनेवाला।

Organon, Organum-ऑर्गनॅन् (-नम्) - *ns.* an intsrument of thought, a treatise on logic. विचारशैली, तर्कविधि।

Orgasm-ऑर्गॉज़्म् - *n.* violent excitement. आवेग (तीव्र उत्साह), क्षोभ।

Orgastic-ऑर्गॉस्टिक-*adj.* pertaining to orgasm. आवेग-सम्बन्धी।

Orgy-ऑर्जि-*n.* (*pl.* **Orgies.**) licentious revelry by night. रात्रि-उत्सव, आमोद-प्रमोद।

Oriel-ओरिअल्-*n.* a large projecting window. दीवार से बाहरी ओर बनी हुई बड़ी खिड़की।

Orient-ओर्'-इ-ऍन्ट्-*n.* the eastern part of the sky. पूर्व दिशा;-*adj.* lustrous, precious. (उज्ज्वल) चमकता हुआ, बहुमूल्य।

R-आर्-the eighteenth letter of the English alphabet, Roman numeral or 80. अँग्रेज़ी वर्णमाला का अठारहवाँ अक्षर, अस्सी संख्या के लिये सङ्केत; The three R's (*reading, writing and arithmetic.*) पढ़ना, लिखना तथा अङ्कगणित—ये तीन "आर्स्" कहलाते हैं।

Ra-रा-*n.* the Egyptian sun-god. मिस्र वासियों के सूर्य देवता।

Rabbet-रॅबेट्-*n.* a joint. जोड़;-*v.t.* (*p.t.* **Rabbeted.**) to fix with a joint. जोड़ बैठाना।

Rabbi-रॅबि,-रॅबाइ-*n.* (*pl.* **Rabbis**) a Jewish doctor of law. यहूदी धर्माधिकारी; **Rabbinate** (-बिनेट्)-*n.* the office of a Rabbi. यहूदी धर्माधिकारी का पद; **Rabbinical** (-बिनिकल्)-*adv.* pertaining to a Rabbi. यहूदी धर्माधिकारी सम्बन्धी; **Rabbinically** (-लि)-*adv.* in a Rabbinic manner. यहूदी धर्माधिकारी के रूप में।

Rabbit-रॅ-बिट्-*n.* a rodent of the hare family. शशक, खरहा;-*v.t.* to hunt rabbits, to confuse or confound. खरहों का शिकार करना, घबड़ा देना, विकल कर देना।

Rabbitry-रॅ-बिट्रि-*n.* an enclosure for rabbits. खरहा रखने का स्थान।

Rabble-रॅ-बल्-*n.* disorderly crowd, mob, the lowest class of people, a confused stream of words, a charcoal-burner's shovel. उपद्रवी मनुष्यों का समूह, भीड़भाड़, सबसे नीच वर्ग के लोग, निरर्थक शब्दों का प्रयोग, लकड़ी का कोयला फूँकनेवाले का विशेष प्रकार का फावड़ा;-*n.* a tool for skimming molten iron. गलाये हुए लोहे के हिलाने का डण्डा।

Rabblement-रॅ-बल्'-मेन्ट्-*n.* tumultuous conduct, disturbance. उपद्रव का व्यवहार, गोलमाल।

Rabid-रॅबिड्-*adj.* violent, headstrong, furious, mad. उन्मत्त, हठी, विक्षिप्त, बावला; **Rabidity** (-इटि)-*n.* the state of being rabid. उन्मत्तता, बावलापन; **Rabidly** (-लि)-*adv.* in a furious manner. उन्माद से; **Rabidness** (-नेस्)-*n.* madness. उन्माद।

Rabies-रे-ब्रि-ई-ज़्-*n.* hydrophobia. पागल कुत्ते के काटने से उत्पन्न जलातङ्क (पानी से डरने) का रोग।

Race-रेस्-*n.* rapid current in the sea or river, course of life, career, channel, progress, contest of speed, family, tribe, breed, descent, kindred, root, a running. समुद्र या नदी की तीव्र धारा, जीवन-क्रम, जीविका, नाली, उन्नति, गति का द्वन्द्व, कुल, जाति, सन्तति, सन्तान, कुटुम्ब, मूल, दौड़;-*v. i. & t.* to run swiftly to run wildly. घुड़दौड़ करना, तेजी से दौड़ना, शीघ्र भागना; **Race-course** (-कोर्स्)-*n.* a circular track on which a race is run. घुड़दौड़ का गोलाकार पथ; **Race-ground** (-ग्रॉउन्ड्)-*n.* the open ground on which a race is held. घुड़दौड़ का मैदान; **Racehorse** (-हॉर्स्)-*n.* a horse bred for racing. घुड़दौड़ का घोड़ा।

Raceme-रसीम्-*n.* a flower cluster. फूल का गुच्छा।

Racemose-रीसिमोस्-*adj.* growing in clusters. गुच्छों में उगनेवाला।

Racer-रेसर्-*n.* a competitor in a race, a racing horse. दौड़नेवाला, घुड़दौड़ का घोड़ा।

Rachis, Rhachis-रे-'-किस्-*ns.* (*pl.* **Rachides.**) the stem of a plant in which flowers grow. पौधे की वह डाली जिसमें फूल उगते हैं।

Rachitis-रॅ-काइटिस्-*n.* rickets. अदृढ़ सन्धि, शिथिल सन्धि।

Racial-रे-'-श्यल्-*adj.* pertaining to race. कुल या वंश सम्बन्धी; **Racialism** (-इज़्म)-*n.* characteristics of a race. किसी जाति की विशिष्टता; **Racially** (-लि)-*adj.* in a racy manner. वंश में।

Racily-रे-सि-लि-*adv.* in a racy manner, strongly. दौड़ते हुए, मजबूती से; **Raciness** (-नेस्)-*n.* pungency. तीक्ष्णता।

Rack-रॅक्-*n.* a frame for holding fodder, a framework for keeping articles, a cog-wheel, an instrument of torture, driving clouds, horse's trot, a young rabbit's soft skin. पशुओं को घास खिलाने का कठरा, सामान रखने का टाँड़, दाँतेदार पहिया, सिकञ्जा, बादल का टुकड़ा, दुल्की चाल, खरहे के बच्चे का नरम चमड़ा;-*v. t.* to fill with straw, to stretch joints, to harass, to amble as a horse. कठरे में घास भरना, जोड़ तानना, अत्यन्त पीड़ा देना, दुल्की चलना; **Racker** (-अर्)-*n.* one who tortures. सतानेवाला व्यक्ति।

Rack-rent-रॅक्'-रेन्ट्-*n.* high rent. अधिक लगान।

Racket, Racquet-रॅकेट्-*ns.* a bat used in playing tennis, disturbance, uproar. टेनिस खेलने का बैट, शोर-गुल, कोलाहल;-*v.i.* to make an uproar. कोलाहल मचाना; **Racket press** (an appliance for pressing a racket. टेनिस के बैट का दाब (शिकंजा)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Racoon-रॅं- कून्' - *n.* a kind of American carnivore. अमेरिका देश का एक प्रकार का पशु।

Racy-रेस्'-इ-*adj.* of high degree, strong, of distinctive quality, spirited. तीक्ष्ण, उग्र, विशिष्ट, उत्तेजित।

Raddle-रॅं-इल्-*n.* red ochre. गेरू;-*v. t.* to colour with raddle. गेरू से रँगना।

Radial-रे - डिअल् - *adj.* of the rays. किरण-सम्बन्धी, किरणों की तरह क्रम में रक्खी हुई।

Radialization-रेडि-अलाइज़ेशन् - *n.* state of being radialized. किरण-क्रम ; **Radialized** (-अलाइज़्ड्)-*adj.* arranged like the rays. किरण-क्रम में रक्खा हुआ; **Radially** -*adv.* in a radial manner. किरणक्रम से।

Radian-रे'-डि-अन्-*n.* angle at the centre of a circle subtending an arc the length of which is equal to the radius. वृत्त के केन्द्र पर अर्द्धव्यास के तुल्य चाप से बना हुआ कोण।

Radiance-रे'-डि-अन्स्-*n.* the quality of being radiant, splendour. कांति (प्रकाश), चमक।

Radiancy-रे-डि-अन्सि-*n.* brilliant lustre. तीव्र प्रकाश।

Radiant-रे'-डि - अन्ट्-*adj.* giving out rays, shining, beaming with joy &c. किरणें फैलानेवाला, दीप्तिमान्, आनन्द इत्यादि से प्रफुल्लित;-*n.* point from which light radiates. वह बिन्दु जहाँ से प्रकाश फैलता है ; **Radiantly** (-लि)-*adv.* in a radiant manner. प्रकाश फैलाते हुए।

Radiate-रे-डि-एट्-*v. i. & t.* to emit rays of light, to spread from a central point, to sparkle. किरण फेंकना, केन्द्र से फलना, जगमगाना; **Radiation** (-ए-शन्)-*n.* diffusion of rays of light.प्रकाश, ज्योति;**Radiative**(-ए-टिव्-*adj.* having power of radiating, प्रकाश फैलानेवाला; **Radiator** (-ए-टर्)-*n.* a part of a heating apparatus for a room, that which radiates. कमरे में गर्मी फैलानेवाले यन्त्र का एक भाग, ज्योतिर्मय पदार्थ।

Radical-रॅडि-इकल्-*adj.* essential, original, fundamental, primary.तत्त्वरूप,मौलिक स्वाभाविक, आदि का;-*n.* a main principle, a root or primitive word or letter. मौलिक सिद्धान्त, मूल शब्द ; **Radicalism** (- इज़्म्) - *n.* radical principles in politics. राजनीति का मौलिक सिद्धान्त; **Radicalization** (-आइज़्-ए'-शन्)-*n.* the act of radicalizing. मौलिकक्करण; **Radicalize** (-आइज़्)-*v. t.* to cause to become radical. मौलिक बनाना; **Radically**(-लि)-*adv.* in a radical manner. मौलिक रूप से, जड़ से।

Radicate-रॅं-डि-के-ट्-*adj.*deeply rooted.गहरी जड़वाला; **Radication** (-शन्)-*n.* the act of taking deep roots. गहरी जड़ फेंकने का काम।

Radicel-रॅडिसेल्-*n.* a small root. छोटी जड़।

Radicle-रॅडिकल्-*n.* a rootlet. पौधे की महीन जड़; **Radicular** (-क्युलर्)-*adj.* pertaining to a radicle. महीन जड़ का।

Radio-रे'-डि-ओ-*n.* wireless telegraphy and telephony, X-rays and their applications. बिना तार की तारबर्की या टेलिफ़ोन, शरीर के भीतर का चित्र खींचने का यन्त्र ;-*v. t.* to transmit by wireless telegraphy, to take X-ray photographs. बिना तार से समाचार भेजना, शरीर के भीतर का चित्र उतारना।

Radio-रे'-डि-ओ-*pref.* in sense of "of radius or radium". उपसर्ग जिसका अर्थ "अर्धव्यास अथवा रेडियम सम्बन्धी" होता है; **Radio-active** (-ऑक्ट्-इव्)-*adj.* having the property of radium. रेडियम का प्रभाव डालनेवाला; **Radiograph** (-ग्रॉफ़)-*n.* an X-ray photograph. एक्सरे द्वारा उतारा हुआ चित्र; **Radiotelegram** (-टेल्-इ-ग्रॉम्)-*n.* a telegram transmitted by wireless. बिना तार के सन्देश भेजने की क्रिया या काम या भेजा गया सन्देश।

Radish-रॅडिश्-*n.* a point with pungent edible root. मूली, मुरई।

Radium-रे'-डि - अम् - *n.* a valuable metal which emits rays and produces electrical effect. एक बहुमूल्य धातु जिसमें से किरणें निकलती हैं और वैद्युतिक प्रभाव डालती हैं।

Radius-रे'-डि-अस्-*n.*(*pl.* **Radii**) the shorter bone in the forearm of human beings, the straight line from the centre of a circle to its circumference, the spoke of a wheel. बाहु की छोटी पुष्ट अस्थि, व्यासार्ध, त्रिज्या, पहिये की तीली।

Radix-रे'-डिक्स्-*n.*(*pl.***Radices.**) primitive word, source, origin. मौलिक शब्द, उद्गम, मूल।

Raff-रॅंफ्-*n.* riff-raff, the rabble. नीच मनुष्यों का समुदाय, भीड़भाड़।

Raffia-रॅं'-फ़ि-आ-*n.* a kind of palm. एक प्रकार का नारियल या खजूर।

Raffish-रॅं-फ़िश्-*adj.* of bad reputation. दुर्नाम का, अपयश का; **Raffishly** (-लि)-*adv.* in a dissipated manner. दुर्नाम से; **Raffishness** (-नेस्)-*n.* dissipation, ill-repute. दुर्नाम, अपयश।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Raffle-रॅफ़्ल्-*n.* the sale of an article by realising entrance fee from a number of persons and finally assigning it on one by casting lots, rubbish, refuse. चिट्ठी डालकर माल बेचने का ढंग, कूड़ा-करकट;-*v. t. & i.* to dispose by raffle. चिट्ठी डालकर वस्तु बेचना।

Raft-रॉफ़्ट्-*n.* a fleet made of logs or casks, a float of timber. लट्ठों का या पीपों का बेड़ा; -*v. t.* to transport by means of a raft. बेड़े पर माल-असबाब ले जाना, बेड़े पर नदी पार करना।

Rafter-रॉफ़्टर् -*n.* one who makes a raft, a framework of beams on which slates &c. of a roof are laid. बेड़ा बनानेवाला, धरन, बल्ला;-*v. t.* to furnish with rafters, to plough land. बल्ला बैठाना, हल जोतना।

Rafty-रॉफ़्'-टि-*adj.* dampy, musty. तर, गीला।

Rag-रॅग्-*n.* a torn piece of woven material, remnant, fragment, a scrap, roofing stone or tile. वस्त्रखंड, चीर, चिथड़ा, लत्ता, खपरैल; -*v. t.* (*p.t.* **Ragged**) to tease, to play rough jokes upon. कष्ट देना, भद्दी हँसी करना; **Rag-fair**(-फ़ेअर्)-*n.* a market of old clothes. पुराने कपड़ों का बाजार; **Rag-paper** (-पे-पर्)-*n.* paper manufactured from rags. चिथड़ों से बना हुआ कागज; **Rag-tag** (-टॅग्)-*n.* the lowest orders in society. समाज में सबसे नीच लोग।

Ragamuffin-रॅग्अ-म-फ़िन्-*n* a ragged mean fellow. चिथड़ा पहिने दरिद्र मनुष्य; **Ragamuffinly** (-लि)-*adv.* like a ragamuffin. चिथड़ा पहिने हुए दरिद्र मनुष्य के समान।

Rage-रेज्-*n.* violent anger, violence, vehement desire, great fury. भीषण क्रोध, उत्पात, प्रबल इच्छा (लालसा), रोष; -*v. t* to be angry. क्रोध करना; **Rageful** (-फ़ुल्)- *adj.* full of rage. क्रोधपूर्ण।

Ragged-रॅग्'-इ-*adj.* rough, shabby, rent, of uneven surface. रूक्ष, जीर्ण, फटा-पुराना, खुरखुरा; **Ragged school** (a school for poor boys.) गरीब लड़कों की पाठशाला; **Raggedly** (-लि) - *adv.* in a rough manner. रूक्षता से, जीर्णता से; **Raggedness** (-नेस्)-*n.* the state of being ragged. खुरखुरापन, जीर्णता।

Raging-रे जिङ्ग्-*adv.* violent, furious. उग्र, प्रचण्ड; **Ragingly** (-लि) - *adv.* furiously. क्रोध से।

Ragman-रॅग्'-मॅन्-*n.* a man who collects rags, a devil. चिथड़ा इकट्ठा करनेवाला, शैतान।

Ragout-रॉ-गू'-*n.* a highly seasoned dish of meat and vegetables. मसालेदार चटपटी तरकारी (मांसयुक्त);-*v. t.* to cook food in this way. ऐसा भोजन बनाना।

Raguled-रॅग्-ग्यूल्ड्-*adj.* notched. दाँतेदार।

Raid-रेड्-*n.* a hostile expedition, surprise incursion, sudden attack. आक्रमण, चढ़ाई, धावा; -*v. t.* to make an attack. धावा करना।

Raider-रेडर्-*n.* one who takes part in a raid. धावा करनेवाला।

Rail-रेल्-*n.* a horizontal piece of iron or wood, iron line for running railway tracks, a barrier in a garden or race-course. लोहे या लकड़ी की अरगनी, लोहे की पटरी जिस पर रेलगाड़ी चलती है, बाग या घुड़दौड़ के मैदान का लोहे के छड़ों का घेरा-*v. t.* to travel by rail, to furnish with rails, to enclose or separate with rails, to send by railway. रेलगाड़ी द्वारा यात्रा करना, (पीपे में) पटरी जड़ना, लोहे के बेड़े से घेरना या अलग करना, रेलपथ द्वारा भेजना; **By rail** (by railway) रेल द्वारा; **Off the rails** (disorganised.) क्रमहीन।

Rail-रेल्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Railed**) to use bad language, to scoff. निन्दा करना, गाली देना, ताना मारना; **Railer** (-अर्)-*n.* one who insults or scoffs. ताना मारनेवाला; **Railing** (-इङ्ग्)-*n.* a fence of rails, an iron fencing. कठघरा, ढले हुए लोहे की आड़; - *adj.* scoffing. ताना मारनेवाला; **Railingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a railing manner. ताना मारते हुए।

Raillery-रे- लरि- *n.* banter, good humour, ridicule. हँसी, ठट्ठा, दिल्लगी।

Railless-रेल्-लेस्-*adj.* without a rail. बिना रेल या लोहे की पटरी का।

Railway-रेल्'-वे-*n.* road laid with rails for heavy waggons &c. भारी गाड़ियों के चलाने के लिए लोहे की पटरियों को बिछाकर बनाई गई सड़क, रेलपथ; **Railway-bridge** (a bridge on which railways run.) रेलगाड़ी के चलने का पुल।

Raiment--रे'-मेन्ट्-*n.* clothing, dress. वस्त्र, पोशाक; **Food and raiment** (food and clothing.) अन्न-वस्त्र।

Rain-रेन्-*n.* drops of water which fall from the sky. वृष्टि, वर्षा; (*pl.*) showers of rain. (व० व०) वर्षा की झड़ी;-*v.i.&t.* to pour down showers of rain. वर्षा होना या करना; **The**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

 CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

rains (the rainy season.) वर्षाऋतु; **To rain in torrents, To rain cats and dogs** (to rain in violent showers.) मूसलधार वृष्टि होना।

Rainbow-रेन्-बो-*n.* an arch of prismatic colours seen in the sky. इन्द्रधनुष; **Lunar rainbow** (a rainbow caused by the moon's rays.) चन्द्र-बिम्ब से उत्पन्न धनुष;-*v. t.* to brighten as a rainbow, to produce something like a rainbow. इन्द्रधनुष के समान चमकाना, इन्द्रधनुष के समान कोई वस्तु पैदा करना।

Raincoat-रेन्'-कोट्-*n.* a waterproof coat. बरसाती (पानी से बचानेवाला) कोट।

Raindrop-रेन्'-ड्रॉप्-*n.* one drop of rain, the dropping of rain, rain-water. वर्षा की एक बूँद, वर्षा का गिरना या होना, वर्षा का जल।

Rainfall-रेन्'-फ़ॉल्-*n.* a shower of rain. वर्षा।

Raingauge-रेन्'-गेज्-*n.* an instrument for measuring rainfall. वर्षा का जल नापने का यन्त्र।

Raininess-रेनिनेस्-*n.* the state of being rainy. बरसातीपन।

Rainless-रेन् -लेस् - *adj.* destitute of rain. बिना वृष्टि का; **Rainproof** (-प्रूफ़्)-*adj.* impervious to rain. वर्षा का प्रभाव न पड़नेवाला; **Rain-water** (-वॉ-टर्)-*n.* water collected from rain. बरसाती पानी; **Rainworm** (-वर्म्) -*n.* earthworm. केंचुआ।

Rainy-रेनि-*adj.* in which rain is falling, showery. वृष्टिमान्, बरसाती, बरसात का; **To provide against a rainy day** (to store up for times of emergency.) आपत्काल के लिये बचा रखना।

Raise-रेज़्-*v. t.* to lift upright, to rouse, to restore to life, to exalt, to increase, to construct, to cause disturbance, to breed, to elevate, to extract, to promote. खड़ा करना, उठाना, जागृत करना (जिलाना), ऊँचा करना, बढ़ाना, बनाना, निर्माण करना, उपद्रव खड़ा करना, उत्पन्न करना, ऊपर उठाना, निकालना, उन्नति करना; **To raise cry** (to make a broil.) शोर गुल मचाना; **To raise a dust** (to cause turmoil.) उपद्रव खड़ा करना; **To raise a laugh** (to make others laugh.) दूसरों को हँसाना; **To raise a siege** (to remove a besieging army.) घेरनेवाली सेना को हटाना; **To raise one's voice** (to shout on the top of one's voice.) ज़ोर से चिल्लाना; **To raise bread** (to make yeast for making bread.) रोटी के लिये खमीर उठाना, **To raise one's hat** (to salute by raising hat.) टोपी उतार तथा उठा कर अभिवादन करना; **To raise the wind** (to procure money for some purpose.) किसी कार्य के लिये धन इकट्ठा करना।

Raisin-रे-ज़्-न्-*n.* partially dried grape. दाख, मुनक्का, किशमिश।

Raising-रेज़िङ्ग्-*n.* act of lifting. उठाने का कार्य।

Rake-रेक्-*n.* an implement with comblike end attached to a pole used for smoothing loose soil, a wheeled instrument with long teeth for gathering hay, a fashionable man of loose character. भूमि बराबर करने का औजार (हेंगी), सूखी घास बटोरने का लंबे दाँतोंवाला पहियेदार यंत्र, शौक़ीन व्यसनी पुरुष; -*v. t. & i.* to gather with a rake, to search minutely. हेंगी से बराबर करना, रत्ती-रत्ती ध्यान से ढूँढ़ना; **To rake off** (to plane off by a rake.) हेंगी से चौरस करना।

Rakehell-रेक्'-हेल्-*n.* a lewd fellow. व्यसनी मनुष्य।

Raking-रकिङ्ग्-*n.* collection with a rake, हेंगी से बटोरा हुआ पदार्थ।

Rakish-रेक्'-इश्-*adj.* debauched. व्यसनी, लम्पट; **Rakishly** (-लि)-*adv.* in a rakish manner. लम्पटता से; **Rakishness** (-नेस्)-*n.* debauchery. विषय-सुख, लम्पटता।

Rale-राल्-*n.* a rattling sound heard in an unhealthy lung. रोगी के फेफड़े में खड़खड़ाहट का शब्द।

Rallicart-रीलिकार्ट्-*n.* a kind of carriage. एक प्रकार की फ़िटिन गाड़ी।

Rally-रॅ-लि-*v. t. & i.* (*p. t.* **Rallied**) to assemble or collect again, to reunite, to renew conflict, to banter. एकत्र करना, समेटना, बटोरना, फिर से जुटाना, झगड़ा उठाना, हँसी करना;-*n.* satirical merriment. उपहास, ताना; **Rallyingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a rallying manner. हँसी करते हुए।

Ram-रॅम्-*n.* (*fem.* **Ewe.**) a male sheep, a sign of the zodiac (*Aris*), a pile driving machine, an instrument for battering walls of forts &c. मेढ़ा, भेड़ा, मेष राशि, खम्भा गाड़ने का यन्त्र, दीवार इत्यादि गिराने का यंत्र; - *v. t.* (*p.t.* **Rammed**) to force in, to beat down. बलपूर्वक ठूँसना, दबाना; **Rammer** (- मर्) -*n.* one who rams, a ramming instrument. ठोंकनेवाला, मूसल, तोप का मुसरा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Ramal-रेमल्-*adj.* pertaining to the branch of a tree. वृक्ष-शाखा-सम्बन्धी।

Ramble-रॅम्बल्-*v. t.* to walk for pleasure, to talk disconnectedly. पर्यटन (भ्रमण) करना, असम्बद्ध बातचीत करना; -*n.* roving. भ्रमण, विहार।

Rambler-रॅम्ब्'-लर्-*n.* a kind of climbing rose, one who rambles. एक प्रकार की गुलाब की लता, भ्रमण करनेवाला।

Rambling-रॅम्ब्'-लिङ्ग्-*adj.* moving irregularly. अनियमित रीति से घूमनेवाला; **Ramblingly** (-लि)-*adv.* विचरते हुए।

Rameous-रे-मि-अस्-*adj.* belonging to a branch. शाखा-सम्बन्धी।

Ramicorn-रॅम्'-इ-कॉर्न्-*adj.* with thorny branches. काँटेदार शाखावाला।

Ramification-रॅमिफ़िकेशन्-*n.* separation into branches. शाखाओं में विभाजन।

Ramify-रॅमि-फ़ाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Ramified**) to divide into branches, to arrange in a branching manner. शाखा की तरह अलगाना, अनेक शाखा करना।

Rammer-रॅम्-मर्-*n.* one who drives, a tool for thrusting. ढकेलनेवाला, मुँगरी।

Rammish-रॅम्-मिश्-*adj.* foul smelling उग्र गन्ध का, बदबूदार; **Rammishness** (-नेस्)-*n.* rankness, a strong scent. दुर्गन्ध, तीव्र गन्ध।

Rammy-रॅम्'-मि-*adj.* strong-scented. उग्र गन्धवाला।

Ramose, Ramous-र-मोस्, रेमस्-*adjs.* branching. शाखादार।

Ramp-*v. i. & t.* to creep or crawl on the ground, to climb, to grow up rapidly, (of beasts) to stand on hind legs, to clutch wildly, to rage violently, to go about in a loose way, to rush wildly or excitedly, to ascend or descend from one level to another, to make slopes, to snatch, to swindle, to rob, to force one to pay a bet. भूमि पर रेंगना, पेड़ पर चढ़ना, तेज़ी से ऊपर बढ़ना, (पशुओं में) पिछली टाँगों पर खड़ा होना, जंगली ढंग से पकड़ना, उग्र क्रोध करना, अनैतिक ढंग या इरादे से इधर-उधर घूमना, जंगली ढंग से या उत्तेजना से झपटना, एक धरातल से दूसरे पर चढ़ना उतरना, ढाल बनाना, छीनना, धोखा देना, लूटना, बाजी का धन चुकाने के लिये बाध्य करना; -*n.* a romp, a tom boy, a loose woman, the slope of a wall, upward concave bend of a hand-rail, a stunt worked for private profit, excitement or pain for some gain, exploitation to increase prices. आवारा, पाजी लड़का, दुश्चरित्रा स्त्री, दीवाल की ढाल, रेलिङ्ग की ऊपरी नतोदर उभाड़, व्यक्तिगत लाभ के लिये किया गया तमाशा, लाभ के लिये उत्तेजना या कष्ट, मूल्य बढ़ाने के लिये की गई चालबाज़ियाँ।

Rampage-रॅम्प्'-एज्-*v. t. & n.* to ramp, an excited condition. रूक्षता का व्यवहार करना, क्रोध; **On the rampage** (inclined to behave violently.) उग्र व्यवहार करने को तत्पर।

Rampageous-राम्पेजस्-*adj.* rowdy, noisy. कोलाहली, रूक्ष; **Rampageously** (-लि)-*adv.* in a rowdy manner. रूक्षता से, क्रोध से।

Rampancy-रॅम्पीन्सि-*n.* the state of being aggressive. अतिक्रम, अनियन्त्रितता।

Rampant-रॅम्पीन्ट्--*adj.* violent, exuberant, aggressive, rank. तीक्ष्ण, अनियन्त्रित, आक्रमण करनेवाला, उच्छृङ्खल; **Rampantly** (-लि) -*adv.* in a rampant manner. बिना रुकावट के।

Rampart-राम्पर्ट्-*n.* a parapet or bulwark, a defence, किले की दीवार (घुस), बचाव;-*v. t.* to fortify with ramparts. किले की प्राचीर या दीवाल से रक्षा करना।

Rampike-रॅम्'-पाइक्-*n.* the stump of a tree. पेड़ का ठूँठ।

Rampion-रॅम्पिअन्-*n.* a kind of beautiful flower. एक प्रकार का सुन्दर फूल।

Ramshackle-रॅम्'-शॅ-कल्-*adj.* makeshift, crazy. बुद्धि-विकल, भ्रान्त-चित्त।

Ramson-राम्-सन्-*n.* broad leaved wild garlic. चौड़ी पत्ती का जंगली लहसुन।

Ramulous-राम्यु-लस्-*adj.* having several small branches. अनेक छोटी डालियोंवाला।

Ran-रॅन्-*p. t.* of **Run.** दौड़ा।

Rance-रेन्स्-*n.* a kind of red marble. एक प्रकार का लाल संगमरमर।

Rancescent-रॅं-न्से सेन्ट्-*adj.* becoming sour. खट्टा होनेवाला।

Ranch-रॅन्श्, रॅंच्-*n.* a cattle farm. पशुशाला।

Rancid-रॅन्,-सिड्-*adj.* having a rank smell. बदबूवाला।

Rancidly-रॅन्सिड्'-लि-*adv.* in a rancid manner. दुर्गन्ध से; **Rancidness** (-नेस्)-*n.* the quality of being rancid. दुर्गन्धिता।

Rancorous-रॅंकरस-*adj.* spiteful, malignant. विद्वेषी, दीर्घद्रोही; **Rancorously** (-लि)-*adv.* with rancour. अति द्रोह से।

Rancour-रॅंकर्-*n.* deep-seated enmity or

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

spite, sourness. गहरी शत्रुता या डाह, खट्टापन, चिड़चिड़ापन, तीखापन।

Rand-रॅन्ड्-*n.* the inner strip of leather in a shoe. जूते का भीतरी तल्ला।

Randem-रॅन्डेम् - *n.* a carriage drawn by three horses. तीन घोड़ों की गाड़ी।

Randiness-रॅन्-डि-नेस् - *n.* boisterousness कोलाहल, शोर-गुल।

Random-रॅन्डम् - *adj. & adv.* heedlessly done, at haphazard. आकस्मिक,एकाएक उत्पन्न; **At random** (without a definite aim.) अटकल-पच्चू ;**Randomly** (-लि) - *adv.* haphazardly. दैवयोग से।

Randy-रॅन्-डि - *adj.* (*comp.* **Randier**, *sup.* **Randiest.**) noisy, boisterous. कोलाहल करनेवाला।

Range-रेन्ज्-*v. t. & i.* to arrange in a row, to run in a line, to extend, to wander, to go about, to be placed in order. पंक्ति में रखना, पाँत में चलना, फैलाना, क्रम में रक्खा जाना;-*n.* a row, a line, series, wandering. scope. श्रेणी, पंक्ति, वर्ग, पर्यटन, फैलाव; **Ranging fancy** (inconstant affection.)अस्थिर प्रेम।

Range-finder-रेन्ज्'-फ़ाइन्ड्-अर्-*n.* a device for ascertaining distance. निशाना लगाने की दूरी जानने का यन्त्र।

Ranger-रन्जर्-*n.*the keeper of a park. बगीचे का रखवाला; **Rangers** (-स्)-*n. pl.* mounted riflemen trained to fight on foot. घुड़सवार सिपाही जिनको पैदल सिपाही की भाँति लड़ने की शिक्षा दी जाती है ;**Rangership** (-शिप्) -*n.* the post of a ranger. रखवाले का पद।

Ranine-रेनाइन्-*adj.* like a frog. मेढक के समान।

Rank-रॅङ्क् *n.* a row, line, division, number of soldiers in a line, order, array, dignity, excellence.श्रेणी, पंक्ति, विभाग, सेना की पंक्ति, क्रम, स्थिति, प्रबन्ध, मर्यादा, उत्तमता;-*v. t. & i.* to place in a line. पंक्ति - क्रम से रखना, कतार बाँधना;-*adj.* fertile, excessive, foul smelling. उपजाऊ, चतुर, उग्र गन्ध का; **A man of rank** (a man of high birth.) कुलीन मनुष्य।

Rankly-रॅङ्क्'-लि-*adv.* in a rank manner. गन्दगी से; **Rankness** (-नेस्)-*n.* the quality of being rank. दुर्गन्ध!

Rankle-रॅङ्क्'-कल् -*v. t. & i.* to fester, to give constant pain, to irritate. दूषित करना, निरन्तर कष्ट देना, भड़काना।

Ransack-रॅन्'-सॅक्-*v. t.* to make a thorough search, to pilfer, to plunder. छानबीन करना, ठगना, लूटना।

Ransom-रॅन्सम्-*n.* release from prison on consideration of some money, the fine paid for pardon. निस्तार, मुक्ति, बन्दी को छुड़ाने के लिये दिया हुआ धन;-*v. t.* to redeem from bondage. धन देकर मुक्त करना; **Ransomer** (-अर्)-*n.* a redeemer. निस्तार करनेवाला।

Rant-रॅन्ट्-*n.*empty talk. व्यर्थ की बकवाद;-*v.i. & t.* to talk in a boisterous manner. बकवाद करना, बड़बड़ाना; **Ranter** (-अर्)-*n.* a noisy prattler. बकवादी, बड़बड़िया; **Rantingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* talking boisterously. बड़बड़ करते हुए; **Ranty** (-इ) - *adj.* noisy, boisterous. कोलाहली, उपद्रवी।

Ranula-रॅ'न्युला -*n.* a swelling under the tongue. जीभ के नीचे की सूजन।

Ranunculus-रनन्क्यूलस्-*n.* a kind of plant with flowers. एक फूलनेवाला पौधा।

Rap-रॅप्-*n.* a sharp blow, sound made by a knocker, a small bit. थप्पड़, दरवाजे की खड़खड़ाहट, छोटा टुकड़ा; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Rapped.**) to strike with a sharp blow, to utter sharply, to use a strong language. जोर से मारना, चिल्ला उठना, गाली देना।

Rapacious-र'-पे' - शस् - *adj.* voracious, greedy. लुटेरा, लालची; **Rapaciously** (-लि) -*adv.* in a rapacious manner. अतिलोभ से, लूटने की इच्छा से; **Rapaciousness** (-नेस्)-*n.* greediness. अति लोभ, लालच।

Rapacity-र-पॉ'-सि-टि-*n.* greediness, addictedness to plunder. लालच, लोभ, लुटेरापन।

Rape-रेप्-*v. t.* to take away by force, to ravish लूटना, बलात्कार करना;-*n.* the ravishing or violation of a woman, a carrying away by force किसी स्त्री के साथ बलात्कार, बल पूर्वक ले जाना;-*n.* a kind of plant, refuse of grapes. एक प्रकार का पौधा, अंगूर का मदिरा बनाने के बाद का खूद।

Rapid-रॅपिड्-*adj.* swift, fast, quick, acting in a very short time. वेगयुक्त, शीघ्र, तीव्र, जल्दी से करनेवाला;-*n.* a strong current of river, a water-fall. नदी की तीव्र धारा, झरना, प्रपात।

Rapidity-रॅपिडिटि, **Rapidness** (-नेस्)-*ns.* swiftness. शीघ्रता, वेग।

Rapidly-रॅपिड्लि-*adv.* in a rapid manner. शीघ्रता से, तेजी से।

Rapier-रे' - पि-अर् - *n.* small sword used for thrusting. भोंकने की छोटी तलवार।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Rapine-रैंपाइन्-*n.* act of plundering, robbery. लूटने का कार्य, लुटेरापन।

Rappee-रैंपी-*n.* a kind of snuff. एक प्रकार की सुँघनी।

Rapport-रैंपॉर्ट्-*n.* relationship. सम्बन्ध, नातेदारी।

Rapscallion-रैंप्स्-कॉ-ल्यन्-*n.* a rogue, a rascal. दुष्ट, शठ।

Rapt-रैंप्ट्-*adj.* (*p. p* of **Rap.**) transported, carried away, absorbed. आनन्दित, भेजा हुआ, लीन, निमग्न।

Raptorial - रैंप्टोरिअल् - *adj.* pertaining to birds of prey. शिकारी चिड़ियों का।

Rapture-रैंप्चर्-*n.* extreme delight, ecstasy. अत्यन्त हर्ष, आनन्द।

Raptured-रैंप्चर्ड्-*adj.* transported. हर्ष से उन्मत्त।

Rapturous-रैंप्चरस् - *adj.* ravishing. अति प्रसन्न; **Rapturously** (-लि) -*adv.* in a rapturous manner. आनन्दपूर्वक।

Raraavis-रे-र्'-अ-ऍ-व्रिस्-*n.* rarity, a rare bird or object. दुर्लभता, दुर्लभ पक्षी या पदार्थ।

Rare-रेअर्-*adj.* not dense, unusual, uncommon, of uncommon excellence, very amusing. विरल, अपूर्व, अतुल्य, अनूठा, आनन्ददायक; **Rarely** (-लि) *adv.* seldom, not often. कभी-कभी, कदाचित्; **Rareness** (-नेस्) -*n.* the state of being rare. दुर्लभता, अपूर्वता।

Rarity-रेअरिटि-*n.* (*pl.* **Rarities.**) uncommon thing, rareness. अपूर्व वस्तु, अपूर्वता, चमत्कार।

Rascal-रैंस्कल-*n.* a mean fellow, a rogue, a knave. दुर्जन (नीच), दुष्ट, पापी; **Rascalism** (-इज़्म्) - *n.* knavishness. दुष्टता, नीचता; **Rascality** (-इट्-इ) -*n.* villainy, baseness. शठता, नीचता; **Rascally** (-लि)-*adj.* vile, worthless. नीच, दुष्ट।

Rase-रेज़्-*v. t.* to wound slightly, to erase. घायल करना, मिटाना; see **Raze.**

Rash-रैंश्-*n.*an eruption of skin in patches. दिदोरा, चकत्ता; - *adj.* hasty, headstrong, reckless. उतावला, अविवेकी, अदूरदर्शी; **Rashly** (-लि)-*adv.* hastily. उतावलेपन से; **Rashness**(-नेस्)-*n.* foolhardiness, rash action. अविवेक, अविचार (धृष्टता)।

Rasher-रैंशर्-*n.* a slice of bacon. सुअर के मांस का टुकड़ा।

Rasorial - रैं - सो - रिअल् - *adj.* scratching. खुरचता हुआ।

Rasp-रैंस्प्-*n.* a scraper. मोटी रेती, चोसा;-*v. t. & i.* to scrape off, to make a grating sound. चोसे से रेतना, खड़खड़ाहट का शब्द करना।

Raspatory-रैं-स्पेटरि-*n.* a surgeon's rasp. जर्राही में प्रयोग करने का चोसा।

Raspberry-रज़्'-बे - रि - *n.* a plant yielding small juicy berries. रसभरी, गुलाबजामुन; **Raspberry vinegar** (a preparation of raspberry and vinegar.) रसभरी और सिरके की चटनी।

Rasper-रैं-स्पर्-*n.* a scraper.खुरचने का औजार।

Rasure-रेज़र् - *n.* act of scraping. खुरचने का कार्य।

Rat-रैंट्-*n.* a small rodent of the mouse kind, a deserter. मूषक, चूहा, साथ छोड़नेवाला; -*v. i.*(*p. t.* **Ratted.**) to catch or kill rats. चूहा फँसाना या मारना; **I smell a rat** (I see something suspicious.) मुझे कुछ शक हो रहा है; **Musk-rat** (musquash.) छछूँदर; **Rat-trap** (an apparatus for catching rats.) मुसदानी।

Rata-राटॉ-*n.* a kind of large tree. एक प्रकार का (सुन्दर) बड़ा वृक्ष।

Ratability-रेटे बिलिटि-*n.* proportion. क्रम।

Ratable-रे-टे-बल् - *adj.* proportional, liable to taxation. क्रमिक, क्रमानुसार, महसूल लगाने योग्य; **Ratably** (-इ)-*adv.* proportionately. क्रम से।

Ratal-रेटल्-*n.* the amount on which a rate is fixed. प्रमाण, दर।

Ratan-रेटन्-*n.* a kind of cane. एक प्रकार की बेंत।

Ratchet-रैंचेट्-*n.* a wheel with a toothed rim with a lock attached for moving in one direction. किरकिरा; **Ratchet-drill** (a kind of boring tool.) लोहा इत्यादि छेदने का किरकिरा।



Ratchet-drill.

Rate-रेट्-*n.* proportion or standard, price fixed, settled allowance, relative speed, local cess, degree.प्रमाण या मान, नियत मूल्य, निश्चित भत्ता का दर, गति का प्रमाण, स्थानीय कर (टिकट), मोताद, मात्रा; - *v. t. & i.* to value, to estimate, to scold angrily, to reprove, to consider. मूल्य निर्णय करना, प्रमाण स्थिर करना, गाली देना, झिड़कना, विचारना; **At any rate** (somehow or other.) किसी न किसी प्रकार से; **Markettra** (market standard.) बाज़ार दर; **Rate of interest**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(amount of interest charged.) ब्याज की दर; **Rate payer** (one who pays rates.) महसूल (टिकट) देनेवाला।

Rater-रेटर्-*n.* a racing yacht. तेज़ी से दौड़ लगानेवाला जहाज़।

Rather-रॉदर् -*adv.* more truly or readily, to a greater extent, on the other hand, somewhat, slightly, to some extent, specially, by preference. वस्तुतः, प्रायः, किन्तु, थोड़ा, किंचित्, अपेक्षा, अथवा ; **Had rather** (preferably.) अच्छा होगा कि ; **The rather that** (so much, the more because.) अधिक, क्योंकि।

Ratification-रॉटिफ़िकेशन्-*n.*the act of ratifying, confirmation. दृढ़ीकरण, निश्चय।

Ratifier-रॉटिफ़ायर्-*n.* one who ratifies. स्थिर करनेवाला।

Ratify-रॉटि-फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Ratified.**) to confirm, to make valid. स्थिर करना, दृढ़ करना, निश्चित करना, प्रमाणित करना।

Rating-रे-टिङ्ग् - *n.* amount of rate fixed by a municipalilty, angry reprimand. स्थिर किया हुआ महसूल, क्रोध के वचन।

Ratio-रे-शि-ओ-*n.* (*pl.* **Ratios**) relation between two similar quantities, proportion. सम्बन्ध, प्रमाण।

Ratiocinate-रॉशि-ॲ-सिनेट्-*v.t.*to reason in a formal way. युक्तिपूर्वक तर्क करना; **Ratiocination** (-शन्) -*n.* act of reasoning. युक्तितर्क, विवाद; **Ratiocinative** (-टिव्)-*adj.* argumentative. युक्तिपूर्वक, विचारपूर्वक, विवाद की प्रवृत्तिवाला।

Ration-रॉशन्-*n.* daily allowance of food fixed for a man or animal. प्रतिदिन के आहार का परिमाण, खुराक ; **Rations**-*n. pl.* provisions. (ब० व०) भोजन-सामग्री।

Rational-रॉशनल्-*adj.*endowed with reason, intelligent, not absurd, judicious. विचार-युक्त, विवेकी, बुद्धिमान्, उचित, यथायोग्य; **A rational being** (a thinking being.) चेतन प्राणी; **Rationals** (-स्) -*n. pl.* light dress of women. (ब० व०) स्त्रियों का हलका वस्त्र।

Rationale-रॉशयनालि-*n.*fundamental reason, reasoned exposition. उपपत्ति, युक्ति-पूर्वक कथन।

Rationalism-रॉशनलिज्म्-*n.*reasonable explanation. हेतुवाद; **Rationalist** (-इस्ट्)-*n.* one who is guided by reason. हेतुवादी; **Rationalistic**(-इक्)-*adj.* belonging to rationalism. हेतुवादी ; **Rationalistically** (- अलि) -*adv.* in a rationalistic manner. हेतुवाद के अनुसार; **Rationality** (-इट्-इ) - *n.* power of reasoning, reasonableness. ज्ञानशक्ति, विचार-शक्ति; **Rationalization** (-आइजे-शन्) -*n.* act of rationalizing. युक्तिपूर्वक व्याख्या; **Rationalize** (-आइज़्)-*v. t.& i.* to explain a thing with reasons. प्रमाण-सहित किसी विषय को सिद्ध करना; **Rationally** (-अलि) -*adv.* in a rational manner, with reason. न्यायपूर्वक, बुद्धिमानी से; **Rationalness** (-नेर्स्) - *n.* the state of being rational. विवेक, विचार, बुद्धि।

Ratline-रॉट्'-लिन्-*n.* a rope-ladder used in ships. जहाज़ में रस्से की बनी हुई सीढ़ी।

Ratline.

Ratoon-रॉट्- ऊन्' -*n.* new shoots that spring up from the roots of a sugar-cane after harvesting. ऊख की फसल काट लेने पर इसकी जड़ में से उगे हुए अँखुए।

Rat-tail-रॉट्'-टेल्-*adj.* narrow and tapering. पतला सूच्याकार (गावदुम)।

Rattan-रटॉन्-*n.* the continuous beat of a drum. नगाड़े का लगातार डंका।

Rat-tat-रॉट्'-टॉट्-*n.* a knocking sound. खट-खटाने का शब्द।

Ratteen-रॉटॉन्-*n.* a kind of woollen fabric. एक प्रकार का ऊनी वस्त्र।

Ratten-रॉ-ट्-न्-*v. t.* to injure the tools of a workman out of malice. ईर्ष्यावश किसी कारीगर के औजार को नष्ट कर देना।

Ratting-रॉ-टिङ्ग्-*n.* the act of deserting one's party. अपने समाज को त्यागने का काम।

Rattle-रॉ-ट्ल् - *v. i. & t.* to make a sharp sound rapidly, to clatter, to talk thoughtlessly. खड़खड़ाना, खड़खड़ाहट का शब्द करना, वृथा बकवाद करना;-*n.* a loud rapid sound, a toy which produces a rattling sound. खड़खड़ाहट का शब्द, बच्चों का खिलौना जिसमें से खड़खड़ाहट का शब्द निकले; **Rattle-brained** (thoughtless.) विचार शून्य **To rattle along** (to move with a rattling sound.) खड़खड़ करते हुए चलना ; **To rattle the sword** (to frighten for war.) युद्ध करने के लिये डराना।

Rattler-रॉ-ट्लर्-*n.* a prattler,a noisy person. बकवादी।

Rattling-रॉट्'-लिङ्ग्- *adj.* making a rapid sound. खड़खड़ाहट का शब्द करनेवाला; **Rattling-snake** (a poisonous snake having a number of hard, bony rings loosely joined at the end of the tail which makes

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

rattling noise.) एक प्रकार का सर्प जिसके चलने पर खड़खड़ाहट का शब्द उत्पन्न होता है।

Ratty-रॅ-टि-*adj*. angry, irritated. क्रुद्ध।

Raucity-रॉ-सिटि-*n*. hoarseness of voice. कर्कश शब्द।

Raucous-रॉ-कस्-*adj*. harsh sounding. कर्कश शब्द करनेवाला ; **Raucously** (-लि)-*adv*. harshly. रूक्ष शब्द करते हुए।

Ravage-रॅ-व्रे-ज्-*v. t. & i.* to lay waste to. to plunder, to make havoc. नाश करना, लूटना, उपद्रव करना;-*n*. waste, devastation. उपद्रव, लूटपाट, नाश; **Ravager** (-अर्)-*n*. a spoiler or plunderer. लुटेरा, डाकू।

Rave-रेव्-*n*.the framework attached to a car to increase its capacity. पाखड़ी;-*v. t.&i.* to talk wildly, to howl. गरजना, चिल्लाना; -*n*. raving sound of wind. वायु की गड़गड़ाहट।

Ravel-रॅव्-ल्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Ravelled.**) to complicate, to entangle, to perplex, to disentangle, to examine or enquire into a thing. जटिल करना, फँसाना, व्याकुल करना, सुलझाना, किसी वस्तु के विषय में जाँच-पड़ताल करना; -*n*. entanglement, a broken thread, a loose end. फँसावट, टूटा तागा, खुला या ढीला सिरा; **Ravelling** (-इङ्ग्)-*n*. act of the verb ravel,disentangled thread of woven fabric. 'ravel' क्रिया के सभी कार्य, बिने हुए कपड़े का सुलझा हुआ तागा; - *adj*. entangling. फँसानेवाला ; **Ravelment** (-मॅन्ट्)-*n*. perplexity. व्याकुलता।

Ravelin-रॅव्'-लिन्-*n*. an outwork outside a fort. गढ़ (किले) का बाहरी भाग।

Raven-रे'-वन्-*n*.the black crow. काला (डोम) कौवा;रॅ-व्-न्'-*v. i.&t.* to plunder, to obtain by violence, to eat rapaciously, to have a vehement appetite for. लूटना, बलपूर्वक छीन लेना, भुक्खड़ की तरह खाना, तीव्र अभिलाषा रखना;-*adj*. of shining black colour. चमकते काले रङ्ग का; **Ravener** (-अर्)-*n*. one who plunders. लुटेरा; **Ravening**(-इङ्ग्)-*n*. eagerness to plunder. लूटने की लालसा ; **Ravenous** (-अस्) - *adj*. rapacious, voracious. अति लोलुप, क्षुधातुर, पेटू ; **Ravenously** (-लि)-*adv*. in a ravenous manner. अति लोलुपता से; **Ravenousness** (-नॅस्)-*n*. the state of being ravenous. मरभुक्खापन।

Raven-रॅ-व्-न्-*n*. gluttony. भुक्खड़पन।

Raver-रे व्र्-*n*. one who is furious. क्रोधी मनुष्य।

Ravin-रॅव्रिन्-*n*. plunder, robbery, spoil or prey. डाका, लूट-पाट, शिकार।

Ravine-रॅव्रीन्-*n*. a mountain cleft, a gorge. कन्दरा, खण्ड, दर्रा; **Ravined** (-इ)-*adv*. with deep narrow gorge. कन्दरायुक्त।

Ravish-रॅव्रिश्-*v. t.* to carry away by violence, to violate, to commit rape upon a woman. बलपूर्वक उड़ा ले जाना, अपहरण करना, किसी स्त्री का सतीत्व भंग करना ; **Ravisher** (-अर्)-*n*. one who ravishes. अपहरण करनेवाला; **Ravishing** (-इङ्ग्)-*n*. seizing by violence. बलपूर्वक अपहरण ; **Ravishingly** (-लि)-*adv*. in a ravishing manner. बलपूर्वक; **Ravishment** (-मॅन्ट्)-*n*. abduction, rapture. अपहरण, आनन्द का उन्माद।

Raw-रॉ-*adj*.uncooked,unroasted,unfinished, unripe, inexperienced, untried, untrained, crude, cold and damp. अपक्व, असिद्ध, अधूरा, कच्चा, अनुभव-रहित, अप्रौढ़, अशिक्षित, फूहड़, ठंढा और तर; -*n*. a sore place. कच्चा घाव या चमड़ा; **Raw cloth** (unfulled cloth.) बिना माँड़ी लगा वस्त्र,; **Raw edge** (an edge without frills.) बिना गोट या झालर का किनारा; **Raw head**-*n*. a spectre to frighten children. बच्चों को डराने का भूत; **Raw hide** (untanned leather.) बिना कमाया हुआ चमड़ा; **To touch on the raw** (to wound the feelings.) मर्म स्पर्श करना; **Rawish** (-इश्) -*adj*. somewhat raw. कुछ कच्चा; **Rawly** (-लि) -*adv*. in a raw manner. कच्चेपन से; **Rawness** (-नॅस्)-*n*. unripe condition. कच्चापन, अप्रौढ़ता।

Ray-रे-*n*. (*pl*. **Rays.**) a single beam of light, a gleam of intellect, a glance, a radiating line, an array, a kind of large sea-fish. प्रकाश की किरण, बुद्धि का प्रकाश, दृष्टि, कटाक्ष, एक केन्द्र से निकलनेवाली रेखा, प्रबन्ध, अलङ्कार, सजावट, एक प्रकार की बड़ी समुद्री मछली; -*v. i.* (*p. t.* **Rayed.**) to shine forth. किरण की तरह चमकना; **Rayed** (-इ) -*adj*. having rays. किरणयुक्त ; **Rayless** (-लॅस्)-*adj*. not illuminated. बिना किरण का (अन्धकारमय); **Raylet** (-लॅट्)-*n*. a small ray. छोटी किरण।

Raze, Rase-रेज़्-*v. t.* to erase, to throw out, to scratch out. मिटाना, फेंकना, खुरचना।

Razee-रा-ज़ी-*n*. a ship whose upper deck is removed. ऊपरी छत निकाला हुआ जहाज;-*v. t.* to turn into a razee. जहाज की ऊपरी छत निकालना।

Razor-रेज़र् - *n*. an instrument used for shaving hair. हजामत बनाने का उस्तरा या छुरा; -*v. t.* to shave with a razor. उस्तरे से हजामत बनाना; **Razor edge** (very keen.) उस्तरे की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धार के समान चोखा; **Razor strop** (a strop for sharpening a razor.) उस्तरा तेज करने का चमोटा; **Safety razor** (a kind of razor having guards to check the risk of cutting skin.) हजामत बनाते समय चमते में न धँसनेवाला उस्तरा।

Re-रे-*n.* the second note on the octave. सप्तक में दूसरा स्वर, 'ऋषभ'; (री)-*prep.* in the matter of. विषय में; *-pref.* in sense of 'again', 'away'. 'फिर से', 'दूर' अर्थ का उपसर्ग।

Reach-रीच्-*v. t. & i.* to stretch out, to attain to, to arrive at, to take without stretching hand, to comprehend, to make reaching motion. फैलाना, प्राप्त करना, पहुँचना, जानना, समझना; *-n.* the power of reaching, expanse, range, influence, mental power. पहुँच, विस्तार, प्रमाण, प्रभाव, मानसिक शक्ति; **Beyond reach** (impossible to attain.) शक्ति के बाहर (अगम्य); **Within the reach of** (obtainable.) प्राप्य, लभ्य।

Reachable-रीचेबल्-*adj.* able to be reached. पहुँच के योग्य।

Reacher-रीचर्-*n.* one who reaches. पहुँचनेवाला।

React-री-ऑक्ट्'-*v. i.* to act upon the doer, to act again, to respond to some stimulus. प्रतीकार करना, फिर से करना, प्रत्याघात करना।

Reaction-री-ऑक्शन् -*n.* reciprocal action, counteraction, action of one substance upon another, backward tendency of returning to previous condition, depression after excitement. प्रतिक्रिया, पलटा, विरुद्ध क्रिया, किसी पदार्थ का दूसरे पर कार्य करना, उत्तेजना के बाद की म्लानता; **Reactionary** (-अरि)-*adj.* implying reaction. प्रतिकार करनेवाला; **Reactive** (-टिव्) - *adj.* having power to react. प्रतिकार करनेवाला; **Reactively** (-टिव्-लि)-*adv.* by reaction. प्रतिकार में; **Reactivity** (-टिव्रिटि)-*n.* the state of being reactive. प्रतिकार।

Read-रीड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Read**-रेड) to express in words, to understand, to study, to reproduce mentally, to learn by observation, to search for, to explain, to perform the act of reading. पढ़ना, समझना, विचारना, अध्ययन करना, खोजना, व्याख्या करना; **To read a person's hand** (to study a person's hand as a palmist.) हस्तरेखा से फल कहना; **To read through** (to read from beginning to end.) आदि से अन्त तक पढ़ना; **To read through the lines** (to investigate secret objects.) गुप्त अर्थ की खोज करना; **Well-read** (वेल्'-रेड्) learned, well-versed. अच्छा पढ़ा-लिखा, विद्वान्।

Readability-रीडेबिलिटि -*n.* readableness. पढ़ने की योग्यता; **Readable** (रीडेब्ल्-ल्)-*adj.* worth reading. पढ़ने योग्य; **Readableness** (-नेस्) -*n.* the state of being readable. पठनीयता ; **Readably** (- लि) - *adv.* in a readable manner. पठनीय ढंग से।

Readdress-री-ऑ-ड्रेस् - *v. t.* to redirect a letter or parcel to another address. दूसरे पते पर चिट्ठी या पार्सल आदि भेजना।

Reader-रीडर् - *n.* a person employed to read and report, one who corrects proof-sheets of press, a reading-book, one who reads prayer in a church, a high grade university lecturer. पढ़कर सूचना या विवरण देनेवाला व्यक्ति, पुस्तक शुद्ध करनेवाला, पाठ्य (अध्ययन) पुस्तक, गिरजे में प्रार्थना पढ़नेवाला, विश्वविद्यालय का उच्च वर्ग का प्राध्यापक।

Readership-रीडर्-शिप्-*n.* the post of a reader. विश्वविद्यालय के शिक्षक का पद।

Readily-रेडिलि-*adv.* promptly, cheerfully. इच्छापूर्वक, शीघ्र, बिना क्लेश के, सुख से।

Readiness-रेडि-नेस्-*n.* willingness, promptitude. इच्छा, उत्साह, शीघ्रता।

Reading-रीडिङ्ग् - *n.* the act of reading, study of books पाठ, अध्ययन; **Different reading.** पाठान्तर; **Reading-desk** (a lectern.) पढ़ने या पुस्तक रखने की मेज; **Reading-room** (a place for reading books, newspapers etc.) पुस्तक, अखबार इ० पढ़ने का स्थान।

Re-adjourn-री'-ऑइ-जर्न्-*v. t.* to adjourn a second time. दुबारा स्थगित करना।

Re-adjust-री'-ऑइ-जस्ट्-*v.t.* to adjust or put in order again. फिर से क्रम में रखना; **Readjustment** (-मेन्ट्)-*n.* adjustment of a second time. दुबारा क्रमबद्ध करने का कार्य।

Re-admission-री-ऑइ-मिश्'-अन्' -*n.* act of admitting again. दुबारा भर्ती होना, पुनःप्रवेश।

Readmit-री'-ऑइ-मिट्'-*v.t.* (*p.t.* **Readmitted.**) to admit again. फिर से भर्ती करना।

Re-admittance-री-ऑइ-मिटन्स्- *n.* readmission. पुनःप्रवेश।

Re-adopt-री-अडॉप्ट्'-*v. t.* to take up again. फिर से ग्रहण करना; **Re-adoption** (-शन्)-*n* the act of adopting again. दुबारा ग्रहण करना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Re-adorn-री-अडोर्न्-*v. t.* to decorate again. फिर से सँवारना या सजाना।

Ready-रेडि-*adj. & adv.* (*comp.* **Readier,** *sup.* **Readiest**) willing, prompt, present at hand. prepared, easily secured, with complete preparations. इच्छायुक्त (लीन), उद्यत, सत्वर, उपस्थित, प्रस्तुत, सहज में प्राप्त, पूरी तैयारी से; **Ready at hand** (immediately available.) तुरन्त पाने योग्य या प्राप्य; **Ready-made** -*adj.* (ready for immediate use.) पहिले से तैयार किया हुआ; **Ready money** (actual coin.) नकद रुपया; **Ready to go** (prepared to start.) जाने के लिए तैयार; **Ready-witted** (quick in understanding.) विदग्ध, चतुर; **To make ready** (to provide and put in order.) प्रस्तुत करना, तैयार करना।

Re-affirm-री-अ-फ़र्म्' -*v. t.* to affirm or settle again. फिर से स्थिर करना; **Reaffirmation** (-ऍ'-शन्) -*n.* act of reaffirming. दुबारा निश्चय।

Reagent-री-ऍज्-ऍन्ट्-*n.* a substance which helps to detect the presence of another. वह पदार्थ जो किसी घोल में के अन्य पदार्थ की उपस्थिति ज्ञात करने में मदद करता है।

Real-री-अल्-*adj.* actual, genuine, free, sincere, authentic, consisting of immovable property. सत्य, वास्तविक, यथार्थ (अकल्पित), स्वतंत्र, अधिकारिक, अचल सम्पत्ति का; **Really** (-लि) -*adv.* actually. सचमुच, यथार्थ में।

Realgar-रिऑल्गर्-*n.* red orpiment used in fireworks. लाल हरताल जिसका व्यवहार आतिशबाजी में किया जाता है।

Realism-रीअलिज़्म्-*n.* theory in regard to things in their true nature, freedom from prejudice. किसी पदार्थ के वास्तविक रूप का सिद्धान्त, पक्षपातहीनता; **Realistic** (-इस्ट्-इक्) -*adj.* actual. सत्यरूप का; **Realistically** (-इस्ट्-इकलि)-*adv.* in a realistic manner. सत्य रूप में; **Reality** (-इटि) -*n.* actual existence, fact. सत्यता, यथार्थता; **In reality** (actually.) सचमुच, वास्तव में।

Realizable-रीअलाइज़ॅबुल्-*adj.* that may be realized. सिद्ध करने योग्य, प्राप्त (वसूल) करने योग्य; **Realization** (-शन्)-*n.* the act of realizing. साधन (सिद्धि), वसूली, प्रत्यक्षीकरण; **Realize** (-आइज़्) -*v. t. & i.* to convert into fact, to make realistic, to conceive as real, to gain as price. साधना, प्रत्यक्ष करना, सिद्ध करना, द्रव्य (मूल्य) पाना।

Re-alliance-री-अलाऍन्स्-*n.* a renewed alliance. दुबारा मेल।

Realm-रेल्म्-*n.* royal jurisdiction, kingdom domain. राज्य, प्रदेश।

Realness-री'-अल्-नेस्-*n.* actuality. सत्यता, यथार्थता।

Realty-री'-अल्टि-*n.* (*pl.* **Realties.**) real estate or property. अचल सम्पत्ति।

Ream-रीम्-*n.* twenty quires or 480 (often 500) sheets of paper. बीस जिस्ते कागज की गड्डी;-*v. t.* to enlarge a hole in metal by a reamer. टेकुए से धातु का छिद्र बढ़ाना; **Reamer** (-अर्) -*n.* a tool for enlarging a hole in metal. धातु में छेद फैलाने का औजार, टेकुआ।

Re-animate-री-ऑनिमेट्-*v. t.* to revive, to invigorate. उत्साहित करना, सजीव करना; **Reanimation** (-शन्) -*n.* the act of reanimating. सजीवीकरण।

Reannex-री'-अ-नेक्स्-*v. i.* to reunite. फिर से मिला देना।

Reap-रीप्-*v.i.&t.* to cut the crop, to gather the harvest, to obtain the fruits of one's labour. अनाज की फसल काटना, लवना, अपने किये का फल भोगना; **As you sow, soyou reap** (to be rewarded as fruits of your labour.) जैसी करनी वैसी भरनी; **Reap where one has not sown** (to profit by other's labour.) दूसरे के परिश्रम का फल प्राप्त करना; **Reaper** (-अर्) -*n.* one who or that which reaps. लवनेवाला मनुष्य या यन्त्र; **Reaping** (-इङ्ग्) - *n.* harvesting. लवन, संचय; **Reaping-hook** - *n.* (a sickle.) खेत काटने का हँसुआ।

Reapparel-री'-ऑ-पॉ-रेल् - *v. t.* to clothe again. फिर से वस्त्र पहिनाना।

Reappeal-री'-अ-पील्-*v. t.* to appeal again. फिर से अपील करना।

Reappear-री'-ऑ-पीअर्'-*v.t.* to appear again. फिर से प्रकट होना।

Reappearance-री-ऑ-पीअरेन्स्-*n.* a new appearance. फिर से प्रत्यक्ष होना।

Reapply-री'-ऑ-प्लाइ -*v. t. & i.* to apply again. फिर से प्रार्थनापत्र भेजना।

Reappoint-री'-ऑ-पॉइन्ट -*v. t.* to appoint again. फिर से नियुक्त करना; **Reappointment** (-मेन्ट्) renewed appointment. पुनर्नियुक्ति।

Rear-रीअर्-*n.* the hindermost part, space behind, part of army which is behind.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सबसे पीछे का भाग, पिछला स्थान, सेना का पिछला भाग; **At the rear** (in the part behind.) पिछली ओर ; **Rear-admiral** -*n.* a flag-officer in the navy next to vice-admiral, one in command of the rear, a ship bearing a rear-admiral's flag. उप सेनापति के नीचे रहने वाला अंग्रेजी नौ-सेना का एक अधिकारी, पिछले भाग की नौ-सेना का सेनापति, उक्त अधिकारी के झंडे को ढोनेवाला जहाज; **Rearach** (an inward arch.) भीतरी मेहराब; **Rear-guard** (a part of the army in the rear.) पीछे की सेना।

Rear-रीअर्-*v. t. & i.* to raise, to hold upwards, to build, to educate, to breed, to foster, to rise on hind legs. उठाना, उभाड़ना, बनाना, शिक्षा देना, पालन करना, पोषण करना, पिछले पैर के बल खड़े होना; **Rearer** (-अर्) -*n.* one who rears, a horse that has the habit of rearing. पालन या पोषण करनेवाला, पिछली टांगों पर खड़ा होने की आदतवाला घोड़ा।

Reargue-री-आर्-ग्यु-*v. t. & i.* to argue a second time. दुबारा बहस करना; **Reargument** (-मेंन्ट्) -*n.* the act of rearguing. दुबारा बहस करने का काम।

Re-arise-री'-अ-राइज़्'-*v. t.* to rise again. फिर से उठना।

Rear-line-री-अर्'-लाइन्-*n.* the line in the rear of an army. सेना के पीछे की पंक्ति।

Rearmost-रीअर्-मोस्ट् - *adj.* farthest in the rear. सबसे पीछे का।

Re-arrange-री'-अरेंन्ज् -*v. i.* to put into a new order. नये क्रम में रखना; **Rearrangement** (-मेंन्ट्) -*n.* act of arranging into a new order. नये क्रम में रखने का कार्य।

Re-arouse-री-अराउज़्-*v. t.* to rouse again. फिर से उठाना या जगाना।

Reascend-री-असेंन्ड् -*v. i.* to mount again. फिर से चढ़ना।

Re-ascension-री'-असेंन्शन्-*n.*(also **Reascent.**) the act of reascending. दुबारा चढ़ाई।

Reason-री'-ज़न्-*n.* the faculty of distinguishing good from bad, argument, cause, motive, the intellectual faculty, sensible conduct. विवेक-बुद्धि, विचार शक्ति, तर्क, हेतु, आशय (प्रयोजन), न्याय, युक्ति; -*v. t. & i.* to infer, to argue, to relate, to discuss. तर्क करना; **By reason of** (owing to.) हेतु से ; **For this reason** (owing to this.) इस कारण से; **For what reason ?** किस निमित्त।

Reasonable-रीज़्नेंबल् - *adj.* endowed with reason, rational, agreeable to reason, tolerable, just. विवेक-बुद्धि युक्त, विज्ञ, ज्ञानी, उचित, यथार्थ, युक्त, न्यायसिद्ध ; **Reasonableness** (-नेंस्) -*n.* agreeableness. न्याय्यता, युक्ति ; **Reasonably** (-ब्लि) - *adv.* in a reasonable manner. युक्तिपूर्वक, यथोचित रीति से; **Reasoner** (-अर्)-*n.* one who argues तार्किक, नैयायिक ; **Reasoning** (-इङ्ग्)-*n.* the faculty of reason, argumentations. विवेक, विचार; **Art of reasoning** (science of logic.) तर्कशास्त्र ; **Reasonless** (-लेंस्) -*adj.* devoid of reasoning, irrational. निर्बुद्धि, ज्ञानहीन।

Re-assemble-री'-असेंम्बल्-*v. t.* to gather or sum up again. फिर से इकट्ठा करना।

Re-assert-री'-असर्ट्-*v. t.* to assert again. पुनः स्थापित करना।

Re-assess-री'-अ-सेंस्'-*v. t.* to assess anew. फिर से महसूल इत्यादि स्थिर करना; **Reassessment** (-मेंन्ट्)-*n.* act of assessing afresh. महसूल का दुबारा स्थिर करना।

Reassign-री'-अ-साइन्-*v. t.* to transfer to another. दूसरे को देना।

Reassume- री' -ऑं -स्यूम् -*v. t.* to assume again. फिर से धारण करना।

Reassurance-री-अश्यूअरेंन्स् - *n.* a second assurance again. हानि का दुबारा बीमा।

Reassure-री'-अश्योर्-*v. t.* to confirm one again in an honour or opinion or impression, to restore one to confidence again, to re-insure. किसी की मर्यादा या राय या विचार को पुनः पुष्ट करना, किसी को पुनः विश्वास दिलाना, पुनः बीमा करना।

Reassuring-री-अ-श्यू-अर्'-इङ्ग्-*adj.* restoring again confidence or hope. पुनः विश्वास या आशा देनेवाला।

Reattach-री-अ-टॅंच्-*v. t.* to attach a second time. दुबारा मिलाना।

Reaumur-रू'-मर् - *n.* special readings in a thermometer where the boiling point is represented by 80° and the freezing point by 0°. (थर्मामीटर्) तापमान नापने के यन्त्र के नाप में विशिष्ट चिह्न।

Reave, Rieve-रीव्-*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* **Reft.**) to commit ravage, to take by violence. अत्याचार करना, छीन लेना ; **Reaver** (-अर्) -*n.* snatching by force, a robber. हठपूर्वक छीनना, लुटेरा।

Reavow-री-अ-व्राउ' -*v. i.* to avow again. दुबारा प्रतिज्ञा करना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Rebaptize-री'-बॅप्-टाइज़् -*v. t.* to baptize a second time. दुबारा बप्तिस्मा का संस्कार करना।

Rebate-री-बेट्-*v.t.* to diminish the force of, to blunt, to reduce, to subtract, to allow reduction of payment, to lessen vigour, to stop reaction. शक्ति घटाना, भुथरा बनाना, कम करना, घटाना, छूट देना, शक्ति का बल कम करना, प्रतिक्रिया रोकना; -*n.* a deduction from the sum to be paid, discount. बट्टा (छूट), कमीशन; **Rebatement** (-मेन्ट्) -*n.* diminution. कमी, छूट।

Rebec-री'-बेक्-*n.*(also **Rebeck.**) three-stringed musical instrument. तीनतारा (बाजा)।

Sanguine-सॅङ्ग्विन्-*adj.* & *n.* of the colour of blood, hopeful, bright, ardent, confident, abounding with blood. रक्तपूर्ण, रक्त के वर्ण का, आशायुक्त, चमकीला, विश्वासयुक्त; -*v. t.* to stain with blood, to varnish with red colour. रुधिर से चिह्नित करना, लाल रंग की वार्निश करना;-*n.* a drawing in red chalk. लाल रंग की चित्रकारी; **Sanguinely** (-लि) -*adv.* in a hopeful manner. आशापूर्वक; **Sanguineness** (-नेस्)-*n.* the state of being sanguine, fullness of blood, ardour. आशा, रुधिरपूर्णता, उत्कट विश्वास; **Sanguineous** (-अस्)-*adj.* abounding in blood, blood-red. रुधिर से पूर्ण, रुधिर के समान लाल रंग का।

Sanguinivorous-सॅङ्ग्-ग्वि - निव्रॅरस्-*adj.* subsisting on blood. लोहू पीकर जीनेवाला।

Sanguisuge-सॅङ्ग्-ग्वि-सूज्-*n.* a kind of leech. एक प्रकार की जोंक।

Sanhedrim-सॅनि-ड्रिम्-*n.* (also **Sanhedrin.**) the supreme council of the Jews. यहूदियों की बड़ी पंचायत।

Sanicle-सॅनि-कल्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Sanies-सेंनि-ईज़्-*n.* thin matter secreted from a wound. घाव में से बहनेवाला पानी, पंछा; **Sanious**-(-अस्)-*adj.* thin and serous. पंछे के समान पतला।

Sanify-सॅनि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Sanified**) to improve health. स्वास्थ्य सुधारना, आरोग्य करना।

Sanitarian-सॅनिटेरिअन् -*n.* an advocate of sanitary reforms. आरोग्य के सिद्धान्तों का प्रवर्तक।

Sanitary-सॅनिटरि-*adj.* hygienic, pertaining to health, of the conditions that secure health, free from the influences that deteriorate health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य-सम्बन्धी।

Sanitas-सॅनिटस्-*n.* an antiseptic preparation. शुद्ध करनेवाली एक औषधि।

Sanitate-सॅनिटेट्-*v. t.* to improve sanitary methods. आरोग्यकर विधि का प्रयोग करना।

Sanitation-सॅनि-टे'-शन्-*n.* improvement of sanitary methods. स्वास्थ्यविद्या, आरोग्यशास्त्र।

Sanitationist-सॅनिटेशनिस्ट्-*n.* one who is versed in sanitation. आरोग्य शास्त्र में निपुण।

Sanity-सॅनिटि-*n.* the state of being sane, health of mind. स्थिर बुद्धि।

Sank-सॅङ्क्-*p. t.* of **ink.** डूबा।

Sans-सॅन्ज़्--*prep.* without. सिवाय, बिना।

Sanskrit-सॅन्स्'-क्रिट्-*n.* the ancient language of India. संस्कृत भाषा; **Sanskritist** (-इस्ट्)-*n.* a scholar of Sanskrit. संस्कृत भाषा जाननेवाला।

Santalin-सॅन्ट्'-अ-लिन्-*n.* the red colouring matter of red sandalwood. रक्त-चन्दन में का लाल तत्त्व।

Sap-सॅप्-*n.* the vital juice circulating in plants. पौधों का सार या रस;-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Sapped.**) to dig up, to undermine. खोदना, जड़ समेत उखाड़ना।

Sapful-सॅप्'-फ़ुल्-*adj.* full of sap. रसपूर्ण, रस भरा हुआ।

Sapid-सॅपिड् - *adj.* savoury, tasteful, palatable. सरस, स्वादु, स्वादिष्ट, ज़ायकेदार ; **Sapidity** (-इटि)-*n.* palatableness, tastefulness. स्वादुता; **Sapidness** (-नेस्) -*n.* the quality of being sapid. स्वाद।

Sapience-सें'-पि-अन्स्-*n.* wisdom. बुद्धिमानी।

Sapient-सें'- पि - अन्ट्-*adj.* sagacious, wise. ज्ञानपूर्ण, बुद्धिमान्।

Sapiential-सें'-पि-ऍ-न्शल्-*adj.* pertaining to wisdom. बुद्धिमानी का।

Sapiently-सें'-पि-अन्ट्-लि-*adv.* in a sapient manner, sagaciously. बुद्धिमानी से।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Sapindus-सपिन्डस्-*n.* soapberry. रीठा, रीठी।

Sapless-सीप्-लेस्-*adj.* without sap, dry. बिना रस का, सूखा।

Sapling-सीं-प्लिङ्ग्-*n.* a young tree. छोटा पौधा।

Sapodilla-सीपॅडिला-*n.* a kind of evergreen tropical tree. गरम देश का एक प्रकार का वृक्ष जिसकी लकड़ी पुष्ट होती है।

Saponaceous-सीपॅनेशस् - *adj.* having the qualities of soap, soapy. साबुन के गुण का, साबुन के समान।

Saponifiable-सीपॅनिफ़ायेब्ल्-*adj.* able to be turned into soap. साबुन बनाने योग्य।

Saponification-सीं-पॅनि-फ़ि-के'-शन्-*n.* the act of converting into soap. साबुन बनाने का कार्य।

Saponify-सीं-पॅनि - फ़ाइ--*v. t.* (*p. t.* **Saponified.**) to convert into soap. साबुन के रूप में बदलना, साबुन बनाना।

Sapor-सें - पर्-*n.* sensation of taste, the peculiar taste of an object. स्वाद, किसी पदार्थ का विशेष स्वाद।

Saporific-सें पॅरिफ़िक्-*adj.* producing taste. स्वाद उत्पन्न करनेवाला।

Saporosity-सें पॅरॉसिटि-*n.* the quality of a thing which excites the sensation of taste. किसी पदार्थ में स्वाद उत्पन्न करने का गुण।

Saporous-सेपॅरस्-*adj.* having taste. स्वादयुक्त।

Sapphire-सीं'-फ़ायर्-*n.* a precious stone of blue colour. नीलमणि, नीलम।

Sapphirine-सीं-फ़ि-राइन्-*adj.* of the colour of sapphire, made of sapphire. नीलम के रंग का, नीलम का बना हुआ।

Sappiness-सीं-पि-नेस्-*n.* juiciness. रसपन।

Sapping-सीं-पिङ्ग्-*n* the art of making trenches. खाई बनाने की कला।

Sappy-सीं-पि-*adj.* full of juice. रस भरा हुआ।

Sapro-सीं-प्र-*pref.* in the sense of "rotten". "सड़ा" अर्थ का उपसर्ग।

Saprogenic-सीप्रॅजेनिक्-*adj.* growing on decaying matter. सड़नेवाली वस्तु पर उगनेवाला।

Saprophyte-सीप्रॅ - फ़ाइट्-*n.* a plant which lives on decaying vegetable matter. सड़ी हुई वनस्पति पर जीनेवाला पौधा।

Sapwood-सीप्-वुड्-*n.* the external part of wood. लकड़ी की बाहरी छाल।

Saraband-सीर्'-अ-बॅन्ड्-*n.* a kind of Spanish dance. स्पेन देश का एक प्रकार का नाच।

Saracen-सीरसेन्-*n.* an Arab. अरब देशवासी मुसलमान; **Saracenic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a Saracen. अरबी।

Saratoga-सीरटोगा-*n.* a large travelling trunk. यात्रा करने के उपयुक्त बड़ा सन्दूक।

Sarcasm-सर्कीज्म्-*n.* an ironical remark, taint, a keen reproachful expression. निन्दापूर्ण वचन, आक्षेप-वाक्य, व्यङ्ग।

Sarcastic-सर्कास्टिक् -*adj.* ironical, satirical. निन्दापूर्ण, ताने की तरह का; **Sarcastically** (-अलि)-*adv.* in a sarcastic manner. आक्षेप से, ताने से।

Sarcelle-स'-र्सेल्-*n.* a kind of small duck. एक प्रकार का छोटा बत्तख।

Sarcenet-सर्स्'-नेट्-*n.* a kind of thin silk stuff. एक प्रकार का महीन रेशमी वस्त्र।

Sarco-सार् कॅ-*pref.* used in the sense of "flesh." 'मांस' अर्थ का उपसर्ग; **Sarcocele** (-सील्)-*n.* a fleshy tumour of the testicles. अण्डकोश के ऊपर की मांसल ग्रन्थि।

Sarcode-सार्कोड् - *n.* protoplasm of living organism. जीवाणु।

Sarcoid-सार्'-कॉ-इड्-*adj.* like flesh. मांस की तरह का।

Sarcology-सार्कॅलॉजि-*n.* that part of anatomy which treats of the fleshy parts of the body. शरीर के मांसल भाग का विज्ञान।

Sarcoma-सर्कोमा-*n.* (*pl.* **Sarcomata.**) tumour on the connective tissue of an embryo. भ्रण की नाल पर का गुल्म; **Sarcomatous** (-टस्)-*adj.* relating to sarcoma. उक्त गुल्म-सम्बन्धी।

Sarcophagous-सीर्-कॅ-फेगस्-*adj.* feeding on flesh. मांसभक्षी।

Sarcophagus-सीर्-कॅफ़्'-अ-गस्-*n. pl.* **Sarcophagi**) a stone coffin. पत्थर की बनी हुई कब्र।

Sarcous-सार्कस्-*adj* consisting of flesh. मांसनिर्मित, मांस का बना हुआ।

Sardine-सीर्-डाइन्-*n.* a kind of small fish of the herring kind, a kind of precious stone. एक प्रकार की छोटी मछली, एक रत्न।

Sardonic-सार्-डॅनिक्-*adj.* mocking, full of scorn. तिरस्कारपूर्ण, कृत्रिम हँसी का; **Sardonically** (-अलि) - *adv.* in a sardonic manner. तिरस्कार की हँसी में।

Sardonyx-सार्-डॉनिक्स्-*n.* a kind of precious stone. एक प्रकार का रत्न, गोमेदक।

Sarissa-सीरिसा-*n.* a kind of long lance of ancient time. प्राचीन काल का लम्बा बर्छा।

Sark-सीर्क्-*n.* a shirt. कमीज या कुर्ता।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Sarmentose-सार-मेंन्टोस्-*adj.* having long shoots. लम्बे डण्ठलवाला।

Sarsaparilla-सार्सपरिला-*n.* a plant used in medicine. इस नाम की रुधिर शुद्ध करने की औषध।

Sarsen-सार्'-स्-न्-*n.* a boulder of sandstone. रेतीले पत्थर का चिकना बट्टा।

Sarsenet-सार्स्-नेंट् - *n.* a fine thin silken cloth. महीन रेशमी वस्त्र।

Sartorial-सर्टोरिअल् - *adj.* pertaining to a tailor, tailoring. दर्जी-सम्बन्धी, कपड़ा सीने के विषय का।

Sash-सॉश्-*n.* an ornamental band or scarf worn round the waist or shoulder, a frame of wood for holding panes of glass &c. कामदार रूमाल, पटका, चौखटा जिसमें शीशा जड़ा जाता है; **Sashed** (-इ) - *adj.* furnished with frames. चौखटेदार; **Sashless**(-लेंस्) -*adj.* frameless. बिना चौखटे का; **Sash-tool** (a kind of painter's brush.) रङ्गसाज की कूँची।

Sassaby-ससेबि - *n.* a large antelope of Africa. अफ्रीका देश का एक प्रकार का बड़ा बारहसिंगा।

Sassafras-सॉस्'-अफ्रॉस्-*n.* a kind of scented bark used in medicines. एक प्रकार की सुगन्धित छाल जो औषधियों में प्रयुक्त होती है।

Sassolite-सॉसॅलाइट् - *n.* native boric acid. देशी सोहागा।

Sat-सॉट्—*p. t. & p. p.* of **Sit.** बैठा।

Satan-सेंटन्-*n.* the Devil. पिशाच, दैत्य।

Satanic, Satanical-सेंटॅनिक् (-अल्)-*adjs.* pertaining to Satan, hellish. पैशाचिक, पिशाचवत्; **Satanically** (-अलि) - *adv.* in a Satanic manner. पैशाचिक रीति से।

Satanism-सेंटनिज़्म्-*n.* deliberate wickedness, devilishness. प्राकृतिक नीचता, पैशाचिक बुद्धि।

Satanize-सेंटनाइज़्-*v. i.* to act as a devil. पिशाचवत् कार्य करना।

Satanology-सेंटनॅ-लॅ-जि-*n.* literature about devils. पिशाचों की कथाओं का संग्रह।

Satchel-सॉ-चेंल्-*n.* a small bag used for carrying books &c. किताब ले जाने का बस्ता, थैला, बेग; **Satchelled** (-इ) - *adj.* furnished with a satchel. थैलावाला।

Sate-सेंट्-*v. t.* to gratify, to surfeit. सन्तुष्ट करना, अति तृप्त करना; **Sateless** (-लेंस्)-*adj.* insatiable. असन्तुष्ट।

Sateen-सॅ - टीन्' - *n.* a glossy woollen or cotton fabric. साटन।

Satellite-सॉटलाइट् - *n.* a planet revolving round another, a person's servile follower, a hanger-on. उपग्रह, अनुयायी, सर्वदा पीछे-पीछे चलनेवाला; **Satellitic** (-लिटिक्) -*adj.* pertaining to a satellite. उपग्रह-सम्बन्धी।

Satiable-सेंशि-ऍबल्-*adj.* able to be satiated. सन्तुष्ट होने योग्य; **Satiated** (-टेंड्) -*adj.* fully gratified. अति तृप्त।

Satiation-सेंशि-ऍ-शन्-*n.* the state of being filled. तृप्ति, परिपूर्ति।

Satiate-सेंशि-ऍट्-*v. i.* to gratify desire to the full, to glut. अत्यन्त सन्तुष्ट करना, नाक तक ठूँसना।

Satiety-सटाइअटि-*n.* satiated state, fulness. अति तुष्टि, सन्तुष्टता।

Satin-सॉट्'-इन्-*n.* silk fabric with glossy surface. साटन;-*v. t.* to give a glossy surface to paper. कागज़में चमक लाना; **Satin beauty** (a kind of moth.) एक प्रकार का फतिंगा; **Satin paper** (fine glossy writing-paper.) लिखने का चमकदार काग़ज़।

Satinet-सॉटिनेंट्-*n.* (also **Satinette.**) a kind of inferior satin. सस्ती साटन।

Satiny-सॉ-टिनि-*adj.* like satin. साटनदार, चमकीला।

Satire-सॉटायर् - *n.* a literary composition written with an aim to prevent vices, a thing that brings ridicule, irony, sarcasm. आक्षेप सहित कविता, उपहासपूर्ण लेख, उपहास।

Satiric-सटिरिक्-*adj.* containing satire. उपहासपूर्ण ; **Satirical** (-अल्)-*adj.* censorious. उपहास-सहित; **Satirically** (-अलि) -*adv.* in a satirical manner. उपहास में।

Satirist-सटिरिस्ट्-*n.* one who writes a satire. आक्षेपयुक्त कविता का लेखक।

Satirize-सॉटिराइज़्-*v. t.* to ridicule in a satirical manner. (काव्य द्वारा) आक्षेप करना।

Satisfaction-सॉटिस्फ़ॉक्शन्-*n.* gratification of desire, payment of debt, atonement for sin, contentment of obligation. सन्तोष, इच्छा-पूर्ति, ऋण का चुकाव, पाप से मोक्ष, ऋण-मुक्ति; **In satisfaction** (making payment for.) अदा करते हुए, अदायगी में।

Satisfactorily-सॉटिस्फ़ॉक्टरिलि-*adj.* in a satisfactory manner. तृप्तिपूर्वक।

Satisfactoriness-सॉटिस्फ़ॉक्टरिनस् - *n.* the quality of being satisfactory. सन्तोष, तृप्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Satisfactory-सैटिस्फ़ैक्टरि - *adj.* satisfying, giving content, adequate, atoning. सन्तोषजनक, तृप्तिकर, युक्त, निस्तार करनेवाला।

Satisfiable-सैटिस्फ़ाइऍबल् - *adj.* able to be satisfied. सन्तोष करने योग्य; **Satisfied** (-फ़ाइड्) -*adj.* gratified. तृप्त, सन्तुष्ट (कृतार्थ)।

Satisfy-सैटिस्फ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Satisfied.**) to gratify fully, to make payment, to be contented or pleased with, to be accepted by, to discharge. सन्तुष्ट करना, रुपया चुकाना, संतुष्ट या प्रसन्न होना, स्वीकृत किया जाना, देना।

Satisfier-सैटिस्फ़ायर्-*n.* one who gives satisfaction. सन्तुष्ट करनेवाला।

Satisfying - सैटिस्फ़ाइङ्ग् - *adj.* gratifying. सन्तोषजनक; **Satisfyingly** (-लि)-*adv.* in a satisfying manner. सन्तुष्ट करते हुए।

Satrap-सैट्रैप्-*n.* the governor of a province. मण्डलेश्वर, सूबेदार, राज्यपाल; **Satrapy** (-इ)-*n.* the office of a satrap. मण्डलेश्वर का पद।

Satsuma-सैट्-स्यु-मा-*n.* a kind of coloured Japanese pottery. एक प्रकार के मिट्टी के रङ्गीन जापानी बर्तन।

Saturable-सैच्युरेबल्-*adj.* able to be saturated. भरने या सोखने योग्य।

Saturant-सैच्यु-रन्ट्-*adj.* saturating. सोखनेवाला।

Saturate-सैच्युरेट्-*v. t.* to impregnate thoroughly with, to soak, to cause to combine with. परिपूर्ण करना, सुखाना, भरना; **Saturated** (-ऍड्) - *adj.* filled up, impregnated. भरा हुआ, सुखाया हुआ; **Saturation** (-शन्) -*n.* the act of saturating. परिपूर्णता, सुखाने।

Saturday-सैटर्डे-*n.* the seventh day of the week. शनिवार, सनीचर।

Saturn-सैटर्न्-*n.* a planet with a broad flat ring round it. शनि ग्रह।


Saturn.

Saturnalia-सैटर्नेलिआ -*n.* merry-making, wild revelry. आनंद का उत्सव।

Saturnalian-सैटर्नेलिअन् - *adj.* dissolute, sportive. विलासी, प्रमोदी।

Saturnian-सैटर्निअन् - *adj.* pertaining to Saturn. शनि ग्रह का।

Saturnic-सैटर्निक-*adj.* affected with lead-poisoning. सीसे के विष से ग्रस्त।

Saturnine-सैटर्नाइन्-*adj.* of gloomy temperament, dull, heavy. जड़ प्रकृति का, मन्द, भारी; **Saturninely**(-लि)-*adv.* in a sluggish manner. जड़ स्वभाव से।

Saturnist-सैटर्निस्ट् - *n.* a person of gloomy temperament. मन्द प्रकृति का मनुष्य।

Satyr-सैटर्-*n.* a woodland deity half-man and half-goat, a lustful person. वनदेवता जो आधा मनुष्य तथा आधा बकरे के रूप का होता है, कामुक पुरुष; **Satyric** (-इक्)-*adj.* pertaining to satyrs. वनदेवता-सम्बन्धी।

Sauce-सॉस्-*n.* a liquid preparation used with articles of food for improving their relish, impudence. मसाला (उत्तेजक पदार्थ), चटनी, धृष्टता (ढिठाई);-*v. t.* to gratify with sauce, to render pungent. मसालेदार या चटपटा बनाना; **Sauce-boat** (-बोट्)-*n.* a deep dish for holding sauce. चटनी परोसने का पात्र; **Sauce-box** (-बॉक्स्)-*n.* an impudent fellow. ढीठ मनुष्य; **Saucepan** (-पॉन्)-*n.* a handled pot used for boiling, a stewpan. पकाने का हत्थेदार बर्तन ; **Saucer** (-अर्)-*n.* a shallow vessel for placing a cup of tea. तश्तरी, रकाबी; **Saucerful** (-अर्-फ़ुल्)-*n.* as much as a saucer can contain. रकाबी भर; **Saucerless** (-अर्-लेस्)-*adj.* बिना तश्तरी का।

Saucily-सॉ'-सि-लि-*adv.* impudently, petulently. अविनय से, ढिठाई से; **Sauciness** (-नेस्) -*n.* impudence, rudeness. ढिठाई; **Saucy** (-सि)-*adj.* (*comp.* **Saucier,** *sup.* **Sauciest.**) insolent, sprightly, smart, pert. अविनीत. धृष्ट, निर्लज्ज, अहङ्कारी।

Saunter-सॉन्टर्-*v. i.* to stroll, to walk in a leisurely manner. बेकार घूमना, टहलान लगाना; **Saunterer** (-अर्)-*n.* an idle wanderer. वृथा भ्रमण करनेवाला; **Sauntering** (-इङ्ग्)-*adj.*strolling. घुमक्कड़;**Saunteringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a sauntering manner. बेकाम घूमते हुए।

Saurine-सॉ - रि-अन् - *adj.* of the crocodile family. मगर की जाति का।

Saury-सॉ-रि-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Sausage-सॉ-सेज्-*n.* minced meat seasoned and stuffed into cylindrical cases. डब्बों में भरा हुआ मसाला लगाया हुआ मांस।

Savable-सेव्-बल्-*adj.* able to be saved. बचाने योग्य; **Savableness** (-नेस्) -*n.* the state of being savable. बचाने की योग्यता।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Savage-सॅ-व्रेज्-*adj.* wild, untamed, barbarous, cruel, furious, uncivilized, out of temper. जंगली, वन्य, बर्बर, निर्दय, क्रूर, भयंकर, अशिष्ट, आचारहीन; -*n.* member of a savage tribe, a brutal, fierce or cruel person. असभ्य मनुष्य, दैत्य, राक्षस; -*v. t.* to make savage, to make an attack, to trample. असभ्य बनाना, आक्रमण करना, कुचलना; **Savagedom** (-डम्) -*n.* uncivilized state. अशिष्ट अवस्था; **Savagely** (-लि)-*adv.* in a savage manner. निष्ठुरता से, असभ्यता से; **Savageness** (-नेस्) -*n.* cruelty. निर्दयता; **Savegery** (-अरि) - *n.* cruelty, barbarity. क्रूरता, अशिष्टता, जंगलीपन; **Savagism** (-इज़्म्) -*n.* the state of uncivilized man. असभ्य मनुष्य की अवस्था।

Savanna, Savannah-सॅव्वना-*ns.* an extensive treeless plain, meadow. बिना वृक्ष का बड़ा मैदान, लम्बा-चौड़ा चरागाह।

Savant-साव़ाँ-*n.* a man of learning, a distinguished person. विद्वान्, प्रसिद्ध पुरुष।

Save-सेव्-*v. t. & i.* to make safe, to rescue, to spare, to deliver from misfortune or danger, to reserve, to husband. रक्षा करना, बचाना, मुक्त करना, रोकना, किफ़ायत करना; *prep.* except, but. सिवाय, छोड़कर; **To save one's breath** (to remain silent.) चुप रहना; **To save up** (to spare.) बचा रखना।

Saveloy-सॅव्व़'-लॉय्-*n.* a kind of well seasoned sausage. मसालेदार मांस।

Saver-सेव्-व्र् - *n.* one who saves, thrifty. बचानेवाला, कंजूस।

Savin-सॅव्विन्-*n.* a tree that yields a volatile oil. एक वृक्ष जिसमें से ताड़पीन के प्रकार का तेल निकलता है।

Saving-सेव्-विङ्ग्-*n. & adj.* what is saved, economical, effecting salvation. सञ्चय, अल्प व्यय करनेवाला, मोक्ष देनेवाला, उद्धारक; **Savingly** (-लि) -*adv.* in a saving manner. बचत करते हुए, किफ़ायत से।

Savings-सेव्-विङ्ग्ज़् -*n.* something kept from being expended, reservation. संग्रह, सञ्चित धन ; **Savings-bank** (a bank in which savings are deposited.) बचत का धन जमा करने का बंक।

Savionette-सेव्विअनेट् - *n.* a perfumed soap. सुगन्धित साबुन।

Saviour-सेव्-व्यर् - *n.* one who saves from destruction, deliverer. रक्षक, उद्धारक, मुक्ति देनेवाला।

Savory-सेव्वरि-*n.* a herb like mint used in cookery. पुदीने के प्रकार की एक वनस्पति जो भोजन में प्रयुक्त होती है।

Savour-सेव्वर् - *n.* taste, flavour, smell, suspicion. स्वाद, रस, गन्ध, शङ्का; -*v. i. & t* to taste or smell with pleasure, to delight in. स्वाद लेना, सुगन्ध लेना, आनन्द लेना ; **Savourily** (-इ-लि)-*adv.* with taste. स्वाद से; **Savouriness** (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being savoury. स्वाद, सीधापन; **Savourless** (-लेस्) -*adj.* destitute of taste or smell. बिना स्वाद या गन्ध का; **Savoury** (-इ)-*adj.* with pleasing taste. स्वादिष्ट, सोंधा।

Savoy-सव्वॉय - *n.* a kind of cabbage. एक प्रकार की बन्द गोभी।

Saw-सॉ - *n.* an instrument with toothed edge used for dividing wood, metal or stone. आरा, आरी; -*v. t.* to cut with a saw. आरी से काटना या चीरना;

Saw.

Sawer (- अर्-) -*n.* one who saws wood आराकस।

Saw-सॉ-*p. t.* of See. देखा।

Saw-सॉ'-*n.* a proverbial saying, maxim. कहावत, विधिवाक्य।

Sawdust-सॉ'-डस्ट्-*n.* small fragments obtained from sawing. आरे से निकला हुआ लकड़ी का बुरादा; **Saw-horse** (-हॉर्स्) - *n.* a rack supporting wood while sawing. बल्ले को चीरने के लिये फँसाने का फ्रेम, शिकञ्जा; **Saw-mill** (-मिल्) - *n.* mill for sawing timber. यंत्र से लकड़ी चीरने का कारखाना; **Sawney** (-नि) - *n.* a scotsman. स्कॉटलैंड निवासी ; **Saw-pit** (-पिट्) -*n.* a pit over which timber is sawn. भूमि में का गड्ढा जिसमें अड़ाकर लकड़ी चीरी जाती है ; **Saw-set** (-सेट्) - *n.* set of a saw. आरी का चपरास ; **Sawyer** (-यर्)-*n.* one who saws timber. आराकस।

Sax, Zax-सॉक्स्, ज़ॉक्स्-*ns.* an instrument for making holes in stones. पत्थर में छेद करने का औजार।

Saxatile-सॉक्स-टाइल्-*adj.* living or growing on rocks. चट्टान पर रहने या उगनेवाला।

Saxhorn-सॉक्स्'-हॉर्न्-*n.* a musical instrument like a trumpet. एक प्रकार की तुरही।

Saxifrage-सॉक्सि- फ्रेज्- *n.* a kind of rock-plant. चट्टान पर उगनेवाला एक प्रकार का पौधा।

Saxon-सॉक्सन्-*n.* North-German tribe who conquered England in the fifth century.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत्तरी जर्मनी की प्राचीन जाति के लोग जिन्होंने पाँचवी शताब्दी में इंगलिस्तान को जीता था।

Saxonism-सॉक्सनिज़्म् - *n.* Saxon idioms. सैक्सन् मुहावरे।

Saxony-सॉक्सनि - *n.* a kind of cloth made from wool. ऊन से बना हुआ एक प्रकार का वस्त्र।

Saxophone-सॉक्सॅ - फ़ोन् - *n.* a kind of brass musical instrument. एक प्रकार का मुँद से बजाने का पीतल का बाजा।

Say-सें-*n.* a fine woollen cloth like serge, speech. सर्ज के प्रकार का ऊनी वस्त्र, वचन (व्याख्यान); -*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* **Said.**) to speak, to utter, to recite, to form an opinion. बोलना (भाषण करना), कहना, वर्णन करना, विचार स्थिर करना; **I say** (I assert.) मैं दृढ़तापूर्वक कहता हूँ; **Say no more** (stop speaking.) बोलना बन्द करो; **Say three men** (almost three men.) प्रायः तीन मनुष्य (इससे अधिक नहीं); **That is to say** in other words.) दूसरे शब्दों में, अर्थात्; **They say** (such is the rumour.) ऐसी चर्चा है; **To say no** (to deny.) अस्वीकार करना; **To say out** (to explain fully.) स्पष्ट रूप से प्रकट करना।

Saying-सें' - इङ्ग् - *n.* something said, a popular proverb, a rumour. वचन, भाषण, लोकोक्ति, कहावत, जनप्रवाद, अफवाह।

Scab-स्कॉब्-*n.* dry incrustation formed over a sore while healing, a kind of skin disease, a mean fellow, a workman who does not join a strike. पपड़ी, खुट्ठी, एक प्रकार का चर्म-रोग, नीच मनुष्य, काम करनेवाला जो हड़ताल में साथ नहीं देता; **Scabbed** (-इ) - *adj.* mean, worthless. नीच, तुच्छ; **Scabbily** (-वि-लि) -*adv.* in a scabby manner. पपड़ीपन से, खुजली से, नीचता से; **Scabbiness** (-वि-नॅस्) - *n.* the state of being scabby. नीचता, खुजलाहट।

Scabbard-स्कॉ-बर्ड्-*n.* the sheath of a sword. बर्छी या तलवार की मियान।

Scabby-स्कॉ-बि' - *adj.* rough, itchy. रूखा, पपड़ीदार, खुजली का।

Scabies-स्के'-बि - ईज़् -*n.* itch, a contagious skin disease. एक प्रकार का छुतहा चर्मरोग।

Scabious-स्के'-वि - अस् - *adj.* full of scabs, itchy. खुजली से पूर्ण या ग्रस्त, खुजलीवाला।

Scabrous-स्के-ब्रस्-*adj.* rough, ragged. रूक्ष, खुरखुरा; **Scabrously** (-लि)-*adv.* in a rough manner. रूखेपन से; **Scabrousness** (-नॅस्) -*n* the state of being rough. रूक्षता, खुरखुरापन।

Scad-स्कॉड्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Scaffold-स्कॉ-फ़ॅल्ड् - *n.* an elevated platform of timber for the execution of criminals. फाँसी देने का मचान; -*v. t.* to furnish with a scaffold. मकान बनाने के लिये मचान या पाइट बाँधना; **Scaffolding** (-इङ्ग्) -*n.* a temporary structure for making or repairing a building. मचान, पाइट।

Scaglia-स्कॉल्या-*n.* a kind of red limestone. लाल खड़िया।

Scalable-स्केलॅबॅल्-*adj.* that may be scaled सीढ़ी द्वारा चढ़ने योग्य।

Scalade-स्कॉलेड्' - *n.* assault on a fortified place by means of ladders. किसी दुर्ग पर सीढ़ी लगाकर आक्रमण।

Scalariform-स्कलॅरि-फॉर्म्-*adj.* like a ladder. सीढ़ी के आकार का।

Scald-स्कॉल्ड् - *v. t.* to scorch, to burn with hot liquid or vapour, to cleanse with hot water, to boil milk. झुलसाना, खौलते पानी या भाफ से जलाना, गरम पानी में उबालकर साफ करना, दूध उबालना; - *n.* an ancient Scandinavian poet, injury caused by scalding. स्कैन्डिनेविया देश का एक प्राचीन कवि, जलने का फफोला।

Scaldhead-स्कॉल्ड्'-हेड् - *n.* a disease in the scalp of children. बच्चों के सिर का एक रोग

Scale-स्केल् - *n.* thin horny plate or layer projecting on the skin of animals, flake of skin, thin lamina on the surface of rust, dish of a balance, the sign Libra in the Zodiac, a ladder-like arrangement, basis of numerical system arranged in order of pitch, set of marks for use in measuring, series, rank, musical note, extent. प्राणियों के चमड़े के ऊपर की परत, चोइयाँ, मुर्चे की तह, तराजू का पलड़ा, तुलाराशि, सीढ़ी जैसा प्रबन्ध, संख्या-प्रणाली का क्रम नापने का चिह्न, श्रेणी, पंक्ति, सुर, परिमाण; -*v. t. & i.* to weigh in scales, to climb by ladder. तराजू में तौलना, सीढ़ी पर चढ़कर दीवार लाँघना; **On a large scale** (in a large quantity.) अधिक परिमाण में; **To hold the scales even** (to be an impartial judge, to show no prejudice.) समभाव रखना, पक्षपात न करना; **To sink in the scale** (to fall to a lower rank.) नीच अवस्था को प्राप्त करना; **To turn the scale** (to change the situation.) अवस्था बदल देना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Scale-beam-स्केल्-बीम् -*n.* a graduated rod used in weighing. तौलने का चिह्न लगा हुआ डण्डा।



Scale-beam.

Scaled-स्केल्ड्-*adj.* having scales. परतदार।

Scaleless-स्केल्'-लेस्-*adj.* without scales. बिना परत का।

Scalene-स्कॉ-लीन्'-*adj.* & *n.* with unequal sides and angles. विषम भुज तथा कोण वाला, इस प्रकार का त्रिभुज।

Scales-स्केल्स्-*n. pl.* the sixth sign of the zodiac, a simple balance. तुलाराशि, सामान्य तराजू।

Scaliness-स्केल्'-इ-नेस्-*n.* the state of being scaly. खुरखुरापन।

Scall-स्कॉल्-*n.* a scaly eruption on skin. खुजली, कुष्ठ।

Scallion-स्कॉलि-अन्-*n.* a kind of onion. एक प्रकार का प्याज।

Scallop, Scollop-स्कॉलप्, स्कलप्-*ns.* a kind of shell fish, a curve at the edge of a thing, a shallow pan for cooking oysters. एक प्रकार की सीप, किनारे पर का घुमाव, सीप पकाने की एक प्रकार की कड़ाही;-*v.t.* (*p.t.* **Scalloped.**) to cook oysters in a scallop, to ornament with scallops. ऐसी कड़ाही में सीप पकाना, किनारे पर सीप लगा कर सजाना; **Scallops** (-स्) -*n. pl.* ornamental edging. कामदार किनारा।

Scalp-स्कॉल्प्-*n.* the skull, skin and hair of head. खोपड़ी, मस्तक की त्वचा और बाल;-*v. t.* to cut off the scalp. मस्तक की खाल उखाड़ना।

Scalpel-स्कॉल्'-पेल्-*n.* a surgeon's small light knife. छोटी जर्राही छुरी, नश्तर।

Scalper-स्कॉल्पर्-*n.* an engraver's gouge. नकाशी बनानेवालों की गोलची।

Scalpless-स्कॉल्प्'-लेस्-*adj.* without a scalp. बिना खाल का।

Scalpriform-स्कॉल्'-प्रि-फ़ॉर्म-*adj.* of the shape of a chisel. रुखानी के आकार का।

Scaly-स्केल् - इ - *adj.* covered with scales. परतदार।

Scamble-स्कॉम्-ब्ल्-*v. t.* to cut roughly, to mangle. टेढ़ा-मेढ़ा काटना, आकृति भ्रष्ट करना; -*v. t.* to scramble, to be busy. उपद्रव करना, कार्य में लीन होना; **Scambler** (-अर्)-*n.* one who makes an interruption. विघ्नकारक मनुष्य।

Scamp-स्कॉम्प्-*n.* a knave, a rascal, a rogue a mean fellow. दुर्जन, दुष्ट, पाजी;-*v. t.* to execute a work carelessly. भ्रष्ट रूप से (लापरवाही से) कोई कार्य करना।

Scampish-स्कॉम्पिश् - *adj.* somewhat scamp. थोड़ा दुर्जन।

Scamper-स्कॉम्पर्-*v. t.* to run hastily. भागना, दौड़कर जाना;-*n.* fight in haste. भगदड़, दौड़।

Scan-स्कॉन्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Scanned.**) to examine the metrical correctness of a line of poetry, to examine minutely, to scrutinize. छन्द की मात्राओं की गणना करना, सूक्ष्म परीक्षा करना, जाँचना।

Scandal-स्कॉन्डल्-*n.* a shocked feeling, disgrace, defamation, backbiting, malicious talk. ग्लानि की भावना, अपमान, मान-हानि, निन्दा, चुगली, अपवाद, कलंक; - *v. t.* (*p. t.* **Scandalled.**) **Scandalize** (-आइज़्)-*v. t.* to defame, to reproach. दुर्नाम या बदनाम करना, निन्दा करना, कलंक लगाना।

Scandal-monger-स्कॉन्डल्-मॉङ्गर्-*n.* one who spreads scandal. दुर्नाम या अपवाद फैलानेवाला।

Scandalous-स्कॉन्डेलस्-*adj.* defamatory. कलंक लगानेवाला (अपवादक); **Scandalously** (-लि) -*adv.* in a scandalous manner. अपवाद से, निन्दा से; **Scandalousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being scandalous. निन्दा, अपवाद।

Scandent-स्कॉन्डेन्ट्-*adj.* climbing or creeping. चढ़नेवाला, रेंगनेवाला।

Scansion-स्कॉन्'-शन्-*n.* scanning. छन्द की मात्राओं की गणना करने की विधि।

Scansorial - स्कॉन्सोरिअल् - *adj.* habitually climbing, fit for climbing. चढ़नेवाला, चढ़ने योग्य।

Scant-स्कॉन्ट्'-*adj.* deficient, scarcely sufficient, having a scanty supply. न्यून, कम (थोड़ा), संकुचित;-*v. t.* to limit. कम करना, हद बाँधना।

cantily-स्कॉन्टिलि-*adv.* in a scanty easure. थोड़े में; **Scantiness** (-टि-नेस्)-*n.* deficiency. स्वल्पता, कमी।

Scanty-स्कॉन्ट्-इ-*adj.* not ample, small, कम (थोड़ा), अल्प।

Scantling-स्कॉन्ट्' - लिङ्ग् - *n.* a specimen, pattern, small amount, sample. आदर्श, नमूना, थोड़ा पदार्थ, बानगी।

Scape-स्केप्-*v. i.* to escape. भाग जाना;-*n.* an escape, a slip, a transgression, the cry of a snipe, a landscape, a picture of a scen

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ery, shaft of a feather, spring, stem which bears fruits. पलायन (भागने का काम), भूल, चूक, कानून या नियम तोड़ने का काम, चाहा पक्षी की बोली, प्राकृतिक भूभाग का दृश्य प्राकृतिक दृश्य का चित्र, पर की डण्डी, पौधे में फलनेवाली डाल, डंठल।

Scapegallows-स्केप्-गॅलोज़्-*n.* one who has narrowly escaped the gallows. फाँसी पड़ने से बाल-बाल बचा हुआ व्यक्ति।

Scapegoat-स्केप्'-गोट्-*n.* one who is made to suffer for another. बलिदान का बकरा, दूसरे के लिए कष्ट उठानेवाला।

Scapegrace-स्केप्-ग्रेस्-*n.* a good-for-nothing fellow. निर्लज्ज, बेहया; **Scapement** (-मॅन्ट्) -*n.* the steep side of a hill. पहाड़ी की खड़ी दीवाल।

Scaphoid-स्कॉ-फ़ॉइ-इ-*adj.* of the shape of a boat. नाव की आकृति का।

Scapple-स्कॉ-प्ल्-*v. t.* to make a stone surface straight. पत्थर को समतल करना।

Scapula-स्कॉप्युला-*n.* (*pl.* **Scapulae.**) the shoulder-blade. कन्धे पर की हड्डी, (हँसिया) हँसुली; **Scapular** (-अर्)-*adj.* pertaining to scapula. कन्धे पर की हड्डी-सम्बन्धी।

Scar-स्कार् -*n.* mark of a sore or wound, craggy part of a mountain. घाव का चिह्न, पहाड़ का उभड़ा भाग;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Scarred.**) to mark with a scar. अंकित करना, घाव का चिह्न पड़ना; **Scarless** (-लॅस्) -*adj.* without a scar. घाव के चिह्न से रहित।

Scarab-स्कॉरब्-*n.* the sacred beetle of ancient Egypt. प्राचीन मिस्र देश का पवित्र झींगुर।

Scaramouch- स्कॉर्' - अमाउच् - *n.* boastful coward. डरपोक शेखीबाज मनुष्य।

Scarce-स्केअर्स् - *adj. & adv.* not plentiful, scanty, rare, uncommon. अल्प, न्यून, विरल, दुर्लभ; **Scarcely** (-लि)-*adv.* hardly, rarely. कठिनता से, किसी प्रकार, प्रायः नहीं; **Scarceness** (-नॅस्)-*n.* the state of being scarce. विरलता, अभाव; **Scarcity** (-इ-टि)-*n.* deficiency, dearth, rareness, want, famine. दुर्लभता, स्वल्पता, दुर्भिक्ष, न्यूनता, कमी, दुष्काल।

Scare-स्केअर्-*v. t.* to terrify, to frighten, to drive away by frightening. त्रासना, डराना, डराकर भगाना; -*n.* a sudden alarm. अकारण भय; **To scare away** (to drive away by fright.) डराकर भगा देना।

Scarecrow-स्केअर्'-क्रो-*n.* something set up in the field to frighten birds away. विभीषिका, चिड़ियों को डराने का पुतला।

Scaremonger - स्केअर्'-मॉङ्गर् - *n.* one who creates panic. आतंक फैलाने वाला मनुष्य।

Scarf-स्कार्फ़्-*n.* (*pl.* **Scarves.**) a long narrow piece of cloth worn round the neck or shoulders, necktie. गुलूबन्द, दुपट्टा, रूमाल; -*v. t.* to join the ends of timber or metal. बल्ला या लोहे की धरन के छोरों को जोड़ना; **Scarf-joint**(joint of two pieces of timber.) इस प्रकार का जोड़; **Scarf-pin** (ring worn round the ends of a scarf.) रूमाल अटकाने की (सोने की या जड़ाऊ) मुँदरी; **Scarf-skin** (outer skin.) ऊपरी खाल।

Scarificator-स्कॉरिफ़ि-केंटर्-*n.* a kind of surgical instrument. काटने तथा कोंचने का एक जर्राही औजार।

Scarifier-स्कॉ-रि-फ़ाइ-अर् - *n.* an agricultural machine for turning soil, road breaking machine. भूमि तोड़ने का किसानों का एक औजार, सड़क तोड़ने का यन्त्र।

Scarify-स्कॉरि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* **Scarified.**) to make incisions in, to cut off. चमड़ा छेदना या काटना।

Scarious-स्केरिअस् -*adj.* full of membranes, thin and dry. नसदार, पतला तथा सूखा।

Scarlatina-स्कार्ल-टीना-*n.*scarlet fever. सिंदूर ज्वर, लाल बुखार।

Scarlet-स्कार्लॅट्-*n. & adj.* bright red colour, of brilliant red colour. गहरा लाल रंग, अंगूरी रंग का; **Scarlet fever** (a kind of fever characterized by scarlet rash.) एक प्रकार का ज्वर जिसमें अंग में सर्वत्र लाल चकत्ते पड़ जाते हैं।

Scarp-स्कार्प्-*n.* the inner slope of a ditch, perpendicular slope. खाईं की भीतरी दीवार, सीधी ढाल;-*v. t.* to make a perpendicular slope. खड़ी ढाल बनाना; **Scarped** (-इ)-*adj.* cut down. कटा हुआ।

Scarred-स्कार्ड्-*adj.* marked with scars. चिह्नों से अंकित।

Scarus-स्केरस्-*n.* a fish of bright hue. चमकीले रंग की एक प्रकार की मछली।

Scathe-स्केद्'-*v. t.* to injure, to damage. नष्ट करना, हानि करना; -*n.* injury. चोट, हानि; **Scatheful** (-फ़ुल्)-*adj.* injurious harmful.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हानिकारक; **Scathefulness** (-फ़ुल् नेस्)-*n.* injuriousness. हानि ; **Scatheless** (-लेस्) *adj.* without injury. हानि-रहित ।

Scathing-स्केदिङ्ग्-*adj.* withering. नष्ट होता हुआ; **Scathingly** (-लि) -*adv.* in a scathing manner. हानि करते हुए ।

Scatology-स्कॉ-टॅ-लॅ - जि-*n.* study of filthy insects. गन्दगी के कीड़ों के अध्ययन का शास्त्र ।

Scatophagous-स्कॉ-टॅ-फ़ॅ-गस्-*adj.* feeding on dung. मल या विष्ठा भोजन करनेवाला ।

Scatter-स्कॉ-टर्-*v. t. & i.* to throw here and there, to disperse, to spread. फैलाना, छितराना, बिखेरना; **Scatter-brain** (a thoughtless person.) अव्यवस्थित पुरुष ; **Scatter-brained** (heedless, desultory.) लापरवाह ; **Scattered** (-ड्) -*adj.* strewn. छितराया हुआ ; **Scattering** (-इङ्ग्) -*adj.* strewing. छितराने वाला;**Scatteringly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a scattering manner. छितराते हुए; **Scatterings** (-इङ्ग्ज़्)-*n. pl.* things scattered. छितराई हुई वस्तुएँ ।

Scatterling-स्कॉटर्लिङ्ग्-*n.* a vagabond. घुमक्कड़ मनुष्य ।

Scaup -स्कॉप्-*n.* a kind of duck. एक प्रकार का बत्तख ।

Scauper-स्कॉपर्-*n.* an engraver's gouge. नकाशीगर की गोलची ।

Scavenger-स्कॉ-वॅ-न्जर्-*n.* a person employed to keep the streets clean by removing refuse. मेहतर, सड़क का कूड़ा हटानेवाला; **Scavengery** (-इ) -*n.* the work of a scavenger. मेहतर का काम ।

Scena-सीना-*n.* portion of an opera. संगीत नाटक का अंग ।

Scenario-शे'-नारिओ-*n.* the plot of a play in which the order of scenes, story etc. are laid out. नाटक की कथा, अङ्क आदि के क्रम का विवरण ।

Scene-सीन्-*n.* stage of a theatre, place on which anything is exhibited, a dramatic representation, portion of a play, painted canvas of a theatre. रंगभूमि, प्रदर्शन-भूमि, नेपथ्य, स्थल, दृश्य, नाटक का अंक, नाटक का पर्दा ।

Scenery-सी-नरि-*n.* representation of a scene spectacle. दृश्य, भूमि, कृत्रिम रचना ।

Scenic-सी'(-से)-निक्-*adj.* of the stage, picturesque. नेपथ्य-सम्बन्धी, सुन्दर (बहारदार) ; **Scenically** (-अलि) -*adv.* in the form of a scene. नेपथ्य रूप में, सुन्दरता से ।

Scenografic-सीनॅ-ग्रॉ-फ़िक्-*adj.*drawn in perspective. उभाड़ दिखलाती हुई चित्रकारी का ।

Scenography-सीनॅ-ग्रॉ-फ़ि-*n.* representation in perspective. नाटक के पर्दे को ऐसा रँगना कि वह पर्दा न मालूम हो, सच्चा दृश्य जान पड़े ।

Scenographer-सी-नॅ-ग्रॉफ़्' - अर्-*n.* one who paints in perspective. ऐसा दृश्य बनानेवाला जो सच्चा जान पड़े ।

Scenographic-सी-नॅ-ग्रॉफ़्' - इक्-*adj.* pertaining to scenography. ऐसा दृश्य सम्बन्धी जो सच्चा जान पड़े ।

Scenographically-सी-नॅ-ग्रॉफ़'-इक् - अलि-*adv.* in perspective. उभाड़ दिखलानेवाली चित्रकारी में ।

Scent-सेन्ट्-*n.* agreeable odour, perfume. सुगन्ध, महक;-*v.t. & i.* to smell, to perfume, to discover by smelling, to suspect the presence of. सूँघना, सुगन्धित करना, गन्ध द्वारा किसी का पता लगाना, सन्देह करना; **On the scent** (in search of, having a clue.) खोज में; **To put off the scent** (to deceive by false indication.) धोखा देना, छलना ; **Scent-box** (-बॉक्स्) -*n.* box for keeping perfumes. अतरदान ; **Scented** (-ऍड्) -*adj.* perfumed. सुगंधित ; **Scented dames** (cigarettes.) सिगरेट, चुरुट; **Scentful** (-फ़ुल्) -*adj.* odorous. सुगन्धित, खुशबूदार ; **Scentless** (-लेस्) -*adj.* inodorous. गन्धहीन, बिना गन्ध का ।

Scapsis, Skepsis-स्कॅप्'-सिस्-*ns.* philosophic scepticism. तत्त्वज्ञानियों का अविश्वास ।

Sceptic-स्कॅप्-टिक्-*n.* one who has no faith in religious doctrines, an atheist. धार्मिक सिद्धान्तों में विश्वास न रखनेवाला, नास्तिक ; **Sceptical** (-अल्)-*adj.* incredulous, doubting. संशयात्मक, सच्ची बातों में भी सन्देह करनेवाला ; **Sceptically** (-अलि) -*adv.* in a sceptic manner. संशय (संदेह) से ; **Scepticism** (-सिज़्म्) -*n.* doubt, sceptical principle. सन्देह, अविश्वास ।

Sceptre-सॅप्टर्-*n.* a staff borne as emblem of sovereignty, royal power or authority. राजदण्ड, प्रभुत्व, राजाधिकार ; **Sceptred** (-ड्) -*adj.* bearing a sceptre, regal. दण्डधर, अधिकारयुक्त; **Sceptred king** (anointed king.) अभिषेक किया हुआ राजा; **Sceptreless** (-लेस्) -*adj.* without authority. बिना प्रभुत्व या अधिकार का ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Schedule-शेड्ड्'-यूल्-*n.* statement of details in tabular form, a list or inventory. परिसंख्या, नामावली, सूची;-*v. t.* to make a catalogue of. सूचीपत्र बनाना; **Scheduled time** (time stated in the time-table.) सूचीपत्र में का निर्धारित समय।

Schema-स्की'-मीं-*n.* (*pl.* **Schemata.**) diagram, outline, essentiality. खाका, आकार मात्र, तत्त्व।

Schematic - स्किमैटिक् - *adj.* diagramatic. आकार मात्र का; **Schematically** (-अलि) *ad.* diagramatically. आकार मात्र में।

Scheme-स्कीम्-*n.* a system of classification, plan for doing a thing, system, project, a diagram, artful design, contrivance. वर्गीकरण-प्रणाली, योजना, अनुसन्धान, व्यवस्था, कल्पना, चित्र, नक्शा, कपट-प्रबन्ध, उपाय ; -*v. i. & t.* to form a plan, to contrive. उपाय करना, कपट प्रबन्ध करना; **Schemer** (-अर्) -*n.* one who makes a scheme. उपाय रचनेवाला ; **Scheming** (-इङ्ग्) -*n.* the act of planning, intriguing. छल, कपट-प्रबन्ध ; **Schemingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* by way of scheming. कपट प्रबन्ध करते हुए।

Scheroma-स्कें-रॅ'-मा-*n.* dryness of the eye. आँखों का सूखापन।

Schetic-स्कें - टिक्-*adj.* constitutional. प्रकृति-सम्बन्धी।

Schism-सिज़्म्-*n.* the separation of a church, faction. गिर्जे का अलगाव, फूट।

Schismatic-सिज़्मैटिक् - *adj.* pertaining to schism. भेदमूलक ; **Schismatically** (-अलि) -*adv.* in a schismatic manner. मतभेद से।

Schismatize-सिज़्मटाइज़् - *v. t.* to create schism. मतभेद या फूट उत्पन्न करना।

Schist-शिस्ट्-*n.* a rock splitting up in thin layers. पतली तहों में अलग होनेवाली चट्टान ; **Schistose** (-ओज़्)-*adj.* ऐसी चट्टान का।

Schizanthus-स्कि (-स्काइ)-ज़न्थस्-*n.* a kind of flowering plant. एक प्रकार का फूलदार पौधा।

Scholar-स्कॉलर्-*n.* one who learns, a pupil, a learned person. विद्यार्थी, छात्र, विद्वान् ; **Scholarly** (-लि) -*adj.* like a scholar. पण्डितोचित्, पंडित के समान; **Scholarship** (-शिप्) -*n.* erudition, learning, a money allowance given to a student. पाण्डित्य, विद्या, छात्रवृत्ति।

Scholastic-स्कॅ-लॅ-स्टिक्-*adj.* pertaining to a scholar or university, educational, pedantic, scholarlike, academic. विद्वान् या विश्वविद्यालय सम्बन्धी, विद्याविषयक, शास्त्रीय; -*n.* one who follows scholasticism. धर्माधिकारी; **Scholastically** (-अलि) -*adv.* in a scholastic manner. विद्यानुराग या पाण्डित्य से; **Scholasticism** (-सिज़्म्)-*n.* a scholastic philosophy or learning. विद्यानुराग, पांडित्य।

Scholiast-स्को'-लि - ऑस्ट्-*n.* a commentator, an annotator. भाष्यकार, टीकाकार; **Scholiastic** (-इक्) -*adj.* pertaining to a scholiast. भाष्य-सम्बन्धी।

Scholium-स्को'-लि-अम्-*n.* (*pl.* **Scholia.**) a marginal commentary. पुस्तक के किनारे पर लिखी हुई टीका।

School-स्कूल्-*n.* an educational institution for boys and girls, place of instruction, disciple of a teacher, branch of study, shoal of fish. विद्यालय, पाठशाला, सम्प्रदाय, शिक्षा की शाखा, मछलियों का झुण्ड ;-*v. t.* to instruct, to tutor. विद्या पढ़ाना (सिखलाना), अध्ययन कराना; **Boarding School** (a school in which pupils are lodged as well as taught.) पाठशाला जिसमें विद्यार्थियों के रहने तथा पढ़ाने का प्रबन्ध रहता है ; **High School** (a secondary school.) माध्यमिक विद्यालय ; **Higher Secondary school** (an intermediate college.) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ; **Primary School** (an elementary school.) प्रारम्भिक विद्यालय ; **Secondary School** (school in which pupils are prepared for the university.) जिस पाठशाला में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शिक्षा के लिये तैयार किया जाता है, माध्यमिक विद्यालय ; **School-book** (a book used in school.) स्कूल में पढ़ाने की पुस्तक ; **Schoolboy** (a boy attending a school.) पाठशाला में पढ़नेवाला विद्यार्थी ; **School-fellow** (one taught at the same school.) सहाध्यायी।

Schoolable-स्कूलॅबूल् - *adj.* of school age, liable by age to compulsory education. स्कूल में पढ़ने के लिये जाने योग्य।

Schooling-स्कूलिङ्ग् - *n.* instruction in a school. विद्यालय में शिक्षा।

Schoolman-स्कूल्' - मॅन्-*n.* a philosopher. दार्शनिक, तत्त्ववेत्ता।

Schoolmaster-स्कूल्'-मास्ट्-अर्-*n.* a teacher in school. पाठशाला का अध्यापक।

Schoolmate-स्कूल्'-मेट्-*n.* a school fellow पाठशाला का साथी।

Schoolmistress-स्कूल-मिस्' - ट्रेस्-*n.* a female teacher. अध्यापिका।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Schoolteacher-स्कूल'-टीच्-अर् -*n.* one who teaches in a school. पाठशाला का अध्यापक।

Schooner- स्कू - नर् - *n.* a small sailing vessel with two or more masts. दो या दो से अधिक मस्तूल का छोटा जहाज़।

Schooner.

Sciagram-साइऑग्राम्-*n.* X-ray picture. एक्स किरण से उतारा हुआ चित्र; **Sciagrammatic** (-ऑट्-इक्) - *adj.* pertaining to X-ray picture. ऐसे चित्र से संबंधित; **Sciagrammatically** (-अलि) - *adv.* in a sciagrammatic manner. ऍक्स्-रे की रीति से।

Sciagrapher-साइऑग्रॉफ़र्-*n.* an X-ray photographer. एक्स-रे द्वारा चित्र उतारनेवाला।

Sciagraphy-साइऑग्रफ़ि-*n.* art of shading in drawings and sketches, X-ray photography, finding of time by the shadow of the sun. चित्र में छाया दरसाने की कला, एक्स-किरण द्वारा फ़ोटो उतारने की कला, सूर्य की छाया से समय का अनुमान करना।

Sciamachy - साइऑमकि - *n.* fighting with shadows. छाया से लड़ाई, छाया-युद्ध।

Sciamancy-साइ'-ऑ-मॉन्-सि-*n.* divination by shadows. छाया से शकुन कथन।

Sciatic-साइऑटिक्-*adj.* of the hip. कूल्हे का; **Sciatically** (-अलि)-*adv.* in a sciatic manner. कूल्हे के रोग से; **Sciatica** (-आ)-*n.* a neuralgia affecting the hip or thigh. कूल्हे पर की अथवा घुटने पर की गठिया।

Science-साइ'-अन्स्-*n.* systematic knowledge. विज्ञान (विद्या) शास्त्र; **Applied science.** (science dealing with industrial processes.) उद्योग (व्यवसाय) में प्रयुक्त होनेवाला विज्ञान; **Natural science** (science dealing with natural phenomena.) प्राकृतिक विज्ञान; **Physical science** (science dealing with physical aspects of matter.) भूतत्व विज्ञान-यथा ज्योतिष, रसायन शास्त्र, विद्युतशास्त्र तथा यन्त्र-रचना शास्त्र, भौतिक विज्ञान; **Pure science.** (science apart from practical applications.) शुद्ध विज्ञान।

Scientific-साइ'न्टिफ़िक् - *adj.* pertaining to science. शास्त्रीय विद्या सम्बन्धी, वैज्ञानिक; **Scientifically** (-अलि) -*adv.* in a scientific manner. विज्ञान के अनुसार।

Scientist-साइ'न्टिस्ट्-*n.* one who is versed in science. वैज्ञानिक।

Scilicet-साइ'-लि-सेट्-*adv.* (*abbr.* Sc.) namely that is to say. अर्थात्।

Scimitar-सि-मिटर्-*n.* a short curved sword. खड्ग, टेढ़ी तलवार, कृपाण।

Scintilla-सिन्टिलॉ - *n.* a spark. स्फुलिंग, चिनगारी।

Scimitar.

Scintillant-सिन्टिलन्ट्-*adj.* emitting sparks. चिनगारी फेंकनेवाला।

Scintillate-सिन्टिलेट्-*v. t.* to sparkle, to emit sparks. चमकना, चिनगारी फेंकना।

Scintillation-सिन्टिलेशन्-*n.* the act of sparkling. चिनगारी का फेंकाव।

Sciolism-साइ'-ॲ-लिज़्म्-*n.* little knowledge. अल्प ज्ञान; **Sciolist** (-लिस्ट्)-*n.* a pretender of knowledge, one who has a smattering knowledge of something. अल्पज्ञ, थोड़े ज्ञानवाला; **Sciolistic** (-लिस्ट्-इक्)-*adj.* pertaining to little knowledge. अल्प ज्ञान सम्बन्धी।

Scion-साइ-अन्-*n.* the shoot of a plant, a descendant. (नवपल्लव) अंकुर, वंशज, सन्तान।

Scioptics-साइ-ऑप्'-टिक्स्-*n.* the art of exhibiting through a hole in a dark room. अँधेरी कोठरी में छिद्र द्वारा चित्र-प्रदर्शन की कला।

Scirrhosity-सिरॉसिटि-*n.* knottiness. मांस-ग्रन्थि, गिल्टी।

Scirrhous-सि-रस्-*adj.* knotty. गाँठदार।

Scirrhus-सि-रस्-*n.* a hard tumour developing into a cancer. गिल्टी जो बढ़कर जहरबाद हो जाती है।

Scissel-सि-सें' - ल् - *n.* a metal plate from which disks have been cut out. चद्दर का टुकड़ा जिसमें से गोल टिकुलियाँ काट ली गई हों।

Scissile-सि-साइल्-*adj.* able to be divided into small pieces. गोल छोटे टुकड़ों में काटने योग्य।

Scission-सिशन्-*n.* the act of cutting. कटाव, फटन।

Scissor-सिज़र्-*v. t.* to cut off with scissors. कैंची से काटना; **Scissoring** (-इङ्ग्) - *n.* a thing cut with scissors. कैंची से काटी हुई वस्तु।

Scissors-सिज़-ज़्-*n. pl.* a cutting instrument consisting of two blades mounted on a

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

pin. करतनी, कैंची; **Lamp-scissors** (scissors for trimming the wick of lamps.) लम्प की बत्ती काटने की कैंची; **Nail-scissors** (scissors for trimming nails.) नख काटने की कैंची।

Sciurine-साइ'-यु-राइन्-*adj.* like a squirrel. गिलहरी की तरह का, गिलहरी की जाति का।

Scleriasis-स्क्लि-राइ'-अ-सिस्-*n.* hardening of tissues. शरीर-तन्तुओं का कड़ा पड़ जाना।

Scleroid-स्क्ली'-रॉ-इड्-*adj.* hard in texture. कड़ी बनावट का।

Scleroma, Sclerosis-स्क्लिरोमा (-रोसिस)-*ns.* (*pl.* **Scleromata.**) hardening of cells or tissues. शरीर-कोशाओं या तन्तुओं का कड़ा होना या कड़ा पड़ जाना।

Sclerotic-स्क्लि-रॅ-टिक्-*adj.* hard. कड़ा;-*n.* firm outer membrane of the eye ball. आँख की पुतली की कड़ी, पुष्ट बाहरी परत, शुक्ल पटल।

Sclerous-स्क्ली-रस-*adj.* hardened. कड़ा किया हुआ।

Scobiform-स्को-बि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of saw-dust. लकड़ी के बुरादे के आकार का।

Scobs-स्कॉब्ज़्-*n.* raspings of ivory. हाथीदाँत का चूरा।

Scoff-स्कॉफ़्-*n.* taunt, object of ridicule. आक्षेप, तिरस्कार;-*v. i.* to mock at, to show contempt or scorn. आक्षेप करना, ताना मारना।

Scoffer-स्कॉफ़र्-*n.* one who scoffs. ताना मारनेवाला।

Scoffing-स्कॉफ़िङ्ग्-*n.* the act of mockery. उपहास, ठट्ठा; **Scoffingly** (-लि) -*adv.* in a mocking manner. ठट्ठा करते हुए, ताना मारते हुए।

Scold-स्कोल्ड्-*v. i. & t.* to find fault with, to rail, to chide, to rebuke. दोष निकालना, ताना मारना, झिड़कना, गाली देना; -*n.* scolding, a rude and clamorous woman. झिड़की (ताना), अशिष्ट तथा झगड़ालू स्त्री; **Scolder** (-अर्) -*n.* one who scolds. निन्दक, गाली देनेवाला; **Scolding** (-इङ्ग्) -*n.* railing language. निन्दा, गाली, झिड़की।

Scolex-स्को-लॅक्स्-*n.* a tape-worm in its early stage. चिपटे केंचुवे का आदि रूप।

Scoliosis-स्कॅ-लि-ओ'-सिस्-*n.* curvature of spine. पीठ की रीढ़ का टेढ़ापन।

Scoliotic-स्कॅ-लि-ओ-टिक्-*adj.* pertaining to curvature of spine. पीठकी रीढ़ के घुमान का।

Scolopendra-स्कॅलॅ-पॅन्ड्रा-*n.* centipede. कनखजूरा, गोजर।

Scolopendrine-स्कॅलॅ-पॅन्'-ड्राइन्-*adj.* simllar to a centipede. गोजर के समान।

Scolopendrium-स्कॅलॅ-पॅन्ड्रिअम्-*n.* a kind of fern. एक प्रकार की वनस्पति।

Scolytus-स्कॉ-लि-टस्-*n.* a beetle which is destructive to trees. वृक्ष में लगनेवाला कीड़ा।

Scomber-स्कॉम्'-बर्-*n.* (*pl.* **Scombri.**) a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Sconce-स्कॉन्स्-*n.* a candlestick to be attached to a wall, the crown of head, a fortification, judgment, discretion, punishment for breach of discipline. दीवार पर लगाने की मोमबत्ती, ललाट (मस्तक), गढ़ी, न्याय, आज्ञा-भंग करने का दण्ड;-*v. t.* to fortify, to fine. क़िलाबन्दी करना, जुर्माना करना।

Scone -स्कॉन् -*n.* soft bread of wheat or barley. जव या गेहूँ की मुलायम रोटी।

Scoop-स्कूप्-*n.* a deep shovel with short handle, a large dipping vessel for transferring liquids. छोटी डण्डी का पोला फरसा (करवा), बड़ा चम्मच; -*v. t.* to empty, to make hollow, to dig out. खाली करना, गर्त बनाना, खोदना; **Scooper** (-अर्)-*n.* an engraver's tool. नकाशी करनेवाले का यंत्र; **Scoop-wheel** - *n.* a wheel with buckets for lifting water. पानी उठाने का रहट।

Scoot-स्कूट्-*v. i.* to run, to dart off. झपटना, दौड़ना।

Scooter-स्कूटर्-*n.* a kind of child's toy. लड़कों के खेलने का पहियादार तख्ता।

Scopa-स्को'-पॉ-*n.* (*pl.* **Scopae.**) brush-like hair on the feet of bees. मधुमक्खी के पैर पर के रोयें।

Scope-स्कोप्-*n.* end, aim, intention, purpose, sphere, extent, opportunity. अभिप्राय, हेतु, तात्पर्य, अवधि, सीमा, अवसर।

Scope-स्कोप्-*pref.* in sense of "watching". "निरीक्षक" अथवा "अवधि" अर्थ का उपसर्ग।

Scopiform-स्को'-पि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of broom. झाड़ू के आकार का।

Scopiped-स्को'-पि-पॅड्-*n.* a broom-footed insect. एक कीड़ा जिसके पैर झाड़ू के आकार के होते हैं।

Scopulous-स्को'-प्यु-लस्-*adj.* full of rocks. चट्टानों से परिपूर्ण।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Scorbutic-स्कॉ-र्ब्यू -टिक् - *adj.* affected with scurvy. रक्तस्राव रोग से ग्रस्त ; **Scorbutically** (-अलि)-*adv.* रक्तस्राव से पीड़ित दशा में।

Scorch-स्कॉर्च - *v. t. & i.* to turn the surface of a thing, to parch by heat, to be dried up. किसी पदार्थ की ऊपरी तह जलाना, झुलसाना, सूख जाना; **Scorcher** (-अर्) -*n.* he who or that which scorches. झुलसाने या जलानेवाला; **Scorching** (-इङ्ग्)-*adj.* burning. झुलसानेवाला, जलानेवाला; **Scorchingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a scorching manner. झुलसाते हुए।

Score-स्कोर्-*n.* a notch, starting point of a race, account, a set of twenty, reckoning, number of points made by a player in certain games. दरार (फटन), दौड़ आरंभ करने का स्थान, हिसाब, कोड़ी, गणना, खेल के अंकों की गणना; -*v. t. & i.* to cut, to notch, to engrave, to set account. काटना (छीलना), चिह्नित करना, गणना करना; **On that score** (about that subject.) उस विषय में; **Score-book** (a book in which scores are registered.) गणना करने की पुस्तक; **Scores of people** (a large number of men.) मनुष्यों की अधिक संख्या; **To pay one's score** (to settle reckoning.) गिनती ठीक करना; **To score under** (to underline.) रेखांकित करना।

Scorer-स्कोरर् - *n.* one who counts. गिनती करनेवाला।

Scoria-स्कोरिआ-*n.* (*pl.* **Scoriae.**) fragment of lava. ज्वालामुखी पर्वत से फेंके हुए मलबे के अंश।

Scorification-स्को - रि - फ़ि-के-शन्-*n.* the act of reducing to dross. मल में परिवर्तन।

Scorify -स्को-रि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Scorified.**) to reduce to drossy matter. मल में बदलना, मलवा जमाना।

Scorn-स्कॉर्न्-*v. t.* to hold in contempt, to despise, to slight. तिरस्कार करना, अपमान करना, धिक्कारना ; - *n.* extreme contempt, derision. तिरस्कार, घृणा; **Scorner** (-अर्)-*n.* one who scorns or derides. तिरस्कार या अपमान करनेवाला; **Scornful** (-फ़ुल्) -*adj.* disdainful. तिरस्कार-युक्त ; **Scornfully** (-फ़ुलि) -*adv.* disdainfully. तिरस्कार (उपेक्षा) से ; **Scornfulness** (-फ़ुल-नेस्)-*n.* the state of being scornful. निन्दा, तिरस्कार।

Scorpio - स्कॉर्पि - ऑ - *n.* the eighth sign of zodiac. वृश्चिक राशि।

Scorpioid-स्कॉर्-पि-ऑ-इड्-*adj.* of the form of a scorpion's sting. बिच्छू के डंक की तरह किनारे पर मुड़ा हुआ।

Scorpion-स्कॉर्पिअन्-*n.* one of the signs of the zodiac, a lobster-like reptile with poisoned sting at its tail. वृश्चिक, बिच्छू; **Scorpion-shell** (a kind of shell-fish.) एक प्रकार की सीपवाली मछली।

Scot-स्कॉट्-*n.* a native of Scotland, payment of tax. स्कॉटलैंड देश का निवासी, कर, महसूल।

Scotch-स्कॉच्-*n. & adj.* of Scotland, native of Scotland, its language. स्कॉटलैंड का, इस देश सम्बन्धी, यहाँ की भाषा; - *v. t.* to wound without killing, to prevent motion, to support on wheel. हलका घाव करना, रोकना, पहिये पर रखना; **Scotchman, Scotchwoman** (man or woman of Scotland.) इस देश का पुरुष या स्त्री; **Scot-free** (स्कॉट्-फ़्री)-*adj.* not having to pay anything, unhurt. बिना कर दिये, अविकल, बिना चोट लगे।

Scotia-स्कोश्यी - *n.* moulding at the bottom of a column, खम्भे की पेंदी पर का गोला।

Scoto-स्कॉ-टॅ-*pref.* in sense of " darkness ". "अन्धकार" अर्थ का उपसर्ग।

Scotograph-स्कॉ-टॅ-ग्रॉफ्-*n.* a writing instrument for the blind. अन्धों के लिखने का यन्त्र

Scotomy-स्कॉ - टॅ - मि-*n.* dizziness of sight. दृष्टि भ्रम, धुँधली दृष्टि।

Scotticism-स्कॉटि-सिज़्म्-*n.* use of Scotch words. स्कॉच् शब्दों का प्रयोग।

Splash-स्प्लॉश्-*v.t.* & *i.* to spatter with water, mud &c., to be scattered in drops, to ornament. पानी या कीचड़ का छींटा देना, बूँदों में बिखेरा जाना, अलंकृत करना, गहनों से सजाना; -*n.* water or dirt thrown up, the sound of something falling into water. छींटा, बौछार, जल में कोई वस्तु गिरने का शब्द; **Splasher** (-अर्)-*n.* a mud-guard over wheels. पहिये के ऊपर कीचड़ या पानी का छींटा बचाने का साधन (पङ्खा); **Splashing** (-इङ्ग्)-*adj.* spattering. छींटा उड़ानेवाला; **Splashy** (-इ)-*adj.* full of dirty water. गन्दे जल से पूर्ण।

Splatter-स्प्लॉ-टर्-*v. i.* & *t.* to make a continuous sound of splashing, to speak unintelligibly. निरन्तर छींटे का शब्द करना, अस्पष्ट बोलना।

Splay-स्प्लेॅ-*v. t.* & *i.* to construct with one side wider than the other. गावदुम बनाना,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एक ओर की अपेक्षा दूसरी ओर सँकरा करना;-*n.* an embrasure. गावदुम रचना ;- *adj.* turned outward. बाहरी ओर फैला हुआ ; **Splay-foot** -*n.* (flat-soled foot.) जिसका चिपटा पर बाहर को घूमा हो; **Splay-mouth**-*n.* a wide mouth. चौड़ा मुख।

Spleen-स्प्लीन्-*n.* the organ situated at the left of the stomach which produces certain modifications in the blood, ill-temper, spite. प्लीहा (बरवट, तापतिल्ली), रोष, क्रोध, घृणा; **Spleenful** (- फ़ुल्) - *adj.* peevish, angry. चिड़चिड़ा, क्रोधी; **Spleenfully** (-लि) -*adv.* in a spleenish manner. कुछ-कुछ क्रोध या चिड़चिड़ाहट से; **Spleenish** (-इश्) - *adj.* somewhat peevish. कुछ-कुछ चिड़चिड़ा; **Spleenishly** (-लि) - *adv.* in a spleenish manner. कुछ-कुछ क्रोध या चिड़चिड़ाहट से ; **Spleenless** (- लेस्) -*adj.* without a spleen, mild, gentle. बिना प्लीहा का, नम्र, सुशील; **Spleeny** (-इ)-*adj.* fretful. क्रोधी, खिन्न, चिड़चिड़ा।

Splen-स्प्लेन्-*pref.* in the sense of 'spleen'. 'प्लीहा' अर्थ का उपसर्ग।

Splenalgia-स्प्लेनल्जिआ-*n.* pain in spleen. प्लीहा में पीड़ा।

Splendent-स्प्लेन्डेन्ट्-*adj.* shining, of bright metallic lustre. देदीप्यमान, धातु के समान चमकता हुआ।

Splendid-स्प्लेन्डिड्-*adj.* glorious, shining, excellent. प्रतापवान, शोभायमान (श्रेष्ठ) ; **Splendidly** (-लि) - *adv.* in a splendid manner. श्रेष्ठता से, महत्त्व से।

Splendour-स्प्लेन्डर्-*n.* great brightness, grandeur, pomp, magnificence. तेज, प्रताप, विभव, महत्त्व।

Splenetic-स्प्लिनेटिक् - *adj.* peevish, gloomy, of irritable nature. दुःखी, क्रोधी, चिड़चिड़ा;-*n.* a person affected with spleen. प्लीहा (बरवट) के रोग से ग्रस्त मनुष्य; **Splenetically** (-अलि) -*adv.* in an irritable manner. चिड़चिड़ेपन से, क्रोध से।

Splenial-स्प्लीनिअल्-*adj.* serving the purpose of a splint. कमठी की तरह प्रयोग में आनेवाला।

Splenic-स्प्लेनिक् - *adj.* belonging to the spleen. प्लीहा (बरवट) सम्बन्धी।

Splenitis-स्प्लिनाइ-टिस्-*n.* inflammation of spleen. प्लीहा की सूजन।

Splenius-स्प्ली-नि-अस् -*n.* (*pl.* **Splenii.**) the muscle on the sides and back of the neck which holds the head in position. सिर को खड़ा रखनेवाली गरदन पर की पेशी।

Splenology-स्प्लीनॅ-लॅ-जि-*n.* the science of the spleen. प्लीहा-विज्ञान।

Splice-स्प्लाइस्-*v. t.* to join together the ends of a rope by interweaving the strand. साटा लगाकर रस्सा जोड़ना;-*n.* union of ropes. इस प्रकार का रस्से का जोड़।

Splint-स्प्लिन्ट्-*n.* a strip of wood for holding broken bone when set. कमठी जो टूटी हड्डी के बैठाने के लिये बाँधी जाती है;-*v. t.* to fit splints on. कमठी बाँधना।

Splinter-स्प्लिन्टर्-*v. t. & i.* to split into long thin pieces. पतली पट्टी चीरना, खमाची बनाना; -*n.* a small fragment split off. चिपटी पट्टी, खमाची; **Splintery** (-इ) - *adj.* of the form of a splinter. खमाची के आकार का, खमाचीदार।

Split-स्प्लिट्-*v. t. & i.* (*p. p.* **Split.**) to break forcibly, to divide lengthwise, to divide into hostile parties. फाड़ना, चीरना, लम्बे बल फाड़ना (धज्जी करना), अलगाना;-*n.* a rent, a crack. फटन, परत; **Side-splitter** (one who jokes much.) बहुत हँसी करनेवाला; **Split-wheel** (a wheel divided into two parts.) दो टुकड़ों में बँटा हुआ पहिया ; **To split hairs** (to draw very subtle distinctions.) अति सूक्ष्म विवेचना करना।

Splitter-स्प्लि-टर्-*n.* one who or that which splits. अलगानेवाला, फाड़नेवाला।

Splitting-स्प्लि-टिङ्ग्-*n.* the act of dividing. विदारण, फटन।

Splotch-स्प्लॉच्, **Splodge**-स्प्लॉज्-*ns.* a daub, smear. पोतना, फैलावट; **Splotchy** (-इ)-*adj.* smeared. पोता हुआ।

Splutter-स्प्ल-टर्-*v. i. & i.* to speak hastily. जल्दी बोलना; -*n.* a bustle, a stir. कोलाहल, शोर-गुल।

Spode-स्पोड्-*n.* a kind of fine pottery. एक प्रकार की सुन्दर मिट्टी का पात्र।

Spoil-स्पॉ-इल्-*n.* plunder taken from enemy in war, robbery, corruption. लूट का माल, डकैती, अपहरण ;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Spoiled, Spoilt.**) to plunder, to take by force, to destroy, to ruin, to injure, to decay. लूटना, छीनना, नष्ट करना, भ्रष्ट करना, दूषित करना, सड़ाना, सड़ना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Spoilage-स्पॉइ-लेज्-*n.* paper spoilt in printing. छापने में नष्ट किया हुआ कागज।

Spoiled-स्पॉ-इ-ल्ड्-*adj.* corrupted. नाश (भ्रष्ट) किया हुआ।

Spoiler-स्पॉ-इ-लर्-*n.* plunderer, one who corrupts. लुटेरा, दूषित करनेवाला।

Spoke-स्पोक्, **Spoken**-स्पोकन्-*p. t. & p. p.* of Speak. बोला, बोला गया।

Spoke-स्पोक्-*n.* one of the bars joining the rim of a wheel to its hub, the rung of a ladder. पहिये की तीली या आरा, सीढ़ी का डण्डा; -*v. t.* to fit spokes in a wheel. पहिये में आरा लगाना।

Spokeshave-स्पोक्' - शेव्-*n.* a small plane fitted in the middle of a bar used for planing a curved surface. लकड़ी की गोलाई इत्यादि छीलने का रन्दा।

Spokeshave.

Spokesman-स्पोक्स्'-मॅन्-*n.* one who speaks for or represents another person. दूसरे के लिये बोलनेवाला, प्रतिनिधि, मुखरूप।

Spoliation-स्पो-लि-ए'-शन्-*n.*plunder, pillage. (अपहरण) लूट, डाका।

Spoliator-स्पो-लि-ए'-टर्-*n.* one who spoliates. नाश करनेवाला; **Spoliatory** (-इ) -*adj.* pertaining to spoliation. अपहरण-सम्बन्धी।

Spondaic-स्पॉन्'-डे-इक्-*adj.* pertaining to a spondee. दो गुरु मात्राओं का।

Spondee-स्पॉन्-डी-*n.* a metrical foot of two long syllables कविता में दो गुरु अक्षरों या मात्राओं का पद।

Spondyl, Spondyle-स्पॉन्-डिल् (-डाइल्)-*ns.* joint or vertebra of the vertebral column. पृष्ठवंश की कशेरुका, पीठ की रीढ़ का जोड़।

Sponge-स्पन्ज्-*n.* a marine animal with pores in the walls of the body, the fibrous framework of such, remarkable for its power of sucking up water. विरल अवयव का एक समुद्री प्राणी, जलशोषक समुद्री पदार्थ, पानी-सोख;-*v.t. & i.* to wipe with a sponge, to live on others parasitically, to destroy. स्पन्ज से धोना, सोखना, दूसरे के भरोसे जीना, नष्ट करना; **Spongiform** (-इ-फॉर्म्)-*adj.* of the form of a sponge. स्पंज की आकृति का; **To pass the sponge over** (to forget an offence.) किसी की बुराई या अपराध को भूल जाना।

Sponger-स्पन्ज्-अर्-*n.* a parasitical guest. दूसरे के अन्न से पुष्ट होनेवाला, टुकड़तोड़।

Sponginess-स्पन्जि-नेस्-*n.* the state of being spongy. स्पन्ज की आकृति।

Spongy-स्पन्जि - *adj.* soft as sponge. स्पन्ज के सदृश मुलायम और सोखनेवाला।

Sponsion-स्पॉन्शन्-*n.* surety. जामिन, जमानतदार।

Sponsor-स्पॉन्सर् -*n.* a god-father or god-mother, a surety. धर्मपिता, धर्ममाता, प्रतिभू (जामिन)।

Sponsorial-स्पॉन्सोरिअल् - *adj.* pertaining to a sponsor. प्रतिभू-सम्बन्धी।

Sponsorship-स्पॉन्सर्शिप्-*n.* the office of a sponsor. प्रतिभू का पद।

Spontaneity - स्पॉन्टनीइटि-*n.* the quality of being spontaneous. स्वेच्छा, स्वच्छन्दता।

Spontaneous-स्पॉन्टे निअस् - *adj.* voluntary, of one's own freewill, instinctive. स्वेच्छानुरूप, अपने इच्छानुसार, अपने आप, स्वभाव से।

Spontaneously - स्पॉन्टे निअसलि - *adv.* in a spontaneous manner. इच्छानुरूप।

Spontoon-स्पॉन्टून्' - *n.* a kind of infantry spear. पैदल सैनिक या सेना का बल्लम या भाला।

Spoof-स्पूफ्-*v. t.* to cheat, to swindle. धोखा देना, ठगना; -*n.* a cheat. ठग।

Spook-स्पूक्-*n.* a ghost. पिशाच, भूत।

Spool-स्पूल्-*n.* a reel for winding yarn or photographic film. तागा लपेटने की गड़ारी, फोटो उतारने की फ़िल्म् की गड़ारी; -*v. t.* to wind on spools. गड़ारी पर लपेटना।

Spoon-स्पून्-*n.* a small ladle for conveying liquid food to mouth, a simpleton, a silly fellow. चम्मच, मूर्ख मनुष्य;-*v.t. & i.* to make love together, to take up with a spoon. प्रेमी की तरह व्यवहार करना, चम्मच से पीना; **Born with a silver spoon in one's mouth** (fortunate from the very birth.) जन्म से ही भाग्यवान्; **Dessert-spoon** (a spoon that contains two drams.) दो ड्राम का चम्मच; **Table-spoon** (a spoon that contains four drams.) आधे आउन्स की नाप का चम्मच; **Tea-spoon** (a spoon which contains one dram; of liquid.) एक ड्राम की नाप का चम्मच।

Spoonful-स्पून्फुल्-*n.* as much a spoon can contain. चम्मच भर।

Spoon-meat-स्पून्'-मीट्-*n.* liquid food for babies. बच्चों का तरल भोजन।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Spooner, Spoonerism - स्पूनर्,(-इज़्म्) *-ns.* transposition of the initial letters of words. शब्दों के पहिले अक्षरों का परिवर्तन।

Spoonily-स्पूनिलि-*adv.* foolishly. मूर्खता से ; **Spooniness** (स्पूनि-नेस्) *-n.* the state of being spoony. रसिकता, सीधापन।

Spoony-स्पूनि-*adj.* silly, simple, amorous, sweet. मूर्ख, सीधा प्रेमी, रसिया।

Spoor-स्पूर्-*n.* the trail of an animal. गन्ध से पशु का अन्वेषण; *-v. t. & i.* to follow by track. पर के चिह्न से अन्वेषण करना ; **Spoorer** (-अर्) *-n.* one who searches by scent. गन्ध से पशु को खोजनेवाला।

Sporadic-स्पॅ-रॅ-डिक्-*adj.* scattered here and there. छितराया हुआ ; **Sporadically** (-अलि) *-adv.* separately. छिताराते हुए।

Spore-स्पोर्-*n.* a minute organic body or cell that develops into a new individual. जीवाणु जो बढ़कर एक नया प्राणी हो जाता है, बीज।

Sporran-स्पॅ-रॅन्-*n.* a furred pouch worn by Highlanders. अंग्रेज़ (गोरे) सिपाहियों का झालरदार झोला जिसको वे कमर पर लटकता हुआ पहिनते हैं।

Sporran.

Sport-स्पोर्ट्-*n.* play, fun, amusement, game, pastime, diversion. खेल, हँसी, क्रीड़ा, लीला, आखेट, विहार;-*v.i. & t.* to take part in a game, to make merry, क्रीड़ा करना, खेलना, विहार करना; **Athletic sports** (outdoor games.) कसरत के खेल ; **To make sport of** (to turn to ridicule.) हँसी उड़ाना।

Sporting-स्पोर्ट्-इङ्ग्-*n.* merriment, game. क्रीड़ा, खेल; **Sportingly** (-लि)-*adv.* in a sporting manner. क्रीड़ा में, खेल में; **Sportive**(-इव्) *-adj.* merry, playful. क्रीड़ा करनेवाला,खिलाड़ी; **Sportively** (-इव्-लि) *-adv.* in a sportive manner. खेल में; **Sportiveness** (-इव्-नेस्)-*n.* the quality of being sportive. क्रीड़ा, खेल।

Sportsman-स्पोर्टस्-मॅन्-*n.* (*pl.* Sportsmen.) a person fond of sports. खिलाड़ी, शिकारी; **Sportsmanlike** *-adj.* (like a sportsman.) खिलाड़ी या शिकारी की तरह का।

Spot-स्पॉट्-*n.* a particular locality or space, a small mark, stain, blot, blemish. स्थान (प्रदेश), चिह्न, बिन्दु, कलंक (लांछन), लक्षण; *-v. t. & i.* (*p. t.* **Spotted.**) to stain, to mark with spots, to recognize. चिह्नित करना (धब्बा डालना), पहिचानना; **On the spot** (on the very place.) उसी स्थान पर ; **Spot on the body** (mark on the body.) तिल।

Spotless-स्पॉट्-लेस्-*adj.* without a stain, clear, pure. बिना कलंक का, निर्मल, स्वच्छ ; **Spotlessly** (-लि) *-adv.* in a spotless manner. निर्मलता से, शुद्धता से; **Spotlessness** (-नेस्) *-n.* freedom from stain. विमलता।

Spottedness-स्पॉटेड्-नेस्-*n.* the state of being spotted. चितकबरापन।

Spotty-स्पॉटि-*adj.* blotted. धब्बेदार।

Spousal-स्पाउ'-ज़ल्-*adj. & n.* matrimonial, nuptial, marriage. विवाह-सम्बन्धी, वैवाहिक, विवाह।

Spouse-स्पाउज़्-*n.* a husband or wife. पति या पत्नी।

Spout-स्पाउट्-*n.* a projecting pipe in a vessel for pouring liquids, a jet, a water-spout. नल, टोंटी, पानी का फुहारा; *-v. t. & i.* to issue out in a jet, to speak in a pompous manner. फुहारा छोड़ना या छूटना, वेग से निकलना, गंभीरता से बोलना ; **Spouter** (-अर्)-*n.* one who spouts. फुहारा छोड़नेवाला; **Spoutless** (-लेस्) *-adj.* without a spout. बिना टोंटी का।

Sprag-स्प्रॅग्-*n.* a piece of wood or metal used as a brake on the wheel of a car. गाड़ी का पहिया रोकने के लिये लकड़ी या धातु के टुकड़े का साधन।

Sprain-स्प्रेन्-*n.* a wrench of the muscles or ligaments of a joint without dislocation. मरोड़, मोच, स्नायुवितान; *-v. t.* to twist the muscles so as to injure. मरोड़ना, मुरुकना, ऐठना।

Sprang-स्प्रॅङ्ग्-*p. t.* of **Spring.** कूदा।

Sprat-स्प्रॅट्-*n.* a kind of small European fish. यूरोप की एक प्रकार की छोटी मछली; *-v. i.* to fish sprats. इस मछली का शिकार करना।

Spratter-स्प्रॅ-टर्-*n.* one who fishes sprats. 'स्प्राट्' मछली का शिकार करनेवाला।

Spratting-स्प्रॅ-टिङ्ग्-*n.* the act of fishing sprats. 'स्प्राट्' मछली का शिकार।

Sprawl-स्प्रॉल्-*v. i. & t.* to spread oneself irregularly, to lie in a careless manner, to be of irregular form. शरीर टेढ़ा-मेढ़ा करके लेटना, इस प्रकार शरीर फैलाना, बेढंगा होना; *-n.* an awkward position. बेढंगी आकृति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Spray-स्प्रे-*n.* a slender branch of a tree, spring, flying of a liquid in very small drops. पतली शाखा, टहनी, फुहार, बौछार।

Sprayer-स्प्रे'-अर्-*n.* one who sprays. छिड़कने वाला मनुष्य (या यंत्र)।

Sprayey-स्प्रे-इ-*adj.* full of sprays, branching. बौछारदार, शाखादार।

Spread-स्प्रेड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Spread**) to extend in all directions, to unfold, to cover surface of, to diffuse. फैलाना (तानना), खोलना, उघारना, फैलाना;-*n.* extent, expansion of parts. फैलाव, चौड़ाई (विस्तार); **Spreader** (-अर्)-*n.* one who spreads. फैलानेवाला;

Spreading (-इङ्ग्)-*n. & adj.* the act of extending, diffusing. फैलाव, फैलानेवाला।

Spree-स्प्री-*n.* a lively frolic, a noisy merriment. आनन्द का उत्सव, नाच-रंग (कोलाहल-सहित मदिरापान);-*v. i.* to have lively frolic. आनन्द मचाना।

Sprent-स्प्रेन्ट्-*adj.* sprinkled, overspread. छिड़का हुआ, फैलाया हुआ।

Sprig-स्प्रिग्-*n.* a small branch, twig, shoot, a small headless nail, a reckless young man. छोटी शाखा, टहनी, अँखुआ, बिना माथे की छोटी कील, धृष्ट पुरुष।

Spriggy-स्प्रि-गि-*adj.* full of twigs. टहनीदार, धृष्ट।

Sprightful-स्प्राइट्'-फुल्-*adj.* lively, brisk, gay. प्रफुल्ल (प्रसन्न), उत्साही, रंगीला; **Sprightfulness** (-नेस्), **Sprightliness** (-लि-नेस्)-*ns.* liveliness, gaiety. उत्साह, प्रफुल्लता; **Sprightly** (-लि)-*adj* lively, gay, full of life, brisk. प्रमुदित, आनन्दपूर्ण, प्रफुल्ल, उत्साहयुक्त।

Spring-स्प्रिङ्ग्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Sprang**, *p. p.* **Sprung.**) to leap, to jump, to arise, to move rapidly, to start, to grow, to crack, to shoot up, to produce, to fly back, to burst, to split. उछलना, कूदना, निकलना, उभड़ आना (उठना), उगना (जमना), फटना, प्रकट होना, उत्पन्न होना, पीछे को हटना, झुकाना, फाड़ना; **Sprung from a noble family** (born in a high family.) उच्च कुल में उत्पन्न; **Sprung from a royal family** (descended from a royal line.) राजकुल में उत्पन्न; **To spring a leak** (to commence leaking.) जहाज में दरार पड़ना; **To spring a mine** (to bombard a mine.) बारूद से सुरंग उड़ाना।

Spring-स्प्रिङ्ग्-*n.* a leap, the season of the year in which vegetation begins, the place where water or oil issues from earth, backward position, origin, elasticity, elastic contrivance. कुदान, वसन्त ऋतु, उद्गम, जल या तेल का सोता (झरना), पिछला भाग, लचीली वस्तु, कमानी; **Hair-spring** (the fine spring used in a watch.) जेबी घड़ी की बहुत महीन (बाल) कमानी; **Spring-bed** (a bed consisting of elastic springs.) कमानीदार गद्दा।

Springs.

Springe-स्प्रिन्ज्-*n.* a noose or snare. जाल, फन्दा।

Springer-स्प्रिङ्गर्-*n.* that part of an arch where the curvature begins, the bottom stone of an arch. मेहराब का वह भाग जहाँ से घुमाव आरम्भ होता है, इस स्थान पर लगी हुई ईंट या पत्थर का टुकड़ा।

Springhalt-स्प्रिङ्ग्'-हॉल्ट्'-*n.* the convulsive movement of horse's hind leg in walking. चलने में घोड़े को नेउरी लगना।

Springiness-स्प्रिङ्गि-नेस्-*n.* elasticity. लचीलापन।

Springing-स्प्रिङ्गिङ्ग्-*adj.* shooting up. उभड़नेवाला;-*n.* the act of leaping. कुदान।

Springless-स्प्रिङ्ग्-लेस्-*adj.* without spring. बिना कमानी का।

Springlet-स्प्रिङ्ग्-लेट्-*n.* a small stream. छोटा सोता।

Spring-like-स्प्रिङ्ग्'-लाइक्-*adj.* like a spring. कमानी की तरह का।

Spring-tide-स्प्रिङ्ग्'-टाइड्-*n.* the high tide occurring shortly after new and full moon in each month. अमावस्या तथा पूर्णिमा को आनेवाला दीर्घ ज्वार।

Springy-स्प्रि-ङ्गि-*adj.* elastic, full of streams. लचीला, सोतों से भरा हुआ।

Sprinkle-स्प्रिङ्क्'-ल्-*v. t. & i.* to scatter in small drops or particles, to wash. छिड़कना (छींटना), धोना; **Sprinkler** (-अर्)-*n.* one who or that which sprinkles. छिड़कनेवाला मनुष्य या साधन; **Sprinkling** (-इङ्ग्)-*n.* the act of scattering in drops. छिड़काव।

Sprint-स्प्रिन्ट्-*v. i. & t.* to run a short distance, to run at full speed. थोड़ी दूर दौड़कर चलना, पूरे वेग से दौड़ना; **Sprinter**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(-अर्) -*n.* runner of short distances. थोड़ी दूर दौड़नेवाला।

Sprite-स्प्राइट्-*n.* an elf, a goblin. प्रेत, पिशाच (वेताल)।

Sprocket-स्प्रॉ-केट् - *n.* each of the teeth of wheel on the links of which a chain moves. उस पहिये का दाँता जिस पर चेन चलती है।

Sprout—स्प्राउट्-*v. i. & t.* to shoot forth, to germinate, to grow, to produce. जमना, अँखुआ निकलना, उत्पन्न होना, उगना; -*n* the young shoot of a plant. अंकुर, मञ्जरी, कोंपल।

Spruce-स्प्रूस्'-*adj.* smart, neat, trim. स्वच्छ वेशधारी, सुथरा, बना-ठना; -*v. t.* to dress with affected neatness. स्वच्छ सुन्दर वस्त्र पहिनाना।

Sprucely-स्प्रूस्'-लि-*adv.* in a spruce or neat manner. ठाट-बाट से; **Spruceness** (-नेस्)-*n.* the quality of being spruce. छैलापन।

Sprue-स्प्रू-*n.* the hole through which liquid metal is passed while casting, a tropical disease, characterised by sore throat. छिद्र, जिसमें से ढालते समय गली हुई धातु डाली जाती है, गले के दर्द का रोग।

Sprung-स्प्रङ्ग्-*p. p.* of Spring. उछला, कूदा।

Spry-स्प्राइ-*adj.* nimble, lively, active. चंचल, प्रसन्न, फुरतीला।

Spud-स्पड्-*n.* a kind of small spade. घास काटने का एक प्रकार का छोटा फरसा, खुरपा।

Spuddle-स्पड्-ल्-*v. i.* to dig slightly. थोड़ा-सा खोदना।

Spume-स्प्यूम्-*n.* froth, foam. फेन, झाग।

Spumescence-स्प्यूमे-सेन्स्-*n.* frothiness. झागपन; **Spumescent** (-सेन्ट्) - *adj.* foaming. फेनदार।

Spuminess-स्प्यूमि-नेस्-*n.* frothiness. झागपन।

Spumous-स्प्यूमस्, **Spumy** (-इ) -*adjs.* full of foam. झाग भरा हुआ, फेनदार।

Spun-स्पन्-*p. t. & p. p.* of Spin. काता।

Spunk-स्पङ्क् - *n.* courage, spirit. साहस, उत्साह; **Spunky** (-इ)- *adj.* spirited, brave. साहसी, वीर।

Spur-स्पर् - *n.* a pricking goad worn on a horseman's heel, stimulus, a projecting mountain. घुड़सवार का एँड़ (काँटा), उत्तेजक पदार्थ, पहाड़ का उभड़ा भाग; -*v. t. & i.* (*p. t.* Spurred.) to prick with spurs, to incite, to press. एँड़ मारना, प्रोत्साहित करना, उसकाना (उभाड़ना); **On the spur of the moment** (on momentary impulse.) बिना पूर्व विचार के, उसी क्षण; **To win the spurs** (to gain knighthood.) मान प्राप्त करना।

Spur-wheel-स्पर्'-ह्वील्-*n.* a wheel with radial teeth. दाँतेदार पहिया।

Spurge-स्पर्ज्-*n.* a kind of juicy plant. एक प्रकार का रसदार पौधा।

Spurious-स्प्यू' - रि - अस्- *adj.* not genuine, bastard, illegitimate, false. कृत्रिम (बनावटी), जाली (कल्पित), दोगला, मिथ्या; **Spuriously** (-लि)-*adv.* in a spurious manner. मिथ्या रीति से, बनावट से; **Spuriousness** (-नेस्)- *n.* the quality of being spurious. बनावट, जाल।

Spurless-स्पर्' - लेस् - *adj.* without a spur, spiritless. बिना एँड़ का, बिना उत्साह का।

Spurn-स्पर्न्-*v. t. & i.* to thrust back with foot, to disdain, to treat contemptuously. लात मारना, तिरस्कार करना, घृणा करना (धिक्कारना) ; - *n.* contemptuous treatment. घृणा, तिरस्कार।

Spurrier-स्पर'-रि-अर् - *n.* a maker of spurs. एँड़ बनानेवाला।

Spurrey, Spurry-स्प-रि-*ns.* a kind of herb. एक प्रकार की वनस्पति।

Spurt-स्पर्ट्-*v. i.* to make a sudden violent effort, to drive liquid from a small pipe. बड़ा प्रयत्न करना, छोटी टोंटी में से जल इत्यादि वेग से फेंकना; - *n.* a jet, sudden effort. फुहारा, हठ, उद्यम, बड़ा प्रयत्न।

Sputter-स्प-टर् - *v. i. & t.* to emit saliva from the mouth, to speak rapidly, to utter in a vehement fashion. थूकना (खखारना), जल्दी-जल्दी बोलना, क्रोध से डपटकर बोलना; -*n.* sputtering voice. इस प्रकार की बोली ; **Sputterer** (- अर्) - *n.* one who sputters. डपटकर बोलनेवाला; **Sputteringly** (-इङ्ग् - लि) - *adv.* in a sputtering tone. डपटते हुए, खखारते हुए।

Sputum-स्प्यू' - टम् - *n.* (*pl.* Sputa.) matter expectorated from mouth, saliva, spittle. लाला, लार, थूक।

Spy-स्पाइ-*n.* (*pl.* Spies.) one who watches the movements of the enemy, a scout. गुप्तचर (प्रणिधि), जासूस (भेदिया);-*v. t. & i.* (*p. t.* Spied.) to discover by careful investigation, to detect, to explore se retly, to play the part of a spy. अनुसन्धान करदा,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

खोजना, पता लगाना, ढूँढ़ना, जासूस या भेदिया का काम करना।

Spyglass-स्पाइ'-ग्लास् - *n.* a small telescope used by spies. छोटी दूरबीन।

Spy-hole-स्पाइ'-होल्-*n.* a peep-hole. झाँकने का छोटा छिद्र।

Spyism-स्पाइ'-इज़्म्-*n.*the business of spying. जासूसी का काम।

Squab-स्क्वॉब्-*adj.* at, thick and stout. मोटा, नाटा-मोटा;-*adv.* with a dash. धमाके से;-*n.* a fat person, an unfledged pigeon, a stuffed soft cushion. मोटा आदमी, बिना पर का कबूतर का बच्चा, रूई भरा गद्दा।

Squabble-स्क्वॉब्'-ब्ल् -*v. i. & t.* to engage in a wrangle, to quarrel, to disarrange composed types. झगड़ना, लड़ाई करना, जमाये हुए टाइप को खोलना; -*n.* a petty quarrel. झगड़ा, लड़ाई, तकरार।

Squabbler-स्क्वॉ'-ब्लर् -*n.* one who squabbies. झगड़नेवाला।

Squabby-स्क्वॉ'- बि - *adj.* thick or fat. ठोस या मोटा।

Squacco-स्क्वॉकॅ - *n.* a kind of heron. एक प्रकार का सारस।

Squad-स्क्वॉड् - *n.* a small detachment of soldiers, crowd. सैनिकों का छोटा समुदाय, झुण्ड, भीड़।

Squadron-स्क्वॉड्रन् - *n.* a detachment of cavalry regiment consisting of 120 to 200 soldiers, a section of a fleet commanded by a flag-officer. सवारों का समूह जिसमें १२० से २०० तक सिपाही होते हैं, जहाजी बेड़ा;-*n.* a division of a regiment. सिपाहियों का ऐसा दल।

Squail-स्क्वेल्-*n. pl.* a kind of game played with small wooden sticks & disks. एक प्रकार का लकड़ी की छोटी छड़ियों और टिकियों का खेल; **Squailer** (-अर्)-*n.* the stick by which this game is played. यह खेल खेलने का डण्डा।

Squalid-स्क्वॉलिड् - *adj.* dirty, foul, mean, nasty. मलिन, अधम, मैला, गन्दा; **Squalidity** (-इटि) - *n.* dirtiness, foulness. मलिनता, गन्दापन; **Squalidly** (- लि) - *adv.* in a squalid manner. गन्दगी से, मैलेपन से; **Squalidness** (-नेस्) - *n.* the state of being foul. मैलापन।

Squall-स्क्वॉल्-*n.* a sudden gust of wind, a thunderstorm, a loud cry or scream. वायु का झोंका, प्रचण्ड वायु, चिल्लाहट, बड़ा कोलाहल; -*v. i. & t.* to make a violent cry, to scream. जोर से चिल्लाना, कीक मारना; **To look out for squalls** (to be careful in times of difficulty.) आपत्ति में सावधान होना।

Squally-स्क्वॉ-लि-*adv.* with squall. चिल्लाहट से; -*adj.* disturbed with sudden gusts of wind. प्रचण्ड वायु से क्षुब्ध।

Squaloid-स्क्वे'-लॉ - इ- ड् -*adj.* similar to a shark. शार्क मछली के सदृश।

Squalor-स्क्वॉलर् - *n.* foulness, dirtiness. गन्दगी, मलिनता।

Squama-स्क्वे'-मा-*n.* (*pl.* Squamae. स्क्वेमी) a scale like structure. मछली की चोइयाँ के सदृश आकृति।

Squander-स्क्वॉन्डर् - *v. t.* to spend money wastefully. अपव्यय करना, धन लुटाना, वृथा व्यय करना; **Squanderer** (-अर्)-*n.* a spendthrift. अपव्यय करनेवाला, धन उड़ानेवाला; **Squanderingly** (- इङ्ग्- लि) -*adv.* in a squandering manner. वृथा व्यय करते हुए।

Squandermania-स्क्वॉन्'-डर्-मे'-नि-आ-*n.* the habit of squandering money. धन उड़ाने का अभ्यास।

Square-स्क्वेअर् - *n.* a figure having four equal sides and four right angles, a quadrilateral area with a garden in the centre, surrounded by buildings, an instrument having the straight edge at right angles to one another, rule, regularity, the product of a number multiplied by itself. समकोण चतुर्भुज, चौकोर मैदान जिसके बीच में बगीचा और चारों ओर मकान हों, लुहार या बढ़ई की गोनियाँ, नियम, स्थिरता, द्विघात; **Hollow square** (a square drawn up with a square space in the middle.) समकोण चतुर्भुज जिसके बीच में भी ऐसे ही आकार का क्षेत्र हो; **Magic square** (see Magic.); **On the square** (honestly.) ईमानदारी से; **Out of square** (not at right angles.) बदगोनियाँ; **To be at squares** (to quarrel.) लड़ जाना; **Word-square** (set of words arranged in the form of a square.) शब्दों से बना हुआ चतुर्भुज।

Square-स्क्वेअर्-*adj.* having four equal sides and four right angles, fair, just, exactly

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

suitable leaving no balance. सम चतुर्भुज के आकार का, निष्कपट, पूर्ण रूप से योग्य, बराबर; **Square dealing** (a fair bargain.) निष्कपट व्यवहार; **Square inch** (a figure which is one inch long and one inch broad.) एक वर्ग इञ्च, ऐसा क्षेत्र जो एक इञ्च लम्बा तथा एक इञ्च चौड़ा हो; **Square measure** *-n.* वर्गों में नाप; **Square-root** (that which multiplied by itself produces the number.) वर्गमूल; **Square-toed** (having square toes.) चौकोर पञ्जे का।

Square-स्क्वेअर् - *v. t. & i.* to form with four equal sides and four right angles, to adjust, to regulate, to make even, to multiply a number by itself. सम चतुर्भुज करना, एक समान करना, स्थिर करना, नियमित करना, बराबर करना, वर्ग करना ; **To square the circle** (to perform an impossible work.) असम्भव कार्य करना; **To square up** (to pay up, to bribe.) हिसाब चुका देना, घूस देना।

Squarely-स्क्वेअर्' - लि - *adv.* completely, equally. परिपूर्णता से, बराबर से, ठीक-ठीक, निष्कपटता से।

Squareness-स्क्वेअर्'-नेस्- *n.* the quality of being square. चौकोरपन, बराबरी, चौरसाई।

Squarish-स्क्वेअरिश्- *adj.* nearly square. प्रायः चतुष्कोण आकृति का।

Squash-स्क्वॉश्- *v. t. & i.* to press into pulp, to crush, to squeeze. चूर्ण करना, कुचलना, दबाना (पीसना); *-n.* something unripe or soft, a crust, a sudden fall or a heavy soft body, a species of gourd, a pumpkin. कोई मुलायम बिना पकी हुई वस्तु, पीसा हुआ पदार्थ, धड़ाके का शब्द, एक प्रकार का कोहँड़ा या कद्दू

Squashiness-स्क्वॉ-शि-नेस्- *n.* the quality of being squashy. पिसावट, कुचलन, निचोड़न; **Squashy** (-इ)*-adj.* like a squash, muddy. कूँचा हुआ (पीसा हुआ), कीचड़दार।

Squat-स्क्वॉट् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Squatted.**) to sit on the ground with hams on heels. पलथी मार कर बैठना, भूमि में सटकर बैठना; *-adj.* sitting on heels, short and thick, dumpy, clumsy. पलथी मारे हुए (निहुरा हुआ), नाटा और मोटा, भद्दा, फूहड़; *-n.* the posture of one who squats. पलथी का आसन।

Squatter-स्क्वॉटर् *-n.* one who settles on public land without legal right. बिना अधिकार के सार्वजनिक भूमि पर अधिकार करनेवाला।

Squaw-स्क्वॉ - *n.* an American-Indian wife or woman. अमेरिका निवासी हबशी स्त्री या पत्नी।

Squawk-स्क्वॉक्- *v. i.* to utter a shrill cry. कर्कश शब्द करना; *-n.* the shrill cry of a bird. पक्षी का कर्कश शब्द।

Squeak-स्क्वीक् - *v. i. & t.* to utter a short shrill cry. चीखना, चिल्लाना, किकियाना; *-n.* a sharp shrill cry. चीख, किकियान; **A narrow squeak** (a narrow escape.) बाल-बाल बचना; **Squeaker** (-अर्)*-n.* a young bird. चीखनेवाला, चिड़िया का बच्चा ; **Squeakily** (-लि)*-adv.* with a shrill cry. चीख मारते हुए; **Squeaky** (-इ)*-adj.* shrilly. चीख का।

Squeal-स्क्वील्- *v. i. & t.* to utter a shrill prolonged cry as from pain or joy, to make a protest, to turn informer. किकियाना (चिल्लाना), विरोध करना, भेदिया होना; *-n.* a shrill cry. किकियान, चिल्लाहट।

Squealer-स्क्वीलर् *-n.* a young bird. पक्षी का बच्चा।

Squeamish-स्क्वीमिश्- *adj.* fastidious, overscrupulous, tending to vomit, नकचढ़ा, अति शंकायुक्त, जी मचलाता हुआ; **Squeamishly** *-adv.* in a fastidious manner. नकचढ़ेपन से; **Squeamishness** (-नेस्) - *n.* fastidiousness. अति शङ्का, जी मचलाहट, नकचढ़ापन।

Squeegee-स्क्वी-जी' *-n.* a rubber-edged mop for sweeping deck, a small similar instrument or roller used in photography. जहाज की छत धोने का रबड़ लगा हुआ बुरुस, रबड़ का रोलर जो फोटो के काम में प्रयुक्त होता है; *-v. t.* to rub with a squeegee. इस यन्त्र से धोना या रगड़ना।

Squeezeability-स्क्वी-ज़-ऍ-बिलि-टि' *-n.* the act of squeezing. निचोड़ने का काम।

Squeezeable-स्क्वीज़्-ऍ-बल् *-adj.* able to be squeezed. निचोड़ने या दबाने योग्य।

Squeeze-स्क्वीज़्- *v. t. & i.* to exert pressure in washing, to compress with hand, to crush, to make way forcibly, to extort money. दबाना, चाँपना, निचोड़ना, ढकेलकर रास्ता करना, दबाव डालना, दबाव से धन लेना;

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

-*n.* pressure, compression. दबाव, चाँप, रगड़, निचोड़।

Squeezer-स्क्वीज़र्-*n.* that which squeezes. निचोड़ने का यन्त्र।

Squelch-स्क्वेलश्-*v. t. & i.* to crush flat, to finish, to silence. दबाकर चिपटा करना, समाप्त करना, चुप करना;-*n.* sound of walking in wet mud. पचरपचर का शब्द।

Squib-स्क्विब्-*n.* firework which makes a hissing sound when thrown on ground, gunpowder used for charging gun, lampoon. पटाखा, पलीता, आक्षेप;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Squibbed.**) to utter sarcastic language, to write lampoons. निन्दा करना, निन्दा के लेख लिखना।

Squid-स्क्विड्-*n.* a kind of bait for fishing. मछली फँसाने का चारा।

Squiffy-स्क्वि-फ़ि-*adj.* slightly drunk. थोड़ी मदिरा पिये हुए।

Squill-स्क्विल्-*n.* a kind of onion, a plant like lily used as a purgative. जंगली प्याज, कोई के प्रकार का पौधा जो विरेचन के काम में आता है।

Squillitic-स्क्वि - लिटिक् - *adj.* pertaining to quills. जंगली प्याज का।

Squinch-स्क्विन्श्-*n.* an arched structure of a square tower. चौकोर मीनार का मेहराब।

Squint-स्क्विन्ट्-*v. i. & t.* to look obliquely, to hold eyes half shut. तिरछी दृष्टि से देखना, (कटाक्ष मारना);-*n.* an oblique look. ऐंची आँख;-*adj.* looking obliquely. तिरछी नज़र से देखनेवाला; **Squint-eyed** (having eyes that squint.) ऐंचा।

Squinter-स्क्विन्'-टर्-*n.* one who sees obliquely. कनखी से देखनेवाला।

Squinting-स्क्विन्ट्'-इङ्ग-*n. & adj.* an oblique look, looking obliquely. ऐंचकर देखना, कटाक्ष, ऐंचा देखनेवाला।

Squire-स्क्वायर्-*n.* a gentleman next in rank to a knight, a country gentleman, an attendant of a knight. एक अँगरेज़ी पदवी, देहात का ठाकुर (महानुभाव), नवाब का सेवक; -*v. t.* to attend as a gallant. स्त्रियों को सहायता देना; **Squire of dames** (the man who is attentive to women.) स्त्रियों का सहायक।

Squirearchical- see **Squirearchy.**

Squirearchy-स्क्वायर्'-आर्-कि-*n.* the government by landed proprietors. ज़मींदारों का राज्य; **Squirearchical** (-कल्)-*adj.* pertaining to squirearchy. ज़मींदारी शासन-सम्बन्धी।

Squirehood - स्क्वायर्' - हुड्, **Squireship**-स्क्वायर्'-शिप-*n.s.* the rank of a squire. नवाब की पदवी।

Squireling-स्क्वायर्'-लिङ्ग्-*n.* a small squire. छोटा नवाब।

Squirely-स्क्वायर्' - लि - *adv.* like a squire. नवाब की तरह।

Squireen-स्क्वाइरीन्-*n.* a small landed proprietor. छोटा ज़मींदार।

Squirm-स्क्वर्म्-*v. t.* to twist, to writhe, to show discomfort. ऐंठना, घबड़ाहट दिखलाना।

Squirrel-स्क्विर्ल्-*n.* a rodent quadruped with bushy tail. चमरपुच्छ, गिलहरी, चिखुरी।

Squirt-स्क्वर्ट्-*v. t. & i.* to eject fluid in a jet. वेग से जल की धारा छोड़ना, धारा निकलना; -*n.* a jet of water, syringe. धारा-यन्त्र, पिचकारी।

St.-*abbr.* for **Saint.** 'मुनि' या 'सन्त' अर्थ के शब्द का छोटा रूप।

Stab-स्टैब्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Stabbed.**) to pierce or wound with a pointed weapon, to thrust, to aim at, to inflict sharp pain on. नुकीले शस्त्र से आघात करना, छुरी मारना (कोंचना), भोंकना, कष्ट देना;-*n.* a blow, a thrust. छुरी का घाव, खोंच, भोंक; **To stab in the back** (to slander.) निन्दा करना; **To stab in the secret** (to expose secrets). परोक्ष में भेद खोलना; **Stabber** (-बर्)-*n.* one who stabs. छुरी भोंकनेवाला, कोंचनेवाला।

Stability-स्टैबिलिटि-*n.* firmness, steadiness. स्थिरता, दृढ़ता।

Stabilize-स्टे'-बिलाइज़्-*v. t.* to make firm. दृढ़ करना; **Stabilizer** (-अर्)-*n.* a device for obtaining stability. स्थिरता प्राप्त करने का यन्त्र।

Stable-स्टे-बल्-*adj.* firmly fixed, not easily moved, firm, durable. स्थिर, निश्चल (अचल). दृढ़, टिकाऊ; -*n.* a building for lodging horses. अश्वशाला, घुड़साल, अस्तबल;-*v. t. & i.* to lodge horses in a stable, to dwell in a stable. घोड़ों को अस्तबल में रखना, अस्तबल में रहना।

Stableness-स्टे-बल्-नेस् - *n.* steadiness, the state of being stable. स्थिरता, निश्चलता।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Stabling-स्टेब्-लिङ्ग्-*n.* act of putting in a stable, a place for keeping horses. अस्तबल में रखने का काम, घोड़ों के रखने का स्थान, अस्तबल।

Stably-स्टे - ब्लि - *adv.* in a stable manner, firmly. स्थिरता से, दृढ़ता से।

Stack-स्टॅक्-*n.* a pile of hay, straw &c. सूखी घास भूसे का ढेर, टाल;-*v. t.* to pile in a stack. ढेर लगाना, टाल लगाना।

Stactometer-स्टॅक्टॅ-मि-टर्-*n.* a tube for measuring a liquid in drops. बूँद-बूँद करके किसी तरल पदार्थ को नापने की नली।

Stadium-स्टे डिअम्-*n.* (*pl.* Stadia) an athletic ground, a stage, period of a disease. अखाड़ा, मञ्च, रोग का समय।

Staff-स्टाफ्-*n.* (*pl.* Staffs, Staves.) a stick or pole, shaft, support, officials of any department, a building material. डण्डा, छड़ी (सोंटा), आधार (सहारा), अधिकारियों का समूह, इमारत बनाने का गारा।

Stag-स्टॅग्-*n.* (*fem.* Hind.) the male of red deer, a castrated bull. हिरन, बारहसिंगा, बधिया किया हुआ साँड़; **Staghorn** (a kind of coral.) एक प्रकार का मूँगा।

Stage-स्टेज्-*n.* a raised platform, platform of a theatre, raised place on which anything is exhibited, a halting place, dramatic art, scene of action, position. मचान, नाट्यशाला, रंगभूमि (नेपथ्य), चबूतरा, विश्रामस्थान, घटनास्थल, स्थिति;-*v. t. & i.* to play on a stage. नाटक खेलना।

Stage-coach-स्टेज्'-कोच्-*n.* a coach running at regular stages for the conveyance of passengers. किराये पर चलनेवाली गाड़ी।

Stagecraft-स्टेज्-क्राफ्ट्-*n.* skill in writing or staging plays. नाटक लिखने या खेलने की कला।

Stage-direction-स्टेज्-डि-रॅक्शन्-*n.* direction in a play. नाटक का संचालन।

Stager-स्टेजर्-*n.* a person of long experience. अनुभवी पुरुष।

Stage-manager-स्टेज्-मॅनेजर्-*n.* the manager of a stage. सूत्रधार, रंगमंच का प्रबन्धक।

Stage-player-स्टेज्-प्ले-अर्-*n.* a player of the stage, an actor. अभिनेता।

Stagery-स्टेज्-अरि-*n.* exhibition on a stage. नाटक का अभिनय।

Staggard-स्टॅगर्ड्-*n.* a four years old stag. चार बरस का बारहसिंगा।

Stagger-स्टॅगर्-*v. i. & t.* to totter, to reel, to hesitate. डगमगाना, लड़खड़ाना, हिचकिचाना, सन्देह में डालना; -*n.* a tottering movement. विचलता, लड़खड़ाहट।

Staggers-स्टॅ-गर्स्-*n. pl.* a disease of the brain. सिर घूमना, चक्कर।

Staggering-स्टॅ'-गरिङ्ग्-*n.* tottering. लुढ़कान, चक्कर; **Staggeringly** (-लि)-*adv.* in a staggering manner. लड़खड़ाते हुए, डगमगाते हुए।

Staginess-स्टे जि'-नेस्-*n.* theatricality. नाटक का रूप।

Staging-स्टे - जिङ्ग् - *n.* putting a play on stage, driving or running stage-coaches, a structure of posts and boards for support. नाटक का अभिनय, किराये की गाड़ी चलाना, मचान।

Stagnancy-स्टॅग्नन्सि-*n.* the state of being stagnant. स्थिरता (अप्रवाह), रुकाव, निश्चलता।

Stagnant-स्टॅग् - नन्ट् - *adj.* motionless, not flowing, dull. स्थिर, प्रवाहहीन (बँधा हुआ), मन्द; **Stagnantly** (-लि)-*adv.* in a stagnant manner. स्थिरता से।

Stagnate-स्टॅग्-नेट्-*v. i.* to cease, to flow, to become motionless. स्थिर होना, न बहना, धारा का रुकना।

Stagnation-स्टॅग्-ने'-शन्-*n.* the state of being stagnant. स्थिरता।

Stagnicolous-स्टॅग्'-नि-कॅ-लस्-*adj.* living in swamps. दलदल या बँधे पानी में रहनेवाला।

Stagy-स्टे जि-*adj.* of theatrical appearance. नाटकीय आकार का।

Staid-स्टेड्-*adj.* steady, grave, sober, स्थिर, गम्भीर, शान्त; **Staidly** (-लि)-*adv.* gravely. गम्भीरता से; **Staidness** (-नेस्)-*n.* gravity. गम्भीरता।

Stain-स्टेन्-*n.* a spot, a mark or blot, blemish, disgrace. चिह्न, धब्बा, कलङ्क, मलिनता, (लांछन) अपयश; -*v. t. & i.* to soil, to discolour to tarnish, to print with colours. मैला करना, धब्बा डालना, कलङ्क लगाना, रंग छापना।

Stainable-स्टे-नें-बुल्-*adj.* able to be stained. धब्बा डालने योग्य।

Stained-स्टेन्ड्'-*adj.* tarnished. धब्बा लगा हुआ।

Stainer-स्टेनर् - *n.* one who or that which stains. कलङ्कित करनेवाला।

Stainless-स्टेन् - लेस् - *adj.* free from stain. कलङ्क-रहित, निर्मल; **Stainlessly** (-लि)-*adv.* in a stainless manner. धब्बा रहित ढंग से या रूप में।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Stair-स्टेअर्-*n.* a set of steps for ascending. सोपान, सीढ़ी ; **Below stairs, Down stairs** (the lower storey of a house.) मकान का नीचे का खण्ड; **Flight of stairs** (a set of stairs in a straight line.) सीढ़ियों की पंक्ति ; **Spiral** staircase (stairs in spiral form.) घुमौवा सीढ़ी।

Staircase-स्टेअर्'-केस्-*n.* the part of a house containing a flight of stairs. सोपान, सीढ़ी, जीना।

Staithe-स्टेद्-*n.* a place for loading and unloading coal. कोयला लादने और उतारने का स्थान।

Stake-स्टेक्-*n.* a pointed stick used as support or a boundary mark, death by burning, tinsmith's anvil, principle, money pledged. खूँटा (शंकु), जलाकर हत्या, निहाई, सिद्धान्त, दाँव, पण;-*v. t.* to fasten with a stake, to wager. खूँटा लगाना, खूँटे से बाँधना, दाँव लगाना ; **At stake** (in doubt, in difficulty.) सन्देह में, जोखिम में।

Stalactite-स्टैलैक्टाइट्-*n.* a pillar of carbonate of lime hanging from the roof of a cave formed by the percolation of calcareous water. चूना मिले हुए जल के टपकाव से बना हुआ गुफा की छत में से लटकता हुआ चूने का खम्भा; **Stalactic** (-टिक्)-*adj.* in the form of a stalactite. ऐसे टुकड़े का; **Stalagmite**(-लैग्-माइट्)-*n.* a deposit of lime stone on the floor of a cave by the percolation of water from the roof. गुफा की छत के टपकाव से फर्श पर जमा हुआ चूने का स्तम्भ।

Stale-स्टेल्-*adj.* insipid, musty, tasteless, lacking novelty, decayed. निःसार, नीरस, बेस्वाद (फीका), जीर्ण, पुराना, बासी;-*v. i. & t.* to make without freshness, to reduce to a standstill. बासी बनाना, थकाना, रोकना; -*n.* any thing losing freshness, a dupe, a laughing stock. कोई बासी वस्तु, पशुओं का मूत्र, प्रलोभन (भुलावा), हँसी का पात्र।

Stalely-स्टेल्'-लि-*adv.* in a stale manner. जीर्णता से, निःसारता से ; **Staleness** (-नेस्)-*n.* triteness. जीर्णता, नीरसता।

Stalk-स्टॉक्-*n.* the stem of a plant, support of anything. डाँठ, डण्ठल, आधार;-*n.*pursuing game stealthily. चुपके से शिकार का अनुसरण; -*v. t. & i.* to stride with proud steps, to pursue under cover or stealthily. अकड़कर या ऐंठकर चलना, चोरी से पीछा करना।

Stalked-स्टॉक्-इ-*adj.* having a stem. डण्ठलदार।

Stalkless-स्टॉक्-लेस्-*adj.*without a stalk. बिना डण्ठल का।

Stalklet-स्टॉक्-लेट्-*n.* a small stalk. छोटा डंठल।

Stalker-स्टॉक-अर्-*n.* one who pursues game stealthily. चोरी से शिकार करनेवाला।

Stall-स्टॉल्-*n.* a single compartment in a stable or building, table on which goods are exhibited for sale, a station or fair shop or shed, bench in a theatre between pit and stage, a confederate of a pick-pocket. कमरे या घुड़साल का अलग कमरा, चौकी या टेबल जिस पर बिक्री की सामग्री सजाई होती है, स्टेशन या मेले की दूकान या सायबान, नाटक की बेंच, जेबकट का साथी ;-*v. t. & i.* to place cattle in stall, to stick fast in mud or snow, to stop the working of an engine. अस्तबल में चौपायों को बाँधना, कीचड़ में फँसना, इञ्जन की गति का रुक जाना।

Staliage-स्टॉलेज्-*n.* the place for erection of a stall. दूकान बनाने का स्थान।

Stall-feed-स्टॉल्'-फ़ीड्-*v. t. & adj.* to fatten cattle in stall, faltering in speech. पशु को अस्तबल में खिलाकर मोटा करना, हकलानेवाला।

Stallion-स्टैल्यन्-*n.* an uncastrated horse kept for breeding. बीजाश्व, बिना आखता किया हुआ घोड़ा।

Stalwart-स्टॉल्'-वर्ट्-*adj.* courageous, brave, resolute, strong. साहसी, वीर, पुष्ट, बलवान; **Stalwartly** (-लि)-*adv.* in a resolute manner. वीरता से, साहस से; **Stalwartness** (-नेस्)-*n.* the state of being stalwart. साहस, वीरता।

Stamen-स्टे'-मेन्-*n.* the organ of a flower containing pollen. पुष्प-केसर, पुँ-केसर।

Stamened-स्टे-मन्इ'-*adj.* furnished with stamens. पुष्पकेसर-युक्त।

Stamina-स्टैमि-नी-*n.* strength of endurance, innate vigour. सहन-शक्ति, आन्तरिक बल।

Staminal-स्टैमिनल्-*adj.*pertaining to stamina. आन्तरिक बल-संबंधी।

Staminate-स्टैमि-नेट्-*adj.* furnished with stamens. पुष्पकेसर का।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Stamineal-स्टॅ-मि-निअल्-*adj.* pertaining to stamen. पुँ-केसर या पुष्प केसर-सम्बन्धी।

Stammer-स्टॅ-मर्-*v. i. & t.* to speak falteringly, to stutter. अस्फुट वाणी से बोलना (लड़बड़ाना), हकलाना;-*n.* stammering speech, defective utterance, a stutter. अस्पष्ट भाषण, हकलाहट; **Stammerer** (-अर्)-*n.* one who stammers. स्खलित स्वर से बोलनेवाला, हकलानेवाला; **Stammering** (-इङ्ग्)-*adj.* faltering in speech. हकलाता हुआ; **Stammeringly** (-लि)-*adv.* in a stammering manner. हकलाते हुए।

Stamp-स्टॅम्प्-*v.t.&.i.* to make marks upon, to imprint, to affix stamp to, to crush with foot, to strike the ground heavily with sole of foot, to characterise. ठप्पा लगाना, मुहर करना, टिकट चपकाना, पैर से कुचलना, लात मारना, अंकित करना; -*n.* an instrument for stamping, impression, mark, an official mark made on paper, character. मुहर, ठप्पा, चिह्न, सरकारी ठप्पा लगा हुआ कागज, चरित्र; **Of the common stamp** (of ordinary type.) सामान्य प्रकृति का; **Of high stamp** (of high character.) महानुभाव; **Of the same stamp** (of similar nature.) तुल्य स्वभाव का; **To stamp out** (to put an end to.) अन्त करना, समाप्त करना; **Stamper** (-अर्)-*n.* one who stamps. मुहर करनेवाला।

Stamp-act-स्टॅम्प्-ॲक्ट्-*n.* an act pertaining to stamp, duty. रसूम का कानून; **Stamp-collector** (-कलॅक्टर्)-*n.* one who collects old stamps, a philatelist. डाक के पुराने टिकट इकट्ठा करनेवाला।

Stamped-स्टॅम्प्ड्-*adj.* impressed with stamp. मुहर किया हुआ।

Stampede-स्टॅम्'-पीड्-*n.* a sudden panic among cattle, hurried movement. पशुओं की आकस्मिक भगदड़, शीघ्रगति।

Stamp-mill-स्टॅम्'-मिल्-*n.* ore crushing mill. धातु के टुकड़ों को कुचलने का यन्त्र।

Stanch, Staunch-स्टान्श्-स्टॉन्श्-*v. i.* to stop the flow of blood, to cease to flow blood. रुधिर का बहाव रोकना या बन्द करना; -*adj.* trustworthy. विश्वासी।

Stanchion-स्टॅन्शन्-*n.* (also **Stanchel.**) a prop, a post, an upright bar, support. खम्भा, टेक, थून, डण्डा, आधार, खूँटा;-*v. t.* to fasten cattle, to stanchion. पशुओं को खूँटे में बाँधना।

Stand-स्टॅन्ड्-*v. i.& t.* (*p. t. & p. p.* **Stood.**) to take an upright position, to maintain position, to endure, to remain valid, to adhere to a principle, to be a candidate. खड़े होना, स्थिर रहना, सहना, ठहरना, होना, अपने सिद्धान्त पर दृढ़ होना, प्रार्थी होना; **Hair stands on end** (hair standing erect.) रोमांचित होना, रोंगटे खड़े होना; **It stands to reason** (it is logically demonstrable.) यह न्याययुक्त है; **The matter stands thus** (such is the case.) विषय ऐसा है; **To stand against** (to resist, to oppose.) बाधा डालना; **To stand at bay** (to show fight.) ठमककर लड़ना; **To stand by** (to be present, to stand near, to help.) उपस्थित होना, समीप खड़े होना, आश्रय देना; **To stand for** (to side with, to represent.) पक्ष लेना, प्रतिनिधित्व करना; **To stand in help** (to be in need of help.) सहायता की आवश्यकता होना; **To stand in with** (to be partner with.) मेली होना; **To stand off** (to move away.) हट जाना; **To stand on** (to insist on.) आश्रय लेना, भरोसा करना, हठ करना; **To stand out** (to hold on.) आक्षेप करना; **To stand over** (to be postponed.) टाल दिया जाना; **To stand still** (to remain motionless.) निश्चल खड़े होना; **To stand the test** (to prepare for being examined.) परीक्षा की कसौटी पर चढ़ना; **To stand to** (to adhere to, to maintain, to abide by.) लीन होना, स्वीकार करना, स्थिर होना; **To stand up** (to stand erect.) खड़े हो जाना; **To stand up for** (to maintain.) साथ देना; **To stand upto** (to meet face to face.) साहस से भिड़ जाना; **To stand up with** (to become partner in dancing.) नाचने में साथ देना।

Stand-स्टॅन्ड्-*n.* a stationary condition, a halt, stoppage, a thing on which anything is placed, a stall, a raised platform, a standing-place for vehicles. स्थान, अड्डा (पड़ाव), रुकाव, बैठकी, दूकान, ऊँचा चबूतरा, स्थिति, गाड़ियों के ठहरने का स्थान; **Inkstand** (a stand for inkpots.) कलमदान, मसिपात्र; **Stand of arms** (complete set of rifles &c. for one man.) एक मनुष्य के पूरे हथियार; **Stand of colours** (a regiment's flags.) फौज के झण्डे; **Stand-pipe** (a vertical pipe.) खड़ी नली; **To be at a stand** (to be in a stationary condition.) स्थिर रहना; **To make a stand** (to make a stoppage.) रुकना, ठहरना।

Standard-स्टॅन्डर्ड्-*n. & adj.* the flag of a regiment, a principle, established measure

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

or rule, basis of comparison, an upright support. ध्वजा (पताका), सिद्धान्त, नियम (रीति), तुलना करने का सिद्धान्त, सीधा डण्डा; **Standard author** (an author recognized as a model.) प्रामाणिक ग्रन्थकार; **Standard-bearer** (the officer who bears a standard.) पताका ले कर चलनेवाला; **Standard person** (a man who works on principle.) प्रामाणिक पुरुष ।

Standardization-स्टैन्डर्डाइज़ेशन्-*n.* the act of standardizing. प्रामाणिकता ।

Standardize-स्टैन्डर्डाइज़्-*v.t.* to make regular, to conform to a standard. प्रमाण के अनुसार करना ।

Stander-स्टैन्डर् -*n.* one who stands. खड़ा होनेवाला ।

Stander-by-स्टैण्डर्-बाइ -*n.* a spectator. केवल निरीक्षक ।

Standing-स्टैन्डिङ्ग् - *n.* station, position in society, position, continuity, reputation. स्थान, पदवी, स्थिति, स्थायित्व, प्रतिष्ठा; - *adj.* permanent, established, fixed. स्थायी, सनातन, ठहरा हुआ; **Of high standing** (meritorious.) बड़ा प्रतिष्ठित, माननीय; **Of long standing** (well established.) चिरकालीन ।

Standpoint-स्टैन्ड्'-पॉ - इन्ट्-*n.* point of view. सिद्धान्त ।

Standstill-स्टैन्ड्'-स्टिल्-*n.* inability to proceed स्तब्ध होना, ठमक जाना ।

Stanhope-स्टैन्'-होप्-*n.* a kind of light open one-seated carriage. एक प्रकार की हलकी खुली एक आदमी के बैठने की गाड़ी ।

Staniel-स्टैन्'-इ-ऍल्-*n.* a kind of small hawk. एक प्रकार का छोटा बाज पक्षी ।

Stank-स्टैङ्क्-*p. t.* of Stink. दुर्गन्ध निकला ।

Stannary-स्टैन्-न-रि-*n.* a tin-mining district, tinware, a tinware-mart. टिन की खान का जिला, टिन के बर्तन, टिन के बर्तन का बाजार ।

Stannic-स्टैन्-निक्, **Stannious** (-नि-अस्)-*adjs.* pertaining to tin-mines. राँगे की खान-सम्बन्धी ।

Stanza-स्टैन्-ज़ा-*n.* a group of lines of a poem. श्लोक, छन्द; **Stanzaic** (-ज़ै'-इक्)-*adj.* concerning a stanza. श्लोक-सम्बन्धी ।

Staple-स्टे - पल् - *n.* a loop of metal with pointed ends for driving into a post &c., a contrivance for shutting a door, bent wire for stitching. नोकदार मुड़ा हुआ तार, कुलाबा (कुण्डी), सीने का मुड़ा हुआ तार;-*v. t.* to fasten with a staple. कुण्डी लगाना, तार से बाँधना ।

Staple-स्टे'-पल्-*n.* principal article of commerce, settled market, raw material, chief material, fibre of wool or cotton. हाट, मण्डी, सौदा, सामग्री, प्रधान भाग, ऊन या सूत का रेशा;-*adj.* chief. प्रधान ;-*v. t.* to sort different staples of. क्रम में रखना, अलगाना ।

Stapler-स्टे-प्लर्-*n.* a dealer in staple goods. प्रधान वस्तुओं या सूत या ऊन का सौदा करनेवाला व्यापारी ।

Star-स्टार्-*n.* a luminous body in the heavens, the asterisk used in printing (*), a prominent person, destiny. तारा (नक्षत्र, सितारा), छापे में का (*) चिह्न, प्रसिद्ध मनुष्य, भाग्य ;-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Starred.**) to set or adorn with stars, to shine as a star. सितारे जड़ना, तारे की भाँति चमकना, ऐसे (*) चिह्न लगाना; **Day-star** (morning star.) सबेरे का तारा; **Literary star** (a first-rate literary person.) अनोखा साहित्यिक; **Polar Star** (a fixed star in the heavens perpendicular to the pole.) ध्रुव तारा; **Shooting-star** (a meteor.) उल्का, टूटनेवाला तारा; **Star of India** (an order of knighthood instituted by the British Government.) ब्रिटिश राज्य की एक उपाधि; **Star under which one is born** (birth-star.) जन्म-नक्षत्र ।

Starblind-स्टार्'-ब्लाइन्ड्-*adj.* partially blind. थोड़ा अन्धा ।

Starboard-स्टार्'-बोर्ड्-*n.* & *v. i.* the right side of a ship or boat as one looks forward, to turn the ship to the right-hand side. जहाज़ या नाव का दाहिना भाग जब कोई मनुष्य इसके अग्रभाग की ओर मुख करके खड़ा हो, जहाज़ को दाहिनी ओर घुमाना ।

Starch-स्टार्च्-*adj.* precise, stiff. नियत, निश्चित, यथार्थ;-*n.* a white odourless powder obtained from corn and potatoes, preparation of this used for stiffening cloth &c., obstinacy. अनाज का सत्व, माड़ी (कलफ़), हठ; **Starchedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* in a starched manner.माड़ीपन से; **Starchedness** (-ड्-नेस्) -*n.* the quality of being starched. माड़ीपन ।

Starchiness-स्टार्चि-नेस्-*n.* the state of being starchy. माड़ीपन; **Starchly** (-लि)*adv.* in a precise manner. यथार्थ रूप से; **Starchness** (-नेस्)-*n.* the state of being precise. यथार्थता;**Starchy** (-ड्)-*adj.* consisting of starch. माड़ीदार ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Stare-स्टेअर्-*v. i. & t.* to look with fixed eyes, to gaze intently. स्थिर दृष्टि से देखना, घूरना (ताकना *n.* a fixed look with eyes wide open. स्थिर दृष्टि, टकटकी ।

Starfish-स्टार् - फ़िश्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली जिसको पाँच-सात बाहु के सदृश अङ्ग होते हैं ।

Stargazer-स्टार् - गेज़र्-*n.* an astronomer or astrologer. तारों का अध्ययन करनेवाले या ज्योतिषी ।

Staring-स्टेअरिङ्ग्-*adj.* of a fixed look. स्थिर दृष्टि का; **Staringly** (-लि)-*adv.* in a staring manner. स्थिर दृष्टि से ।

Stark-स्टार्क्-*adj.* stiff, strong, rigid, resolute. कठोर, कड़ा, पुष्ट, दृढ़ ; -*adv.* quite, mere, wholly. बिलकुल, केवल, पूर्ण रूप से ।

Starless-स्टार्' - लेस्-*adj.* having no stars visible. बिना तारे का; **Starlight** (-लाइट्)-*n.* the light proceeding from the stars. तारों का प्रकाश; **Starlike** (-लाइक्)-*adj.* resembling a star. तारे के सदृश ।

Starling-स्टार्लिङ्ग् *n.* a black-plumed bird of great imitative powers, protective piles round a bridge. सारिका, मैना, पुल की रक्षा करने के लिये उसके अगल-बगल का कङ्कड़-पत्थर का ढेर ।

Starlit-स्टार्'-लिट्-*adj.* lighted by stars. तारों से प्रकाशित ।

Starry-स्टारि-*adj.* full of stars. तारों से पूर्ण ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

port. आँधी के कारण रुका हुआ जहाज; **Storm-cloud** (- क्लाउड्) *-n.* disturbing affairs. विप्लव करनेवाली घटना; **Storm-door** (- डोर्) *-n.* additional outer door for protection from bad weather. आँधी से बचाव के लिये खिड़की का दुहरा पल्ला ; **Stormer** (- अर्) *-n.* one who assaults. आक्रमण करनेवाला ; **Stormful** (- फुल्) *-adj.* full of storms. आँधी से पूर्ण ; **Stormfulness** (-फुल्-नेस्) *-n.* the state of being stormful. आँधी से पूर्णता ; **Stormily** (- इ-लि) *- adv.* angrily. तीव्रता से, क्रोध से; **Storminess** (- इ-नेस्) *n.* tumultuousness. प्रचण्डता ; **Storming party** (-इङ्ग्-पार्टि) *- n.* the party which leads an assault on a fortified place. किले पर आक्रमण करनेवाली सेना; **Stormless** (-लेस्) *-adj.* devoid of storm. बिना आँधी का ; **Storm-proof** (-प्रूफ्) *- n.* protecting from storm. आँधी से बचाव करनेवाला साधन; **Stormy** (-इ) *-adj.* tempestuous, vehement, violent, boisterous. प्रचण्ड वायु का, क्रोधी, तीव्र, उद्दण्ड।

Story-स्टॉरि *-n.* (*pl.* **Stories.**) a place between two floors, the history of one's life, the account of an incident, a short narrative, tale, the loft of a house, the plot of a drama. मकान का खंड; जीवनी, कथा, वृत्तान्त, कहानी, घर का ऊपरी भाग कथानक, नाटक की कथा का आधार या ढाँचा; **Historical story.** ऐतिहासिक कथा; **Quite another story** (quite a different narrative.) दूसरा ही वृत्तान्त; **Story-book** (- बुक्) *- n.* a book containing short tales or stories. कथा-कहानी की पुस्तक; **The story goes** (it is said.) ऐसा कहा जाता है ; **Story-teller** (-टेलर्)*-n.* a historian, one who narrates stories. कथा कहनेवाला।

Stoup-स्टूप्-*n.* a vessel for holy waters, a kind of drinking pot. पवित्र जल का पात्र, पानी पीने का बर्तन।

Stout-स्टाउट् *-adj.* strong, resolute, brave, sturdy, strongly built.स्थूल शरीर का, पुष्ट, दृढ़, वीर, प्रबल ; **Stout-hearted** (-हार्टेड्) *- adj.* brave. वीर हृदय का; **Stout-heartedly** (-लि) *-adv.* bravely. वीर हृदयता से; **Stout-heartedness** (-हार्टेड्-नेस) *n.* the state of being brave. वीरहृदयता ; **Stoutish** (-इश्) *-adj.* somewhat stout. थोड़ा पुष्ट; **Stoutly** (-लि *-adv.* boldly. साहस से; **Stoutness** (-नेस्) *-n.* fortitude, boldness. प्रबलता, वीरता, साहस।

Stove-स्टोव्-*n.* an apparatus for heating, a hot-house, a cooking apparatus. अँगीठी, पौधों को गरम रखने का कमरा, चूल्हा, भट्ठी; **Stove-pipe** (- पाइप्) *- n.* a pipe that conducts smoke from a stove. अँगीठी से धुवाँकश तक धुवाँ ले जानेवाली नली।

Stover-स्टोवर्-*n.* fodder for cattle. पशुओं का चारा।

Stow-स्टो-*v. t.* to pack goods in a compact form, to fill things in a well-arranged manner. कसकर माल बाँधना, ठिकाने से सामग्री रखना ; **To stow things away** (to place things where they may not intrude.) ऐसे प्रकार से सामग्री रखना जिसमें किसी प्रकार का विघ्न न हो।

Stowage-स्टो-एज् - *n.* a room for stowing things. सामग्री रखने का स्थान।

Stowaway-स्टो'-अ-वे-*n.* one who hides himself in a ship for the sake of securing a free passage. वह जो बिना महसूल दिये यात्रा करने के लिये जहाज पर अपने को छिपा लेता है।

Strabismic-स्ट्रे-बिज़्मिक्-*adj.* squinting. ऐंचा।

Strabismus-स्ट्रे-बिज़्मस्-*n.* a squinting person. ऐंची आँख का मनुष्य।

Strabotomy-स्ट्रॉ-बॅटॅमि - *n.* the operation of the eyes for removing squinting. आँख की ऐंचन हटाने के लिये इसकी जर्राही।

Straddle-स्ट्रॉ'-इल्-*v. i. & t.* to stand or sit with legs wide apart, to part one's legs widely. पैर फैलाकर बैठना या खड़े होना, पैर दूर-दूर करना; *-n.* पैर का फैलाव।

Stradivarius-स्ट्रॉडिवॅरिअस् - *n.* a kind of stringed instrument. एक प्रकार की वीणा या सारङ्गी।

Srafe-स्ट्रा'-फ्-*v. t.* to thrash, to abuse, to attack, to punish. पीटना, गाली देना, हमला करना, दण्ड देना ; *- n.* abusive language. गाली-गलौज।

Straggle-स्ट्रॉ-ग्ल् - *v. i.* to be scattered, to get dispersed. छितराना, अलग होना।

Straggler-स्ट्रॉ-ग्लर्-*n.* one who straggles, a rover or wanderer, a vagabond. भ्रमण-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शील, घुमक्कड़, छितरानेवाला ; **Straggling** (-ग्लिङ्ग्) - *adj.* wandering. घूमनेवाला ; **Stragglingly** (-ग्लिङ्ग्'-लि)-*adv.* in a straggling manner. घूमते हुए, छितराते हुए।

Straight - स्ट्रेट् - *adj.* without bend, not crooked, extending in one direction, without curves, honest, candid. बिना मोड़ का, अकुटिल, सीधा (खड़ा), सादा, सरल, ईमानदार।

Straightaway-स्ट्रेट् -अ - वे -*adj.* straight-for ward. स्पष्टवक्ता।

Straight-cut-स्ट्रेट्'-कट्-*adv.* cut lengthwise. खड़े बल में काटा हुआ।

Straighten-स्ट्रेट्'-न्-*v. t.* to make straight. सीधा करना; **Straightener** (-नर्) - *n.* he who or that which straightens. फैलाने या सीधा करनेवाला।

Straightforth-स्ट्रेट्'-फ़ोर्थ्-*adv.* henceforth. अब से आगे; **Straightforward** (-फ़ॉर्'-वर्ड्)-*adj.* upright, open. सरल, सरल प्रकृति का ; **Straightforwardly** (-फ़ॉर्'-वर्ड्-लि)-*adv.* in a straightforward manner. सीधे-सीधे, स्पष्ट रूप से;**Straightforwardness** (-फ़ॉर्-वर्ड्-नेस्) -*n.* uprightness, openness. खरापन, सीधापन; **Straightly** (-लि)-*adv.* in a right line. सीधी रेखा में; **Straightness** (-नेस्)-*n.* the quality of being straight. सीधापन।

Straight off-स्ट्रेट्'-ऑफ़्-*adv.* without a hitch. बिना हिचक के।

Straight-thinking-स्ट्रेट्'-थिङ्किङ्ग्-*n.* candid thought. न्यायपूर्वक विचार।

Straightway - स्ट्रेट्' - वे - *adv.* immediately. तुरंत, झटपट।

Srain-स्ट्रेन् - *v. t. & i.* to stretch to the utmost, to stretch tightly, to sprain, to distort the meaning, to do one's utmost, to constrain, to pass through a sieve. तानना, कसकर फैलाना, ऐंठना, खींच-खींचकर अर्थ निकालना, अधिक प्रयत्न करना, शोधना (विमल करना), छानना, निचोड़ना; -*n.* a violent effort, tension, music. श्रम, तनाव, तीव्र उद्योग, झुकाव, ऐंठन, गीत; **In another strain** (in a different tune.) दूसरे लय में; **To strain a point** (to go beyond limit.) सीमा से बाहर जाना।

Strainable-स्ट्रे-नेबल्-*adj.* able to be strained. तानने या छानने योग्य; **Strained** (-न्ड्) - *adj.* artificial, constrained. कृत्रिम, खिंचा हुआ, तना हुआ; **Strainer** (-नर्)-*n.* an instrument for filtering. छानने का यन्त्र ; **Straining** (-निङ्ग्)-*n.* pressure, difficulty. दबाव, कठिनाई।

Strait-स्ट्रेट्-*adj.* narrow, confined, strict. संकुचित, सँकरा, कठिन;-*n.* a narrow pass of water, difficulty. जलडमरूमध्य, आवनाथ, संकुचित मार्ग, सङ्कट (आपत्ति, दुर्दशा) ; **Straits** (- स्) -*n. pl.* a difficult position. (ब० व०) संकट की अवस्था।

Straiten-स्ट्रेट्'-न्-*v. t.* to make narrow, to distress. संकुचित करना (कष्ट देना), व्याकुल करना; **Straitened circumstances** (times of distress.) दुर्गति, कठिन अवस्था।

Straitly-स्ट्रेट्- लि - *adv.* narrowly. संकुचित रूप से।

Straiteness-स्ट्रेट्'-नेस्-*n.* a distress, want. आपत्ति, कष्ट, अभाव।

Strake-स्ट्रेक्-*n.* the iron band of a wheel. पहिये की लोहे की हाल।

Stramineous-स्ट्रीं- मिनि - अस् - *adj.* chaffy, similar to straw. भूसा भरा हुआ, भूसे के समान।

Stramonium-स्ट्रीं-मो' - नि - अम् - *n.* a plant whose seeds are used in medicine. एक प्रकार का धतूरा।

Strand-स्ट्रैन्ड्-*n.* the margin of sea or lake, beach, one of the component strings of a rope. तीर, किनारा, रस्से का बल (भाँज) ; -*v. t. & i.* to drift on shore, to run aground, to break up a rope in strands. रेती या घाट पर लगाना, भूमि पर लग जाना, रस्से की भाँज अलगाना।

Stranded-स्ट्रैन्ड्'-एड्-*adj.* without resources. निःसहाय।

Strange-स्ट्रे-न्ज् - *adj.* foreign, unfamiliar, new, wonderful, peculiar, surprising, queer. अपूर्व, परदेशी, अपरिचित, विचित्र, अद्भुत, अनोखा (अलौकिक), असम्भव; **Strangely** (-लि)-*adv.* in a peculiar manner. विलक्षण प्रकार से; **Strangeness** (-नेस्)-*n.* the state of being peculiar. विलक्षणता, विचित्रता।

Stranger-स्ट्रेन्जर्-*n.* an unknown person,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

a foreigner, a guest. अज्ञात, परदेशी, अनजान (पराया), अतिथि; **The little stranger** (a new-born babe.) नवजात शिशु।

Strangle-स्ट्रैङ्ग्'-ल्-*v. t.* to kill by pressing the neck, to suppress, to suffocate. गला ऐंठकर या दबाकर मार डालना, दबाना, गला घोंटना।

Strangler-स्ट्रैङ्ग्'-लर्-*n.* one who strangles. गला घोंटनेवाला।

Strangles - स्ट्रैङ्ग्' - लज़् - *n.* an infectious disease in cattle. पशुओं का एक संक्रामक रोग।

Strangulate-स्ट्रैङ्ग्यु - लेट्-*v. t.* to strangle, to stop circulation of blood by compression. गला घोंटना, अङ्ग बाँधकर रुधिर की गति रोकना।

Strangulation-स्ट्रैङ्ग्यु-ले'- शन्-*n.* constriction of the throat. गला घोंटने का काम।

Strangurious-see **Strangury.**

Strangury - स्ट्रैङ्ग्' - ग्यू- रि -*n.* a disease in which urine passes with difficulty or in drops. अश्मरी, मूत्रकृच्छ्र, बूँद-बूँद करके कष्ट से पेशाब होने का रोग ; **Strangurious** (-अस्) -*adj.* pertaining to strangury. अश्मरी या मूत्र-कृच्छ्र रोग से संबंधित।

Strap-स्ट्रैप्-*n.* a long narrow strip of leather, cloth or other flexible material used for binding. चर्मपट, पट्टी, तस्मा; -*v. t.* (*p. t.* **Strapped.**) to fasten with a strap, to sharpen razor on a strap. तस्मे से बाँधना, चमोटे पर उस्तरा तेज करना ; **The strap** (chastisement with a strap.) चमड़े के तस्मे की मार द्वारा दण्ड।

Strappado-स्ट्रॉ - पे - (-पा)-डॅ-*n.* a kind of torture. एक प्रकार का दुर्दशा का दण्ड।

Strapper-स्ट्रैप - पर्-*n.* one who strikes with a strap. चाबुक से मारनेवाला।

Strapping-स्ट्रैप-पिङ्ग्-*n.* flogging with a strap. तस्मे (चाबुक) की मार।

Strap-work-स्ट्रैप - वर्क् - *n.* work of plaited straps. पट्टे की गूँथन।

Strata-स्ट्रे-टॉ-*n.* (*pl.* of **Stratum.**) layers. तहें।

Stratagem-स्ट्रैट्'-अ-जेम्-*n.* an artifice, a trick, a means of deceiving an ememy. युक्ति, छल, कपट (षड्यन्त्र), शत्रु को ठगने का उपाय।

Stratal-स्ट्रे-टल् - *adj.* pertaining to stratum. परत का।

Strategic-स्ट्रॉ-ट्रे जिक् - *adj.* pertaining to a stratagem. युद्ध की कूटनीति से संबंधित; **Strategical** (-अल्)-*adj.* pertaining to strategy. कपट उपाय का; **Strategically** (-लि) -*adv.* in a strategic manner. कपट-रचना से; **Strategics** (-स्) - *n.* strategical science. कपट विद्या ; **Strategist** (-जिस्ट्) -*n.* one who is skilled in military science. युद्धविद्या में निपुण।

Strategy-स्ट्रॉ-टि'-जि-*n.* (*pl.* **Strategies.**) the art of war, the science of military tactics. युद्धकौशल, व्यूह-रचना।

Strath-स्ट्रौथ्-*n.* a broad mountain valley, a stretch of flat land by the river side. पहाड़ की चौड़ी घाटी (दर्रा), नदी के किनारे का समतल क्षेत्र।

Straticulate-स्ट्रॉ-टिक्यु-लेट्-*adj.* having thin layers. पतली तहवाला।

Stratification-स्ट्रैटि -फ़ि-के' - शन्-*n.* process of stratifying. तहों का अलगाव।

Stratified-स्ट्रैटि - फ़ाइड् - *adj.* arranged in layers. परतों में व्यवस्थित।

Stratiform-स्ट्रैटि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of strata. तहों के रूप का।

Stratify-स्ट्रैटि'-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Stratified.**) to arrange in layers. तह या परत लगाना।

Stratigraphy-स्ट्रॉ-टि-ग्रॉ-फ़ि-*n.* the science of the geological arrangement of strata. भूतत्व विज्ञान का वह भाग जिसमें भूमि की तहों के क्रम का वर्णन रहता है।

Stratocracy-स्ट्रॉ-टॅ-क्रसि-*n.* military despotism. सैनिक प्रबन्ध।

Stratography-स्ट्रॉ-टॅ - ग्रॉफ़ि-*n.* description of an army. सेना का वर्णन।

Stratonic-स्ट्रॉ-टॅ-निक् - *adj.* pertaining to an army. सेना-सम्बन्धी।

Stratotic-स्ट्रैटॅ-टिक्-*adj.* military. सैनिक, सेना सम्बन्धी।

Stratum-स्ट्रे-टम् -*n.* a bed of sedimentary rock. तहदार चट्टान की एक परत।

Stratus-स्ट्रेटस्-*n.* (*pl.* **Strati.**) a continuous expanse of cloud. फैला हुआ बादल।

Straw-स्ट्रॉ-*n.* the dry stalks or stems of certain kinds of grain. भूसा, पुआल, सूखी घास, तिनका, फूस ;-*v. t.* to strew. छितराना, बिखेरना; **Man of straw** (a person without substantial means.) तृणमूर्ति, निःसत्त्व मनुष्य; **To catch at a straw** (to resort to an inadequate expedient.) शक्तिहीन वस्तु का सहारा लेना ; **To make a straw of** (to consider of no value.) तृण-समान जानना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Strawberry-स्ट्रॉ'-बे-रि-*n.* (*pl.* **Strawberries.**) a kind of perennial plant. एक प्रकार की झरबेर।

Strawboard-स्ट्रॉ-बोर्ड्-*n.* a thick paper made of straw. कागज की रूखी दफ्ती।

Straw-coloured-स्ट्रॉ-कलर्ड्-*adj.* of the colour of straw. पीले रङ्गका।

Strawcutter-स्ट्रॉ'-कटर्-*n.* an instrument for cutting fodder. चारा काटने की कल।

Strawy-स्ट्रॉ'-इ-*adj.* full of straw. तिनके से पूर्ण।

Stray-स्ट्रे-*v. i.* (*p. t.* **Strayed.**) to wander without aim, to ramble, to lose one's ways. विचरना, भटकना, रास्ता भूल जाना; -*n.* strayed animal. भटका हुआ पशु; -*adj.* scattered, meeting now and then. बिखरा हुआ, कभी-कभी भेंट करनेवाला।

Strayed-स्ट्रे-इ-*adj.* losing one's way. पथ-भ्रष्ट, भटका हुआ।

Streak-स्ट्रीक्-*n.* a long narrow irregular line or strip of colour. लकीर, रेखा, धारी; -*v. t.* to mark with streaks, to stripe. धारी डालना, रेखा से चिह्नित करना, लकीर करना; **Streaked** (-इ) -*adj.* variegated, with stripes of various colours. अनेक रङ्गों की रेखाओं से चिह्नित; **Streakily** (-लि) -*adv.* by way of streaks. धारी के रूप में।

Streakiness-स्ट्रीक्'-इ-नेस्-*n.* the state of being streaked. धारीपन; **Streak of lightning** (a flash of lightning.) विद्युत्-रेखा, बिजली की चमक

Streaky-स्ट्रीक्-इ-*adj.* streaked. धारीदार।

Stream-स्ट्रीम्-*n.* a body of running water, a current, flowing, direction of flow. स्रोत, धारा, नदी नाला, प्रवाह, प्रवाह की दिशा; -*v. i.* & *t.* to flow like a stream, to send forth, to emit a stream. धारा में बहना, निकलना या निकालना, फेंकना।

Streamer-स्ट्रीमर्-*n.* a flag, a ribbon attached at one end with the other end waving in the air, a beam of light. पताका, फ़ीता जिसका एक छोर बँधा हो तथा दूसरा छोर वायु में फहराता हो, प्रकाश की किरण

Streamless-स्ट्रीम्'-लेस्-*adj.* without streams. बिना धारा का

Streamlet-स्ट्रीम्'-लेट्-*n.* a small stream. छोटी धारा।

Streamy-स्ट्रीमि'-*adj* abounding in streams, flowing in a stream. धारायुक्त, धारा में बहनेवाला।

Street-स्ट्रीट्-*n.* a paved way in a town or village. (सड़क) गली, पथ; **The man in the street** (a man of ordinary intelligence.) सामान्य मनुष्य; **On the street** (living by prostitution.) वेश्यावृत्तिवाली स्त्री; **Royal street** (a public road, main road.) राजमार्ग, बड़ी सड़क; **Street door** (a door opening towards the street.) सड़क की ओर खुलनेवाला दरवाजा; **Street-sweeper** (-स्वीप्-अर्)-*n.* he who sweeps the streets. सड़क पर झाड़ू देनेवाला।

Street-walker-स्ट्रीट्' - वॉकर्-*n.* a prostitute. वेश्या; **Street-ward** (-वर्ड्) -*adv* towards the street. सड़क की ओर।

Strength-स्ट्रेन्'थ् - *n.* vigour, power, that which makes strong, force, that which is encouraged by argument, robustness. शक्ति, बल (पुष्टता), भरोसा, प्रभाव (पराक्रम;) **On the strength of** (encouraged by, relying on.) प्रोत्साहन से, अवलम्बन कर के; **Strength of mind** (intellectual strength.) बुद्धि की शक्ति (ताकत)।

Strengthen-स्ट्रेन्'-थ्-न्- *v. t.* & *i.* to make or grow strong, to confirm. प्रबल (दृढ़) करना, पुष्ट करना, पक्का करना; **Strengthener** (-अर्)-*n.* that which increases strength. शक्तिवर्धक औषध आदि; **Strengthening** (-इङ्ग्)-*adj.* increasing strength. शक्तिवर्धक, बलकारक; **Strengthless** (-लेस्)-*adj.* wanting in strength. दुर्बल, शक्तिहीन।

Strenuous-स्ट्रे-न्यु-अस्-*adj.* energetic, earnest, persistent. अति उत्साही, उद्योगी, हठी (दृढ़); **Strenuously** (-लि)-*adv.* ardently, zealously. उत्साह से, प्रयत्न से; **Strenuousness** (-नेस्) -*n.* eagerness. उद्योग, उत्साह।

Strepent-स्ट्रे-पे-न्ट्-*adj.* noisy. कोलाहली।

Streperous-स्ट्रेपरस्-*adj.* boisterous. कोलाहल करनेवाला।

Strephon-स्ट्रे'-फ़न्-*n.* a love-sick farmer or shepherd. प्रेमासक्त कृषक (किसान) या गड़ेरिया।

Stress-स्ट्रेस्-*n.* pressure, urgency, impelling force, weight, effort, importance, emphasis on a syllable or word, the force exerted on a body. दबाव, बल, भार, प्रयत्न, गुरुत्व, किसी शब्द या अक्षर पर भार देना (जोर डालना), प्रभाव; -*v. t.* to lay stress on. to lay emphasis on. प्रभाव डालना, जोर देना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Stressless (-लेस्) *-adj.* without stress. बिना दबाव का।

Stretch-स्ट्रेच्-*v. t. & i.* to straighten, to lengthen, to spread, to tighten, to extend, to exert to the utmost. सीधा करना, लम्बा करना, फैलाना, कसना, बढ़ाना, तानना, सबसे अधिक श्रम करना; *-n.* stretching or being stretched, effort, struggle, extension. फैलाव, प्रयत्न, संघर्ष, विस्तार, वृद्धि; **To stretch one on the ground** (to knock a man sprawling.) मारकर भूमि पर लिटा देना; **To stretch out** (to expand.) फैलाना, पसारना; **To stretch the truth** (to exaggerate.) अत्युक्ति (अतिशयोक्ति) करना।

Stretcher-स्ट्रेचर् *-n.* an appliance for carrying the sick and disabled persons. डोली, टिकठी।

Stretchiness-स्ट्रेचि-नेस *-n.* extent, expanse. विस्तार, फैलावट।

Stretchy-स्ट्रेचि-*adj.* liable to stretch. फैलनेवाला।

Strew-स्ट्रू *-v. t.* (*p. t.* **Strewed,** *p. p.* **Strewn.**) to scatter on surface, to cover with small objects. छितराना (फैलाना), बिखेरना; **Strewing** (-इङ्ग्)*-n.* act of scattering or spreading. छितराने या फैलाने का कार्य।

Stria-स्ट्राइ-आ *-n.* (*pl.* **Striae.**) the mark of lines on a surface, a slight furrow. समतल पर डोरी (लकीर) के चिह्न, हलकी लीक।

Striate-स्ट्राइ'-एट्-*adj.* striated. डोरीदार; **Striately** (-लि) *-adv.* in a striated manner. लकीरपन से; **Striation** (-शन्) *-n.* the state of being striated. डोरी पड़ने की अवस्था।

Stricken-स्ट्रिक्'-न् *-p. p.* of **Strike**;*-adj.* wounded in the chase, afflicted with a disease, struck with a blow. शिकार में जख्मी, रोगग्रस्त, चोट खाये हुए।

Strict-स्ट्रिक्ट् *-adj.* accurate, tense, severe, rigid, requiring exact performance. नियत, दृढ़, कठोर, तीक्ष्ण, अलंघनीय, निपुण; **Strictly** (-लि) *-adv.* exactly, literally. ठीक-ठीक, दृढ़ता से, वस्तुतः; **Strictness** (-नेस) *-n.* harshness. कठोरता, दृढ़ता।

Stricture - स्ट्रिक्चर् - *n.* a critical remark, censure, morbid contraction of any duct in the body. गुण-दोष की व्याख्या, निन्दा, शरीर के किसी स्रोत का अवरोध; **Strictured** (-ड्)*-adj.* censured, obstructed. निन्दा किया हुआ, स्रोत का अवरोध किया हुआ।

Stride-स्ट्राइड् *-v. i. & t.* (*p. t.* **Strode,** *p. p.* **Stridden, Strid.**) to walk with long steps, to bestride. लंबे-लंबे डग से चलना, लांघना, डाँकना; *-n.* a single long step. लंबा डग, (डकान) छलाँग।

Strident-स्ट्राइ-डेन्ट्-*adj.* loud in sound. तेज शब्द का, कर्कश; **Stridently** (-लि) *-adv.* with a loud sound. चिल्लाहट से।

Stridulant-स्ट्रिड्यूलन्ट्-*adj.* making a shrill cry. कर्कश शब्द निकालनेवाला।

Stridulate-स्ट्रिड्'-यू-लेट्-*v.i.* to make a shrill cry by rubbing the parts of the body. शरीर के अङ्ग को रगड़कर झनझन शब्द निकालना; **Stridulation** (-लेशन्) *-n.* the act of stridulating. झनझन शब्द; **Stridulator** (-लेट्-अर्)*-n.* one who makes a shrill cry. झनझन शब्द करनेवाला; **Stridulous** (स्ट्रिड्'-यु-लस्) *-adj.* making a harsh sound. कर्कश शब्द करनेवाला।

Strife-स्ट्राइफ् *-n.* a struggle, contention, discord. कलह (विवाद, झगड़ा), राद, विरोध; **Strifeful** (-फुल्) *-adj.* contentious. विरोध करनेवाला।

Strigil-स्ट्रिजिल् *-n.* an appliance for scraping the skin at the bath. स्नान करते समय शरीर को रगड़ने का झावाँ।

Strigose-स्ट्राइ-गॅ-स् , (**Strigous**-गस्) *-adjs.* having short stiff hair. छोटे कड़े बालोंवाला।

Strike-स्ट्राइक् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Struck,** *p. p.* **Struck, Stricken.**) to hit, to deliver a blow, to dash against, to punish, to bring into specified condition by striking, to stamp, to arrest attention of, to lower, to find, to refuse to work unless some demands are accepted, to notify by sound. मारना, पीटना, धक्का देना, पटकना, टकराना, दण्ड देना, पीट कर निश्चित दशा पर लाना, छापना, चित्त आकर्षित करना, नीचा करना, पता लगाना, माँगों की स्वीकृति न होने तक हड़ताल करना, शब्द द्वारा सूचित करना; **A stricken heart** (greatly worried heart.) चिन्ताग्रस्त चित्त; **Stricken with fever** (suffering from fever.) ज्वरग्रस्त; **Struck with wonder** (greatly astonished.) विस्मित, चकित; **The clock strikes.** घड़ी बजती है; **The hour has struck** (the clock has

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

struck.) घण्टा बजा, समय आ गया; **The plant strikes roots** (the plant grows.) पौधा जड़ फेंकता है; **To strike accounts** (to make accounts.) हिसाब करना; **To strike a match** (to light a match.) दियासलाई जलाना; **To strike at** (to threaten by the fist.) मुक्का तानना; **To strike at the root of** (to destroy completely.) जड़ से नष्ट करना; **To strike back** (to return blows.) मुक्के का बदला चुकाना; **To strike balance** (to take out balance.) रोकड़ निकालना; **To strike bargain** (to make bargain.) सौदा करना; **To strike blind** (to make blind.) अन्धा करना; **To strike fear in the mind** (to create fear in the mind.) चित्त में भय उत्पन्न करना; **To strike for** (to depart.) प्रस्थान करना; **To strike in** (to enter suddenly.) बीच में आना; **To strike off** (to remove, to erase.) हटाना, काटना, मिटाना; **To strike off head** (to sever head from body.) सिर काट लेना; **To strike one's flag** (to surrender a fortress or ship to an enemy) किला या जहाज शत्रु के अर्पण करना; **To strike out** (to throw up hands and feet.) हाथ-पैर फेंकना; **To strike out plan** (to devise.) तदबीर दिखलाना; **To strike sail** (to spread sail.) पाल फैलाना; **To strike tents** (to pitch camps.) खेमा गाड़ना; **To strike through** (to remove by cutting off.) काटकर निकाल देना; **To strike up acquaintance** (to start acquaintance readily.) जल्दी से जान-पहिचान करना; **To strike up a tune** (to start playing a tune.) राग निकालना; **To strike upon a plan** (to occur luckily.) विधि सूझ जाना; **To strike while the iron is hot** (to work when there is energy in the mind and body, to make an effort on getting a chance.) उत्साह के समय काम करना, मौका पाकर प्रयत्न करना।

Strike-स्ट्राइक् *-n.* a refusal of employees to work unless their grievances are remedied. हड़ताल; **General strike** (complete cessation from work.) किसी सामान्य लक्ष्य से सभी व्यवसाय में पूरी हड़ताल; **Strike-breakers** (those who work and do not follow the strikers.) हड़तालियों में से काम करनेवाले; **Sympathetic strike** (a strike in token of sympathy.) सहानुभूति दिखलाने के लिये हड़ताल।

Striker-स्ट्राइकर् *-n.* one who strikes. हड़ताल करनेवाला।

Striking-स्ट्राइकिङ्ग् *-adj.* wonderful, peculiar, impressive. विचित्र, आश्चर्यजनक, अद्भुत, चित्त को आकर्षित करनेवाला; **Strikingly** (-लि) *-adv.* in a striking manner. विचित्रता से, विलक्षणता से; **Strikingness** (-नेस्)*-n.* peculiarity. विलक्षणता, अनोखापन।

String-स्ट्रिङ्ग् *-n.* a slender rope or fine cord used for tying, stretched piece of wire, catgut &c., objects strung together. रस्सी, डोरी, ताँत, तार, सुतली, पंक्ति, माला (श्रेणी); *-v. t. & i.* to furnish with strings, to put on a string, to thread pearls &c. in a string. ताँत लगाना, डोरी लगाना, तार चढ़ाना, तागे में गूँथना या पिरोना; **Second string** (a dependent person.) आश्रयभूत मनुष्य; **String alphabet** (an appliance with special knots for teaching the blind.) अन्धे को अक्षर सिखलाने की भिन्न-भिन्न आकार की ग्रन्थियाँ; **String of pearls** (pearls strung together to form a rosary.) मोती की माला; **To harp on one (the same) string** (to dwell on a single subject.) एक ही विषय में लीन होना, एक धुन में लगे रहना; **To have two strings to one's bow** (to have two expedients.) दुहरा लाभ उठाना; **To pull the strings** (to be the chief actuator.) किसी कार्य का प्रधान उत्तेजक होना; **To touch the strings** (to begin playing.) सारङ्गी बजाना आरम्भ करना।

Stringed-स्ट्रिङ्ग्-इ- *adj.* having strings. ताँत या तारवाला, तन्तुयुक्त।

Stringency-स्ट्रिन्-जेन्-सि- *n.* severe pressure. कठोरता; **Stringent** (-जेन्ट्)*-adj.* severe, strict, urgent, tight, hard to operate. कठोर, दृढ़, आवश्यक, कसा हुआ, अशिथिल; **Stringently** (-जेन्ट्-लि) *-adv.* in a strict manner. कठोरता से।

Stringer-स्ट्रिङ्ग्'-अर्- *n.* a supporting timber in which the steps of a staircase are set धरन जिसमें सीढ़ी के डण्डे लगाये जाते हैं।

Stringiness-स्ट्रिङ्गि-नेस्- *n.* the state of being stringy. रेशापन।

Stringless-स्ट्रिङ्ग्'-लेस्- *adj.* without strings. बिना तार या ताँत का।

Stringy-स्ट्रिङ्गि *- adj.* like a string, fibrous. तार के समान, सूतदार (रेशेदार)।

Strip-स्ट्रिप्- *v. t. & i.* (*p. t.* **Stripped.**) to lay bare, to deprive of covering &c., to

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

remove the bark, to tear off, to undress. नङ्गा करना, खाल उधेड़ना, कपड़ा उतारना, छिलका उतारना, छाल हटाना; *-n.* a long narrow piece of anything. धर्ज्जा, पट्टी; **Stripped** (-इ) *-adj.* naked. नङ्गा; **To strip a cow** (to press out all milk from a cow.) गाय का सब दूध दुह लेना; **To strip off** (to remove all clothes from.) सब कपड़े उतारना।

Stripe-स्ट्राइप्-*n.* a long narrow band generally of equal breadth attached to a surface of a different colour, a mark made by a lash. पट्टी (धारी, लकीर), कोड़े की मार का चिह्न; *-v. t.* to make stripes on. लकीर या रेखा डालना; **Striped** (-इ) *-adj.* having stripes. लकीरदार, धारीदार।

Stripling-स्ट्रिप्-लिङ्ग्-*n.* a lad, a young man. शिशु, बालक, किशोर।

Stripper-स्ट्रि-पर्-*n.* one who strips. छिलका उतारनेवाला, खाल उधेड़नेवाला।

Stripy-स्ट्राइपि-*adj.* resembling a stripe. पट्टी की तरह का।

Strive-स्ट्राइव्-*v. i.* (*p. t.* **Strove**, *p. p.* **Striven.**)to endeavour, to try hard, to struggle, to contend. प्रयत्न करना, उद्यम करना, कलह करना, झगड़ना; **to strive against** (to struggle against an enemy.) झगड़ा करना, कलह करना।

Striver-स्ट्राइ-वर् *-n.* one who makes bodily or mental efforts. शारीरिक या मानसिक परिश्रम करनेवाला।

Striving-स्ट्राइ-विङ्ग् - *n.* contention. झगड़ा, कलह; **Strivingly** (-लि) *-adv.* with great effort. अधिक परिश्रम से।

Strobiliform-स्ट्रॉबिलिफ़ॉर्म् *-adj.* (also **Strobiline** or **Strobiloid**) cone-shaped. शंकु की आकृति का।

Strocal-स्ट्रोकल्-*n.* a shovel used by glass-makers. काँच बनानेवालों का फरसा।

Strode-स्ट्रोड्-*p. t.* of **Stride.** लम्बे लम्बे डग से चला।

Stroke-स्ट्रोक्-*n.* a blow, a sudden attack, a single performance, a successful attempt, calamity, an original idea, a mark made by a pen of brush, the sound made by the striking of a clock. आघात, प्रहार, चोट, आकस्मिक आक्रमण, कृति, सफल प्रयत्न, विपत्ति,अनोखा, विचार, कलम या बुरुस से बनी हुई लकीर, घड़ी के बजने का शब्द; **Finishing strokes** (finishing touches.) अन्तिम सुधार; **on the stroke** (at the right time.) ठीक समय पर; **Stroke of business** (a profitable transaction.) लाभ का व्यापार; **Stroke of policy** (diplomacy) नीति की निपुणता; **Stroke of thunderbolt** (a stroke of lightning.) वज्रपात; **Sunstroke** (prostration caused by exposure to excessive heat of the sun.) लू लग जाना।

Stroke-स्ट्रोक् *-v. t.* to pass the hand gently in one direction. थपथपाना (सहलाना), एक ओर हाथ फेरना;*-n.* the act of stroking. थपथपाहट; **To stroke one down** (to pacify.) शान्त करना, ठण्ढा करना; **To stroke one's hair the wrong way** (to irritate.) उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना।

Stroker-स्ट्रोकर्-*n.* one who strokes. सहलानेवाला।

Strokingly-स्ट्रोक्'-इङ्ग्-लि-*adv.* in a stroking manner. थपथपाते हुए।

Stroll-स्ट्रोल्-*v. i. & t.* to ramble, to saunter, to walk leisurely, to wander on foot. बिचरना, घूमना, इधर-उधर भटकना, पैदल घूमना;*-n.* a rambling saunter, a leisurely walk. परिभ्रमण, घूमना, टहलान।

Stroller-स्ट्रोलर् - *n.* a wanderer, a vagrant. इच्छानुसार घूमनेवाला, घुमक्कड़।

Stroma-स्ट्रो'-मीं-*n.* (*pl.* **Stromata.**) the frame work of an organ. किसी अंग का ढाँचा।

Stromatic-स्ट्रो-मीं-टिक् *-adj.* (also **Stromal.**) miscellaneous. भिन्न आकार का।

Strombuliform-स्ट्रॉम्'-ब्यू-लि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a top. लट्टू के आकार का।

Strong-स्ट्रॉङ्ग्-*adj.* having physical power to endure, energetic, tough, healthy, firm effective, vigorous, vivid, muscular, fortified, forcible, full of spirit, stout, zealous. समर्थ, प्रबल, पुष्ट, चिमड़ा, स्वस्थ, दृढ़, प्रभावकारी, उत्तेजक, स्पष्ट, मांसल (दृढ़ अङ्गवाला), किलेबन्द, शक्तिशाली, तीव्र, उत्साही, बलवान्; **A company of 500 strong** (a company composed of five hundred soldiers.) पाँच सौ सिपाहियों का रिसाला; **Of strong smell** (bitter-smelling.) उग्र गन्ध का; **Of strong mind** (capable of strong reasoning.) तीक्ष्ण बुद्धिवाला; **Strong character** (sound character.) दृढ़ चरित्र; **Strong drink** (very intoxicating liquor.) तीखी मदिरा; **Strong fortress** (an unconquerable fortress.) अजेय दुर्ग; **Strong inclination** (a keen desire.) उत्कट इच्छा; **Strong market** (a rising market.) भाव बढ़ने का बाजार; **Strong**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

meat (solid food.) ठोस भोजन; **Strong medicine** (an effective medicine.) गुणकारी औषध; **Strong-minded** (having a sound mind.) मनस्वी; **Strong support** (support with full power.) पूर्णरूप की सहायता; **Strong style** (forcible expression.) प्रभावशाली लेख; **Strong verbs** (verbs forming inflexion by change of vowel within the stem and not by suffixes.) वह क्रिया जिसका भूतकाल का रूप शब्द के भीतरी स्वर के बदलने से बनता है; **Strong voice** (a harsh voice.) तेज बोली; **To grow-strong** (to be powerful.) प्रबल होना।

Stronghold-स्ट्रॉङ्ग्'-होल्ड्-*n.* a fortress. क़िला, गढ़, दुर्ग।

Strongly-स्ट्रॉङ्ग्'-लि *adv.* forcibly, firmly, दृढ़ता से, कठोरता से।

Strong-room-स्ट्रॉङ्ग्'-रूम्-*n.* a strong room in which valuables are kept. बहुमूल्य पदार्थों के रखने का मजबूत कमरा।

Strong-set-स्ट्रॉङ्ग्'-सेट्-*adj.* firmly fixed. कसकर लगाया हुआ।

Strontia-स्ट्रॉन्'-शा-*n.* an ingredient of fireworks. आतिशबाजी बनाने का एक मसाला।

Strontium-स्ट्रॉन्'-शम्-*n.* a kind of yellow metal. एक प्रकार के पीले रंग की धातु।

Strop-स्ट्रॉप्-*n.* a strip of leather on which razors &c. are sharpened. उस्तरा तेज करने का चमोटा; -*v. t.* (*p. t.* Stropped.) to sharpen on a strop. चमोटे पर रगड़कर तेज करना।

Strophe-स्ट्रो'-फ़ि-*n.* a stanza. श्लोक, छन्द।

Strophiolate-स्ट्रॉ'-फ़ि-ॲ-लेट्, **Strophiolated** (-एट्ड्)-*adjs.* furnished with a garland. माला पहिनाया हुआ।

Strophulus-स्ट्रॉफ़्'-यु-लस्-*n.* tooth-rash. बच्चों का मसूड़ा फूलने का रोग।

Strove-स्ट्रोव्-*p. t.* of Strive. प्रयत्न किया।

Struck-स्ट्रक्-*p. t.* of Strike. मारा।

Structural-स्ट्रक्चरल्-*adj.* pertaining to structure. बनावट का, रचना-सम्बन्धी; **Structurally** (-लि) -*adv.* by way of structure. बनावट के रूप में।

Structure-स्ट्रक्चर्-*n.* the manner in which anything is constructed, supporting framework of something, construction, form, building. निर्माण (रचना), ढंग, ढाँचा, आकार, बनावट, भवन; गृह।

Structured-स्ट्रक्चर्ड्-*adj.* constructed. निर्माण किया हुआ।

Structureless-स्ट्रक्चर्-लेस्-*adj.* without organization. बिना व्यवस्थित रचना का।

Struggle-स्ट्र-गल्-*v. i.* to make a violent effort, to contend with, to strive hard. अधिक परिश्रम करना, संघर्ष करना, उद्योग करना; -*n.* a violent effort, hard contest, strife, effort under difficulties. परिश्रम, संघर्ष, प्रयत्न, कलह, लड़ाई-झगड़ा; **Struggler** (-अर्) -*n.* one who struggles or strives. संघर्ष करनेवाला, झगड़ालू; **Strugglingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a struggling manner. संघर्ष करते हुए, झगड़ते हुए।

Strum-स्ट्रम्-*v. t. & i.* (*p. t.* Strummed.) to twang the strings of a musical instrument. बीन, सितार इत्यादि के तारों को झनकारना; -*n.* the sound made by strumming. झनकार।

Struma-स्ट्रू-मा -*n.* (*pl.* Strumae.) scrofula. गण्डमाला।

Strumous-स्ट्रू'मस् -*adj.* scrofulous. गण्डमाला-सम्बन्धी।

Strumpet-स्ट्रम्पेट्-*n.* a prostitute. वेश्या, रण्डी, पतुरिया

Strung-स्ट्रङ्ग् -*p. t. & p. p.* of String.

Strut-स्ट्रट् *v. i.* (*p. t.* Strutted.) to walk with a pompous gait. गर्व से (अकड़कर) चलना; -*n.* an affected gait. अकड़ की चाल; **Strutter** (-टर्) -*n.* one who struts. अकड़कर चलनेवाला।

Struthious-स्ट्रू'-थि-अस्-*adj.* pertaining to or like the ostrich. शुतुरमुर्ग की तरह का।

Struttingly-स्ट्र-टिङ्ग्-लि -*adv.* in a strutting manner. अकड़कर चलते हुए।

Strychnia-स्ट्रिक्'-नि-आ, **Strychnine** -स्ट्रिक्'-नीन्-*ns.* a poisonous alkaloid obtained from certain plants. वत्सनाभ (बच्छनाग)।

Strychnic-स्ट्रिक्' -निक् -*adj.* pertaining to strychnia. वत्सनाभ सम्बन्धी।

Stub-स्टब्-*n.* the stump of a tree, tooth &c., remannt of cigar, pencil &c. ठूँठा, बचा हुआ छोटा टुकड़ा; -*v. t.* (*p. t.* Stubbed.) to clear land of stubs. भूमि में से ठूँठ हटाना।

Stubble-स्ट-ब्ल् -*n.* a stalk of grain, cropped hair. अन्न के पौधे की खूँटी, कटा हुआ बाल।

Stubbly-स्टब्-लि-*adj.* stubbled. खूँटीदार।

Stubborn-स्टबर्न् -*adj.* obstinate, inflexible,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

refractory, not yielding. हठी, दुर्दान्त, अड़ियल ; **Stubbornly** (- लि) - *adv.* in a refractory manner. हठ से; **Subbornness** (-नेस्)-*n.* obstinacy. हठ, जिद्द ।

Stubby-स्टबि - *adj.* abounding with stubs. ठूँठदार ।

Stub-nail-स्टब्'-नेल्-*n.* a short thick nail. छोटी मोटी कीली ।

Stucco-स्ट - कॅ - *n.* (*pl.* **Stuccoes.**) a fine plaster or cement. महीन चूना या सिल्मिट; -*v. t.* to coat with stucco. महीन चूने या सीमेन्ट की दीवार इत्यादि पर पलस्तर लगाना ।

Stuck-स्टक्-*p. t.* of **Stick.** चिपकाया, चिपका ।

Stud-स्टड्-*n.* a nail with a large knob, rivet, a two-headed button, a small post, horses and mares kept for breeding or hunting. बड़े माथे का काँटा, कील, खूँटा, दुहरे सिरे का बटन, थूनी, प्रजनन या शिकार के लिये पाले गये घोड़े-घोड़ियों का झुण्ड; -*v.t.* *p.t.* **Studded.**) toadorn with studs. खूँटा लगाना, फूलदार काँटा जड़ना; **Collar-stud** (a collar-button. कालर में लगाने का बटन; **Studded** (-डेड्) -*adj.* thickly set. घना जड़ा हुआ, छितराया हुआ; **Studded with stars** (ornamented with stars.) तारे जड़े हुए ।

Studbolt-स्टड्' - बोल्ट् - *n.* a bolt which is threaded at both ends. दोनों ओर पेंच बनी हुई लोहे की छड़ ।

Stud-farm-स्टड्-फ़ार्म्-*n.* a place where horses are bred. घोड़ा पालने का स्थान ।

Stud-horse-स्टड्-हॉर्स्-*n.* a stallion. साँड़, घोड़ा ।

Student-स्ट्यू'-डेन्ट्-*n.* a person who studies for some occupation, one who studies some branch of learning, a scholar. अध्ययन करनेवाला, विद्यार्थी, विश्वविद्यालय का छात्र; **Studentship** (-शिप्) - *n.* scholarship. विद्यार्थी का पद ।

Studied-स्ट'-डिड् - *adj.* carefully examined, pre-planned, deliberate, intentional. सावधानी से परीक्षा किया हुआ, अध्ययन किया हुआ, पूर्व-कल्पित या नियोजित, भली भाँति विचारा या समझा हुआ, इच्छानुरूप; **Studiedly** (-लि) -*adv.* in a studied manner. अध्ययन किये हुए ।

Studier-स्ट-डि-अर्-*n.* one who studies, a student. अध्ययन करनेवाला, विद्यार्थी ।

Studio-स्ट्यू'-डि-ॲ - *n.* (*pl.* **Studios.** the working room of an artist or photographer. चित्रकार या फ़ोटो खींचनेवाले का काम करने का कमरा ।

Studious-स्ट्यू'-डि-अस्-*adj.* given to study, diligent, anxious, deliberate, painstaking. अध्ययनपरायण, व्यवसायी, उत्सुक (विद्याभ्यासी), अति कष्ट करनेवाला; **Studiously** (-लि) -*adv.* in a studious manner. परिश्रम से, अभ्यास से; **Studiousness** (-नेस्)-*n.* the habit of study. परिश्रम, अध्ययन में आसक्ति ।

Studwork-स्टड्'-वर्क्-*n.* brickwork between the intermediate posts of a partition. अलगाव की दीवार के बीच की ईंटे की जुड़ाई ।

Study-स्ट-डि-*n.* (*pl.* **Studies.**) meditation, devotion of time and mind to books, pursuit of knowledge, investigation, sketch of a picture, a room used for study or for transacting any business. चिन्तन, अध्ययन, ज्ञानार्जन, अनुसन्धान, चित्र का खाका, कोई व्यवसाय करने या पढ़ने का कमरा; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Studied.**) to take pains for acquiring knowledge, to contemplate. परिश्रम से पढ़ना (अभ्यास करना), ध्यान देना (चिन्तन करना); **Close study** (persistent study.) निरन्तर अध्ययन; **In brown study** (intent on thoughts.) विचार में लीन; **To study for the bar** (to study law.) कानून पढ़ना; **To make a study of** (to make a thorough investigation.) भली भाँति अन्वेषण करना; **To study out** (to succeed in an investigation.) ध्यान देकर अन्वेषण करना; **To study up** (to prepare for an examination.) परीक्षा के लिये तैयारी करना ।

Stuff-स्टफ्-*n.* the material of which any thing is made, a woven fabric, refuse, worthless matter, nonsense. सामग्री, पदार्थ, कूड़ा, वस्त्र, तुच्छ पदार्थ, अनर्थक बकवाद; - *v. t.* & *i.* to pack, to stop up, to fill up with something, to press, to eat greedily. भरना, रोकना, परिपूर्ण करना, दबाना, भकोसना; **A good stuff** (a good material.) अच्छा माल; **Doctor's stuff** (medicine.) औषध, दवा ।

Stuffer-स्ट-फ़र्-*n.* he who or that which stuffs. भरनेवाला ।

Stuffing-स्ट - फ़िङ्ग्-*n.* that which is used for filling anything. पूर्ति या भराव की वस्तु ।

Stuffing-box-स्टॅ - फ़िङ्ग् -बॉक्स्-*n.* a contrivance in an engine which prevents

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

leakage of air or water through the action of a moving part. यन्त्र (इंजन) में का वह भाग जो हवा या पानी को नहीं निकलने देता या रोके रहता है।

Stuffy-स्टफ़ि - *adj.* packed up, difficult to breathe. भरा हुआ, गला घोंटनेवाली (वायु)।

Stultifier-स्टल्'-टि-फ़ाइ -अर्-*n.* one who befools another person. किसी मनुष्य को मूर्ख बनानेवाला।

Stultification - स्टल्टिफ़िकेशन् - *n.* the act of reducing to absurdity. मूर्ख आचरण, मूर्ख बनाने का काम, निरर्थक उद्योग।

Stultify-स्टल्टिफ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Stultified.) to reduce to absurdity, to make useless, to make foolish. मूर्खवत् आचरण करना, वृथा करना, मूर्ख बनाना।

Stultiloquy-स्टल्टि-लॅ-क्वि-*n.* a silly or foolish talk. मूर्खतापूर्ण बातचीत।

Stum-स्टम्-*n.* unfermented juice of grapes. अंगूर का ताजा रस; -*v. t.* (*p. t.* Stummed.) to prevent juice from fermentation. अंगूर के रस को सड़ने से रोकना, अरक़ न बनने देना।

Stumble-स्टम्'-बल्-*v. i. & t.* to lurch, to trip in walking, to have partial fall, to make mistakes, to come accidentally upon. ठमकना, ठोकर खाना, गिर पड़ना, अशुद्धि करना, चूक जाना; -*n.* the act of stumbling. ठोकर, भूल-चूक।

Stumbler-स्टम्'-ब्लर्-*n.* one who stumbles. ठोकर खानेवाला।

Stumbling-block-स्टम्' - ब्लिङ्ग्-ब्लॉक्-*n.* an obstacle, cause of error. ठोकर, अशुद्धि का कारण; **Stumbling-block to all** (an obstacle or difficulty for all.) सबके लिये ठोकर, विघ्नस्थान।

Stumblingly - स्टम् - ब्लिङ्ग् - लि -*adv.* in a stumbling manner. ठोकर खाते हुए, भूल करते हुए ; **To stumble on** (upon) (to get by chance.) संयोगवश हाथ लगना।

Stumer-स्ट्यू-मर्-*n.* a counterfeit coin or cheque. बनावटी या जाली सिक्का या चेक।

Stump-स्टम्प्-*n.* the projecting part of a body, when the rest has been cut or has fallen away, broken branch of a tree, one of the sticks of a wicket, a cylinder of rolled paper for softening pencil-marks. किसी वस्तु का कटने पर बचा हुआ भाग, पेड़ का ठूँठ, वृक्ष की कटी हुई डाली, खूँटी, छोटा डंडा, पेंसिल का दाग हलका करने के लिये लपेटे हुए कागजों की बत्ती; -*pl.* legs. (ब० व०) पैर; -*v. i. & t.* to walk stiffly, to brag. डगमगाते हुए चलना, शेखी हाँकना, आत्मश्लाघा करना; **On the stump** (engaged in political lectures.) राजनीतिक विषय पर व्याख्यान देनेवाला।

Stumped-स्टम्प्'-इ-*adj.* full of stumps. ठूँठ से पूर्ण।

Stumper-स्टम्प्'-अर्-*n.* a staggerer, one who brags. डगमगाकर चलनेवाला, शेखी मारनेवाला।

Stumpily-स्टम्पि-लि-*adv.* in a stumpy manner. छोटेपन से; **Stumpiness** (-नॅस्) -*n.* smallness. नाटापन, छोटापन।

Stump-orator-स्टम्प्' - ओरेटर् - *n.* a speaker who appeals to the passions of the mob. जनसमुदाय के चित्त को उत्तेजित करनेवाला व्याख्यानदाता; **Stump-oratory** (-इ) also **Stump-speech**(-स्पीच्)-*n.* जनोत्तेजक व्याख्यान।

Stumpy-स्ट-म्पि -*adj.* thick and small. छोटा और मोटा।

Stun-स्टन्-*v. i.* (*p. t.* Stunned.) to make senseless temporarily, to deafen, to overwhelm, to bewilder. अचेत करना, बहिरा करना, घबड़ा देना, मूर्छित करना।

Stunned-स्टन्'-इ-*adj.* deafened. बहिरा किया हुआ।

Stunner-स्ट'-नर्-*n.* one who stuns. मूर्छित करनेवाला।

Stunning-स्ट'-निङ्ग् - *adj.* making stunned. astonishing. कान झल्लानेवाला, आश्चर्यमय।

Stunningly-स्ट-निङ्ग्'-लि-*adv.* in a stunning manner. झन्नाते हुए, बहिरा करते हुए।

Stung-स्टङ्ग्-*p. t. & p. p.* of Sting.

Stunk-स्टङ्क्-*p. t.* of Stink.

Stunt-स्टन्ट्-*v. t.* to hinder the growth of, to dwarf. बढ़ने न देना, बौना (नाटा) करना; -*n.* a display of energy, special effort. बल प्रदर्शन, विशेष प्रयत्न।

Stunted-स्टन्टेड्-*adj.* dwarfed, with growth stopped. नाटे कद का, बढ़ाव रुका हुआ।

Stupe-स्ट्यूप्-*n.* fomenting with flannel steeped in hot water, a fool. गरम पानी में फ़लालीन तर करके सेंकना, मूर्ख मनुष्य; -*v. t.* to foment with warm water. गरम पानी से सेंकना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Stupefacient-स्टुपिफ़ॅशियन्ट-*adj.* having stupefying power. मूर्छित करनेवाली (औषध)।

Stupefaction-स्टयू'-पि-फ़ॅक्शन् - *n.* stupidity, insensibility. जड़ता, मूर्छा।

Stupefactive-स्टुपि - फ़ॅक्टिव् - *adj.* narcotic. निद्रा लानेवाली।

Stupefier-स्टु-पि-फ़ाइ-अर्-*n.*one who stupefies. मति मन्द करनेवाला मनुष्य।

Stupefy-स्टुपि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Stupefied.**) to make stupid, to deprive of sensibility. मति मन्द करना, मूर्छित करना।

Stupendous-स्टयू-पेंन्' - डस् - *adj.* amazing, wonderful, prodigious. अद्भुत, आश्चर्य-जनक, अति विशाल ; **Stupendously** (- लि) -*adv.* wonderfully. आश्चर्य या विस्मय से; **Stupendousness** (-नेंस्) - *n.* amazement. आश्चर्य, विस्मय।

Stupeous-स्टयू-पि-अस्-*adj.* with long scales. लम्बी झिल्लीवाला।

Stupid-स्टु-पिड्-*adj.* dull, slow-witted, sluggish, lacking in sensibility, not interesting. मन्द, जड़, मूर्ख, सुस्त, निर्बुद्धि, अरोचक ; **Stupidity** (- इटि) - *n.* foolishness, lack of intelligence मूर्खता (जड़ता), अज्ञानता; **Stupidly** (- लि)-*adv.* in a foolish manner. मूर्खता से, जड़ता से; **Stupidness** (-नेंस्)-*n.* stupidity. मूर्खता, जड़ता।

Stupor-स्टयू'-पर्-*n.* torpidity, suspension of sensibility, helpless state. मूर्छा, व्यामोह, जड़ता।

Stuporous-स्टयू'- परस् - *adj.* torpid. जड़ता-सम्बन्धी।

Stupose-स्टयू'-पोस् -*adj.* with long tufts of hair. बालों के गुच्छेवाला।

Stuprate-स्टू-प्रेट् - *v. t.* to ravish. किसी स्त्री का सतीत्व नष्ट करना।

Stupration-स्टू-प्रे'-शन् - *n.* violation of a woman's chastity. बलात्कार।

Sturdily-स्टर्डि-लि -*adv.* in a sturdy manner. दृढ़ता से, हठ से, प्रबलता से; **Sturdiness** (स्टर्डि-नेंस्) - *n.* the state of being sturdy. प्रबलता, दृढ़ता।

Sturdy-स्टर्डि - *adj.* (*comp.* **Sturdier,** *sup.* **Sturdiest.**) robust, strongly built, hardy. प्रबल, पुष्ट, दृढ़ अंगवाला, दबंग।

Sturgeon-स्टर्जन् - *n.* a fish like shark. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Stutter-स्ट-टर्-*v. i.& t.* to stammer, to speak in a stammering way. रुक-रुककर बोलना, हकलाना;-*n.* hesitation in speech. हकलाहट; **Stutterer** (-अर्)-*n.* a stammerer. हकलाकर बोलनेवाला; **Stuttering** (-इङ्ग्)-*adj.* hesitating in speech. हकलाता हुआ।

Stutteringly-स्टटरिङ्ग्लि-*adv.* in a stuttering manner. हकलाकर बोलते हुए।

Sty-स्टाइ-*n.* (*pl.* **Sties.**) a pen or enclosure for keeping swine, a place of debauchery, a dirty room, an inflamed tumour on the edge of the eyelid. शूकरशाला,सुअर-बाड़ा,घृणित कर्म करने का स्थान, गन्दा कमरा, आँख की बिलनी।

Stye-स्टाइ-*n.* a swelling on the edge of the eyelid. आँख में बिलनी।

Stygian- स्टिजिअन् - *adj.* infernal, gloomy पाताली, नरक-सम्बन्धी, अन्धकारमय।

Style-स्टाइल्-*n.* a small pointed rod used for scratching on a waxed plate, pen or pencil, manner of writing or speaking, designation of a thing, a kind of architecture, gnomon of sundial, an arrowed prolongation of a flower's ovary. मोमी पत्तर पर नकाशने की सलाई, लकड़ी की क़लम, लेखन या भाषण-शैली, वाग्-व्यापार, पदवी, एक प्रकार की इमारत की बनावट, सूरजघड़ी की सूई, कुक्षिवृन्त; -*v. t.* (*p. t.* **Styled.**) to entitle, to use a specified designation. पदवी देना, प्रधान पद का प्रयोग करना; **Stylish** (-इश्) - *adj.* fashionable. शिष्टाचार के अनुरूप, शिष्टजन-सम्मत; **Stylishly** (- इश् - लि) - *adv.* in a stylish manner. शिष्टाचार के अनुसार; **Stylishness** (-इश्-नेंस्)-*n.* the quality of being stylish. शिष्टाचार; **Stylist** (- इस्ट्)-*n.* one who aims at writing or speaking in a good literary style. साहित्यिक, सुन्दर शैली में लिखने या बोलनेवाला; **Stylistic** (-इक्)-*adj.* pertaining to literary style. साहित्यिक शैली-सम्बन्धी; **Stylistically** (-इस्ट्-इक्-अलि)-*adv.* in a fine style. साहित्यिक शैली के रूप में।

Stylet-स्टाइ-लॅ-ट्-*n.* a fine pointed instrument, (probe.) नुकीला हथियार।

Stylo-स्टाइलॅ- (*pl.* **Stylos.**) *abbr. for.* **Stylograph.** drawing made with a style. सलाई से खींचा हुआ चित्र।

Stylo-स्टाइलॅ -*n.* prefix meaning 'pillar'. 'खम्भा' के अर्थ का उपसर्ग; **Stylobate** (-बेट्)-*n.* a continuous base which supports a row of pillars. अनेक खम्भों का आधार।

Stylograph-स्टाइ-लॅ - ग्रॉफ्- *n.* reservoir-pen with a tubular point for writing, a drawing made by such a pen रोशनाई भरकर लिखने की कलम जिसमें निब के स्थानपर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नुकीली नली लगी होती है, ऐसी कलम से खींचा हुआ चित्र; **Stylographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a stylograph. ऐसी कलम-सम्बन्धी; **Stylographically** (- इक् - अलि) - *adv.* ऐसी कलम की लिखावट से; **Stylography** (-इ)-*n.* a method of writing or drawing by means of a style. नुकीली सलाई से लिखने या रेखा खींचने की विधि।

Styptic-स्टिप्टिक् - *adj.* that which checks bleeding, an astringent. रुधिर के स्राव को बन्द करनेवाली; -*n.* the local application to a bleeding part. रुधिर स्तम्भन या अवरोध।

Styrax-स्टाइ-रॉक्स् - *n.* a gum-yielding tree. एक प्रकार का बबूल का वृक्ष।

Styx-स्टिक्स्-*n.* the river of Hell. वैतरणी नदी।

Suability-सूऍबिलिटि-*n.* liability to be sued. दावा करने की योग्यता।

Suable-सूऍब्ल् -*adj.* that can be sued. दावा करने योग्य।

Suasible-स्वे'-सि-ब्ल-*adj.* easily persuaded. सहज मे बहकाने योग्य।

Suasion- स्वे - जन् - *n.* persuasion, advice. उत्तेजना, उसकाव।

Suasive-स्वे सिव् -*adj.* agreeable. अनुकूल।

Suave-स्वेव्-*adj.* soothing, polite. शान्त करने वाला, विनीत, नम्र; **Suavely** (-लि) - *adv.* in a polite manner. नम्रता से, शान्ति से।

Suavity - स्वॉ-(स्वे) -व्रि - टि - *n.* taste, politeness. स्वादुता, मधुरता, नम्रता।

Sub-सब् - *pref.* in the sense of 'under', 'subordinate.' 'अधीन,' 'सहायक' अर्थ का उपसर्ग; **Subacid** (-ऑस्-इड्)-*adj.* slightly sour. कुछ खट्टा; **Subacidity** (-सिड्-इ-टि) -*n.* the state of being subacid. कुछ खट्टापन ; **Subacrid** (-ऑक्-रिड्) - *adj.* moderately pungent. कुछ तीखा।

Sub-agency - सब्-ऍज् - ऍन्-सि -*n.* a subordinate agency. अधीन एजेन्सी।

Sub-agent - सब्-ऍ-ज् - ऍन्ट् - *n.* an agent of an agent. किसी एजेन्ट का एजेन्ट।

Subaerial-सब्-ऍअर-इ-अल्-*adj.* under the sky or in the open air. आकाश के नीचे, खुली हवा में।

Subconscious-सब्-कॉन्'-शस्-*adj.* hardly conscious. प्राय: अचेत।

Subacute-सब्-ऑ-क्यूट्-*adj.* moderately acute. थोड़ा तीखा।

Subaltern-सब्'-ऑल्टर्न्-*adj.* & *n.* of inferior rank, an inferior officer below a captain. वशीभूत, अधीन, कप्तान के नीचे का अफ़सर।

Subalternate-सब्-ऑल्टर्'-नेट्-*adj.* succeeding by turns. क्रमानुसार, पारी-पारी से होनेवाला।

Subangular-सब्-ऑङ्ग्-ग्यु-लर् - *adj.* slightly angular. थोड़ा कोनेदार।

Subaquatic-सब्-ऑ-क्वॉटिक्-*adj.* of more or less aquatic nature. जल में कुछ काल तक रहने के अभ्यासवाला।

Subaqueous-सब् - ऑक्वि-अस् - *adj.* lying or living under water. जल के नीचे रहनेवाला।

Subarcuated - सब्-आर्क्यु-ऍ-टेड् - *adj.* of the shape of a bow, somewhat curved inward. धनुष के आकार का, भीतरी ओर कुछ मुड़ा हुआ।

Subastral-सब्-ऑस्ट्रल्-*adj.* terrestrial. आकाश-तल के नीचे का।

Subaudition-सब्-ऑ-डिशन्-*n.* understanding what is not expressed in words. छूटे हुए शब्दों की मन से ही भरती या पूर्ति, मानसिक ज्ञान या समझ।

Subcaudal-सब्-कॉ'-डल्-*adj.* beneath the tail. पूँछ के नीचे का।

Subcelestial-सब्-सिलेस्टियल्-*adj.* beneath the heavens. स्वर्ग या आकाश के नीचे का।

Subcentral-सब्'-सेन्ट्रल्-*adj.* somewhat central. थोड़ा केन्द्र का, थोड़ा केन्द्रिय।

Sub-committee-सब्'-कॅम्-मिटि-*n.* a subordinate meeting. छोटी सभा, उपसमिति या सभा।

Subcontinuous-सब्'-कन्टिन्यु-अस्-*adj.* almost continuous. प्राय: क्रमिक।

Subcontract-सब्'-कॅन्ट्रॉक्ट् - *v. t.* to make a contract under a contract. दर ठीका देना;-*n.* a contract under a contract. दर ठीका।

Subcordate-सब्-कॉर्डेट्-*adj.* somewhat like a heart. प्राय: हृदय के आकार का।

Subcostal-सब्-कॉस्टल्-*adj* situated between the ribs. पसलियों के बीच का।

Subcutaneous-सब्'-क्यू-ट'-नि - अस्-*adj.* pertaining to the part under the skin. चमड़े के नीचे के भाग का, उपचर्म का।

Subdecuple-सब्-डेक्'-यू-प्ल्-*adj.* containing one part in ten. दस भाग में एक भाग का।

Subdivide-सब्'-डि-व्राइड्'-*v. t.* to divide the parts of a thing. प्रतिभाग करना, हिस्सों का भाग करना; **Subdivisible** (-व्रिज़िब्ल्)-*adj.* able to be subdivided. हिस्सों में विभक्त करने योग्य ; **Subdivision** (-व्रिज़न्) -*n.* the part made by subdividing. अवयव, प्रतिशाखा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

Subdolous CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Subdolous-सब्-डॅ-लस्-*adj.* crafty, cunning. धूर्त, कपटी।

Subduable-सब्-इयू'-ऍ-बल्-*adj.* able to be subdued. अधीन करने योग्य।

Subdual-सब्-इयू-अल्-*n.* the act of subduing. दमन, संयमन, वशीकरण।

Subduce-सब्-इयूस्, **Subduct**-सब्-डक्ट्'-*vs.t.* to withdraw, to take away, to subtract. निकालना, ले लेना, घटाना।

Subdue-सब्-इयू-*v. t.* to conquer, to vanqnish, to overcome, to bring under subjection, to captivate, to tame, to make gentle. जीतना, हराना, मोहित करना, वशीभूत करना, अधीन करना, वश में करना, पालतू बनाना, भला बनाना; **Subdued** (-इ)-*adj.* overpowered. अधीन किया हुआ; **Subduer** (-अर्)-*n.* one who overpowers. विजय करनेवाला या वश में लानेवाला व्यक्ति; **Subduing** (-इङ्ग्)-*adj.* softening. दमन करनेवाला।

Subduple-सब्-इयू-पल्-*adj.* containing one part in two. दो राशि में से एक भाग का।

Sub-editor-सब्-ऍडिटर्-*n.* an assistant editor. सम्पादक का सहायक, उपसंपादक।

Subequal-सब्'-ई-क्वल्-*adj.* nearly equal. प्रायः तुल्य, प्रायः बराबर का।

Suberic-स्यूबॅरिक्, **Suberous**, स्यू'-बर्-अस्-*adjs.* like a cork, soft and elastic. काग (डट्टे) की तरह का, कोमल और लचीला।

Subfluvial-सब्-फ्लूव्हिअल्-*adj.* under a stream. जल की धारा के नीचे का।

Subglobular-सब्-ग्लॅ-ब्यूलर्-*adj.* almost globular. प्रायः गोलाकार।

Subhuman-सब्-ह्यू'-मन्-*adj.* almost human. प्रायः मानुषी।

Subindicate-सब्-इन्-डि-केट्-*v. t.* to indicate by a hint. संकेत द्वारा सूचित करना।

Sub-inspector-सब्-इन्-स्पॅक्टर्-*n.* the assistant of an inspector. जांच करनेवाले का सहायक; **Sub-inspector of Police.** थानेदार।

Subirrigation-सब्-इरिगेशन्-*n.* irrigation below the suface. भूतल के नीचे की सिंचाई।

Subjacent-सब्-जे'-सेन्ट्-*adj.* situated below, underlying. नीचे का, अधोवर्ती, तल का।

Supervene-सुपर्वीन्-*v.i.* to come extraneously, to follow closely. अकस्मात् आ जाना, टूट पड़ना; **Supervenient** (-नि-ऍन्ट्)-*adj.* coming as something extra-ordinary. टूट पड़नेवाला।

Supervention-सुपर्वेन्शन् - *n.* the act of supervening. अकस्मात् आगमन।

Supervise-सुपर्वाइज़्-*v. t.* to manage, to inspect. निरीक्षण करना, प्रबन्ध करना।

Supervision-सुपर्विज़न् - *n.* inspection. प्रबंध, देखभाल, निरीक्षण।

Supervisor-सुपर्वाइज़र् - *n.* an inspector, an overseer. निरीक्षक, प्रबन्धकर्त्ता; **Supervisory** (-इ) -*adj.* pertaining to supervision. प्रबन्ध-सम्बन्धी।

Supination-सू'-पि-नेशन्-*n.* act of turning the palm of hand upwards. हथेली ऊपर करने का कार्य।

Supine-सू - पाइन्-*adj.* sloping or leaning backward, headless, thoughtless, lying on back with face upwards. ऊर्ध्वमुख, ढालुआँ, लापरवाह, उदासीन, उतान पड़ा हुआ; **Supinely** (-लि) -*adv.* in a supine manner. उतानेपन से, उदासीनता से; **Supineness** (-नेस्) -*n.* indolence, heedlessness. उदासीनता, आलस्य।

Supper-स'-पर्-*n.* the last meal of the day. दिन का अन्तिम भोजन ; **Supperless** (-लेस्) -*adj.* being without supper. बिना रात के भोजन का।

Supplant-सप्लॅन्ट्-*v. t.* to displace, to undermine, to displace and take possession of. हटाना, कपट से हटाना, हटाकर अपना अधिकार करना; **Supplantation** (-टेशन्) -*n.* the act of supplanting. निकालने की क्रिया ; **Supplanter** (-अर्) -*n.* one who supplants. हटाने या निकालनेवाला।

Supple-स-पल् - *adj.* pliant, flexible, easily bent, submissive. fawning. कोमल, लचीला, सहज में झुकनेवाला, अधीन, अदृढ़ ;-*v. t. & i.* to make soft or pliant. लचीला या मुलायम बनाना।

Supple-jack-स-पल्-जॅक्--*n.* a kind of walking stick. एक प्रकार की टहलने की छड़ी।

Suppleness-स - पल् - नेस् - *n.* pliancy, the quality of being supple. लचीलापन, अदृढ़ता।

Supplement-सप्लि-मेन्ट्-*n.* an appendix, an addition to something by which its defects are removed. परिशिष्ट, शेषपूर्ति, न्यूनता-पूर्ति ; -*v. t.* to make addition to. न्यूनता पूर्ण करना, जोड़ना; **Supplemental** (-अल्), **Supplementary** (-अरि) - *adjs.* additional. न्यूनतापूरक, परिशिष्ट।

Supplementation-सप्लिमेन्टेशन्-*n.* addition. न्यूनतापूर्ति।

Suppliance-सप्लायन्स्-*n.* supplication. निवेदन ; **Suppliant** (-यन्ट्)-*adj.* asking submissively, entreating. प्रार्थी, निवेदन करनेवाला; **Suppliantly** (-यन्ट्-लि)-*adv.* in a suppliant manner. प्रार्थना-सहित।

Supplicant-सप्लिकन्ट्-*adj.* entreating. प्रार्थना करता हुआ।

Supplicate-स' - प्लि - केट्-*v. t.* to seek by prayer, to entreat for, to implore. प्रार्थना करना, बिनती (याचना) करना; **Supplicatingly** (-इङ्ग् - लि) -*adv.* imploringly. बिनती या प्रार्थना करते हुए।

Supplication-सप्लिकेशन्-*n.* entreaty, petition. सविनय प्रार्थना, विनती।

Supplicatory-सप्लिकेटरि - *adj.* humble, submissive. विनीत, प्रार्थना-सम्बन्धी, प्रार्थी।

Supplier-सप्लायर्--*n.* one who supplies कमी की पूर्ति करनेवाला।

Supply-स-प्लाइ-*n.* (*pl.* **Supplies.**) providing of what is required, necessary stores and provisions. सञ्चय, सामग्री, आवश्यक पदार्थ, रसद ;-*v. t.* (*p. t.* **Supplied.**) to fill up any deficiency, to furnish what is wanted. परिपूर्ण या पूर्ति करना, भरना।

Support-सपोर्ट्-*v. t.* to uphold, to sustain, to nourish, to endure, to maintain, to vindicate. सहारा देना, सँभालना, पोषण करना, दया करना, पालना, किसी के पक्ष में बोलना ; -*n.* maintenance, subsistence, assistance. अवलम्ब, आश्रय, (उपजीविका) सहारा; **To support resolution** (to uphold a resolution.) प्रस्ताव का अनुमोदन करना; **To support oneself** (to maintain one's life.) अपना पेट भरना; **Supportable** (-अब्ल्)-*adj.* that may be upheld, tolerable. आश्रय के योग्य; **Supportableness** (-अब्ल्-नेस्) -*n.* the state of being supportable. अवलम्ब, सहारा; **Supportably** (-ब्लि) - *adv.* in a supportable manner. आश्रय देते हुए; **Supported** (-एड्) -*adj.* vindicated, maintained. प्रमाणित,आश्रित; **Supporter** (-अर्)-*n.* he who or that which

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

supports. आश्रय देनेवाला, सँभालनेवाला; **Supportless** (-लेस्) - *adj.* having no support. बिना आश्रय का; **Supportment** (-मेन्ट्) -*n.* a support. आश्रय।

Supposable-सपोज़ेबल् - *adj.* that may be supposed to exist. अनुमान करने के योग्य।

Suppose-स-पोज़्' - *v. i. & t.* to assume as true, to think, to conceive, to presume, to imagine. अनुमान करना, सोचना, तर्क करना, मान लेना, कल्पना करना; **Supposedly** (-इ-लि)-*adv.* with assumption. अनुमान करते हुए; **Supposer** (-अर्)-*n.* one who makes an assumption. कल्पना करनेवाला।

Supposition-स-पॅ - ज़िसन् - *n.* imagination, conjecture, hypothesis. अनुमान, तर्क, कल्पना; **Suppositional** (- अल्)-*adj.* hypothetical. तर्क-सम्बन्धी, अनुमान-विषयक; **Suppositionally** (-अलि)-*adv.* by way of supposition. तर्क के अनुसार या तर्क या अनुमान द्वारा।

Supposititious-स-पॅ-ज़िटिशस्-*adj.* imaginary, substituted for real, spurious. काल्पनिक, कृत्रिम, कल्पित; **Supposititiously** (-लि)-*adv.* in an imaginary manner. कल्पित रूप में; **Supposititiousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being imaginary. कृत्रिमता, कल्पना।

Suppositive-स-पॅ-ज़िटिव्-*adj.* tending to suppose. कल्पना-सूचक; **Suppositively** (-लि) -*adv.* according to supposition. अनुमान के अनुसार।

Suppository-स-पॅ-ज़िटरि-*n.* a cone or medical susbstance introduced into the rectum for producing evacuation. दवा की बत्ती जो दस्त लाने के लिए गुदा में चढ़ाई जाती है।

Suppress-सप्रेस्' - *v. t.* to put down, to overpower and crush, to restrain, to stop, to put an end to, to withhold. दबाना, शमन करना, अवरोध करना, रोकना, अन्त करना, पराजित करना; **Suppresser, Suppressor** (-अर्)-*ns.* one who suppresses. शमन करनेवाला, दबानेवाला।

Suppressible-सप्रेसिबल् - *adj.* that can be suppressed. दबाने योग्य।

Suppression-सप्रेशन्-*n.* the act of suppressing, stoppage, concealment. स्तम्भन, रुकावट (दबाव, अवरोध), छिपाव।

Suppressive-सप्रेसिव् - *adj.* subduing. शमन करनेवाला, दबानेवाला।

Suppurate-स-प्यु-रेट्'- *v. i.* to form or generate pus. पकना, पीब पड़ना; **Suppuration** (-रे-शन्)-*n.* the production of pus. पीब आ जाना; **Suppurative** (-रे-टिव्)-*adj.* tending to suppurate. पीब निकालनेवाला।

Supputation-सप्यूटेशन्-*n.* reckoning, account. गणना, हिसाब-किताब।

Suppute-स-प्यूट्'-*v.t.* to reckon. गणना करना।

Supra-सू - प्रा - *pref.* in sense of "above, beyond." 'ऊपर या अधिक' अर्थ का उपसर्ग; **Supraciliary** (- सिल्'-यर्-इ)-*adj.* situated above the eyebrow. भौंह के ऊपर का; **Supracostal** (-कॉस्ट्'-अल्)-*adj.* above the ribs. पसलियों के ऊपर का; **Supramaxillary** (-मॉक्स-इलरि)-*adj.* pertaining to the upper jaw. ऊपर के दाढ़ का; **Supralateral** (-लॅट्'-अर्-अल्)-*adj.* at the top of the side. पार्श्व के शिखर पर; **Supramundane** (-मन्'-डन्)-*adj.* above the world. संसार के ऊपर का।

Suprarenal-सू-प्रॉ-री-नल्-*adj.* situated above the kidneys. गुर्दा के ऊपर स्थित, अधिवृक्कीय।

Supremacy-सुप्रेमॉ-सि-*n.* highest authority of power, the quality of being supreme. मुख्यता, श्रेष्ठता, प्रभुत्व, प्रधानता।

Supreme-सुप्रीम् - *adj.* highest in power or authority, most excellent. परम, अति, श्रेष्ठ महान्; **Supreme Being** (God.) परमेश्वर; **Supremely** (-लि) - *adv.* to a supreme degree. अति श्रेष्ठता से, महत्त्व से।

Sur-सर्-*pref.* in the sense of "over." "अधिक" अर्थ का उपसर्ग।

Surah-सूरा-*n.* a kind of twilled silk. एक प्रकार का बटा हुआ रेशमी वस्त्र।

Sural-सू'-रल्-*adj.* pertaining to the calf of the leg. पैर की नली का।

Surbate-सर्बेट्-*v. t.* to harass, to fatigue. कष्ट देना, थकाना।

Surcease-सर्-सीस्-*v. i. & t.* to cease, to put a stop to. रुकना, रोकना, ठहराना।

Surcharge-सर्-चार्ज्-*n.* an excesssive load or burden, overcharge. परिमाण से अधिक भार या इसका भाड़ा;-*v. t.* to overload, to overstock. अधिक बोझा लादना, अधिक माल रखना; **Surcharger** (-अर्) -*n.* one who surcharges. अधिक बोझा लादनेवाला।

Surcingle-सर्सिङ्ग्-ल्-*n.* the band or girdle over a saddle to fasten it. काठी बाँधने का पट्टा, बालातङ्ग।

Surcoat-सर्-कोट्-*n.* the coat worn over an armour. कवच के ऊपर पहिनने का कोट।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Surculose-सर्क्युं-कॅस्-*adj.* producing suckers. चूषक जड़ या पौधा उत्पन्न करनेवाला।

Surd-सर्ड्-*adj.* & *n.* an irrational quantity, uttered with the breath. करणी, अनाकर्णित, दुर्बल श्वास से उच्चारण किया हुआ।

Surdimute-सर्डि-म्यूट् - *n.* one who is both dumb and deaf. ऐसा मनुष्य जो गूँगा तथा बहरा हो।

Sure-शू-अर्'-*adj.* certain, firm, positive, secure, perfectly confident, safe. स्थिर, निश्चित, दृढ़, पुष्ट, सुरक्षित, पूर्ण रूप से विश्वस्त, रक्षित; **A sure shot** (a marksman who never misses an aim.) सच्चा निशाना लगानेवाला; **To be sure** (without doubt, certainly.) अवश्य, निःसन्देह; **To make sure** (to make certain.) निश्चय करना; **Surefooted** (-फुट्-ऍड्)-*adj.* not liable to stumble. न लुढ़कनेवाला ; **Surely** (-लि) -*adv.* certainly. निःसन्देह, अवश्य, ठीक-ठीक ; **Sureness** (-नेस्)-*n.* certainty. स्थिरता।

Surety-शूअ-र्'-टि-*n.* security, safety, security against loss, a bail of being surety. प्रतिभू का पद, निश्चय, प्रतिभू , बन्धक, जमानतदार ; **To stand surety** (to be responsible for another.) दूसरे के लिए जमानत देना; **Suretyship** (-शिप्)-*n.* the state of being a surety. प्रतिभू का पद।

Surf-सर्फ्-*n.* the wave between the rocks and the shore. लहर, तरङ्ग; **Surf-boat** (-वोट्-)-*n.* a boat for landing through surf. लहर पर चलनेवाली नाव।

Surface-सर्'-फ्रेस्-*n.* the external part of any thing, superficies, a plane that has length and breadth but no thickness. तल, पृष्ठभाग, ऊपरी हिस्सा, धरातल, सतह; **Surface-gauge** (-गॉज्) - *n* an implement to ascertain the planeness of planks &c. तख्ते इत्यादि की चौरसाई जानने का यन्त्र।



Surfeit-सर्' - फ़िट्- *n.* fulness caused by excessive eating or drinking. अतिभोजन, Surface-gauge. अजीर्ण;-*v.t.* to take too much of anything, to overfeed. अधिक-मात्रा में कोई पदार्थ ग्रहण करना, अतिभोजन करना; **Surfeiter** (-अर्)-*n.* a glutton. अतिभोजन करनेवाला; **Surfeiting** (-इङ्ग्) -*n.* eating to excess. अतिभोजन की क्रिया।

Surge-सर्ज्-*n.* a large wave, a swelling undulation. बड़ी लहर, जल का उभाड़-*v. i.* to rise high and roll. लहर उठना; **Surgeless** (-लेस्)-*adj.* free from surges, smooth. बिना लहर का, शान्त।

Surgeon-सर्जन्-*n.* one who heals by surgery. शस्त्र-चिकित्सक, जर्राह ; **Surgeon-dentist** (-डेन्ट-इस्ट्)-*n.* a dental surgeon. दाँतों का जर्राह।

Surgery-सर्जरि-*n.* the act of healing diseases by manual operations, a surgeon's room. शल्यशास्त्र, शस्त्रचिकित्सा-विज्ञान, जर्राही, जर्राही का कमरा।

Surgical-सर्जिकल्-*adj.* pertaining to surgery. शस्त्र-चिकित्सक का, जर्राही का ; **Surgically** (-लि)-*adv.* in a surgical manner. जर्राही की तरह।

Suricate-सू-रि-केट्'-*n.* a kind of mongoose. एक प्रकार का नेवला।

Surlily -सर्लिलि - *adv.* in a surly manner. रूक्षता से; **Surliness** (-नेस्)-*n.* the quality of being surly. रूक्षता।

Surloin-सर्'-लॉइन्-*n.* loin of beef. कमर का गो-मांस।

Surly-सर्लि-*adj.* (*comp.* **Surlier**, *sup.* **Surliest.**) rough, gloomy, morose, snarling. रूक्ष, मन्द, असभ्य, कर्कश।

Surmise-सर्माइज़्-*n.* supposition, conjecture. वितर्क (शंका), सन्देह;-*v. t.* to infer in a doubtful manner. सन्देह करना, शंका करना; **Surmiser** (-अर्)-*n.* one who surmises. शंका या सन्देह करनेवाला।

Surmount-सर्माउन्ट्'-*v. t.* to overcome, to conquer, to surpass, to rise above. जीतना, बढ़ना, ऊपर आना ; **Surmountable** (-ऍबल्) -*adj.* superable. जीतने योग्य, बढ़ने योग्य; **Surmountableness** (-ऍबल्-नेस्)-*n.* the state of being surmountable. विजय, बढ़ती; **Surmounted** (-ऍड्)-*adj.* surpassed, overcome. बढ़ा हुआ, विजय प्राप्त किया हुआ; **Surmounter** (-अर्)-*n.* one who surmounts. बढ़नेवाला।

Surmullet-सर्मलेट्-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Surname-सर्-नेम्-*n.* a name added to the Christian name, family name. उपनाम, कुलनाम;-*v. t.* to give surname to, to call by a surname. कुलनाम रखना, उपनाम लेकर पुकारना।

Surnominal-सर-नॉमिनल्-*adj.* pertaining to surname. कुलनाम-सम्बन्धी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Surpass-सर्-पास्'-*v. t.* to go beyond in anything, to exceed, to excel. अतिक्रमण करना (उत्कृष्ट होना), बढ़ना, अधिक होना; **Surpassable** (-ऍबल्)-*adj.* that may be exceeded. बढ़ने योग्य; **Surpassing** (-इङ्ग्)-*adj.* exceeding. अति बढ़कर; **Surpassingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a surpassing manner. उत्कृष्ट होते हुए।

Surplice-सर्'-प्लिस्-*n.* a white linen vestment worn by clergies. पादरियों का सफ़ेद वस्त्र; **Surpliced** (-ह्)-*adj.* wearing a surplice. ऐसा वस्त्र पहिने हुए।

Surplus-सर्'-प्लस्-*n.* what remains over, excess, beyond what is wanted. अतिरिक्त भाग, बचत, बढ़ोत्तरी।

Surplusage-सर्-प्ल-सेज्-*n.* something which is irrelevant, overplus. अनावश्यक अंश, बढ़ोत्तरी।

Surprisal-सर्-प्राइज़ल्-*n.* the act of surprising. विस्मय, चमत्कार, आश्चर्य।

Surprise-सर्-प्राइज़्'-*n.* the act of surprising, astonishment, wonder, emotion excited by something happening unexpectedly. विस्मय, आश्चर्य, अचरज, व्याकुलता;-*v. t.* to strike with wonder, to take unawares, to throw the mind in disorder. विस्मित करना, चकित करना, घबड़ा देना; **A surprise visit** (a visit without notice.) एकाएकी (बिना सूचना की) भेंट या निरीक्षणार्थ आगमन; **Surprising** (-इङ्ग्) -*adj.* exciting surprise, extraordinary. अद्भुत (विचित्र), चकित करनेवाला; **Surprisingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a manner to surprise. चकित करते हुए; **Surprisingness** (-नेस्)-*n.* the state of being surprising. विचित्रता।

Surrebut-सरिबट्-*v.i.* to reply to a defendant's rejoinder. प्रतिवादी (मुद्दालेह) के आक्षेप का उत्तर देना; **Surrebutter** (-टर्)-*n.* a plaintiff's reply in pleading. वादी द्वारा अन्तिम प्रतिवेदन।

Surrender-सरेन्डर्-*n.* the act of yielding to the power of another. आत्मसमर्पण, अधीनता, त्याग;-*v. t. & i.* to hand over to another's authority, to cease from resistance, to submit, to resign. अर्पण करना, त्यागना, वश में होना, सौंपना; **Surrenderee** (-अर्-ई)-*n.* one to whom a thing is surrendered. जिसके प्रति कुछ अर्पण किया जावे; **Surrenderer** (-अर्) -*n.* a tenant who surrenders his estate to his landlord. असामी जो अपनी सम्पत्ति जमींदार को अर्पण कर देता है।

Surreptitious-सरप्टिशस्-*adj.* done by stealth, made or introduced fraudulently. छल या चोरी से किया हुआ; **Surreptitiously** (-लि) -*adv.* in a surreptitious manner. छल से, कपट से।

Surrogate-स-रॅ-गेट्-*n.* the deputy of a bishop. पादरी का प्रतिनिधि;-*v. t.* to put in place of another. दूसरे के स्थान में नियुक्त करना।

Surround-स-राउन्ड्'-*v. t.* to enclose on all sides, to encompass, to encircle. चारों ओर से घेरना, बाँध लेना, लपेटना।

Surrounding-सराउन्डिङ्ग्-*n.* an encompassing. घिराव; (-ings ज़्)-*n. pl.* circumstance, environment. (ब० व०) घटना, बाहरी स्थान।

Surtax-सर्' - टॅक्स - *n.* an additional tax. निर्धारित कर से अधिक टैक्स, अतिरिक्त कर।

Surtout-सर्टू ट्-*n.* a man's overcoat. वस्त्र के ऊपर पहिनने का कोट।

Surveillance-सर्वेलन्स्-*n.* inspection, superintendence. निरीक्षण, रखवाली, चौकसी।

Survey-सर्वे-*v.t.* (*p. t.* Surveyed.) to take a general view of, to examine, to view with attention, to ascertain particularly. निहारना, जाँचना, ध्यान से देखना, नापना;-*n.* a acarefu view, inspection. निरीक्षण, नाप, पैमाइश।

Surveyal-सर्वेअल -*n.* a viewing. निरीक्षण, जाँच।

Surveying-सर्व-इङ्ग्-*n.* the art of measuring land. भूमि की नाप, पैमाइश।

Surveyor-सर्वेअर्-*n.* one who measures land, one who inspects progress of work. पैमाइश करनेवाला, निरीक्षण करनेवाला; **Surveyorship** (-शिप्)-*n.* the office of a surveyor. पैमाइश करनेवाले का पद।

Survival-सर्वाइवल्-*n.* a living beyond the life of another. अतिजीवन, किसी मनुष्य का दूसरे की मृत्यु के बाद का जीवन।

Survive-सर्वाइव्-*v. t.* to live beyond the life of, to outlive. किसी का अधिक काल तक जीवित रहना।

Survivency - सर्वाइवेन्सि - *n.* survivorship. जीवित अवस्था।

Surviving-सर्वाइविङ्ग्-*adj.* remaining alive अवस्थित, जीवित

Survivor-सर्वाइवर्-*n.* one who outlives another. उत्तरजीवी, दूसरे की अपेक्षा अधिक जीनेवाला; **Survivorship** (-शिप्)-*n.* the right as a survivor. उत्तरजीवी का पद।

Sus-सस्-*pref.* in the sense of '*sub*'. 'अधीन' अर्थ का उपसर्ग।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Susceptibility-ससप्टिबिलिटि-*n.* the state of being easily affected to by impression. सहज में प्रभाव पड़ने की योग्यता, ग्राहकत्व।

Susceptible-सर्से प्टि - बूल् - *adj.* impressible, sensitive, readily touched with emotion. ग्रहणशील, कोमल, प्रभाव पड़ने योग्य, उचित; **Susceptibly** (-लि) -*adv.* in a sensitive manner. ग्रहणशीलता से; **Susceptibleness** (-नेस्)-*n.* ग्रहणशीलता।

Susceptive-सर्से प्टिव्-*adj.* capable of admitting, impressionable. ग्रहण करने योग्य, स्वीकार करने योग्य।

Susceptivity-सर्से प्टिव्रिटि - *n.* capacity of admitting. ग्रहणशीलता।

Susceptor-सर्सेप्टर्-*n.* god-father. धर्मपिता।

Suspect-सस-पेक्ट्-*v. t.* to doubt, to imagine guilty, to mistrust, to be inclined to think. शंका करना, सन्देह करना, दोषी समझना, अविश्वास करना, प्रतीति न करना, तर्क करना; -*adj.* of suspected character. सन्देहयुक्त; -*n.* a suspected person. सन्देहयुक्त मनुष्य।

Suspectable-सरपेक्टेबल्-*adj.* that may be suspected. सन्देह करने योग्य।

Suspected-सरपेक्टेड्-*adj.* mistrusted. शंकायुक्त; **Suspectedly** (-लि)-*adv.* in a suspected manner. शंका करते हुए; **Suspectedness** (-नेस्)-*n.* the state of being suspected. सन्देह की दशा; **Suspecter** (-अर्)-*n.* one who suspects शंका करनेवाला मनुष्य; **Suspectful** (-फुल्) -*adj.* full of suspicion. सन्देहयुक्त; **Suspectless** (-लस्)*adj.* without suspicion बिना सन्देह का।

Suspend-सस्-पेन्ड्-*v. t.* to hang, to make to depend on, to keep in an undecided state, to stop for a time, to interrupt. लटकाना, टाँगना, अधीन करना, अस्थिर दशा में कुछ समय के लिये रोकना, विघ्न डालना; **Suspender** (-अर्)-*n.* one who suspends. लटकानेवाला; **Suspenders** (-स्)-*n. pl.* straps for holding trousers. (ब० व०) पतलून बाँधने का फीता।

Suspense-सस्-पेन्स्-*n.* state of uncertainty, indecision अनिश्चय (संशय), दुविधा (द्विधाभाव); **Suspense account** (an account temporarily entered.) खाते में सिरे की रकम।

Suspensibility - सर्स्पे न्सिबिलिटि - *n.* capacity of being suspended. अवलम्बन।

Suspensible-सर्स्पे न्सिबूल्-*adj.* capable of being suspended. लटकाने योग्य।

Suspension-सरपेन्शन् -*n.* the act of suspending, delay, interruption. अवलम्बन, (निलम्बन, लटकाव), देर, थोड़े काल के लिये रुकावट।



Suspension-bridge.

Suspension-bridge - सरपेन्शन् - ब्रिज् - *n.* an over-hanging bridge. झूले का पुल।

Suspensive-सरपे न्सिव्-*adj.* doubtful. सन्देहयुक्त; **Suspensively** (-लि) -*adv.* doubtfully. सन्देह के साथ।

Suspensory-सरपेन्सरि-*adj.* & *n.* doubtful, that which suspends. सन्देहयुक्त, लटकानेवाला।

Suspicion-सस्पिशन्-*n.* a partial belief, mistrust, want of confidence. सन्देह, अविश्वास, शंका; **Suspicionless** (-लस्)-*adj.* without mistrust. शंका-रहित, सन्देह-रहित।

Suspicious-सस्पिशस्-*adj.* inclined to suspect, entertaining suspicion, mistrustful. शंकायुक्त, सन्देहशील, अविश्वासी; **Suspiciously** (-लि)-*adv.* in a suspicious manner. सन्देह से, शंका से; **Suspiciousness** (-नेस्)-*n.* the state of being suspicious. सन्देहशीलता।

Suspiral-सस्पिरल्-*n.* a breathing hole. श्वास लेने का छिद्र।

Suspiration-सस्पिरेशन्-*n.* the act of taking a long breath. दीर्घोच्छ्वास।

Suspire-सस्पायर्-*v. i.* to sigh. उच्छ्वास लेना, आह खींचना।

Sustain-सस्टेन्-*v. t.* to bear, to uphold, to support, to keep alive, to maintain, to encourage, to undergo. सहना, रोकना (स्थिर करना), सहारा देना, जीवित रखना, सिद्ध करना, उत्साह देना, प्रमाणित करना; **To sustain life** (to support life.) जीवन धारण करना।

Sustainable-सस्टेनेबूल्-*adj.* that may be sustained. जीवन धारण करने योग्य।

Sustained-सस्टेन्ड्-*adj.* kept up. स्थिर किया हुआ।

Sustainer- सस्टेनर् - *n.* one who sustains. आश्रय देनेवाला।

Sustainment-सस्टेन्-मेन्ट्-*n.* support. आश्रय।

Sustenance-सस्टिनन्स्-*n.* support, maintenance, nourishing, subsistence. सहारा, अन्न (आहार), अवलम्ब, जीविका।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Sustentation-सस्टॅन्टेशन्-*n.* support of life, maintenance. जीविका (आहार), अवलम्ब।

Susurrant-सु-सरॉन्ट्-*adj.* whispering, murmuring softly. धीमे से बोलता हुआ, फुसफुसाता हुआ।

Susurration-सु-सरेशन्-*n.* whispering. फुसफुसाना।

Sutile-स्यू'-टिल्-*adj.* done by stitching. सिला हुआ।

Sutler-सट्लर्-*n.* a camp-follower who sells provisions. सेना को रसद पहुँचानेवाला, सेना का मोदी।

Suttee, Sati-सटी, स-टि-*n.* a Hindu widow who burns herself at the funeral pyre of her husband. सती।

Suttle-स-ट्ल्-*adj.* pertaining to lighter weight after subtracting tare. डब्बे या बकस या गाड़ी के भार को घटाने पर अवशेष हल्के भार से सम्बन्धित।

Sutural-स्यू'-चरल्-*adj.* relating to suture. सियन-सम्बन्धी।

Suture-स्यू'-चर्-*n.* a seam, a seam of the bones of the skull. सियन (टाँका), खोपड़ी की हड्डी का जोड़; **Sutured** (-ड्)-*adj.* knit together. जोड़ा हुआ।

Suzerain-सूज़-रें-न्-*n.* a feudal lord, a paramount ruler. अधिपति, छोटे अर्धस्वतन्त्र राज्यों पर शासन करनेवाला।

Suzerainty-सूज़-रें-न्टि-*n.* the dominion of a suzerain. आधिपत्य।

Svelte-स्वेल्ट्-*adj.* lithesome, slender. दुर्बल, कोमल।

Swab-स्वॉब्-*n.* a mop for cleaning floors or decks, an absorbent pad used in surgery. झाड़ू (बुहारी, कूँची), जर्राही का सोखनेवाला गद्दा; -*v. t.* (*p. t.* **Swabbed.**) to clean with a swab. कूँची या झाड़ू से साफ़ करना, बुहारी से धोना।

Swabber-स्वॉ-बर्-*n.* one who uses a swab in cleaning. झाड़ू देनेवाला।

Swad-स्वॉड्-*n.* a short fat person. मोटा नाटा मनुष्य।

Swaddle-स्वॉ-डल्-*n.* cloth bound tight round the body. शरीर के चारों ओर कसकर बाँधने का कपड़ा; -*v. t.* to swathe in bandages, to bind tightly. लपेटना, कसकर बाँधना।

Swaddling-स्वॉ-डलिङ्ग्-*adv.* binding in tight clothes. कसकर बाँधनेवाला; **Swaddling-clothes** (a band of cloth wrapt round a baby.) नवजात शिशु को लपेटने का वस्त्र।

Swag-स्वॉग्-*n.* a bundle containing clothes and provisions. वस्त्र, सामान इत्यादि की गठरी; -*v. i.* (*p. t.* **Swagged.**) to lean, to sink. झुकना, अपने बोझ से डूबना।

Swage-स्वेज्-*v. t.* to soften, to mitigate कोमल करना, शान्त करना, ठप्पे से सुधारना; -*n.* a kind of dice. एक प्रकार का ठप्पा।

Swagger-स्वॉ-गर्-*v. i. & t.* to walk in a gaudy manner, to brag, to boast. अकड़कर चलना, शेखी हाँकना, डींग मारना;-*n.* swaggering gait, boastfulness. शेखी की चाल, दिखावट ;-*adj.* smart, showy. रोबदार, दिखावटी; **Swagger-er** (-अर्) -*n.* a boastful fellow. शेखीबाज मनुष्य; **Swaggeringly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a bragging manner. गर्व से, शेखी से।

Swaggy-स्वॉ-गि-*adj.* sinking. डूबनेवाला।

Swain-स्वेन्-*n.* a young man, a lover in pastoral poetry, a herdsman, a rustic. युवा-पुरुष, गड़ेरिया, किसान, देहाती।

Swainish-स्वेनिश्-*adj.* rustic. देहाती।

Swale-स्वेल्-*n.* a tract of land, a valley. भूमि प्रदेश, घाटी।

Swallet-स्वॉ-लेट्-*n.* a swallow hole in a river-bed. नदी-तल का छिद्र जिसमें जल लुप्त हो जाता है।

Swallow-स्वॉ-लो-*n.* the throat, the act of swallowing, a kind of migratory bird, taste or relish. कण्ठ, निगलना, अबाबील चिड़िया, स्वाद; -*v. t.* to absorb, to engulf. निगलना, पी लेना, लीलना; **One swallow does not make a summer** (an isolated example cannot prove a rule.) एक दृष्टान्त से कोई सिद्धान्त निकालना उचित नहीं होता; **Swallow-tail** (a dove-tail.) फाँकदार, बीच में फटा हुआ।

Swallowable-स्वॉलॅ-ऍबल्-*adj.* able to be swallowed. निगलने योग्य।

Swallower-स्वॉ-लॅ-अर्-*n.* one who swallows. निगलनेवाला, भुक्खड़।

Swam-स्वीम्-*p. t.* of **Swim.** तैरा।

Swamp-स्वॉम्प्-*n.* a wet spongy land, a bog or marsh. दलदल, धँसान; -*v. t.* to sink in a bog, to plunge into difficulties. दलदल में फँसना, आपत्ति में पड़ना।

Swampy-स्वॉम्प्-इ-*adj.* like a swamp, boggy. दलदल से भरा।

Swan-स्वान्-*n.* a large handsome web-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

footed aquatic bird. राजहंस, बतख; **All his geese are swans** (to think of one's belongings as the best.) अपनी वस्तु को सर्वोत्तम समझना।

Swang-स्वॉङ्ग्-*p. t.* of **Swing**. झूला।

Swanlike-स्वॉन्-ला - इ-क्-*adj.* resembling a swan. बतख की तरह का।

Swannery-स्वॉनरि-*n.* a place where swans are kept. बतख रखने का स्थान।

Swan-skin-स्वॉन्' - स्किन्-*n.* a kind of soft flannel. एक प्रकार का फ़लालीन।

Swap-स्वॉप्-*n.* a blow, a stroke. चोट (ठोकर), मार; -*v. t.* (*p. t.* **Swapped.**) to strike, to slap down, to exchange, to barter. मारना, थप्पड़ मारकर गिरा देना, अदल-बदल करना, हेरा-फेरी करना।

Swapped-स्वॉप्ड्-*adj.* exchanged. अदल-बदल किया हुआ।

Sward-स्वॉर्ड्-*n.* an expanse of land covered with grass, turf. तृणमय भूमि, हरियाली से भरी जमीन।

Sware-स्वेअर्-*p. t.* of **Swear**. शपथ खाया।

Swarm-स्वॉर्म्-*n.* a large number of small animals, birds or insects, a large number of honey-bees in motion, a multitude of people. पशु-पक्षियों या कीड़ों मकोड़ों का समूह, मधुमक्खियों का झुण्ड; -*v. i.* to throng together, to congregate, to climb a tree. इकट्ठा होना, भीड़ मचाना, वृक्ष पर चढ़ना; **Swarming** (-इङ्ग्)-*n.* going off in swarms, climbing a tree or a hill. झुण्ड में जाता हुआ, वृक्ष या पहाड़ी पर चढ़नेवाला; -*adj.* rising. उमड़ता हुआ।

Swart-स्वॉर्ट्, **Swarth**-स्वॉर्थ्-*adjs.* of dark hue. काले रङ्ग का।

Swarthily-स्वॉर्दि-लि-*adv.* in a swarthy manner. कालेपन से; **Swarthiness** (-नेस्) -*n.* tawniness. कालापन; **Swarthy** (-इ)-*adj.* of dusky colour काले रंग का।

Swartish - स्वॉर्टिश् - *adj.* tawny, of dusky complexion. कुछ काला भूरा, काले रंग का।

Swash-स्वॉश्-*n.* a washing sound, blustering noise. धोने का शब्द, कोलाहल; -*v. i.* to bluster, to strike with violence. कोलाहल मचाना, वेग से मारना; -*adj.* very soft. कोमल, पिलपिला।

Swasher-स्वॉ-शर्-*n.* one who makes a blustering show. कोलाहल मचानेवाला व्यक्ति।

Swat-स्वॉट्-*n.* an elastic bat for killing flies मक्खी मारने की लचीली पटरी।

Swath-स्वॉथ्-*n.* a line of grass, corn &c. lying after being cut. कटी हुई घास, अन्न इत्यादि की पाँति।

Swathe-स्वेद्-*n.* a swath, a bandage, fold. पट्टा, बन्धन, तह; -*v. t.* to bind or wrap. लपेटना, बाँधना।

Sway-स्वे-*v. i. & t.* (*p. t.* **Swayed.**) to oscillate in an irregular manner, to lean, to govern, to control the direction of. अनियमित ढंग से हिलना, झुकना या झुकाना, प्रवृत्त करना, शासन करना, घुमाना; -*n.* rule, government, swaying motion. शासन, प्रभुता, हिलाव, झुकान।

Swaying-स्वे'-इङ्ग्-*n.* the act of governing. शासन-कार्य।

Sweal-स्वील्-*v. i.* to melt and run down, to blaze away. गलकर बहना, जलना।

Swear-स्वेअर्-*v. i.* (*p. t.* **Swore**, *p. p.* **Sworn.**) to utter something on oath, to affirm on solemn declaration. शपथ देना या लेना, शपथपूर्वक वर्णन करना, दृढ़ता से कहना; - *n.* a spell of profane swearing. झूठी कसम; **Sworn** (attested, bound by oath, devoted, confirmed.) प्रमाणित, कसम से बँधा हुआ, अनुरक्त, भक्त, लवलीन, पुष्ट; **Sworn friends** (-स्वोर्न्-फ़्रेन्ड्स्') very intimate friends. घनिष्ठ मित्र; **To swear in** (to instal under oath.) शपथ लेकर अधिकार में प्रवेश करना।

Swearer-स्वेअरर्-*n.* one who swears. कसम या शपथ खानेवाला।

Swearing-स्वेअरिङ्ग्-*n.* the act of declaration on oath. शपथ लेने का कार्य, शपथ-ग्रहण।

Sweat-स्वेट् - *n.* moisture from the skin, perspiration, labour, toil. स्वेदजल, पसीना, परिश्रम; **By the sweat of one's brow** (by dint of hard labour.) बड़े परिश्रम से।

Sweat-cloth-स्वेट्'-क्लॉथ्-*n.* the pad of a saddle. काठी के नीचे का नमदा।

Sweater-स्वे-टर्-*n.* that which causes sweat, knitted woollen jersey. पसीना उत्पन्न करनेवाली, ऊनी बनियाइन।

Sweatily-स्वे टिलि - *adv.* so as to be moist with sweat. पसीने से।

Sweatiness-स्वे-टि-नेस्-*n.* the state of being sweaty. पसीनापन।

Sweating-iron-स्वे-टिङ्ग्-आयर्न्-*n.* a scraper for removing sweat of horses. घोड़े का पसीना पोंछने का लोहा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Sweatless-स्वेट्लेस्-*adj.* without sweat. बिना पसीने का।

Sweaty-स्वेटि - *adj.* pertaining to sweat, moist with sweat. पसीने का, पसीने से तर।

Swede-स्वीड्-*n.* a native of Sweden, Swedish turnip, a Swedish ship, स्वीडन देश का निवासी, इस देश का शलजम, स्वीडन का जहाज़।

Swedish-स्वीडिश्-*n. & adj.* the language of Sweden or its inhabitants, pertaining to Sweden. स्वीडन-निवासी, इस देश की भाषा, स्वीडन देश-सम्बन्धी।

Sweep-स्वीप्-*v. i. & t.* (*p. t.& p. p.* Swept.) to brush with a broom, to carry with a long swinging motion, to drag over, to pass with swiftness. झाड़ना (बुहारना), वेग से हटाना, घसीटना, वेग से चलना; -*n.* the act of sweeping, violent destruction, compass of something. झाड़ू देने की क्रिया, नाश, गोचर विषय; **He swept his audience along with him** (he won enthusiastic support from the audience.) श्रोतागण ने बड़े उत्साह से उसका समर्थन किया; **To sweep out** (to clean with a sweep.) भली भाँति झाड़ू देना या साफ़ करना; **To sweep the board** (to win all the money on the gaming table.) जुए में कुल दाँव जीत लेना।

Sweeper-स्वीपर् -*n.* one who sweeps. झाड़ू देनेवाला।

Sweeping-स्वीपिङ्ग्-*adj.* that sweeps, extending through a wide space, comprehensive. झाड़ू देनेवाला, विस्तृत, पूर्णार्थक; **Sweepingly** (-लि)-*adv.* in a sweeping manner. झाड़ू देते हुए, झुलाते हुए।

Sweepings-स्वीपिङ्ग्स्-*n. pl.* rubbish. बुहारन, कूड़ा-करकट।

Sweepstake-स्वीप्'-स्टेक्-*n.* a racing venture. घुड़दौड़ का जुआ, घुड़दौड़ की बाज़ी।

Sweepy-स्वीपि-*adj.* passing with speed. तेजी से जानेवाला।

Sweet-स्वीट् - *adj.* agreeable to the taste, pleasing to the smell, ear or eye, beautiful, fresh, mild, soft, agreeable, pleasant, gentle. मधुर, स्वादिष्ट, सुगन्धित, सुरीला, सुन्दर, ललित, ताज़ा, मीठा, कोमल, मृदु, सन्तोषजनक, सुखकर; - *n.* anything sweet, a sweetmeat, something pleasing. मधुर वस्तु, मिठाई, आनन्ददायक पदार्थ, प्रिय वस्तु; -*pl.* condiments. (ब० व०) मिठाइयाँ; - *v. t. & i.* to make sweet, to make pleasing. मधुर बनाना, रोचक बनाना; **According to or at one's sweet will** (as one pleases.) स्वतन्त्र, इच्छानुसार; **Sweetheart** (a lover.) प्रेमीजन; **Sweet-oil** (olive oil.) जैतून का तेल; **Sweet-smelling** (of agreeable odour.) सुगन्धित; **Sweet temper** (amiability.) सज्जनता; **Sweet toil** (a work which is not wearisome or tedious.) रुचिकर परिश्रम।

Sweeten-स्वीट्न् -*v. t.* to make sweet, to make pleasing. मीठा करना, रोचक बनाना; **Sweetener** (-अर्) -*n.* one who or that which sweetens agreeably. मधुर बनानेवाला।

Sweetly-स्वीट्'-लि-*adv.* in a sweet manner. मधुरता से; **Sweetness** (-नेस्)-*n.* freshness, softness. ताजगी, मधुरता।

Sweetmeat-स्वीट्' - मीट् -*n.* a confection of sugar मिष्ठान्न, मिठाई।

Swell-स्वेल्-*v. i. & t.* (*p. p.* Swollen.) to grow bigger or larger, to expand, to increase in volume, to be inflated, to bulge out, to strut. फैलना, बढ़ना, फूलना, झकोरा मारना, हवा भरना, अकड़ना; -*n.* an increase of sound, the heaving of the sea, a person dressed in a showy manner, a member of good society. शब्द का तीव्र होना, लहरों का उठना, बाँका, सुजन समाज का मनुष्य।

Swelling-स्वेलिङ्ग् - *adj. & n.* timid, bombastic, prominence, tumour, inflammation. भीरु, डरपोक, बड़े-बड़े शब्द बोलनेवाला, वृद्धि, महत्त्व, सूजन, फुलाव।

Swellish-स्वेलिश्-*adj.* foppish. गर्वी, घमंडी।

Swelter-स्वेल्टर्-*v. t.* to perspire freely, to be faint with heat. अधिक पसीना निकलना, गरमी से मुरझाना।

Sweltry-स्वेल्ट्रि -*adj.* oppressive with heat, sultry. गरमी से त्रस्त, उमसता हुआ।

Swept-स्वेप्ट्-*p. p.* of **Sweep.**

Swerve-स्वर्व्-*v. t. & i.* to deviate from a rule, to turn aside, to dodge. किसी नियम से विचलित होना, भटकना, पराङ्मुख होना, मुड़ना; -*n.* divergence. मुड़ान, भटकना; **Swerveless** (-लेस्) - *adj.* unswerving. स्थिर; **Swerving** (-इङ्ग्)-*n.* undutifulness. नियम से पराङ्मुख होने का कार्य।

Swift-स्विफ़्ट्-*adj.* rapid, fleet, prompt, speedy, moving with velocity. तीव्र, शीघ्रगामी, वेगवान्, जल्दी करनेवाला; **Swift-footed** (-फुट्'-ऍड्) -*adj.* quickly-moving. तेज चलनेवाला; **Swift-handed** (-हॅन्ड्-ऍड्)-*adj.* quick in doing work. जल्दी काम करनेवाला; **Swiftlet** (-लेट्)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

n. a kind of small lizard. एक प्रकार की छोटी छिपकिली; **Swiftly** (-लि)-*adv.* in a swift manner. शीघ्रता से,वेग से; **Swiftness** (-नेस्) *n.* quickness, rapid motion. शीघ्रता, वेग; **Swift-winged** (-विङ्ग्-इ)-*adj.* flying with speed. तेज उड़नेवाला।

Swig-स्विग् -*v. t. & i.* (*p. t.* **Swigged.**) to drink in large draughts. बड़ा-बड़ा घूँट करके पीना;-*n.* a large draught. बड़ा घूँट।

Swill-स्विल्-*v. t. & i.* to drink in excessive quantities, to rinse, to wash. बड़ा-बड़ा घूँट करके पीना, धोना या साफ़ करना;-*n.* a rinse. धुलाई।

Swiller-स्वि-लर्-*n.* one who drinks voraciously. बड़ा-बड़ा घूँट करके पीनेवाला।

Swilling-स्विलिङ्ग्-*adj. & n.* washing, pig wash. सुअर को धोने का काम।

Swim-स्विम्-*v. i.* (*p. t.* **Swam,** *p. p.* **Swum.**) to be supported on water, to float, to move in water, to glide smoothly, to overflow, to whirl. तैरना, पैरना, बहना, सरकना, चक्कर खाना;-*n.* the act of swimming, the air-bladder of fish. तैरने की क्रिया, मछली के पेट में की वायु की थैली; **To swim across** (to cross by swimming.) तैरकर पार जाना।

Swimmer-स्वि-मर्-*n.* one who swims. तैराक, तैरनेवाला।

Swimming-स्वि-मिङ्ग्-*n.* the art of moving in water. तैरने की कला; **Swimming-belt** (a cork-belt used in learning swimming.) तैरना सीखने में सहायता देनेवाला खुखड़ी का कमरबन्द; **Swimmingly** (-लि) -*adv.* in a swimming manner, smoothly, without obstruction. तैरते हुए, आसानी से, आराम से, बिना रुकावट के।

Swindle-स्विन्डल् - *v. t. & i.* to cheat, to defraud intentionally. छलना, ठगना, धोखा देकर छीन लेना;-*n.* a fraudulent plot. षड्यन्त्र, ठगी।

Swindler-स्विन्ड्-लर्-*n.* one who swindles, a thief. ठगनेवाला, दुष्ट, चोर; **Swindlery** (-ड्)-*n.* the art of a swindle. ठग विद्या।

Swindling-स्विन्ड्-लिङ्ग्-*n.* the act of thieving. ठगी ; **Swindlingly** (-लि) - *adv.* in a swindling manner. ठगते हुए।

Swine-स्वाइन्-*n.* (*pl.* **Swine.**) a pig, a person of beastly nature. शूकर, सुअर, पशुवत् आचरण करनेवाला मनुष्य ; **Swine-bread**-*n.* a kind of fungus. एक प्रकार का कुकुरमुत्ता; **Swine-coat** (-कोट्)-*n.* a pen for swine. सुअरबाड़ा; **Swine-herd** (-हर्ड्)-*n.* a keeper of pigs. सुअर पालनेवाला ; **Swine-pox** (-पॉक्स्)-*n.* a kind of chickenpox. एक प्रकार का शीतला रोग ; **Swinery** (-अरि)-*n.* a pig-farm. सुअरबाड़ा।

Swinish-स्वाइन्'-इश्-*adj.* like swine. सुअर की तरह का।

Swinishly-स्वाइन्'-इश्-लि-*adv.* in the manner of swine. शूकर की तरह से।

Swinishness-स्वाइन्-इश् - नेस्-*n.* pigginess. शूकरपन।

Swing-स्विङ्ग्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Swung.**) to move to and fro, to vibrate, to turn round an anchor, to oscillate, to rock, to be hanged. इधर-उधर हिलना, झूलना, लङ्गर पर घूमना, लहराना, फाँसी पड़ना;-*n.* an oscillation, a contrivance for swinging. झुकाव, झूला, पालना; **In full swing** (fully active.) पूर्ण रूप से कार्य में परिणत; **To swing a child** to oscillate a child in a swing.) बच्चे को पालने में झुलाना।

Swinge-स्विन्ज्-*v. t.* to beat soundly, to chastise. खूब पीटना, दण्ड देना।

Swinger-स्विन्जर्-*n.* a great liar. बड़ा झूठा।

Swinging-स्विङ्गिङ्ग् - *n.* oscillation. झूला ; **Swingingly** (-लि)-*adv.* in a swinging manner. झूलते हुए।

Swingle--स्विङ्ग्' - ल् -*n.* a wooden mallet used for beating flax. पटुआ या सन् पीटने की मुँगरी;-*v. t.* to clean flax with a swingle. मुँगरी से पीटकर पटुआ का गुद्दा निकालना।

Swink-स्विङ्क्-*v. t. & i.* to labour, to drudge. परिश्रम करना, कष्ट करना ;-*n.* drudgery. कठिन परिश्रम।

Swipe-स्वाइप्-*n.* a hard blow. कड़ा आघात, कड़ी चोट; -*v. t.* to hit with a swinging motion of the arms. हाथ झुलाकर मारना।

Swiper-स्वाइपर्-*n.* one who swipes. हाथ झुलाकर मारनेवाला।

Swirl-स्वर्ल्-*v. i. & t.* to move in a whirling motion. चक्कर खाना, घुमाना;-*n.* an eddying motion of water. जल का भँवर।

Swish-स्विश्-*n.* a stroke with a whip or cane. बेंत या चाबुक की मार;-*v. t.* to flog with a whip so quickly as to make a whistling sound. चाबुक फटकारते हुए और शब्द करते हुए मारना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Swiss-स्विस्-*n.* & *adj.* a native of Switzerland, of Switzerland. स्विट्जरलैण्ड देशवासी, इस देश का।

Switch-स्विच् - *n.* a small flexible twig of a tree, a tress of hair used for hair-dressing, a movable rail for transferring a railway train from one line to the other, an appliance for connecting or disconnecting electrical current. छड़ी, खमाची, परान्दा, रेल की गाड़ी को एक लाइन पर से दूसरी पर ले जाने का साधन, बिजली की धारा चालू करने या रोकने का साधन या बटन;-*v. t.* to strike with a switch, to direct thoughts on a different subject. रोक लगाना, अन्य विषय पर चित्त लगाना; **Switch-board** (-बोर्ड्) -*n.* a board with electric switches. बिजली की अनेक धाराओं का सम्बन्ध बदलने वाली पट्टी; **Switch-man** (-मॅन्) - *n.* a pointsman. रेलगाड़ी को एक लाइन से दूसरी लाइन पर ले जानेवाला मनुष्य; **To switch off** (to cut off electric current.) बिजली की धारा काट देना; **To switch on** (to join electric current.) बिजली की धारा मिलाना।

Swivel-स्विव्'-ल्-*n.* a ring that revolves freely on a staple. कुण्डा, भँवर-कड़ी;-*v. t.* to turn on a pivot. चूल पर घूमना; **Swivel-eyed** (-आइड्)-*adj.* of squinting eye. ऐंची निगाह का; **Swivel-joint** (-जॉइन्ट्)-*n.* a joint provided with swivel links. घूमनेवाली कड़ी का जोड़।

Swivel-joint.

Swollen-स्वोल्'-न् - *p. p.* of **Swell** ;-*adj.* inflated. फूला हुआ।

Swoon-स्वून्-*v. i.* to sink into a fainting fit, to faint. मूर्छित होना, अचेत होना;-*n.* a fainting fit, syncope. मूर्छा, बेहोशी; **Swooning** (-इङ्ग्)-*n.* & *adj.* the act of fainting, that faints. मूर्छा, मूर्च्छित होनेवाला।

Swoop-स्वूप्-*n.* carrying off many things at once, falling on and seizing. एकाएक उठा ले जाना; -*v. i.* & *t.* to come with a rush, to descend with a sweep. एकाएक टूट पड़ना, झुलकर उतरना।

Swop-स्वॉप् - *v. t.* (*p. t.* **Swopped.**) to exchange, to barter. अदल-बदल करना;-*n.* an exchange. बदला, विनिमय।

Sword-सोर्ड्-*n.* a keen-edged cutting or thrusting weapon, destruction by war, strife, emblem of power or justice. खड्ग (कृपाण, तलवार), युद्ध द्वारा संहार, कलह, युद्ध, शक्ति या न्याय का चिह्न; **Sword-arm** (- आर्म्) - *n.* the right arm. दाहिना हाथ; **Sword-cane** (-केन्) -*n.* (a walking stick containing within it a sword.) गुप्ती छड़ी; **Sword-cut** (-कट्) - *n.* wound of a sword. तलवार का घाव; **Sword-law** (-लॉ) - *n.* military domination. सैनिक नियम; **Swordless** (-लेस्)-*adj.* devoid of a sword. बिना तलवार का; **Swordlike** (-लाइक्)-*adj.* of the form of a sword. तलवार के आकार का; **Sword-proof** (-प्रूफ्)-*n.* protection against sword. तलवार की चोट बचानेवाला; **Swordsman** (-मॅन्) -*n.* a person with skill in using sword. तलवार चलाने में निपुण व्यक्ति; **Sword-stick** (-स्टिक्)-*n.* sword concealed within a walking-stick. गुप्ती छड़ी, छड़ी जिसके भीतर तलवार रहती है; **The Sword of justice** (judicial authority.) न्याय का अधिकार **To sheathe the sword** (to stop a fight.) युद्ध समाप्त करना।

Swore-स्वोर्--*p. t.* of Swear. शपथ खाया।

Sworn-स्वोर्न्-*p. p.* of **Swear** ;-*adj.* having taken an oath, bound by an oath, resolute, promised by an oath. शपथ लिये हुए, शपथ द्वारा बँधा हुआ या बाध्य, दृढ़, निश्चित, शपथपूर्वक प्रतिज्ञा-बद्ध।

Swot-स्वॉट्-*v. i.* (*p. t.* **Swotted.**) to study hard. परिश्रम से अध्ययन करना; -*n.* an ardent student. परिश्रमी विद्यार्थी।

Swum-स्वम्-*p. p.* of **Swim.** तैरा हुआ।

Swung-स्वङ्ग्-*p. p.* of **Swing.** झूला हुआ।

Sybarite-सिब-राइट्-*n.* one devoted to luxury and pleasure. विलासी, विषयी।

Sybaritic-सिबरिटिक्-*adj.* luxurious. विलास प्रिय।

Sybaritism - सिबरिटिज़्म् - *n.* luxuriousness. विलासिता।

Sycamine-सिक्'-अमाइन्-*n.* the black mulberry tree. काले शहतूत का वृक्ष।

Sycamore-सिक्'-अ-मोर्-*n.*a kind of fig tree of Egypt. मिस्र देश का एक प्रकार का अंजीर का वृक्ष।

Syce-साइस्-*n.* an Indian groom. सईस।

Sychnocarpous-सिक्-नॅ-कार्पस्-*adj.* bearing fruit many times before perishing. नष्ट होने (सूख जाने) के पूर्व कई बार फलनेवाला।

Sycoma-सि-क-मा-*n.* a fig-shaped tumour. अंजीर के आकार की गिलटी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Sycophancy-सिकफ़ॅन्सि -*n.* obsequious flattery. चाटूक्ति, गहरी चापलूसी।

Sycophant-सिकॅ-फ़ॅन्ट्-*n.* a parasite, a mean flatterer, a blackmailer. अति अनुरोधी, चुगलखोर, नीच, चापलूस; **Sycophantic** (-इक्)-*adj.* like a flatterer. चापलूस की तरह।

Sycophantry-सिकॅ-फ़ॅन्ट्रि - *n.* flattery. चापलूसी।

Sycosis-साइ-को'-सिस्-*n.* a disease on the scalp of the face. चेहरे पर का एक प्रकार का चर्मरोग।

Syke-साइक्-*n.* a small brook. छोटी नदी।

Syllabic-सिलबिक्-*adj.* pertaining to a syllable. शब्दांश का; **Syllabically** (-अलि)-*adv.* in a syllabic manner. एक अक्षर के योग में।

Syllabicate-सिलबिकेट्-*v. t.* to form into syllables. शब्दांश में विभक्त करना; **Syllabication** (-शन्), **Syllabification** (-फ़ि-के-शन्)-*ns.* the act of forming syllables. शब्दांशों में विभाग करने का कार्य।

Syllabify-सिलबिफ़ाइ-*v. t* to form into syllables. शब्दांशों में विभक्त करना।

Syllable-सिलॅबल्-*n.* a letter or combination of letters uttered by one articulation. एक अक्षर अथवा अनेक अक्षरों का समुदाय जो एक साँस में बोला जाय।

Syllabus-सिल - बस् - *n.* (*pl.* **Syllabuses, Syllabi.**) a compendium, an abstract containing the heads of a discourse, course of teaching &c. संक्षेप, सारांश, व्याख्यान, पाठ्य पुस्तक इत्यादि को निर्धारित करने की पुस्तक।

Syllogism-सिलॅ-जिज़्म्-*n.* a form of logical reasoning consisting of three propositions. अवयव-घटित वाक्य, न्याय; **False syllogism** (one in which the conclusion does not follow the premises.) अयुक्त न्याय; **Syllogistic** (-जिस्ट्'-इक्)-*adj.* pertaining to a syllogism. न्यायसङ्गत; **Syllogistically** (-जिस्ट्-इक् - अलि) - *adv.* in a syllogistic manner. न्याय्य रीति से।

Syllogize-सिलॅ-जाइज़्-*v. t.* to reason by syllogisms. अवयवों द्वारा न्याय निरूपण करना।

Sylph-सिल्फ़्-*n.* spirit of the air, a slender graceful girl, a humming bird with a long forked tail. वायु में रहनेवाले दैवी लोग, पतली सुन्दर लड़की, लम्बी शाखादार दुमवाली गुनगुनानेवाली चिड़िया।

Sylvan-सिल्वन्-*n.* one who lives in a forest, a forest god, a forester, a rustic, an animal or a bird of a forest. बनवासी, वनदेवता, जंगल का अफसर, ग्रामीण व्यक्ति, वन पशु या पक्षी।

Symbol-सिम्बल्-*n.* sign, representation, an emblem of something, letters standing for chemical elements. चिह्न, लक्षण, प्रतिरूप, रासायनिक तत्त्वों के लिए लाक्षणिक संकेत ; **Symbolic** (-इक्)-*adj.* symbolical. लाक्षणिक संकेत का ; **Symbolical** (-इकल्)-*adj.* serving as a symbol. लाक्षणिक, लक्षण की तरह प्रयोग में आनेवाला; **Symbolically** (-इक्-अलि)-*adv.* by symbols or signs. लाक्षणिक रूप से; **Symbolics** (- इक्स्) - *n.* the science of symbols. संकेतों की विद्या; **Symbolism** (-इज़्म्)-*n.* the imparting of a symbolic meaning to an object or action. किसी पदार्थ या क्रिया के लाक्षणिक अर्थ का प्रयोग; **Symbolist** (-इस्ट्)-*n.* one who uses symbols. संकेतों का प्रयोग करनेवाला; **Symbolistic** (-इस्ट्-इक्)-*adj.* one who uses symbols. संकेतों का प्रयोग करनेवाला; **Symbolization** (-आइज़्-ऍ-शन्)-*n.* resemblance in properties. गुणों का सादृश्य; **Symbolize** (-आइज़्ज़) -*v. t.* to have a typical resemblance, to represent by symbols, to unite, to formulate into a creed, to agree. विशिष्ट समानता रखना, संकेत द्वारा प्रकट करना, संयुक्त करना, धार्मिक श्रद्धा का निरूपण करना, सहमत होना।

Symbology-सिम्बॅलॅजि-*n.* the art of expressing by symbols. संकेतों द्वारा प्रकट करने की कला।

Symmetrical-सिमॅ-ट्रिकल् - *adj.* proportional in parts. यथाप्रमाण, सुडौल; **Symmetrically** (-लि) -*adv.* in a symmetrical manner. सुडौल रूप से; **Symmetricalness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being symmetrical. सुडौलपन, समरूपता।

Symmetrize-सि-मॅ-ट्राइज़्-*v. i.* to make proportional in parts. अङ्गों को समरूप करना, सुडौल बनाना।

Symmetry-सि-मॅ-ट्रि-*n.* right proportion of the several parts of a body to each other, harmony, congruity. समरूपता, अवयवों की सङ्गति, सुडौलपन।

Sympathetic - सिम्पॅथॅटिक् - *adj.* having common feeling with another, inducing sympathy. समदुःखी (दयायुक्त), सहानुभूति का; **Sympathetic ink** (an ink the marks of which are not visible until heated.) ऐसी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रोशनाई जिसकी लिखावट बिना काग़ज गरम किये देख नहीं पड़ती; **Sympathetically** (-अलि)-*adv.* in a sympathetic manner. सहानुभूति से।

Sympathize-सि-म्प्-थाइज़् - *v. i.* to feel or express sympathy for, to feel with another. समवेदना प्रकट करना, सहानुभूति प्रकट करना ; **Sympathizer** (-अर्)-*n.* one who sympathizes. सहानुभूति प्रकट करनेवाला।

Sympathy-सि-म्प्-थि-*n.* fellow-feeling, compassion, the quality of being affected by the affection of another. समवेदना, कृपा (अनुकम्पा), सहानुभूति।

Symphonic-सिम्-फॅ-निक् -*adj.* resembling a symphony. स्वर की समता का।

Symphonious-सिम्फोनिअस्-*adj.* agreeing in sound, harmonious. एक स्वर का, एक तान का।

Symphonize-सिम्-फ़ॅ-नाइज़्-*v. t.* to be in unison with. एक सुर में होना।

Symphony-सिम्फ़ॅनि-*n.* harmony of sounds agreeable to the ear. स्वर की समता, स्वर का मिलान।

Symptom-सिम्प्-टम्-*n.* a token or sign, that which indicates disease. लक्षण (चिह्न), रोग के लक्षण।

Symptomatic-सिम्प्-टॅमॅटिक्-*adj.*pertaining to symptoms. लक्षण-सम्बन्धी; **Symptomatically** (-अलि)-*adv.* by means of symptoms. लक्षण या चिह्नों द्वारा।

Symptomatology-सिम्प् - टॅमॅटॅलॅजि - *n.* the science of the symptoms of diseases. रोगों के लक्षणों की विद्या।

Syn-सिन्-*pref.*in the sense of "with", "together." 'साथ' अर्थ का उपसर्ग।

Synagogical-सिन्-अ-गॉजिकल्-*adj.* pertaining to the Jewish assembly for worship. यहूदियों की पूजा-समिति से सम्बन्धित

Synagogue-सिन्-अ-गॉग् - *n.* an assembly of Jews for the purpose of worship. यहूदियों का पूजा के लिये जमघट।

Synarchy-सिनॉर्कि-*n.* joint sovereignty. संयुक्त राज्य का शासन।

Synchronal-सिङ्क्रॅनल्-*adj.* happening at the same time, simultaneous. समकालीन, एक समय होनेवाला।

Synchronism-सिङ्क्रॅनिज़्म्-*n.* occurrence of two or more events at a time. एक ही समय में अनेक घटनाओं का होना।

Synchronize-सिङ्क्रॅ-नाइज़्-*v.i.* & *t.* to occur at the same time, to cause to agree in time. एक ही समय में कई कामों का होना, समय में सहमत करना।

Synchronous-सिङ्क्रॅ-नस्-*adj.* simultaneous. एक साथ होनेवाला; **Synchronously** (-लि) -*adv.* at the same time. एक ही समय में।

Synchysis-सिन्कि-सिस्-*n.*confusion of words in a sentence. वाक्य में शब्दों का व्युत्क्रम या विप्लव।

Syncopate-सिङ्कॅ-पेट्-*v. t.* to contract or shorten by omitting the letters or syllables of a word. शब्द में एक या अनेक अक्षरों को निकालकर छोटा करना; **Syncopation** (-शन्)-*n.* the act of syncopating. अक्षर निकाल कर शब्द को छोटा करने की क्रिया, शब्द संकोचन।

Syncope-सिन्कॅपि-*n.*the cutting short of one or more letters from a word, loss of consciousness. शब्द के भीतर से एक अथवा अनेक अक्षर निकालकर छोटा करने की क्रिया, शब्द-संकुचन, मूर्छा।

Syncopist-सि-न्कॅ-पिस्ट्-*n.* one who contracts words. शब्द के भीतर से अक्षर निकाल कर शब्द को छोटा करनेवाला व्यक्ति।

Syncopize-सिन्कॅ-पाइज़्-*v. t.* to contract a word. शब्द छोटा करना।

Syncretic-सिन् - क्री - टिक् - *adj.* combining different religious systems into one. भिन्न धार्मिक रीतियों को एक में मिलानेवाला।

Syndic-सिन्डिक् - *n.* a municipal officer, a chief magistrate. नगरपालिका का एक अधिकारी, प्रधान मजिस्ट्रेट।

Syndicate-सि-न्डि -केट्-*n.* a body of syndics, a council, a managing body, a committee of persons engaged in commercial speculation &c. सभा, प्रबन्धकर्ता लोगों की मण्डली।

Syndrome-सि-न्ड्रॅ - मि-*n.* a combination of symptoms in a disease. रोग में अनेक लक्षणों का समावेश।

Synecdoche-सिनॅक्डॅ-कि-*n.*a figure of speech in which a whole is put for a part or vice versa. उपलक्ष्य अलंकार जिसमें अंश के लिए पूर्ण अथवा पूर्ण के लिए अंश का प्रयोग होता है ; **Synecdochical** (-कॉल्)-*adj.* pertaining to synecdoche. उपलक्ष्य सम्बन्धी।

Synochus-सि-नॅ-कस्-*n.* continuous fever. सतत या लगातार ज्वर।

Synod-सिनॅड्-*n.* an ecclesiastical assembly. पादरियों की सभा;**Synodal** (-अल्), **Synodic** (-इक्)-*adjs.* pertaining to such an assembly.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धार्मिक सभा-सम्बन्धी; **Synodically** (-इकलि) *-adv.* by the order of a synod. धर्मसभा की आज्ञा से।

Synomosy-सि-नॉ-मॅ- सि-*n.* sworn brotherhood. शपथ लेकर भ्रातृवत् व्यवहार।

Synonym-सि-न-निम्-*n.* a word having the same meaning and signification as another. पर्याय (तुल्यार्थ) शब्द, पर्याय; **Synonymic** (-इक्)-*adj.* pertaining to similar meaning. पर्यायवाची; **Synonymist** (-मिस्ट्)-*n.* one who collects synonymous words. पर्यायवाची शब्दों का संग्रह करनेवाला; **Synonymity** (-मिटि)-*n.* the state of being synonymous. तुल्यार्थता; **Synonymize** (-आइज़्) -*v. t.* to express the same meaning in different words. अनेक शब्दों में समान अर्थ प्रकाशित करना; **Synonymous**(-अस्)-*adj.* conveying the same idea. समानार्थवाला, पर्यायवाची; **Synonymously** (अस्-लि)-*adv.* in a synonymous manner. पर्याय अर्थ में; **Synonymy** (-इ)-*n.* amplification by synonyms. पर्याय शब्दों का व्यवहार करके सामान्य अर्थ पुष्ट करने का कार्य।

Synopsis-सि-नॅ-प्सिस्-*n.* (*pl.*Synopses-सीज़्) a general view, abstract, summary. संकलित दृश्य, सार, संग्रह, संक्षेप; **Synoptic** (-टिक्)-*adj.* & *n.*a general survey. सामान्य अवलोकन; **Synoptical** (-टिक्-अल्)-*adj.* affording a general-view of a thing. सार प्रकाशक; **Synontically** (-टिकलि)-*adv.* in a synoptical manner. सामान्य अवलोकन द्वारा।

Synovia-सि (साइ) -नोव्रिआ-*n.* the lubricating fluid in the joints of the body. शरीर के जोड़ों को तर रखनेवाला द्रव पदार्थ; **Synovial** (-अल्) -*adj.* pertaining to synovia. इस पदार्थ से संबंधित।

Syntactical-सिन्टॅक्टिकल्-*adj.* according to the rules of syntax. वाक्य-रचना के नियमों के अनुसार; **Syntactically** (-लि)-*adv.* in conformity with syntax. कारक-नियमानुसार।

Syntax-सिन्टॅक्स्-*n.* the grammatical and due arrangement of words in a sentence, sentence construction. वाक्य-रचना-विचार, वाक्य-रचना।

Syntectic-सिन्ट क्टिक्-*adj.* wasting with consumption. क्षय रोग से नाश होनेवाला।

Synteretic-सिन्टिर्रे टिक्-*adj.* preserving health. आरोग्य रखनेवाला।

Synthesis-सिन्थिसिस्-*n.* (*pl.* Syntheses-सीज़्) putting several things together, combination, composition of elements into one, artificial production. संयोग, संकलन, मिलावट, कृत्रिम रचना।

Synthesist - सिन्थिसिस्ट्-*n.* one who works synthetically. समन्वय या संश्लेषण करनेवाला।

Synthesize-सिन्'-थि-साइज़्-*v. t.* to produce natural objects artificially. प्राकृतिक पदार्थों को कृत्रिम क्रिया से तैयार करना।

Together-टु-गॅ-दर्-*adv.* in company with, in the same time or place, simultaneously, in union with. एक साथ, एक ही समय या स्थान में, साथ-साथ, मिलकर; **Together with** (in company with.) साथ में।

Toggery-टॉगरि-*n.* garments, clothes. वस्त्र, पोशाक, कपड़ा।

Toggle-टॉ-गल्-*n.* a pin inserted through the eye of a rope for keeping it in place. रस्से के फन्दे में लगी हुई खूँटी।



Toggle.

Toil-टॉइल्-*n.* hard labour, drudgery, a snare. कठोर परिश्रम, कष्ट, फन्दा (जाल); -*v. t.*

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

to labour. परिश्रम करना; **Toiler** (-अर्)-*n.* one who toils. परिश्रम करनेवाला।

Toils-टॉयल्ज़्-*n. pl.* a net or snare. जाल (पशु फँसाने का)।

Toilet, Toilette-टॉइ-लेट्-*n.* the mode of dressing or arranging the hair &c., a room for dressing. शृङ्गार करने या बाल सँवारने की रीति, शृङ्गार करने का कमरा; **Toilet-cover** -*n.* a cover for the dressing table. शृङ्गार की मेज़ पर की चादर; **Toilet-glass** (-ग्लास्) -*n.* a mirror used in toilet. शृङ्गार करने का दर्पण; **Toilet-soap** (-सोप्)-*n.* soap used in toilet. शृङ्गार करने के उपयोग का साबुन।

Toilsome-टाइल्-सम्-*adj.* laborious. परिश्रमी; **Toilsomely** (-लि)-*adv.* laboriously. परिश्रम-सहित; **Toilsomeness** (-नेस्)-*n.* the state of being toilsome. परिश्रम, श्रम साध्यता **Toilworn** (-वोर्न्)-*adj.* worn out with toiling. परिश्रम से थका हुआ।

Tokay-टो'के-*n.* a kind of aromatic wine. एक प्रकार की सुगन्धित मदिरा।

Token-टोकन् -*n.* a sign, mark, symbol, memorial of affection, keepsake. चिह्न, संकेत, लक्षण, स्मारक, यादगार; **Tokened** (-ड्)-*adj.* with marks. चिह्नयुक्त।

Told-टोल्ड्*p. t. & p. p.* of **Tell**. कहा, कहा गया।

Toledo-टो'लीडो-*n.* a fine blade of a sword. तलवार की तेज धार।

Tolerable-टॉलरेबल्-*adj.* sufferable, endurable, moderately good. सहने योग्य, सामान्य रूप से अच्छा, कामचलाऊ; **Tolerableness** (-नेस्)-*n.* the quality of being tolerable. कामचलाऊपन, सहायता; **Tolerably** (-ड्)-*adv.* in a tolerable manner. सामान्य रूप से।

Tolerance-टॉलरन्स्-*n.* the power of tolerating. सहनशीलता; **Tolerant** (-शॉन्ट्) -*adj.* enduring, favouring toleration. सहनशील, क्षमावान्; **Tolerantly** (-लि)-*adv.* with toleration. सहनशीलता से।

Tolerate-टॉलरेट्-*v. t.* to endure, to suffer, to allow by not preventing. सहन करना, होने देना; **Toleration** (-रे-शन्)-*n.* forbearance, recognition of personal rights in matters of religion. सहन (क्षमा), धार्मिक विषयों में व्यक्तिगत स्वतन्त्रता।

Toll-टोल्-*n.* a tax or duty levied for some privilege, the solemn sound of a bell. मार्ग का कर, घण्टे का गम्भीर शब्द;-*v. i. & t.* to take or pay toll, to cause a bell to ring uniformly. कर देना या लेना, निरन्तर घण्टी बजाना; **Tollable** (-ऍब्ल्) -*adj.* able to be levied with a tax. कर लगने योग्य; **Toll-bar** (-बार्) -*n.* the gate or bar used for stopping passage without paying toll. बिना कर दिये जानेवालों को रोकने का फाटक; **Toll-booth** (-बूथ्)-*n.* place where goods are weighed for ascertaining the toll. चुङ्गी निर्धारित करने के लिये माल को तौलने का स्थान; **Toll-bridge** (-ब्रिज्)-*n.* a bridge where toll is paid for passing over it. पुल पार करने के लिये जहाँ पर कर लिया जाता है; **Toll-collector** (-कलेक्टर्) -*n.* a toll-gatherer. कर इकट्ठा करनेवाला; **Toller** (-अर्) -*n.* a toll-gatherer. चुङ्गी लेनेवाला; **Toll-gate** (-गेट्)-*n.* a gate where toll is taken. जिस फाटक पर चुङ्गी ली जाती है; **Toll-house** (-हाउस्) -*n.* the office of a toll-collector. चुङ्गीघर।

Tolu-टोलू-*n.* a kind of resin. एक प्रकार की राल।

Tom-टॉम्-*n. abbr.* of **Thomas**, a male animal. 'टॉमस्' का छोटा रूप, नर पशु; -*v. i.* to act in a foolish manner. मूर्खवत् व्यवहार करना; **Long Tom** (a kind of long gun.) एक प्रकार की लम्बी बन्दूक।

Tomahawk-टॉम्-अ-हॉक्-*n.* a war-axe. कुल्हाड़ी, गँड़ासा।

Tomato-टॅ-मॉ-टॅ-*n.* (*pl.* **Tomatoes.**) a plant with edible fruit. विलायती बैंगन, टमाटर।

Tomb-टूम्-*n.* a grave, a sepulchral monument. समाधिस्थान, कब्र, मकबरा ; -*v. t.* to enclose in a tomb. कब्र में गाड़ना; **The tomb** (death.) मृत्यु।

Tombac-टम्'-बॅक्-*n.* an alloy of copper and zinc. जस्ते और ताँबे की एक मिश्र धातु।

Tombed-टूम्ड्-*adj.* deposited in a tomb. कब्र में रक्खा हुआ; **Tombless** (-लस्)-*adj.* without a tomb. बिना चैत्य का, बिना कब्र का।

Tomboy-टॉम्-बॉय्-*n.* a romping girl. धुमक्कड़ छोकरी।

Tombstone-टूम्'-स्टोन्-*n.* a monumental stone placed over a grave. चैत्य, कब्र के ऊपर लगा हुआ पत्थर।

Tomcat-टॉम्'-कॅट्-*n.* a full grown male cat-जवान नर बिल्ली।

Tome-टोम्-*n.* a large volume of a book. बड़ा ग्रन्थ; **Tomelet** (-लेट्) -*n.* a little volume. छोटा ग्रन्थ।

Tomfool-टॉम्'-फूल्-*n.* a great fool. बड़ा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मूर्ख ; **Tomfoolery** (-अरि) *-n.* foolish jesting. मूर्खता का व्यवहार या मज़ाक ।

Tommy-टॉ-मि *-n.* (*pl.* **Tommies**) a private soldier in the British army, a kind of wrench. अंग्रेज़ी सेना का गुप्त सैनिक, एक प्रकार की हथकल; **Tommy-rot** (-रॉट्) *-n.* nonsense. मूर्खता की वार्ता ; **Tommy-shop** (-शॉप्) *-n.* a baker's shop. नानबाई की दूकान; **Tom-noddy** (-नॉइ'-डि) *-n.* a dolt. मूर्ख, लंठ ।

To-morrow-टुमॉरो *-n. & adv.* the day after the present day, on the following day. कल, आगामी दिन, **Day after to-morrow.** परसों (आनेवाला); **To-morrow week** (a week after this date.) आज से आठवाँ दिन ।

Tompion-टॉम्पिअन्-*n.* the stopper of a gun. तोप का डट्टा ।

Tomtit-टॉम्'-टिट् *- n.* a kind of small bird, a titmouse. फुदकी, एक प्रकार का छोटा चूहा ।

Tom-tom-टॉम्'-टॉम् *-n.* an Indian drum. नगाड़ा, डफला ।

Ton-टन्-*n.* a measure of capacity weighing 20 cwt., a prevailing fashion. २८ मन की तौल, चलती रीति ।

Tone-टोन्-*n.* a musical sound, note, accent, modulation of voice, state of health, prevailing sentiments, effect of light and shade in a picture. संगीत का स्वर, ध्वनि, शब्द, चेष्टा, स्वास्थ्य, प्रचलित भावनाएँ, चित्र में प्रकाश तथा अन्धकार का दिखाव; *-v. t. & i.* to utter with an affected tone, to tune a musical instrument, to harmonize. स्वर बदलकर बोलना, सुर मिलाना, मृदु करना; **Long tone.** लम्बी तान; **To tone down** (to soften colour.) रंग हलका करना; **To tone up** (to give higher tone.) सुर बढ़ाना ।

Toneless-टोन्'-लेस् *-adj.* having no tone, unmusical. बिना सुर का ।

Tonga-टॉङ्गॉ *- n.* a two-wheeled Indian carriage. ताँगा ।

Tongs-टॉ-ङ्ग्ज् *- n. pl.* an instrument for grasping and holding. कङ्कमुख, सँड़सी, चिमटा; **Firetongs** (tongs for handling live embers.) चिमटा ।

Tongue-टॅङ्ग् *-n.* the muscular organ in the mouth which serves the purpose of taste, swallowing &c., projecting point of land, the organ of speech, a people or nation, speech, mode of speaking. जिह्वा, बोली, वाणी, भाषा, जाति, भूनासिका, बोलने की रीति; *-v. t. & i.* to scold, to modify the sound by means of the tongue. गाली देना, जीभ से शब्द बढ़ाना या घटाना; **Hold your tongue** (be silent.) चुप रहो; **Mother-tongue** (a person's native tongue.) मातृ-भाषा; **Tongueless** (-लेस्)*-adj.* having no tongue. बिना जीभ का ; **Tongue-tied** (-टाइड्) *- adj.* unable to speak freely. स्वतन्त्रता से बोलने में असमर्थ ।

Tonic-टॉनिक् *- adj. & n.* invigorating, increasing strength, a medicine that gives vigour to the system. बलवर्धक, शक्तिप्रद, बलकारक औषधि ।

Tonicity-टॅ'-निसिटि-*n.* elasticity of muscles. पेशियों का लचीलापन ।

To-night-टु - नाइट् *- n. & adv.* the present night, on the night of to-day. आज की रात, आज रात में ।

Tonite-टोनाइट् *- n.* a powerful explosive. भड़कानेवाला एक पदार्थ ।

Tonk-टॉङ्क्-*v. t.* to hit hard. कसकर मारना ।

Tonnage-ट-नें-ज् *-n.* the nominal capacity of a ship, import duty on ships. जहाज़ की तौल, जहाज़ से आनेवाले माल का महसूल ।

Tonneau-टॅ'-नो-*n.* part of some motor cars that contains the back seats. मोटर गाड़ी का पिछला भाग जहाँ बैठने की गद्दी रहती है ।

Tonsil-टॉन्सिल्-*n.* one of the two glandular organs in the throat. गले में की दोनों ओर की गिल्टी; **Tonsillitic** (-इट् - इक्) *- adj.* pertaining to tonsils. गले की गिल्टियों का; **Tonsillitis** (-इट्-इस्)*-n.* inflammation of tonsils. गले की गिल्टियों की सूजन ।

Tonsile-टॉन्साइल् *-adj.* that may be clipped. कतरने योग्य ।

Tonsorial-टॉन्सोरिअल्-*adj.* pertaining to a barber. नापित सम्बन्धी, हज्जाम के कार्य सम्बन्धी ।

Tonsure-टॉन्श-(श्यु)-र्-*n.* the rite of shaving the head. चूड़ाकरण संस्कार, मुण्डन; *-v. t.* to shave the head. सिर मूँड़ना; **Tonsure ceremony** (the ceremony of tonsuring.) चौल-संस्कार ।

Tony-टो'-नि-*n.* a simpleton, a fool. सीधा, मूर्ख ।

Too-टू-*adv.* more than enough, over and above, moreover, likewise. पर्याप्त से अधिक, अत्यधिक, अत्यन्त, बहुत, अतिरिक्त, भी, ऐसा ही; *-adj.* intolerable. असह्य ।

Took-टुक्-*p. t.* of **Take.** लिया ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Tool-टूल् -*n.* an implement for mechanical operations, a thing used for a purpose, an instrument. यान्त्रिक कार्यों का उपकरण या हथियार या साधन, किसी निमित्त प्रयोग में आनेवाला औज़ार, पदार्थ;-*v. t. & i.* to work with a tool. औज़ार से काम करना; **Tooler** (-अर्) *n.* a stone-mason's chisel. संगतराश की छेनी; **Tooling** (-इङ्ग्) -*n.* workmanship performed with a tool. औज़ार से की हुई कला।

Toon-टून् -*n.* a kind of Indian cedar tree. एक प्रकार के देवदार का वृक्ष।

Toot-टूट् -*v. i.* to produce a harsh sound. कर्कश शब्द करना; -*n.* the sound of a horn. तुरही इत्यादि का कर्कश शब्द; **Tooter** (-अर्) -*n.* one who plays on a toot. तुरही बजानेवाला।

Tooth-टूथ् -*n.* (*pl.* **Teeth.**) the hard substance growing in jaws of animals used for chewing food, a pointed thing. दशन, दाँत, दाँता;-*v. t.* to furnish with teeth, to indent. दाँत लगाना, दाँतेदार बनाना; **In the teeth** of (inspite of opposition.) विरोध रहते हुए; **To show the teeth** (to threaten.) डराना; **To struggle tooth and nail** (to fight by all means or with the utmost effort.) पूरे प्रयत्न से लड़ना; **To the teeth** (in opposition.) विरोध में।

Toothache-टूथ्' - ऐक् -*n.* pain in the teeth. दाँतों की पीड़ा; **Toothbrush** (- ब्रश्) -*n.* a brush for cleaning teeth. दातुन, दाँत धोने की कूँची; **Toothed** (-ह्) - *adj.* having teeth. दाँतेदार; **Toothful** (-some) (-फुल्) (-सम्)-*adjs.* palatable. स्वादिष्ठ; **Toothless** (-लेस्)-*adj.* having no teeth. बिना दाँत का; **Toothpick** (-er) (-पिक्), (-अर्) -*ns.* an instrument for cleaning teeth. दाँतखोदनी; **Tooth-powder** (-पाउडर्)-*n.* a powder for cleaning teeth. दन्त-मञ्जन; **Toothsome** (-सम्)-*adj.* palatable, tasteful. स्वादिष्ठ।

Toothy-टूथि-*adj.* having teeth. दाँतेदार।

Tootle-टू' - टल् -*v. t.* to play on the flute. बाँसुरी बजाना।

Top-टॉप् -*n.* the highest point, upper side, summit, the highest rank, children's toy for spinning. शिखर, मस्तक, चोटी, उच्च पद, बच्चों के नचाने का लट्टू; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Topped.**) to provide with a cap, to reach the highest point. ढँकना लगाना, शिखर पर पहुँचना; -*adj.* (*sup.* **Topmost.**) highest to position or degree. पद या दर्जे में सब से ऊँचा या ऊपर; **At the top of one's voice** (crying loudly.) गरजकर, चिल्लाकर; **From top to toe** (from top to bottom) ऊपर से नीचे तक, सिर से पैर तक; **On top** (above.) ऊपर।

Topaz-टो'-पैज़्-*n.* a kind of gem. पुष्पराग, पुखराज।

Top-boots-टॉप्-बूट्स् - *n. pl.* boots reaching up to the knee. घुटने तक का जूता; **Top-coat** (-कोट्) - *n.* an overcoat. कपड़े के ऊपर पहिनने का लबादा; **Top-drain** (-ड्रेन्)-*n.* a means of draining of the upper surface of land. भूमि के ऊपरी तल का जल बाहर निकालने का साधन; **Topdressing** (-ड्रेस्-इङ्ग्)-*n.* manure applied to the upper surface of land. भूमि के ऊपरी तल पर दी गई खाद।

Tope-टोप् -*n.* a Buddhist mound or monument, a kind of shark. बौद्ध स्तूप, एक प्रकार की मछली; -*v. i.* to drink to excess. अधिक मदिरा पीना; **Toper** (-अर्) -*n.* one who drinks to excess. अधिक मदिरा पीनेवाला।

Topful-टॉप-फुल्-*adj.* full to the brim. किनारे तक भरा हुआ।

Topgallant-टॉप्-गॉल्-लॅन्ट् -*adj. & n.* highest, splendid, the highest mast. बहुत ऊँचा, अत्युत्तम, सबसे ऊँचा मस्तक।

Tophet-टो-फ़ॅट्-*n.* hell. नरक।

Topiary-टो'-पि-अ-रि-*adj.* pertaining to the art of clipping or cutting shrubs in fanciful shapes. झाड़ियों को सुन्दर आकृतियों में काटने की कला।

Topic-टॉपिक् -*n.* a subject of conversation, theme, subject of popular interest. विषय, प्रकरण, प्रचलित वार्ता; **Topical** (-अल्) -*adj.* pertaining to a discourse, local. प्रकरण सम्बन्धी, स्थानीय; **Topically** (-लि) -*adv.* locally. स्थानीयता के रूप में।

Top-knot-टॉप्'-नॉट्-*n.*the crest on the top of the head. मस्तक पर की शिखा (जूड़ा); **Topless** (-लेस्)-*adj.* having no top. बिना चोटी का।

Toplofty-टॉप्-लाफ़्टि-*adj.* pompous. आडंबरी।

Topman-टॉप्-मॅन्-*n.* one who is appointed on the top. शिखर पर नियुक्त पुरुष।

Topographer-टॅ-पॅग्रॉफ़र् - *n.* a map-maker. नक़्शा बनानेवाला; **Topographic** (-फ़िक्), **Topographical** (-फ़ि-कल्)-*adjs.* descriptive of the physical features of a place. किसी स्थान की प्राकृतिक दशा के वर्णन से सम्बन्धित; **Topographically** (-फ़िकलि)-*adv.* in a topographical manner. किसी स्थान का प्राकृतिक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वर्णन करते हुए ; **Topography** (-फ़ि)-*n.* the detailed description on a map. किसी स्थान का नकशे में विवरण-युक्त वर्णन ।

Topology-टॅ-पॅलॅजि-*n.* topographical study of a place. किसी स्थान की प्राकृतिक दशा का वर्णन ।

Toponymy-टॅ-पॅनिमि-*n.* a study of names of places. स्थानों के नाम का अध्ययन ।

Topping-टॉ-पिङ्ग्-*n.* the cutting off of the top. चोटी काटने की क्रिया ।

Topple-टॉ-पल्-*v. i. & t.* to totter and fall down. लुढ़ककर गिर पड़ना, गिरा देना ।

Topside-टॉप्-साइड्-*n.* the upper part. शिखर का भाग ; **Top-stone.** (-स्टोन्) - *n.* a stone which forms the top. शिखर पर का पत्थर ।

Topsyturvy-टॉप्सिटर्वि -*n. adj. & adv.* upside down, in a state of confusion. विपर्यस्त, उलटा-पुलटा, अव्यवस्थित या गड़बड़ अवस्था में; -*v. t.* to turn upside down. उलट-पलट करना ।

Toque-टोक्-*n.* a kind of head-dress for women. मेमों की एक प्रकार की टोपी ।

Torch-टॉर्च्-*n.* a light carried in the hand. (पलीता) मशाल; **Electric-torch** (a portable electric lamp in the form of a stick.) बिजली की जेबी या हाथ की बत्ती; **Torch-bearer** (-बेअर्-अर्) - *n.* one who carries a torch. मशालची; **Torch-dance** (-डान्स्)-*n.* a kind of dance in which each dancer carries a torch. एक प्रकार का नाच जिसमें प्रत्येक नाचनेवाला हाथ में मशाल लिये रहता है ।

Torchon-टॉर्-शॅन्-*n.* a duster or dish-cloth. झाड़न या तश्तरी का ढकन ।

Tore-टोर्- *p. t.* of **Tear.** फाड़ा ।

Torment-टॉर्-मेंन्ट्-*n.*extreme bodily or mental pain. सन्ताप, पीड़ा, यातना, बड़ा दुःख; -*v. t.* (-मेंन्ट्') to put to severe pain. अत्यन्त दुःख या पीड़ा देना, सताना; **Tormenting** (-इङ्ग्) -*adj.* causing annoyance. सन्ताप देनेवाला; **Tormentingly** (-लि)-*adv.* in a tormenting manner. पीड़ा या कष्ट देता हुआ; **Tormentor** (-अर्)-*n.*one who or that which torments. सन्तापक, अधिक दुःख देनेवाला; **Tormentress** (-रेंस्)-*n. fem.* a female tormentor. सन्ताप देनेवाली स्त्री ।

Tormina-टोर्मिना-*n.*colic pain in the bowels. उदर का शूल, पेट का दर्द ।

Torminous-टोर्मिनस् - *adj.* of colic pain. उदरशूल-सम्बन्धी ।

Torn-टोर्न्-*p. p.* of **Tear.** फटा हुआ ।

Tornado-टॅर्'-नें- डॅ -*n.* (*pl.* **Tornadoes**) a violent storm, a hurricane, tempest. उग्र या तीव्र आँधी, चक्रवात, तेज आँधी ।

Torose, Torous-टॅरोस्,टो'-रस्-*adjs.* swelling in knobs. गाँठों से उभड़ा हुआ ।

Torpedo-टॉर्-पी'डो-*n.* (*pl.* **Torpedoes.**) the cramp fish, a submarine weapon in the form of a cigar designed for blowing up a ship. एक प्रकार की मछली, जहाजों की पेंदी तोड़नेवाला सिगार की शकल का पनडुब्बी जहाजी अस्त्र; -*v. t.* to destroy with torpedoes इसके द्वारा जहाजों को नष्ट करना;**Torpedo-boat** (a ship for discharging torpedoes.) पेंदी तोड़ने या गोला फेंकनेवाला जहाज ।

Torpent-टॉर्-पेंन्ट् - *adj.* having no activity, benumbed. गतिशून्य, मन्द (जड़) ।

Torpescence - टॉर्' - पे सेंन्स्-*n.* torpidness, insensibility. जड़ता, मन्दता, चेतना-हीनता ।

Torpid-टॉर्पिड्-*adj.* sluggish, dull, inactive. चेतनाशून्य, मन्द, जड़; -*n.* an eight-oared boat. आठ डाँड़े की नाव; **Torpidity** (-इटि)-*n.* inactivity, stupidity. मन्दता (जड़ता), मूर्खता, चेतनता का अभाव; **Torpidly** (-लि)-*adv.* in a torpid manner. मन्दता से;**Torpidness**(-नेस्) -*n.* the state of being torpid, sluggishness. मन्दता; **Torpify** (-फ़ाइ)-*v. t.* (*p. t.* **Torpified.**) to make torpid. मन्द करना ।

Torpor-टॉर्पर्-*n.* dullness, laziness, inactivity. मन्दता, जड़ता, सुस्ती; **Torporific** (-इफ़्'-इक्) -*adj.* producing torpor. मन्दता लानेवाली ।

Torquated-टॉर्क्वे - टेड् - *adj.* having a ring round the neck. गर्दन पर वलि (चक्र) वाला ।

Torque-टॉर्क्-*n.* a necklace of twisted gold wires. सोने के ऐंठे तारों का बना हुआ कण्ठा ।

Torrefaction - टॅरिफ़ॅक्शन् - *n.* a process of drying. सुखाने की एक क्रिया ।

Torrefy-टॅरिफ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Torrefied.**) to dry by fire, to parch. आग से सुखाना, भूनना ।

Torrent-टॅ-रेंन्ट्-*n.* a violent rushing stream, a violent flow of anything. जल-प्रवाह, स्रोत, वेग, धारा; **Torrential** (-शल्)-*adj.* caused by torrents. जल-प्रवाह सम्बन्धी ;**Torrentially** (-लि)-*adv.* in a torrent. धारा-प्रवाह में; **Torrents** (-स्)-*n.* a heavy pouring of rain. मूसलधार वृष्टि, धारासार वृष्टि ।

Torrid-टॉ-रिड्-*adj.* parched by the heat of the sun, very hot. सूर्य की किरणों से सूखा हुआ, अति उष्ण; **Torridness** (-नेस्) -*n.* the state of being very hot. अति उष्ण होने की स्थिति;

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Torrid zone (-ज़ोन्) *-n.* the zone of the earth between the tropics. भूमध्य रेखा के पास का अत्युष्ण प्रदेश का पट्टा, उष्ण कटिबन्ध।

Torsel-टॉर्-सॅल्-*n.* anything twisted, a scroll. घूमी या ऐंठी हुई कोई वस्तु।

Torsion-टॉर्शन्-*n.* act of twisting. ऐंठन या वटन ; **Torsion balance** (an instrument for estimating very minute force.) अति अल्प शक्ति जानने का यन्त्र; **Torsional** (-अल्) *-adj.* pertaining to torsion. ऐंठन-सम्बन्धी ; **Torsionless** (-लेस्) *-adj.* without a twist. बिना ऐंठन का।

Torsive-टॉर्सिव् - *adj.* twisted in a spiral manner. घुमावा, ऐंठन का।

Torso-टार्'-सो-*n.* the trunk of a statue. मूर्ति का धड़।

Tort-टॉर्ट्-*n.* a wrong done to a person or private property. किसी व्यक्ति के शरीर या संपत्ति को हानि पहुँचाना।

Torticollis-टॉर्टिकॅलिस् - *n.* wry or stiffneck. गरदन पर की गँठिया।

Tortile-टॉर्टाइल्-*adj.* twisted, coiled. ऐंठा हुआ, मोड़ा हुआ।

Tortious-टॉर्शस्-*adj.* injurious. हानिकर, कष्ट देनेवाला।

Tortoise-टॉर्टिज़्, टॉर्टस्-*n.* a kind of turtle. कूर्म, कच्छप, कछुआ; **Tortoise-shell** (-शॅल्) *-n.* the horny plate of a turtle. कछुवे की पीठ की हड्डी।

Tortive-टॉर्टिव्-*adj.* twisted. ऐंठा हुआ, मोड़ा हुआ।

Tortulous-टॉर्च्युलस्-*adj.* bulged at intervals. स्थान-स्थान पर फूला हुआ।

Tortuous-टॉर्च्युअस्-*adj.* winding, twisted. कुटिल, टेढ़ा, ऐंठा हुआ; **Tortuousity** (-इटि)-*n.* wreathing. ऐंठन; **Tortuously** (-लि)-*adv.* in a twisted manner. टेढ़ेपन से; **Tortuousness** (-नेस्)-*n.*the state of being tortuous. कुटिलता, ऐंठन।

Torture-टॉर्चर्-*n.* extreme bodily pain, torment, mental or bodily anguish. दारुण वेदना, यातना, यन्त्रणा, बड़ा दुःख, कड़ा दर्द;-*v.t.* to put to torture, to vex, to inflict severe pain. अत्यन्त पीड़ा देना, यातना देना, सताना; **Torturer** (-अर्)-*n.* one who torments. यातना देनेवाला; **Torturingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a torturous manner. अत्यन्त पीड़ा देते हुए; **Torturous** (-अस्) *-adj.* causing torture. यातना-कारक, सतानेवाला।

Torus-टोरस्-*n.* the base of a floral receptacle. खंभे के नीचे की कँगनी, फूल का गर्भ।

Tory-टोरि-*n.* one of the conservative party. राजहितैषी दल का सदस्य, राजभक्त ; **Toryism** (-इज़्म्)-*n.* the principles of Tories. राजभक्तों का सिद्धान्त।

Toss-टॉस्-*v. t. & i.* (*p. p.* **Tossed.**) to throw with the hand, to throw up, to agitate, to cause to rise and fall, to settle a dispute. फेंकना, उछालना, हिलना, डावाँडोल करना, झगड़ा तय करना;-*n.* throwing upward. ऊपर की ओर उछाल; **To toss off** (to do a work rapidly.) जल्दी से कोई कार्य करना।

Tot-टॉट्-*n.* anything very small, a small child. छोटा पदार्थ, छोटा बच्चा।

Total-टो'-टल् *-adj.* complete, entire, comprising the whole. संपूर्ण, सकल, पूरा, सब;-*n.* the total number or amount. संपूर्ण परिमाण; -*v. t.* (*p. t.* **Totalled.**) to find the total of. जोड़ निकालना; **Totality** (-इटि) *-n.* the whole amount. समष्टि, पूर्णता ; **Totalize** (-आइज़्)-*v. t.* to add up. जोड़ करना; **Totally** (-लि)-*adv.* completely. पूर्ण रूप से, पूरी तरह से; **Totalness** (-नेस्)-*n.* entireness. परिपूर्णता

Tote-टोट् -*v. t.* to carry. ले जाना ; - *n.* the handle of a carpenter's plane. बढ़ई के रन्दे की मुठिया।

Totem-टोटम्-*n.* a figure used as a symbol of relationship. सम्बन्ध-सूचक चिह्न।

Totter-टॉटर्-*v.i.* to shake, to reel, to stagger. हिलना, विचलित होना, डगमगाना; **Totteringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a tottering manner. डगमगाते हुए; **Tottery** (-इ) - *adj.* unsteady. अस्थिर, चंचल, डगमगाता हुआ।

Toucan-टूकॉन्-*n.* a kind of American bird. अमेरिका देश की एक प्रकार की चिड़िया।

Touch-टच्-*v. t. & i.* to come into contact with, to apply a slight force, to reach, to impress, to mark lightly, to treat lightly, to move, to strike, to interfere. स्पर्श करना, छूना, हलकी शक्ति लगाना, पहुँचना, अंकित करना, तुच्छ मानना, हृदय पर प्रभाव डालना, मारना, विघ्न डालना;-*n.* the act of touching, contact, sense of feeling, light pencil or brush mark, a stroke, a test, an emotion. स्पर्श, संसर्ग, स्पर्श-ज्ञान, हृदय की भावना, पेंसिल या ब्रश से लगाया गया हलका चिह्न, थपकी, जाँच, परीक्षा, भावना; **To touch on** (to treat in a brief manner.) किसी विषय की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किंचित् व्याख्या करना; **To touch to the heart** (to affect deeply.) हृदय पर गहरा प्रभाव डालना; **To touch up** (to correct.) शुद्ध करना

Touchable-टचेबल्-*adj.* tangible. स्पर्श करने योग्य; **Touchableness** (-नेस्)-*n.* the state of being touchable. स्पर्शयोग्यता, मर्मभेदी होना।

Touch-and-go-टच्-ऑन्ड्-गो-*n. & adj.* act of touching for an instant & leaving at once, something done instantly, a risky state of things, a narrow escape, casual, risky, instantaneous. क्षण भर के लिए छूकर छोड़ देने की क्रिया, तुरन्त तीव्र गति से किया गया काम, खतरनाक दशा, बाल-बाल बचाव, आकस्मिक, खतरनाक, शीघ्र किया जानेवाला; **Toucher**(-अर्) -*n.* one who touches. छूनेवाला व्यक्ति; **Touchhole** (-होल्)-*n.* the hole of a cannon by which powder is ignited. तोप का पलीता लगाने का छिद्र; **Touchiness** (-इ-नेस्)-*n.* peevishness. चिड़चिड़ापन; **Touching** (-इङ्ग्) -*adj. & prep.* pathetic, affecting, concerning. हृदयस्पर्शी (करुणात्मक), विषय में, उद्देश्य से; **Touchingly** (-इङ्ग्-लि)-*adj.* in a touching manner. हृदय-वेधक रूप से; **Touch-paper** (-पेपर्) - *n.* a paper steeped in saltpetre. शोरा में भिगोया हुआ कागज (जो बहुत धीरे-धीरे जलता है); **Touchstone** (-स्टोन्)-*n.* a stone by means of which the quality of gold is tested. कसौटी; **Touchwood** (वुड्)-*n.* decayed wood which catches fire from a spark. सड़ी लकड़ी जो चिनगारी से आग पकड़ लेती है; **Touchy** (-इ)-*adj.* peevish, oversensitive. चिड़चिड़ा, शीघ्र क्रुद्ध होनेवाला।

Tough-टफ्-*adj.* hard to break, flexible, strong, firm, stiff, unyielding, hardy. तोड़ने में कड़ा, चिमड़ा, पुष्ट, दृढ़, कठिन, अभेद्य, सहनशील; **Toughen** (-एन्) -*v. t. & i.* to make or become firm. कड़ा करना, चिमड़ा होना; **Toughish** (-इश्) - *adj.* somewhat tough. कुछ चिमड़ा; **Toughly** (-लि)-*adv.* in a tough manner. चिमड़ी तरह से; **Toughness** (-नेस्) -*n.* the quality of being tough, stiffness. चिमड़ापन।

Toupee-टू'-पी-*n.* a false lock of hair. बाबरी, बनावटी बालों का गुच्छा।

Toupet-टू-पे-*n.* the front part of false hair, the fore-lock of a horse. बाबरी का अगला भाग, घोड़े के सर के बाल का सामने का गुच्छा।

Tour-टू(-अ-)र्-*n.* a journey from place to place, a rambling excursion. पर्यटन (परिभ्रमण), विहार (दौरा);-*v. t.* to make a tour. भ्रमण करना, दौरा करना।

Tourbillion-टुर्बिल्यन्-*n.* a kind of firework. एक प्रकार की आतिशबाजी।

Tourelle-टू'-रेल्-*n.* a slender tower. पतली मीनार।

Tourist-टूरिस्ट्-*n.* one who makes a tour, an excursionist. स्थानों के देखने के लिए यात्रा करनेवाला।

Tournament-टुर्-नी-मेन्ट्-*n.*a contest of skill, a military sport. क्रीड़ायुद्ध, जंगी खेल, दंगल।

Tourney-टूर्नि-*n.* (*pl.* **Tourneys.**) a tournament. प्रतियोगिता, दंगल।

Tourniquet-टुर्निकेट्-*n.* a surgical instrument for stopping flow of blood. रुधिर बन्द करने का एक जर्राही यन्त्र।

Touse-टाउज़्-*v. t.* to pull, to haul. खींचना, तानना।

Tousle-टाउ'ज़्ल्-*v. t.* to pull about, to put into disorder. खींचना, क्रम बिगाड़कर रखना।

Tousy-टाउ'-ज़ि-*adj.* rough, tousled. रूक्ष, रूखा, गड़बड़ किया हुआ।

Tout-टाउट्-*v.* to solicit customers, to inspect movement of horses while training. ग्राहक खोजना (दलाली करना), घोड़ों की देखभाल करना ;-*n.* one who goes about in search of customers. दलाल; **Touter** (-अर्) -*n.* one who touts. दलाली करनेवाला।

Tow-टो-*v. t.* to pull a boat by a rope along the coast, to drag over the surface of water. पानी के तल पर नाव इत्यादि को रस्सा बाँधकर खींचना;-*n.* a towing, the coarse part of hemp or flax. इस प्रकार से नाव खींचना, पटुआ या सन का मोटा भाग; **Towage** (-एज्) -*n.* the price paid for towing. नाव खींचने का किराया।

Toward-टु-वर्ड्-*adj.*docile, apt, approaching, near, favourable. योग्य, पटुआ, निकटवर्ती, निकट, अनुकूल।

Towards-टुवर्ड्ज़्-*prep.* in the direction of, as regards, in relation to. ओर, दिशा में, विषय में, सम्बन्ध में; -*adv.* near at hand, nearly. पास में, समीप, प्रायः।

Towel-टॉवेल्-*n.* a cloth used for wiping the body. मार्जन वस्त्र, अँगौछा, तौलिया;-*v. t.* to wipe with a towel. तौलिया से पोंछना; **Towel-horse** (-हॉर्स्)-*n.* a frame for hanging to-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

wels. तौलिया लटकाने की अरगनी; **Towelling** (-लिङ्ग्) - *n.* cloth for towels. तौलिया बनाने का कपड़ा।

Tower-टावर्-*n.* a lofty tall structure, a place of defence, citadel, elevation. अटारी (बुर्जी, मीनार), दुर्ग, ऊँचाई;-*v. i.* to soar, to reach high. ऊँचाई पर पहुँचना; **Towered** (-र्ड्) -*adj.* adorned by towers. मीनारों से आभूषित; **Towering** (-इङ्ग्) -*adj.* very high. बहुत ऊँचा, उन्नत।

Towline-टो'-लाइन् -*n.* a rope for dragging boat in water. नाव खींचने का रस्सा, गोन।

Town-टाउन्-*n.* a collection of houses larger than a village. पुरी,नगर, कस्बा;**Town-clerk** (-क्लर्क्)-*n.* one who keeps the records of a town. नगर का लेखा रखनेवाला; **Town-council** (-काउन्-सिल्) -*n.* the governing body of a town. नगर की प्रबन्धकारिणी सभा; **Town-crier**(-क्राइअर्)-*n.*the public crier of a town. नगर का ढिंढोरा पीटनेवाला; **Townhall** (-हॉल्)-*n.* the public building of a town. नगर का सर्वसामान्य भवन ; **Town-house** (-हाउस्)-*n.* a house in a town. नगर का घर; **Townless** (-लेस्)-*adj.* having no town. बिना नगर का; **Townsfolk** (-स्-फ़ोक्)-*n.* the inhabitants of a town. नगरवासी लोग; **Township** (-शिप्) -*n.* a district with the privileges of a town. नागरिक अधिकार का ज़िला; **Town-talk** (-टॉक्)-*n.* the talk prevalent in a town. नगरवार्ता; **Townwards** (-वर्ड्स्)-*adv.* towards the town.नगर की ओर।

Toxic-टॉक्सिक् -*adj.* pertaining to poison, poisonous. विष-सम्बन्धी, विषला; **Toxical** (-अल्) -*adj.* like poison. विष के सदृश; **Toxicologically** (-ॲ-लॅज्-इक्-अलि) -*adv.* (in a toxicological manner.) विष-विद्या के रूप में ; **Toxicologist** (-ॲ-लॅज्-इस्ट्)-*n.* one who is versed in toxicology. विष-विद्या में निपुण; **Toxicology** (-लॅ-जि)-*n.* the science of poisons. विषों की विद्या।

Toxin-टॉक्सिन् -*n.* an organic poisonous substance. एक प्रकार का विष।

Toxophilite-टॅ-क्सॅफ़िलाइट् -*n.* a lover of archery. धनुर्विद्या का प्रेमी।

Toy-टॉय्-*n.* (*pl.* **Toys.**) a plaything, a thing for amusement, a trifle, a silly tale. खिलौना, क्रीड़ा-वस्तु, तुच्छ पदार्थ, मूर्खता की कहानी;-*v. i.* to amuse oneself, to trifle. क्रीड़ा करना (खेलना), तुच्छ समझना; **Toyer** (-अर्) -*n.* one who toys. खिलाड़ी, खेल करनेवाला; **Toyful** (-फ़ुल्)-*adv.* full of trifles. खिलाड़ी; **Toyishly** (-इश्-लि)-*adv.* playfully. खिलवाड़ में; **Toyishness** (-इश्-नेस्)-*n.* trifling. खिलवाड़; **Toyman** (-मॅन्) -*n.* one who deals in toys. खिलौने बेचनेवाला; **Toyshop** (-शॉप्)-*n.* a shop where toys are sold. खिलौने की दूकान।

T-plate-टी-प्लेट्-*n.* a plate in the form of T. 'टी' अक्षर के आकार की पट्टी या पटरी।

Trabecula-ट्रबेक्युलॅ-*n.* a little beam. छोटी धरन;**Trabecular** (-लर्)-*adj.* of the form of a beam. धरन के आकार का।

Trace-ट्रेस्-*n.* a strap or chain by which a horse pulls a vestige, mark left, a small quantity, footprint, track, remains. जोत, बचा हुआ अंश, चिन्ह, छोटी मात्रा, पैर का चिह्न, पता, निशान, अवशेष भाग;-*v. t.* to mark out, to copy through transparent paper, to sketch, to follow by the footsteps. खोजना, आभा की सहायता से रेखा खींचना, अक्स खींचना, पदचिन्ह से अनुसरण करना (पता लगाना); **To trace over** (to copy.) चित्र की नकल उतारना।

Traceable-ट्रेसॅबल् -*adj.* that may be traced. अनुसरण (पता लगाने) योग्य; **Traceably** (-इ) -*adv.* in a traceable manner. पता लगाते हुए।

Tracer-ट्रेसर्-*n.* one who traces, an instrument for tracing, a trace-horse, a boy attending a trace-horse. अन्वेषण करनेवाला, अक्स उतारने का यंत्र, जोत का घोड़ा, जोत के घोड़े को हाँकनेवाला लड़का;**Tracer bullet** (-बुल्-ऍट्)-*n.* a bullet that leaves a line of smoke. बन्दूक की गोली जिसके छूटने पर धुवें की एक लकीर पड़ जाती है; **Tracery**(-इ)-*n.* decorative pattern in stonework. पत्थर पर बेल-बूटे की नक़ाशी।

Trachea-ट्रे'-किआ-*n.* (*pl.* **Tracheae.**) the windpipe. वायु-मार्ग,कण्ठ, श्वासपथ;**Tracheal** (-अल्)-*adj.* relating to the trachea. वायु-मार्ग-सम्बन्धी।

Tracheitis-ट्रे कि-आइ-टिस्-*n.* inflammation of the windpipe. श्वास नली का शोथ।

Trachoma-ट्रॉ-को-मॉ-*n.* a disease of the eye, with hard pustules on the inner surface of the eyelids. आँख का एक रोग जिसमें पलकों के भीतरी हिस्से में दाने पड़ जाते हैं, रोहुआ।

Tracing-paper-ट्रेसिङ्ग् - पेपर् - *n.* a paper made transparent with oil of turpentine and used for tracing. अक्स खींचने का कागज़।

Track-ट्रॅक्-*n.* a footstep, an impression left

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

by the foot, a beaten path, a road. पदचिह्न, मार्ग, पगडण्डी ; -*v. t. & i.* to follow the footsteps. पदचिह्न का अनुसरण करना ; **The beaten track** (the beaten path.) सामान्य जीवन; **To make tracks** (to hurry along.) भागना ; **Trackless** (-लेस्)-*adj.* without track. बिना चिह्न का; **Tracklessly** (-लेस्-लि) -*adv.* without leaving a track. बिना पैर का चिह्न छोड़े हुए।

Tract-ट्रैक्ट्-*n.* extent, region, a short treatise on a religious subject. प्रदेश, विस्तार (भूमि-भाग), ग्रन्थ, गुटका।

Tractable-ट्रैक्टबल् -*adj.* that may be easily managed, docile, pliant. सहज में प्रबन्ध करने योग्य, विनीत, वश्य (सरल, सीधा); **Tractableness** (- नेस्) - *n.* the quality of being tractable. वश्यता, सरलता ; **Tractably** (-लि) - *adv.* in a tractable manner. सरलता से।

Tractile-ट्रैक्टाइल् - *adj.* capable of being drawn into wires. तार खींचने योग्य।

Tractility-ट्रैक्टिलिटि -*n.* ductility. लचीलापन।

Tractate-ट्रैक्ट्'-टेट्-*n.* a treatise. ग्रन्थ।

Traction-ट्रैक्शन् -*n.* the drawing of something along a surface, contraction. खिंचाव, तनाव, सिकुड़न ; **Traction-engine** (a steam-engine to run on ordinary roads.) सड़क पर चलनेवाला भाप का इञ्जन; **Traction-wheel** (the driving wheel of an engine.) इञ्जन को चलानेवाला पहिया।

Tractive-ट्रैक्टिव् - *adj.* having power to drag a thing. किसी वस्तु को खींचने की शक्ति रखनेवाला।

Tractor-ट्रैक्टर् - *n.* an engine for drawing heavy loads, a motor-plough. भार खींचने का इञ्जन, इञ्जन से चलनेवाला हल।

Tractrix-ट्रैक्ट्'-ट्रिक्स् - *n.* (*pl.* **Tractrices.**) a curve whose tangent is always equal to a given line. तुल्यस्पर्श वक्र।

Trade-ट्रेड्-*n.* the business of buying and selling, commerce, occupation, custom, person engaged in a trade. वाणिज्य-कर्म, व्यापार, व्यवसाय, (लेन-देन) व्यवहार, व्यापार करनेवाला मनुष्य;-*v. i. & t.* to buy or sell, to carry on commerce, to traffic. व्यापार करना, लेन-देन का काम करना, बदलना; **Home trade** (the trade carried on within a country.) देश का धन्धा ; **Jack of all trades** (one engaged in several occupations.) बहुधन्धी। **Trade-mark** (-मार्क्) -*n.* a distinguishing device or word used by a manufacturer. व्यापार का विशिष्ट चिह्न; **Trade-name** (-नेम्) -*n.* a name used for purposes of trade. व्यावसायिक नाम या सङ्केत ; **Trade-price** (-प्राइस्)-*n.* the price of an article charged by a retail merchant. जिस दाम पर फुटकर व्यापारी कोई वस्तु बेचता है ; **Trader** (-अर्) -*n.* one engaged in commerce. व्यापारी, सौदागर; **Trade sale** (-सेल्)-*n.* an auction for a special trade. किसी व्यापार के निमित्त नीलाम ; **Tradesfolk** (-फ़ोक्) - *n.* people engaged in trade. व्यवसाय में लगे हुए लोग ; **Tradesman** (-स्'-मॅन्)-*n.* a shop-keeper. व्यापारी, दूकानदार ; **Tradeswoman** (-स्'-वूमन्) -*n.* a woman shopkeeper. दूकानदारिन ; **Trade-union** (- यूनियन्) - *n.* a union of workmen in a trade. व्यावसायिक मजदूरों या कर्मचारियों का संगठन, श्रमिक संघ।

Trade-wind-ट्रेड्'-विन्ड्-*n.* the wind blowing continually from the tropics towards the equator. अयन वृत्तों से भूमध्य रेखा की ओर निरन्तर बहनेवाली वायु, व्यापारिक पवन।

Trading-ट्रेडिङ्ग्-*n.* carrying on business. व्यापार, व्यवसाय।

Tradition-ट्रेडिशन्-*n.*an oral account handed down from ancestors to posterity. परम्परागत कथा, इतिहास, पुराण ; **Traditional** (-अल्) - *adj.* communicated from father to son. परम्पराप्राप्त, साम्प्रदायिक;**Traditionally**(-अलि) -*adv.* in a traditional manner. परम्परा के ढंग से; **Traditionist**(-इस्ट्)-*n.* one who adheres to tradition. परम्परा का अनुयायी।

Traditor-ट्रैडिटर् -*n.* a deliverer, a traitor. छुटकारा पानेवाला, विश्वासघाती।

Traduce-ट्रॅ-ड्यूस्' - *v. t.* to calumniate, to misrepresent, to defame. निन्दा करना, कलङ्क लगाना (दूषित करना), अपयश देना ; **Traducer** (-अर्) - *n.* one who defames. कलङ्कित करनेवाला ; **Traducible** (-इ-बल्)-*adj.* able to be traduced. दूषित करने योग्य ; **Traducingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a slanderous manner. कलङ्कित करते हुए ढंग से।

Traduction-ट्रॅडक्शन्-*n.* act of transferring. एकस्थान से दूसरे स्थान में ले जाने की क्रिया ; **Traductive** (-टिव्)-*adj.* able to be traduced. परिवर्तन करने योग्य।

Traffic-ट्रैफ़्'-फ़िक्-*n.* commerce, trade, transportation of goods from one place to another. व्यापार, व्यवसाय, एक स्थान से दूसरे स्थान को माल भेजना या लाना;- *v. i. & t.* to

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

trade, to commerce, to exchange. व्यापार करना, अदल-बदल करना ; **Trafficker** (-अर्) -*n.* a trader. व्यापारी, व्यवसाय करनेवाला; **Trafficless** (-लेस्)-*adj.* devoid of trade. व्यवसाय-रहित।

Tragacanth-ट्रैग्-अ-कैन्थ् - *n.* a kind of gum used as medicine. एक प्रकार का गोंद जो औषधि की तरह प्रयुक्त होता है।

Tragedian-ट्रैजीडिअन्-*n.* a writer or actor of tragedy. शोकान्त (दुःखान्त) नाटक लिखने या खेलनेवाला।

Tragedy-ट्रैजिडि - *n.* (*pl.* **Tragedies.**) a drama in prose or verse with a melancholy end, sad event, serious accident. शोकान्त या दुःखान्त नाटक, दुर्घटना।

Tragic, Tragical-ट्रैजिक्, (-अल्)-*adjs.* relating to tragedy, fatal, mournful, in the style of a tragedy. दुःखान्त नाटक-सम्बन्धी, प्राणान्तक, शोकजनक, करुणरसपूर्ण ; **Tragically** (-लि) -*adv.* in a tragic manner. शोकजनक रूप से।

Tragi-comedy-ट्रैजि-कॅ-मि-डि-*n.* a drama in which tragic and comic elements are mixed. हर्ष तथा दुःखपूर्ण नाटक; **Tragicomic** (-कॉम्-इक्)-*adj.* having a mixture of grave and comic scenes. गम्भीर तथा हास्यरसपूर्ण दृश्यों से पूर्ण।

Traguline-ट्रैग्-युलिन्-*adj.* goatlike. बकरे की तरह का।

Tragus-ट्रे-गस्-*n.* (*pl.* **Tragil.**) the projected part of the entrance of external ear. कान की लर।

Trail-ट्रेल् - *n.* anything drawn to length, long appendage, track left by anything moving, scent, beaten path. खिंचाव, पुछल्ला, पैर का चिह्न, गन्ध, शिकार की गन्ध, सामान्य पथ; *v. t. & i.* to draw along, to drag along the ground, to hunt by the track, to carry in a horizontal position. घसीटना, पृथ्वी पर खींचना, गन्ध के सहारे शिकार करना, बेंड़े बल ले जाना ; **Trailer** (-अर्)-*n.* vehicle drawn by another. एक गाड़ी (मोटरकार इत्यादि) से खींची जानेवाली दूसरी गाड़ी।

Train-ट्रेन्-*v. t. & i.* to bring to a certain standard by teaching and practice, to discipline, to cause to grow in a required form, to allure or entice, to draw along, to practise, to go by train. शिक्षा देना, पढ़ाना, सिखलाना, साधना, ललचाना, खींचना, अभ्यास करना, रेलयात्रा करना;-*n.* something drawn along from behind, enticement, ong tail of bird, retinue, body of followers, succession of things, trailing end of dress, series of railway carriages drawn by an engine, series of wheels. ताँता, लालच, पक्षी की लम्बी पूँछ, सेवकगण, (परिपाटी) परम्परा, श्रेणी, वस्त्र का अन्त, रेलगाड़ी, पहियों का क्रम ; **Trainable** (-ऍ-बल्) -*adj.* that may be trained. सिखलाने योग्य।

Train-band-ट्रेन्'-बॅन्ड् -*n.* band or company of militia. नियमबद्ध सेना ; **Train-bearer** (-बे-अरर्)-*n.* a person who is employed to hold up train of robes. वस्त्र का छोर पकड़नेवाला मनुष्य।

Trained-ट्रेन्ड्-*adj.* instructed. प्रशिक्षित, सिखलाया हुआ।

Training-ट्रे निङ्ग् - *n.* the act of educating. प्रशिक्षण; **Military training.** सैनिक प्रशिक्षण; **Training school** (a school where teachers are taught the principles and practice of teaching.) अध्यापकों को पढ़ाने के सिद्धान्त इत्यादि बतलाने की पाठशाला, प्रशिक्षण विद्यालय।

Traipse-ट्रेप्स् -*v. i.* to walk about. टहलना, घूमना।

Trait-ट्रेट्-*n.* a stroke, touch, distinguishing feature. चिह्न, रेखा, स्पर्श, लक्षण।

Traitor-ट्रे-टर्-*n.* one who is guilty of treason, a disloyal person. विश्वासघाती, शत्रुसेवी; **Traitor to the king** (*i.e.* disloyal.) राजद्रोही; **Traitor to one's motherland** (treasonous to one's country.) स्वदेश-घातक ; **Traitorism** (-इज्म्)-*n.* treason, deceit. देश-द्रोह, छल, विश्वासघात।

Traitorous-ट्रे टरस्- *adj.* perfidious, guilty of treason. कपटी, विश्वासघाती ; **Traitorously** (-लि) -*adv.* in a traitorous manner. कपट से, विश्वासघात से ; **Traitorousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being traitorous. कपटता।

Traitoress-ट्रे टरेस् -*n. fem.* female traitor. विश्वासघातिनी।

Traject-ट्रैज्'-ऍक्ट्-*n.* a ferry.घाट:-*v.t.* (-ऍक्ट्') to throw or cast through. फेंकना, ढकेलना, आर-पार करना ; **Trajection** (- शन्) -*n.* a crossing. पार करने की क्रिया।

Trajectory-ट्रैजेक्टरि -*n.* the path described by a projectile. धूमकेतु का चक्राकार मार्ग।

Tralation-ट्रैलेशन् -*n.* a change in the use of a word. किसी शब्द के प्रयोग का भेद।

Tram-ट्रैम् - (**Tram car**)-*n.* a passenger-car running on rails, a car used on a tram-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

way, a four wheeled car used in mines. सवारी ट्राम गाड़ी, कोयला ढोने की गाड़ी ; **Tramway** (-वे)-*n.* a track for trams. ट्राम गाड़ी का पथ ।

Trammel-ट्रॅमे-ल्-*n.* a drag-net, a long net for catching birds, shackle hook for hanging vessels on fire, a beam-compass. मछली फँसाने का जाल, चिड़ियों के पकड़ने का बड़ा जाल, आड़, रोक, एक प्रकार का परकाल, छोड़ा हुआ जाल ; -*v. i.* (*p. t.* **Trammelled.**) to catch, to confine, to hamper, to impede. पकड़ना, फँसाना, रोकना; **Trammel-net** (-नेट्)-*n.* an anchored net. लंगर बाँधकर छोड़ा हुआ जाल ।

Tramontana-ट्रॅ-मॅ-न्टॅनॉ-*n.* the north wind. उत्तरी वायु जो भूमध्य सागर में बहती है ।

Tramontane-ट्रॅ-मॅन्'-टेन्-*adj.* foreign, barbarous. परदेशी, जङ्गली ।

Tramp-ट्रॅम्प्-*v. i. & t.* to walk on foot, to tread with heavy steps, to roll. पैदल चलना, पैर पटककर चलना, टहलना; -*n.* the sound of steps, a journey on foot, a vagrant. (चरणविक्षेप) पैर का शब्द, पैदल यात्रा, आवारा, भिखमङ्गा; **Tramper** (-अर्)-*n.* a stroller. भटकता फिरनेवाला ; **Tram-pick** (a kind of lever.) एक प्रकार का रम्भा ।

Trample-ट्रॅम्प्ल्-*v. i. & t.* to tread in contempt, to tread under foot with rapidity and force. तिरस्कार से पैर पटकना, कुचलना ; -*n.* the act of treading. पर की पटकान ; **To trample on** (to treat with contempt.) तिरस्कारपूर्वक व्यवहार करना; **Trampler** (-प्लर्) -*n.* one who tramples. कुचलनेवाला ; **Trampling** (-इङ्ग्)-*n.* the act of treading. पर पटकने का कार्य ।

Trance-ट्रॅन्स्-*n.* a state of insensibility, morbid sleep, extreme exaltation, catalepsy. समाधि, अचेत अवस्था, विकृत निद्रा, हर्षातिरेक, बेहद खुशी, मूर्छा; -*v. t.* to place in a state of trance. अचेत करना, मूर्छित करना; **Tranced** (-इ) -*adj.* lying in trance. समाधिस्थ ।

Tranquil-ट्रॅन्'-क्विल्-*adj.* undisturbed, calm, serene, not agitated, peaceful. क्षोभरहित, शान्त, निश्चल, शान्तियुक्त, स्वस्थ; **Tranquility** (-लिटि) -*n.* freedom from disturbance, calmness. शान्ति, धैर्य, स्थिरता, अक्षोभ; **Tranquillization** (-लि-जे'-शन्) -*n.* the act of tranquillizing. शान्ति, स्वस्थता, निश्चलता;

Tranquillize (-लाइज़्)-*v. t.* to compose, to quiet. आश्वासन देना, धीरज देना, **Tranquillizer** (-लाइज़्-अर्) -*n.* one who tranquillizes. शान्त करनेवाला; **Tranquillizingly** (-लाइज़्-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a way so as to quiet. शान्त करते हुए; **Tranquilly** (-लि) -*adv.* in a calm manner. शान्तिपूर्वक; **Tranquilness** (- नेस्) -*n.* the state of being tranquil. शान्तिपूर्ण अवस्था ।

Trans-ट्रॅन्स्(-न्ज़्)-*pref.* signifying "across, beyond." "पार, दूसरी ओर या परे" अर्थ का उपसर्ग ।

Transact-ट्रॅन्-ज़ॅक्ट्-*v. t. & i.* to perform, to do, to carry out, to conduct matters. साधन करना, कार्य करना, निवाहना, प्रबन्ध करना; **Transaction** (-शन्)-*n.* performance of a business, commercial business, an affair. कार्य, व्यापार, आचरण (चेष्टा), प्रबन्ध; **Transactor** (-अर्) -*n.* one who performs a business. किसी व्यापार का करनेवाला ।

Transcalent-ट्रॅन्स्-कॅ'-लेन्ट् - *adj.* allowing heat to pass. उष्णता-प्रवाहक ।

Transcend-ट्रान्सन्ड्'-*v. t. & i.* to be beyond the range of, to surpass, to excel. अतिक्रमण करना (ऊँचा होना), बढ़ना, श्रेष्ठ होना; **Transcendence** (-ऍन्स्)-*n.* superior excellence. श्रेष्ठता, महत्त्व; **Transcendency** (-ऍन्सि) -*n.* transcendence. महत्त्व; **Transcendent** (-ऍन्ट्) -*adj.* excellent. अति श्रेष्ठ; **Transcendental** (-ऍन्ट्-अल्)-*adj.* pertaining to *a priori* knowledge, vague, obscure, surpassing others. सर्वातिरिक्त, अस्पष्ट, गुप्त, अत्युत्तम, श्रेष्ठ; **Transcendentalism**(-ऍन्ट्-अल्-इज़्म्)-*n.* transcendental philosophy. सर्वातिशायी सिद्धान्त; **Transcendentally**(-ऍन्ट-लि)-*adv.* in a transcendental manner. सर्वातिशायी सिद्धान्त के अनुसार ।

Transcolate-ट्रान्स् - कॅ - लेट्-*v. t.* to cause to pass through a sieve. चलनी से छानना ।

Transcontinental-ट्रान्ज़्कॉन्टिनेन्टल्-*adj.* crossing a continent. महाद्वीप के आर पार का ।

Transcribe-ट्रॅन्स्क्राइब्-*v. t.* to write over again, to copy out in writing. प्रतिलिपि लिखना, उतारना ; **Transcriber** (-अर्) -*n.* a copyist. प्रतिलिपि करनेवाला ; **Transcript** (-क्रिप्ट्)-*n.* a written copy. प्रतिलिपि, प्रतिलेख; **Transcription** (-क्रिप्शन्)-*n.* the act of copying, a copy. प्रतिलिपि करने का कार्य, नकल, प्रतिलेखन; **Transcriptional** (-क्रिप्शनल्)- *adj.* pertaining to transcription. प्रतिलिपि-सम्बन्धी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Transcurrent - ट्रॅन्सकरन्ट् - *adj.* running crosswise. बेंड़ी ओर बहता (या चलता) हुआ।

Transept - ट्रॅन्सॅप्ट् - *n.* the transverse part of a church in the form of a cross. गिरजाघर का बेंड़े बल का भाग।

Transfer-ट्रॅन्स्फ़र्-*v. t.* (*p. t.* **Transferred.**) to remove from one place to another, to make over possession to property, to convey drawings &c. from one surface to another. एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाना, स्थान बदलना, अपना अधिकार दूसरे को देना, छापना; *-n.* that which is transferred, removal from one place to another. स्थान-परिवर्तन, स्थानान्तरण, तबादला, सञ्चार; **Transferable** (-ऍ-ब्ल्) *-adj.* negotiable. स्थानान्तर या स्थान-परिवर्तन करने योग्य; **Transferee** (-इ)*-n.* the person to whom a transfer is made. जिसके प्रति संचार (स्थान-परिवर्तन) होता है ; **Transference** (-ऍन्स्)*-n.* the act of transferring. परिवर्तन; **Transferer** (-अर्)*-n.* one who makes a transfer. बदली करनेवाला; **Transfer-paper** (-पेपर्) *-n.* a prepared paper used for transferring impressions with copying press &c. चित्र इत्यादि को एक पत्र से दूसरे पर उतारने का कागज।

Transfiguration-ट्रॅन्सफ़िगरेशन्-*n.* a change of form. आकार का परिवर्तन।

Transfigure-ट्रॅन्सफ़िगर्-*v. t.* to change the outward form. बाहरी आकृति बदलना।

Transfix-ट्रॅन्स्-फ़िक्स्'-*v. t.* to pierce through with a pointed weapon. शस्त्र से आरपार करना, छेदना ; **Transfixion** (- शन्) *-n.* piercing through. प्रवेश, धँसाव।

Transfluent-ट्रॅन्स्' - फ़्लु - ऍन्ट्-*adj.* flowing through. किसी पदार्थ में से बहता हुआ।

Transflux-ट्रॅन्स्-फ़्लक्स्-*n.* a flowing through. प्रवाह।

Transform-ट्रॅन्स्' -फ़ॉर्म्'-*v. t.* to make change in outward appearance, character &c. आकार बदलना, बाहरी रूप में परिवर्तन करना; **Transformable** (-ऍब्ल्)*-adj.* that may be transformed. बदलने योग्य ; **Transformation** (-ऍ-शन्)*-n.* the act of transforming, metamorphosis, change from one figure to another. रूपान्तर, परिवर्तन, विकृति; **Transformative** (-ऍटिव्)*-adj.* having power to transform. परिवर्तन होने की शक्तिवाला ; **Transformer** (- अर्)*-n.* an electrical instrument which changes one form of current into another. एक प्रकार की बिजली को दूसरे प्रकार में बदलने का यन्त्र।

Transfuse-ट्रॅन्स्-फ़्यूज़्'-*v. t.* to pass from one vessel to another, to transfer blood of one animal to another. एक पात्र से दूसरे में रखना, एक प्राणी का रुधिर दूसरे प्राणी में भरना; **Transfuser** (-अर्)*-n.* one who transfuses. एक प्राणी का रक्त दूसरे प्राणी में भरनेवाला ; **Transfusion** (-ज़न्) *-n.* the act of transferring. एक पात्र से दूसरे में भरने का कार्य।

Transgress-ट्रॅन्स्-ग्रॅस्-*v. t.* to pass beyond limit, to infringe, to violate. उल्लंघन करना, लाँघना, नियम भंग करना; **Transgression** (-शन्)*-n.* offence, crime, violation of a law. अपराध, पाप, दोष, उल्लंघन, अत्याचार ; **Transgressional** (-अल्), **Transgressive** (-इव्) *-adjs.* concerning transgression. उल्लंघन-सम्बन्धी; **Transgressively** (-इव्-लि) *-adv.* in a transgressive manner. अत्याचार के ढंग से; **Transgressor** (-अर्)*-n.* a sinner. अत्याचारी, पापी, अपराधी।

Tranship-ट्रॅन्-शिप्-*v. t.* (*p. t.* **Transhipped**) to transfer from one ship to another. एक जहाज से दूसरे पर रखना ; **Transhipment** (-मॅन्ट्)*-n.* transhipping. एक जहाज पर से दूसरे जहाज पर रखने की क्रिया।

Transhuman-ट्रॅन्स्-ह्यू'-मन्-*adj.* more than human, super-human. मानव से परे या ऊँचा।

Transience-ट्रॅन्'-सि-ऍन्स् , **Transientness** (-ऍन्ट्-नॅस्) *-ns.* quality of being transient. अनित्यता, चंचलता।

Transient-ट्रॅन्'-सि-ऍन्ट्-*adj.* not permanent, of short duration, not lasting, momentary passing. अस्थिर, नश्वर, अनित्य, थोड़े काल का, चंचल; **Transiently** (-लि)*-adv.* in a transient manner. अनित्यता से।

Transilience-ट्रॅन्सिलि-ऍन्स्-*n.* leaping from one thing to another. एक पदार्थ से दूसरे पर कुदान ; **Transiliency** (-इ)*-n.* a leaping across. एक आधार से दूसरे पर कूदने का काम।

Transire-ट्रॅन्-साइ'-रि-*n.* a customs warrant for clearing. चुङ्गी देने का आदेश-पत्र।

Transit-ट्रान्जिट्-*n.* a going through, conveyance, passage, apparent motion of heavenly bodies. संक्रमण, गमने, गति, क्रान्ति;

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Transit-instrument (a kind of telescope.) एक प्रकार की नक्षत्रों को देखने की दूरबीन।

Transition-ट्रॅन्ज़िशन् - *n.* passage, change from one place to another. परिवर्तन, अवस्थान, स्थिति का अन्तर; **Transitional** (-अल्) -*adj.* denoting transition. परिवर्तन का; **Transitionally** (-अलि) -*adv.* in a transitional manner. परिवर्तन के रूप में।

Transitive-ट्रॅन्सिटिव्-*adj.* having the power of passing, expressive of action which passes from subject to object. अनित्य, सकर्मक; **Transitively** (-लि)-*adv.* in a transitive manner. सकर्मक रूप में; **Transitiveness** (-नेस्)-*n.* the quality of being transitive. सकर्मकत्व।

Transitorily-ट्रॅन्ज़िटरिलि - *adv.* for a short time. थोड़े समय के लिये ; **Transitoriness** (-इ-नेस्)-*n.* the state of being transitory. अनित्यता; **Transitory** (-इ)-*adj.* continuing only for a short time, not permanent. क्षणिक, (अनित्य) क्षणभङ्गुर।

Translatable-ट्रॅन्स्-लेॅ टे-बल्-*adj.*that may be translated. अनुवाद या तर्जुमा करने योग्य।

Translate-ट्रॅन्स्-लेट्' -*v. t.* to express into another language, to convey to heaven without death, to transform, to cause to move from one part of the body to another. भाषान्तर करना, अनुवाद या तर्जुमा करना, बिना मृत्यु के स्वर्ग प्राप्त करना, बदलना, शरीर के एक भाग से दूसरे भाग में ले जाना ; **Translation** (-शन्)-*n.* version, interpretation, that which is translated. भाषान्तर, अनुवाद, उल्था; **Translator** (-टर्)-*n.* one who translates. अनुवाद या भाषान्तर करनेवाला; **Translatress** (-ट्रेस्)-*n.* (also **Translatrix.**) *fem.* a female translator. भाषान्तर करनेवाली।

Transliterate-ट्रॅन्स्लिट-रेट्-*v. t.* to represent the words of one language in the characters of another. एक भाषा के लेख को दूसरी भाषा के अक्षरों में लिखना ; **Transliteration** (-ए-शन्)-*n.* the act of transliterating. इस प्रकार की लिखावट, लिप्यन्तरण।

Translocate-ट्रॅन्स्-लॅकेट्-*v. t.* to substitute one thing for another. एक पदार्थ के स्थान में दूसरा रखना; **Translocation** (-शन्) -*n.* substitution. परिवर्तन, अदल-बदल।

Translucence-ट्रॅन्स्लूसेन्स्-*n.* semi-transparency. अर्द्ध-पारदर्शकता ; **Translucent** (-सेन्ट्) -*adj.* transmitting rays of light dimly, almost transparent. अर्ध-पारदर्शक, स्वच्छ।

Translucid-ट्रॅन्स्-लू'-सिड् - *adj.* translucent. अर्ध-पारदर्शक।

Translunary-ट्रॅन्स्-लूनरि-*adj.* lying beyond the moon. चन्द्रमा के पार का।

Transmarine-ट्रॅन्स्मरीन्-*adj.* lying beyond the sea. समुद्र पार का।

Transmeable-ट्रॅन्स्-मि-ऍ-बल् - *adj.* capable of being crossed. पार करने योग्य।

Transmigrant-ट्रॅन्स्-मि-ग्रॅन्ट् - *adj.* migrating. देशान्तर वास करनेवाला।

Transmigrate-ट्रॅन्स्-माइ-ग्रेट् - *v. i.* to pass from one country to another, to pass in a different body. दूसरे देश में जाना, (पुनर्जन्म प्राप्त करना) दूसरे शरीर में प्रविष्ट होना; **Transmigration** (-शन्)-*n.* the passing of the soul into another body. पुनर्जन्म ; **Transmigrator** (-टर्)-*n.* that which passes from one body to another. पुनर्जन्म ग्रहण करनेवाला।

Transmissibility - ट्रॅन्स् - मि सिबिलिटि - *n.* quality of being transmissible. भेजे जाने योग्य गुण।

Trow-ट्रो-*v. t.* to believe, to think as true, to suppose. विश्वास करना, सत्य मानना।

Trowel-ट्रॉवेल्-*n.* a mason's tool for spreading mortar &c. कर्णी, करनी;-*v. t.* to apply mortar with a trowel. करनी से चूना लगाना।

Trowel.

Troy (Troy-weight)- ट्रॉय् (-वेट्) - *n.* the weight used for gold, silver and precious stones. सोना, चाँदी तथा बहुमूल्य रत्न तौलने का बटखरा।

Truancy-ट्रू'-आँन्सि-*n.* the act of behaving like a truant. आलसी की तरह व्यवहार करने का कार्य।

Truant-ट्रू'-आँन्ट्-*n.* one who idles away his time and shrinks from duty, a boy who stays away from school without taking leave. कार्य-पराङ्मुख (आलसी), विद्यार्थी जो बिना छुट्टी लिये पाठशाला से अनुपस्थित होता है; **Truantly** (-लि)-*adv.* like a truant. आलसी की तरह से; **Truantship** (-शिप्)-*n.* neglect of duty. कार्य-पराङ्मुखता।

Truce-ट्रूस्-*n.* a temporary cessation of hostilities. अस्थायी युद्ध-विश्राम, कुछ काल के लिये सन्धि; **Truce-breaker** (-ब्रेकॅ'-अर्)-*n.*one who violates a truce. सन्धि तोड़नेवाला; **Truceless** (-लेस्) - *adj.* without truce. बिना सन्धि का।

Trucidation-ट्रू-सिडेशन्-*n.* act of killing. हत्या करने का कार्य।

Truck-ट्रक्-*n.* exchange, barter, nonsense, a strong car for carrying heavy goods, open railway wagon. लेन-देन, व्यापार (अदल-बदल). वृथा बकवाद, छकड़ा, सग्गड़, भारी माल ढोने की मज़बूत गाड़ी, रेलवे की बिना छत की गाड़ी;-*v. t. & i.* to exchange, to hawk about. व्यापार करना, बदलना, फेरी करके बेचना; **Truck system** (making payment of goods in place of money.) मजदूरी के बदले में माल देना; **Truckage** (-एज्)-*n.* the practice of bartering goods. व्यापार में माल की अदला-बदली; **Trucker** (-अर्)-*n.*one who makes an exchange of goods. सामग्री का अदल-बदल करनेवाला।

Truckle-ट्रू-कल्-*n.* a small wheel or caster. छोटा पहिया या छोटी फिरकी;-*v. t.* to cringe, to submit to the will of another. चापलूसी करना, अधीन होना।

Truckler-ट्रक्लर् - *n.* a board on wheels. पहिया लगा हुआ चौड़ा पटरा।

Truckling-ट्रक्लिङ्ग्-*adj.* cringing. चापलूसी करनेवाला।

Truculence-ट्रक्युलेन्स्-*n.* savageness, merciless nature, ferociousness. जंगलीपन, निर्दयता, निष्ठुरता, क्रूरता; **Truculent** (-लेन्ट्)-*adj.* fierce, cruel, savage. क्रूर, निर्दय, भयंकर (निष्ठुर); **Truculently** (-लि) -*adv.* in a cruel manner. निर्दयता से।

Trudge-ट्रज्-*v. i. & t.* to walk or move along laboriously. पाँव घसीटते हुए चलना;-*n.* such a walk. ऐसी गति।

Trudgen-ट्रजन्-*n.* swimming with alternate strokes of right and left arm. पारी-पारी से दाहिना और बायाँ हाथ पटकते हुए तैरना।

True-ट्रू-*adj.*conformable to fact, in accordance with reason, genuine, faithful, honest, sincere, real, accurate. सत्य, यथार्थ, अकृत्रिम, सच्चा, ईमानदार, प्रामाणिक, वास्तविक; -*adv.* truly, सचाई से ; - *v. t.* to make true. यथार्थ करना, साधना; **True-born** (-बॉर्न्)-*adj.* of genuine birth. औरस उत्पत्ति का; **True-bred** (-ब्रड्) - *adj.* of genuine breeding. औरस पालन-पोषण का; **True-hearted** (-हार्ट्-एड्)-*adj.* of true heart, sincere, सच्चे हृदय का; **Trueness** (-नेस्)- *n.*the state of being true. सत्यता; **True-penny** (-पे-नि) -*n.* an honest fellow. ईमानदार मनुष्य ; **True to one's Word** (faithful to one's words.) अपनी प्रतिज्ञा का सच्चा (पक्का); **True Wife** (a wife who is loyal to her husband.) सती, पतिव्रता स्त्री।

Truffle-ट्रफ़ल्-*n.* a kind of underground fungus. भूमिगत गुच्छी।

Trug-ट्रग्-*n.* a wooden tray or milkpan. कठौता, कठरा।

Truism-ट्रू-इज़्म् - *n.* a self-evident truth. स्वतः सिद्ध वचन।

Trull-ट्रल्-*n.* a woman of loose habits, a prostitute. चरित्रहीन स्त्री, वेश्या।

Trullan-ट्रलन्-*adj.* pertaining to a dome. गुम्बज सम्बन्धी।

Trullisation-ट्रलिजेशन्-*n.* plastering with a trowel. करनी से पलस्तर की तह चढ़ाने का काम।

Truly-ट्रू'-लि-*adv.* honestly, in fact, in reality, sincerely, indeed. ईमानदारी से, वस्तुतः, सचमुच, यथार्थ में, प्रामाणिक रूप में, सचाई से।

Trump-ट्रम्प्-*n.* a trumpet, a card of the winning suit, a good fellow. तुरही,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रंगसर (का) ताश, सज्जन व्यक्ति;-*v. i. & t.* to play a trump, to defeat with a trump, रंगसर खेलना, रंगसर के ताश से जीतना; **To trump up** (to forge.) छल करना, उपाय निकालना; **To turn up trumps** (to achieve a better purpose.) लाभ उठाना।

Trumpery-ट्रम्परि-*n.* worthless finery, useless matter, rubbish. असार पदार्थ, तुच्छ वस्तु, कूड़ा-कर्कट।

Trumpet-ट्रम्पे-ट्-*n.* a wind instrument with long bent tube. दुन्दुभी, तुरही;-*v.t. & i.* to proclaim by sound of trumpet, to sound a trumpet. तुरही बजाकर घोषणा करना, दुन्दुभी बजाना; **Trumpeter**(-अर्)-*n.* one who sounds a trumpet. तुरही बजानेवाला; **Trumpet-tongued**(-टङ्ग्ड्)-*adj.* having a shrill voice. कर्कश शब्द बोलनेवाला।

Truncal-ट्रङ्कल्-*adj.* pertaining to trunk. धड़-सम्बन्धी।

Truncate-ट्रङ्केट्-*v. t.* to lop off the top of a tree, to maim. वृक्ष की चोटी काटना, छाँटना, कलम करना; **Truncated** (-एटड्)-*adj.* cut short. कतरा हुआ, छाँटा हुआ; **Truncately** (-लि)-*adv.* in a lopping manner. छाँटते हुए; **Truncation** (-के-शन्)-*n.* the state of beign lopped off. काट-छाँट, कलम।

Truncheon-ट्रन्शन्-*n.* a club, a short staff or cudgel. डण्डा, गदका, सोंटा; **Truncheoneer** (-इअर्)-*n.* a person who is armed with a truncheon. सोंटा लिये हुए।

Trundle-ट्रन्-डल्-*n.* a little broad wheel, a low-wheeled truck. घिरनी, छोटा पहिया, नीचा सग्गड़ या छकड़ा;-*v. t. & i.* to roll, to twirl. लुढ़काना, लुढ़कना; **Trundle-head** (-हड्)-*n.* a wheel that turns a mill stone. चक्की को घुमानेवाला पहिया; **Trundle-tail** (-टल्)-*n.* a curled tail. घूमी हुई पूँछ; **Trundler**(-अर्)-*n.* one who rolls. लुढ़कानेवाला।

Trunk-ट्रङ्क्-*n.* the main body of a tree, the body of an animal without limbs, main part of any structure, a box for clothes &c., proboscis of an elephant, the shaft of a column, the main line of a railway, canal, road, telegraph or telephone, a dead-body, a box-like cover for an evaporating salt-pan. पेड़ का धड़, पशु या जन्तु का बिना हाथ-पैर का धड़, किसी रचना का प्रधान भाग, कपड़े रखने का सन्दूक, हाथी की सूँड़, खम्भे का बिचला भाग, रेलपथ, नहर, सड़क, तार या टेलिफोन का प्रधान मार्ग, मुर्दा या शव, भाप बनकर उड़नेवाले नमक के घोल की कड़ाही का सन्दूकनुमा ढकना।

Trunk-call-ट्रङ्क्'-कॉल्-*n.* a telephone call on the main line. प्रधान लाइन पर टेलीफोन द्वारा बातचीत करना।

Trunk-hose-ट्रङ्क्'होज़्-*n.* drawers reaching up to knee. जाँघिया।

Trunk-less-ट्रङ्क्-लेस्-*adj.* without a trunk. बिना धड़ का।

Trunnion-ट्रन्यन्-*n.* the lateral support of a gun. तोप का बगली आधार।

Truss-ट्रस्-*n.* the framework which supports a roof or bridge, a bundle of hay weighing about 60 lbs, a bandage used in rupture. पुल या छत का आधार (टेक), तीस सेर का सूखी घास का गट्ठा, पट्टा, बन्धन, घाव की पट्टी; -*v. t.* to support with a truss, to make fast. टेक लगाना, कसकर बाँधना; **To truss up** (to make light.) कसकर बाँधना; **Trussed** (-ड्)-*adj.* supported by a truss. टेक लगाया हुआ।

Trust-ट्रस्ट्-*n.* firm belief, confidence, reliance, ground of confidence, credit combination of several firms for business purposes. विश्वास, प्रतीति, भरोसा (आशा), धरोहर, साख, अनेक व्यवसायियों का संघ; -*v. t.* to rely on, to believe in, to have confidence in, to entrust, to hope. विश्वास करना, प्रतीति करना, आशा करना, धरोहर रखना; **On trust** (on credit.) साख पर; **Trustee** (-टी')-*n.* one who holds the management of property in trust. धरोहर रखनेवाला; **Trusteeship** (-शिप्)-*n.* the office of a trustee निक्षेपधारी का पद; **Truster**(-अर्)-*n.* one who trusts. विश्वास करनेवाला; **Trustful** (-फुल्)-*adj.* full of trust, confiding. विश्वस्त, विश्वास के योग्य; **Trustfully** (-फुलि)-*adv.* in a confident manner. विश्वास करते हुए या विश्वासपूर्ण ढंग से; **Trustfulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* the quality of being trustful. विश्वस्तता; **Trustily** (-इ-लि)-*adv.* in a trusty manner. विश्वासपूर्वक; **Trustiness** (-इ-नेस्)-*n.* honesty, faithfulness. सचाई, ईमानदारी; **Trusting** (-इङ्ग्)-*adj.* confident. विश्वस्त, विश्वास के योग्य; **Trustingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with trust or confidence. विश्वासपूर्वक; **Trustless** (-लेस्)-*adj.* faithless. अविश्वस्त; **Trustlessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* the quality of being trustless. अविश्वस्तता; **Trust-money** money committed to one's care. न्यास

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धरोहर; **Trustworthiness**(-वर्-दि-नेस्)-*n.* the quality of being reliable. विश्वस्तता; **Trustworthy** (-वर्-दि)-*adj.* worthy of confidence, reliable. विश्वसनीय (विश्वास योग्य), भरोसा करने योग्य; **Trusty** (- इ) -*adj.* (*comp.* **Trustier**, *sup.* **Trustiest.**) confident. विश्वास-योग्य ।

Truth-ट्रूथ्-*n.* the quality or state of being true, fidelity, veracity, reality, virtue, honesty, sincerity, constancy. सत्यता, विश्वस्तता, सत्य-निष्ठा, वास्तविकता, साधुता, ईमानदारी, सचाई, स्थिरता; **In truth** (truly.) सचमुच, वास्तव में; **Truthful** (-फ़ुल्)-*adj.* veracious, full of truth, reliable. सच्चा, सत्यवादी; **Truthfully** (-फ़ुलि)-*adv.* in a truthful manner. सचमुच, सचाई से; **Truthfulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* the state of being truthful. सत्यता; **Truthless** (-लेस्) -*adj.* faithless. झूठा, असत्य, बेईमान; **Truthlessness** (-लेस्-नेस्) -*n.* the state of being truthless. असत्यता, बेईमानी ।

Try-ट्राइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Tried.**) to test by experiment, to make an effort, to settle by examination, to investigate, to examine judicially, to refine, to purify. जाँचना, परीक्षा करना, प्रयत्न करना, परखना, अन्वेषण करना, विचार करना, निश्चय करना, शुद्ध करना; -*n.* attempt, effort. उद्योग, प्रयत्न; -*adj.* choice, good. चुना हुआ, अच्छा; **To try for** (to aim at) लक्ष्य करना; **To try on** (to test the fitness of dress.) कपड़ा नापना; **To try out** (to purify metal, to put to test.) धातु को साफ़ करना, परीक्षा करना ।

Trying-ट्रा-इङ्ग्-*adj.* putting to severe test, wearisome. कष्टकारी, पीड़ाकर; **Trying-plane** (-प्लेन्)-*n.* a carpenter's small smoothing instrument. बढ़ई का छोटा रन्दा; **Try (Trying) square** (स्क्वेअर्) -*n.* a carpenter's square for testing the straightness of angles. बढ़ई की गोनियाँ ।


Try-square.

Tryst-ट्राइ(-ट्रि-)स्ट् -*n.* an appointed meeting, a secret assembly. गुप्त सभा, छिपकर मिलने का स्थान ।

Tsar-ज़ार्-*n.* the title of the Emperor of Russia. रूस के सम्राट की उपाधि ।

Tsetse-त्सेट्-सि (-ज़ीट्-ज़ी)-*n.* an African horsefly. अफ्रीका देश की एक प्रकार की मक्खी जिसके काटने से घोड़े रोगी हो जाते हैं ।

T-square-टी'-स्क्वेअर् see under T.

Tub-टब्-*n.* an open wooden vessel of staves held together by hoops, a small cask. नाँद, कठवत, छोटा पीपा; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Tubbed**) to plant in a tub. नाँद में पोधा लगाना; to bathe in a tub. टब में स्नान करना; **Tubful** (-फ़ुल्)-*adj.* as much as a tub can hold. नाँद भर ।

Tuba-ट्यू-बाँ-*n.* a kind of trumpet. एक प्रकार की तुरही ।

Tubal, Tubar-ट्यूब्-अल्, (-अर्) -*adjs.* of the form of a tube. नली के आकार का ।

Tubby-ट-बि-*adj.* shaped like a tub. कठरे की आकृति के समान ।

Tube-ट्यूब्-*n.* a hollow long cylinder, a hollow tube-shaped organ, an underground electric railway. नाली, प्रणाली, नली, रेल की सुरङ्ग; **Tube-well** (वेल्)-*n.* a perforated iron pipe pointed at the end sunk deep in the earth for getting water from underground. नली का कुवाँ, नलकूप; **Tubing** (-इङ्ग्) -*n.* tubes collectively. नलियाँ ।

Tuber-ट्यू'-बर्-*n.* the thickened portion of the stem of a plant, a morbid swelling or gland. कन्द, पौधे की जड़ के पास का मोटा भाग, सूजन या गाँठ ।

Tubercle-ट्यू'-बर्-कल् -*n.* a small tumour, pimple or knob, consumption. सूक्ष्म व्रण या ग्रन्थि, क्षय रोग; **Tubercled** (-ड्)-*adj.* having tubercles. ग्रन्थियुक्त; **Tubercular** (-क्युलर्) -*adj.* full of or affected with tubercles. ग्रन्थिपूर्ण, व्रणपूर्ण; **Tuberculate** (-क्युलेट्) -*adj.* having small knobs. छोटी ग्रन्थियों से युक्त; **Tuberculous** (-क्युलस्)-*adj.* pertaining to phthisis. राजयक्ष्मा रोग-सम्बन्धी; **Tuberculation** (क्युलेशन्) -*n.* formation of tubercles. ग्रन्थियों का बनना; **Tuberculize** (-क्युलाइज़्)-*v. i.* to be affected with tuberculosis. राजयक्ष्मा लग जाना; **Tuberculosis** (-क्युलोसिस्) -*n.* phthisis, consumption. राजयक्ष्मा, क्षयरोग ।

Tuberose-ट्यू'-बर्-ओस् -*adj.* covered with tubers, knotty. ग्रन्थियुक्त, गाँठदार; - *n.* a kind of bulbous plant with fragrant flowers. गुलशबी नाम का एक सुगन्धित पुष्प ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Tuberosity- ट्यूबरॉसिटि -*ns.* knobbed condition. गाँठदार स्थिति।

Tuberous-ट्यू'-बरस्-*adj.*consisting of knobs. गाँठदार; **Tuberousness**(-नेस्) -*n.* knobbed condition. गाँठदार अवस्था।

Tubiform-ट्यूबिफ़ॉर्म्-*adj.* of the shape of a tube. नली के आकार का।

Tubing-ट्यूबिङ्ग्-*n* materials for tubes. नली बनाने का पदार्थ।

Tubular - ट्यू-ब्यु - लर् - *adj.* tube-shaped, resembling a pipe. नली के आकार का; **Tubluar bridge** (a bridge in the form of a tube.) नली के आकार का पुल।

Tubulated-ट्यू'-ब्यु-लें- टेड्-*adj.* made in the form of tube. नली की तरह बना हुआ।

Tubule-ट्यू-ब्यूल्-*n.* a small tube. छोटी नली; **Tubuliform** (-इ-फ़ॉर्म्)-*adj.* of the form of a tube. नली के आकार का; **Tubulous** (-अस्) -*adj.* containing tubules. छोटी नलियों से पूर्ण।

Tuck-टक्-*n.*a flat fold, the part of a ship's hull, a pull, a kind of narrow sword, flourish of trumpet, beat of a drum, a tap, eatables. परत (मोड़, तह), जहाज की लिलारी का भाग, झटका, एक प्रकार की सँकरी तलवार, तुरही का शब्द, ढोल का शब्द, थपकी, खाने का सामान;-*v. t.& i.* to gather into flat folds, to fold under, to contract, to punish, to ill-treat, to rebuke, to beat a drum, to feed heartily, to hang a criminal. तह करना, मोड़ना (दबाना, सिकोड़ना), लपेटना, दण्ड देना, दुर्व्यवहार करना, झिड़कना, ढोल बजाना, दिल खोलकर खिलाना, अपराधी को फाँसी देना; **Tuck- net** (a small net.) छोटा जाल।

Tucker-टकर् - *n.* a piece of lace for the neck. गर्दन पर के वस्त्र में लगाने का फ़ीता।

Tucket-टर्केट् - *n.* a flourish on a trumpet. तुरही का बजना।

Tuckshop-टक्'-शॉप् - *n.* a pastry shop at school. स्कूल की मिठाई आदि की दूकान।

-tude-ट्यूड्-*suf.* to form abstract nouns. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय; यथा—aptitude, attitude. इत्यादि।

Tudor-ट्यूडर् - *adj.* pertaining to English dynasty from Henry VII to Elizabeth. इंग्लैण्ड का सप्तम हेनरी से एलिज़ाबेथ तक का राजकुल।

Tuesday-ट्यूज़्'-डे -*n.* the third day of the week. मङ्गलवार।

Tufa-टूफ़ा-*n.* a kind of porous rock. एक प्रकार की पोली चट्टान; **Tufaceous**(-फ़े-शस्)-*adj.* pertaining to tufa. पोली चट्टान-सम्बन्धी।

Tuft-टफ़्ट्-*n.* a bunch or cluster of soft objects, a clump, the head of a flower. गुच्छा, जूड़ा (समूह), फूल की शिखा; -*v. i. & t.* to grow into tufts, to decorate with tufts गुच्छों में उगना, गुच्छों से सजाना।

Tufted-टफ़्ट्-ऐड् - *adj.* growing in clusters. गुच्छों के रूप में उगनेवाला।

Tufter-टफ़्ट्'-अर्- *n.* a kind of hunting dog. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता।

Tuft-hunter-टफ़्ट् - हन्टर् -*n.* one who seeks the society of great men. अमीरों की मित्रता का लोलुप।

Tufty-टफ़्टि-*adj.* abounding with tufts. गुच्छों से परिपूर्ण।

Tug-टग्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Tugged.**) to pull with force, to make a vigorous pull at, to labour, to drag. प्रयत्न से खींचना, झटका देना, परिश्रम करना, घसीटना; -*n.* a violent pull, a painful effort. गहरी खिंचान, कष्टप्रद प्रयत्न; **Tugger** (गर्)-*n.* one who pulls with effort. मिहनत से खींचनेवाला व्यक्ति ; **Tuggingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.*with laborious pulling.परिश्रम से खींचते हुए; **Tug-of-War** (-ऑव्-वार्)-*n.* a contest in which half of the players take hold of one end of a rope and the other half the other end and try to pull up the rope across a marked line. रस्सा खींचने का खेल।

Tuition- ट्युइशन् -*n.* the act of teaching, instruction, the fee for teaching. शिक्षण, अध्यापन, पढ़ाई का शुल्क; **Tuitional** (-अल्), **Tuitionary** (-अरि) - *adjs.* pertaining to instruction. अध्यापन-सम्बन्धी।

Tulchan-टल्हन्-*n.* calf's skin stuffed with straw to induce the cow to give milk. गाय का दुहने के लिए उसके पास रखने का भूसा भरा हुआ मरा बच्चा।

Tulip-ट्यू-लिप्-*n.* a kind of plant producing bell-shaped flower of serveral colours. एक प्रकार का अनेक रङ्ग के फूलों का पौधा।

Tulle-ट्यूल्-*n.* a kind of fine silk. एक प्रकार का पतला रेशमी वस्त्र।

Tumble-टम्ब्ल्-*v. i. & t.* to fall suddenly, to turn over, to move in a blundering manner, to pull about, to disturb. एकाएक गिरना, उलटना, फेंकना, ठोकर खाना, औंधे बल गिरना,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

खींचना, विघ्न करना;-*n.* a fall, an acrobatic feat, confusion. गिराव, पकड़, पछाड़, घबड़ाहट।

Tumbler-टम्ब्लर् - *n.* an acrobat, a flat-bottomed large drinking glass, a kind of pigeon. नट, चौड़ी पेंदी का बड़ा गिलास, एक प्रकार का कबूतर; **Tumblerful** (-फुल्)-*n.* as much as a tumbler can hold. गिलास भर।

Tumbling-टम्'-ब्लिङ्ग्-*n.*acrobatic performance. नटबाजी।

Tumbly-टम्'-ब्लि-*adj.* uneven. ऊँचा-नीचा, असमतल।

Tumbrel-टम्ब्रेल्-*n.* (also **Tumbril.**) a two-wheeled cart for carrying tools, ammunition &c., a cart for rubbish. शस्त्र इत्यादि ढोने का ठेला, मैला ढोने का ठेला।

Tumefaction-ट्यूमिफ़ैक्शन्-*n.* a process of swelling. फूलन, सूजन।

Tumefy-ट्यू-मि-फ़ाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Tumefied.**) to cause to swell, to rise in a tumour, to inflate. फूलना, सूजना, फुलाना।

Tumescence-ट्युमे सेन्स्-*n.*a swelling. फूलन, सूजन।

Tumid-ट्यू'-मिड्-*adj.* inflated, swollen, protuberant. फुलाया हुआ, उभड़ा हुआ, फूला हुआ; **Tumidity** (-इ-टि)-*n.* tumidness. सूजन, फूलन; **Tumidly** (-लि) -*adv.* in a tumid manner. सूजन के रूप में; **Tumidness** (-नेस्) -*n.* the state of being swollen. सूजन की दशा।

Tumour-ट्यू - मर् - *n.* a morbid growth or swelling. गाँठ, गिलटी, सूजन; **Tumoured** (-ड्)-*adj.* swollen. गाँठदार, फूला हुआ; **Tumourous** (-अस्) - *adj.* protuberant. विस्फोट-सम्बन्धी।

Tump-टम्प्-*n.* a little hillock. छोटी पहाड़ी, टीला;-*v. t.* to form a mass of hillock. टीला बनाना।

Tumpy-टम्पि-*adj.* uneven. ऊँचा-नीचा।

Tumular-ट्यू-म्यु-लर्-*adj.* formed in a heap. गट्ठर बना हुआ।

Tumulose-ट्यू' - म्यु-लोस् - *adj.* full of hills. पहाड़ियों से परिपूर्ण।

Tumulous- ट्यू' -म्यु - लस् - *adj.* same as **Tumulose.**

Tumult-ट्यू'-मल्ट्-*n.* great excitement, noisy confusion, uproar, disturbance, agitation. तीव्र उत्तेजना, बलवा, हलचल, उपद्रव, कोलाहल।

Tumultuarily-ट्युमल्ट्युअरि - लि -*adv.* in a disorderly manner. अव्यवस्थित रूप में; **Tumultuariness** (-नेस्) - *n.* disorderliness अव्यवस्था, उपद्रव; **Tumultuary** (-अरि)-*adj.* disorderly, agitated, unquiet. व्यग्र, अशान्त, उपद्रवी।

Tumultuation-ट्यु-मल्ट्'-यु-ऍ'शन्-*n.* disorderly movement. क्रम-विरुद्ध गति या आन्दोलन।

Tumultuous-ट्यु-मलट्'-यु- अस् - *adj.* noisy, violent. अव्यवस्थित, कोलाहलपूर्ण, उपद्रवी ; **Tumultuously** (-लि)-*adv.* in a tumultuous manner. अव्यवस्थित रूप में; **Tumultuousness** (-नेस्) - *n.* the state of being tumultuous. उपद्रव, अव्यवस्था।

Tumulus-ट्यु' - म्यु-लस् - *n.* (*pl.* **Tumuli.**) artificial burial ground. कृत्रिम समाधि या कब्र।

Tun-टन् -*n.* a large cask of wine, a measure of 252 gallons. बड़ा पीपा, २५२ गैलन की नाप ; -*v. t.* (*p. t.* **Tunned.**) to store in tun. पीपे में भरना।

Tunable-ट्यू-नेबल्-*adj.* musical, harmonious. सुरीला, सुस्वर; **Tunableness** (-नेस्) -*n.* the state of being tunable. सुरीलापन; **Tunably** (-ऍब्लि)-*adv.* in a tunable manner. सुरीलेपन से।

Tun-bellied-टन् - बे - लिड् - *adj.* having a protuberant belly. तोंदीला।

Tundun-टन्डन्-*n.* a toy which produces a roaring sound when whirled in the air. एक प्रकार का खिलौना जो हवा में घुमाने से तीव्र शब्द करता है।

Tune-ट्यून् - *n.* a series of musical notes, agreement, harmonious relation, melody, right disposition, suitable mood, fit temper. राग, स्वर, ताल, तान, सुर, शुद्ध स्वभाव, योग्य स्वभाव, उचित प्रकृति;-*v. t. & i.* to put in tune. सुर में रखना या लाना, ताल मिलाना; **Tuneful** (-फ़ुल्)-*adj.* melodious. सुरीला; **Tunefully** (-फ़ुलि)-*adv.* in a melodious manner. सुरीले ढंग से; **Tunefulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* the state of being tuneful. सुरीलापन; **Tuneless** (-लेस्) -*adj.* not in tune. बेसुरा, बेताल; **Tuner** (अर्) - *n.* one who tunes musical instruments. बाजों का सुर मिलानेवाला।

Tungsten-टङ्ग्'- स्टेन्-*n.* a heavy metallic element of grey colour. भूरे रङ्ग की एक भारी धातु।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Tunic-ट्यू'-निक्-*n.* a loose garment reaching up the knee, a woman's blouse, a soldier's coat. कुर्ता, कुर्ती, सिपाही का छोटा कोट।

Tunicle-ट्यू' - नि - कल् -*n.* a short tunic or vestment. छोटा कुर्ता या कुर्ती।

Tuning-ट्यू - निङ्ग्-*n.* the act of putting a musical instrument in tune. किसी बाजे को सुर में मिलाने की क्रिया; **Tuning-fork** (-फ़ॉर्क्)-*n.* a kind of musical instrument in the form of a fork. ताल देने का एक प्रकार का चिमटा।

Tunnel-टन्-नेल्-*n.* a subterranean artificial passage through a hill or under a river, opening of a chimney. सुरङ्ग, पृथ्वी-तल के नीचे का मार्ग, धुवाँकस का मुख;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Tunnelled.**) to form a tunnel. सुरङ्ग बनाना।

Tunnel-net -टन्' -नेल्-नेट्-*n.* a kind of triangular net. तिकोना जाल जिसका एक छोर दूसरे से बड़ा होता है।

Tunny-टनि-*n.* a kind of large fish. एक प्रकार की बड़ी मछली।

Tup-टप्-*n* a male sheep, a ram. नर भेड़, मेढ़ा, भेड़ा।

Turban-टर्बन्-*n.* a sash wound round the head, a head-dress. मुरेठा, पगड़ी, साफ़ा; **Turbaned** (-न्ड्)-*adj.* wearing a turban. पगड़ी पहने हुए।

Turbid-टर्बिड्-*adj.* muddy, thick, confused, disturbed. पंकयुक्त, गदला, गाढ़ा, व्यग्र; **Turbidly** (-लि)-*adv.* in a turbid manner. गँदलेपन से; **Turbidness** (-नेस्) -*n.* the state of being turbid. गँदलापन, मलिनता।

Turbillion-टर्बिल्यन्-*n.* a whirl. भँवर।

Turbinate-टर्बि - नेट् - *adj.* conical, shaped like a top, spinning like a turbine. सूच्याकार, लट्टू के आकार का, लट्टू की तरह घूमता हुआ; **Turbinated** (- ऍड्) -*adj.* twisted. ऐंठा हुआ, घूमा हुआ; **Turbination** (-नेशन्) -*n.* the act of spinning. चक्कर खाते हुए घूमने का कार्य।

Turbine-टर्बाइन्-*n.* a horizontal water-wheel. जल-चक्की; **Air turbine** (a machine propelled by a current of air.) वायु से चलनेवाला यन्त्र।

Turbit-टर्बिट्-*n.* a kind of domestic pigeon. एक प्रकार का पालतू कबूतर।

Turbot-टर्बट्-*n.* a kind of flat fish. एक प्रकार की चिपटी मछली।

Turbulence-टर्ब्युलेन्स्-*n.* the state of being turbulent. दंगा, उपद्रव, विप्लव, अशान्ति; **Turbulent** (-लेन्ट्) - *adj.* agitated or disturbed, riotous, unruly. पीड़ाकर, कलहरीका, बखेड़िया; **Turbulently** (-लेन्ट्-लि)-*adv.* riotously. उपद्रव मचाते हुए।

Turcophil-टर्' - कॅ-फ़िल् - *n.* a lover and admirer of the Turks. तुर्कों का प्रेमी तथा प्रशंसक; **Turcophobe** (-फ़ोब्)-*n.* a hater of the Turks. तुर्कों का द्वेषी।

Tureen-ट्युरीन्' -*n.* a deep dish for holding soup. गहरी रकाबी या कटोरी।

Turf-टर्फ़्-*n.* the surface of the earth filled with roots of grass &c., a sod, a race-course. तृण-सहित भूमि, ढेला, घुड़दौड़ का स्थान; **Turf-clad** (-क्लॅड्) - *adj.* covered with turf. तृण-पूर्ण भूमि से ढँका हुआ; **Turfen** (-ऍन्) -*adj.* covered with turf. ढेलों से ढँका हुआ; **Turfiness** (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being turfy. भूमि के तृणयुक्त होने की दशा; **Turfing** (-इङ्ग्) -*n.* covering with turf. तृण से भूमि को ढाँकने का काम; **Turfy** (-इ) -*adj.* abounding with turf. तृणयुक्त भूमि से पूर्ण।

Turgent-टर्-जेन्ट्-*adj.* swelling. फूलता हुआ।

Turgescence-टर्'-जे-सेन्स् - *n.* the state of being swollen, inflation, pomp. फूली हुई दशा, सूजन, आडम्बर; **Turgescent** (-सेन्ट्)-*adj.* growing big. बढ़ता हुआ।

Turgid-टर्जिड् -*adj.* swollen, inflated, bombastic. फूला हुआ, फुलाया हुआ, बड़े ठाटबाट का; **Turgidity** (-इटि)-*n.* the state of being turgid. महत्त्व, आडम्बर; **Turgidly** (-लि) -*adv.* in a bombastic manner. बड़े आडम्बर से; **Turgidness** (-नेस्) -*n.* the state of being turgid. आडम्बर।

Turion-ट्यू'-रिऍन्-*n.* an underground shoot of a plant. भूमि के भीतर वृक्ष की जड़ में से उगनेवाला नया अंकुर।

Turk-टर्क् -*n.* a native of Turkey. तुर्क, टर्की देश का निवासी।

Turkey-टर्कि - *n.* (*pl.* **Turkeys.**) a large domestic fowl. पेरू पक्षी, एक प्रकार की मुर्गी; **Turkey-corn** (-कॉर्न्)-*n.* maize. भुट्टा; **Turkey-poult** (-पोल्ट्)-*n.* the young of a turkey. पेरू पक्षी का बच्चा; **Turkey-red** (-रेड्) -*n.* a kind of red pigment. कपड़ा रँगने का एक प्रकार का लाल रंग; **Turkey**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

stone (-स्टोन्) -*n.* a kind of whetstone. एक प्रकार की सान; **Turkey-trot** (-ट्रॉट्) -*n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

Turkish - टर्किश्-*n.* the language of the Turks. तुर्की भाषा; -*adj.* pertaining to the Turks or Turkey. तुर्की या तुर्कों से सम्बन्धित; **Turkish-bath** (-बाथ्)-*n.* a hot-air sweating bath. आतपस्नान, धूप में पसीना निकालने की विधि; **Turkish-delight** (-डि'-लाइट्) -*n.* a kind of sweetmeat. एक प्रकार की मिठाई।

Turkois-टर्' - कॉइज़् - *n.* sky-blue opaque mineral. नील-मणि।

Turmeric-टर्मरिक् -*n.* a tropical plant of ginger family. हरिद्रा, हलदी।

Turmoil-टर्'-मॉइल्-*n.* disturbance, agitation, trouble. विप्लव, उपद्रव (उत्पात), बलवा; -*v. t.* to agitate, to harass. उपद्रव करना।

Turn-टर्न-*v. t. & i.* to cause to move on an axis, to transform, to change, to divert, to reverse, to adapt, to take a new direction, to shape on a lathe, to dissuade, to revolve, to repent, to be inclined in one position, to translate. घुमाना (चक्कर देना), रूपान्तर करना, बदलना, पलटना, उलटना, उपयोगी बनाना, नई दिशा अपनाना, खरादना, दूसरी ओर प्रवृत्त करना या बहकाना, चक्कर खाना, पछताना, एक ओर झुकना, भाषान्तर करना; -*n.* revolution, winding, chance, performance, action, scope, new position, inverted type. चक्कर, घुमाव, अवसर (पारी), कृति (आकार), कार्य, लक्ष्य, नई स्थिति, उलटा हुआ छापे का अक्षर; **A good turn** (advantage.) उपकार; **In turn** (successively.) पारी-पारी से; **To take a turn** (to take a new position.) नई स्थिति धारण करना; **To turn a deaf ear to** (to feign so as not to hear, to ignore.) सुनकर अनसुनी (आनाकानी) करना ; **To turn against** (to use to the injury of, to make hostile, to rebel against.) किसीका नुकसान कराना, वैरी या विरोधी बनना या बनाना, बगावत या बलवा करना; **To turn aside** (to avert.) हटाना, टालना; **To turn away** (to dismiss.) अलग करना; **To turn down** (to fold.) तह करना; **To turn in** (to fold inward.) भीतरी ओर मोड़ना, **To turn off** (to dismiss contemptuously.) तिरस्कार पूर्वक निकाल देना; **To turn on** (to give free passage to.) मार्ग देना; **To turn over** (to transfer, to upset.) बदलना, पलटना ; **To turn the back** (to reverse a position.) पराङ्मुख होना; **To turn the back upon** (to forsake.) त्यागना; **To turn the tide** (to change fortune.) भाग्य परिवर्तन करना; **To turn to account** (to be of use.) हित के अनुकूल करना; **To turn to ashes** (to reduce to ashes.) भस्म कर देना; **To turn to use** (to make useful.) उपयोगी बनाना; **To turn up** (to bend.) घुमाना, मोड़ना; **Turncap** (-कॉप्)-*n.* chimney-top which turns round in the wind. वायु से घूमनेवाली धुवाँकस के ऊपर की फिरकी; **Turncoat** (-कोट्) -*n.* one who forsakes his party. स्वपक्षत्यागी, अपने मत को पलटनेवाला ; **Turn of fortune** (change of luck.) भाग्य-परिवर्तन; **Turn of mind** (mental condition.) चित्तवृत्ति।

Turner-टर्न्-अर्-*n.* one who works a lathe. खराद पर काम करनेवाला; **Turnery** (-इ)-*n.* the art of shaping in a lathe. खरादने की कला।

Turning-टर्निङ्ग् -*n.* the art of shaping, a place where roads meet. खराद का कार्य, सड़कों का मिलाप ; **Turning-point** (-पॉइन्ट्) -*n.* the point which decides a case. निर्णायक अवस्था या स्थिति।

Turnip-टर्निप् -*n.* a plant of the mustard family whose roots are used as vegetable. शिखामूल, शलजम ; **Turnipy** (-इ) -*adj.* of the taste of turnip. शलजम के स्वाद का।

Turnkey-टर्न्-कि-*n.* one who is in charge of a prison's keys. बन्दीगृह की ताली रखनेवाला।

Turn-out-टर्न्-आउट् -*n.* a quitting of employment. वेतन-वृद्धि के निमित्त काम करनेवालों का काम करने से विरक्ति या हटाव ; **Turnpike** (-पाइक्) -*n.* a defensive pike-gate set across a road, a toll-gate. सड़क पर लगा हुआ काँटेदार फाटक, घुमौवा रोक, यात्रा-कर वसूल करने का फाटक ; **Turn-screw** (-स्क्रू)-*n.* a screw-driver. पेंचकस; **Turnstile** (-स्टाइल्) -*n.* a small turnpike through which men can pass but not cattle. ऐसा घुमौवा रोक जिसमें से होकर मनुष्य जा सकता है, चौपाये नहीं जा सकते; **Turn-table** (-टेबुल्)-*n.* a revolving platform for reversing locomotives. इंजन घुमाने का चबूतरा।

Turpentine-टर्'-प - न्टाइन् - *n.* the resinous juice secreted by certain trees like pine. देवदारु-तैल, बिरोजा, तारपीन; -*v. t.* to apply turpentine to. तारपीन पोतना।

Turpitude-टर्पि-ट्यूड्-*n.* baseness, depravity. दुष्टता (नीचता), अधमता।

Turquoise-टर्-क्वॉज़् (-क्वॉइज़्) -*n.* a gem of greenish-blue colour. वैदूर्यमणि, फिरोजा, नीलमणि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Turret-टर्रेट्-*n.* a small tower attached to a building. कँगूरा, बुरजी; **Turreted** (-एॅड्)-*adj.* formed like a tower. बुरजी के आकार का।



Turret.

Turriculate - टरिक्युलेट् -*adj.* like a turret. प्रासाद के शिखर (बुर्जी) के आकार का।

Turtle-टर्ट्ल्-*n.* a kind of dove, a marine tortoise. एक प्रकार की पेड़ुकी, समुद्री कछुआ; **To turn turtle** (to catch turtles by throwing them on their backs, to capsize.) समुद्री कछुओं को पीठ के बल पटककर पकड़ना, उलट-पुलट हो जाना।

Turtle-dove-टर्-ट्ल्-डव्-*n.* a kind of pigeon. पेड़ुकी पक्षी।

Tush-टश्-*interj.* pshaw ! छिः ! ;-*n.* a long pointed tooth. नुकीला दाँत।

Tushery-टशरि-*n.* the use of archaic words. प्राचीन शब्दों का व्यवहार।

Tusk-टस्क्-*n.* a long-pointed tooth *esp.* a protruding one. हाथी इत्यादि के समान नुकीला निकला हुआ दाँत;-*v. t.* to tear up with tusks. दाँत से फाड़ देना; **Tusker** (-अर्)-*n.* an elephant with long tusks. बड़े दाँतवाला हाथी; **Tusky** (-इ)-*adj.* of pointed teeth. नुकीले दाँतवाला।

Tussicular-टसिक्युलर्-*adj.* pertaining to cough. खाँसी-सम्बन्धी।

Tussis-टसिस्-*n.* a cough. खाँसी।

Tussive-टसिव्-*adj.* pertaining to cough. खाँसी-सम्बन्धी।

Tussle-टस्ल्-*n.* a scuffle, a struggle. झगड़ा, मुठभेड़;-*v. i.* to struggle. हाथाबाही करना, मुठभेड़ करना।

Tussock-टसक्-*n.* a tuft of grass or twigs. घास-फूस का टीला।

Tut-tut-*interj.* (also **tut-tut**) expressing contempt. तिरस्कार-सूचक अव्यय।

Tutelage-ट्यूटिलेज्-*n.* guardianship, protection. संरक्षण, रक्षा।

Tutelar or Tutelary-ट्यूटिलर् (-इ)-*adjs.* serving as a guardian. संरक्षक या संरक्षण का कार्य करनेवाला।

Tutenag-ट्यू-ट-नॅग्-*n.* a kind of white metal like German silver. जर्मन सिलवर के प्रकार की एक सफ़ेद धातु।

Tutor-ट्यूटर्-*n.* a guardian of a minor, a private or public teacher. बालक का संरक्षक, व्यक्तिगत या सार्वजनिक शिक्षक;-*v. i.* to instruct, to treat with authority or sternness. शिक्षा देना, पढ़ाना, अधिकार-पूर्वक अथवा कड़ाई से व्यवहार करना; **Tutorage** (-एॅज्)-*n.* guardianship, education. संरक्षकता, शिक्षा, उपदेश; **Tutoress** (-एॅस्), **Tutrix** (-ट्रिक्स्)-*ns. fem.* a female teacher, a female guardian. अध्यापिका, बालक की रक्षा करनेवाली स्त्री; **Tutorial** (-टोरिअल्)-*adj.* pertaining to teaching. शिक्षा-सम्बन्धी; **Tutoring** (-इङ्ग्)-*n.* the act of instructing. शिक्षण; **Tutorship** (-शिप्)-*n.* the office of a tutor. अध्यापक का पद।

Tutty-टटि-*n.* impure oxide of zinc. बिना साफ किया हुआ सफ़ेदा।

Tu-whit-tu-whit-टु-व्हिट्-*n.* the cry of an owl. उल्लू का शब्द।

Twaddle-ट्वॉ-ड्ल्-*v. i.* to indulge in useless talk. वृथा बकवाद करना;-*n.* a silly talk, a senseless talker. वृथा बकवाद, बड़बड़ाहट, व्यर्थ की बातचीत करनेवाला; **Twaddler** (-अर्) -*n.* one who talks uselessly. वृथा बकबक करनेवाला व्यक्ति।

Twain-ट्वेन्-*n.* two, a pair, युग्म, जोड़ा;-*adj.* twice. दो बार।

Twaite-ट्वेट्-*n.* woodland covered with arable land. जंगल की उपजाऊ भूमि।

Twang-ट्वॉङ्ग्-*n.* a sharp quick sound. धनुष की टंकार, झनूकार;-*v. t.* & *i.* to make a ringing metallic sound. टनटनाना, झनकारना; **Twanging** (-इङ्ग्)-*adj.* making a sharp sound. तीव्र शब्द करता हुआ।

Twangle-ट्वॉङ्ग्'-ल्-*v. i.* & *t.* to utter a nasal sound. नाक से बोलना, नकियाना;-*n.* a twang. धनुष की टंकार।

Twankay-ट्वॉङ्के-*n.* a kind of green tea, एक प्रकार की हरी चाय।

'twas-ट्वाज़्-*contr.* of 'it was'. 'इट् वॉज़्' का छोटा रूप, यह था।

Twattle-ट्वॉट्'-ल्-*v. t.* to chatter. बकबक करना;-*n.* an idle talk. बकवाद।

Tweak-ट्वीक्-*n.* a twitch, a pinch. ऐंठन, चुटकी;-*v. t.* to pull with a sudden jerk झटकेसे खींचना, चिकोटी काटना।

Tweed-ट्वीड्-*n.* a kind of woollen fabric. एक प्रकार का ऊनी वस्त्र।

Tweedle-ट्वी'-ड्ल्-*n.* the sound of a fiddle, सारङ्गी का शब्द;-*v. t.* to fiddle in an awk-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ward manner. फूहड़ की तरह सारङ्गी बजाना।

Tween-ट्वीन्-*adv.* & *prep.* between. बीच में, मध्य में।

Tweezer-ट्वी-ज़र्-*n.* (*also* pair of tweezers.) a pair of tongs for plucking up small objects. छोटी चिमटी।

Twelve-ट्वेल्व्-*n.* & *adj.* two and ten. द्वादश, बारह; **Twelvefold** (-फ़ोल्ड्)-*adj.* twelve times. बारह बार तह किया हुआ; **12mo.** (duodecimo.) बारह परत किया हुआ; **Twelve-month** (-मन्थ्)-*n.* one year. एक वर्ष।

Twelfth-ट्वेल्फ़्-थ्-*adj.* next in order after eleventh. बारहवाँ।

Twentieth-ट्वेन्टि-ऍथ्-*adj.* the ordinal of twenty. बीसवाँ, बीसवें भाग का।

Twenty-ट्वेन्टि-*n.* two times ten. बीस।

Twentyfold (twenty times.) बीस गुना।

'twere-ट्वेअर्-contraction of 'it were'. 'इट् वेअर्' का छोटा रूप, ऐसा हुआ होता।

Twi or **Twy**-ट्वाइ-*pref.* in sense of 'two'. 'दो' अर्थ का उपसर्ग।

Twice-ट्वाइस् -*adv.* two times. दो बार; **Twicer** (-अर्)-*n.* a compositor who also works as a pressman. कम्पोजिटर जो प्रेस भी चलाता है।

Twiddle-ट्विड्'-ल्-*v. t.* & *i.* to twist the fingers. अँगुली उमेठना;-*n.* a light twist. ऐंठन।

Twig-ट्विग्-*n.* a small branch of a tree or plant. शाखा, टहनी; **Twigged** (-ड्)-*adj.* having shoots. शाखादार; **Twigless** (-लेस्) -*adj.* without branches. बिना शाखा का।

Twiggy-ट्वि-गि-*adj.* abounding in twigs or shoots. शाखादार।

Twilight-ट्वाइ'-लाइट्-*n.* the faint light before sunrise and after sunset. सन्धिप्रकाश, गोधूलि का समय।

Twill-ट्विल्-*n.* a kind of cloth. एक प्रकार का चिमड़ा कपड़ा।

'twill-ट्विल्-*contr.* of 'it will'. 'इट् विल्' का छोटा रूप, यह होगा।

Twin-ट्विन्-*n.* & *adj.* one of the two children born at a birth. यमज, जुड़वाँ; **The Twins** (the third sign of the zodiac, Taurus.) मिथुन राशि; **Twin-born** (-बॉर्न्) -*adj.* born at the same birth. एक साथ उत्पन्न हुआ, जुड़वाँ।

Twine-ट्वाइन्-*n.* a strong twisted thread. सुतली, टून, रस्सी;-*v. t.* to wind, to twist. लपेटना, ऐंठना; **Twiner** (-अर्)-*n.* a climbing plant. लपेटनेवाला पौधा, लता; **Twiningly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a twisting manner. ऐंठते हुए।

Twinge-ट्विन्ज्-*v. t.* to affect with a sharp pain. तीव्र पीड़ा देना;-*n.* a sharp pain. व्यथा, वेदना, पीड़ा, कड़क।

Twinkle-ट्विङ्कल्-*v. t.* & *i.* to shine with quick gleams, to sparkle, to blink one's eyes. चमकना, जगमगाना, झिलमिलाना, निमेष करना, पलक मारना; **Twinkling** (-इङ्ग्)-*n.* an instant, a moment. क्षण; **In the twinkling of an eye.** (in a moment.) पल भर में।

Twin-likeness (ट्विन्-लाइक्-नेस्)-*n.* near resemblance. निकट समानता।

Twinling-ट्विन्लिङ्ग्-*n.* a twin lamb. जुड़वाँ मेमना।

Twinned-ट्विन्ड्-*adj.* like twins. युग्म (जुड़वाँ) की तरह का।

Twirl-ट्वर्ल्-*v. t.* & *i.* to revolve rapidly, to whirl round or spin. वेग से घुमाना, चक्कर देना;-*n.* a rapid circular motion, a whirl. त्वरित भ्रमण, जल्दी का चक्कर।

Twist-ट्विस्ट्-*n.* thread &c. made by winding two or more strands together, the act of twisting a roll of paper, tobacco &c. लच्छा, डोरा, रस्सा इत्यादि की ऐंठन, मुड़ाव, ऐंठन; -*v. t.* & *i.* to wind strands of thread or rope, to rotate, to insinuate, to wrench out. माँजना, घुमाना, ऐंठना, मोड़ना; **Twistable** (-ऍब्ल्)-*adj.* able to be twisted. ऐंठने योग्य; **Twister** (-अर्)-*n.* he who or that which twists. ऐंठनेवाला।

Twit-ट्विट्-*v. t.* (*p. t.* **Twitted.**) to reproach, to upbraid, to taunt. झटकारना (डाँटना), ताना मारना, घुड़कना; **Twittingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* reproachfully. डाँटते हुए।

Twitch-ट्विच्-*v. t.* & *i.* to pull with sudden jerk, to snatch. झटके से खींचना, छीनना;-*n.* a sudden pull, contraction. खिंचाव, झटका; **Twitcher** (-अर्)-*n.* one who twitches. झटका देनेवाला; **Twitching** (-इङ्ग्)-*n.* a spasmodic contraction. ऐंठन, मुरुक।

Twite-ट्वाइट्-*n.* a kind of linnet. एक प्रकार की चिड़िया।

Twitten-ट्विट्न्-*n.* a narrow lane connecting two roads. दो सड़कों को मिलानेवाली सँकरा गली।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Twitter-ट्विटर्-*v. i.* to make a succession of light tremulous noise tochirp. चूँ-चूँ करना;-*n.* such a series of sounds. ऐसा शब्द; **Twittering** (-इङ्ग्)-*adj. & n.* uttering interrupted sounds. अस्पष्ट शब्द बोलनेवाला या बोलने का काम; **Twitteringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with upbraiding. झिड़कते हुए।

Twittle-twattle-ट्विट्ल्-ट्वॉट्ल्-*n.* a gabble. बड़बड़ाहट।

Twixt-ट्विक्स्ट्-*prep.* betwixt. बीच में।

Two-टू-*adj. & n.* one and one. दो; **One or two** (a few.) थोड़े; **Two-edged** (-एज्ड्) -*adj.* having edges on both sides. दोनों ओर की धारवाला; **Two-faced** (-फ़ेस्ड्) - *adj.* having two faces. दुमुहाँ; **Twofold** (-फ़ोल्ड्) -*adj.* double. दुगुना; **Two-handed** (-हॅन्ड्-ऍड्)-*adj.* having two hands, powerful. दो हाथवाला, प्रबल ; **Two-ply** (-प्लाइ)-*adj.* consisting of two thicknesses. दो तहों का; **Two-tongued** (-टङ्ग्ड्)-*adj.* deceitful. छली, धोखेबाज।

'twould-ट्वुड्-*contr.* of 'it would' 'इट् वुड्' का छोटा रूप, ऐसा होगा।

Tying-टाइङ्ग्-*adj. & n.* binding. बाँधनेवाला या बँधाई।

Tyke-टाइक्-*n.* a dog. एक प्रकार का कुत्ता।

Tyler-टाइ' - लर् - *n.* the door-keeper of a lodge. सन्तरी, पहरेदार।

Tylopod-टाइ'-लॅ-पॉड्-*adj. & n.* having padded hoof. गद्दीदार तलवेवाला या ऐसा जन्तु ; **Tylopodous** (-अस्)-*adj.* with paddad hoof. गद्दीदार तलवेवाला।

Tylosis-टाइ'-लो-सिस्-*n.* an inflammation of eyelids. आँख का एक रोग जिसमें पलकें फूल जाती हैं।

Tymbal-टिम्बल्-*n.* a kind of small kettle-drum. एक प्रकार का छोटा नगाड़ा।

Tympan-टिम्पन् - *n.* the frame on which sheets of paper are laid for printing. छपने के लिये कागज रखने का फ़र्मा ; **Tympanic** (-इक्)-*adj.* like a drum, pertaining to middle ear. नगाड़े की तरह का, कान के बिचले पर्दे से सम्बन्धित।

Tympanites-टिम्पनाइटीज़्-*n.* the swelling of the abdomen. पेट की सूजन ; **Tympanitic** (-टिक्) -*adj.* pertaining to tympanites. पेट की सूजन-सम्बन्धी।

Tympanitis-टिम्पनाइटिस् - *n.* the inflammation of the membrane of the middle ear. कान की भीतरी झिल्ली की सूजन।

Tympanum-टिम्पॉनम्-*n.* (*pl.* **Tympana.**) the middle ear, the panel of a door, a drum-wheel for raising water. कान का पर्दा, दर्वाज़े का दिलाहा, पानी उठाने की ढोलक के आकार का पहिया।

Tympany-टिम्पॉनि - *n* flatulence of the stomach. पेट की सूजन।

Type-टाइप्-*n.* symbol, specimen, model, mark, figure stamped on a coin, ideal, general structure, class of things having common characteristics, printing letters. चिह्न, संकेत, नमूना, निशान, छाप, सिक्के पर छपी मूर्ति, आदर्श, सामान्य रचना, एक ही प्रकार की वस्तुओं का वर्ग, छापे के अक्षर; -*v. t.* to typewrite. टाइप राइटर द्वारा छापना ; **Type-founder** (-फ़ाउन्-डर्) - *n.* one who casts types. टाइप ढालनेवाला ; **Type-foundry**(-फ़ाउन्ड्-रि)-*n.* a place where types are cast. टाइप ढालने का कार्यालय; **Type-metal** (-मॅ-ट्ल्)-*n.* metal for casting types. टाइप ढालने की धातु ; **Type-setter** (-सॅ-टर्)-*n.* a compositor, a machine which combines types in proper order for printing. टाइप कम्पोज़ करनेवाला, टाइप कम्पोज़ करने का यन्त्र; **Typewriter** (-राइटर्)-*n.* a machine for writing by means of types. हाथ से छापने का यन्त्र।

Typhoid-टाइ'-फ़ॉ-इ-ड्-*n. & adj.* a kind of fever resembling typhus. एक प्रकार का सन्निपात ज्वर; **Typhomania** (-फ़ॅ-मॅ-नि-आ) -*n.* the muttering delirium in typhoid. सन्निपात ज्वर में बेहोशी से बड़बड़ाने की अवस्था।

Typhonic-टाइफ़ॅ-निक्-*adj.* pertaining to a typhoon. चीन सागर की आँधी-सम्बन्धी।

Typhoon-टाइ'-फ़ून्-*n.* a violent hurricane in the China sea. चीन सागर में उत्पन्न होनेवाली एक बड़ी आँधी।

Typhus-टाइफ़स्-*n.* a kind of fever marked by purple spots on the skin. एक प्रकार का ज्वर जिसमें सम्पूर्ण शरीर में लाल चकत्ते पड़ जाते हैं।

Typic-टिपिक्-*adj.* typical, figurative. विशेष प्रकार का, लाक्षणिक; **Typical** (-अल्) - *adj.* representative, emblematic, symbolical. आदर्शभूत, प्रतिरूप का, लाक्षणिक; **Typically** (-अलि)-*adv.* in a typical manner. आदर्श रूप

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में; **Typicalness** (-नेस्) - *n.* the state of being typical. प्रतिरूपता।

Typify-टिपि-फ़ाइ-*v. t.* (*p.* . **Typified.**) to show by image, to foreshadow. प्रतिरूप में दिखलाना, संकेत में प्रकट करना।

Typist-टाइपिस्ट्-*n.*one who uses a typewriter. छपाई के हाथ के यंत्र से छापनेवाला।

Typographer-टाइपॅग्रॉफ़र्-*n.* a printer. छापनेवाला; **Typographic** (-फ़िक्), **Typographical** (-फ़िक्-अल्)-*adjs.* pertaining to printing. छापने के सम्बन्ध का; **Typographically** (-फ़िक्-अलि)-*adv.* in a typographic manner. छापने की कला के रूप में; **Typography** (-फ़ि) -*n.* the art of printing. छापने की कला।

Typoscript-टाइ'-पॅ-स्क्रिप्ट् - *n.* the printing done by a typewriter. हाथ से छापने के यंत्र द्वारा छपाई।

Tyrannical-टिरॅनिकल्-*adj.*acting like a tyrant, despotic, cruel. अन्यायी, निर्दयी, अति कष्ट देनेवाला; **Tyrannically** (-लि)-*adv.* in a tyrannical manner. अन्याय से, निर्दयता से।

Tyrannicidal-टिरॅनिसाइडल्-*adj.* pertaining to the killer of a tyrant. अन्यायी की हत्या करनेवाले से सम्बन्धित; **Tyrannicide** (-साइड्) -*n.* the act of killing a tyrant, the killer of a tyrant. अन्यायी की हत्या, निर्दयी को मारनेवाला मनुष्य।

Tyrannize-टिरॅनाइज़्-*v. i. & t.* to act as a tyrant, to rule despotically and cruelly. अत्याचार या क्रूरता करना, निर्दयता से राज्य करना; **Tyrannous** (-नस्)-*adj.* tyrannical, unjustly, severe, impervious, despotic. कठोर,अन्यायी, क्रूर, निर्दय; **Tyranny** (-नि)-*n.* (*pl.* **Tyrannies.**) despotic exercise of power, cruel government, severity, cruelty, harshness. प्रजापीड़न, क्रूर शासन, कठोरता, निर्दयता।

Tyrant-टाइ'-रॅन्ट्-*n.*an oppressive ruler, one who exercises unlawful authority. प्रजापीड़क, निष्ठुर शासक, उपद्रवी।

Tyre, Tyro-see **Tire, Tiro.**

Tyrolite-टायरॅलाइट् - *n.* a kind of bluish mineral. एक प्रकार की नीली धातु।

Tystie - टिस्टी-*n.* a kind of seabird. एक प्रकार की समुद्री चिड़िया।

Tzar-ज़ार्-*n.* the title of the Emperor of Russia. रूस के सम्राट् की उपाधि।

Tzarevitch-ज़ा-रे-विच्-*n.* the title of the son of the Emperor of Russia. रूस के राजकुमार की उपाधि।

Tzarena-ज़ॉरेना, **Tzarina** (ज़ॉरिना), **Tzaritsa** (-ज़ॉरिट्ज़ॉ)-*ns.* the titles of the Empress of Russia. रूस की साम्राज्ञी की उपाधियाँ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

U-यू-the fifth vowel and the twenty-first letter of the English alphabet. अंग्रेज़ी भाषा का पाँचवाँ स्वर तथा इक्कीसवाँ अक्षर, इसका उच्चारण 'अ', 'उ', 'यु' तथा 'यू' होता है।

Uberous-यू-ब-रस् - *adj.* fruitful, yielding abundance. फलयुक्त, उपजाऊ, अधिक फल उत्पन्न करनेवाला।

Uberty-यू-बर्टि - *n.* abundance, fruitfulness. अधिकता, बहुतायत, उपजाऊपन।

Ubiety-यु-बाइ-ऍ-टि-*n.* local relation. स्थानीय सम्बन्ध।

Ubiquitary-युबिक्विटरि-*adj.* existing everywhere. सर्वव्यापी।

Ubiquitous-यु-बि-क्वि-टस्-*adj.* existing everywhere. सर्वत्र व्याप्त रहनेवाला।

Ubiquity-यु-बि-क्वि-टि-*n.* omnipresence. सर्वव्यापकता।

Udal-यू'-डल् - *n.* a freehold estate. माफ़ी (बिना कर की) भू-सम्पत्ति।

Udder-अ-डर्-*n.* one of the mammary glands of a mammal, teats of cattle. स्तन पिलानेवाले जन्तुओं का एक स्तन, पशु का स्तन, थन; **Uddered** (- ड्) - *adj.* with udders. स्तन या थनवाली; **Udderless** (-लस्)-*adj.* having no udders. बिना स्तन (थन) की।

Udometer - युडॅमिटर् - *n.* a rain-gauge, an instrument for measuring the rainfall. वर्षा का पानी नापने का यन्त्र।

Ugh-उह्, अह्-*interj.* exclamation of disgust. तिरस्कार-सूचक अव्यय।

Uglify-अ-ग्लि-फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Ugilfied.**) to make ugly. बदसूरत या भद्दा बनाना।

Uglily-अ-ग्लि-लि -*adv.* in an ugly manner. भद्देपन से ; **Ugliness** (-नॅस्)-*n.* deformity. कुरूपता, भद्दापन; **Ugly** (-अग्लि)-*adj.* (*comp.* **Uglier,** *sup.* **Ugliest**) unpleasing to sight, offensive, unpleasant, hateful, deformed, ill-natured. दुर्दर्श, निन्दनीय, बेस्वाद, घृणित, कुरूप, भद्दा।

Uhlan-ऊ-लान्-*n.* a German lancer. जर्मनी देश का बर्छीवाला घुड़सवार।

Ukulele-यु'कु-लॅ-लि, उकुलेलॅ-*n.* a kind of banjo with four strings. चार तार की वीणा।

Ulcer-अल्सर्-*n.* a discharging sore, a moral blemish. व्रण (फोड़ा), नासूर, दोष।

Ulcerate-अल्सरेट्-*v. i.* to form into an ulcer. फोड़ा होना, नासूर पड़ जाना; **Ulcerated** (-ऍट्ड्) -*adj.* having an ulcer. नासूर पड़ा हुआ; **Ulceration** (-रे-शन्) -*n.* the process of forming an ulcer. नासूर पड़ना।

Ulcerous-अल्सरस् -*adj.* affected with ulcers. व्रणयुक्त, नासूरदार; **Ulcerously** (-लि)-*adv.* in an ulcerous manner or form. नासूर के ढंग से या रूप में; **Ulcerousness** (-नॅस्) -*n.* the state of being ulcerous. नासूर होने की स्थिति।

Ulcuscle-अल्कसल् - *n.* a small ulcer. छोटा नासूर।

Ule-यूल् - *suf.* to form diminutives, *e. g.* 'globule', 'nodule' etc. अल्पार्थक शब्द बनाने का प्रत्यय।

Uliginose-यु-लि-जि-नोज़् -*adj.* growing in a muddy place. कीचड़ में उत्पन्न होनेवाला।

Uliginous-यु-लि-जि-नस्-*adj.* slimy, muddy. कीचड़ का, पंकमय।

Ullage-अ-लॅ-ज्-*n.* the quantity which a cask or bottle requires in being full. वह परिमाण जो पीपे या बोतल को मुँह तक भरने में लगता है।

Ullmannite - अल्मॉनाइट् - *n.* phosphate of manganese and iron. एक प्रकार की धातु।

Ulmic-अल्मिक्-*adj.* produced by decaying vegetable matter. सड़ी हुई वनस्पति से उत्पन्न।

Ulmin-अल्मिन् - *n.* a gummy substance obtained from vegetables. वनस्पतियों या तरकारियों से प्राप्त एक प्रकार का गोंद।

Ulna-अल्नॉ -*n.*(*pl.* **Ulnae.**) the inner of the two bones of the forearm. अग्रबाहु की भीतरी ओर की हड्डी; **Ulnar** (- नर्) - *adj.* pertaining to the ulna. अग्रबाहु की भीतरी अस्थि-सम्बन्धी।

Ulotrichan-युलॅट्रिकन्-*n.* woolly-haired person. ऊन के सदृश (कड़े तथा घने) बालोंवाला व्यक्ति।

Ulotrichi-युलॅट्रिकि - *n.* woolly-haired race. घने बालोंवाली जाति; **Ulotrichous**-(-कस्)-*adj.* having woolly hair. ऊनी बालोंवाला।

Ulster-अल्स्टर्-*n.* a long loose overcoat. एक प्रकार का वस्त्र के ऊपर पहिनने का लम्बा ढीला चोगा; **Ulstered** (-ड्)-*adj.* wearing an ulster. लंबा चोगा पहिने हुए।

Ulterior-अल्टीरिअर्-*adj.* remote, on the farther side of, situated beyond. दूर का, आगे का, दूरस्थ; **Ulteriorly** (-लि)-*adv.* in an ulterior place. दूर स्थान में।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Ultimate-अल्टिमेट्-*adj.* most remote, last, final, primary. अन्तिम, पिछला, अन्त का, अति आवश्यक; **Ultimately** (-लि)-*adv.* in the end. अन्त में; **Ultimateness** (-नेस्)-*n.* final end. अन्तिम अवस्था।

Ultimatum-अल्टि-मे-टम् -*n.* (*pl.* **Ultimata, Ultimatums.**) the final proposal or statement of terms. अन्तिम प्रस्ताव या माँग या चेतावनी, अन्त की बातचीत।

Ultimity-अल्टिमिटि-*n.* the last stage. अन्तिम अवस्था।

Ultimo-अल्टि-मो -*adv.* in the month preceding the present one, in the last month. गत (पिछले) महीने में।

Ultimo-geniture-अल्टिमो-जेनिचर्-*n.* the custom in which the youngest son (instead of the eldest) takes inheritance. सबसे छोटे पुत्र के उत्तराधिकारी होने की रीति।

Ultra-अल्ट्रा-*adj.* extreme. अत्यन्त, अन्तिम; *pref.* in sense of 'beyond, on the other side of'. "दूसरी ओर, आगे, पार" अर्थ का उपसर्ग;

Ultraist (-इस्ट्)-*n.* one who holds extreme opinions. अन्तिम अभिप्राय (मत) को माननेवाला।

Ultramarine - अल्ट्रीं - मीरीन् -*adj.* situated beyond the sea. समुद्र के पार स्थित; -*n.* a sky-blue colour. आकाश के समान नीला रंग।

Ultramontane-अल्ट्रॉमॉन्टेन् -*adj.* situated beyond the mountains (*esp.* the **Alps.**) पहाड़ के उस पार का।

Ultramontanism - अल्ट्रॉमॉन्टीनिज़्म् -*n.* the extreme views in regard to the Papal supremacy. रोम के बड़े पादरी के अधिकार के विषय में अत्यन्त असीम विचार।

Ultramundane-अल्ट्रॉमन्डेन् -*adj.* beyond the world, pertaining to another life. संसार के बाहर का, दूसरे जन्म का।

Ultromotivity-अल्ट्रो-मो-टिव्हिटि-*n.* spontaneous movement. ऐच्छिक गति।

Ultroneous-अल्ट्रो - नि - अस् -*adj.* voluntary, spontaneous. इच्छाचारी, ऐच्छिक।

Ululate-यूल्यु-लेट्-*v. i.* to howl as a dog or wolf. कुत्ते या भेड़िये की तरह भूँकना; **Ululation** (-लेशन्)-*n.* the act of howling. भुकान।

Umbel-अम्बेल् - *n.* a cluster of flowers, springing from a common centre. एक डण्ठल से उगनेवाला अनेक फूलों का गुच्छा; **Umbellar** (-लर्)-*adj.* of the form of an umbel. गुच्छे के आकार का।

Umber अम्बर् -*n.* a dark brown mineral pigment. एक प्रकार का काला-भूरा रंग।

Umbilical-अम्बिलिकल्-*adj.* pertaining to the navel. नाभि-सम्बन्धी; **Umbilical ancestor** (a female ancestor.) स्त्री-पूर्वज; **Umbilical cord** (the tube that passes from the foetus to the placenta.) नाल, नार; **Umblicus** (-कस्)-*n.* the navel. नाभि।

Umbilicate-अम्-बि-लि-केट्-*adj.* of the shape of a navel. नाभि के आकार का।

Umbo-अम्बो -*n.* (*pl.* **Umbos.**) the boss of a shield. ढाल का उभड़ा हुआ भाग।

Umbonal-अम्बॅनल्-*adj.* protuberant. उभड़ा हुआ।

Umbonated-अम्बॅनेटेड्-*adj.* having the middle point raised. उभड़े हुए बिचले भागवाला।

Umbra-अम्ब्रीं-*n.* (*pl.* **Umbroe.**) a shadow, the cone of shadow projecting from a planet. परछाईं, किसी नक्षत्र से आती हुई सूच्याकार छाया।

Umbrage-अम्ब्रेज्-*n.* a shadow, a sense of injury, resentment. छाया, असन्तोष, कोप; **To take umbrage** (to be angry.) क्रुद्ध होना।

Umbrageous-अम्ब्रेजिअस्-*adj.* shady. छायायुक्त अस्पष्ट; **Umbrageously** (-लि)-*adv.* in a shady manner. छाया रूप में; **Umbrageousness** (-नेस्)-*n.* the state of being shady. छायापन।

Umbral -अम्ब्रल् -*adj.* shady. छाया-सम्बन्धी, छायायुक्त।

Umbrella - अम्ब्रेला -*n.* a portable circular canopy for sheltering a person from the sun or rain. आतपत्र, छाता।

Umbrette-अम्ब्रेट्-*n.* a bird like the neron. एक प्रकार का बगुला।

Umbriferous-अम्ब्रिफ़ेरस्-*adj.* casting a shade. छाया डालनेवाला।

Umbril-अम्ब्रिल्-*n.* the visor of a helmet. मुकुट का अग्रभाग।

Umbrose-अम्ब्रोस् -*adj.* shady. छायादार।

Umbrosity -अम्ब्रॉ - सि - टि -*n.* shadiness. छायापन।

Umpirage-अम्पायरेज्-*n* the decision of an umpire, arbitrament. मध्यस्थ का निर्णय।

Umpire-अम्-पायर्-*n.* one who is chosen to decide a dispute, an arbitrator. प्रमाण-पुरुष, मध्यस्थ, पंच; **Umpireship** (- शिप्)-*n.* the post of an umpire. मध्यस्थ का पद।

Unwittingly-अन्-विट्टिङ्ग्-लि-*adv.* ignorantly. अज्ञानता से; **Unwitty** (-विट्टि)-*adj.* without wit. बुद्धिहीन।

Unwomanly-अन् - वुम्' - अन्- लि - *adj.* not becoming a woman. स्त्री के लिये अशोभनीय।

Unwonted-अन्-वोन्ट्'-ऍड्-*adj.* unused, unaccustomed. अनभ्यस्त, अनोखा, अनूठा; **Unwontedly** (-लि)-*adv.* in an unusual manner. असाधारण रूप से।

Unwooded-अन् - वूड् - ऍड् *adj.* destitute of woods. बिना जङ्गल का।

Unwooed-अन्-वूड् -*adj.* not courted. विवाह के लिये प्रार्थना न किया हुआ।

Unworldly-अन्-वर्ल्ड्'-लि-*adj.* not worldly. असंसारी।

Unworn-अन्-वोर्न्-*adj.* not worn. न पहिना हुआ।

Unworshipped-अन्-वर्'-शिप्ड्-*adj.* not worshipped. पूजा न किया हुआ।

Unworthily-अन्-वर्'-दि-लि -*adv.* in an unworthy manner. अयोग्यता से; **Unworthiness** (-दि-नेंस्)-*n.* the state of being unworthy. अयोग्यता; **Unworthy** (-दि) - *adj.* (*comp.* **Unworthier**, *sup.* **Unworthiest.**) not worthy, vile, base, unbecoming. अयोग्य, अधम, निर्गुण, नीच।

Unwounded-अन्-उन्ड्'-ऍड्-*adj.* not wounded or hurt. घायल न किया हुआ।

Unwreathe-अन्-रीद्-*v. t.* to untwist. ऐंठन खोलना।

Unwrinkled-अन्-रिङ्-कल्ड्-*adj.* not wrinkled. बिना झुर्री का।

Unwritten-अन्-रि-ट्टन्- *adj.* not reduced to writing, oral. बिना लिखा हुआ, मौखिक।

Unwrought-अन् - रॉट्' -*adj.* not laboured. परिश्रम न किया हुआ।

Unyielding-अन् - ईल्ड्'-इङ्ग्-*adj.* obstinate, no yielding. दृढ़, हठी।

Unyoke-अन्-योक्'-*v. i.* to free from yoke, to disjoin. जुआ हटाना (खोलना), अलग करना; **Unyoked** (-ड्)-*adj.* unrestrained. बिना बन्धन का।

Up-अप्-*adv.* aloft, on high, in a state of elevation, in order, out of bed. ऊपर, ऊँचाई पर, उच्च दशा में, क्रम में, उठकर; **All up** (all over.) बिलकुल समाप्त; **To be up and doing** (to be engaged in work.) कार्य में लग जाना; **Up and down** (backwards and forwards.) आगे-पीछे; **Ups and downs** (changes of fortune.) भाग्य का उलट-फेर, उत्थान-पतन; **Upside down** (in complete disorder.) संपूर्ण अव्यवस्थित, उलट-पुलट; **Up to** (till.) तक; **Up with** (to raise.) उठाना, उभाड़ना।

Upas-यू'-पस्-*n.* a kind of poisonous tree. एक प्रकार का विषैला वृक्ष।

Upbear-अप्-बेंअर्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Upbore**, *p. p.* **Upborne.**) to elevate, to bear up. उभाड़ना, झेलना, सहन करना।

Upbind-अप्-बाइन्ड्'-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Upbound.**) to bind up. बाँधना।

Upbraid-अप्-ब्रेड्'-*v. t.* to reproach, to chide. झिड़कना, डाँटना; **Upbraiding** (-इङ्ग्)-*n.* reproach. झिड़कन।

Upbringing-अप्-ब्रिङ्ग्-इङ्ग्-*n.* early education. प्रारम्भिक शिक्षा।

Upcast-अप्-कास्ट्' - *adj.* thrown upward. ऊपर को उठाया हुआ; -*n.* an upward current of air. वायु के ऊपर की ओर जानेवाली धारा।

Upcurl-अप्-कर्ल्'-*v. t.* to curl upwards. ऊपर की ओर घुमाना।

Upheaval-अप्-हीव्-अल्- *n.* the uplifting of the soil from beneath. नीचे से भूमि के ऊपर उठने की क्रिया; **Upheave** (-हीव्') -*v. t.* to lift up. ऊपर को उठाना।

Upheld-अप्-हेल्ड्'-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Uphold.**) sustained, kept up. ऊपर उठाया हुआ, स्थापित।

Uphill-अप्-हिल्-*adj.* ascending, difficult. ऊपर चढ़ता हुआ या चढ़नेवाला, दुःसाध्य, कठिन।

Uphold-अप्-होल्ड्'-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Upheld.**) to elevate, to support, to sustain. बढ़ाना, सहारा या सहायता देना, समर्थन करना; **Upholder** (-अर्)-*n.* a supporter. सहायक, समर्थक।

Upholster-अप्-होल्स्टर्-*v. t.* to supply furniture. चारपाई, बिछावन, परदा इत्यादि सामग्री से युक्त करना; **Upholsterer** (-अर्)-*n.* one who upholsters. बिछावन, परदा आदि सामग्रियों को जुटानेवाला; **Upholstery** (-इ)-*n.* furnishings. गृह-सामग्री।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Upkeep-अप्'-कीप्-*n.* means of support. सहायता का साधन।

Upland-अप्'-लॅन्ड्-*n.* an elevated ground or high land. ऊँची भूमि; *-adj.* higher in situation. ऊँची भूमि का; **Uplandish** (-इश्) *adj.* dwelling on high land. ऊँची भूमि या पर्वत पर रहनेवाला।

Uplift-अप्-लिफ़्ट्'-*v. t.* to raise aloft. उँचा करना, ऊपर को उठाना।

Upmost-अप्-मोस्ट्-*adj.* highest. सबसे ऊँचा।

Upon-अपॉन्-*prep.* not under, relating to, on the surface of. ऊपर, विषय में, ऊपर की ओर (बाद में)।

Upper-अपर्-*adj.* higher in place, superior in rank. ऊपर का (ऊपरी), बढ़कर; *-n.* the upper part of a shoe. जूते का ऊपरी भाग; **Uppermost** (-मोस्ट्)-*adj.* (*sup. degree*) highest, predominant. सबसे ऊपर का, सबसे बढ़कर; **Upper-ten** (-टेन्)-*n.* the upper classes. समाज के श्रेष्ठ (धनिक) लोग।

Uppish-अपिश्-*adj.* proud, arrogant. दम्भी (गर्वी), घमण्डी; **Uppishness** (-नेस्)-*n.* arrogance. गर्व, घमण्ड।

Upright-अप्'-राइट्-*adj.* erect, perpendicular, just, honest. सीधा, खड़ा सरल, सत्य, धार्मिक, उन्नत; **Uprightly** (-लि)-*adv.* in a just manner. सत्यता से, ईमानदारी से; **Uprightness** (-नेस्)-*n.* honesty. सचाई।

Uprise-अप्-राइज़्'-*v. i.* (*p. t.* Uprose, *p. p.* Uprisen.) to ascend, to rise up. उठना; ऊपर को चढ़ना; **Uprising** (-इङ्ग्)-*n.* the act of rising, ascent, insurrection. उठान, उभाड़, बलवा।

Uproar-अप्-रोर्-*n.* a great disturbance and noise, tumult. कोलाहल, होहुल्लड़ (ऊधम); **Uproarious** (-इ-अस्)-*adj.* tumultuous. उपद्रवी; **Uproariously** (-इ-अस्-लि) - *adv.* in a tumultuous manner. कोलाहल करते हुए।

Uproot-अप्-रूट्-*v. t.* to tear up by roots. जड़ से उखाड़ना।

Upset-अप्'-सेट्-*v. t.* to overturn, to overthrow, to set up, to establish, to put out of joint, to throw into mental disorder, to distress. (परिवर्तन करना) उलटना, जमाना, स्थापित करना, जोड़ खोलना या बिगाड़ना, मानसिक हलचल या गड़बड़ी पैदा करना, मुसीबत में डालना।

Upshot-अप्-शॉट्-*n.* end or conclusion, final issue. परिणाम, अन्त।

Upside-अप्'-साइड्-*n.* the upper side. ऊपरी भाग; **Upside down** (the upper part undermost.) अधोमुख।

Upstairs-अप्-स्टेअर्ज़्-*n.* the upper part of a house. मकान का ऊपरी खण्ड (मंजिल)।

Upstart-अप्स्टार्ट्-*n.* one who suddenly rises in wealth. नया धनिक, नया रुपयेवाला।

Upstay-अप्-स्टे'-*v. t.* to support, to sustain. आश्रय देना, सँभालना।

Upstream-अप्-स्ट्रीम्-*adv.* towards the source of a stream. धारा के उद्गम की ओर।

Upturn-अप्-टर्न्-*v. t.* to turn up, to overturn. उलट देना।

Upward-अप्वर्ड्-*adj. & adv.* ascending up, placed up or high towards a higher place. ऊपर चढ़नेवाला, ऊपर या ऊँचाई पर स्थित, ऊपर का, ऊपर की ओर।

Uralite-यूरलाइट् - *n.* a kind of mineral (pyroxene). एक प्रकार की धातु, पाइरॉक्सीन।

Uranic-यू-रॅनिक्-*adj.* pertaining to the heavens. आकाश-मण्डल सम्बन्धी।

Uranium-यू-रे-निअम्-*n.* a radio-active metallic element. क्रियाशील रेडिओ उत्पादक एक धातु तत्त्व।

Uranography-यूरॅन-ग्रॅफ़ि-*n.* description of the heavenly bodies. आकाशीय ग्रह-नक्षत्रों का वर्णन।

Uranology-यू-रॅनॅलॅजि - *n.* the science of astronomy. ग्रह-नक्षत्रों का विज्ञान।

Uranus-यू-रे-नस्-*n.* a primary planet. एक ग्रह।

Urban-अर्बन्-*adj.* pertaining to the city or town, refined, polished. नगर सम्बन्धी, नगर का, शिष्ट, सुशील।

Urbane-अर्बेन्'-*adj.* civil, courteous. शीलवान्, शिष्ट; **Urbanity** (-इ-टि)-*n.* refinement, politeness. शिष्टता, शिष्टाचार।

Urchin-अर्चिन्-*n.* a hedgehog, a tube-like sea-fish, a deformed person, a hunchback, a mischievous child or chap. सूअर की शकल का झाड़ियों का कीटभोजी जन्तु, नली की शकल की मछली, कुरूप व्यक्ति, कुबड़ा आदमी, दुष्ट बच्चा या लड़का।

Ureter-यु-री'-टर्-*n.* the duct which conveys urine from the kidney to the bladder. मूत्र-प्रणाली।

Urethra-युरीथ्रा-*n.* the canal by which urine is discharged. मूत्रद्वार नली।

Uretic-यूरिटिक्-*adj.* pertaining to medicine which promotes flow of urine. मूत्र बढ़ानेवाली औषधि-सम्बन्धी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Urge-अर्ज़्'-*v. t.* to apply force to, to provoke, to incite, to press earnestly. शक्ति लगाना, उत्तेजित या प्रेरित करना, दबाना; **Urgency** (-एन्-सि)-*n.* earnest necessity. आवश्यकता, आग्रह; **Urger** (-अर्)-*n.* one who urges. प्रेरित करनेवाला।

Urgent-अर्-जेन्ट्-*adj.*pressing with necessity. आवश्यक; **Urgently** (-लि)-*adj.* pressingly. आवश्यकता से।

Urging-अर्जिङ्ग्-*adj.* importunate. प्रार्थना करनेवाला।

Urinal-यू-रिनल्-*n.* a vessel for urine, a place for discharging urine. मूत्र रखने की शीशी, पेशाबखाना।

Urinary-यूरिन-रि-*adj.* pertaining to urine. मूत्र-सम्बन्धी।

Urinate-यू-रिनेट्'-*v. t.* to discharge urine. पेशाब करना, मूत्रत्याग करना।

Urinator-यू-रिनेटर्-*n.* a diver. डुबकी लगानेवाला।

Urine-यू-रिन्-*n.* the fluid secreted by the kidneys. मूत्र, पेशाब।

Urinometer-यू-रिनॅ-मि-टर् - *n.* an instrument for testing urine. मूत्र-परीक्षा करने का यन्त्र।

Urn-अर्न्-*n.* a round or angular vessel, a vessel for the ashes of the dead, a ballot-box, a water-vase, a vessel with a tap for making tea, source of a river. एक प्रकार का पात्र (कलश), शवभस्म रखने का पात्र, मतदान पत्र की पेटी, जल का कलश या घड़ा, चाय बनाने के लिये टोंटीदार देगची, नदी का उद्गम या मुहाना।

Uroscopy-यु-रॅस्'-कॅ-पि-*n.* estimating diseases by inspection of urine. मूत्र-परीक्षा से रोग-निर्णय करना।

Ursa-अर्-सा-*n.* one of the northern constellations. नक्षत्र-समूह; **Ursa Major** (the Great Bear.) सप्तऋषि के तारे।

Ursiform-अर्सि'-फ़ॉर्म्-*adj.* of the shape of a bear. भालू के आकार का; **Ursine** (-अर्सिन्) -*adj.* resembling a bear. भालू के सदृश।

Urson-अर्सन्-*n.* a kind of porcupine. एक प्रकार की साही।

Urticaria-अर्टिकेरिआ-*n.* nettlerash. जुलपित्ती (रोग)।

Urus-यू-रस्-*n.* the wild ox of Europe. युरोप का जङ्गली साँड़।

Us-अस्-*pron.* objective case, plural of 'we'. हम लोगों को, हमको।

Usable-यूज़ॅ-बल्-*adj.* that may be used. प्रयोग करने योग्य।

Usage-यूज़ॅज्-*n.* treatment, custom. व्यवहार, प्रयोग, आचरण, रीति।

Usance-यू'-ज़न्स्-*n.*proper treatment, interest paid on money. उचित व्यवहार, ब्याज, सूद।

Use-यूस्'-*n.* employment, utility, application, practice. प्रयोग, उपयोग, आवश्यकता, व्यवहार, रीति, चलन, अभ्यास; -यूज़्-*v. t. & i.* to employ, to treat, to habituate or accustom to. प्रयोग करना, काम में लाना, व्यवहार करना, अभ्यस्त होना; **In use** (in practice, customary.) व्यवहार में, उपयोग में; **Of use** (of utility.) उपयोगी; **To be used to** (to be habituated to.) अभ्यस्त होना; **To have no use of** (useless, of no use.) निरर्थक या व्यर्थ होना; **To put to use** (to bring to purpose.) व्यवहार में लाना; **To use up** (to waste, to consume, to exhaust, to tire out, to speak or write a language.) नष्ट करना, व्यर्थ कर देना, खर्च कर डालना, समाप्त कर देना, थका देना, किसी भाषा को बोलना या लिखना; **Useful** (-फ़ुल्)-*adj.* beneficial, serviceable, helpful. हितकर, लाभदायक, प्रयोजनीय, सहायक, उपयोगी; **Usefully** (-फ़ुलि)-*adv.* in a useful manner. हितकर ढंग से या रूप में; **Usefulness** (-फ़ुल्-नॅस्)-*n.* advantage, gain. उपयोगिता, लाभ; **Useless** (-लॅस्)-*adj.* not sericeable. निरर्थक, व्यर्थ, निष्फल; **Uselessly** (-लॅस्-लि)-*adv.* in a useless manner. व्यर्थ रूप से; **Uselessness** (-लॅस्-नॅस्)-*n.* unservice-ableness. अनुपयोगिता; **User** (-अर्)-*n.* one who uses. उपयोग करनेवाला।

Usher-अशर्-*n.* one who introduces strangers, an under-teacher. प्रवेशक, भेंट करानेवाला, उपशिक्षक; -*v. t.* to introduce. परिचय कराना या देना।

Ustion-अस्ट्यन्-*n.*the act of burning, the state of being burnt. प्रज्वलन, जलने की अवस्था।

Ustorious-अस्टोरिअस्-*adj.* having the quality of burning. ज्वलनशील।

Ustulate-अस्ट्यु-लेट्'-*adj.* burnt and blackened. झुलसाया हुआ; **Ustulation** (-लॅ-शन्) -*n.* act of burning, roasting. जलाने या भूनने की क्रिया।

Usual-यूज़ुअल्-*adj.* common, customary.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सामान्य (व्यावहारिक), प्रसिद्ध; **Usually** (-लि) *-adv.* ordinarily. सामान्य रूप से, साधारण रीति से; **Usualness** (-नेस्) *-n.* the state of being usual. सामान्यता, सामान्य अवस्था।

Usufruct-यू'-ज़ु -फ़्रक्ट्-*n.* temporary use of land. भोग-रेहन; **Usufructuary** (-च्यु-अरि) *n.* one who enjoys the property of another without a title. भोगबंधक।

Usurer-यूज़ुरर्-*n.* one who lends money at high interest. सूदखोर, अधिक ब्याज खानेवाला।

Usurious-युज़ूरि-अस् *-adj.* taking high interest. अधिक ब्याज लेनेवाला; **Usuriously** (-लि)-*adv.* in an usurious manner. अधिक ब्याज लेते हुए; **Usuriousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being usurious. अधिक ब्याज लेने का कार्य या गुण।

Usurp-यु-ज़र्प्'-*v. t.* to wrongfully take possession of another's property. अन्याय से किसी की सम्पत्ति पर अधिकार करना; **Usurpation** (-ए-शन्) *-n.* the act of illegal seizure of another's property. बलापहार, अपहरण; **Usurper** (-अर्) one who usurps. बलापहार करनेवाला व्यक्ति; **Usurpingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* by usurpation. लुटाते हुए।

Usury-यू-ज़ु-रि-*n.* (*pl.* **Usuries.**) the practice of taking an exorbitant interest. अधिक ब्याज लेना, सूदखोरी।

Utensil-यु-टेंसिल्-*n.* a vessel used for domestic work. रसोई का पात्र, बर्तन।

Uterine-यूटराइन्-*adj.* pertaining to the womb, born of the same mother. गर्भाशय-सम्बन्धी, सहोदर, एक ही माता के उदर से उत्पन्न।

Uterus-यूटरस्-the womb. गर्भाशय।

Utilitarian-युटिलिटेरिअन्-*adj.* pertaining to utility. स्वार्थ-सम्बन्धी;-*n.* one who holds the doctrine of utilitarianism. स्वार्थसिद्धि के सिद्धान्त को माननेवाला; **Utilitarianism**(-इज़्म्) *-n.* the principle that the greatest happiness of the greatest number should be the aim of all social actions. वह सिद्धान्त जिसके अनुसार अधिक से अधिक प्राणिमात्र का सुख ही सब सामाजिक कार्यों का लक्ष्य होना चाहिये।

Utility-यु-टिलि - टि-*n.* (*pl.* **Utilities.**) usefulness, profitableness. उपयोग, लाभ; **Utilization** (-लाइज़्-ए'-शन्)-*n.* the act of utilizing. उपयोगिता; **Utilize** (-लाइज़्)-*v. t.* to make useful, to turn to account. उपयोग करना, काम में लाना।

Utmost-अट्'-मोस्ट्-*adv.* extremely, in the highest degree. अत्यन्त (परम), सर्वाधिक; -*n.* the greatest degree. यथाशक्ति; **The utmost limit** (extreme limit.) पराकाष्ठा।

Utopia-यु-टो-पि-ऑ-*n.* the social state of the highest perfection. सामाजिक पराकाष्ठा की स्थिति।

Utopian-यु-टो' - पि - अन् - *adj.* fanciful, imaginary. काल्पनिक, मानसिक।

Utricle-यू'-ट्रि-कुल्-*n.* a cell, a little bag. छोटी थैली।

Utricular-युट्रिक्युलर्-*adj.* like a utricle. थैली के आकार का।

Utter-अ-टर्-*adj.* complete, total, final, absolute, perfect. पूर्ण, सब, उत्कृष्ट, अन्तिम, अतिशय; -*v. t.* to describe, to speak, to pronounce, to disclose. वर्णन करना, कहना, उच्चारण करना, प्रकाशन करना; **Utterable** (-ऍ-बुल्) *-adj.* that may be expressed. प्रकाशित करने योग्य; **Utterance** (-ऑन्स्)-*n.* pronunciation, utmost effort, the utter end. उच्चारण, अन्तिम प्रयास, अन्तिम परिणाम; **Utterer** (-अर्) *-n.* one who utters. उच्चारण करनेवाला।

Utterly-अटर्लि-*adv.* to the full extent, totally. पूर्ण रूप से (सर्वथा), सम्पूर्णतः; **Uttermost** (-मोस्ट्)-*adj.* extreme, of the highest degree. परम, अत्यन्त।

Uvea-यूव्रिआ-*n.* the posterior layer of the iris of the eye. आँख की पुतली की बाहरी झिल्ली।

Uveous-यू'-व्रि-अस्-*adj.* resembling a grape. अंगूर के सदृश।

Uvula-यूव्युला-*n.* the fleshy soft plate over the root of the tongue. अलिजिह्वा, गले की घण्टी; **Uvular** (-लर्)-*adj.* pertaining to the uvula. गले की घण्टी-सम्बन्धी।

Uxorial-अक्सोरिअल् *-adj.* pertaining to a wife. पत्नी-सम्बन्धी; **Uxoricide** (-साइड्)-*n.* the murderer or murder of a wife. पत्नी-घातक या पत्नी की हत्या; **Uxorious** (-अस्) *-adj.* excessively fond of one's wife. अपनी पत्नी को बहुत ही अधिक चाहनेवाला, स्त्री का दास; **Uxoriously** (-अस्-लि) *-adv.* with extreme fondness for a wife. पत्नी के प्रति अत्यधिक चाह रखते हुए; **Uxoriousness** (-अस्-नेस्)-*n.* fondness of one's wife. भार्यासक्ति, पत्नी के प्रति अत्यधिक चाह।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

V व्ही-the twenty-second letter of the English alphabet, used as a Roman numeral representing 5 or fifth, representing an object or mark having the shape of the letter (V), short form for "verb". अंग्रेजी वर्णमाला का बाईसवाँ अक्षर, रोमन संख्या में ५ अंक या पाँचवें के लिए प्रयुक्त, अक्षर (V) के आकार की वस्तु या चिन्ह को दिखलानेवाला, 'verb' का छोटा रूप।

Vacancy-व्ने-कॅन्सि-*n.* the state of being vacant, an unoccupied post or state, listlessness, idleness. शून्यता, शून्यपद या अवस्था, असावधानी, सुस्ती।

Vacant-व्ने-कॅन्ट्-*adj.* empty, not filled, having no claimant, listless, thoughtless, stupid. शून्य, रिक्त, खाली (छूछा), बिना उत्तराधिकारी का, असावधान, विचारशून्य, मूर्ख; **Vacant mind** (empty of thought.) शून्य विचारवाला; **Vacant throne** (an empty throne.) शून्य सिंहासन।

Vacate-व्ने-केट्'-*v. t.* to make vacant, to leave unoccupied, to annul. (छोड़ना) खाली करना, परित्याग करना, खण्डन करना; **Vacation** (-शन्)-*n.* the act of vacating, holiday, cessation from work. अनध्याय (विश्रामकाल), अवकाश छुट्टी; **Vacationist** (-इश्ट्) -*n.* one who enjoys a holiday. अवकाश का आनन्द लेनेवाला।

Vaccinate-व्नीक्सिनेट्-*v. t.* to inoculate with vaccine as protection against small-pox. गाय के थन पर के शीतला के दाने के स्राव को शरीर में नश्तर देकर प्रवेश कराना जिससे शीतला का प्रकोप न हो, शीतला का टीका लगाना; **Vaccination** (-शन्)-*n.* the act of vaccinating. शीतला का टीका लगाने या माता छापने की क्रिया; **Vaccinator** (-टर्) -*n.* one who vaccinates. माता छापनेवाला।

Vaccine-व्नीक्सीन्-*n.* & *adj.* a preparation of some virus for vaccination, pertaining to cows, cowpox or vaccination. टीका लगाने की दवा, गाय-सम्बन्धी, चेचक या शीतला या माता के टीका से सम्बन्धित।

Vaccinia-व्नीक्सिनिया-*n.* an eruptive disease in cattle. चौपायों का विस्फोटक रोग।

Vachery-व्नीशरि-*n.* an enclosure for cows. गाय बन्द करने का बाड़ा।

Vacillate-व्नीसिलेट्-*v.i.* to oscillate, to waver, to fluctuate in mind. विचलित होना, हिचकना, डगमगाना; **Vacillating** (-टिङ्ग्)-*adj.* wavering. हिलनेवाला; **Vacillation** (-शन्) -*n.* the act of vacillating. अस्थिरता, हिचकन, डगमगाहट; **Vacillatory** (-टरि)-*adj.* wavering, डगमगानेवाला।

Vacuity-व्नीक्यू'-इ - टि-*n.* emptiness. रिक्तता, खालीपन।

Vacuole-व्नीं - क्यू - ओल्-*n.* a minute empty cavity in organic body. सजीव प्राणियों की शरीर-रचना में महीन शून्य छिद्र या गर्त।

Vacuous-व्नीक्यु-अस्-*adj.* empty, unfilled. शून्य, खाली, छूछा; **Vacuousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being empty. छूछापन।

Vacuum-व्नीक्यु-अम्-*n.* (*pl.* **Vacuums, Vacua**) the space empty of all matter. शून्य स्थान, आकाश; **Vacuum brake** (a brake operated by vacuum.) हवा चूसकर रेलगाड़ी के पहिये को रोकने का यन्त्र; **Vacuum cleaner** (an apparatus for sucking up dirt by an air pump.) गर्द को चूसकर साफ़ करने का यन्त्र; **Vacuum-flask** (a flask in which cold or hot liquid retains its temperature for a long time.) ऐसी बोतल जिसमें रखा हुआ पदार्थ शीतोष्ण अवस्था को देर तक स्थापित रखता है।

Vade-mecum-व्ने'-डि-मीकम्-*n.* (*pl.* **Vade-mecums.**) a manual or handbook for ready reference. सर्वदा साथ रखने और निरीक्षण करने की पुस्तक।

Vae-व्ने'-*n.* a bay. खाड़ी।

Vagabond-व्नीग'-अ - बन्ड् - *adj.* wandering, having no fixed habitation. यथेच्छागामी, स्वेच्छाचारी, घुमन्ता; -*n.* a worthless fellow, a scamp, a rascal. वृथा घूमनेवाला, घुमक्कड़, वृष्ट; -*v. i.* to wander about. इधर-उधर घूमना; **Vagabondage** (-एँज्)-*n.* the state of being a vagabond. घुमक्कड़ होना; **Vagabondism** (-इज़्म्)-*n.* living as a vagabond. बेकार रहकर जीवन बिताने का कार्य; **Vagabondize** (-आइज़)-*v. i.* to wander in idleness. वृथा घूमते हुए समय नष्ट करना।

Vagary-व्नगे'-रि-*n.* (*pl.* **Vagaries.**) a whim, a wild freak. बुद्धि-चापल्य, मनमौज (लहर)।

Vagina-व्नीजाइना-*n.* the canal which leads from the external orifice to the uterus. योनि, स्त्री का भग या बाहरी गुप्ताङ्ग, स्त्री सम्भोग या संगम-पथ; **Vaginal** (-नल्) -*adj.* pertaining to the vagina, resembling a sheath. योनि-सम्बन्धी, म्यान के सदृश।

Vagitus-व्ने-जि'-टस्-*n.* the cry of a newborn child. नवजात शिशु की चिल्लाहट।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Vagrancy-वे'-ग्रन्सि-*n.* the state of being a vagrant. बहेंड़ आपन, आवारापन।

Vagrant-वे'-ग्रन्ट् -*adj.* wandering about, unsettled. स्वेच्छाचारी, घुमक्कड़, आवारा; -*n.* a vaga-bond, a beggar. घुमक्कड़, भिक्षुक।

Vague-वेग्-*adj.* not precise, unsettled, not definite. अनिश्चित, संदिग्ध, अस्थिर; **Vaguely** (-लि)-*adv.* in a vague manner. सन्देह से, संशय से; **Vagueness**(-नेस्)-*n.* an unsettled state. अस्थिरता, सन्दिग्धता।

Vails-वेल्ज़्-*n.* gratuity given to a servant. नौकर को दी हुई बख़शीश या इनाम।

Vain-वेन्-*adj.* empty, worthless, ineffectual, unreal, conceited, ostentatious, showy, false. शून्य, व्यर्थ (निष्फल), वृथा, असार, निरर्थक, घमंडी, दिखौवा, झूठा; **In vain** (to no purpose.) वृथा, व्यर्थ; **Vain-glorious** (-ग्लोरि-अस्) -*adj.* eated, beyond measure. वृथा-भिमानी, अहङ्कारी; **Vain-gloriously** (-ग्लोरि-अस्-लि)-*adv.* with false pride. झूठे अभिमान से; **Vain-glory** (-ग्लोरि)-*n.* empty pride. वृथा-भिमान, शेखी; **Vainly** (-लि)-*adv.* proudly, foolishly. गर्व से, मूर्खता से; **Vainness** (-नेस्) -*n.* vanity. अहङ्कार।

Valance-वॅलन्स्-*n.* hanging drapery over a bed or window. पलङ्ग या खिड़की पर की झालर।

Vale-वेल्-*n.* a low ground between hills, a valley. दो पहाड़ों के बीच की नीची भूमि, दर्रा, घाटी।

Valediction-वॅलिडिक्शन् -*n.* a farewell. स्वस्तिवाचन, विदाई के समय का आशीर्वाद; **Valedictory** (-अरि) -*adj.* & *n.* bidding farewell. स्वस्तिवाचनिक, स्वस्तिवाचन।

Valency-वेलन्सि-*n.* the combining power of a chemical element. रासायनिक तत्त्व के मिश्रण की शक्ति।

Velentine-वॅलन्टाइन्-*n.* a love-letter. प्रेम-पत्र।

Valet-वॅलेट्-*n.* a personal attendant. पार्श्व-चर, दास, सेवक;-*v. t.* to perform the work of a valet. दास का कार्य करना।

Valetudinarian-वॅलिट्यूडिन रिअन्-*adj.*sickly, of ill-health. व्याधिपीड़ित, रोगी; -*n.* a person of weak constitution. सदा रोगी मनुष्य; **Valetudinarianism** (-इज़्म्) - *n.* weak health. अस्वास्थ्य।

Valiance-वॅलि - अन्स् -*n.* bravery, valour. वीरता, पराक्रम; **Valiancy** (-इ)-*n.* valiantness. वीरता; **Valiant** (-अन्ट्)-*adj.* heroic, brave. पराक्रमी, शूरवीर, साहसी; **Valiantly** (-लि) -*adv.* bravely. वीरता से, साहसपूर्वक।

Valid-वॅलिड् -*adj.* having sufficient strength, sound, legal. प्रबल, सप्रमाण, न्याय युक्त, अखण्डनीय; **Validity** (-इ-टि), **Validness** (-नेस्) -*ns.* soundness, justness. प्रबलता, सिद्धि, पुष्टता; **Validly** (-लि)-*adv.* in a valid manner. न्यायपूर्वक; **Validate** (-एट्')-*v. t.* to give validity to. प्रमाणित करना, न्याय-युक्त करना; **Validation** (-शन्)-*n.* validity, justness. सप्रमाणता, न्याययुक्तता।

Valise-वॅलीज़् -*n.* a bag for clothes. वस्त्र रखने का झोला।

Vallancy-वॅलिन्सि -*n.* a kind of large wig. एक प्रकार का बड़ा बालों का टोप।

Vallar-वॅलर्-*adj.* (also **Vallary.**) pertaining to a rampart. खाई की मिट्टी की भीत या दीवाल से सम्बन्धित।

Vallation-वॅ-लेशन्-*n.* a rampart, an entrenchment. किले या खाई की रक्षा-भीत।

Valley-वॅलि-लि-*n.* (*pl.* **Valleys.**) a low tract of ground between hills, a vale. दर्रा, घाटी।

Vallum-वॅलि-लम्'-*n.* a defensive earth wall. मिट्टी की रक्षा-भीत।

Valorous - वॅल-रस्-*adj.* courageous, brave. वीर, साहसी; **Valorously** (-लि)-*adv.* in a brave manner. वीरता से, साहस से; **Valour** (-लर्) -*n.* bravery, courage. शूरता, पराक्रम, वीरता।

Valuable-वॅल्युऍबल् - *adj.* costly, having worth, worthy, estimable. मूल्यवान्, बहु-मूल्य, योग्य, मान्य, माननीय; **Valuables** (-स्) -*n. pl.* articles of great value. (ब० व०) बहुमूल्य द्रव्य; **Valuableness** (-नेस्) - *n.* the quality of being valuable. बहुमूल्यता; **Valuation** (-ए'-शन्)-*n.* the value set upon a thing, appraisement, estimated cost. मूल्य-निरूपण, मूल्य-निर्णय, मोल, दाम; **Valuator** (-टर्)-*n.* one who sets a value. मूल्य निर्धारित करनेवाला।

Value-वॅल्यु-*n.* worth, price, importance, precise signification. मूल्य, दाम, माहात्म्य, सारता; -*v. t.* to estimate the worth of, to take account of, to esteem. मूल्य-निरूपण करना, आदर करना, दाम लगाना, आँकना; **To value highly** (to hold in high esteem.) बहुमान करना; **Valued** (-ड्)-*adj.* estimated. मूल्य स्थिर किया हुआ; **Valueless** (-लेस्) -*adj.* worthless. कम मूल्य का; **Valuer** (-अर्)-*n.* one who values. आदर करनेवाला।

Valve-वॅल्व्-*n.* the leaf of a folding-door, a lid or contrivance which opens on one side only, a bulb in a wireless set. कपाट, एक ओर खुलनेवाला डट्टा, बिना तार की तारबर्की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

का कुब्बा; **Valvelet** (-लेट्)-*n.* a small valve. छोटा कपाट ; **Valvular** (-युलर्)-*adj.* containing small valves. छोटा कपाट्दार ।

Valvet-व्हाल्वेट्-*n.* a small valve. छोटा कपाट ।

Vambrace-व्हॅम्ब्रेस्-*n.* the part of an armour below elbow. केहुनी के नीचे का कवच का भाग ।

Vamp-व्हॅम्प् -*n.* the upper leather of a shoe or boot. जूते के ऊपरी भाग का चमड़ा; -*v. t.* to patch, to repair. जोड़ लगाना, मरम्मत करना; **Vamper** (-अर्)-*n.* one who repairs. मरम्मत करनेवाला ।

Vampire-व्हॅम्पायर्-*n.* a blood-sucking ghost, a bloodsucker. प्रेत, पिशाच, रुधिर पीनेवाला; **Vampire bat** (a kind of bat.) एक प्रकार का चमगादड़ ।

Vampirism-व्हॅम्पि-रिज़्म्-*n.* habit of preying upon others. दूसरों का लोहू चूसने की आदत ।

Vamps-व्हॅम्प्स् -*n. pl.* a kind of hose. एक प्रकार का मोजा ।

Van-व्हॅन्-*n.* the front part of an army, a fan for winnowing, a railway waggon for luggage and the guard. सेना का अग्रभाग (सेनामुख), अन्न पछोरने का पंखा, रेलगाड़ी का माल रखने तथा गार्ड के बैठने का डब्बा ।

Vanadium-व्न-ने'-डि-अम्-*n.* a silvery metallic.element. चाँदी जैसा एक धातुतत्त्व ।

Vandal-व्हॅन्डल्-*n.*one who destroys the work of art. सुन्दर इमारतों को नष्ट करनेवाला मनुष्य ।

Vandalic-व्हॅन्डॅलिक्-*adj.* barbarous. जंगली ।

Vandyke-व्हॅन्-डाइक्'-*n.* a covering for the neck, a deep-cut point on the border of a dress, a notched border. गुलूबन्द, किसी वस्त्र के किनारे का नुकीला भाग, दाँतेदार किनारा ।

Vane-व्हेन्-*n.* the blade of a windmill, feathers on the side of a shaft, an appliance for showing the direction in which the wind blows. हवाई चक्की का पंखा, तीर का पर, वायु की दिशा दिखलाने का यन्त्र ।

Vanguard-व्हॅन्-गार्ड्-*n.* the front part of an army. सेनामुख ।

Vanish-व्हॅनिश् -*v. i.* to disappear, to pass away. लुप्त हो जाना, अन्तर्ध्यान होना, नष्ट होना ।

Vanishing-व्हॅनिशिङ्ग् - *adj.* passing from sight. अदृश्य होनेवाला ।

Vanity-व्हॅनिटि-*n.* (*pl.* Vanities.) emptiness, ostentation, empty pride, self-conceit. निःसारता, वृथा अभिमान, अहंकार, झूठा अभिमान ।

Vanquish-व्हॅन्-क्विश्-*v.t.* to defeat, to refute, to conquer. पराजित करना, हराना, जीतना; **Vanquishable** (-ऍ-बल्) - *adj.* able to be vanquished. हराने योग्य; **Vanquisher** (-अर्) -*n.* a conqueror. विजय करनेवाला ।

Vantage-व्हॅन्-टे-ज्-*n.* advantage. सुविधा, लाभ; **Vantage-ground** (the condition which gives one an advantage over another.) उत्कर्ष, श्रेष्ठ पद ।

Vapid-व्हॅपिड् -*adj.* spiritless, dead, insipid. निस्तेज, मृतक, रसहीन (नीरस, फीका); **Vapidity** (-इ-टि)-*n.* the state of being insipid. रसहीनता, फीकापन; **Vapidness** (-नेस्) -*n.* deadness. निर्जीविता ।

Vaporable-व्हे-पॅर्-ऍबल्-*adj.* capable of being turned into vapour. वाष्प में बदलने योग्य ।

Vaporific-व्हे परिफ़िक् -*adj.* changing into steam. वाष्प में परिणत होनेवाला; **Vaporimeter** (- मिटर्) - *adj.* an instrument for measuring the pressure of vapour. वाष्प का दबाव नापने का यन्त्र; **Vaporizable** (-आइज़्-ऍ-बल्) -*adj.* capable of being converted into vapour. वाष्प में परिणत होने योग्य; **Vaporization** (-आइज़ेशन्)-*n.* the action of being converted into vapour. वाष्प में बदले जाने की अवस्था या क्रिया; **Vaporize** (-आइज़्) -*v. t.* to convert into vapour. वाष्प में बदलना; **Vaporous** (-अस्) -*adj.* full of vapour, windy, unreal. वाष्प (भाप) से भरा हुआ, वायुपूर्ण, निःसार; **Vaporousness** (-अस्-नेस्) -*n.* the state of being vaporous. वाष्पपूर्णता ।

Vapour-व्हे'-पर् -*n.* the gaseous form of a liquid or solid substance, water in the atmosphere, vain imagination. वाष्प, भाप, झूठा अनुमान; -*v. t. & i.* to pass in fumes, to boast, to brag. भाप हो जाना, श्लाघा करना, डींग हाँकना; **Vapour-bath**- वास्पस्नान; **Vapourer** (-अर्)-*n.* a boaster. डींग हाँकनेवाला; **Vapouring** (-इङ्ग्)-*adj. & n.* false pride. मिथ्याभिमान करनेवाला या मिथ्याभिमान; **Vapoury** (-इ)-*adj.* वाष्पपूर्ण ।

Vapulation-व्ना-प्यु-ले-शन् -*n.* flogging. कोड़े की मार ।

Varanus-व्हॅ-र-नस् -*n.* a kind of lizard. एक प्रकार का गिरगिट ।

Vare-व्हेअर्-*n.* the staff of authority. न्यायाधीश का दण्ड ।

Variability-व्हेरिऍबिलिटि-*n.* the state of being fickle. चञ्चलता, अस्थिरता; **Variable** (-ऍ-बल्) -*adj.* changeable, fickle, alterable. बदलने योग्य, अस्थिर, चञ्चल, अनित्य; **Variably** (-ऍबलि) -*adj.* changeably. अस्थिरता से ।

Variance-व्हे रिअन्स् - *n.* discord, disagree-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ment. मतभेद, विरोध (विवाद), कलह (झगड़ा); At variance (in a state of disagreement.) परस्पर विरुद्ध ; Variant (-ऍन्ट्)-*adj.* varying, different. विपरीत, विरुद्ध ।

Variate-व्रे-रि-ऍट् - *v. t.* to make different. विभिन्न करना ; Variation (-शन्)-*n.* difference, change, alternation, inflexion. भेद, परिवर्तन, अन्तर, रूपान्तर ।

Varicose-व्रॅरिकॅस्-*adj.* enlarged or dilated as a vein. शिरा के समान फला या सूजा हुआ।

Varicosity-व्रॅरिकॅसिटि-*n.* the state of being varicose. शिरा की सूजन ।

Varied-व्रे-अ-रिड्-*adj.* diverse, altered. विपरीत, बदला हुआ; Variedly (-लि)-*adv.* diversely. भिन्न प्रकार से ।

Variegate-व्रे-अ-रि-गेट्-*v.t.* to mark with different colours, to make change in external appearance. चित्र-विचित्र (रङ्ग-बिरङ्गा) बनाना, बाहरी आकार बदलना; Variegated (-ऍड्)-*adj.* diversely coloured. रङ्ग-बिरङ्गा बनाया हुआ; Variegation (-शन्)-*n.* diversity of colour. रङ्ग-बिरङ्गापन ।

Variety-व्रेराइ-ऍ-टि-*n.* (*pl.* Varieties.) change, difference, a different sort, diversity. विचित्रता, भेद, प्रकार, परिवर्तन, विभिन्नता ।

Variform-व्रे-रि-फ़ॉर्म् - *adj.* having different forms. विभिन्न आकार का; Variformed (-ड्) -*adj.* formed with different shapes. भिन्न आकार का बना हुआ ।

Variola-व्रेराइ'-ॲ-ला-*n.* smallpox. शीतला रोग, चेचक ।

Varioloid-व्रे-रि'- ॲ - लॉ - इ- ड्-*n.* smallpox modified by vaccination. टीका लगाने के बाद की शीतला ।

Variolous-व्रे-राइ-ॲ-लस् -*adj.* pertaining to smallpox. शीतला (चेचक) सम्बन्धी ।

Variometer-व्रे रिॲ-मि-टर् -*n.* an instrument for tuning aerial of wireless. बिना तार की तारबर्की का एक यन्त्र ।

Variorum-व्रे रिओरम्-*n.* & *adj.* editions of classical works containing notes of various commentators. साहित्य का ग्रन्थ जिसमें अनेक टीकाकारों की टीका छपी होती है ।

Various-व्रे रिअस्-*adj.* different, uncertain, diversified. अनेक रङ्ग का, अनिश्चित, भिन्न; Variously (-लि)-*adv.* in a different manner. भिन्न प्रकार से ।

Varix-व्रे-रिक्स्-*n.* (*pl.* Varices.) the dilation of a vein. नाड़ी की वृद्धि या सूजन ।

Varlet-व्रा-र्-लट्-*n.* a page, a servant, a low fellow, a scoundrel. सेवक, टहलुआ, नीच पुरुष, दुष्ट मनुष्य ।

Varletry-व्रार्-ले-ट्रि-*n.* the crowd. भीड़-भक्कड़ ।

Varnish-व्रार्निश्-*n.* a transparent resinous liquid on a work to give a smooth, hard and glossy surface. वार्निश, कलफ़, चमक; -*v. t.* to cover with a transparent resinous liquid. वार्निश लगाना, चमकाना; Varnisher (-अर्) -*n.* one who varnishes. वार्निश लगानेवाला; Varnishing (-इङ्ग्)-*n.* the act of laying a varnish. वार्निश लगाने की क्रिया ।

Varvel-व्रार्-व्रेल्-*n.* a mental ring attached to a hawk's leg to connect it with the leash. जंजीर से बाँधने के लिये बाज की टाँग के नीचे लगाई गई धातु की अँगूठी ।

Vary-व्रे-अ-रि-*v.t.* & *i.* (*p. t.* Varied.) to alter in appearance, to diversify, to differ, to disagree, to change. भिन्न रूप धारण करना, बदलना, पलटना, प्रतिकूल (रूपान्तर) होना ।

Vascular-व्रास्क्युलर्-*adj.* pertaining to conducting vessels. वाहक नलियों से सम्बन्धित; Vascularity (-इटि)-*n.* the state of being vascular. वाहक नलियों की स्थिति या अवस्था ।

Vasculum-व्रॅस्- क्यु-लम्-*n.* (*pl.* Vascula.) pouch, a collecting case. बटुआ, झोला, संग्राहक खोल ।

Vase-व्रेस्-*n.* an ornamental vessel. पात्र, कलश, बर्तन, फूलदान ।

Vaseline-व्रॅस्-इ - लीन् -*n.* a jelly obtained from petroleum. मिट्टी के तेल से निकाला हुआ एक तैलीय चिकना द्रव्य ।

Vassal-व्रॅस्-स्'-अ-ल्-*n.* a tenant, a retainer, a political slave. प्रजा, परतन्त्र, असामी, दास; Vassalage (-ऍज्)-*n.* political servitude. पराधीनता, दासत्व; Vassalry (-रि)-*n.* bondsmen. दास-समूह ।

Vast-व्रास्ट्-*adj.* huge, very spacious, large, very great. विस्तीर्ण, विशाल, बृहत्, बहुत बड़ा ।

Vastitude-व्रा-स्टिट्यूड्-*n.* immensity. विशालता ।

Vastly-व्रास्ट्-लि-*adv.* to a great extent. विपुलता से; Vasty (-इ)-*adj.* very spacious विस्तृत ।

Vat-व्रॅट्-*n.* a square vessel or tank for holding liquids, dyeing liquor. कुण्ड, भाँड, तरल वस्तु रखने का पात्र, रंगने का रोगन ।

Vaticide-व्रॅट्'-इ-साइड्-*n.* the murder or slayer of a prophet. देवदूत का वध, देवदूत की हत्या करनेवाला ।

Vaticinal-व्रॅटिसिनल्-*adj.* containing prophecy. भविष्यवाणी युक्त ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Vaticinate-व्हॉ-टिसि-नेट्-*v. i. & t.* to foretell. भविष्य कहना ; **Vaticination** (-शन्) *-n.* prediction. भविष्य-वाणी; **Vaticinator** (-टर्) *-n.* a prophet. भविष्यवक्ता ।

Vault-व्हॉल्ट्-*n.* an arched roof, a cave, a cellar, a leap. भूमिगृह, गुम्बज, गुफा, कुदान; *-v. t. & i.* to arch, to leap. मेहराब बनाना, छलाँग मारना; **The vault of heaven** (the sky.) नभमण्डल ; **Vaultage** (-एँज्) *-n.* an arched cellar. मेहराबदार गुफा; **Vaulted** (-एँड्) *-adj.* arched. मेहराबदार ।

Vaulter-व्हाल्टर्-*n.* a jumper. कूदनेवाला ।

Vaulty-व्हाल्टि-*adj.* arched, concave. मेहराबदार, नतोदर, पोला ।

Vaunt-व्हॉन्ट्-*n.* boast, ostentation. वृथाभिमान, शेखी; *-v. i.* to brag, to boast. शेखी मारना, गर्व करना ; **Vaunter** (-अर्)*-n.* a boaster. शेखी मारनेवाला आदमी ; **Vauntful** (-फुल्) *-adj.* boastful. वृथाभिमानी ; **Vauntingly** (-इङ्ग्-लि)*-adv.* boastfully. शेखी मारते हुए ।

Veal-व्हील्-*n.* the flesh of a calf. बछड़े का मांस ।

Vection-व्हेंक्शन्-*n.* the act of carrying. ले जाने की क्रिया ।

Vedette-व्हि-डेट्-*n.* a sentinel on horseback. घुड़सवार, सन्तरी ।

Veer-व्हिअर्-*v. i. & t.* to change direction, to shift about. भिन्न दिशा में जाना (घुमाना), मोड़ना; **To veer and haul** (to pull and slacken alternately.) पारी-पारी से ढीला करना और तानना; **To veer away** (to slacken.) ढीला करना ; **Veering** (-इङ्ग्) *-adj. & n.* shifting. मुड़नेवाला, बदलनेवाला, बदलने का, अदल-बदल ; **Veeringly** (-लि)*-adv.* in a changing manner. बदलते हुए ।

Vegetable-व्हे-जि-टे-बल्-*n.* a plant or part of a plant used in a cookery or for feeding cattle. रसोई में पकाने या पशुओं को खिलाने की वनस्पति, शाक, तरकारी, भाजी; *-adj.* of the nature of a plant. वनस्पति-सम्बन्धी ; **Vegetable kingdom** (the plants.) वनस्पतिवर्ग ।

Vegetal-व्हेजिटल्-*adj.* pertaining to vegetables. वनस्पति-सम्बन्धी ।

Vegetaline-व्हे-जिट्-लीन् *-n.* artificial ivory. कृत्रिम हाथीदाँत ।

Vegetality-व्हे-जि-टॅ-लिटि - *n.* vegetable life. वनस्पति जीवन ।

Vegetarian-व्हे-जि टे रिअन् *-n.* one who feeds on vegetables only. शाकाहारी, केवल फल-मूल पर निर्वाह करनेवाला; **Vegetarianism** (-इज़्म्) *-n.* the principle of subsisting only on vegetarian diet. शाकाहारी सिद्धान्त ।

Vegetate-व्हे-जि-टेट्-*v. t.* to grow as plants. उत्पन्न होना, उगना; **Vegetation** (-शन्)*-n.* vegetable growth. वनस्पति की वृद्धि; **Vegetative** (-टिव्)*-adj.* having the power of growing like plants. वनस्पति के सदृश उगनेवाला, वानस्पतिक ।

Vehemence, Vehemency-व्हीहिमन्स् (-इ)*-ns.* great force, impetus, violence, animation. वेग, तीक्ष्णता, प्रचण्डता, उग्रता; **Vehement** (-मेन्ट्)*-adj.* with great force, ardent, forcible. प्रचण्ड, तीव्र, उद्दण्ड, बलवान्; **Vehemently** (-लि) *-adv.* with vehemence. प्रचण्डता से, उग्रता से ।

Vehicle-व्हीइकल्-*n.* a conveyance moving on wheels, a (रथ) medium. गाड़ी (सवारी), साधन; **Vehicular** (-क्यु-लर्)*-adj.* pertaining to a vehicle. रथ सम्बन्धी ।

Vehmgericht-व्हेंग्गरिट्-*n.* a German tribunal of a secret organization. जर्मनी के गुप्तचरों का न्यायाधीश ।

Veil-व्हेल्-*n.* that which intercepts view, a curtain, a thin cover used to conceal the face. आवरण, परदा,घूँघट;*-v. t.* to cover with a veil, to conceal, घूँघट काढ़ना, ढाँकना, छिपाना; **To take the veil** (to become a nun.) संन्यासिनी बनना ; **To throw the veil off** (to come into view.) स्वरूप प्रकट करना; **Veilless** (-लेस्)*-adj.* without a veil. बिना घूँघट की ।

Vein-व्हेन्-*n.* a vessel in animal bodies which receives the blood from the extremities of the arteries and returns to the heart, humour, disposition. शिरा, नाड़ी, वृत्ति, स्वभाव; **Veined** (-इ)*-adj.* full of veins. शिराओं से पूर्ण; **Veinless** (-लेस्)*-adj.* destitute of veins. बिना शिराओं का; **Veinlet** (-लेट्)*-n.* a small vein. छोटी नाड़ी या नस; **Veinous** (-अस्) *-adj.* pertaining to veins. शिरा-सम्बन्धी; **Veiny** (-इ)*-adj.* full of veins. शिराओं से परिपूर्ण ।

Velarium-व्हिलेरिअम्-*n.* a sheet stretched under a roof. छत के नीचे तानी हुई चाँदनी ।

Veliferous-व्हि - लिफ़रस् - *adj.* bearing sails. पाल ले जानेवाला ।

Velivolent-व्हे-लि-वॅ-लेन्ट्-*adj.* passing under full sail. पाल तानकर चलनेवाला ।

Velleity-व्हे-ली-इ-टि-*n.* inclination. इच्छा ।

Vellicate-व्हे-लि - केट्' *-v. t.* to twitch, to

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

stimulate. ऐंठना, उत्तेजित करना, उसकाना; **Vellication** (-शन्)-*n.* the act of twitching of a muscular fibre. मांसपेशी के ऐंठन की क्रिया; **Vellicative** (-इव्)-*adj.* having the power of twitching. ऐंठन की शक्तिवाला।

Vellum-व्रेलम्-*n.* a kind of fine parchment of skin prepared for writing. लिखने के लिए बनाया हुआ महीन चमड़ा।

Velociman-व्रिलॉसिमन्-*n.* a bicycle propelled by hands. हाथ से चलाने की साइकिल।

Velocimeter-व्रे-लॉ-सिमि-टर्-*n.* an instrument for measuring velocity. गति नापने का यंत्र।

Velocipede-व्रिलॉसिपीड्-*n.* an older form of bicycle, a dandy horse, a swift-footed person. पुराने ढंग की पैरगाड़ी, तेज घोड़ा, तेज चालवाला आदमी।

Velocity-व्रिलॉ-सि-टि -*n.* (*pl.* **Velocities.**) swiftness, rapidity, speed, rate of motion. शीघ्रता, वेग, गति, चाल।

Velum-व्री-लम्-*n.* a partition. विभाग, परदा।

Velvet-व्रे-ल्व्रे-ट्-*n.* a rich silk stuff with soft small fine nap. मखमल;-*adj.* made of velvet. मखमल का बना हुआ; **Velveteen** (-टीन्) -*n.* imitation velvet of cotton. सूती (कृत्रिम) मखमल; **Velvety** (-इ)-*adj.* soft and smooth like velvet. मखमल के समान चिकना।

Vena-व्रीना-*n.* (*pl.* **Vinae.**) a vein. शिरा।

Venal-व्री'-नल्-*adj.* pertaining to veins, mercenary, that may be had for money. शिरा-सम्बन्धी, धन का लोभी, धन देकर लिये जाने योग्य; **Venality**(-इटि)-*n.* mercenariness. धन के लोभ से सेवा करने की प्रवृत्ति।

Venatic-व्रिनाटिक्-*adj.* employed in hunting. शिकार में प्रवृत्त या लगा हुआ।

Venation-व्रिनेशन्-*n.* the occupation of hunting. मृगया या शिकार का व्यवसाय।

Vend-व्रेन्ड्-*v. t.* to sell, to offer for sale. बेचना, बिक्री करना।

Vendee-व्रेन्डी-*n.* a person to whom a thing is sold. खरीददार, क्रेता।

Vender, Vendor-व्रेन्डर् -*n.* one who sells something. बेचनेवाला।

Vendible-व्रे न्डिबल्-*adj.* saleable. बेचने योग्य; **Vendibleness** (-नेस्)-*n.* the state of being vendible. बेचने योग्य अवस्था; **Vendibly** (-इ)-*adv.* in a saleable manner. बिक्री की रीति से; **Vendition** (-शन्)-*n.* the act of selling. बेचने का काम।

Venduc-व्रेन्-इयू-*n.* a public sale by an auctioneer. नीलाम द्वारा बिक्री।

Veneer-व्रि-नीअर्'-*n.* a thin layer of superior kind of wood over an inferior one. खराब लकड़ी के ऊपर की अच्छी लकड़ी की तह; -*v. t.* to cover in this way. इस प्रकार से ढाँकना; **Veneering** (-इङ्ग्)-*n.* the art of overlaying. परत जमाने की कला।

Venefical-व्रे निफ़िकल्-*adj.* poisonous. विषैला; **Veneficial** (-शल्)-*adj.* acting by poison, विष द्वारा कार्य करनेवाला।

Venenate-व्रे-ने-नेट्-*adj.* infected with poison. विष द्वारा प्रभावित ; **Venenation** (-शन्) -*n.* the act of poisoning. विष प्रयोग की क्रिया।

Venerability-व्रेन-रे-बिलिटि-*n.* ability of being venerated. आदर या प्रतिष्ठा किये जाने की योग्यता; **Venerable** (-बल्) -*adj.* worthy of reverence, made sacred by religious associations. पूज्य, आदरणीय, धार्मिक रीति से पवित्र किया हुआ; **Venerableness** (-बल्-नेस्) -*n.* the state of being venerable. आदरणीय अवस्था; **Venerably** (-बलि)-*adv.* in a manner so as to excite veneration. पूज्य रीति से ; **Venerate**(-रेट्)-*v.t.* to regard with respect, to revere, to reverence.सम्मान करना, पूजना, प्रतिष्ठा करना; **Venerated** (-रट्-एड्)-*adj.* treated with respect. सन्मानित, पूजित; **Veneration** (-रे-शन्)-*n.* high reverence. सत्कार, मान, पूजा; **Venerator** (-रेटर्)-*n.* one who venerates. सत्कार करनेवाला।

Venereal-व्रिनीरिअल्-*adj.*pertaining to sexual intercourse. मैथुन-सम्बन्धी, मैथुन की इच्छा उत्पन्न करनेवाला।

Venery-व्रेनरि-*n.* the exercise of hunting. आखेट, मृगया, शिकार।

Venesection-व्रेन्-नि-सेक्शन् -*n.* bloodletting by opening a vein. फ़स्त खोलकर रुधिर बहाने की क्रिया।

Venetian-व्रिनी-शन्-*adj.* belonging to Venice. वेनिस नगर का।

Vengeance-व्रेन्ज्-अन्स्-*n.* infliction for an injury or offence. प्रतिहिंसा, बदला; **With a vengeance** (angrily.) उत्तेजना से, क्रोध से; **Vengeful** (-फ़ुल्)-*adj.* retributive, revengeful. प्रतिहिंसक, बदला लेनेवाला ; **Vengefully** (-फ़ुलि) -*adv.* in a revengeful way. बदला लेते हुए।

Veniable-व्री'-नि-ऍ-बल्-*adj.*pardonable, that may be forgiven. क्षन्तव्य, क्षमा करने योग्य।

Venial-व्री'-नि - अ-ल् -*adj.* excusable. क्षम्य; **Veniality** (-इ-टि) - *n.* pardonable ess.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्षम्यता; **Venially** (-लि)-*adv.* with forgiveness. क्षमा करते हुए।

Venison-वे॑नि - ज़न् - *n.* the flesh of deer. हिरन का मांस।

Vennel-वे॑ने॑'-ल्-*n.* a lane. गली।

Venom-वे॑नम्-*n.* poison, malice. विष, द्वेष; -*v. t.* to poison. विष प्रयोग करना; **Venomous** (-अस्) -*adj.* poisonous. विषैला; **Venomously** (-अस्-लि)-*adv.* in a venomous manner. विषैलेपन से; **Venomousness** (-अस्-नेस्) -*n.* the state of being poisonous. विषैलापन।

Venose, Venous-वीनोस्,- वी' - नस् - *adjs.* pertaining to veins. नाड़ी-सम्बन्धी।

Vent-वे॑न्ट्-*n.* an opening, a hole, a passage for air or smoke or breath or blood or bullet or powder, a volcanic orifice, an animal's anus, emission, discharge, expression, utterance, publication, an otter's rise to the surface for breath, an exit, a slit in a cloth or coat. सूराख, छेद, हवा, धुवाँ, साँस, खून, गोली या बारूद निकलने का रास्ता, ज्वालामुखी के उद्गार का मुख या छिद्र, जन्तु का गुदा (मलद्वार या पाखाने का रास्ता), निकास, बहाव, प्रकटीकरण, बोली, प्रकाशन, साँस लेने के लिए ऊदबिलाव का ऊपरी उभाड़, बाहर निकलने का रास्ता या द्वार, कपड़े या कोट में छेद; -*v. t. & i.* to allow to go, to pass out or to flow, to express or utter, to publish, to discharge a bullet or powder, to pour forth, to sniff at, to get a scent, to open to admit air, to find an outlet, to take breath, to give out smoke. बाहर जाने या निकलने या बहने देना, प्रकट करना, बोलना, प्रकाशित करना, गोली या बारूद छोड़ना, सूँघना, महँक पाना, हवा आने का रास्ता देना, बाहर जाने का रास्ता पाना, साँस लेना, धुवाँ निकालना।

Ventage-वे॑न्टेज्-*n.* a small hole. छोटा छिद्र।

Venter-वे॑न्टर्-*n.* the abdomen, mother, the womb. उदर, माता, गर्भाशय।

Ventiduct-वे॑न्टिडक्ट'-*n.* a passage for air. वायु-मार्ग।

Ventilate-वे॑न्टिलेट्'-*v. t.* to cause air to pass through, to fan, to window, to open doors for the free access of air. हवादार करना, पंखा करना, वायु के आगमन के लिए खिड़की इत्यादि खोलना; **Ventilation** (-ले॑-शन्) -*n.* the act or means of ventilating. हवा देने की क्रिया या साधन, वायु की रुकावट का हटाव; **Ventilator** (-अर्) - *n.* a contrivance for driving away foul air from a place. वायु का संचालन करने तथा मलिन वायु हटाने का साधन, रोशनदान, वातायन।

Ventose-वे॑न्ट्-ओस् - *adj.* windy. हवादार; **Ventosity** (-न्टॉ-स्-इ-टि) -*n.* windiness, empty pride. हवापन, वृथा अभिमान।

Ventral-वे॑न्ट्रल्-*adj.* pertaining to the belly, of or pertaining to the side towards the belly. उदर-सम्बन्धी, पेट की ओर के भाग का या उससे सम्बन्धित, उदर तलीय।

Ventricle-वे॑न्ट्रि-कल् - *n.* the lower pair of cavities in the heart. हृदय के निचले भाग का कोष, प्रवेश्म।

Ventricose-वे॑न्ट्रि-कोस् -*adj.* extended, convex in the middle, bigbellied. फैला हुआ, बीच में उभड़ा हुआ या उन्नतोदर, लम्बोदर, तोंदवाला।

Ventricular-वे॑न्ट्रि-क्युलर् -*adj.* pertaining to a ventricle. हृदय के निचले कोष या प्रवेश्म से सम्बन्धित।

Ventriculous -वे॑न्ट्रिक्युलस् - *adj.* somewhat extended in the middle. बीच में कुछ फूला हुआ।

Ventriloquism-वे॑न्ट्रिलॅक्विज़्म् - *n.* the art of speaking in such a way that the voice seems to come from another person at a distance. गरुड़वाद, ऐसी बोली बोलना जिससे मालूम हो कि दूर से दूसरे व्यक्ति द्वारा बोला गया शब्द आ रहा है; **Ventriloquist** (-क्विस्ट्) -*n.* one who practises ventriloquism. ऐसी बोली बोलने का अभ्यास करनेवाला; **Ventriloquize** (-क्वाइज़्) -*v. t.* to practise ventriloquism. ऐसी बोली बोलने का अभ्यास करना।

Ventripotence-वे॑न्ट्रिपॅ-टेन्स्-*n.* the ability to eat a great quantity. अधिक परिमाण में भोजन करने की शक्ति; **Ventripotent** (-टेन्ट्)-*adj.* able to eat enormously. अधिक भोजन करनेवाला।

Venture-वे॑न्चर्-*n.* a hazard, a dangerous undertaking, chance. साहसिक या संकट पूर्ण कार्य, दैव, अदृष्ट;-*v. t. & i.* to hazard, to risk. साहसिक या संकट के कार्य में लगना; **At a venture** (without seeing the issue.) परिणाम न देखते हुए; **Venturer** (-अर्)-*n.* one who ventures. साहस का काम करनेवाला; **Venturesome**(-सम्)-*adj.* bold, daring. वीर, साहसिक; **Venturesomely** (-सम्-लि) -*adj.* in a bold manner. साहसिकता से; **Venturesomeness**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(-सम्-नेस्)-*n.* the quality of being venturesome. साहसिकता; **Venturing** (-इङ्ग्)-*adj.* & *n.* risky, the act of risking. खतरनाक, विपद्-जनक, संकटपूर्ण, संकट या विपत्ति में पड़ने का काम ; **Venturous** (- अस्) - *adj.* daring, bold. वीर, साहसी ; **Venturously** (-अस्-लि) -*adv.* fearlessly. निर्भयता से; **Venturousness** (-अस्-नेस्) -*n.* the quality of being venturous. साहसिकता।

Venue-व्रेन्यु-*n.* the place where an action is laid. घटनास्थल।

Venus-व्री'-नस्-*n.* goddess of love, a planet. प्रेम या काम की देवी, रति देवी, शुक्र ग्रह।

Veracious-व्रे-रे-शस् - *adj.* true, one who observes truth. सत्यवादी, सत्यशील (सच्चा); **Veraciously** (-लि) - *adv.* truthfully. सत्यता से।

Veracity-व्रेरॅसिटि - *n.* (*pl.* **Veracities.**) truthfulness. सत्यशीलता, सचाई।

Verandah-व्ररॅन्डा - *n.* an open portico, a convered balcony. द्वार प्रकोष्ठ, बरामदा।

Veratrum-व्रे-रेट्रम्-*n.* a kind of poisonous plant of the lily family. कुमुदिनी के परिवार का एक विषैला पौधा।

Verb-व्रर्ब-*n.* a work which asserts something क्रियापद ; **Verbal** (-अल्) - *adj.* spoken, oral, literal, derived from a verb. शब्द-सम्बन्धी, वाचिक, मौखिक, क्रियापद से बना हुआ; **Verbalist** (-अल्-इस्ट्)-*n.* one who is a word monger. शब्दों के प्रयोग में निपुण ; **Verbality** (-अल्'-इ-टि) - *n.* mere literal expression. केवल शाब्दिक प्रकाशन; **Verbalize** (-अल्-आइज़्) -*v. t.* to convert into a verb. क्रियापद बनाना ; **Verbally** (-अलि) -*adv.* orally. मौखिक ढंग से या रूप में।

Verbatim-व्रर्-बे-टिम्-*adv.* word for word. पदानुपद, शब्दशः।

Verbena-व्रर्बीना-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Verberate-व्रर्बरेट् -*v. t.* to beat or strike. मारना, पीटना ; **Verberation** (ए'-शन्)-*n.* a blow. आघात, चोट ; **Verbiage** (-वि-ऍज्) - *n.* unnecessary use of a great many words. वाग्विस्तार, अनेक शब्दों का निरर्थक प्रयोग।

Verbose-व्र-बो-स् - *adj.* using more words than necessary, prolix. अनेक शब्दों के व्यर्थ प्रयोग का, निरर्थक ; **Verbosely** (-लि)-*adv.* in a verbose manner. शब्दों का वृथा प्रयोग करते हुए ; **Verboseness** (-नेस्) -*n.* verbosity. शब्दों का वृथा प्रयोग; **Verbosity** (-इ-टि)-*n.* the quality of being verbose. वाक्प्रपंच।

Verdancy-व्रर्-डॉ-न्सि-*n.* greenness, rawness. हरापन, कच्चापन ; **Verdant** (-डॉन्ट्)-*adj.* green, fresh, flourishing. हरित, हरा, ताजा; **Verdantly** (-डॉन्ट्-लि) -*adv.* in a verdant manner. हरेपन से।

Verderer-वर्डरर् - *n.* a keeper of forests. जङ्गलों का रक्षक।

Verdict-व्रर्डिक्ट्-*n.* the decision of the jury in a case, decision, judgment. जूरी का निर्णय, न्याय, विचार।

Verdigris-व्र-र्डि-ग्रिस् -*n.* the green rust of copper. हरा ताम्रकिट्ट, ताँबे का मुरचा।

Verditure-व्रर्'-डि-चर्-*n.* palest green colour. हलका हरा रंग।

Verdure-व्रर्ड्योर् -*n.* greenness of vegetation. हरियाली, हरापन।

Verdurous-व्रइर्युरस्-*adj.* covered with green. हरियाली से ढँका हुआ।

Verge-व्रर्ज्-*n.* a rod , a small shaft, range, brink, border. डण्डा, छड़ी, सीमाप्रान्त, किनारा; - *v. i.* & *t.* to bend, to incline, किनारे पर होना, झुकना, झुकाना।

Vergee-व्रर्जी-*n.* 4/9ths of an acre. एक एकड़ का ४।९ वाँ भाग।

Verger-व्रर्जर् - *n.* one who carries the mace before a bishop. पादरी के आगे-आगे डण्डा लेकर चलनेवाला व्यक्ति।

Veridical-व्रिरिडिकल्-*adj.* truthtelling. सत्यवादी।

Verifiable-व्रे रि-फ़ाइ'-ऍ-ब्ल्-*adj.* what may be confirmed. प्रमाणित करने योग्य ; **Verification** (-फ़ि-के-शन्)-*n.* act of confirming. प्रमाणीकरण, सत्य का निर्णय; **Verifier** (-फ़ाइ'-अर्) -*n.* one who verifies. प्रमाणित करनेवाला; **Verify** (-फ़ाइ)-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Verified.**) to prove to be true, to confirm, to fulfil. प्रमाणित करना, समर्थन करना, सच्चा सिद्ध करना।

Verily-व्रे रि - लि - *adv.* in truth, certainly. सचमुच, अवश्य, वास्तव में।

Verisimilar-व्रे रिसिमिलर् - *adj.* having the appearance of truth. सत्यता के आभास का; **Verisimilitude** (-लि-ट्यूड्)-*n.* likelihood, probability. सत्य का आभास, सम्भावना।

Veritable-व्रे रिटेबल्-*adj.* agreeable to fact, true. यथार्थ, सत्य; **Veritably** (-टे-ब्लि)-*adv.* truly. सत्यता से ; **Verity** (-टि)-*n.* truth. सत्यता, यथार्थता, सचाई।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Verjuice-व्रर्जूस्-*n.* a liquor extracted from some sour fruits. खट्टे फलों का अर्क।

Vermeil, Vermil-व्रर्-मेल्, व्रर्-मिल्-*n.* & *adj.* vermilion, of the colour of vermillion. सिन्दूर, सिन्दूर के रंग का।

Vermicelli-व्रर्मिसेलि-*n.* little worms, paste of fine flour made into small wormlike threads. छोटे कीड़े, सेवई।

Vermiceous - व्रर्मिशस् - *adj.* pertaining to worms. छोटे कीड़ों का।

Vermicide-व्रर्मि - साइड्-*n.* a worm-killer. कीड़ा मारनेवाला मनुष्य।

